अजातशत्रु नवयुवक था और बड़ा महत्त्वाकांक्षी व उद्दंड वीर था। दूसरी ओर प्रसेनजित वृद्ध हो चुका था। पहले अनेक युद्धों में कोशल की निरन्तर पराजय होती रही। प्रसेनजित् अपनी पराजयों से बहुत चिन्तित था। एक दिन उसने अपने दरबारियों के सम्मुख इस समस्या को उपस्थित किया। उन्होंने कहा, बौद्ध भिक्षुओं से इस समस्या का हल पूछना चाहिये। राजा ने कुछ लोगों को भिक्षुओं की बातें सुनने के लिए नियत कर दिया। दो भिक्षु आवास में मगध और कोशल के युद्ध की चर्चा कर रहे थे। राजा प्रसेनजित के भेजे हुए दूत इनकी बातों को ध्यान से सुनने लगे। बातें करते हुए उन भिक्षुओं में से एक ने कहा, यदि प्रसेनजित मगध को परास्त करना चाहता है, तो उसे शकटव्यूह बनाकर युद्ध करना चाहिये। दूतों ने यह बात प्रसेनजित् तक पहुँचा दी। उसने यही किया। एक बार फिर सेना एकत्र की गई। सेना को शकटव्यूह की पद्धति से संगठित किया गया। इस बार अजातशत्रु परास्त हो गया। वह केवल परास्त ही नहीं हुआ, अपितु प्रसेनजित के हाथ में कैद भी हो गया।

यद्यपि अन्त में प्रसेनजित् अजातशत्रु को परास्त करने में समर्थ हुआ, पर मगध की शक्ति का उसे अच्छी भांति परिज्ञान हो गया था। उसने यही उचित समझा कि अजातशत्रु के साथ

सन्धि कर ली जावे और इस सन्धि को स्थिर रखने के लिये अपनी कन्या वजिरा का विवाह अजातशत्रु के साथ कर दिया जावे। जिस प्रकार कोशल देवी के बिम्बिसार के साथ विवाह के समय काशी का वह एक लाख वार्षिक आमदनी का प्रदेश दहेज में 'नहानचुन्न मूल्य' के रूप में प्रदान किया गया था, वैसे ही अब फिर वजिरा के विवाह में वही प्रदेश उसी रूप में फिर दे दिया गया। इस प्रकार काशी का वह प्रदेश मागध साम्राज्य में ही शामिल रहा।

कोशल के साथ सन्धि हो जाने के अनन्तर, अजातशत्रु ने गंगा के उत्तर में विद्यमान वज्जिसंघ पर आक्रमण करने का विचार किया। वज्जिसंघ बड़ा शक्तिशाली जनपद था, जिसमें आठ गण सम्मिलित थे। बौद्ध ग्रन्थों के अनुसार मगध और वज्जि जनपदों के इस युद्ध का तात्कालिक कारण निम्नलिखित था। वज्जि और मगध के बीच में गंगा नदी बहती थी, जो इनके बीच की सीमा का काम देती थी। गङ्गा के तट पर एक बन्दरगाह था, जो एक मील लम्बा था। आधा बन्दरगाह वज्जियों के अधिकार में था और आधा मगध के। इस बन्दरगाह के समीप ही एक पर्वत था, जिसके आंचल में बहुमूल्य खनिज पदार्थों की एक खान थी। इस खान पर भी दोनों जनपदों का अधिकार समझा जाता था। पर कई वर्षों से केवल वज्जि लोग इस खान का उपयोग कर रहे थे। मगध को इसका कोई हिस्सा नहीं मिल रहा था। अजातशत्रु इसे सहन नहीं कर सका और उसने युद्ध द्वारा वज्जियों को परास्त करने का निश्चय किया। वज्जियों पर आक्रमण करने का मूल कारण तो मगध की साम्राज्य-लिप्सा ही थी।

वज्जि जनपद को किस प्रकार मगध के साम्राज्यवाद ने अपना शिकार बनाया, इसका वृतान्त बड़ा मनोरंजक व उपयोगी है। हम

के रूप में काशी का जो प्रदेश दहेज में दिया गया था, उस प
अब कोशल के राजा ने फिर अपना अधिकार कर लिया था
अपने पति के वियोग में रानी कोशलदेवी का स्वर्गवास हो
चुका था। अतः प्रसेनजित् चाहता था कि काशी जनपद का
वह प्रदेश पितृघाती अजातशत्रु के पास न रहने पावे। इसी
प्रश्न पर मगध और कोशल में युद्ध का प्रारम्भ हुआ।

अजातशत्रु नवयुवक था और बड़ा महत्त्वाकांक्षी व उद्दंड
वीर था। दूसरी ओर प्रसेनजित् वृद्ध हो चुका था। पहले अनेक
युद्धों में कोशल की निरन्तर पराजय होती रही। प्रसेनजित्
अपनी पराजयों से बहुत चिन्तित था। एक दिन उसने अपने
दरबारियों के सम्मुख इस समस्या को उपस्थित किया। उन्होंने
कहा, बौद्ध भिक्षुओं से इस समस्या का हल पूछना चाहिये।
राजा ने कुछ लोगों को भिक्षुओं की बातें सुनने के लिए नियत
कर दिया। दो भिक्खु आपस में मगध और कोशल के युद्ध की
चर्चा कर रहे थे। राजा प्रसेनजित् के भेजे हुए दूत इनकी बातों
को ध्यान से सुनने लगे। बातें चलते हुए उन भिक्खुओं में से एक
ने कहा, यदि प्रसेनजित् मगध को परास्त करना चाहता है, तो
उसे शकटव्यूह बनाकर युद्ध करना चाहिये। दूतोंने यह बात
प्रसेनजित् तक पहुँचा दी। उसने यही किया। एक बार फिर
सेना एकत्र की गई। सेना को शकटव्यूह की पद्धति से सगठित
किया गया। इस बार अजातशत्रु परास्त हो गया। वह केवल
परास्त ही नहीं हुआ, अपितु प्रसेनजित् के हाथ में कैद भी
हो गया।

यद्यपि अन्त में प्रसेनजित् अजातशत्रु को परास्त करने में
समर्थ हुआ, पर मगध की शक्ति का उसे भली-भांति परिज्ञान
हो गया था। उसने यही उचित समझा कि अजातशत्रु के साथ

सन्धि कर ली जावे और इस सन्धि को स्थिर रखने के लिये अपनी कन्या वजिरा का विवाह अजातशत्रु के साथ कर दिया जावे। जिस प्रकार कोशल देवी के बिम्बिसार के साथ विवाह के समय काशी का वह एक लाख वार्षिक आमदनी का प्रदेश दहेज में 'नहानचुन्न मूल्य' के रूप में प्रदान किया गया था, वैसे ही अब फिर वजिरा के विवाह में वही प्रदेश उसी रूप में फिर दे दिया गया। इस प्रकार काशी का वह प्रदेश मागध साम्राज्य में ही शामिल रहा।

कोशल के साथ सन्धि हो जाने के अनन्तर, अजातशत्रु ने गंगा के उत्तर में विद्यमान वज्जिसंघ पर आक्रमण करने का विचार किया। वज्जिसंघ बड़ा शक्तिशाली जनपद था,[1] जिसमें आठ गण सम्मिलित थे। बौद्ध ग्रन्थों के अनुसार मगध और वज्जि जनपदों के इस युद्ध का तात्कालिक कारण निम्नलिखित था। वज्जि और मगध के बीच में गंगा नदी बहती थी, जो इनके बीच की सीमा का काम देती थी। गङ्गा के तट पर एक बन्दरगाह था, जो एक मील लम्बा था। आधा बन्दरगाह वज्जियों के अधिकार में था और आधा मगध के। इस बन्दरगाह के समीप ही एक पर्वत था, जिसके आंचल में बहुमूल्य खनिज पदार्थों की एक खान थी। इस खान पर भी दोनों जनपदों का अधिकार समझा जाता था। पर कई वर्षों से केवल वज्जि लोग इस खान का उपयोग कर रहे थे। मगध को इसका कोई हिस्सा नहीं मिल रहा था। अजातशत्रु इसे सहन नहीं कर सका और उसने युद्ध द्वारा वज्जियों को परास्त करने का निश्चय किया। वज्जियों पर आक्रमण करने का मूल कारण तो मगध की साम्राज्य-लिप्सा ही थी।

वज्जि जनपद को किस प्रकार मगध के साम्राज्यवाद ने अपना शिकार बनाया, इसका वृत्तान्त बड़ा मनोरंजक व उपयोगी है। हम

हापरिनिव्वान सुत्त के आधार पर इस वृत्तान्त का यहाँ उल्ले
रते हैं :—

"ऐसा मैंने सुना। एक समय भगवान बुद्ध राजगृह में गृध्रकूट
र्वत पर विहार करते थे।

उस समय राजा मागध वैदेहीपुत्र अजातशत्रु वज्जि पर
र चढ़ाई करना चाहता था। वह ऐसा कहता था—मैं इन वैभव-
ाली महानुभाव वज्जियों को उच्छिन्न करूंगा, वज्जियों का
विनाश करूँगा, उन पर आफत ढाऊँगा।

तब अजातशत्रु ने मगध के महामन्त्री वर्षकार ब्राह्मण को
कहा—आओ ब्राह्मण! जहाँ भगवान हैं, वहां जाओ। जाकर मेरे
वचन से भगवान के पैरों में सिर से वन्दना करो। आरोग्य, अल्प
आतंक, लघु उत्थान, सुख विहार पूछो और यह कहो—भगवान!
राजा अजातशत्रु वज्जियों पर चढ़ाई करना चाहता है। वह ऐसा
कहता है, 'मैं इन वज्जियों को उच्छिन्न करूंगा'। भगवान तुम्हें जैसा
उत्तर दें, उसे समझ कर मुझे कहो। तथागत अयथार्थ बात
नहीं कह सकते।

'अच्छा' कह कर ब्राह्मण वर्षकार बहुत अच्छे यान पर आरूढ़
हो राजगृह से निकला और गृध्रकूट पर जहाँ भगवान थे, वहाँ
गया। जाकर भगवान के साथ सम्मोदन कर एक ओर बैठा और
एक ओर बैठ कर राजा अजातशत्रु का सन्देश भगवान को
सुना दिया।

उस समय आयुष्मान आनन्द भगवान के पीछे खड़े होकर
भगवान को पंखा झल रहे थे। तब आयुष्मान आनन्द को आमं-
त्रित कर भगवान ने कहा—

'आनन्द! क्या तूने सुना है, वज्जि लोग बराबर सभा में
[illegible] होने वाले हैं?'

'हाँ, भगवन् ! मैंने सुना है ।'

'आनन्द ! जब तक वज्जि एक साथ एकत्र होकर बहुधा अपनी सभायें करते रहेंगे, तब तक आनन्द ! वज्जियों की वृद्धि ही समझना, हानि नहीं ।

'क्या आनन्द ! तूने सुना है, कि वज्जि लोग एक ही बैठक करते हैं, एक ही उत्थान करते हैं और एक ही राजकीय कार्य की देख भाल करते हैं ?'

'हां', भगवन् ! मैंने सुना है ।'

'आनन्द ! जब तक वज्जि लोग एक ही बैठक करते रहेंगे, एक ही उत्थान करते रहेंगे, और एक ही राजकीय कार्य की देखभाल करते रहेंगे, तब तक उनकी वृद्धि ही समझना, हानि नहीं ।'

'क्या आनन्द ! तूने सुना है, कि वज्जि लोग, जो अपने राज्य में विहित है, उसका उल्लंघन नहीं करते, जो विहित नहीं है, उसका अनुसरण नहीं करते; और पुराने समय से वज्जियों में जो नियम चले आ रहे हैं, उनका पालन करते हैं ?'

'हाँ, भगवन् ! मैंने सुना है ।'

'आनन्द ! जब तक वज्जि लोग जो अपने राज्य में विहित है, उसका उल्लंघन नहीं करेंगे, जो पुराने समय से वज्जियों में नियम चले आ रहे हैं, उनका पालन करते रहेंगे, तब तक उनकी वृद्धि ही होगी, हानि नहीं ।'

'क्या आनन्द ! तूने सुना है, वज्जियों के वृद्ध (महल्लक) नेता हैं, उनका वे सत्कार करते हैं, उन्हें वे बड़ा मान कर उनकी पूजा करते हैं, उनकी बात को सुनने तथा ध्यान देने योग्य समझते हैं ?'

'हां, भगवन् ! मैंने सुना है ।'

'आनन्द ! जब तक वज्जियों में वृद्ध (महल्लक) नेता रहें उनका वे सत्कार करते रहेंगे, उन्हे वे बड़ा मानकर उनकी पू करते रहेंगे, उनकी बात को सुनने तथा ध्यान देने योग्य समझ रहेंगे, तब तक उनकी वृद्धि ही होगी, हानि नहीं।'

तब भगवान ने ब्राह्मण वर्षकार को सम्बोधन करके कहा— 'ब्राह्मण ! एक समय मैं वैशाली के सारदन्द चैत्य मे विहार करत था। वहाँ मैंने वज्जियो को ये सात अपरिहाणीय धर्म कहे थे जब तक, ब्राह्मण ! ये सात अपरिहाणीय धर्म वज्जियों में रहेंगे इन सात अपरिहारणीय धर्मों में वज्जि लोग दिखाई पड़ेंगे, तब तक ब्राह्मण ! वज्जियों की वृद्धि ही समझना, हानि नहीं।

ऐसा कहने पर ब्राह्मण वर्षकार भगवान से बोला-हे गौतम एक भी अपरिहाणीय धर्म से वज्जियों की वृद्धि ही समझनी होगी, सात अपरिहाणीय धर्मों की तो बात ही क्या? हे गौतम! राजा अजातशत्रु को उपलाप (रिश्वत) या आपस मे फूट डलवा कर युद्ध करना ठीक नहीं। हे गौतम ! अब हम जाते हैं। हमें बहुत काम करने हैं।

तब मगध का महामात्य ब्राह्मण वर्षकार भगवान का अभिनन्दन कर, अनुमोदन कर आसन से उठ कर चला आया।

इससे आगे का वृत्तान्त अट्ठकथा में इस प्रकार लिखा गया है—

वर्षकार ब्राह्मण राजा अजातशत्रु के पास गया। राजा ने उससे पूछा,-'आचार्य! भगवान ने क्या कहा ?' उसने उत्तर दिया, श्रमण गौतम के कथनानुसार तो वज्जियों को किसी प्रकार भी परास्त नहीं किया जा सकता। [illegible] (रिश्वत) और

'तब राजाने कहा—'रिश्वत से हमारे हाथी, घोड़े और कोष का नाश होगा। भेद का ही प्रयोग करना चाहिये। यह कैसे किया जावेगा?

वर्षकार ने उत्तर दिया—'तो महाराज! तुम परिषद् में वज्जियों की बात उठाओ। तब मैं कहूँगा, महाराज! तुम्हें उनसे क्या है? इन राजाओं (वज्जिगण के राज सभासद्) को कृषि और वाणिज्य करने दो।' तब तुम कहना—'क्यों जी! यह ब्राह्मण वज्जियों के सम्बन्ध में की जाने वाली बात में रुकावट डालता है।' उसी दिन मैं उन (वज्जियों) के लिये भेट उपहार भेजूँगा। उसे पकड़ कर मुझ पर दोषारोपण कर, बन्धन, ताड़न आदि न कर, छुरे से मुंडन करा मुझे नगर से बाहर निकाल देना। तब मैं कहूँगा-मैंने तेरे नगर में प्राकार और परिखा बनवाई हैं; मैं इनके कमजोर स्थानों को जानता हूँ, अब जल्दी तुझे सीधा करूँगा। ऐसा सुन कर तुम कहना-बेशक, तुम जाओ।

राजा अजातशत्रु ने यही सब किया। वज्जियों ने वर्षकार के निकाले जाने की बात सुनकर कहा, 'यह ब्राह्मण मायावी शठ है, इसे गंगा न उतरने दो।' पर दूसरे वज्जियों की सम्मति इससे भिन्न थी। उन्होंने कहा-'इस ब्राह्मण को हमारा पक्ष लेने के कारण ही तो मगध से निकाला गया है, अतः इसे आने देना चाहिये।' वज्जियों ने ब्राह्मण वर्षकार से पूछा-'तुम किस लिये यहाँ आए हो?' उसने सब हाल सुना दिया। वज्जियों ने कहा—

' नहा

..कार

[illegible] किया, यहाँ भी वर्षकार का यही पद रहे। वर्षकार वैशाली में निवास करने लगा। वह बड़ी सुन्दर रीति से न्याय कार्य करता था। राजकुमार उसके पास विद्याग्रहण करते थे।

धीरे-धीरे ब्राह्मण वर्षकार की वैशाली भर में धाक जम गई। अपने गुणों के कारण सब उसकी प्रतिष्ठा करने लगे। अब उसने अपना असली कार्य प्रारम्भ किया। उसने एक लिच्छवि को एकान्त में ले जाकर पूछा-'आप बहुत गरीब हैं न?' उसने कहा-'आप से यह बात किसने कही?' 'अमुक लिच्छवि ने।' इसी प्रकार दूसरे लिच्छवि से वर्षकार ने कहा 'तुम कायर हो क्या?' 'किसने कहा!' 'अमुक लिच्छवि ने।' इसी प्रकार झूठ-मूठ एक दूसरे के नाम से बातें कह कर वर्षकार ने उन लिच्छवि राजाओं में तीन वर्ष के अन्दर ऐसी फूट डाल दी, कि दो लिच्छवि राजा एक रास्ते पर भी नहीं जाते थे। हम पहले लिख चुके हैं कि लिच्छविगण वज्जि जनपद में सब से अधिक शक्तिशाली था। जब वर्षकार को विश्वास हो गया, कि अब लिच्छवियों में भली-भाँति फूट पड़ गई है, तब उसने राजा अजातशत्रु के पास जल्दी ही आक्रमण करने के लिये खबर भेजी। अजातशत्रु ने रणभेरी बजाई और युद्ध के लिये चल पड़ा। जब वैशाली-निवासियों ने देखा कि अजातशत्रु आक्रमण करने आ रहा है, तो उन्होंने भी रणभेरी बजवाई और कहा—आओ चलें, राजा अजातशत्रु को गंगा के पार न उतरने दें। पर भेरी सुन कर भी लिच्छवि लोग जमा नहीं हुए। तब दुबारा भेरी बजाई गई, कि राजा को नगर में घुसने न दें; नगरद्वार बन्द करके अजातशत्रु का मुकाबला करें। पर अब भी कोई जमा नहीं हुआ। राजा अजातशत्रु खुले द्वारों से ही घुस कर सब को तबाह करके चला गया।

बौद्ध साहित्य के इस विवरण पर किसी प्रकार की टिप्पणी की आवश्यकता नहीं है। [illegible] अजातशत्रु मगध के उत्तर में गंगा के पार एक बहुत शक्तिशाली [illegible] था। पर गणतन्त्र-राज्यों की सबसे बड़ी निर्बलता यह होती है, कि उनमें भेद-नीति सुगमता से सफल [illegible] है। 'भेद' और 'प्रदान'-

इन दो उपायों से ही गणराज्यों का विनाश शत्रु लोग करते रहे हैं। कौटलीय अर्थशास्त्र मे साम्राज्यवादी आचार्य चाणक्य ने इन्हीं उपायों का उपदेश अपने विजिगीषु राजा को संघों का नाश करने के लिये दिया है। चाणक्य से पूर्व आचार्य वर्षकार ने भी इन्हीं उपायों का उपयोग कर वज्जिसंघ का नाश किया।

एक जैन ग्रन्थ के अनुसार, जब राजा अजातशत्रु ने वैशाली पर चढ़ाई की तो काशी और मल्ल जनपदों ने इस युद्ध मे वज्जियों की सहायता की। सम्भवत. वज्जिसंघ के साथ ही काशी और मल्ल जनपद भी मगध के साम्राज्यवाद के शिकार होगये। यद्यपि बौद्ध ग्रन्थ अट्ठकथा के अनुसार वर्षकार की भेदनीति के कारण अजातशत्रु ने युद्ध के विना ही वैशाली पर अपना अधिकार कर लिया था, पर जैन अनुश्रुति के अनुसार उसे वज्जिसंघ को परास्त करने के लिये घोर युद्ध की आवश्यकता हुई थी। इस युद्ध में अजातशत्रु ने 'महाशिला-कण्टक' और 'रथमूसल' जैसे भयंकर हथियारों का प्रयोग किया था। वर्षकार की भेदनीति के कारण कमजोर पड़े हुए वज्जि महाजनपद को युद्ध द्वारा जीत सकना अजातशत्रु के लिये सम्भव हो गया था, यही प्राचीन अनुश्रुति का निष्कर्ष है।

अंग महाजनपद बिम्बिसार के समय में मगध साम्राज्य के अन्तर्गत हो गया था; अब अजातशत्रु के प्रयत्न से वज्जि, मल्ल और काशी, ये तीन महाजनपद मगध साम्राज्य में सम्मिलित हो गये। काशी का कुछ भाग पहले ही बिम्बिसार के समय में भी मगध के अधीन था। अजातशत्रु ने सम्पूर्ण काशी महाजनपद को हस्तगत कर लिया। इस प्रकार अब मगध साम्राज्य की शक्ति बहुत बढ़ गई।

अजातशत्रु ने ३२ वर्ष तक राज्य किया। जिस समय महात्मा बुद्ध का निर्वाण हुआ, उस समय अजातशत्रु को शासन करते

हुए आठ वर्ष व्यतीत हो चुके थे। महात्मा बुद्ध का निर्वाण-काल ४८० ईस्वीपूर्व के लगभग है। अतः अजातशत्रु ४८८ ईसवी पूर्व में राजगद्दी पर बैठे, और ४५६ ईसवी पूर्व में उनके शासन का अन्त हुआ।

(४) राजा उदायीभद्र

प्रसिद्ध बौद्ध ऐतिहासिक ग्रन्थ महावंश के अनुसार उदायीभद्र ने भी अपने पिता अजातशत्रु को मार कर मगध का राजसिंहासन प्राप्त किया था। अजातशत्रु ने अपने पिता बिम्बिसार का घात किया था और उदायी ने अजातशत्रु का। ये एकराट् बनने के इच्छुक मागध सम्राट् सचमुच ही 'नयवर्जित' थे। शायद इन्हीं को दृष्टि में रख कर आचार्य चाणक्य ने अर्थशास्त्र में लिखा है, कि राजपुत्र कर्कट (केंकड़े) के समान होते हैं, जो अपने पिता को ही खा जाते हैं। चाणक्य ने राजपुत्रों को इस प्रवृत्ति से बचाने के लिये अनेक उपायों का भी प्रतिपादन किया है। राजपुत्र कहीं अपने पिता को मार कर राज्य प्राप्ति के लिये षड्यन्त्र तो नहीं कर रहे हैं, इसकी जानकारी रखने के लिये अनेक प्रकार की व्यवस्थायें की गई हैं।

पाटलीपुत्र की स्थापना उदायी ने ही की। अजातशत्रु के समय में मगध की राजधानी चम्पा और राजगृह थी। काशी, मल्ल और वज्जि महाजनपदों के जीत लेने के बाद मगध साम्राज्य इतना विस्तृत होगया था, कि राजगृह या चम्पा साम्राज्य के केन्द्र से बहुत दूर पड़ती थीं। शक्तिशाली वज्जिसंघ को भली-भाँति काबू में रखने के लिये भी इस प्रकार की राजधानी की आवश्यकता थी, जो वज्जिजनपद से अधिक दूर न हो। पाटलीपुत्र इसके लिये बहुत ही उपयुक्त जगह थी।

उदायी बहुत ही महत्वाकांक्षी तथा वीर राजा था। पड़ोस के सब राजा उसके निरन्तर आक्रमणों से तंग थे। वे समझते थे, कि जब तक उदायी जीवित रहेगा तब तक दूसरे राजा चैन से राज्य-सुख का उपभोग नहीं कर सकते। पर उदायी ने किस-किस राजा को जीत कर अपने अधीन किया, इसका वृत्तान्त भारत की प्राचीन अनुश्रुति से ज्ञात नहीं होता। पर जैन ग्रन्थों में उदायी के विषय में एक कथा अत्यन्त उपयोगी पाई जाती है। हेमचन्द्र कृत 'स्थविरावलि चरित्र' के अनुसार उदायी ने किसी समीपवर्ती राजा पर आक्रमण कर उसके राज्य को छीन लिया और वह राजा भी युद्ध में मारा गया। परन्तु उस राजा के पुत्र ने अवन्ति के राजा के पास जाकर आश्रय लिया और उससे उदायी के विरुद्ध युद्ध करने के लिये सहायता की याचना की। इस समय भारत में साम्राज्य-विस्तार के लिये जो महाजनपद संघर्ष कर रहे थे, उनमें मगध और अवन्ति ही सब से प्रबल थे। मगध ने अंग, काशी, वज्जि और मल्ल महाजनपदों को जीत लिया था। इनके विजय के कारण उसकी शक्ति बहुत बढ़ गई थी। उधर अवन्ति की शक्ति भी बहुत बढ़ी हुई थी। वत्स और अवन्ति इस समय एक राजवंश के शासन में थे। पश्चिम के अनेक छोटे-बड़े राज्य इस समय अवन्ति के अधीन हो चुके थे।

अवन्ति के राजा ने इस राजकुमार को सहायता देना स्वीकृत कर लिया। पर उदायी को युद्ध द्वारा परास्त कर सकना सुगम बात न थी। अतः एक चाल चली गई। उदायी जैन धर्म में श्रद्धा रखता था। जैन साधु उसके पास आते जाते रहते थे। इस राज्यच्युत राजकुमार ने जैन साधु का वेश बनाया और पाटलीपुत्र जा पहुँचा। जो जैन गुरु उदायी के राजप्रासाद में

जाते आते थे, उनमें से एक का शिष्य बन कर वह गर्दभ भी महलों में आने जाने लगा। एक दिन अवसर पाकर, जब राजा सो रहा था, इसने उस पर आक्रमण किया और सिर धड़ से अलग कर दिया। इस प्रकार विदुष्मान् तथा पाटलीपुत्र के संस्थापक राजा उदायीभद्र का अन्त हुआ। उदायी का शासन-काल कुल १६ वर्ष था।

उदायी के बाद अनुरुद्ध और फिर मुण्ड मगध की राजगद्दी पर बैठे। इन दोनों का शासन-काल ८ वर्ष था। इनके साथ सम्बन्ध रखने वाली किसी भी महत्त्वपूर्ण घटना का ज्ञान हमें नहीं है।

(५) शिशुनाग नन्दिवर्धन

मुण्ड के बाद मगध का राजा नागदासक बना। इसका प्रधान अमात्य शिशुनाग था। नागदासक नाम को ही राजा था, असली राज्यशक्ति शिशुनाग के हाथ में थी। शिशुनाग ने उसी मार्ग का अवलम्बन किया, जिस पर अन्तिम बार्हद्रथ राजा [illegible]

[illegible] पाटलीपुत्र के पौरों, मन्त्रियों और अमात्यों ने नागदासक को राजगद्दी से च्युत कर "साधुसम्मत अमात्य शिशुनाग" को राजपद पर अभिषिक्त किया। शिशुनाग कहाँ तक साधुसम्मत था, यह कह सकना सुगम नहीं है, पर इसमें सन्देह नहीं, कि वह बड़ा प्रतापी और महत्त्वाकांक्षी था। उसने कुल ४२ वर्ष तक मगध का नेतृत्व किया, २४ वर्ष नागदासक के अमात्यरूप में और १८ वर्ष स्वयं राजा के रूप में। शिशुनाग का ही दूसरा नाम नन्दिवर्धन था।

शिशुनाग के शासन-काल में मगध के साम्राज्य का और भी अधिक विस्तार हुआ। इसके समय की सब से बड़ी घटना अवन्ति महाजनपद का मागध साम्राज्य में सम्मिलित होना है। पुलिक के लड़के प्रद्योत ने अवन्ति में जिस नये वंश का प्रारम्भ किया था, अब उसका अन्त होगया। प्रद्योत बड़ा शक्तिशाली राजा था, इसीलिये प्राचीन अनुश्रुति में उसे 'चण्ड' विशेषण से स्मरण किया गया है। वत्स राज्य के साथ उसके बहुत से युद्ध हुए, और धीरे धीरे वत्स अवन्ति का वशवर्ती हो गया। प्रद्योत ने अपने समय में मगध पर भी आक्रमण करने की तैयारी की। इसीलिये राजा अजातशत्रु ने राजगृह की किलाबन्दी कराई थी। प्रद्योत के बाद अवन्ति की राजगद्दी के लिये गृहकलह शुरू हो गया। बाद के राजा प्रद्योत के समान वीर तथा शक्तिशाली नहीं थे। शिशुनाग ने उन पर आक्रमण किया और अवन्ति के अन्तिम राजा अवन्तिवर्धन को मार कर यह शक्तिशाली महाजनपद भी मगध साम्राज्य में सम्मिलित कर लिया। अवन्ति के नष्ट होने के साथ ही वत्स देश पर भी शिशुनाग का अधिकार हो गया।

(६) काकवर्ण महानन्दी

शिशुनाग का पुत्र काकवर्ण महानन्दी था। कुछ ग्रन्थों में से ही कालाशोक के नाम से लिखा गया है। इसने कुल २८ वर्ष तक राज्य किया। इस के शासनकाल के दसवें वर्ष में महात्मा बुद्ध का निर्वाण हुए १०० वर्ष पूर्ण हो चुके थे। इस अवसर पर बौद्ध धर्म की एक महासभा वैशाली में संगठित की गई। राजा महानन्दी इस महासभा का संरक्षक था। इसका आयोजन वैशाली के कुसुमपुरी विहार में किया गया था, जहाँ

बौद्ध संसार के सर्व प्रसिद्ध ७०० भिक्षु एकत्र हुए थे। बौद्ध ध
के स ाठन मे इस महासभा ने बड़ा कार्य किया।

महानंन्दी के समय में मागध साम्राज्य का और अधि
विस्तार हुआ हो, इस विषय में कोई निर्देश प्राचीन अनुश्रुति
नहीं पाया जाता।

महानन्दी का अन्त भी एक षड्यन्त्र द्वारा हुआ। महाकवि
बाणभट्ट ने हर्षचरित में लिखा है, कि नगर के बाहर गले में छुरी
भोंक देने से उसकी मृत्यु हुई। प्राचीन आर्य मर्यादा को छोड़कर
मगध के सम्राटों ने जिस मार्ग का अनुसरण किया था, उसमें
यदि राजाओं का अन्त इस प्रकार के षड्यन्त्रों द्वारा हो, तो
उसमें आश्चर्य की क्या बात है ?

जिस षड्यन्त्र द्वारा राजा महानन्दी की हत्या हुई, उसका
नेता महापद्म नन्द था। यह ज्ञाति का शूद्र था और अपने
प्रारम्भिक जीवन मे बड़ी कठिनता से अपना पेट पालता था।
परन्तु देखने मे वह बड़ा सुन्दर था। धीरे धीरे महानन्दी की
रानी उसके काबू में आगई, और रानी द्वारा राजा भी बहुत
कुछ उसके प्रभाव में आगया। अवसर पाकर महापद्म नन्द ने
महानन्दी को कत्ल कर दिया और उसके पुत्रों के नाम पर स्वयं
राज्य-कार्य का सचालन करने लगा। महानन्दी के दस लड़के
थे। प्रतीत होता है, कि पिता की हत्या के समय ये सभी आयु
में कम थे। यही कारण है, कि राजमाता का कृपापात्र होने से
सारी शासन-शक्ति महापद्मनन्द के हाथ में थी। इस महापद्म
ने बाद में महानन्दी के पुत्रों का भी घात करा दिया, और स्वयं
मगध का सम्राट् बन गया।

(७) महापद्म नन्द

वायु पुराण के अनुसार महापद्मनन्द ने २८ वर्ष तक मगध
का शासन किया। वह बहुत ही शक्तिशाली राजा था। एक

पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार उसके सैनिकों की संख्या दस पद्म थी। उसके पास सम्पत्ति भी दस पद्म थी। इसी लिये उसका नाम महापद्म पड़ा था। पौराणिक अनुश्रुति की इन संख्याओं को स्वीकृत कर सकना तो सम्भव नहीं है, किन्तु महापद्म के पास अनन्त सेना और अनन्त सम्पत्ति अवश्य थी। इसीलिये उसे प्राचीन बौद्ध ग्रन्थों में उग्रसेन भी कहा गया है।

महापद्म नन्द के समय में मागध साम्राज्य का बहुत विस्तार हुआ। एक अनुश्रुति के अनुसार महापद्म ने ऐक्ष्वाक, पाञ्चाल, कौरव्य, हैहय, शूरसेन, मैथिल तथा अन्य बहुत से राज्यों को जीत कर अपने अधीन किया था। बिम्बिसार, अजातशत्रु, उदायी, शिशुनाग और नन्दिवर्धन ने मगध के जिस उत्कर्ष का प्रारम्भ किया था, महापद्मनन्द ने उसे चरमसीमा तक पहुँचा दिया। अंग, काशी, वज्जि, मल्ल, वत्स और अवन्ति—ये छः महाजनपद महापद्म के पूर्ववर्ती मागध सम्राटों ने अपने अधीन कर लिये थे। अब महापद्म ने ऐक्ष्वाक्व वंश द्वारा शासित कोशल, पञ्चाल, चेदि, शूरसेन और कुरु—इन महाजनपदों को जीत कर मागध साम्राज्य में सम्मिलित कर लिया। इस प्रकार बौद्ध काल के सोलह महाजनपदों में से बारह महाजनपद मागध साम्राज्य के अन्तर्गत हो गये। महाजनपदों के अतिरिक्त जिन अन्य जनपदों को महापद्म नन्द ने अपने अधीन किया था, उनमें कलिंग विशेषरूप से उल्लेखनीय है। खारवेल के हाथीगुम्फ शिलालेख से सूचित होता है, कि नन्दराज कलिंग पर आक्रमण कर वहाँ से जिन की एक मूर्ति विजयोपहार के रूप में मगध ले गया था। कलिङ्ग भी महापद्म के प्रयत्न से मागध साम्राज्य के अन्तर्गत होगया था। दक्षिणी भारत में प्राप्त अनेक शिलालेखों से ज्ञात होता है, कि आधुनिक बम्बई प्रान्त के भी अनेक प्रदेशों

पर नन्द का शासन था। सम्भवतः, गोदावरी के प्रदेश में स्थित अश्मक महाजनपद भी महापद्मनन्द के साम्राज्य में सम्मिलित था।

नन्द के प्रधान मन्त्री का नाम कल्पक था। प्राचीन अनुश्रुति में इसकी बुद्धि की बड़ी प्रशंसा की गई है। इसी की सूझ और नीति कुशलता का यह परिणाम था, कि महापद्म नन्द ने प्रायः सारे उत्तरी भारत में मागध साम्राज्य का विस्तार कर लिया था।

महापद्म जाति का शूद्र था। पुराणों ने उसे 'शूद्रागर्भोद्भव' करके लिखा है। उसके सम्बन्ध में पुराणों का कहना है, कि जिस प्रकार प्राचीन समय में परशुराम ने क्षत्रियों का संहार किया था, वैसे ही अब शूद्र नन्द ने सब क्षत्रिय राजवंशों का अन्त कर दिया था। वह स्वेच्छाचारी एकराट् था, जिसका पृथिवी भर पर एकच्छत्र शासन था, और उसकी आज्ञा को उल्लंघन करने वाला कोई नहीं था। पुराणों में यह भी लिखा है, कि महापद्म नन्द से लगा कर सब राजा 'शूद्रप्राय' और 'अधार्मिक' हुए। यह तो स्पष्ट ही है, कि महापद्म नन्द आर्य-भिन्न जाति का था, और प्राचीन आर्य धर्म का पालन करने वाला नहीं था। प्राचीन आर्य क्षत्रिय राजवंशों और आर्य नीति का अन्त कर उसने विशाल एकच्छत्र, स्वेच्छाचारी मागध साम्राज्य का विस्तार किया था। महापद्म नन्द की शक्ति का आधार उसकी वैयक्तिक योग्यता और उस भृत सेना का साहाय्य था, जिसमें अनार्य सैनिकों की प्रमुता थी, और जो अनार्य, शूद्र मागध सम्राट् के प्रति भक्ति रखती थी।

महापद्म के बाद उसके आठ पुत्रों ने शासन किया। महापद्म और उसके आठ पुत्र ही इतिहास में नवनन्द के नाम से प्रसिद्ध हैं। इनके सम्बन्ध की कोई घटना हमें ज्ञात नहीं है। पर

अन्तिम नन्द धननन्द था, जिसे मार कर मौर्य चन्द्रगुप्त ने आचार्य चाणक्य की सहायता से मागध साम्राज्य पर अपना अधिकार कर लिया था। महापद्म नन्द के पुत्रों का शासन-काल केवल सोलह वर्ष है।

मौर्य चन्द्रगुप्त ने धननन्द का नाश कर एक नये शक्तिशाली वंश का प्रारम्भ किया, पर मागध साम्राज्य पहले ही की तरह कायम रहा। मौर्यों के साथ किसी नये साम्राज्य का प्रारम्भ नहीं होता। मगध का जो साम्राज्य जरासन्ध, बिम्बिसार, अजातशत्रु और महापद्मनन्द के प्रयत्नों से निरन्तर उन्नति करता गया था, मौर्यों ने उसे और अधिक विस्तृत किया। चन्द्रगुप्त, बिन्दुसार और अशोक के प्रयत्नों से मागध साम्राज्य अपने विस्तार की अन्तिम सीमा तक पहुँच गया, और न केवल प्रायः सम्पूर्ण भारत, अपितु भारत के बाहर के भी अनेक प्रदेश उसके अन्तर्गत हो गये।

धननंद का विनाश और चन्द्रगुप्त मौर्य का मागध-सम्राट बनना ठीक वैसी ही घटना है, जैसी कि बाहद्रथ रिपुंजय की हत्या के बाद पुलिक का शक्ति प्राप्त करना या राजा बालक के विरुद्ध षड्यन्त्र करके श्रेणिय भट्टिय का राजसिंहासन पर अधिकार करना। राजवंशों और राजाओं में परिवर्तन होता गया, पर मागध साम्राज्य अक्षुण्णरूप से जारी रहा।

(८) यवनों के आक्रमण

महापद्मनन्द जिस समय बंगाल की खाड़ी से सतलुज तक सम्पूर्ण उत्तरी भारत में 'अबाधित' और 'अनुलंघित' शासन की स्थापना कर रहा था, उसी समय सुदूर पश्चिम में मैसिडोनिया का राजा फिलिप सारे यवन देश (ग्रीस) को जीत कर अपना एकच्छत्र साम्राज्य बनाने में लगा था। भारत के समान यवन देश

में भी उस समय बहुत से छोटे-छोटे राज्य थे। मैसिडोन के साम्राज्यवाद ने इन सब को जीत कर एक शासन के नीचे ला दिया।

फिलिप का पुत्र सिकन्दर था, जिसने आचार्य अरिस्टोटल की शिक्षा का अनुसरण कर यवन देश से बाहर, पूर्व की तरफ अपना साम्राज्य विस्तृत करने का संकल्प किया था। सिकन्दर के विश्वविजय के इस प्रयत्न का वर्णन करने की हमें आवश्यकता नहीं। धीरे धीरे उसने ईजिप्त, एशिया माइनर, ईरान और अफगानिस्तान को जीत लिया और हिन्दूकुश पर्वतमाला को पार कर भारत में प्रवेश किया।

हिन्दूकुश और सतलुज के बीच के प्रदेश में उस समय बहुत से जनपद थे, जिनमें प्रधानतया गणतन्त्र शासन थे। इनमें मालव, क्षत्रिय, आजुनायन, आरट्ट, आग्नेय, क्षुद्रक और शिबिगण सर्व से प्रसिद्ध हैं। सिकन्दर के इनके साथ घनघोर युद्ध हुए। पश्चिमोत्तर भारत के इन विविध जनपदों से लड़ता हुआ सिकन्दर जब व्यास नदी के तट पर पहुँचा, तो उसे ज्ञात हुआ, कि प्राच्य देश में मगध का जो शक्तिशाली साम्राज्य है उसमें राजा नन्द का शासन है, और उसकी शक्ति अजेय है। सिकन्दर की यवन सेनायें पृथक्‌ प्रदेश के गणराज्यों से लड़ती हुई ही थक गई थीं। भारत के इस एकराट्‌ का सामना करने का उसे साहस नहीं हुआ। सिकन्दर भारत विजय की अपनी आकांक्षा को पूर्ण नहीं कर सका। उसे वापस लौटने के लिये बाधित होना पड़ा।

सुदूर पश्चिम के इस वीर आक्रान्ता ने मगध साम्राज्य के ... पश्चिमी भारत में विस्तृत होने के लिये मैदान तैयार कर

दिया। सिकन्दर के आक्रमणों ने पञ्जाब के गणराज्यों की शक्ति को जड़ से हिला दिया था। मागध सम्राट् उन्हें किस प्रकार अपने अधीन करने में सफल हुए, इस पर हम आगे चल कर, प्रकाश डालेंगे।

चौथा अध्याय

जैन और बौद्ध धर्म

(१) धार्मिक सुधारणा

महत्वाकांक्षी वीर सैनिक नेताओं के बीच में, जिस समय
गध का राजसिंहासन गेंद की तरह उछल रहा था, मगध के
ड़ौस में गङ्गा के उत्तर में तभी एक महान धार्मिक सुधारणा का
ारम्भ हो रहा था। धीरे धीरे ये धार्मिक आन्दोलन सारे भारत
में फैल गये। मगध के सम्राट् जैसे दिग्विजय करके अपने चातुरन्त
साम्राज्य की स्थापना के लिए प्रयत्नशील थे, वैसे ही ये धार्मिक
नेता धर्मचक्र द्वारा न केवल सारे भारत में, अपितु सारे भूमण्डल
में, धर्मचक्रवर्ती होने के लिये संघर्ष कर रहे थे। जब मगध का
राजनीतिक साम्राज्य नष्ट हो गया, तब भी यह धर्मसाम्राज्य
भारत और उसके बाहर क़ायम रहा। भारत के प्राचीन इतिहास
में इस धर्मसाम्राज्य और धार्मिक सुधारणा का बहुत अधिक
महत्व है।

उत्तरी बिहार में जो अनेक गणराज्य थे, इन नये धार्मिक
आन्दोलनों का उनसे प्रारम्भ हुआ। महात्मा बुद्ध शाक्यगण में
उत्पन्न हुए थे, और वर्धमान महावीर ज्ञातृकगण में। वज्जिसंघ
में जो आठ गणराज्य सम्मिलित थे, ज्ञातृकगण उनमें से एक था।
मगध के साम्राज्यवाद ने उत्तरी बिहार के इन गणराज्यों का अन्त
कर दिया। राजनीतिक और सैनिक क्षेत्र में ये गण मगध से परास्त
... पर धार्मिक क्षेत्र में शाक्य और वज्जि संघ के भिक्खुओं के

सम्पूर्ण मगध ने सिर झुका दिया। जब मगध की राजगद्दी के लिये सैनिक नेता एक दूसरे से होड़ कर रहे थे, और राजपुत्र कपट के सहारे अपने पिता के विरुद्ध षड्यन्त्र कर रहे थे, ये भिक्षु लोग शान्ति, प्रेम और सेवा से एक नये प्रकार के धर्मानुगत साम्राज्य की स्थापना में लीन थे।

भारत बहुत बड़ा देश है। जैसे विविध जनपदों में आर्य जाति विविध शाखाओं में विभक्त होती गई, वैसे ही प्राचीन आर्य-धर्म भारत के विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न रूप धारण करता गया। प्राचीन आर्य एक ईश्वर के उपासक थे, वे प्रकृति की भिन्न-भिन्न शक्तियों में ईश्वर के भिन्न-भिन्न रूपों की कल्पना कर, उनकी देवताओं के रूप में उपासना करते थे। यज्ञ इन देवताओं की पूजा का क्रियात्मक रूप था। धीरे धीरे यज्ञों का कर्मकाण्ड अधिकाधिक जटिल होता गया। यज्ञ के वास्तविक अभिप्राय को भूल कर आर्य ब्राह्मणों ने उसे ही स्वर्ग और मोक्ष की प्राप्ति का साधन समझ लिया। यज्ञों में पशुहिंसा शुरू हुई। एक-एक यज्ञ में हजारों की संख्या में पशुओं की बलि दी जाने लगी। पशुओं की बलि पाकर अग्नि प्रसन्न व सन्तुष्ट होती है और उससे मनुष्य स्वर्गलोक को प्राप्त कर सकता है, यह विश्वास प्रबल हो गया।

इस समय के भारत में समाज में ऊँच-नीच का भेद भी बहुत बढ़ गया था। आर्यभिन्न जातियों के सम्पर्क में आने से

प्राचीन आर्यधर्म का पुनरुद्धार करने का प्रयत्न किया।

(२) वर्धमान महावीर

वज्जि संघ में जो आठ गण सम्मिलित थे, उनमें से एक का नाम था, ज्ञातृक। इसकी राजधानी कुण्डग्राम थी। यहाँ के गणमुख्य का नाम सिद्धार्थ था। सिद्धार्थ का विवाह वैशालिक राजकुमारी त्रिशला के साथ हुआ था। त्रिशला लिच्छविगण के प्रमुख राजा चेटक की बहन थी। लिच्छविगण वज्जि संघ का सबसे शक्तिशाली गण था। ज्ञातृक राजा सिद्धार्थ और लिच्छवि कुमारी त्रिशला के तीन सन्तानें हुईं, एक कन्या और दो पुत्र। छोटे लड़के का नाम वर्धमान रखा गया। यही आगे चल कर जैन धर्म का तीर्थंकर महावीर बना।

वर्धमान का बाल्यजीवन राजकुमारों की तरह व्यतीत हुआ। वह एक तरह गणमुख्य का पुत्र था। छोटी आयु में ही उसकी शिक्षा प्रारम्भ की गई। शीघ्र ही वह सब विद्याओं और शिल्पों में निपुण हो गया। अपने पूर्वजन्म के संस्कारों के कारण उसे विद्याप्राप्ति में अधिक परिश्रम करना पड़ा। उचित आयु में वर्धमान का विवाह यशोदा नाम की कुमारी के साथ किया गया। उनके एक कन्या भी उत्पन्न हुई। आगे चल कर जमालि नामक क्षत्रिय के साथ इसका विवाह हुआ, जो कि वर्धमान महावीर के प्रधान शिष्यों में से एक था।

यद्यपि वर्धमान का प्रारम्भिक जीवन साधारण गृहस्थ के समान व्यतीत हुआ, पर उसकी प्रवृत्ति सांसारिक जीवन की तरफ नहीं थी। वह 'प्रेय' मार्ग को छोड़कर 'श्रेय' मार्ग की ओर [illegible] अग्रसर था। जब वर्धमान की आयु तीस वर्ष की थी, उसके पिता की मृत्यु हो गई। ज्ञातृगण का 'मुख्य' पद वर्धमान का बड़ा भाई नन्दिवर्धन बना। वर्धमान की प्रवृत्ति पहले ही वैराग्य की तरफ थी। माता पिता की मृत्यु के बाद

न्होंने सांसारिक जीवन को त्याग कर भिक्षु बनना निश्चित
केया। नन्दिवर्धन तथा अन्य निकट सम्बन्धियों से अनुमति ले
र्धमान ने घर का परित्याग कर दिया। ज्ञातृक लोग पहले ही
ीर्थंकर पार्श्व द्वारा प्रतिपादित जिन धर्म के अनुयायी थे, अतः
वाभाविक रूप से वह जैन भिक्षु बना। जैन भिक्षुओं की तरह
उसने अपने केशश्मश्रु का परित्याग कर तपस्या करनी प्रारम्भ
की। एक प्राचीन जैन ग्रन्थ में इस तपस्या का बड़ा सुन्दर वर्णन
किया गया है।

वर्धमान ने भिक्षु बनते हुए जो कपड़े पहने थे, वे तेरह
मास में बिलकुल जर्जरित हो गये और फट कर स्वयं शरीर से
[illegible] ग्रहण नहीं किया। वह छोटे
ने लगा। जब वह समाधि
ध जीवजन्तु उसके शरीर
अनेक प्रकार से काटा, पर
हीं की। जब वह ध्यानम
, तो लोग उसे चारों ओर
घेर लेते थे। वे उसको मारते थे, शोर मचाते थे; पर वर्धमान
करता था। जब कोई बात पूछता
। जब उसे लोग प्रणाम करते
: कुछ दुष्ट लोग
इसकी भी परवाह

.की उपेक्षा क

तरह उसे किसी आश्रय की आवश्यकता नहीं थी। वायु के समान उसके सम्मुख कोई बाधा नहीं रह गयी थी। शरद काल के जल के समान उसका हृदय शुद्ध था। कमलपत्र के समान वह किसी से लिप्त नहीं था। कछुवे के समान उसने अपनी इन्द्रियें को वश में करलिया हुआ था। गेंड की सींग के समान वह एकाकी हो गया था। पक्षी के समान वह स्वतन्त्र था।

इस प्रकार बारह वर्ष तक घोर तपस्या कर अन्त में तेरहवें वर्ष में वर्धमान को अपनी तपस्या का फल प्राप्त हुआ। उसे पूर्ण सत्यज्ञान की उपलब्धि हुई। उसे 'केवलिन्' पद प्राप्त हुआ। एक प्राचीन जैन ग्रन्थ के अनुसार "तेरहवें" वर्ष में, वसन्तऋतु के द्वितीय मास में, वसन्त ऋतु के चौथे पक्ष में, वैशाखमास में, वैशाखमास के दसवें दिन, जब कि वस्तुओं की छाया पूर्व की तरफ पड़नी प्रारम्भ हो गई थी, अर्थात् अपराह्न काल में, सुव्रत नामक वार को और विजय नामक मुहूर्त में, जृम्भिका ग्राम के बाहर, ऋजुपालिक नदी के तट पर, सामाग नाम के गृहस्थ की जमीन में स्थित एक पुराने मन्दिर के समीप, शाल-वृक्ष के नीचे वर्धमान महावीर ने 'केवलिन्' पद प्राप्त किया।

जिस समय मनुष्य संसार के संसर्ग से सर्वथा मुक्त हो [illegible] जाता है, वह अपने [illegible] समझने लगता है, [illegible] केवली होकर वर्धमान महावीर बन गया। बारह वर्ष की सुदीर्घ तपस्या के बाद महावीर ने जो सत्यज्ञान प्राप्त किया था, अब उसने उसका प्रचार प्रारम्भ किया। महावीर की ख्याति शीघ्र ही दूर दूर तक [illegible]। अनेक लोग उनके शिष्य होने लगे। महावीर ने इस

ामय जिस नये सम्प्रदाय की स्थापना की, उसे 'निर्ग्रन्थ' नाम
। कहा जाता है। निर्ग्रन्थ का अर्थ है, बन्धनों से मुक्त।
महावीर के शिष्य भिक्षु लोग 'निर्ग्रन्थ' या 'निगन्ध' कहाते थे,
न्हें जैन भी कहते थे, क्योंकि वे 'जिन' (वर्धमान को केवलपद
प्राप्त हो जाने के बाद वीर, जिन, महावीर, अर्हत आदि सम्मान-
सूचक शब्दों से कहा जाता था) के अनुयायी होते थे। निगन्थ
महावीर के विरोधी इन्हें प्रायः 'निगन्थ ज्ञात पुत्र' (निगन्थ
नाट पुत्त) के नाम से पुकारते थे। ज्ञातृपुत्र उन्हें इसलिए कहा
जाता था, क्योंकि वे ज्ञातृक गण के कुमार थे।

वर्धमान महावीर ने जिस प्रकार अपने धर्म का प्रचार
किया, इस सम्बन्ध में भी अनेक बातें प्राचीन जैन ग्रन्थों में
उपलब्ध होती हैं। महावीर का प्रधान शिष्य गौतम इन्द्रभूति
था आगे चल कर इस इन्द्रभूति ने भी 'केवलिन्' पद प्राप्त किया
था। महावीर का यह ढंग था, कि वे किसी एक स्थान को केन्द्र
बनाकर अपना कार्य नहीं करते थे। पर अपनी शिष्यमण्डली
के साथ एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण करते हुए अपने
धर्मसन्देश को जनता तक पहुँचाने का उद्योग करते थे।
सब से पूर्व उन्होंने ज्ञातृकगण में ही अपनी शिक्षाओं का
प्रचार किया। सब ज्ञातृक शीघ्र ही उनके अनुयायी
हो गये। उसके बाद लिच्छवि और विदेह में प्रचार किया
गया। उत्तरी बिहार के इन गणराज्यों में प्रचार करने के बाद
महावीर ने मगध की राजधानी राजगृह के लिये प्रस्थान
किया। उस समय मगध में श्रेणिय बिम्बिसार का राज्य था। राजा
श्रेणिय ने महावीर का बड़ा आदर किया और उसके
स्वागत में बिम्बिसार की सम्पूर्ण सेना (सम्भवतः श्रेणिबल) ने
भी भाग लिया।

उस समय भारत का मुख्य महाजनपद मगध था। भा के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक व धार्मिक जीवन में य सब का अग्रणी था। इसीलिये उस युग के धार्मिक नेताओं भी इसी को अपना प्रधान कार्यक्षेत्र बनाया। वर्धमान महावी ने भी अपने जीवन का बड़ा भाग मगध में ही प्रचारकार्य व्यतीत किया। राजगृह, चम्पा आदि मगध साम्राज्य व नगरियों में वे अपने शिष्यों के साथ भ्रमण करते रहे। अपन आयु के ७२ वें वर्ष में उनकी मृत्यु हुई। मृत्यु के समय महावी राजगृह के समीप पावा नाम की नगरी में विराजमान थे। य स्थान इस समय भी जैन लोगों का बड़ा तीर्थ है। वर्तमान समय में इसका दूसरा नाम पोरावपुर है, और यह बिहार रेलवे स्टेशन से ६ मील की दूरी पर स्थित है।

(३) जैन धर्म की शिक्षायें

वर्धमान महावीर ने किसी नये धर्म की स्थापना नहीं की थी। ज्ञातृक गण तथा उसके समीपवर्ती जनपदों में जैन धर्म का पहले ही प्रचार था। महावीर से पूर्व जैन धर्म के २३ आचार्य व तीर्थंकर हो चुके थे। महावीर जैनधर्म के २४ वें व अन्तिम तीर्थंकर थे। ये जैन लोग अन्य आर्यों के समान वेद को नहीं मानते थे, ईश्वर व प्राकृतिक शक्तियों के रूप में उसके विविध रूपों (देवताओं) में भी उनका विश्वास नहीं था। यज्ञों के कर्मकाण्ड में भी इनकी निष्ठा नहीं थी। वज्जि-महाजनपद के संकीर्ण क्षेत्र में प्राचीन आर्य-परम्परा के विपरीत यह धर्म देर से चला आ रहा था। महावीर ने इसी धर्म में सुधार कर उसे ऐसा बल प्रदान किया, कि धीरे धीरे वह भारत के बहुत से प्रदेशों में फैल गया। मगध के अनेक सम्राटों की [illegible]

टलीपुत्र का संस्थापक उदायीभद्र और महापद्मनन्द जैन-
र्म के अनुयायी थे। मगध के ये सब राजा प्राचीन आर्य
त्रिय वंशों के नहीं थे। मानवधर्मशास्त्र के अनुसार ये
र्णसंकर थे। पुराणों में इनमें से अनेक को शूद्र तक कहा गया
। ब्राह्मण-प्रधान आर्य-धर्म में इन राजाओं को उचित आदर
हीं मिल सकता था। महावीर द्वारा जिस धर्म का इस समय
गध में प्रसार हो रहा था, उसमें सामाजिक ऊँचनीच का
द नहीं था। ब्राह्मणों व क्षत्रियों को उसमें अन्य मानव समाज
ऊँचा नहीं माना जाता था। इस दशा में मगध के इन वर्ण-
कर व शूद्र राजाओं ने यदि उसे अपनाया हो, तो इसमें आश्चर्य
ी कोई बात नहीं है।

जैन धर्म के अनुसार मानवीय जीवन का उद्देश्य मोक्ष व केवली
द प्राप्त करना है। मोक्षप्राप्ति के लिये मनुष्य क्या उद्योग करे,
सके लिये साधारण गृहस्थों व भिक्षुओं (मुनियों) में भेद
िया गया है। जिन नियमों का पालन एक मुनि कर सकता
, साधारण गृहस्थ (श्रावक) उनका पालन नहीं कर सकता।
सीलिये जीवन की इन दोनों स्थितियों में मुमुक्षु के लिये भिन्न-
भिन्न धर्मों का प्रतिपादन किया गया है।

पहले सामान्य गृहस्थ (श्रावक) के धर्म को लीजिये।
ृहस्थ के लिये पाँच अणुव्रतों का पालन करना आवश्यक है।
ृहस्थ के लिये यह सम्भव नहीं, कि वह पाप का पूर्णतया
रित्याग कर सके। संसार के कृत्यों में फँसे रहने से उन्हें कुछ
कुछ अनुचित कृत्य करने ही पड़ेंगे। अतः उनके लिये अणु-
व्रतों का विधान किया गया है। अणुव्रत निम्नलिखित हैं—

(१) अहिंसाणुव्रत—जैन धर्म के अनुसार यह आवश्यक
 प्रत्येक व्यक्ति अहिंसाव्रत का पालन करे। मन, वचन और

शरीर से किसी भी प्रकार से हिंसा करना उचित नहीं है। पर गृहस्थों के लिये अहिंसा का पूर्णतया पालन कर सकना सम्भव नहीं है। अतः श्रावकों के लिये स्थूल अहिंसा का विधान किया गया है। स्थूल अहिंसा का अभिप्राय यह है, कि निरपराधियों की हिंसा न की जावे। इसीलिये जैन राजा अपराधियों को सब प्रकार का दण्ड दे सकते हैं, हिंसक जन्तुओं का घात कर सकते हैं, और राजकीय दृष्टि से युद्धों में भी तत्पर हो सकते हैं।

(२) सत्याणुव्रत – मनुष्यों मे असत्यभाषण की प्रवृत्ति अनेक कारणों से होती है। द्वेष, स्नेह तथा मोह का उद्रेक इनमें प्रधान है। इन सब प्रवृत्तियों को दबा कर सर्वदा सत्य बोलने का प्रयत्न सत्याणुव्रत कहाता है।

(३) अचौर्याणुव्रत या अस्तेय—किसी भी प्रकार से दूसरों की चोरी न करना, गिरी हुई, पड़ी हुई, रक्खी हुई या भूली हुई वस्तु को स्वयं ग्रहण न कर के उसके वास्तविक स्वामी को दे देना अचौर्याणुव्रत कहाता है।

(४) ब्रह्मचर्याणुव्रत—मन, वचन तथा कर्म द्वारा परस्त्री समागम न कर अपनी पत्नी में ही सन्तोष रखना तथा स्त्रियों को मन, वचन व कर्म द्वारा परपुरुष का समागम न कर अपने पति में ही सन्तोष रखना ब्रह्मचर्याणुव्रत कहाता है।

(५) परिग्रह-परिमाण अणुव्रत—आवश्यकता के बिना धन धान्य का संग्रह न करना परिग्रह-परिमाण अणुव्रत है। गृहस्थों के लिये यह तो आवश्यक है कि वे धन [illegible] पर उसी में लिप्त हो जाना व अर्थसंग्रह के पीछे

इन पाँच अणुव्रतों का गृहस्थों को सदा पालन करना चाहिये। पर समय समय पर इनके अतिरिक्त अधिक कठोर व्रतों का ग्रहण करना भी उपयोगी है। सामान्य सांसारिक जीवन व्यतीत करते हुए गृहस्थों को चाहिये, कि कभी कभी वे विशेष प्रकार व्रतों का पालन करें, ताकि मुनि-जीवन व्यतीत करने के लिये मार्ग साफ होता रहे। ये कठोर व्रत जैनधर्म में शिक्षाव्रत कहाते हैं, और इनके द्वारा जैन श्रावक समय समय पर यह व्रत लेते हैं, कि वे एक निश्चित प्रदेश में ही रहेंगे, उससे बाहर नहीं जावेंगे। भोजन में कुछ निश्चित वस्तुओं से अधिक नहीं खावेंगे। भोजन की मात्रा भी एक निश्चित तोल से अधिक नहीं होगी। कुछ निश्चित तिथियों में मुनियों के सदृश जीवन व्यतीत करेंगे और मुनियों की सेवा में तत्पर रहेंगे। प्रत्येक मनुष्य मुनि नहीं बन सकता, गृहस्थ—जीवन व्यतीत करना ही होता है, पर मुनि बनने की तैयारी में कुछ न कुछ समय तो प्रत्येक मनुष्य लगा ही सकता है। जैन धर्म के अनुसार सांसारिक जीवन और गृहस्थ धर्म हेय नहीं हैं, पर वे अन्तिम लक्ष्य नहीं हैं। मानव जीवन का उद्देश्य मोक्ष है। अतः गृहस्थ होते हुए भी मनुष्य को अपना जीवन इस ढंग से बिताना चाहिये, कि वह पाप में लिप्त न होकर मोक्ष-साधन में तत्पर रहे।

अहिंसा, सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य, इन पांच व्रतों का गृहस्थ को तो स्थूल रूप से पालन करना होता है, पर जैन मुनि के लिये यह आवश्यक है, कि वह इनका सूक्ष्म रूप से पालन करे। मोक्षपद को प्राप्त करने के लिये जो लोग संसार को त्याग कर साधना में तत्पर होते हैं, वे मुनि कहाते हैं। अतः उनके लिये आवश्यक है, कि वे पापों का सर्वथा

त्याग करें और इसीलिये पाँचों व्रतों का अविकल रूप में पालन करें। जैनधर्म में इन महाव्रतों का मुनि लोग किस प्रकार पालन करें, इसका बड़े विस्तार के साथ प्रतिपादन किया गया है। मुनियों के सम्बन्ध में जैन धर्म की कल्पना निम्नलिखित है—

मुनि को चाहिये कि आत्मा के सब बन्धनों को काट दे। किसी वस्तु से घृणा न करे। किसी से स्नेह न करे। किसी प्रकार की मौज में अपने को न लगावे। जीवन के आनन्दों पर विजय प्राप्त करना कठिन है। निर्बल लोग आसानी से उनका परित्याग नहीं कर सकते। पर जिस प्रकार साहसी व्यापारी दुर्गम समुद्र के पार उतर जाते हैं, वैसे ही मुनि जन संसार-सागर के पार उतर जाते हैं। स्थावर व जंगम, किसी भी वस्तु को मन, वचन व कर्म से किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुँचनी चाहिये। मुनि को केवल अपनी जीवनयात्रा के लिये ही भोजन की भिक्षा माँगनी चाहिये। यदि सारी पृथिवी भी एक आदमी की हो जावे, तो भी उसे सन्तोष नहीं होता। जितना ही तुम प्राप्त करोगे, उतनी ही तुम्हारी कामना बढ़ती जावेगी। तुम्हारी आवश्यकता को पूर्ण करने के लिये तो दो 'मासा' भी काफी है। पर सन्तोष तो, यदि तुम सम्पत्ति के पीछे भागो, तो करोड़ों से भी नहीं होगा!

जैन धर्म के अनुसार मुनि-जीवन के ये आदर्श हैं। इन आदर्शों तक पहुँचने के लिये मुनि लोग अपने जीवन को किस प्रकार नियमित करें, इस विषय में भी जैन साहित्य में बड़ी सूक्ष्म विवेचना की गई है। यद्यपि जैन मुनि संसार से विरक्त होकर मोक्ष साधन में तत्पर रहते थे, पर अपने मन्तव्यों को जन-साधारण में फैलाने के [illegible]

यें

करते थे। वर्धमान महावीर अपनी शिष्य-मण्डली के साथ निरन्तर भ्रमण ही करते रहे, और गृहस्थ तथा मुनि, सब को सन्मार्ग का प्रदर्शन करते रहे।

(५) महात्मा बुद्ध

गंगा के उत्तर में एक छोटा जनपद था, जिसका नाम शाक्यगण था। इसकी राजधानी कपिलवस्तु थी। यहाँ के महाराजा का नाम शुद्धोदन था। इनकी पत्नी माया थी। इन्हीं के घर कुमार सिद्धार्थ का जन्म हुआ, जो आगे चल कर महात्मा बुद्ध के नाम से प्रसिद्ध हुआ। सिद्धार्थ का दूसरा नाम गौतम था, यह नाम सम्भवतः उनके गौतम गोत्र के कारण था। जन्म के एक सप्ताह बाद ही कुमार सिद्धार्थ की माता का देहान्त हो गया। माता की बहिन महाप्रजावति थी। सिद्धार्थ का उसी ने पालन किया।

कपिलवस्तु का शाक्यगण वज्जिसंघ के समान शक्तिशाली नहीं था। पर क्षत्रियों के उचित वीरता की उनमें कमी नहीं थी। शाक्य कुमारों की शिक्षा में उस समय भौतिक उन्नति की ओर बहुत ध्यान दिया जाता था। सिद्धार्थ को भी इसी प्रकार की शिक्षा दी गई। तीरन्दाजी, घुड़सवारी और मल्ल विद्या में बहुत प्रवीण बनाया गया। उस युग में पड़ोस के राजा गणराज्यों पर आक्रमण कर उन्हें अपने अधीन करने में लगे हुए थे। कोशल के कई हमले शाक्यों पर हो चुके थे। अतः यह स्वाभाविक ही था, कि शाक्य कुमारों को वीर और ऐश्वर्यशाली बनने के लिये शिक्षा दी जाय। सिद्धार्थ का बाल्य-काल बड़े सुख और ऐश्वर्य में व्यतीत हुआ। सरदी, गरमी और वर्षा—इन तीनों ऋतुओं में उनके निवास के लिये अलग

प्रातःकाल हो जाने पर सिद्धार्थ ने अपना घोड़ा भी खुला छोड़ दिया। घोड़ा स्वयं भाग कर घर वापस लौट आया। सिद्धार्थ ने अपने राजसी कपड़े एक साधारण किसान के साथ बदल लिये थे। प्रातःकाल शुद्धोदन ने सिद्धार्थ को ढूंढ़ने के लिये अपने अनुचरों को भेजा, पर साधारण किसान के वस्त्र पहने हुए कुमार को वे नहीं पहचान सके। सिद्धार्थ निश्चिन्त होकर अपने मार्ग पर अग्रसर हुआ।

इसके बाद लगभग सात साल तक सिद्धार्थ ज्ञान और सत्य की खोज में इधर उधर भटकता रहा। शुरू शुरू में उसने दो तपस्वियों को अपना गुरु धारण किया। इन्होंने उसे मोक्षप्राप्ति के लिये खूब तपस्या करवाई। शरीर की सब क्रियाओं को बन्द कर घोर तपस्या करना ही इनकी दृष्टि में मोक्ष का उपाय था। सिद्धार्थ ने घोर से घोर तपस्यायें कीं। शरीर को तरह तरह से कष्ट दिये। पर इन साधनों से उसे आत्मिक शान्ति नहीं मिली। उसने यह मार्ग छोड़ दिया।

मगध का परिभ्रमण करता हुआ सिद्धार्थ उरुवेल पहुँचा। यहाँ के मनोहर प्राकृतिक दृश्यों ने उसके हृदय पर बड़ा प्रभाव डाला। इस प्रदेश के निस्तब्ध और सुन्दर जंगलों और मधुर शब्द करने वाले स्वच्छ जल के झरनों को देख कर उसका चित्त बहुत प्रसन्न हुआ। उरुवेल के इन जंगलों में सिद्धार्थ ने फिर तपस्या प्रारम्भ की। यहाँ पांच अन्य तपस्वियों से भी सिद्धार्थ की भेंट हुई। ये भी कठोर तप द्वारा मोक्षप्राप्ति में विश्वास रखते थे। सिद्धार्थ लगातार पद्मासन लगा कर बैठा रहता। भोजन तथा जल का उसने सर्वथा परित्याग कर दिया। इस कठोर तपस्या से उसका शरीर निर्जीव सा हो गया। पर फिर भी उसे सन्तोष नहीं हुआ।

गुप्तकालीन बुद्ध, सारनाथ
सारनाथ संग्रहालय
पाँचवीं शती, ई० पू०

उसने अनुभव किया, कि उसकी आत्मा वहीं पर है, जहाँ पहले थी। इतनी घोर तपस्या के बाद भी उसे आत्मिक उन्नति के कोई चिह्न दिखाई नहीं दिये। उसे विश्वास हो गया कि शरीर को जान-बूझकर कष्ट देने से मोक्ष प्राप्त नहीं हो सकता। सिद्धार्थ ने तपस्या के मार्ग का परित्याग कर दिया और फिर से अन्न ग्रहण करना प्रारम्भ कर दिया। उसके साथी तपस्वियों ने समझा, कि सिद्धार्थ मार्गभ्रष्ट हो गया है, और अपने उद्देश्य से च्युत हो गया है। उन्होंने उसका साथ छोड़ दिया और अब सिद्धार्थ फिर अकेला ही रह गया।

तपस्या के मार्ग से निराश होकर सिद्धार्थ वर्तमान बोधगया के समीप पहुंचा। वहाँ एक विशाल पीपल का वृक्ष था। थक कर सिद्धार्थ उसकी छाया में बैठ गया। इतने दिनों तक वह सत्य को ढूँढने के लिये अनेक मार्गों का ग्रहण कर चुका था। अब उसने अपने अनुभवों पर विचार करना प्रारम्भ किया। सात दिन और सात रात वह एक ही जगह पर ध्यानमग्न दशा में बैठा रहा। अन्त में उसे बोध हुआ। उसे अपने हृदय में एक प्रकार का प्रकाश सा जान पड़ा। उसकी आत्मा में एक दिव्य ज्योति का आविर्भाव हुआ। उसकी साधना सफल हुई। वह अज्ञान से ज्ञान की दशा को प्राप्त हो गया। इस बोध व सत्य-ज्ञान के कारण वह सिद्धार्थ से 'बुद्ध' बन गया। बौद्धों की दृष्टि में इस पीपल के वृक्ष का बड़ा महत्त्व है। वह बोधिवृक्ष कहलाता है, उसी के कारण समीपवर्ती नगरी गया भी बोधगया कहलाती है। इस वृक्ष के नीचे ध्यानमग्न दशा में जो बोध कुमार सिद्धार्थ को हुआ था, वही 'बौद्ध धर्म' कहलाता है। महात्मा बुद्ध उसे आर्यमार्ग व मध्यमार्ग कहते थे। इसके बाद सिद्धार्थ व बुद्ध ने अपना सम्पूर्ण जीवन इसी आर्यमार्ग का प्रचार करने में लगा दिया।

बौद्ध साहित्य में सिद्धार्थ की इस ज्ञानप्राप्ति की दशा का बड़ा विस्तृत और अतिरंजित वर्णन किया गया है। उसके अनुसार ज्ञानप्राप्ति के अवसर पर मार (कामदेव) आदि राक्षसों ने अपनी सेना सहित सिद्धार्थ पर चढ़ाई की। उसके सामने नाना प्रकार के प्रलोभन व कष्ट देने वाले भय उपस्थित किये गये, पर सिद्धार्थ ने इन सब पर विजय पाई। सम्भवतः ये वर्णन महात्मा बुद्ध के हृदय के अच्छे-बुरे भावों के संघर्ष को चित्रित करने के लिये किये गये थे। बुद्ध ने अपने हृदय में विद्यमान बुरे भावों पर विजय प्राप्त की और सत्यज्ञान द्वारा धर्म के आर्यमार्ग का ग्रहण किया।

महात्मा बुद्ध को जो बोध हुआ था, उसके अनुसार मनुष्य-मात्र का कल्याण करना और सब प्राणियों का हित सम्पादन करना उनका परम लक्ष्य था। इसीलिये बुद्ध होकर वे शान्त होकर नहीं बैठ गये। उन्होंने सब जगह घूम घूम कर अपना सन्देश जनता तक पहुँचाना प्रारम्भ किया।

गया से महात्मा बुद्ध काशी की ओर चले। काशी के समीप जहाँ आजकल सारनाथ है, वहाँ उन्हें वे पाँचों तपस्वी मिले, जिनसे उनकी उरुवेल में भेंट हुई थी। जब इन तपस्वियों ने बुद्ध को दूर से आते देखा, तब उन्होंने सोचा, यह वही सिद्धार्थ है जिसने अपनी तपस्या बीच में ही भंग कर दी थी। वह अपने प्रयत्न में असफल हो निराश होकर फिर यहाँ आ रहा है। हम इसका स्वागत व सम्मान नहीं करेंगे। परन्तु जब महात्मा बुद्ध और समीप आये, तो उनके चेहरे पर एक अनुपम ज्योति देख कर वे तपस्वी आश्चर्य में आ गये, और खड़े होकर उनका स्वागत किया। बुद्ध ने इन्हें उपदेश दिया। गया में बोधिवृक्ष के नीचे ध्यानमग्न होकर जो सत्यज्ञान उन्होंने प्राप्त किया था, उसका सब से पहले उपदेश इन तप-

स्वियों को ही दिया गया। ये पांचों बुद्ध के शिष्य हो गये। बौद्ध धर्म में सारनाथ के इस उपदेश का बड़ा महत्त्व है। इसीके कारण बौद्ध संसार में बोधगया के बाद सारनाथ का तीर्थ-स्थान के रूप में सब से अधिक माहात्म्य है।

सारनाथ से बुद्ध उरुवेल गये। यह स्थान उस समय याज्ञिक कर्मकाण्ड में व्यस्त ब्राह्मण पुरोहितों का गढ़ था। वहाँ एक हजार ब्राह्मण इस प्रकार के रहते थे, जो हर समय अग्निकुण्ड में अग्नि को प्रदीप्त रखकर वेदमन्त्रों द्वारा आहुतियाँ देने में व्यस्त रहते थे। बुद्ध के उपदेशों से अनेक ब्राह्मण उनके अनुयायी हो गये। कश्यप इनका नेता था, आगे चल कर यह बुद्ध के ——— [illegible]ष्यों में गिना जाने लगा।

[illegible] सदा एक साथ रहते थे। एक बार जब वे मार्ग पर बैठे हुए किसी विषय की चर्चा कर रहे थे, तो एक बौद्ध भिक्खु भिक्षा-पात्र हाथ में लिये उस रास्ते से गुजरा। इन ब्राह्मणकुमारों की दृष्टि उस पर पड़ गई। उसकी चाल, वस्त्र, मुखमुद्रा और शान्त तथा वैराग्यपूर्ण दृष्टि से ये दोनों इतने प्रभावित हुए कि उसके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के लिये व्याकुल हो उठे। जब यह बौद्ध भिक्षु भिक्षाकार्य समाप्त कर वापस लौट रह[illegible]

था, तो ये उसके साथ महात्मा बुद्ध के दर्शन के लिये गये। इनको देखते ही बुद्ध समझ गये कि ये दोनों ब्राह्मणकुमार उनके प्रधान शिष्य बनने योग्य हैं। बुद्ध का उपदेश सुन कर सारिपुत्त और मोग्गलान भी भिक्खुवर्ग में सम्मिलित हो गये। बाद में ये दोनों बड़े प्रसिद्ध हुए और बौद्ध धर्म के प्रसार के लिये इन्होंने बहुत कार्य किया।

जब मगध के बहुत से कुलीन लोग बड़ी संख्या में भिक्खु बनने लगे, तो जनता में असन्तोष बढ़ने लगा। लोगों ने कहना शुरू किया—यह साधु प्रजा की संख्या घटाने, स्त्रियों को विधवाओं के सदृश बनाने और कुलों का नाश करने के लिये आया है। इससे बचो। बुद्ध के शिष्यों ने उनसे आकर कहा, कि आजकल मगध की जनता इस भाव के गीत बना कर गा रही है—सिर घुटा हुआ एक साधु मगध की राजधानी में आया है, और पहाड़ की चोटी पर डेरा डाले बैठा है। उसने राजा ले गय

है, बुद्ध आज किसे अपने पीछे लगायगा, तो तुम उत्तर दिया करो—वीर और विवेकशाली पुरुष उसके अनुयायी बनेंगे। वह तो सत्य के बल पर ही अपने अनुयायी बनाता है।

महात्मा बुद्ध का प्रधान कार्यक्षेत्र मगध था। वे कई बार मगध में आये, और सर्वत्र घूम घूम कर अपने धर्म का प्रचार किया। बिम्बिसार और अजातशत्रु उनके गम्भीर भक्त थे। इन मागध सम्राटों के हृदय में बुद्ध के प्रति अपार श्रद्धा थी। बुद्ध अपने बहुत से शिष्यों को साथ में लेकर भ्रमण किया करते थे। उनकी मण्डली में कई सौ भिक्खु एक साथ रहते थे। वे जिस शहर में पहुँचते, शहर के बाहर किसी उपवन में डेरा डाल

देते। लोग बड़ी संख्या में उनके दर्शनों के लिये आते और उनके
उपदेश श्रवण करते। नगर के श्रद्धालु लोग उन्हें भोजन के लि
आमन्त्रित किया करते थे। भोजन के अनन्तर बुद्ध अपने यज
मान को उपदेश भी देते थे। यही उनके प्रचार का ढंग था।

मगध से बाहर महात्मा बुद्ध काशी, कोशल और वज्जि जन-
पदों में गये थे। अवन्ति जैसे दूरवर्ती जनपदों के लोगों ने उन
अनेक बार आमन्त्रित किया। पर इच्छा होते हुए भी वे स्व
वहाँ नहीं जा सके। उन्होंने अपने कुछ शिष्यों की टोली को वह
भेज दिया था, और अवन्ति की जनता ने बड़े प्रेम और उत्सा
से उनका स्वागत किया था। भिक्षुओं की इसी प्रकार की टोलिय
अन्यत्र भी बहुत से स्थानों पर आर्यमार्ग का प्रचार करने
लिये भेजी गई थीं। इन प्रचारमण्डलियों का ही परिणाम थ
कि बुद्ध के जीवनकाल में ही उनका सन्देश प्रायः सम्पूर्ण उत्त
भारत में दूर दूर तक फैल गया था।

महात्मा बुद्ध ने ४४ वर्ष के लगभग आर्यमार्ग का प्रचा
किया। जब वे ८० वर्ष के हो चुके थे, तो उन्होंने राजगृह
कुशीनगर के लिये एक लम्बी यात्रा का प्रारम्भ किया था। इ
यात्रा में वैशाली के समीप वेणुवन में उनका स्वास्थ्य बहुत गि
गया था। कुछ दिन यहाँ विश्राम करके उन्होंने स्वास्थ्य ला
किया। पर वे बहुत निर्बल हो चुके थे। वैशाली से कुशीनग
जाते हुए वे फिर बीमार पड़े। बीमारी की दशा में ही वे कुशी

[illegible]

नगर में मल्लगण की स्थिति थी) क्षत्रिय बड़े बड़े झुण्डों
हिरण्यवती के तट पर महात्मा बुद्ध के अन्तिम दर्शनों के लि
आने लगे।

महात्मा बुद्ध की अन्तिम दशा की कल्पना कर भिक्षु अ[नेक] बड़े निराश थे। उन्हें उदास देख कर बुद्ध ने उन्हें कहा—तु[म] सोचते होगे, तुम्हारा आचार्य तुमसे दूर हो रहा है। पर ऐ[सा] मत सोचो। जो सिद्धान्त और नियम मैंने तुम्हें बताये हैं, जिन[का] मैंने प्रचार किया है, वही तुम्हारे आचार्य रहेंगे और सदा जीवित रहेंगे। फिर उन्होंने सब भिक्षुओं को सम्बोधन करके कहा—भिक्षुओ! सुनो, मैं तुमसे कहता हूँ, जो आया है, वह जा[एगा] भी अवश्य है। बिना रुके प्रयत्न किये जाओ।

महात्मा बुद्ध के ये ही अन्तिम शब्द थे। इसके बाद, उनका देह प्राणशून्य हो गया। कुशीनगर के समीप अब भी उस स्थान पर एक विशाल मूर्ति विद्यमान है, जहाँ महात्मा बुद्ध का परिनिर्वाण हुआ।

(५) बौद्ध धर्म की शिक्षायें

महात्मा बुद्ध सच्चे अर्थों में धर्मसुधारक थे। प्राचीन आर्यधर्म में जो बहुत सी खराबियां आ गई थीं, उन्हें दूर कर उन्होंने सच्चे आर्यधर्म का पुनरुद्धार करने का प्रयत्न किया। समाज में ऊंचनीच के भेद के वे कट्टर विरोधी थे। जन्म के कारण किसी को ऊंचा व किसी को नीचा मानने के लिये वे तैयार नहीं थे। उनकी दृष्टि में कोई अछूत नहीं था। उनके शिष्यों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, श्रेष्ठि, शूद्र, वेश्यायें व नीचा समझी जाने वाली जातियों के मनुष्य—सब एक समान स्थान रखते थे। एक बार की बात है, कि दो ब्राह्मण, वासत्थ और भारद्वाज बुद्ध के पास गये, और उनसे कहा—हम दोनों में इस बात पर विवाद हो गया है, कि कोई व्यक्ति जन्म से ब्राह्मण होता है, या कर्म से। इस पर बुद्ध ने उत्तर दिया—हे वासत्थ! मनुष्यों में जो गौएँ चराता है, उसे हम चरवाहा कहेंगे, ब्राह्मण नहीं।

मनुष्य कला-सम्बन्धी कार्यों से अपनी आजीविका कमाता है, उसे हम कलाजीवी कहेंगे ब्राह्मण नहीं। जो आदमी व्यापार करता है, उसे हम व्यापारी कहेंगे, ब्राह्मण नहीं। जो आदमी दूसरे की नौकरी करता है, वह अनुचर कहलावेगा, ब्राह्मण नहीं। जो चोरी करता है, वह चोर कहलायेगा, ब्राह्मण नहीं। जो आदमी शस्त्र धारण करके अपना निर्वाह करता है, उसे हम सैनिक कहेंगे, ब्राह्मण नहीं। किसी विशेष माता के पेट से जन्म लेने के कारण मैं किसी को ब्राह्मण नहीं कहूँगा। वह व्यक्ति जिसका किसी भी वस्तु पर ममत्व नहीं है, जिसके पास कुछ भी नहीं है, मैं तो उसी को ब्राह्मण कहूँगा। जिसने अपने सब बन्धन काट दिये हैं अपने को सब लगावों से पृथक् करके भी जो विचलित नहीं होता, मैं तो उसी को ब्राह्मण कहूँगा। जो व्यक्ति क्रोधरहित है, अच्छे काम करता है, सत्याभिलाषी है, जिसने अपनी इच्छाओं का दमन कर लिया है, मैं तो उसी को ब्राह्मण कहूँगा। वास्तव में न कोई ब्राह्मण के घर में जन्म लेने से ब्राह्मण होता है, और न कोई ब्राह्मण के घर में जन्म न लेने से अब्राह्मण होता है। अपने कर्मों से ही एक आदमी ब्राह्मण बन जाता है और दूसरा अब्राह्मण। अपने काम से ही कोई किसान है, कोई शिल्पी है, कोई व्यापारी है और कोई सेवक है।

महात्मा बुद्ध पशुहिंसा के घोर विरोधी थे। अहिंसा उनके सिद्धान्तों में से एक था। वे न केवल यज्ञों में पशुबलि के विरोधी थे, पर जीवों को मारना व किसी प्रकार का कष्ट देना भी वे अनुचित समझते थे। उस समय भारत में यज्ञों का कर्मकाण्ड बड़ा जटिल रूप धारण कर चुका था। लोगों का विश्वास था, कि यज्ञ द्वारा स्वर्ग की प्राप्ति होती है। ईश्वर के ज्ञान के लिये मोक्ष की साधना के लिये और अभीष्ट फल की प्राप्ति

के लिये ब्राह्मण लोग यज्ञ या अनुष्ठान करते थे। पर महा
बुद्ध का यज्ञों में विश्वास नहीं था। एक जगह उन्होंने उप
करते हुए कहा है—वासत्थ! एक उदाहरण लो। कल्पना क
कि यह अचिरावती नदी किनारे तक भर कर जा रही है
इसके दूसरे किनारे पर एक मनुष्य आता है और वह कि
आवश्यक कार्य से इस पार आना चाहता है। वह मनुष्य उस
किनारे पर खड़ा हुआ यह प्रार्थना करना प्रारम्भ करे कि
दूसरे किनारे, इस पार आ जाओ। क्या उसके इस प्रकार स्तु
करने से वह किनारा उसके पास चला जायगा? हे वासत्थ
ठीक इसी प्रकार एकत्रयी विद्या में निष्णात ब्राह्मण यदि उ
गुणों को क्रियारूप में अपने अन्दर नहीं लाता जो किसी मनुष्
को ब्राह्मण बनाते हैं, अब्राह्मणों का आचरण करता है, पर मुख
से प्रार्थना करता है—मैं इन्द्र को बुलाता हूँ, मैं वरुण को बुलाता
हूँ, मैं प्रजापति, ब्रह्मा, महेश और यम को बुलाता हूँ, तो क्या
ये उसके पास चले आवेंगे? क्या इनकी प्रार्थना से ही कोई
लाभ हो जायगा?

यज्ञों में विविध देवताओं का आह्वान कर ब्राह्मण लोग जो
उनकी स्तुति करते थे, महात्मा बुद्ध उसे निरर्थक समझते थे।
उनका विचार था, कि सद्आचरण और सद्गुणों से ही
मनुष्य अपनी उन्नति कर सकता है। व्यर्थ के कर्मकाण्ड से कोई
लाभ नहीं। बुद्ध और वासत्थ का एक अन्य संवाद इस विषय
पर बड़ा उत्तम प्रकाश डालता है।

"क्या ईश्वर के पास धन व स्त्रियाँ हैं?"

"नहीं।"

"वह क्रोधपूर्ण है या क्रोधरहित?"

"क्रोधरहित।"

"उसका अन्तःकरण मलिन है या ..."

'पवित्र।"

'वह स्वयं अपना स्वामी है या नहीं ?"

'है।"

"अच्छा वासत्थ ! क्या इन ब्राह्मणों के पास धन और स्त्रियाँ नहीं हैं ?"

"हैं।"

"ये क्रोधी हैं या क्रोधरहित ?"

"क्रोधी हैं।"

"ये ईर्ष्यालु हैं या ईर्ष्यारहित ?"

"ये ईर्ष्यालु हैं।"

"उनका अन्त:करण क्या पवित्र है ?"

"नहीं, अपवित्र है।"

"वे स्वयं अपने स्वामी हैं या नहीं ?"

"नहीं"

'अच्छा वासत्थ ! तुम स्वय ही ईश्वर और ब्राह्मणों में इतना स्वभाववैषम्य बतला रहे हो। अब बताओ, इनमें कोई एकता और साम्य भी हो सकता है ?"

"कोई नहीं।"

'इसका अभिप्राय यह हुआ कि ये ब्राह्मण मलिन हृदय के हैं, वासनाओं से शून्य नहीं हैं और वह ब्रह्म पवित्र और वासनारहित है. अतः ये ब्राह्मण मृत्यु के अनन्तर उसके साथ नहीं [illegible]ते [illegible] य [illegible] की प्राप्ति हो जावेगी। पर यह उनका अज्ञान है। त्रयी विद्या के उन पण्डितों की बात वस्तुतः जलरहित मरुभूमि के, मार्गरहित बीहड़ वन के समान है। उससे उन्हें कोई लाभ नहीं हो सकता।"

अभिप्राय यह है, कि महात्मा बुद्ध केवल वेदपाठ व यज्ञों के अनुष्ठानों को सर्वथा लाभहीन समझते थे। उनका विचार था, कि जब तक चरित्र शुद्ध नहीं होगा, धन की इच्छा दूर नहीं होगी, क्रोध, काम, मोह आदि पर विजय नहीं की जावेगी, तब तक यज्ञों के अनुष्ठान मात्र से कोई लाभ नहीं होगा।

जीवन को पवित्र बनाने के लिये महात्मा बुद्ध ने अष्टाङ्गिक मार्ग का उपदेश किया था। इस मार्ग के ये आठ अंग हैं—(१) सत्य-चिन्तन (२) सत्य-संकल्प (३) सत्य-भाषण (४) सत्य-आचरण (५) सत्य रहन-सहन (६) सत्य-प्रयत्न (७) सत्य-ध्यान और (८) सत्य आनन्द। इसमें सन्देह नहीं कि आठ बातों को पूर्णतया आचरण कर मनुष्य अपने जीवन को आदर्श व कल्याणमय बना सकता है।

बुद्ध के अनुसार जीवन का लक्ष्य निर्वाणपद को प्राप्त करना है। निर्वाण किसी पृथक् लोक का नाम नहीं है, न ही निर्वाण कोई ऐसा पद है, जिसे मनुष्य मृत्यु के बाद प्राप्त करता है। बुद्ध के अनुसार निर्वाण उस अवस्था का नाम है, जिसमें ज्ञान द्वारा अविद्यारूपी अन्धकार दूर हो जाता है। यह अवस्था इसी जन्म में, इसी लोक में प्राप्त की जा सकती है। सत्यबोध के अनन्तर महात्मा बुद्ध ने निर्वाण की यह दशा इसी जन्म में प्राप्त कर ली थी। एक जगह पर बुद्ध ने कहा—जो धर्मात्मा लोग किसी की हिंसा नहीं करते, शरीर की वृत्तियों का संयम कर पापों से बचे रहते हैं, उस अच्युत निर्वाणपद को प्राप्त करते हैं, जहाँ शोक और सन्ताप का नाम भी नहीं।

महात्मा बुद्ध ने अपने उपदेशों में सूक्ष्म और जटिल दार्शनिक विचारों को अधिक स्थान नहीं दिया। इन विवादों की उन्होंने उपेक्षा की। जीव का क्या स्वरूप है, सृष्टि की उत्पत्ति ब्रह्म से हुई है, व किसी अन्य पदार्थ से, अनादि तत्त्व कितने

ौर कौन थे हैं, सृष्टि का कर्ता कोई ईश्वर है या नहीं—इस कार के दार्शनिक विवादों में वे सदा फँसते रहे। उनका विचार ा, कि जीवन की पवित्रता और आत्मकल्याण के लिये इन न प्रश्नों पर विचार करना विशेष लाभकारी नहीं है। पर नुष्यों में इन प्रश्नों के लिये एक स्वाभाविक जिज्ञासा होती ै। यही कारण है, कि आगे चल कर बौद्धों में बहुत से दार्श- [illegible] द्धान्त [illegible] वादों [illegible]

(६) बौद्ध संघ

महात्मा बुद्ध ने अपने धर्म का प्रचार करने के लिये संघ की स्थापना की। जो लोग सामान्य गृहस्थ जीवन का परित्याग कर धर्मप्रचार और मनुष्यमात्र की सेवा में ही अपना जीवन लगा देना चाहते, वे भिक्षुव्रत लेकर संघ में सम्मिलित होते थे।

महात्मा बुद्ध का जन्म एक गणराज्य में हुआ था। अपनी आयु के २६ वर्ष उन्होंने गणों के वातावरण में व्यतीत किये थे। वे गणों व संघों की कार्यप्रणाली से भलीभाँति परिचित थे। यही कारण है, कि जब उन्होंने अपने नवीन धार्मिक सम्प्रदाय का संगठन किया, तो उसे भिक्षुसंघ नाम दिया। अपने धार्मिक संघ की स्थापना करते हुए स्वाभाविक रूप से उन्होंने अपने समय के संघराज्यों का अनुसरण किया और उन्हीं के नियमों तथा कार्यविधि को अपनाया। सब जगह भिक्षुओं का अलग अलग संघ था। प्रत्येक स्थान का संघ अपने आप में एक पृथक् स्वतन्त्र सत्ता होता था। सारे भिक्षु सभा में एकत्र होकर अपने कार्य का सम्पादन करते थे। वज्जि-संघ को जिस प्रकार के सात अपरिहारणीय धर्मों का महात्मा

बुद्ध ने उपदेश किया था वैसे ही सात अपरिहारणीय धर्म बौद्ध संघ के लिये उपदिष्ट किये गये थे—

(१) एक साथ एकत्र होकर बहुधा अपनी सभायें करते रहना।

(२) एक ही बैठक करना, एक ही उत्थान करना और एक ही संघ के सब कार्यों को सम्पादित करना।

(३) जो संघ द्वारा विहित है, उसका कभी उल्लंघन नहीं करना। जो संघ में विहित नहीं है, उसका अनुसरण नहीं करना। जो भिक्षुओं के पुराने नियम चले आ रहे हैं, उनका सदा पालन करना।

(४) जो अपने में बड़े, धर्मानुरागी, चिरप्रव्रजित संघपिता, संघ के नायक स्थविर भिक्षु हैं, उनका सत्कार करना, उन्हें बड़ा मान कर उनकी पूजा करना, उनकी बात को सुनने तथा ध्यान देने योग्य समझना।

(५) पुन पुन उत्पन्न होने वाली तृष्णा के वश नहीं आना।

(६) वन की कुटियों में निवास करना।

(७) सदा यह स्मरण रखना कि भविष्य में केवल ब्रह्मचारी ही संघ में सम्मिलित हों, और सम्मिलित हुए लोग पूर्ण ब्रह्मचर्य के साथ रहें।

संघ-सभा में जब भिक्षु लोग एकत्र होते थे, तो प्रत्येक भिक्षु के बैठने के लिये आसन नियत होते थे। आसनों की व्यवस्था करने के लिये एक पृथक् कर्मचारी होता था, जिसे आसन-प्रज्ञापक कहते थे। संघ में जिस विषय पर विचार होना होता था, उसे पहले प्रस्तावरूप में पेश किया जाता था। प्रत्येक [illegible] तीन बार दोहराया जाता था [illegible] स पर बहस होती थी,

और निर्णय के लिये मत (वोट) लिये जाते थे। संघ के लिये कोरम का भी नियम था। संघ की बैठक के लिये कम से कम बीस भिक्षुओं की उपस्थिति आवश्यक होती थी। यदि कोई निर्णय पूरे कोरम के अभाव में किया जाता, तो उसे मान्य नहीं समझा जाता था।

प्रत्येक भिक्षु के लिये आवश्यक था, कि वह संघ के सब नियमों का पालन करे, संघ के प्रति भक्ति रखे। इसीलिये भिक्षु बनते समय जो तीन प्रतिज्ञायें लेनी होती थीं, उनके अनुसार प्रत्येक भिक्षु को बुद्ध, धर्म और संघ की शरण में आने का वचन लेना होता था। संघ में शामिल हुए भिक्षु कठोर संयम का जीवन व्यतीत करते थे। मनुष्यमात्र के कल्याण के लिये और सब प्राणियों के हित के लिये ही भिक्षुसंघ की स्थापना हुई थी। यह कार्य सम्पादित करने के लिये भिक्षुओं में वैयक्तिक जीवन की पवित्रता और त्याग की भावना की पूरी आशा रखी जाती थी।

बौद्ध संघ के अपूर्व संघटन ने बुद्ध के आर्यमार्ग के सर्वत्र प्रचारित होने में बड़ी सहायता दी। जिस समय मगध के साम्राज्यवाद ने प्राचीन संघराज्यों का अन्त कर दिया, तब भी बौद्ध संघों के रूप में भारत की प्राचीन जनतन्त्र प्रणाली जीवित रही। राजनीतिक शक्ति यदि मागध सम्राटों के हाथ में थी, तो धार्मिक और सामाजिक शक्ति इन संघों में निहित थी। संघों में एकत्र होकर हजारों लाखों भिक्खु लोग पुरातन गणप्रणाली से उन विषयों का निर्णय किया करते थे, जिनका मनुष्यों के दैनिक जीवन में अधिक घनिष्ठ सम्बन्ध था। बौद्ध संघ की इस विशेष स्थिति का यह परिणाम था, कि भारत में समानान्तर रूप से दो प्रबल शक्तियाँ कायम थीं, एक मागध साम्राज्य और

दूसरा चातुरन्त संघ। एक समय ऐसा भी आया, जब इ दोनों शक्तियों में परस्पर संघर्ष का सूत्रपात हो गया।

(७) आजीवक सम्प्रदाय

भारतीय इतिहास में वर्धमान महावीर और गौतम बुद्ध क समय एक महत्त्वपूर्ण धार्मिक सुधारणा का काल था। इस सम मे अनेक नवीन धार्मिक सम्प्रदायों का प्रादुर्भाव हुआ था। इनमें बौद्ध और जैन धर्मों के नाम तो सब कोई जानते हैं, पर जो अन्य सम्प्रदाय भी इस समय में प्रारम्भ हुए थे, उनका परिचय प्रायः लोगों को नहीं है। इसी प्रकार का एक सम्प्रदाय आजीवक था। इसका प्रवर्तक मंक्खलिपुत्त गोसाल था। आजीवकों के कोई अपने ग्रन्थ इस समय उपलब्ध नहीं होते। उनके सम्बन्ध में जो कुछ भी परिचय मिलता है, वह सब बौद्ध और जैन साहित्य से ही है। मक्खलिपुत्त गोसाल छ टी आयु से ही भिक्खु हो गया। शीघ्र ही वर्धमान महावीर से उसका परिचय हुआ, जो 'केवलिन्' पद पाकर इस समय अपने विचारों का जनता में प्रसार करने में संलग्न थे। महावीर और गोसाल साथ साथ रहने लगे। पर इन दोनों की वैयक्तिक, स्वभाव, आचार-विचार और चरित्र एक दूसरे से इतने भिन्न थे, कि छः साल बाद उनका साथ टूट गया और गोसाल ने महावीर से अलग होकर अपने पृथक् सम्प्रदाय की स्थापना की, जो आगे चल कर आजीवक नाम से विख्यात हुआ। गोसाल ने अपने कार्य का मुख्य केन्द्र श्रावस्ती को बनाया। श्रावस्ती से बाहर एक कुम्भकार स्त्री का अतिथि होकर उसने निवास प्रारम्भ किया, और धीरे धीरे बहुत से लोग उसके अनुयायी हो गये।

आजीवक सम्प्रदाय के सन्तों के सम्बन्ध में जो कुछ भी [illegible]
प्रायः विरोधी साहित्य है।

[illegible] के विषय में निश्चित रूप से कहा जा सकता है। आजीवक लोग मानते थे, कि संसार में सब बातें पहले से ही नियत हैं। "जो नहीं होना है, वह नहीं होगा। जो होना है, वह कोशिश के बिना भी हो जायगा। अगर भाग्य न हो, तो हाथ में आई हुई चीज भी नष्ट हो जाती है। नियति के बल से जो कुछ होना है, वह चाहे शुभ हो या अशुभ, अवश्य होकर रहेगा। मनुष्य चाहे कितना ही यत्न करे, पर जो होनहार है, उसे वह बदल नहीं सकता।" इसीलिये आजीवक लोग पौरुष, कर्म और उत्थान की अपेक्षा भाग्य या नियति को अधिक बलवान मानते थे। आजीवकों के अनुसार वस्तुओं में जो विकार व परिवर्तन होते हैं, उनका कोई कारण नहीं होता। संसार में कार्य-कारण भाव काम कर रहा हो, सो बात नहीं। पर जो कुछ हो रहा है या होना है, वह सब नियत है। मनुष्य अपने पुरुषार्थ से उसे बदल सके, यह सम्भव नहीं।

वर्धमान महावीर के साथ आजीवक का जिन बातों पर मतभेद हुआ था, उनमें से मुख्य निम्नलिखित थीं—(१) शीतल जल का उपयोग करना (२) अपने लिये विशेष रूप से तैयार किये गये अन्न व भोजन को ग्रहण करना (३) स्त्रियों के साथ सहवास करना। मंक्खलिपुत्त गोसाल की प्रवृत्ति अधिक भोग की तरफ थी। वह आराम से जीवन व्यतीत करने के पक्ष में [illegible]

[illegible]

[illegible] पर आजीवक भिक्खु का जीवन बड़ा सादा होता था। वे प्रायः हथेली पर रख कर भोजन करते थे। मांस, मच्छी और मदिरा का सेवन उनके लिये वर्जित था। वे दिन में केवल एक बार भिक्षा माँग कर भोजन करते थे।

आजीवक सम्प्रदाय का भी काफी विस्तार हुआ। सम्राट् अशोक के शिलालेखों में उल्लेख आता है, कि उसने अनेक गुहा-निवास आजीवकों को प्रदान किये थे। अशोक के पौत्र सम्राट् दशरथ ने भी गया के समीप नागार्जुनी पहाड़ियों में अनेक गुहायें आजीवकों के निवास के लिये दान में दी थीं और इस दान के सूचित करने वाले शिलालेख अब तक उपलब्ध होते हैं। अशोक ने विविध धार्मिक सम्प्रदायों में अविरोध उत्पन्न करने के लिये जो 'धर्ममहामात्र' नियत किये थे, उन्हें जिन सम्प्रदायों के मामलों पर दृष्टि रखने का आदेश दिया गया है, उनमें बौद्ध, ब्राह्मण और निर्ग्रन्थ (जैन) सम्प्रदायों के साथ आजीवकों का भी उल्लेख है। इससे प्रतीत होता है, कि धीरे धीरे आजीवकों ने भी पर्याप्त महत्त्व प्राप्त कर लिया था, और यह सम्प्रदाय कई सदियों तक जीवित रहा था। इस समय इसके कोई अनुयायी शेष नहीं हैं।

(८) धार्मिक सुधारणा का प्रभाव

वर्धमान महावीर और गौतम बुद्ध के नेतृत्व में प्राचीन भारत की इस धार्मिक सुधारणा ने जनता के हृदय और दैनिक जीवन पर बड़ा प्रभाव डाला। लोगों ने अपने प्राचीन धार्मिक विश्वासों को छोड़ कर किसी नये धर्म की दीक्षा ले ली हो, यह नहीं हुआ। पहले धर्म का नेतृत्व ब्राह्मणों के हाथ में था, जो कर्मकाण्ड, विधि-विधान और विविध अनुष्ठानों द्वारा जनता को धर्म-मार्ग का प्रदर्शन करते थे। सर्वसाधारण गृहस्थ जनता सांसारिक धन्धों में संलग्न थी, कृषि, शिल्प, व्यापार आदि द्वारा धन उपार्जन करती थी, और ब्राह्मणों द्वारा बताये धर्म-मार्ग पर चल कर इहलोक और परलोक में सुख प्राप्त करने का प्रयत्न करती थी। अब ब्राह्मणों का स्थान श्रमणों, मुनियों

भार भिक्षुओं ने ले लिया। इस व्यवस्था में ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र — सभी वर्णों और जातियों के लोग सम्मिलित थे। अपने गुणों के कारण समाज में इनकी प्रतिष्ठा थी। धर्म का नेतृत्व एक ब्राह्मण जाति के हाथ से निकल कर अब ऐसे लोगों के समाज के हाथ में आ गया था, जो घर-गृहस्थी को छोड़कर मनुष्यमात्र की सेवा का व्रत ग्रहण करते थे। निःसन्देह, यह एक बड़ी भारी सामाजिक क्रांति थी।

भारत के सर्वसाधारण गृहस्थ सदा से अपने कुलक्रमानुगत धर्म का पालन करते रहे हैं। प्रत्येक कुल के अपने देवता, अपने रीति-रिवाज और अपनी परम्पराएँ थीं, जिनका अनुसरण सब लोग मर्यादा के साथ करते थे। ब्राह्मणों का वे आदर करते थे, उनका उपदेश सुनते थे, और उनके बताये कर्मकाण्ड का अनुष्ठान करते थे। ब्राह्मण एक ऐसी श्रेणि थी, जो सांसारिक धंधों से पृथक् रह कर धर्मचिन्तन में संलग्न रहती थी। पर समय की गति से इस समय बहुत से ब्राह्मण अपने त्याग, तपस्या और निरीह जीवन का त्याग कर चुके थे। अब इनके मुकाबले में भिक्षुओं की जो नई श्रेणि संगठित हो गई थी, वह त्याग और तपस्या से जीवन व्यतीत करती थी, मनुष्यमात्र का कल्याण करने में तत्पर रहती थी। जनता ने ब्राह्मणों की जगह अब इनको आदर देना और इनके उपदेशों के [illegible] बौद्ध धर्म के प्रचार [illegible] ों का सर्वथा परि- [illegible] लिया हो, यो बात [illegible]

[illegible] नंद और चंद्रगुप्त [illegible] ओं और ब्राह्मणों का समानरूप से आदर करते थे। जैन साहित्य के अनुसार ये जैन

थे, इन्होंने जैन मुनियों का आदर किया और उन्हें बहुत सा द
दिया। बौद्ध ग्रंथों के अनुसार ये बौद्ध थे, भिक्खुओं का
बड़ा आदर करते थे और इनकी सहायता पाकर बौद्ध संघ
बड़ी उन्नति की थी। बौद्ध और जैन साहित्य इन सम्राटों के सा
संबंध रखने वाली कथाओं से भरे पड़े हैं और इन सम्राटों
उल्लेख उसी प्रसंग में किया गया है, जब इन्होंने जैन या बौ
धर्म का आदर किया, उनसे शिक्षा ग्रहण की। पौराणि
साहित्य में इनका अनेक ब्राह्मणों के संपर्क में उल्लेख किया गय
है। वास्तविक बात यह है, कि इन राजाओं ने किसी एक ध
को निश्चितरूप से स्वीकार कर लिया हो, किसी का विशेष रू
से पक्ष लिया हो, यह बात नहीं थी। प्राचीन भारतीय परंपर
के अनुसार ये ब्राह्मणों, श्रमणों और मुनियों का समानरूप से
आदर करते थे; क्योंकि इस काल में भिक्खु लोग अधिक सग
ठित और क्रियाशील थे। इसलिये उनका महत्त्व अधिक था
जो वृत्ति राजाओं की थी, वही जनता की थी।

इस धार्मिक सुधारणा का एक अन्य महत्त्वपूर्ण परिणाम

यज्ञ द्वारा स्वर्गप्राप्ति की आकांक्षा निर्बल हो जाने से राजा
और गृहस्थ लोग श्रावक या उपासक के रूप में भिक्षुओं द्वारा
बताये मार्ग का अनुसरण करने लगे, और उनमें जो अधिक
श्रद्धालु थे, वे मुनियों और श्रमणों का सा सादा तपःयामय
जीवन व्यतीत करने के लिये तत्पर हुए।

बौद्ध और जैन संप्रदायों से भारत में एक नई धार्मिक
चेतना उत्पन्न हो गई थी। शक्तिशाली संघों में संगठित होने के
कारण इनके पास धन, मनुष्य व अन्य साधन प्रचुर परिमाण
[illegible] थे। परिणाम यह हुआ, कि [illegible] मगध के साम्राज्य-

है के साथ-साथ धर्म की आन्तरिक भावना की स्थापना का
र भी बल पकड़ने लगा। इन्हीं कारणों से धर्म का भारतीय
संस्कृति का न केवल भारत के सुदूर प्रदेशों में, अपितु
से बाहर भी दूर-दूर तक विस्तार हुआ।

—

पाँचवाँ अध्याय

सम्राट् चंद्रगुप्त मौर्य

(१) मोरियगण का कुमार चंद्रगुप्त

बौद्धकाल में सोलह महाजनपदों के अतिरिक्त जो अन्य अनेक जनपद थे, उनमें पिप्पलिवन का मोरियगण भी एक था। इस का प्रदेश उत्तरी बिहार में, नेपाल की तराई के समीप, वज्जि महाजनपद के पड़ोस में था। राजा अजातशत्रु ने वज्जिसंघ को जीत कर अपने साम्राज्य में सम्मिलित कर लिया था। उसी युग के किसी मागध सम्राट् ने पिप्पलिवन के मोरियगण को भी जीत कर अपने अधीन कर लिया था। मगध के उग्र साम्राज्यवाद ने जहाँ उत्तरी बिहार के अन्य गणराज्यों की स्वतंत्रता का अंत किया वहाँ मोरियगण भी उनकी महत्त्वाकांक्षाओं का शिकार होने से न बच सका। नंदवंशी राजा धननंद के समय में यह गण भी मगध के अधीन था।

मोरियगण के राजकुल की एक रानी इस समय पाटलीपुत्र में [illegible] के भाई-बंध भी उ[illegible] सम्राट् के कोप मे[illegible] नगर में छिप कर रहने में ही अपना कल्याण समझा था। इसी दशा में कुमार चंद्रगुप्त का जन्म हुआ। उसकी माता को मगध के राजकर्मचारियों का भय था। कहीं चंद्रगुप्त उनके हाथ में न पड़ जावे, इसलिये उसने अपने नवजात शिशु को एक ग्वाले के सुपुर्द कर दिया। अपनी उमर के ग्वालबालकों के साथ मोरियगण के राजकुमार चंद्रगुप्त का भी पालनपोषण होने लगा।

एक बार की बात है, चंद्रगुप्त अन्य लड़कों के साथ पशु चरा रहा था। अवसर पाकर वे एक खेल खेलने में लग गये। चंद्रगुप्त राजा बना, अन्य बालकों को उपराजा, न्यायाधीश, राजकर्मचारी, चोर, डाकू आदि बनाया गया। राजा के आसन पर बैठकर चंद्रगुप्त ने अपराधियों को पेश किये जाने की आज्ञा दी। अपराधी पेश हुए। उनके पक्ष-विपक्ष में युक्तियाँ सुनी गईं। न्यायाधीशों के निर्णय के अनुसार चंद्रगुप्त ने अपना फैसला सुना दिया। फैसला यह था, कि अभियुक्तों के हाथ-पैर काट दिये जावें। इस पर राजकर्मचारियों ने कहा—देव! हमारे पास कुल्हाड़े नहीं हैं। इस पर चंद्रगुप्त ने आज्ञा दी—यह राजा चंद्रगुप्त की आज्ञा है, कि इन अपराधियों के हाथ-पैर काट दिये जावें। यदि तुम्हारे पास कुल्हाड़े नहीं हैं, तो लकड़ी का डंडा बनाओ, और उसके साथ बकरी का सींग बांध कर कुल्हाड़ा बना लो। राजा चंद्रगुप्त की आज्ञा का पालन किया गया। कुल्हाड़ा बनाया गया और अपराधियों के हाथ-पैर काट दिये गये। चंद्रगुप्त ने फिर आज्ञा दी—अब हाथ पैर जोड़ दिये जावें। वे जोड़ दिये गये।

चंद्रगुप्त के नेतृत्व में बच्चों के इस खेल को चाणक्य नाम का एक ब्राह्मण खड़ा देख रहा था। जिस प्रकार शान और रुवाब से चंद्रगुप्त राजा की भूमिका अदा कर रहा था, उसे देख कर चाणक्य बड़ा प्रभावित हुआ। उसने विचार किया, यह बालक अवश्य ही राजकुल का है, और यदि इसे शस्त्र और शास्त्र की भलीभांति शिक्षा दी जाय, तो यह होनहार कुमार एक दिन बहुत उन्नति कर सकता है। वह बालक चंद्रगुप्त के साथ गाँव में गया, और उसके संरक्षक ग्वाले के सामने एक हजार कार्षापण रख कर बोला—मैं तुम्हारे पुत्र को सब विद्यायें सिखाऊंगा, तुम इसे मेरे साथ कर दो। ग्वाला इसके लिये तैयार हो

आये हैं, परन्तु हम यह कहने का साहस नहीं कर सकते
आचार्य आप यहाँ से उठ जाइये। हम लज्जित होकर आपके
त खड़े हैं। चाणक्य सब कुछ समझ गया। उसने अपने
ल को इंद्रकील पर पटक कर क्रोध से कहा—राजा उद्धत
गया है, समुद्र से घिरी हुई पृथिवी नंद का नाश देख ले।
कह कर वह भुक्तिशाला से बाहर हो गया। राजपुरुषों ने
यह बात नंद से कही, तो उसने आज्ञा दी—पकड़ो पकड़ो,
दास को पकड़ो। भागता हुआ चाणक्य राजप्रासाद में एक
स्थान पर छिप गया और राजपुरुष उसे गिरफ्तार नहीं
सके। चाणक्य ने जो प्रतिज्ञा सबके सामने की थी, उसे
करने में वह पूरी शक्ति के साथ लग गया।

उस समय में राजकुमार षड्यन्त्र के लिये सुगमता से
ार हो जाते थे। 'राजपुत्रों की दशा कैंकड़े के समान होती है,
अपने पिता को ही मार देते हैं' यह उस युग का प्रचलित
द्धान्त था। मगध के अनेक सम्राटों के विरुद्ध इसी प्रकार के
ड्यंत्र हो चुके थे। चाणक्य ने भी ऐसे एक राजकुमार से
रिचय किया, जो नंद के विरुद्ध षड्यंत्र में सम्मिलित होने
लिये तैयार हो गया। इसका नाम पर्वतक था। यह मालूम
हीं, कि नंद के साथ इसका क्या संबंध था, पर यह राज-
ासाद में ही रहता था, और राजवंश के साथ संबंध रखता
ा। पर्वतक को लेकर चाणक्य विन्ध्याचल के जंगलों में
ला गया, और वहाँ अपने षड्यंत्र की रचना की। नक़ली
ञ्क्के बना कर ८० करोड़ कार्षापण एकत्र किये गये, और इस
न से एक बड़ी सेना का संगठन किया गया।

इसी अवसर पर चाणक्य की चन्द्रगुप्त से भेंट हुई। चाण-
क्य कुशल नीतिज्ञ था, पर उसे एक ऐसे व्यक्ति की आवश्य-
कता थी; जो सैन्यसंचालन में कुशल हो, जिस में एक विशाल

गया, और चाणक्य चंद्रगुप्त को अपने साथ ले गया। चाणक्य से चंद्रगुप्त ने सब विद्याओं का भलीभांति अध्ययन किया।

चाणक्य तक्षशिला का रहने वाला एक प्रसिद्ध आचार्य था। वह राजनीतिशास्त्र का अपने समय का सब से बड़ा पंडित था। राजनीतिशास्त्र के अतिरिक्त वह तीनों वेदों का ज्ञाता, सब शास्त्रों में पारंगत और मंत्रविद्या में निपुण था। वह एक बार तक्षशिला से पाटलीपुत्र आया, क्योंकि इस नगरी के वैभव की उस समय सारे भारत में धूम थी। उस समय के राजा लोग विद्वानों का आदर करते थे। चाणक्य को आशा थी, कि मगध का प्रतापी सम्राट् धननंद भी उसका भलीभांति सम्मान करेगा। राजा धननंद की एक भुक्तिशाला थी, जिसमें वह विद्वानों का आदर कर उन्हें दानदक्षिणा से संतुष्ट करता था। पाटलीपुत्र पहुँचकर इस भुक्तिशाला में गया, और संघब्राह्मण के आसन पर बैठ गया। तक्षशिला का वह प्रमुख आचार्य था, और उसे आशा थी, कि पाटलीपुत्र में भी प्रधान आचार्य के रूप में उसे सम्मान मिलेगा।

चाणक्य देखने में बड़ा कुरूप था। उसके सामने के दाँत टूटे हुए थे। जब राजा धननंद ने ऐसे व्यक्ति को प्रधान ब्राह्मण के आसन पर बैठे देखा, तो उसने सोचा, निश्चय ही यह व्यक्ति मुख्य आसन का अधिकारी नहीं हो सकता। उसने चाणक्य से पूछा—तुम कौन हो, जो इस मुख्य आसन पर आ बैठे हो? उधर से उत्तर मिला—यह मैं हूँ। यह उत्तर सुनकर धननंद क्रोध में आपे से बाहर हो गया। उसने आज्ञा दी, इस नीच ब्राह्मण को यहाँ न बैठने दो, इसे धक्के देकर बाहर निकाल दो। राजपुरुषों ने उसे बहुत समझाया – देव! ऐसा मत कीजिये। पर धननंद ने एक न मानी। इस पर राजपुरुष चाणक्य के पास गये और बोले—आचार्य! इस राजाज्ञा से आपको यहां से ...

त कर फिर रहे थे, तो वे एक गाँव में पहुँचे, जहाँ एक स्त्री
 बना कर अपने लड़के को खिला रही थी। लड़का चारों
र के किनारों को छोड़ता जाता था, और बीच का भाग खा
ा था। यह देखकर माता ने कहा, इस लड़के का व्यवहार तो
गुप्त जैसा है, जिसने कि राज्य लेने का प्रयत्न किया था।
सुनकर बालक ने पूछा:—मां, मैं क्या कर रहा हूँ, और
गुप्त ने क्या किया था? माता ने उत्तर दिया—मेरे प्यारे
! तुम पूवे का चारों ओर का किनारा छोड़कर केवल बीच
भाग खा रहे हो। चंद्रगुप्त सम्राट् बनने की महत्त्वाकांक्षा
ता था, उसने सीमाप्रांतों को पहले अधीन किये बिना ही
य के मध्य में ग्रामों और नगरों पर हमला करना शुरू कर
ा। इसीलिये लोग उसके विरुद्ध उठ खड़े हुए और सीमा
तरफ से आक्रमण कर उसकी सेना को नष्ट कर दिया।
चंद्रगुप्त की मूर्खता का ही परिणाम था। यह सुनकर
गुप्त और चाणक्य की आँखें खुल गईं, वे सीमाप्रदेश की
फ गये, और वहाँ सेना एकत्र कर मागध साम्राज्य पर आक्र-
ा करने के लिये प्रवृत्त हुए।

मागध साम्राज्य के उत्तरपश्चिम में इस समय भारी उथल-
ल मची हुई थी। सिकंदर के हमलों से गांधार और
ाब के विविध जनपद आक्रांत हो रहे थे। चंद्रगुप्त ने इस
रस्थिति का लाभ उठाया। एक बार वह सिकंदर से भी
ला। उसे आशा थी, कि विश्वविजयी सिकंदर की सहायता
वह मागध साम्राज्य को परास्त कर सकेगा। पर स्वेच्छाचारी
िकंदर के साथ उसका मेल नहीं हुआ। सिकंदर और चन्द्र-
त दोनों ही स्वेच्छाचारी और महत्त्वाकांक्षी थे। चंद्रगुप्त से
री-खरी बातें सुनकर सिकंदर ने उसे मार डालने की भी
ाज्ञा दी थी, पर यह साहसी युवक जैसे मागध सम्राट् धन-

साम्राज्य के स्वामी होने के सब गुण विद्यमान हों, और जो चाणक्य का पूरा सहयोगी बन सके। पर्वतक में ये गुण नहीं थे। चाणक्य का अब चंद्रगुप्त और पर्वतक में से एक को चुनना था; दो कुमारों को वह नंद के बाद मागध साम्राज्य की गद्दी पर नहीं बिठा सकता था। उसने दोनों कुमारों के गले में एक-एक सुवर्णसूत्र बाँध दिया। एक बार जब चंद्रगुप्त सो रहा था, उसने पर्वतक से कहा—ऐसे ढंग से सुवर्णसूत्र को चद्रगुप्त के गले से निकाल लाओ, कि न गाँठ खुले और न सूत्र टूटे। पर्वतक को कोई उपाय नहीं सूझा, वह असफल हो कर लौट आया। ऐसे ही एक दूसरे दिन जब पर्वतक सो रहा था, चाणक्य ने चद्रगुप्त को भी यही आदेश दिया। चंद्रगुप्त ने सोचा, इसका केवल एक उपाय है, पर्वतक का सिर काट कर ही सुवर्णसूत्र को इस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है, कि न धागा टूटे और न गाँठ खुले। उसने यही किया और पर्वतक का सिर काट कर सुवर्णसूत्र को चाणक्य के सम्मुख लाकर रख दिया।

इससे चाणक्य बहुत प्रसन्न हुआ। पर्वतक उसके रास्ते से हट गया और चंद्रगुप्त के रूप में उसे ऐसा व्यक्ति मिल गया, जो न केवल वीर और साहसी था, पर अपने कार्य की सिद्धि के लिये वीभत्स से वीभत्स उपाय का आश्रय ले सकता था। जब चंद्रगुप्त सेना के सचालन में समर्थ हो गया, तो उसने चाणक्य के निरीक्षण में मागध साम्राज्य के विरुद्ध विद्रोह का झंडा खड़ा किया। अनेक ग्रामों और नगरों पर आक्रमण किये, पर उन्हें सफलता नहीं हुई। मागध सेनाओं से वे बुरी तरह परास्त हुए, और फिर जंगल में छिप कर अपनी जान बचाने लगे।

एक रात की बात है, कि जब चाणक्य और चन्द्र...

केकय देश का राजा पोरु बड़ा स्वाभिमानी और वीर था। उसने सिकंदर का मुकाबला करने का निश्चय किया। जेहलम के तट पर दोनों में भयंकर लड़ाई हुई। केकय का छोटा सा जनपद दिग्विजेता सिकंदर को परास्त नहीं कर सका। पोरु कैद हो गया। जब उसे सिकंदर के सम्मुख उपस्थित किया गया, तो उसने उसका बड़े आदर से स्वागत किया। सिकंदर वीरता की क़दर करता था, और पोरु जैसे सच्चे वीर के लिए उसके हृदय में सम्मान का भाव था। उसने पोरु से पूछा कि तुम्हारे साथ कैसा बर्ताव किया जाय। पोरु ने उत्तर दिया—जैसा राजा राजाओं के साथ करते हैं। इस उत्तर से सिकंदर बहुत प्रसन्न हुआ। केकय राज्य का शासनभार पोरु के ही सुपुर्द कर दिया गया। पोरु अब सिकंदर का अधीनस्थ राजा हो गया।

केकय जनपद को परास्त कर जब सिकंदर पंजाब में आगे बढ़ा, तो उसे अनेक गणराज्यों के साथ मुकाबला करना पड़ा। उस समय मध्य-पंजाब में ग्लुचुकायन, कठ, क्षुद्रक और मालव नाम के गणराज्य थे। ये परस्पर मिलकर सिकंदर का मुकाबला करने के लिये प्रयत्नशील थे। पर इससे पूर्व कि ये अपनी सैनिकशक्ति का सम्मिलितरूप से संगठन कर सकें, सिकंदर ने इन पर हमला कर दिया और एक-एक करके उन्हें जीत लिया। कठों ने खूब डट कर सिकंदर से युद्ध किया, उनसे वह इतना क्रुद्ध हो गया था, कि जीतने के बाद उनके प्रधान नगर साँकल को उसने पूर्णतया ध्वस कर दिया था। कठ, क्षुद्रक, मालव और ग्लुचुकायन को जीतने के बाद सिकंदर व्यास नदी के किनारे पर आ पहुँचा। व्यास के पूर्व में यौधेयगण था, जो अपनी वीरता के लिये अद्वितीय था। यौधेयों के परे मगध का शक्तिशाली साम्राज्य था, जिसका विस्तार बंगाल की खाड़ी से लेकर गंगा के पश्चिम तक था। सिकंदर चाहता था, कि

नंद के काबू में नहीं आया था, वैसे ही सिकंदर भी इसे मार सकने में सफल नहीं हुआ। व्यास नदी तक हमला कर चुकने के बाद जब सिकंदर वापस लौटा, तो चंद्रगुप्त ने उत्तर-पश्चिमी भारत की अव्यवस्था और उथल-पुथल से लाभ उठाया। वह इस विद्रोह की प्रवृत्ति का नेता बन गया, जो सिकंदर से पराजित जनपदों में स्वाभाविक रूप से विद्यमान थी। सिकंदर के शासन से उत्तरपश्चिमी भारत को स्वतंत्र कर चंद्रगुप्त ने मागध साम्राज्य पर आक्रमण किया। इस सब कार्य में उसका परम सहायक आचार्य चाणक्य था, जो तक्षशिला का निवासी होने के कारण गांधार और पंजाब के जनपदों व उनके निवासियों से भलीभाँति परिचित था।

(२) सिकंदर के विरुद्ध पंजाब में विद्रोह

मैसीडोनिया के राजा सिकंदर ने किस प्रकार ग्रीस के विविध गणराज्यों को जीतकर विश्वविजय के लिये एशिया की ओर प्रस्थान किया, इसका उल्लेख हम पहले कर चुके हैं। ईजिप्ट (मिश्र), एशिया माइनर के विविध यूनानी उपनिवेश, तथा ईरान को जीतकर सिकंदर ने हिंदूकुश पर्वत पार कर भारत में प्रवेश किया। तक्षशिला (गांधार जनपद की राजधानी) के राजा आम्भि ने बिना लड़े ही उसकी अधीनता स्वीकृत कर ली। उसके दूत हिंदूकुश के पश्चिम में ही सिकंदर की सेवा में अधीनतासूचक भेंट-उपहार लेकर उपस्थित हुए थे। हिंदूकुश की उपत्यकाओं में रहने वाली विविध जातियों बड़ी वीरता के साथ सिकंदर का सामना किया। उन्हें परास्त करने में उसे छः मास के लगभग लग गये। इन्हें जीतकर सिकंदर भारत में आगे बढ़ा। गांधार का राजा आम्भि पहले ही इसकी अधीनता स्वीकार कर चुका था, पर चंद्रगुप्त के पूर्व

राजाओं ने फिर अपनी खोई हुई शक्ति को प्राप्त किया।
ना राजवंश फिर मैदान में आ गया। फिलिप्पस का उत्तरा-
जारी यूडेमोस नियुक्त हुआ था, जो कि सिंध नदी के तट
स्थित एक शक्तिशाली ग्रीक सेना का अध्यक्ष था। पर यूडी-
[इस विद्रोह की प्रचंड अग्नि को बुझाने में सर्वथा अस-
रहा।

ग्रीक शासन के विरुद्ध पंजाब में जो यह विद्रोह हुआ,
का नेतृत्व चंद्रगुप्त मौर्य और आचार्य चाणक्य कर रहे थे।
समय की अव्यवस्था और राजनीतिक उथल-पुथल का
[उठा कर इन्होंने अपनी शक्ति को बढ़ा लिया, और पंजाब
विदेशी साम्राज्य की अधीनता से मुक्त कराके अपने
न कर लिया। एक ग्रीक लेखक ने क्या ठीक लिखा है—
दर के लौटने पर चंद्रगुप्त ने भारत को स्वतंत्रता दिलाई,
[कृतकार्य होने के अनंतर शीघ्र ही स्वतंत्रता के नाम को
ता में परिवर्तित कर दिया। जिन्हें उसने विदेशियों के
से स्वतंत्र किया था, उन्हें अपने अधीन कर लिया।
व, के विविध छोटे-छोटे राज्य एक शक्तिशाली विदेशी
न से तब तक स्वाधीन नहीं हो सकते थे, जब तक कि उन्हें
सूत्र में संगठित करने वाला कोई योग्य नेता न हो। यह
य नेता चंद्रगुप्त मौर्य था। यह बिलकुल स्वाभाविक था कि
ई शक्तिशाली वीर के नेतृत्व में उन्होंने अपनी खोई हुई
त्रता को फिर प्राप्त किया हो, उसे वे अपना नेता और
भी स्वीकार करते रहें। यह निश्चित है कि सिकंदर के
न से पंजाब को स्वतंत्र कर चंद्रगुप्त ने वहाँ अपना प्रभुत्व
पित कर लिया।

इस प्रकार सीमाप्रांत को अपने आधीन कर, वहाँ की वीर
तिओं को साथ ले चाणक्य और चंद्रगुप्त पूर्व की ओर बढ़ते

व्यास नदी को पार कर इनको भी विजय करे। पर उसकी सेना हिम्मत हार चुकी थी। मध्य-पंजाब के गणराज्य जिस अदम्य साहस के साथ सिकंदर से लड़े थे, उसके कारण उसकी सेनाओं ने व्यास नदी पार कर यौधेयगण और मागध साम्राज्य के साथ लड़ने की हिम्मत नहीं की।

लौटते हुए सिकंदर के शिवि, क्षुद्रक और आग्नेय गणों के साथ युद्ध हुए। फिर सिंध के प्रदेश में मुचिकर्ण, पातन व कुछ अन्य जनपदों के साथ युद्ध करता हुआ वह भारत से वापस लौट गया। उत्तरपश्चिमी भारत के जिन प्रदेशों पर उसने विजय की थी उनका शासन करने के लिये वह फिलिप्पस नामक एक सेनापति की अधीनता में ग्रीक सेना छोड़ गया था। अपने साम्राज्य के भारतीय प्रदेशों में उसने अनेक क्षत्रप (प्रांतीय शासक) नियत किये थे, जो फिलिप्पस के निरीक्षण में शासनकार्य करते थे। पोरु और आम्भि भी इसी प्रकार के क्षत्रप थे।

मैसीडोनिया लौटने के पूर्व ही ३२३ ई० पू० में बेबिलोन नगरी में सिकंदर की मृत्यु हो गई। विशाल यूनानी साम्राज्य का अधिपति कौन हो, इस विषय को लेकर सिकंदर के सेनापतियों में गृहकलह प्रारंभ हो गया। विविध सेनापति अपने अपने प्रदेशों में स्वतंत्र हो गये। मैसीडोनिया, थ्रेस, ईजिप्ट और सीरिया में चार भिन्न-भिन्न सेनापतियों ने चार पृथक् राजवंशों की स्थापना की। इस परिस्थिति का परिणाम यह हुआ कि सिकंदर के साम्राज्य के भारतीय प्रदेशों में विद्रोह की अग्नि भड़क उठी। यहां सिकंदर एक आँधी की तरह आया था, जिसके वेग के सामने अनेक पुराने राजवंश और गणराज्य खड़े नहीं रह सकते थे। पर इस आँधी के भारत से जाते ही फिर यहाँ के निवासियों ने अपनी स्वतंत्रता को प्राप्ति का उद्योग प्रारंभ कर दिया। फिलिप्पस का घात करा दिया गया।

पूर्ण रूप से कब्जा हो गया। पर नंद का नाश कर देने से ही चाणक्य के कार्य की इतिश्री नहीं हो गई।

राजा नंद के अनेक मंत्री थे। इनमें प्रधान का नाम राक्षस था। वह जाति से ब्राह्मण और नीतिशास्त्र का प्रकांड पंडित था। उसने नंद के मरने पर उसके भाई सर्वार्थसिद्धि को सिंहासन पर बैठा कर मागध साम्राज्य का संचालन प्रारंभ कर दिया। पाटलीपुत्र चंद्रगुप्त के हाथ में था, पर मगध की प्रजा नंदवंश में अनुरक्त थी। अभी मगध की सेना पूरी तरह परास्त भी नहीं हुई थी। चाणक्य बड़ी मुश्किल में पड़ा। अब नीतिशास्त्र के इन दो आचार्यों में संघर्ष प्रारंभ हुआ। मुद्राराक्षस में इसी का बड़े सुंदर रूप में वर्णन है। चाणक्य ने अपने सहाध्यायी मित्र विष्णुशर्मा को जीवसिद्धि क्षपणक के वेश में राक्षस के पास भेज दिया। कुछ ही समय में वह उसका विश्वासपात्र हो गया। राजा सर्वार्थसिद्धि के साथ रहने लगा। इसी जीवसिद्धि की प्रेरणा से सर्वार्थसिद्धि विरागी हो कर वन में चला गया और राज्यकार्य से विमुख हो गया।

इस समाचार से अमात्य राक्षस को बड़ा खेद हुआ। चंदनदास नाम के एक धनी वैश्य के पास अपने कुटुम्ब को छोड़कर और शकटदास आदि विविध नागरिकों को अनेक प्रकार के कार्य सुपुर्द कर अमात्य राक्षस राजा सर्वार्थसिद्धि को तपोवन से लौटा लाने के लिये गया। यह सुनकर चाणक्य ने राक्षस के पहुँचने से पहले ही अपने गुप्तचरों द्वारा सर्वार्थसिद्धि को मरवा डाला। इस प्रकार नंदकुल का सर्वनाश करके चाणक्य ने अपनी प्रतिज्ञा पूरी की। पर वह जानता था, कि जब तक राक्षस जैसे पुराने अमात्यों का सहयोग चंद्रगुप्त को प्राप्त नहीं होगा, वह कभी मगध के सिंहासन को नहीं सँभाल

के इस काम में लग गई, कि

गये। जो नगर और ग्राम रास्ते में आये उन्हें जीतते
पाटलीपुत्र आ पहुंचे। यहां धननंद को परास्त कर उ
मगध साम्राज्य पर अपना अधिकार कर लिया।

(३) मागध साम्राज्य की विजय

चंद्रगुप्त और चाणक्य ने मागध राजा धननंद को मार
किस प्रकार पाटलीपुत्र पर अपना अधिकार स्थापित कि
इसी कथानक को लेकर कवि विशाखदत्त ने मुद्राराक्षस न
लिखा था। इस नाटक के अनुसार चाणक्य और चंद्रगु
जिन सेनाओं ने पाटलीपुत्र पर आक्रमण किया था, उनमें
यवन, किरात, काम्बोज, पारसीक, बाह्लीक आदि की
भारी सेनायें सम्मिलित थीं, जिन्हें चाणक्य ने बुद्धि से क
वश में कर रखा था। जिस प्रकार प्रलय के समुद्र से पृथि
घिर जाती है, वैसे ही इन सेनाओं से पाटलीपुत्र घिर गया।
मुद्राराक्षस में कुछ ऐसे राजाओं के नाम भी दिये हैं, जो
आक्रमण में चंद्रगुप्त के साथ थे। इनके नाम ये हैं—कु
कुल्लू) का राजा चित्रवर्मा, मलय (सम्भवतः मालवगण
का राजा सिंहनाद, काश्मीर का राजा पुष्कराक्ष, सिंधु (सिं
का राजा सिंधुषेण और पारसीक राजा मेघाक्ष। ये सब रा
उत्तरपश्चिमी भारत के उन्हीं प्रदेशों के शासक थे, जि
चंद्रगुप्त ने सिकंदर के साम्राज्य से स्वतंत्र कराया था।

मुद्राराक्षस की कथा के अनुसार चाणक्य ने पर्वतक ना
एक शक्तिशाली राजा को मगध का आधा राज्य देने का वच
कर उसकी भी सहायता प्राप्त की थी। बौद्ध साहित्य के अनुसा
पर्वतक मगध के ही राजकुल का था, यह हम ऊपर लिख चुके हैं।
धननंद इस विशाल सेना का मुक़ाबला नहीं कर सका, युद्ध

चंद्र

अंकित एक मुद्रा भी मिली। इस मुद्रा और अन्य रहस्यों को उसने चाणक्य के सुपुर्द कर दिया। राक्षस की मुद्रा का चाणक्य के हाथ में पड़ जाना बड़े महत्त्व की बात सिद्ध हुई। इसी से उसने नीतियुद्ध में राक्षस को परास्त किया।

चाणक्य ने एक ऐसा जाली पत्र तैयार किया, जिसका कोई सरनामा आदि नहीं था। अपने गुप्तचर सिद्धार्थक से इसकी प्रतिलिपि शकटदास के हाथ से कराई और इस पत्र को राक्षस की मुद्रा से मुद्रित कर दिया। सिद्धार्थक को सब बात समझा कर मलयकेतु के शिविर में रवाना कर दिया गया। एक चाल और चली गई। शकटदास को फाँसी की आज्ञा दे दी गई और सिद्धार्थक से कह दिया कि जब चांडाल लोग शकटदास को शूली पर चढ़ाने के लिये ले जाते हों, तो दाँई आँख दबा कर इशारा कर देना। चांडाल अलग हट जावेंगे और शकटदास को साथ लेकर राक्षस के पास चले जाना। मित्र के प्राणों की रक्षा करने के कारण राक्षस तुमसे बहुत प्रसन्न होगा और तुम पर पूर्ण विश्वास करने लगेगा। सब बात समझ कर पत्र को साथ ले रवाना हो गया। उधर चाणक्य ने चंदनदास को गिरफ्तार कर लिया। उस पर सब तरह से जोर डाला गया कि वह राक्षस के परिवार को चाणक्य के सुपुर्द कर दें, पर स्वामिभक्त चंदनदास किसी भी प्रकार इस विश्वासघात के लिये तैयार नहीं हुआ।

उधर अमात्य राक्षस भी चुपचाप नहीं बैठा था। बड़े धैर्य और बुद्धिकौशल से वह अपना नीतिजाल फैला रहा था। उसके गुप्तचर भी नानाविध वेषों में अनेक प्रकार से अपना कार्य करने में लगे थे। मलयकेतु को वह अपने साथ कर ही चुका था, चंद्रगुप्त की सेना के बहुत से सेनापति अपने अनुयायियों के साथ राक्षस के पक्ष में हो गये थे। धीरे धीरे

किसी का भी सैन्यशिविर से बाहर आना-जाना सर्वथा निषिद्ध था। आज्ञापत्र देने का काम भागुरायण के सुपुर्द था। एक दिन जब मलयकेतु और भागुरायण साथ बैठे थे, चाणक्य ने अपनी नीति का अंतिम बाण चलाया। एक कर्मचारी आया और उसने सूचना दी कि सैन्य शिविर के रक्षाधिकारी दीर्घचक्षु ने निवेदन किया है कि आज्ञापत्र के बिना शिविर में प्रवेश करता हुआ एक आदमी पकड़ा गया है, जिसके पास कुछ जरूरी पत्र भी हैं। यह व्यक्ति सिद्धार्थक ही था, जिसे राक्षस की मुद्रा से अंकित एक जाली पत्र देकर 'कार्यसिद्धि' के लिये भेजा गया था। पत्र के साथ सिद्धार्थक को मलयकेतु और भागुरायण के सम्मुख पेश किया गया। पत्र पर राक्षस की मोहर थी ही। नकली तौर पर बहुत ननु-नच करके अंत में सिद्धार्थक ने यह गुप्त रहस्य प्रगट किया, कि इस पत्र को उसे राक्षस ने दिया था और चंद्रगुप्त के पास पहुँचाने का कार्य उसके सुपुर्द किया गया था। उसने यह भी कहा कि मुझे राक्षस ने कुछ मौखिक संदेश भी दिया था। यह मौखिक संदेश यह था कि मलयराज सिंहनाद, काश्मीर के राजा पुष्कराक्ष, सिंधु के महाराज सिंधुसेन और पारसीक राजा मेघाक्ष के साथ पहले ही गुप्तरूप में संधि हो चुकी है। इन्हें अपनी गुप्त सहायता के बदले में पूरी तरह पुरस्कार आदि द्वारा संतुष्ट करना चाहिये।

बस, कार्यसिद्धि हो गई। भागुरायण के समझाने से मलयकेतु को विश्वास हो गया कि राक्षस गुप्तरूप से चन्द्रगुप्त से मिला हुआ है और उसकी सेना में सम्मिलित मलय, काश्मीर, सिंध और पारस के राजा भी गुप्तरूप से चन्द्रगुप्त से समझौता कर चुके हैं। मलयकेतु और राक्षस में फूट पड़ गई। उसकी सेना के आधारस्तम्भ चित्रवर्मा आदि राजाओं का मलयकेतु ने स्वयं ही घात करा दिया। इन सब बातों से

उस सेना का संगठन दृढ़ होता जाता था, जो पाटलीपुत्र पर आक्रमण कर चन्द्रगुप्त को राज्यच्युत करने के लिये तैयार हो रही थी। राक्षस ने चंद्रगुप्त का घात करने के लिये भी बहुत से उपाय किये। पहले विषकन्या भेजी गई। फिर पाटलीपुत्र में नगरप्रवेश के समय चन्द्रगुप्त का स्वागत करने के लिये जो बड़ा द्वार तैयार किया गया था, उसके शिल्पियों को अपने साथ में मिलाकर यह प्रबंध किया गया कि जब चंद्रगुप्त द्वार के नीचे से गुजरे, तो तोरण उस पर गिरा दिया जावे और वह वहीं मर जावे। एक बर्बरक को गुप्तछुरिका देकर तैनात किया गया कि वह जलूस में चन्द्रगुप्त पर हमला करे। एक वैद्य को चन्द्रगुप्त का वैयक्तिक चिकित्सक नियत किया, जो वस्तुतः राक्षस का गुप्तचर था। उसने यत्न किया कि भोजन में विष देकर चंद्रगुप्त को मार दे। जिस महल में चंद्रगुप्त रहता था, उसके नीचे सुरंग खोद कर बारूद भरवा दिया गया। राक्षस ने यह सब कुछ किया, पर चाणक्य की जागरूकता के सामने उसकी एक न चली। उसके सब प्रयत्न व्यर्थ गये और चंद्रगुप्त का बाल भी बाँका न हुआ।

पर अब भी राक्षस निराश नहीं हुआ। उसने यत्न किया कि चन्द्रगुप्त और चाणक्य में विरोध हो जावे। अनेक गुप्तचर इस कार्य के लिये नियुक्त किये गये। पर इस कार्य में भी राक्षस सफल नहीं हुआ। उधर चाणक्य का गुप्तचर भागुरायण मलयकेतु को राक्षस के विरुद्ध भड़काने में लगा था। छोटी-छोटी बातों को लेकर वह मलयकेतु के मन में राक्षस के प्रति विरोधभावना को प्रदीप्त करता रहता था। राक्षस ने पाटलीपुत्र पर आक्रमण करने के लिये जो भारी सेना संगठित की थी, वह उत्तर से दक्षिण की तरफ प्रयाण कर रही थी। पाटलीपुत्र समीप आ गया था। [illegible]

नाद का अंतिम वाण चलाया। एक कर्मचारी आया और उसने सूचना दी कि सैन्य शिविर के रक्षाधिकारी दीर्घचक्षु ने निवेदन किया है कि आज्ञापत्र के बिना शिविर में प्रवेश करता हुआ एक आदमी पकड़ा गया है, जिसके पास कुछ जरूरी पत्र भी हैं। यह व्यक्ति सिद्धार्थक ही था, जिसे राक्षस की मुद्रा से अंकित एक जाली पत्र देकर 'कार्यसिद्धि' के लिये भेजा गया था। पत्र के साथ सिद्धार्थक को मलयकेतु और भागुरायण के सम्मुख पेश किया गया। पत्र पर राक्षस की मोहर थी ही। नकली तौर पर बहुत ननु-नच करके अंत में सिद्धार्थक ने यह गुप्त रहस्य प्रगट किया, कि इस पत्र को उसे राक्षस ने दिया था और चंद्रगुप्त के पास पहुँचाने का कार्य उसके सुपुर्द किया गया था। उसने यह भी कहा कि मुझे राक्षस ने कुछ मौखिक संदेश भी दिया था। यह मौखिक संदेश यह था कि मलयराज सिंहनाद, काश्मीर के राजा पुष्कराक्ष, सिंधु के महाराज सिंधुसेन और पारसीक राजा मेघाक्ष के साथ पहले ही गुप्तरूप से संधि हो चुकी है। इन्हें अपनी गुप्त सहायता के बदले में पूरी तरह पुरस्कार आदि द्वारा संतुष्ट करना चाहिये।

बस, कार्यसिद्धि हो गई। भागुरायण के समझाने से मलयकेतु को विश्वास हो गया कि राक्षस गुप्तरूप से चन्द्रगुप्त से मिला हुआ है और उसकी सेना में सम्मिलित मलय, काश्मीर, सिंध और पारस के राजा भी गुप्तरूप से चंद्रगुप्त से समझौता कर चुके हैं। मलयकेतु और राक्षस में फूट पड़ गई। उसकी सेना के आधारस्तम्भ चित्रवर्मा आदि राजाओं का मलयकेतु ने स्वयं ही घात करा दिया। इन सब बातों से

राक्षस की कमर टूट गई। उसने अवस्था को संभालने का बहुत यत्न किया। तरह-तरह से मलयकेतु को समझाया पर उसका सब प्रयत्न विफल हुआ। निराश होकर वह अपने मित्र चंदनदास की सुध लेने के लिये भेष बदल कर पाटलीपुत्र की ओर चल पड़ा। पर चाणक्य के गुप्तचरों ने यहाँ भी उसका पीछा नहीं छोड़ा। वे छाया की तरह उसके साथ-साथ थे। उन्होंने पहले ही राक्षस को खबर कर दी, कि आज चंदनदास को फाँसी दी जाने वाली है। उसकी फाँसी का कारण यही है कि वह राक्षस के परिवार का पता चाणक्य को बताने से इनकार करता है। राक्षस अपने प्रयत्नों से निराश हो चुका था। अपने अंतरंग मित्र की इस दुर्दशा को वह नहीं सह सका। उसने निश्चय किया कि जिस तरह भी होगा, चंदनदास के प्राणों की रक्षा करूंगा। वह तीर की तरह तेजी से गया और आत्मसमर्पण कर अपने मित्र की रक्षा की। चाणक्य इसी अवसर की प्रतीक्षा में था। वह प्रगट हुआ और इन दो नीतिकुशल आचार्यों में परस्पर मेल हो गया। अमात्य राक्षस ने सम्राट चंद्रगुप्त का मंत्रिपद स्वीकार किया और इस प्रकार चाणक्य के प्रयत्न से चंद्रगुप्त का मार्ग सर्वथा कण्टकहीन हो गया। अब वह पाटलीपुत्र के विशाल मागध साम्राज्य का स्वामी हो गया। इस समय मागध साम्राज्य में बंगाल की खाड़ी से गंगा तक का प्रदेश ही शामिल नहीं था, अपितु हिंदुकुश पर्वत तक के सब प्रदेश भी उसके अंतर्गत थे। चंद्रगुप्त ने इन्हीं प्रदेशों को अपने अधीन कर मागध साम्राज्य पर आक्रमण किया था।

(४) सैल्यूकस का आक्रमण

चाणक्य की चाल में आकर मलयकेतु ने जिन राजाओं को मरवा दिया ...

रसीक देशों के शासक थे। पश्चिमी भारत के ये सब प्रदेश
व मागध सम्राट् चंद्रगुप्त के सीधे शासन में आ गये थे।
नंद के नाश और मौरिय (मौर्य) कुमार चंद्रगुप्त के सम्राट्
। जाने से पाटलीपुत्र में जो राज्यक्रांति हुई थी, उससे मागध
ाम्राज्य की शक्ति और भी बढ़ गई थी।

जिस समय चंद्रगुप्त अपने नये प्राप्त किये हुए साम्राज्य को
ढ़ करने में लगा था, उसी समय सिकंदर का अन्यतम सेना-
ति सैल्यूकस मैसीडोनियन साम्राज्य के एशियाई प्रदेशों में
पने शासन की नींव को सुदृढ़ करने में व्यस्त था। सिकन्दर
ी मृत्यु के बाद उसका विशाल साम्राज्य किस प्रकार अनेक
कड़ों में विभक्त हो गया, इसका उल्लेख हम पहले कर चुके हैं।
सिडोनियन साम्राज्य के एशियाई प्रदेशों पर अपना अधि-
ार क़ायम करने के लिये सिकंदर के दो सेनापति संघर्ष कर
हे थे। इनके नाम हैं—सैल्यूकस और एंटिगोनस। ये दोनों ही
सेकंदर के उच्च सेनापति थे। कई वर्षों तक इनमें परस्पर
ड़ाई जारी रही। कभी सैल्यूकस की विजय होती और कभी
ंटिगोनस की। शुरू में विजयश्री ने एंटिगोनस का साथ
दिया। उसने सैल्यूकस को परास्त करके भगा दिया। पर ३२१
ई० पू० में सैल्यूकस ने बैबीलोन जीत लिया। अब से युद्ध की
ति बदल गई। धीरे धीरे सैल्यूकस ने एंटिगोनस को पूर्णरूप
से परास्त कर ईजिप्ट भागने के लिये विवश किया, और स्वयं
सम्राट् हो गया। उसकी राजधानी सीरिया में थी, इसीलिये
उसे सीरियन सम्राट् कहा जाता है। पर वह एशिया माइनर
से हिंदूकुश तक एक विशाल साम्राज्य का अधिपति था। ३०६
ई० पू० में उसका राज्याभिषेक बड़ी धूम-धाम के साथ सीरिया
में हुआ।

पश्चिमी और मध्य-एशिया में अपने साम्राज्य को सुदृढ़

कर उसने मैसिडोनियन साम्राज्य के खोये हुए भारतीय प्रांतों को फिर से अपने साम्राज्य में मिलाना चाहा। ३०५ ई० पू० में एक शक्तिशाली बड़ी सेना साथ लेकर उसने भारत पर आक्रमण किया और सिंध नदी तक बिना किसी विघ्नबाधा के बढ़ आया। इधर चंद्रगुप्त भी सावधान और जागरूक था। सिंध के तट पर दोनों सेनाओं में घनघोर युद्ध हुआ। कई विद्वानों का मत है, कि सैल्यूकस अपने इस आक्रमण में गंगा के किनारे-किनारे पाटलीपुत्र तक बढ़ आया था। पर यह बात प्रमाणों से पुष्ट नहीं होती। अधिक ऐतिहासिक यही मानते हैं, कि चंद्रगुप्त ने [illegible] मुकाबला किया [illegible] था। युद्ध के [illegible]

(१) चंद्रगुप्त सैल्यूकस को ५०० हाथी दे।

(२) बदले में सैल्यूकस निम्नलिखित चार प्रदेश चंद्रगुप्त को दे :— १. परोपनिसदी, २. आर्कोसिया, ३. आरिया और ४. गद्रोसिया।

(३) इस संधि को स्थिर मैत्री के रूप में परिवर्तित करने के लिये सैल्यूकस ने अपनी कन्या का विवाह चंद्रगुप्त के साथ कर दिया।

यह संधि मागध साम्राज्य के लिये बहुत ही अनुकूल थी। इससे उसकी पश्चिमी सीमा हिंदूकुश के पश्चिम में भी कुछ दूर तक फैल गई थी। सीरियन साम्राज्य के चार बड़े प्रदेश मागध साम्राज्य के अंतर्गत हो गये थे। इन चार प्रांतों में परोपनिसदी का अभिप्राय अफगानिस्तान के उस पहाड़ी प्रदेश से है, जिसका पूर्वी सिरा हिंदूकुश पर्वतमाला है। आर्कोसिया आजकल के कंदहार को कहते थे। आरिया हेरात का पुराना नाम था। गद्रोसिया से वर्तमान समय के कलात प्रदेश का बोध होता

ाद् ने उस 'वैज्ञानिक सीमा' को प्राप्त किया, जिसके लिये के ब्रिटिश उत्तराधिकारी व्यर्थ में ही आहें भरते रहे हैं और सको सोलहवीं और सत्रहवीं सदियों के मुग़ल सम्राटों ने कभी पूर्णता के साथ प्राप्त नहीं किया था।

मगध के मौर्य सम्राटों की पश्चिमी सीमा हिंदूकुश तक ही मित नहीं रही। कुछ ही समय बाद कम्बोज (बदख़शां) र पामीर के प्रदेश भी उनकी अधीनता में आ गये। अशोक

ाकर चंद्रगुप्त की राजसभा में भेजा। मैगस्थनीज़ चिरकाल क मागध साम्राज्य की राजधानी पाटलीपुत्र में रहा। उसने पना रिक्त समय भारत की भौगोलिक स्थिति, उपज, जातियों ौर राजनीतिक दशा को लेखबद्ध करने में व्यतीत किया। गस्थनीज़ के इस विवरण के जो अंश इस समय उपलब्ध ोते हैं, वे निःसंदेह मौर्यकाल के भारत के संबंध में बहुत प्रामाणिक हैं, और उनसे बहुत सी महत्त्व की बातें ज्ञात होती हैं।

इस प्रकार अपने विशाल साम्राज्य की स्थापना कर चंद्रगुप्त मौर्य ने उसका दृढ़तापूर्वक शासन किया। इतने युद्धों के बाद द भी उसे प्रजा की भलाई का पूरा-पूरा ध्यान रहता था। यही कारण है, कि पाटलीपुत्र से लगभग १००० मील की दूरी पर

स्थित गिरनार के पहाड़ों में उसने एक विशाल कृत्रिम झील का निर्माण कराया था। उन दिनों सुराष्ट्र (काठियावाड़) का शासक पुष्यगुप्त था। चन्द्रगुप्त ने उसे आज्ञा दी कि गिरनार की नदी के सम्मुख एक बांध लगाकर उसे एक झील के रूप में परिवर्तित कर दें और उससे अनेक नहरें निकाल कर उस प्रदेश में सिंचाई का प्रबंध किया जाय। इस झील का नाम 'सुदर्शन' रखा गया। अशोक के समय तक इसमें कार्य जारी रहा, और बाद में महाक्षत्रप रुद्रदामा तथा गुप्त सम्राटों ने इसका जीर्णोद्धार कराया।

सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य के समय की एक और घटना भी उल्लेखनीय है। आचार्य पतंजलि ने अपने महाभाष्य में एक जगह लिखा है, कि धन की इच्छा रखने वाले मौर्यों ने पूजा के लिये मूर्तियां बनवा कर सुवर्ण एकत्र किया। सम्भवतः, यह बात चन्द्रगुप्त मौर्य के ही समय में हुई। निरंतर युद्धों के कारण चन्द्रगुप्त को यदि धन की कमी हो गई हो और उसने अपने कोष की वृद्धि के लिये इस उपाय का आश्रय लिया हो, तो आश्चर्य की क्या बात है? अपने गुरू के संघर्षकाल में भी चाणक्य की प्रेरणा से उसने ऐसे ही तरीकों से ८० करोड़ कार्षापण एकत्र किये थे।

(५) सम्राट् बिंदुसार अमित्रघात

चन्द्रगुप्त मौर्य ने ३२२ ई० पू० से २९८ ई० पू० तक शासन किया। चौबीस वर्ष के अपने राज्यकाल में उसने मागध साम्राज्य को सारे उत्तरी भारत में विस्तीर्ण कर दिया। चन्द्रगुप्त के बाद उसका पुत्र बिंदुसार मगध का सम्राट् बना। ग्रीक लेखकों ने इसे अमित्रघात लिखा है, बहुत से शत्रुओं (अमित्रों) के [illegible] गयी

लामा तारानाथ ने बौद्धधर्म का जो इतिहास लिखा था, उसके अनुसार आचार्य चाणक्य बिंदुसार के समय में भी विद्यमान था, और उसके राज्य का भी पूर्ववत् संचालन कर रहा था। चंद्रगुप्त के समय में चाणक्य के पौरोहित्य में जिस चातुरंत साम्राज्य के विस्तार का प्रारंभ हुआ था, वह बिंदुसार के समय में भी जारी रहा। तारानाथ के अनुसार उसने सोलह राजधानियों के राजाओं और अमात्यों को उखाड़ डाला और एक लम्बे युद्ध के बाद पूर्वी और पश्चिमी समुद्रों के बीच संपूर्ण भूमि को राजा बिंदुसार की अधीनता में ला दिया। निःसंदेह, आचार्य चाणक्य केवल भारत के इतिहास में ही नहीं, अपितु संसार के इतिहास में एक अद्वितीय महापुरुष हुआ है। यह उसी की महत्त्वाकांक्षा और अदम्य साहस का परिणाम था, कि हिंदूकुश से आसाम तक और काश्मीर से मदुरा तक सारा भारत एक शक्तिशाली साम्राज्य के सूत्र में संगठित हो गया था।

बिंदुसार के समय में जिन सोलह राज्यों को जीतकर मागध साम्राज्य में सम्मिलित किया गया था, वे सभी दक्षिणी भारत में पूर्वी और पश्चिमी समुद्रों के बीच में स्थित थे। बिंदुसार के उत्तराधिकारी अशोक के समय में उसके शिलालेखों से यह भलीभाँति सूचित हो जाता है, कि मागध साम्राज्य का विस्तार भारत में कहाँ-कहाँ तक हो चुका था। अशोक ने स्वयं केवल कलिंग को विजय किया था। बाकी सब प्रदेश बिंदुसार के समय तक मागध साम्राज्य में शामिल किये जा चुके थे। अशोक के शिलालेखों के अनुसार चोड, पांड्य, केरल और सातियपुत्र, ये चार सुदूर दक्षिण में स्थित राज्य मागध सम्राट् के सीधे शासन में नहीं थे। शेष सारा दक्षिणी भारत अशोक के साम्राज्य में सम्मिलित था। निःसंदेह, दक्षिण भारत की

विजय का श्रेय बिंदुसार को ही है, जिसने आचार्य चाणक्य के नेतृत्व में यह सुदुस्तर कार्य भी सपन्न किया था।

मौर्यसम्राटों की दक्षिण विजय के कुछ निर्देश प्राचीन तामिल साहित्य में भी उपलब्ध होते हैं। एक प्राचीन तामिल कवि मामुलनार के अनुसार मौर्यों ने दक्षिण पर बारंबार आक्रमण किये थे। एक अन्य ग्रंथ के अनुसार मौर्यों की सेनाएं कोंकण से कर्नाटक तट के साथ-साथ उसके दक्षिण अंश, तुलु प्रदेश से होती हुई कोयम्बटूर की तरफ बढ़ीं, और वहाँ से और भी दक्षिण में जाकर मदुरा के नीचे तक पहुँच गई। मौर्य अनेक पहाड़ों में से रास्ते काटते हुए और चट्टानों पर अपने रथ दौड़ाते हुए इतनी दूर दक्षिण में पहुँच गये थे। तामिल कवियों के इन वर्णनों से प्रतीत होता है, कि चोड और पांड्य राज्यों के भी कुछ हिस्सों को बिंदुसार मौर्य की सेनाओं ने अपने अधीन कर लिया था। संभवतः, ये सुदूर दक्षिण के प्रदेश स्थिररूप से मौर्यसाम्राज्य में नहीं रह सके। बाद में इन तामिल राज्यों ने परस्पर मिलकर एक संघात (संघ) बना लिया, और मौर्यों से स्वतंत्रता प्राप्त की। अशोक के समय में तामिल राज्य उसके धर्मविजय के प्रभाव में तो थे, पर राजनीतिक दृष्टि से वे मागध साम्राज्य की अधीनता में नहीं थे। मौर्यवंश के पतनकाल में कलिंगराज खारवेल ने अपने शिलालेख में तामिल देशों के इस संघात का उल्लेख किया है, और उसे ११३ वर्ष पुराना बताया है। यह संघात ठीक बिंदुसार के समय में बना था।

बिंदुसार के समय की कुछ और घटनायें भी उल्लेखनीय हैं। उसके शासनकाल में तक्षशिला में दो बार विद्रोह हुआ। तक्षशिला मागध साम्राज्य के पश्चिमोत्तर [illegible] (उत्तरापथ) की राजधानी थी। वहाँ की परिस्थितियाँ [illegible]

र वहाँ विद्रोह हो सकते थे। अशोक के शासनकाल में भी
ाँ अनेक बार विद्रोह हुए। उत्तरपश्चिमी भारत का यह
देश नया-नया ही मागध साम्राज्य के अधीन हुआ था। वहाँ
निवासियों में अपने पुराने जनपदों या गणराज्यों की स्व-
त्र सत्ता की स्मृति अभी नष्ट नहीं हुई थी। इसीलिये अव
र पाते ही वे लोग विद्रोह कर झगड़ा खड़ा कर देते थे।
द्धग्रंथ दिव्यावदान में लिखा है– राजा बिंदुसार के
क्षशिला नगर ने विद्रोह कर दिया। इस विद्रोह को शांत
रने के लिये बिंदुसार ने कुमार अशोक को भेजा। उसने कहा
–कुमार जाओ और तक्षशिला नगर के विद्रोह को शांत
रो। उसने उसके लिये चतुरंग सेना तो दे दी, परंतु यान
गैर हथियार नहीं दिये। जब तक्षशिला के पौरों ने सुना कि
मार अशोक स्वयं विद्रोह को शांत करने के लिये आ रहे हैं,
ो उन्होंने २॥ योजन तक तक्षशिला की सड़क को और तक्ष-
शेला नगर को अच्छी तरह सजाया और पूर्ण घट लेकर पहले
ी अशोक के स्वागत के लिये चल पड़े। कुमार अशोक का
वागत करके 'पौर' ने कहा— न हम कुमार के विरुद्ध हैं, और
न राजा बिंदुसार के। परंतु दुष्ट अमात्य हमारा परिभव करते
हैं।' इस के बाद वे बड़े सत्कार के साथ अशोक को तक्षशिला में
ले गये।

का विदेशों के साथ घनिष्ट संबंध था। बिंदुसार के समय में सीरियन साम्राज्य का स्वामी एंटियोकस सोटर था, जो सैल्यूकस का ही उत्तराधिकारी था। उसने मैगस्थनीज की जगह पर डायमेचस को अपना राजदूत बनाकर पाटलीपुत्र में भेजा था। प्राचीन यूनानी लेखकों ने एंटियोकस और बिंदुसार के संबंध में अनेक कथायें लिखी हैं। एक कथा के अनुसार एक बार बिंदुसार ने एंटियोकस को लिखा, कि कृपया मेरे लिये कुछ अंजीर, कुछ अंगूरी शराब और एक यूनानी अध्यापक खरीद कर भेज दीजिये। इसके उत्तर में एंटियोकस ने अंजीर और शराब तो खरीद कर भेज दी, पर अध्यापक के संबंध में कहला भेजा कि यूनानी प्रथा के अनुसार अध्यापक का क्रय-विक्रय नहीं सकता।

बिंदुसार के समय में मिश्र का राजा टाल्मी फिलेडेल्फ था। इसने टायोनीसियस नाम का एक राजदूत पाटलीपुत्र व राजसभा में भेजा था। डायोनीसियस चिरकाल तक बिंदुसा के दरबार में रहा और मैगस्थनीज के समान ही भारत का एव विवरण भी लिखा। यह विवरण ईसा की पहली सदी तक अवश्य ही उपलब्ध था, इसीलिये ऐतिहासिक प्लिनी ने इसका उपयोग अपने ग्रंथ में किया था। खेद है, कि डायोनीसियस का विवरण अब उपलब्ध नहीं होता।

चाणक्य के समय में ही सुबंधु नाम का एक अन्य अमात्य बिंदुसार की सेवा में नियुक्त था। चाणक्य ने ही इसकी नियुक्ति की थी। पर यह हृदय से चाणक्य का विरोधी था। इसने यत्न किया, कि बिंदुसार के हृदय में मौर्यवंश के प्रतिष्ठाता चाणक्य के विरुद्ध भावना उत्पन्न करे। पर उसे अपने प्रयत्न में सफलता नहीं हुई। आचार्य चाणक्य ने अपने जीवन का अन्तिम भाग प्राचीन आर्यमर्यादा के अनुसार ... में व्यतीत

किया। वानप्रस्थ आश्रम में प्रवेश करते समय चाणक्य ने मौर्य साम्राज्य के संचालन का भार संभवतः अमात्य राधगुप्त के हाथ में सुपुर्द किया था। चाणक्य का एक अपर नाम विष्णुगुप्त था। इस राधगुप्त का यशस्वी विष्णुगुप्त के साथ कोई संबंध था या नहीं, यह हम नहीं जानते। पर राधगुप्त बिंदुसार का प्रधानामात्य था और अपने कार्य में सर्वथा निपुण था।

इस अध्याय को समाप्त करने से पूर्व यह लिखना भी आवश्यक है, कि मौर्यवंश की स्थापना के साथ एक नये संवत् की भी स्थापना हुई थी, जिसे कलिंगराज खारवेल ने अपने शिलालेख में 'मोरिय संवत' के नाम से लिखा है।

२५ वर्ष तक शासन करने के बाद २७२ ई० पू० में सम्राट् बिंदुसार की मृत्यु हुई।

छठवाँ अध्याय

प्रियदर्शी राजा अशोक

(१) अशोक का राज्यारोहण

बिंदुसार का उत्तराधिकारी उसका पुत्र अशोक था, जो दिव्यावदान के अनुसार चंपा की परमसुंदरी ब्राह्मणकन्या से उत्पन्न हुआ था। मागध सम्राटों की पुरानी परम्परा के अनुसार बिंदुसार के विविध पुत्रों में राजसिंहासन के लिये युद्ध हुए और यह संघर्ष चार वर्ष तक निरंतर जारी रहा। महावंश के अनुसार राजा बिंदुसार को सोलह रानियां औ एक सौ एक पुत्र थे। इन पुत्रों में सुमन (दिव्यावदान क सुसीम) सब से बड़ा और तिष्य सब से छोटा था। अशो ने विमाताओं से उत्पन्न सब भाइयों को मार कर स्वयं राज गद्दी पर अधिकार कर लिया। दिव्यावदान में इस सारे घटना चक्र का बड़े मनोरंजक रूप से वर्णन किया है। हम उसे यह उद्धृत करते हैं।

राजा बिंदुसार के एक पुत्र हुआ जिसका नाम सुसीम रखा गया। इसी समय चंपा नगरी में एक ब्राह्मण निवास करता था, उसकी कन्या बहुत ही सुंदर 'दर्शनीया, प्रासादिका और जनपदकल्याणी' थी। उसके भविष्य के विषय में ज्योतिषियों से पूछा गया। उन्होंने बताया—इस लड़की का पति राजा होगा और इसके दो पुत्ररत्न होंगे। एक पुत्र तो चक्रवर्ती सम्राट बनेगा और दूसरा, वैरागी होकर 'सिद्धव्रत' हो जायगा। यह भविष्यवाणी सुनकर ब्राह्मण को बड़ी प्रसन्नता हुई। दुनिया रुपये के पीछे चलती है। वह ब्राह्मण लड़की को लेकर पाटली-

ने बड़ा आया और उसे अच्छे वस्त्र तथा आभूषणों से अलंकृत कर राजा बिंदुसार की पत्नी बनाने के लिये उपहाररूप दे दिया। जब वह राजा के अंतःपुर में प्रविष्ट हुई तो अंतःपुर में रहने वाली स्त्रियों के दिल में आया कि यह कन्या बहुत सुंदर है, अत्यंत प्रासादिका और जनपदकल्याणी है। यदि कहीं राजा ने इसके साथ संभोग कर लिया, तो हमारी बात भी न पूछेगा और हमारी तरफ आंख उठाकर भी न देखेगा। यह सोचकर उन रानियों ने ब्राह्मणकन्या को नाइन का काम सिखा दिया। जब वह अपने कर्म में खूब निपुण हो गई तो राजा के बाल और मूंछ आदि सवारने लगी। जब राजा सोता था, तो वह उसके बाल सवारती थी। एक बार प्रसन्न होकर राजा ने उसे वर मांगने को कहा। उस कन्या ने उत्तर दिया मैं देव के साथ समागम करना चाहती हूँ। यह सुनकर राजा बोला—तू नाइन है, मैं क्षत्रिय राजा हूँ, तेरा और मेरा समागम किस प्रकार हो सकता है? कन्या ने उत्तर दिया—मैं नाइन नहीं हूँ, अपितु ब्राह्मणकन्या हूँ, मेरे पिता ने मुझे आपकी पत्नी होने के लिये ही उपहाररूप से दिया था। यह सुनकर राजा ने पूछा—फिर तुझे नायन का कार्य किस ने सिखाया है? ब्राह्मणकन्या ने उत्तर दिया—अन्तःपुर की रानियों ने।

इसके बाद इस परम सुंदरी कन्या को नाइन का कार्य करने की और अधिक आवश्यकता नहीं रह गई। राजा बिंदुसार ने उसे अपनी पटरानी बना लिया और उसके साथ क्रीड़ा, रमण आदि करने लगा। उसके गर्भ रह गया और नौ मास पश्चात् एक पुत्र उत्पन्न हुआ। राजा ने अपनी पटरानी से पूछा—इसका क्या नाम रक्खा जाय? उसने उत्तर दिया—इस बच्चे के उत्पन्न होने से मैं 'अशोका' हो गई हूँ, अतः इसका नाम

अशोक रखा जाना चाहिये। कुछ समय बाद रानी के एक पुत्र उत्पन्न हुआ, उसका नाम 'विगतशोक' रखा गया।

अशोक का शरीर ऐसा नहीं था, कि उसके स्पर्श से प्राप्त होता हो, वह 'दुःस्पर्शगात्र' था, इसलिये राजा बिंदु[illegible] उससे प्रेम नहीं करता था। पर वह यह जानना चाहता [illegible] कि उसके पुत्रों में कौन सबसे योग्य है। अतः उसने परिव्रा[illegible] पिंगलवत्साजीव के साथ सलाह की। राजा ने कहा—उपाध्या[illegible] कुमारों की परीक्षा लेते हैं, देखते हैं, कौन उनमें सबसे यो[illegible] है और मेरे बाद राज्यकार्य को संभाल सकेगा। पिंगलवत्स[illegible] जीव ने कहा—बहुत अच्छी बात है, कुमारों को लेकर उद्यान सुवर्णमंडप में चलिये [illegible]
के [illegible] स परीक्[illegible]
अशो[illegible] कि राज[illegible]
बिंदुसार को वह पसंद नहीं था, अत अपने विचार को पिंग[illegible] वत्साजीव ने स्पष्ट शब्दों में प्रकट नहीं किया।

जब तक्षशिला में दुबारा विद्रोह हुआ, तो उसे शांत कर[illegible] के लिये कुमार सुसीम को भेजा गया था। दिव्यावदान के अनु[illegible] सार अशोक जान बूझ कर, कोशिश करके, वहां जाने [illegible] बचा था। संभवतः बिंदुसार तब तक वृद्ध हो चुका था और बीमार था। उसे मरणासन्न जानकर राजा बनने के लिये उत्सुक अशोक पाटलीपुत्र से बाहर नहीं जाना चाहता था। इसी बीच में राजा बिंदुसार की मृत्यु हो गई और अशोक ने पाट[illegible] लीपुत्र पर अपना कब्जा कर लिया। जब यह समाचार सुसीम ने सुना तो वह बड़ा क्रुद्ध हुआ। उसने तुरंत पाटलीपुत्र की ओर प्रस्थान किया। पर इस बीच में अशोक पूरी तैयारी कर चुका था। पाटलीपुत्र के सब दरवाजों पर सैनिक नियत कर दिये गये। राजधानी को आक्रमण से बचाने के लिये पूरी

तैयारी कर ली गई। जब सुसीम पाटलीपुत्र के समीप पहुँचा, तो अग्र-अमात्य राधागुप्त ने उसे संदेश भेजा, कि यदि तुम अशोक को मारने में समर्थ होगे तभी राज्य प्राप्त कर सकोगे। दोनों भाइयों में घनघोर युद्ध हुआ, जिसमें सुसीम मारा गया। पर यहीं पर मामले का फैसला नहीं हो गया। अशोक के और भी भाई थे। वे भी राजगद्दी के उम्मीदवार थे। चार साल तक यह लड़ाई चलती रही। अंत में अशोक की विजय हुई। अपने भाइयों को परास्त कर अशोक ने अपने मार्ग को निष्कंटक बना लिया।

अशोक के कितने भाई थे और कितनों को उसने युद्ध में मारा, यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। उसके एक सौ एक भाइयों की बात कुछ अतिशयोक्ति प्रतीत होती है। सब भाई भी उसके द्वारा नहीं मारे गये। अशोक के शिलालेखों में उसके कुछ भाइयों का उल्लेख आता है, जिनके साथ वह बड़ा अच्छा बर्ताव करता था। संभव है, कि सब भाई उसके विरुद्ध नहीं उठ खड़े हुए थे। पर चार वर्ष तक गृहकलह और भ्रातृयुद्ध का रहना इस बात को सूचित करता है, कि अशोक को राजगद्दी पर अधिकार प्राप्त करने के लिये घोर संघर्ष करना पड़ा था, और उसमें कई भाइयों की हत्या भी हुई थी।

जब राजा बिंदुसार की मृत्यु हुई, तो अशोक पाटलीपुत्र में ही था, पर उन दिनों वह उज्जैनी का शासक था। दक्षिण की शक्तिशाली सेनाएँ उसी के अधीन थीं। इनकी सहायता उसे इस गृहयुद्ध में प्राप्त थी। कुमार सुसीम तक्षशिला के विद्रोह को शांत करने में सफल नहीं हुआ था, अतः उत्तर-पश्चिमी भारत की सेनाओं को वह स्वयं राजगद्दी प्राप्त करने के लिये प्रयुक्त नहीं कर सका था।

हुई। इस युद्ध में कलिंग के एक लाख आदमी मारे गये, लाख क़ैद किये गये और इनसे कई गुना आदमी युद्ध के आने वाली स्वाभाविक विपत्तियों से काल के ग्रास हो । इस विजय का उल्लेख अशोक ने अपने 'चतुर्दश शिला-ों' में निम्नलिखित शब्दों में किया है:—

राज्याभिषेक के आठ वर्ष बाद देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी ा ने कलिंग देश को विजय किया। वहाँ डेढ़ लाख मनुष्य किये गये, एक लाख मनुष्य मारे गये और उससे कई गुना दमी (महामारी आदि से) मरे। इसके बाद कलिंग देश अय होने पर देवताओं के प्रिय का धर्मपालन, धर्म-कर्म र धर्मानुशासन अच्छी तरह से हुआ। कलिंग के जीतने पर ताओं के प्रिय को बड़ा पश्चात्ताप हुआ, क्योंकि जिस देश [illegible]

[illegible]

[illegible]

द हुआ। देवताओं के प्रिय को इससे और भी दुःख हुआ [illegible] ाय के मनुष्य और [illegible] माता-पिता की सेवा, [illegible] जाति, दास और [illegible] और जो दृढ़ भक्त ते हैं। ऐसे लोगों का वहाँ वध, विनाश या प्रियजनों से ात् वियोग होता है। अथवा जो स्वयं तो सुरक्षित होते हैं, जिनके मित्र, परिचित, सहायक और संबंधी विपत्ति में पड़ ते हैं, उन्हें भी अत्यंत स्नेह के कारण बड़ी पीड़ा होती है। ह सब विपत्ति वहाँ प्रायः हरेक मनुष्य के हिस्से पड़ती है। सले देवताओं के प्रिय को विशेष दुःख होता है। क्योंकि ऐसा ई देश नहीं है, जहाँ अनंत संप्रदाय न हों, और वे संप्रदाय

ब्राह्मणों और श्रमणों में (विभक्त) न हों, और कोई देश ऐसा नहीं है, जहाँ मनुष्य एक न एक संप्रदाय को न मानते हों। कलिंग देश में उस समय जितने आदमी मारे गये, मरे या कैद हुए, उनके सौवें या हजारवें हिस्से का नाश भी अब देवताओं के प्रिय को बड़े दुःख का कारण होगा।

कलिंगविजय के बाद अशोक की मानसिक वृत्ति बदल गई, उसने शस्त्रों के द्वारा विजय करना छोड़ कर धर्मविजय के लिये उद्योग प्रारंभ किया। पर कलिंगविजय के बाद मा[illegible] साम्राज्य अपने विकास की चरम सीमा को पहुंच गया अ[illegible] सुदूर दक्षिण के कुछ तामिल प्रदेशों को छोड़कर संपूर्ण भार[illegible] एक सम्राट् की अधीनता में आ गया। खून की नदी बहा[illegible] जिस कलिंग पर विजय प्राप्त की गई थी, उसके सुशासन [illegible] कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी गई। इस प्रदेश को एक नय[illegible] प्रांत के रूप में परिणत किया गया। इसकी राजधानी तुष[illegible] नगरी थी, और इसके शासन के लिये राजघराने के एक 'कुमा[illegible] को ही प्रांतीय शासक के रूप में नियुक्त किया गया। कलि[illegible] में किस शासननीति का अनुसरण किया जावे, इसे स्पष्ट कर[illegible] के लिये अशोक ने वहाँ दो विशेष शिलालेख उत्कीर्ण करा[illegible] थे। इनमें वे आदेश उल्लिखित कराये गये थे, जिनके अनुसा[illegible] शासन करने से कलिंग के गहरे घाव भलीभांति ठीक हो सके।

कलिंगविजय के अतिरिक्त अशोक ने अन्य किसी प्रदे[illegible] को जीत कर मागध साम्राज्य में सम्मिलित नहीं किया। शस्त्रयु[illegible] से उसका मन बिलकुल ऊब गया था। कलिंग के समीप बहु[illegible] सी आटविक जातियाँ निवास करती थीं, जिन्हें काबू में [illegible] सकना सुगम बात नहीं थी। जब उसके राजकर्मचारियों [illegible] अशोक से पूछा, कि क्या इनका दमन करने के लिये युद्ध किय[illegible] जाय, तो उसने यही आदेश दिया, कि इन वनवासि[illegible]

तियों को भी धर्म द्वारा ही वश में किया जाय। उसने अपने शिलालेख में कहा है—कदाचित् आप यह जानना चाहेंगे जो सीमांत जातियाँ नहीं जीती गई हैं, उनके संबंध में हम लोगों के प्रति राजा की क्या आज्ञा है। तो मेरा उत्तर यह है राजा चाहते हैं कि वे सीमांत जातियाँ मुझसे न डरें, मुझ र विश्वास करें और मुझसे सुख ही प्राप्त करें, कभी दुःख पावें। वे यह भी विश्वास रखें कि जहाँ तक क्षमा का व्यवहार हो सकता है, वहाँ तक राजा हम लोगों के साथ क्षमा का र्ताव करेगा। अब इस शिक्षा के अनुसार चलते हुए आपको सा काम करना चाहिये कि सीमांत जातियाँ मुझ पर भरोसा रें और समझें कि राजा हमारे लिये वैसे ही हैं, जैसे कि पेता।

(३) मागध साम्राज्य की सीमा

अशोक के समय में मागध साम्राज्य की सीमाएं कहाँ तक पहुँची हुई थीं, इस विषय पर उसके शिलालेखों से अच्छा प्रकाश पड़ता है। वस्तुतः, इन्हीं शिलालेखों के आधार पर यह ठीक-ठीक जाना जा सकता है, कि मौर्यकाल में मगध का साम्राज्य कहाँ तक फैला हुआ था। अशोक के चतुर्दश शिलालेखों की दो प्रतियाँ बंगाल की खाड़ी के पास साम्राज्य के पूर्वी प्रदेश में उपलब्ध हुई हैं। इनमें से एक धौली नामक ग्राम के समीप, पुरी जिले के भुवनेश्वर नामक स्थान से दक्षिण की ओर सात मील की दूरी पर पाई गई है। दूसरी प्रति मद्रास प्रांत के गंजाम जिले में जौगढ़ नामक स्थान पर उपलब्ध हुई है। धौली और जौगढ़ दोनों प्राचीन कलिंग देश के अंतर्गत थे। कलिंग भारत के दक्षिणपूर्वी भाग में है, और निःसन्देह यह अशोक के साम्राज्य का भी दक्षिणपूर्वी भाग

दी था। चतुर्दश शिलालेखों की तीसरी प्रति देहरादून ज़िले के कालसी नामक ग्राम के समीप पाई गई है। देहरादून से चकरौता को जो सड़क गई है उससे कुछ दूर हट कर ठीक उस स्थान पर जहाँ कि यमुना नदी हिमालय पर्वत को छोड़ कर मैदान में उतरती है, यह तीसरी प्रति विद्यमान है। चौथी और पाँचवी प्रतियाँ भारत के पश्चिमोत्तर प्रदेश में प्राप्त हुई हैं। एबटाबाद से पंद्रह मील उत्तर की तरफ हज़ारा ज़िले में मनसेरा नामक स्थान पर एक प्रति मिली है, और पेशावर से चालीस मील उत्तरपूर्व की तरफ शाहबाजगढ़ी के समीप दूसरी। चतुर्दश शिलालेखों की छठवीं प्रति काठियावाड़ के जूनागढ़ नामक नगर के समीप और सातवीं प्रति बम्बई से तीस मील उत्तर की ओर थाना ज़िले में सोपारा नामक स्थान पर मिली है। चतुर्दश शिलालेखों की कोई भी प्रति दक्षिणी भारत में अब तक उपलब्ध नहीं हुई है, परंतु सुदूर दक्षिण में अशोक के अन्य अनेक शिलालेख मिले हैं। लघु शिलालेखों की तीन प्रतियाँ मैसूर के चीतलद्रुग ज़िले में, एक सिद्धपुर में, दूसरी ब्रह्मगिरि में और तीसरी जटिंग रामेश्वर पहाड़ पर मिली हैं। अशोक के शिलालेखों का इस प्रकार संपूर्ण भारत में प्राप्त होना उसके साम्राज्य की सीमा पर अच्छा प्रकाश डालता है। इससे हम सहज ही यह समझ सकते हैं, कि उसके साम्राज्य का विस्तार कहाँ-कहाँ तक थ मैसूर तक का सारा भारत उसके साम्राज्य के अंतर्गत इस संबंध में इन शिलालेखों से कोई संदेह नहीं रह जाव

पर इस विषय में अधिक बारीकी से विचार करने लिये अशोक के शिलालेखों की अंत साक्षी भी बहुत सहाय है। इनमें मौर्य सम्राट् के अधीन प्रदेशों को 'विजित' कह गया है, और जो साम्राज्य के पड़ोस के स्वतंत्र राज्य थे, उन

त्यंत' की संज्ञा दी गई है। दक्षिण के प्रत्यंत चोड, पांड्य,
रल, सातियपुत्र और ताम्रपर्णी थे। उस युग में चोड देश
ी राजधानी भूगोलवेत्ता टालमी के अनुसार ओर्थोरा थी।
सी का वर्तमान प्रतिनिधि त्रिचनापली के समीप उडैयूर है।
ांड्य देश की राजधानी मदुरा थी। केरल में मलाबार और
र्ग के प्रदेश सम्मिलित थे। सातियपुत्र का अभिप्राय वर्तमान
ट्रावनकोर से है। ताम्रपर्णी लंका या सिंहलद्वीप का ही प्राचीन
ाम है। *इस प्रकार यह स्पष्ट है, कि त्रिचनापली, मदुरा*
ट्रावनकोर तथा मलाबार के सुदूर दक्षिण में स्थित प्रदेश मौर्य
साम्राज्य के अंतर्गत नहीं थे। उनकी गिनती प्रत्यंत राज्यों में थी।

उत्तरपश्चिम में अशोक के प्रत्यंत राज्य वे थे, जहां अंति-
योक नाम का यवन राजा राज्य करता था, और उससे परे
तुरमय, अंतिकिनि, मक और अलिकसुन्दर नाम के राजा
राज्य करते थे। अंतियोक से अभिप्राय सीरिया तथा पश्चिमी
एशिया के अधिपति एंटियोकस द्वितीय थिओस से है। वह
सैल्यूकस का पौत्र था और इस समय में उसके साम्राज्य का
अधिपति था। तुरमय आदि और भी परे के राजा थे।
सैल्यूकस ने हिंदूकुश और उसके समीप के जिन प्रदेशों को
चन्द्रगुप्त मौर्य को दे दिया था, उनका उल्लेख हम पहले कर
चुके हैं। यह स्पष्ट है, कि अशोक का पड़ोसी स्वतंत्र राजा
सैल्यूकस का वंशज अंतियोक ही था। इस प्रकार कांबो
से बंगाल की खाड़ी तक और हिमालय से चोड देश तक
सारा भारत उसके विजित या साम्राज्य के अंतर्गत था। मग
का विशाल साम्राज्य अब अपने विस्तार की चरम सीमा
पहुंच गया था।

अशोक के शिलालेखों में मौर्य साम्राज्य (विजित) की उस
सीमाओं के अंतर्गत कुछ ऐसे विशेष जनपद भी थे, जिन

अपने शासन के संबंध में विशेष अधिकार प्राप्त थे। अशोक के शिलालेखों में उनके नामों का उल्लेख इस प्रकार किया गया है—यवन, कांबोज, गांधार, रठिक, पितिनिक, नाभक, नाभपंति, आंध्र और पुलिंद। इन सरंचित राज्यों का प्रथम वर्ग यवन, कांबोज और गांधार का है, जो उत्तरापथ में था। यवन या योन का अभिप्राय किसी यवन व ग्रीक बस्ती से है। सिकंदर ने जब भारत पर आक्रमण किया था, तो उसने हिंदूकुश पर्वत की उपत्यका में एक नगरी बसाई थी, जिसका नाम अलक्सांड्रिया रखा था। संभवतः यहाँ बहुत से यूनानी (यवन) लोग बस गये थे। सिकंदर अपने आक्रमण के स्थिर प्रभाव के रूप में यदि कुछ यवन बस्तियाँ भारत में छोड़ गया हो, तो यह सर्वथा स्वाभाविक है। कांबोज से पामीर पर्वतमाला के प्रदेश तथा बदख़शाँ का ग्रहण होता है। गांधार की राजधानी तक्षशिला थी और उसके समीपवर्ती उत्तरपश्चिमी सीमाप्रांत के प्रदेश इस राज्य के अंतर्गत थे। यह अशोक के सरंचित राज्यों का पहला वर्ग है। दूसरा वर्ग नाभक और नाभपति का था। इनकी ठीक स्थिति के संबंध में विद्वानों में बहुत मतभेद है। कुछ विद्वानों ने प्रतिपादित किया है कि नाभक और नाभपति का अभिप्राय खोतान से है, जो पामीर के उत्तर में था। तीसरा वर्ग भोज-पितनिक या रठिक-पितनिक का था। ये प्रदेश संभवतः आधुनिक बरार और महाराष्ट्र के अंतर्गत थे। चौथा वर्ग आंध्र और पुलिंद का था। आंध्र देश मद्रास प्रांत में अब भी है। पुलिंद की स्थिति आंध्र के उत्तर में थी। वायुपुराण के अनुसार पुलिंद जाति विन्ध्याचल की तराई में निवास करती थी। कुछ विद्वानों ने इनकी स्थिति वर्तमान जबलपुर जिले के समीप प्रतिपादित की है।

गेव कुछ ऐसे प्रदेश भी थे, जो अपना शासन स्वयं करते थे, मौर्य सम्राट् के अधीन होते हुए भी जिन्हें अपने आतरिक मामलों में स्वतंत्रता प्राप्त थी। इनकी स्थिति वर्तमान भारत की रियासतों के सदृश समझी जा सकती है।

(४) विदेशों के साथ संबंध

सारे मागध साम्राज्य की राजधानी पाटलीपुत्र ही थी, किंतु कई अन्य राजधानियाँ भी थीं, जिनमें राजा की तरफ से कुमार और महामात्य रहते थे। ऐसी उपराजधानियाँ तक्षशिला, उज्जैनी, तोषाली और सुवर्णगिरि थीं। मौर्यों के विशाल साम्राज्य का शासन एक राजधानी से नहीं हो सकता था।

सम्राट् अशोक ने अपने शिलालेखों में अनेक समकालीन विदेशी राज्यों और उनके राजाओं का उल्लेख किया है। इनके नाम ये हैं:—

१ अंतियोक—यह पश्चिमी एशिया का सीरियन सम्राट् एंटियोकस द्वितीय थिओस था, जिसका शासनकाल २६१ ई० पू० से २४६ ई० पू० तक है। यह सैल्यूकस का पौत्र था और उसी साम्राज्य का अधिपति हुआ था, जिसे सैल्यूकस ने सिकंदर के मैसीडोनियन साम्राज्य के भग्नावशेष पर कायम किया था। अंतियोक के साम्राज्य की सीमा मागध साम्राज्य की सीमा को छूती थी।

तुरुमय—यह ईजिप्ट (मिश्र) का अधिपति टालमी द्वितीय फिलेडेल्फस (२८५-२४७ ई० पू०) था।

अंतिकिनि - यह मैसिडोनिया का राजा एंटिगोनस गोनेटस (२७६-२३६ ई० पू०) था।

४. मक—यह साइरिनि का अधिपति मेगस था, जिसका राज्यकाल ३०० से २५० ई० पू० तक है।
५. अलिकसुन्दर—यह एपिरस का राजा एलेक्जेंडर (२७२-२५५ ई० पू०) था।

इन सब विदेशी राजाओं के साथ सम्राट् अशोक का संबंध था। इनके राज्यों में उसने धर्मविजय के लिये प्रयास किया। उसके इस प्रयत्न पर हम आगे विचार करेंगे। सीरिया के राजा के राजदूत चंद्रगुप्त और बिंदुसार के समय में पाटलीपुत्र की राजसभा में रह चुके थे। संभवतः अशोक के समय में भी इस राज्य का दूत भारत की राजधानी में रहा हो। ईजिप्त के राजा टालमी फिलडेल्फस ने भी एक दूतमंडल पाटलीपुत्र में भेजा था, जिसका नेता डायोनीसियस था। मागध सम्राट् के राजदूत भी इन विदेशों में जाते थे। अशोक ने अपने एक शिलालेख में लिखा है कि जहाँ देवताओं के प्रिय के दूत नहीं पहुँचते, वहाँ भी देवताओं के प्रिय का धर्माचरण, धर्मविधान और धर्मानुशासन सुन कर लोग धर्म के अनुसार आचरण करते हैं। इस से स्पष्ट है, कि अशोक के दूत विदेशों में अनेक स्थानों पर निवास करते थे।

(५) अशोक के शिलालेख

सम्राट् अशोक के बहुत से उत्कीर्ण लेख आजकल उपलब्ध हैं। उसके इतिहास को जानने के लिये इनसे उत्तम अन्य साधन नहीं। अशोक ने अपने इन शिलालेखों को धम्मलिपि कहा है। उनकी जो दो प्रतियाँ उत्तरपश्चिमी सीमाप्रांत के पेशावर और हजारा जिलों में मिली हैं, वे खरोष्ठी लिपि में हैं, शेष सब ब्राह्मी लिपि में। उसके लेख शिलाओं, पत्थर की ऊंची लाटों और गुफाओं में उत्कीर्ण किये गये हैं। इनका संक्षेप में वर्णन देना बहुत उपयोगी है।

(क) चतुर्दश शिलालेख—अशोक के लेखों में ये सब से प्रधान हैं, और एक के नीचे दूसरा करके सब इकट्ठे खुदे हुए हैं। इनकी आठ प्रतियाँ आठ विभिन्न स्थानों पर अविकल या अपूर्ण रूप में मिली हैं। जिन स्थानों पर ये चौदह लेख मिले हैं, वे निम्नलिखित हैं :—

१. पेशावर जिले में शाहबाजगढ़ी—पेशावर से चालीस मील उत्तरपूर्व की ओर यूसुफजाई ताल्लुके में शाहबाजगढ़ी नाम का गाँव है। उससे आध मील की दूरी पर एक विशाल शिला है, जो चौबीस फीट लम्बी, दस फीट ऊँची और दस फीट मोटी है। इस शिला पर बारहवें लेख को छोड़ कर अन्य सब लेख खुदे हुए हैं। बारहवाँ लेख पचास गज की दूरी पर एक पृथक् शिला पर उत्कीर्ण है। शाहबाजगढ़ी गाँव नया है, पर इसी जगह पुराने समय में एक विशाल नगर था, जिसके खंडहर अब तक पाये जाते हैं। एक ऐतिहासिक के अनुसार अशोक के अधीन यवनराज्य की राजधानी सम्भवतः यहीं पर थी।

२. मानसेरा—उत्तरपश्चिमी प्रांत के हजारा जिले में यह स्थान है। यहाँ केवल पहले बारह लेख ही उपलब्ध हुए हैं। तेरहवें और चौदहवें लेख अभी इस स्थान के समीप कहीं नहीं मिले। मानसेरा का शिलालेख जहाँ उत्कीर्ण है, उसके समीप से होकर संभवतः प्राचीन काल में यह सड़क जाती थी, जिसके द्वारा तीर्थयात्री लोग भट्टारिका देवी के दर्शनों को जाया करते थे। अब भी उधर बेरी नामक तीर्थस्थान है।

३. कौलसी—देहरादून जिले में यमुना के तट पर एक विशाल शिला पर अशोक के पूरे चौदह लेख उत्कीर्ण हैं। यह स्थान हिमालय की उपत्यका के प्रदेश जौनपुर भावर के द्वार पर है। इस प्रदेश की सभ्यता, धर्म व चरित्र शेष भारत से बहुत कुछ भिन्न है। एक स्त्री के अनेक पति होने की बात अभी तक यहाँ

जाती है। इसके देवी-देवता भी अन्य हिंदुओं से भिन्न हैं संभवतः मौर्य युग में भी यह प्रदेश सभ्यता की दृष्टि से पृथक था, और इसीलिये इसमें अपने धर्मसंदेश को पहुँचाने के लिये अशोक ने उसके द्वार पर अपने लेख उत्कीर्ण कराये थे। प्राचीन समय का भृगु नगर भी इसी के समीप था।

४. गिरनार—काठियावाड़ की प्राचीन राजधानी गिरिनगर के समीप ही एक विशाल शिला पर ये चौदह लेख उत्कीर्ण हैं

५. सोपारा—यह स्थान बम्बई प्रांत के थाना जिले में है प्राचीन शूर्पारक नगरी संभवतः यहीं पर थी। प्राचीन ग्रीक लेखकों ने भी इसे सुपारा और सुपारा नाम से लिखा है। यहां आठवें शिलालेख का केवल तिहाई हिस्सा भग्नावस्था में मिला है। पर इससे यह सहज में ही अनुभव किया जा सकता है, कि किसी समय में यहाँ पूरे चौदह लेख विद्यमान थे।

६. धौली—उड़ीसा में भुवनेश्वर (जिला पुरी) से सात मील की दूरी पर यह जगह है। मौर्ययुग में संभवतः यहीं तोषाली नगरी थी, जो कलिंग की राजधानी थी। वर्तमान धौली गाँव के पास अश्वस्तंभ नाम की एक शिला है. जिस पर अशोक के लेख उत्कीर्ण हैं। चतुर्दश शिलालेखों में नं० ११, १२ और १३ यहाँ नहीं मिलते। उनके स्थान पर दो अन्य विशेष लेख मिलते हैं, जिन्हें कि अशोक ने कलिंग के लिये विशेषरूप से उत्कीर्ण कराया था।

७. जौगढ़— [illegible]
यह भी प्राचीन [illegible]
१२ और १३ नंबर [illegible] वाल
वे दो विशेष लेख मिलते हैं जो खास कर कलिंग के लिये उत्कीर्ण कराये गये थे।

८. अशोक के चतुर्दश शिलालेखों की आठवीं प्रति आंध्रदेश

कर्नूल जिले में पिछले दिनों में ही मिला है।

१. रूपनाथ—मध्यप्रान्त के जबलपुर जिले में कैमोर पर्वत की उपत्यका में एक शिला पर ये लेख उत्कीर्ण हैं। यह स्थान दुर्गम चट्टानों और जंगली जानवरों से भरा हुआ है। पर यह एक प्रसिद्ध स्थान है, जहाँ प्रतिवर्ष हजारों यात्री शिव की उपासना के लिये एकत्र होते हैं।

२. सहसराम—बिहार प्रान्त के शाहाबाद जिले में सहसराम नाम का कसबा है। उसके पूर्व में चन्दनपीर पर्वत की एक कृत्रिम गुफा में ये लेख उत्कीर्ण हैं. अशोक के समय में यहाँ भी एक प्रसिद्ध तीर्थ था। वर्तमान समय में यहाँ एक मुसलमान फकीर की दरगाह है।

३. बैराट - यह स्थान राजपूताने की जयपुर रियासत में है। इसके समीप ही बिसगीर नामक पहाड़ के नीचे लघु शिलालेखों की एक प्रति उपलब्ध हुई है। पुरानी अनुश्रुति के अनुसार पांडव लोग बनवास के अन्त में इसी स्थान पर आकर रहे थे।

४. सिद्दपुर—यह स्थान मैसूर के चीतलद्रुग जिले में है।

५. जतिङ्गरामेश्वर—यह भी चीतलद्रुग जिले में ही है।

६. ब्रह्मगिरि—यह भी चीतलद्रुग में सिद्दपुर और जतिङ्गरामेश्वर के समीप में ही है।

७. मास्की—यह निजाम हैदराबाद रियासत के रायपूर जिले में है। इस स्थान पर जो लेख मिले हैं, वे बहुत भग्नावस्था में हैं। पर ऐतिहासिक दृष्टि से उनका बड़ा महत्त्व है। इसी से यह बात प्रामाणिकरूप से ज्ञात हो सकी है, कि राजा प्रियदर्शी

के नाम से जो विविध शिलालेख भारत भर में उपलब्ध हुए हैं, वे वस्तुतः मौर्य सम्राट् अशोक के ही हैं। उसमें स्पष्ट रूप से राजा अशोक का नाम दिया गया है। यह नहीं समझना चाहिये, कि इन सातों स्थानों पर एक ही लेख की भिन्न-भिन्न प्रतियाँ मिलती हैं, जैसा कि चतुर्दश शिलालेखों के विषय में कहा जा सकता है। चीतलद्रुग के तीनों स्थानों—सिद्दपुर, जटिङ्गरामेश्वर और ब्रह्मगिरि में थोड़े से पाठभेद के साथ एक ही लेख उत्कीर्ण है। यह लेख दो भागों में विभक्त है। पहला भाग थोड़े से पाठभेद के साथ सहसराम, रूपनाथ, बैराट और मास्की में भी मिलता है। पर दूसरा भाग चीतलद्रुग के इन तीन स्थानों के अतिरिक्त अन्य कहीं नहीं मिलता।

(ग) भाब्रू का लेख—जयपुर रियासत में बैराट नगर के पास ही एक चट्टान पर यह लेख उत्कीर्ण है। प्राचीन समय में यहाँ एक बौद्ध विहार था, और अशोक ने इस लेख को इसलिये खुदवाया था कि विहार में निवास करने वाले भिक्षुओं को यथोचित आदेश दिये जावें। इस लेख में अशोक ने उन बौद्ध ग्रंथों के नाम विज्ञापित कराये थे, जिन्हें वह इस योग्य समझता था कि भिक्खु लोग उनका विशेष रूप से अनुशासन करें। संभवतः इसी प्रकार के लेख अन्य बौद्ध विहारों पर भी लगवाये गये थे।

(घ) सप्त स्तंभ लेख—शिलाओं के समान स्तंभों पर भी अशोक ने लेख उत्कीर्ण कराये थे। ये स्तंभलेख निम्नलिखित स्थानों पर उपलब्ध हुए हैं:—

१. दिल्ली में टोपरा स्तंभ—यह वर्तमान समय में दिल्ली में विद्यमान है। यह फ़ीरोज़शाह की लाट के नाम से मशहूर है। पहले यह स्तंभ दिल्ली से ९० मील की दूरी पर यमुना के किनारे टोपरा (अंबाला ज़िले में सढौरा के पास) में स्थित था।

[सुलतान फ़ीरोज़शाह तुग़लक़ इसे दिल्ली ले आया था, और उसे उसके वर्तमान स्थान पर स्थापित किया था, जो कि दिल्ली दरवाज़े के बाहर फ़ीरोज़शाह का कोटला कहलाता है।

२. दिल्ली में मेरठ स्तंभ—यह पहले मेरठ में था। फ़ीरोज़शाह तुग़लक़ इसे भी दिल्ली ले आया था, और कश्मीर दरवाज़े के उत्तरपश्चिम में पहाड़ी पर स्थापित किया था। कहते हैं कि फ़र्रुखसियर (१७१३ से १७१९ तक) के समय में बारूदख़ाने के फट जाने से इसे बहुत नुकसान पहुँचा था। गिर कर इसके अनेक टुकड़े हो गये थे। बाद में १८६७ में इसे फिर यथापूर्व खड़ा किया गया था।

३. इलाहाबाद स्तंभ—यह वही प्रसिद्ध स्तंभ है, जिस पर गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त की प्रशस्ति भी उत्कीर्ण है। यह अब प्रयाग के पुराने क़िले में स्थित है। इस पर अशोक के दो लेख हैं, जो कौशाम्बी के शासनाधिकारियों को आदेश के रूप में संबोधन किये गये हैं।

४. लौड़िया अरराज स्तंभ—बिहार प्रांत के चंपारन ज़िले में राधिया नामक गाँव है। उससे २½ मील पूर्वदक्षिण में अरराजमहादेव का मंदिर है। वहाँ से मील भर लौड़िया नामक स्थान पर यह स्तंभ विद्यमान है। इस पर भी अशोक के लेख उत्कीर्ण हैं।

५. लौड़िया नन्दनगढ़—यह भी, बिहार के चंपारन ज़िले में है। पूर्वलिखित लौड़िया से उत्तर-पश्चिम में नेपाल राज्य की तरफ़ जाते हुए लौड़िया नंदनगढ़ का [illegible] है। इसी स्थान पर पिप्पलिवन का [illegible]
का मोरियगण, जिसके एक [illegible]
[illegible]पना की, संभवतः यहीं पर [illegible]

(च) अन्य स्तंभलेख—सप्त स्तंभलेखों और लघु स्तंभलेखों के अतिरिक्त अशोक के कुछ अन्य स्तंभलेख भी निम्नलिखित स्थलों पर मिले हैं:—

१. रुम्मिनदेई स्तंभ—नेपाल राज्य की भगवानपुर तहसील में पडेरिया नाम का गाँव है। उससे एक मील उत्तर की तरफ रुम्मिनदेई का मंदिर है। यहाँ एक प्राचीन स्तंभ पर अशोक का एक लेख उत्कीर्ण है। यद्यपि यह लेख बहुत छोटा है, पर बहुत महत्त्वपूर्ण है। उसमें लिखा है—'यहाँ भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था।' बुद्ध के जन्मस्थान लुम्बिनीवन की स्थिति का निश्चय इसी लेख से हुआ है।

२. निग्लीव स्तंभ—रुम्मिनदेई स्तंभ के उत्तरपश्चिम में तेरह मील दूर निग्लीव स्तंभ है। यह निग्लीव नाम के गाँव के पास, इसी नाम की झील के पश्चिमी तट पर स्थित है। इस स्तंभ को भी तीर्थ-यात्रा के संबंध में ही स्थापित किया गया था। इस स्तंभ पर उत्कीर्ण लेख में अशोक द्वारा कनकमुनि बुद्ध के स्तूप की मरम्मत किये जाने का उल्लेख है।

३. रानी का लेख—यह लेख इलाहाबाद के स्तंभ पर ही उत्कीर्ण है। इसमें सम्राट् अशोक ने अपनी दूसरी रानी कारुवाकी के दान का उल्लेख किया है।

६. गुहालेख—शिलाओं और स्तंभों के अतिरिक्त गुहामंदिरों में भी अशोक ने कुछ लेख उत्कीर्ण कराये थे। इस प्रकार के तीन लेख अब तक उपलब्ध हुए हैं। इनमें अशोक द्वारा

ो अंतों के बारे में यही इच्छा है कि वे मुझसे डरें नहीं, र मुझ पर विश्वास रखें। वे मुझसे सुख ही पावेंगे, दुःख ीं। वे यह विश्वास रखें कि जहाँ तक क्षमा का बर्ताव हो केगा, राजा हमसे क्षमा का बर्ताव ही करेगा। (दूसरा कलिंग ख)

यही भाव उन आटविक जातियों के प्रति प्रगट किया गया, । उस समय के महाकांतारों में निवास करती थीं, और जिन्हें ासन में रखने लिये राजाओं को सदा शस्त्र का प्रयोग करने ी आवश्यकता रहती थी। शस्त्रों से विजय की नीति को छोड़ र अशोक ने धर्म द्वारा विजय की नीति को अपनाया था।

अशोक का इस धर्म से क्या अभिप्राय था? जिस धर्म से ह अपने साम्राज्य के सीमावर्ती प्रदेशों पर विजय प्राप्त करने ा उद्योग कर रहा था, क्या वह कोई संप्रदाय विशेष था, या र्म के सर्वसम्मत सिद्धांत? अशोक के शिलालेखों से यह बात लीभांति स्पष्ट हो जाती है। वह लिखता है—धर्म यह है कि ास और सेवकों के प्रति उचित व्यवहार किया जाय, माता पेता की सेवा की जाय, मित्र, परिचित रिश्तेदार, श्रमण और ब्राह्मणों को दान दिया जाय और प्राणियों की हिंसा न की जाय।

एक अन्य लेख में अशोक ने अपने धम्म को इस प्रकार समझाया है—'माता और पिता की सेवा करनी चाहिये। (प्राणियों के) प्राणों का आदर दृढ़ता के साथ करना चाहिये। (अर्थात् जीवहिंसा नहीं करना चाहिये), सत्य बोलना चाहिये, धम्म के इन गुणों का प्रचार करना चाहिये, विद्यार्थी को आचार्य की सेवा करनी चाहिये और सब को अपने जाति-भाइयों के प्रति उचित बर्ताव करना चाहिये। यही प्राचीन (धर्म की) रीति है। इससे आयु बढ़ती है, और इसी के अनु-सार मनुष्यों को चलना चाहिये।

(६) धर्मविजय का उपक्रम

इतिहास में अशोक के महत्त्व का मुख्य कारण उसकी धर्मविजय है। मागध साम्राज्य की विश्वविजयिनी शक्ति को सिकंदर और सीजर की तरह अन्य देशों पर आक्रमण करने में न लगाकर उसने धर्मविजय के लिये लगाया। कलिंग को जीतने में जो लाखों आदमी मारे गये थे, क़ैद हुए थे, लाखों स्त्रियाँ विधवा व बच्चे अनाथ हुए थे, उसे देखकर अशोक के हृदय में यह विचार आया, कि जहाँ लोगों का इस प्रकार वध हो, वह विजय निरर्थक है। इस प्रकार की विजय को देख कर उसे बहुत दुःख और अनुताप हुआ। उसने निश्चय किया, कि अब यह किसी देश पर आक्रमण कर इस तरह से विजय नहीं करेगा। अपने पुत्रों और पौत्रों के लिये भी उसने यही आदेश दिया, कि वे शस्त्रों द्वारा नये प्रदेशों की विजय न करें, और जो धर्म द्वारा विजय हो, उसी को वास्तविक रूप से विजय समझें।

इसी विचार से अशोक ने सुदूर दक्षिण के चोड, पांड्य, केरल, सातियपुत्र और ताम्रपर्णी के राज्यों में तथा साम्राज्य की उत्तर-पश्चिमी सीमा पर स्थित यवन अंतियोक आदि द्वारा शासित प्रदेशों में शस्त्रविजय की जगह धर्मविजय का उपक्रम किया। मागध साम्राज्य की जो सैनिक शक्ति उस समय थी, यदि वह चाहता तो उससे इन सब प्रदेशों को जीत कर अपने अधीन कर सकता था। पर कलिंगविजय के बाद जो अनुताप की भावना उसके हृदय में उत्पन्न हुई थी, उससे उसने अपनी नीति को बदल दिया। इसीलिये उसने अपने महामात्यों (उच्च राजपदाधिकारियों) को यह आज्ञा दी—शायद आप लोग यह जानना चाहेंगे, कि जो अंत (सीमावर्ती राज्य) अभी तक जीते नहीं गये हैं, उनके संबंध में राजा की क्या आज्ञा है।

लोगों तक को भी यह कहना चाहिये—यह मंगलाचार अच्छा है, इसे तब तक करना चाहिये, जब तक अभीष्ट कार्य की सिद्धि न हो। यह कैसे ? (अर्थात् धर्म के मंगलाचार से अभीष्ट कार्य कैसे सिद्ध होता है ?) इस संसार के जो मंगलाचार हैं, वे संदिग्ध हैं, अर्थात् उन से अभीष्ट कार्य सिद्ध हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता। संभव है, उनसे केवल ऐहिक फल ही मिलें। किंतु धर्म के मंगलाचार काल से परिच्छिन्न नहीं हैं (अर्थात् सब काल में उनसे फल मिल सकता है)। यदि इस लोक में उनसे अभीष्ट फल की प्राप्ति न हो, तो परलोक में तो अनंत पुण्य होता ही है। यदि इस लोक में अभीष्ट कार्य सिद्ध हो गया, तो दोनों लाभ हुए अर्थात् यहाँ भी कार्य सिद्ध हुआ, परलोक में भी अनंत पुण्य प्राप्त हुआ।

इसी प्रकार एक अन्य लेख में साधारण दान और धर्म-दान में तुलना की गई है। अशोक की सम्मति में ऐसा कोई दान नहीं है, जैसा धर्म का दान है। इस लिये जिस व्यक्ति को दान की इच्छा हो, वह धर्म का दान करे। धर्म का दान क्या है ? धर्म का अनुष्ठान। अतः माता-पिता की सेवा की जाय, हिंसा न की जाय, दासों और सेवकों से उचित व्यवहार किया जाय। सच्चा दान करने वाला व्यक्ति धर्म को जाने और धर्म का अनुष्ठान करे।

एक अन्य लेख में अशोक ने साधारण विजय और धर्म-विजय में भेद किया है। साधारणतया, राजा लोग शस्त्र द्वारा विजय करते हैं, पर धर्मविजय शस्त्रों द्वारा नहीं की जाती। इसके लिये तो औरों का उपकार करना होता है। धर्मविजय के लिये जनता का 'हित और सुख सम्पादित करना होता है, बुरे मार्ग से हट कर सन्मार्ग पर प्रवृत्त होना होता है, और सब प्राणियों को 'निरापद, संयमी, शांत और निर्भय, बनाने का

इसी प्रकार अन्यत्र शिलालेखों में लिखा है—'माता पिता की सेवा करना तथा मित्र, परिचित, स्वजातीय, ब्राह्मण और श्रमण को दान करना अच्छा है। थोड़ा व्यय करना और थोड़ा संचय करना अच्छा है।' फिर एक अन्य स्थान पर लिखा है—'धर्म करना अच्छा है, पर धर्म क्या है? धर्म यही है कि पाप से दूर रहे, बहुत से अच्छे काम करे, दया दान, सत्य और शौच (पवित्रता) का पालन करे।'

इन उद्धरणों से स्पष्ट है, कि अशोक का धम्म से अभिप्राय आचार के सर्वसम्मत नियमों से है। दया, दान, सत्य, मार्दव, गुरुजन तथा माता-पिता की सेवा, अहिंसा आदि गुण ही अशोक के धम्म हैं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अशोक अपने धम्म के सन्देश को ले जाने के लिये उत्सुक था। इसीलिये उसने बार-बार जनता के साधारण व्यवहारों और धम्म-व्यवहार की तुलना की है। यहाँ कुछ ऐसी तुलनाओं को उद्धृत करना उपयोगी है। चतुर्दश शिलालेखों में से नवाँ लेख इस प्रकार है—'लोग विपत्तिकाल में, पुत्र के विवाह में, कन्या के विवाह में, सन्तान की उत्पत्ति में, परदेश जाने के समय और इसी तरह के अन्य अवसरों पर अनेक प्रकार के मंगलाचार करते हैं। ऐसे अवसरों पर स्त्रियाँ अनेक प्रकार के क्षुद्र और निरर्थक मंगलाचार करती हैं। मंगलाचार अवश्य करना चाहिये, किंतु इस प्रकार के मंगलाचार प्रायः अल्प फल देने वाले होते हैं। पर धर्म का मंगलाचार महाफल देने वाला है। इसमें (धर्म के मंगलाचार में) दास और सेवकों के प्रति उचित व्यवहार, गुरुओं का आदर, प्राणियों की अहिंसा और ब्राह्मणों व श्रमणों को दान—यह सब करना होता है। ये सब कार्य तथा इसी प्रकार के अन्य कार्य धर्म के मंगलाचार कहलाते हैं। इसलिये पिता, पुत्र, भाई, स्वामी, मित्र, साथी और कहाँ तक कहें,

ादर्शी राजा के रसोईघर में शोरवे के लिये प्रतिदिन
:जारों प्राणी मारे जाते थे। पर अब जब यह धर्मलिपि
ाई, केवल तीन प्राणी, दो मोर और एक मृग मारे
वह मृग भी सदा नहीं। भविष्य में वे तीन प्राणी भी
जावेंगे।'

पीन भारत में समाज का अभिप्राय उन मेलों से था,
रथों की दौड़ और पशुओं की लड़ाई होती और उन
ी लगाई जाती थी। इन में पशुओं पर अकारण क्रूरता
ी। ऐसे समाज अशोक को पसंद नहीं थे। परंतु ऐसे
माज भी होते थे, जिनमें गाना-बजाना और अन्य निर्दोष
ोती थीं। इनमें विमान, हाथी, अग्निस्कंध आदि के दृश्य
ाये जाते थे। अशोक को ऐसे समाजों से कोई एतराज
ा। अशोक ने उन प्राणियों का वध सर्वथा रोक दिया,
खाये जाते हैं, और न ऐसे ही किसी अन्य उपयोग में
ं। ऐसे प्राणी निम्नलिखित थे—सुग्गा, मैना, अरुण,
, हंस, नांदीमुख, गेलाट, जतुका (चमगीदड़) अंबाक-
ा, कछुआ, बेहड्डी की मछली, जीवजीवक गंगापुपुटक,
ामत्स्य, साही, पर्णशश, बारहसिंगा, सांड, ओकपिंड मृग,
कबूतर और ग्राम के कबूतर। ये सब प्राणी केवल शौक
रण मारे जाते थे। इन्हें खाने का रिवाज उस समय नहीं
अशोक ने इस प्रकार की व्यर्थ हिंसा के विरुद्ध अपने
लेखों द्वारा आदेश प्रकाशित किया था। जहाँ खाने के
अथवा ऐसे ही उपयोगों से लिये पशुवध किया जाता है,
भी कम करने के लिये अशोक ने प्रयत्न किया था। वह
ता है—गाभिन या दूध पिलाती हुई बकरी, भेड़ी और
ी तथा इनके बच्चों को, जो छ: महीने तक के हों, नहीं
ना चाहिये। मुर्गों को बधिया नहीं करना चाहिये। जीवित

उद्योग करना होता है। यह विजय दया और त्याग से प्रा[illegible]
की जाती है।

इनके अतिरिक्त, धर्म की पूर्णता के लिये कुछ अवगुणों [illegible]
भी बचने की आवश्यकता है। जहाँ तक हो सके, 'आसीनव
कम करने चाहिये। पर ये आसीनव हैं क्या? चंडता, निष्ठुरत[illegible]
क्रोध, अभिमान और ईर्ष्या। अशोक ने लिखा है—मनुष्[illegible]
को यह देखना चाहिये, कि चंडता, निष्ठुरता, क्रोध, अभिमा[illegible]
और ईर्ष्या—ये सब पाप के कारण हैं। और उसे अपने मन [illegible]
सोचना चाहिये, कि इन सब के कारण मेरी निंदा न हो। इस
बात की ओर विशेष ध्यान देना चाहिये, कि इस मार्ग से मुझे
इस लोक में सुख मिलेगा और मेरा परलोक बनेगा।

ऊपर के उदाहरणों से यह स्पष्ट है, कि अशोक का धर्म
कोई सांप्रदायिक नहीं था। यद्यपि अशोक स्वयं बौद्धधर्म का
अनुयायी था, पर उसने जिस धर्मविजय के लिये उद्योग किया
था, वह कोई संप्रदाय विशेष का न होकर सब धर्मों के सर्व-
सम्मत सिद्धांतों का समाहार ही था।

(७) धर्मविजय के उपाय

अशोक ने जिन उपायों से धर्मविजय को सपन्न करने का
प्रयत्न किया, उन पर सक्षेप में प्रकाश डालना आवश्यक है।
सब से पूर्व उसने अपने और अपनी प्रजा के जीवन में सुधार
करने का उद्योग किया। भारत में जो क्रूरता व अकारण हिंसा
प्रचलित थी, उसे अशोक ने रोकने का प्रयत्न किया। 'यहाँ
किसी प्राणी की हत्या या होम न करना चाहिये, और न समाज
पर [illegible]
दो[illegible]
का [illegible]

होता था। अशोक को इस प्रकार की धर्मयात्राओं से बहुत ही आनंद प्राप्त होता था।

अपने राजकर्मचारियों को अशोक ने यह आदेश दिया, कि वे जनता के कल्याण के लिये निरंतर प्रयत्नशील रहें, किसी को अकारण दंड न दें, किसी के साथ कठोरता का बर्ताव न करें। यदि उस के राजकर्मचारी इन बातों का ध्यान न रखेंगे, तो धर्मविजय कैसे हो सकेगी? उसने लिखा है—'देवताओं के प्रिय की तरफ से तोसाली के महामात्य नगरव्यावहारिकों (न्यायाधीशों) को ऐसे कहना। आप लोग हजारों प्राणियों के ऊपर इसलिये नियुक्त किये गये हैं, कि जिससे हम अच्छे मनुष्यों के स्नेहपात्र बनें। आप लोग इस अभिप्राय को भलीभांति नहीं समझते। एक पुरुष भी यदि बिना कारण (बिना अपराध) बाँधा जाता है, या परिक्लेश पाता है, तो उससे बहुत लोगों को दुःख पहुँचता है। ऐसी दशा में आपको मध्यमार्ग से (अत्यंत कठोरता और अत्यंत दया, दोनों का त्याग कर) चलना चाहिये। किंतु ईर्ष्या, निठल्लापन, निठुरता जल्दबाजी, अनभ्यास, आलस्य और तंद्रा के रहते ऐसा नहीं हो सकता। इसलिये ऐसी चेष्टा करनी चाहिये, कि ये (दोष) न आवें। इसका भी मूल उपाय यह है, कि सदा आलस्य से बचना और सचेष्ट रहना। इसलिये सदा काम करते रहो, उठो, चलो, आगे बढ़ो। नगरव्यावहारिक सदा अपने समय (प्रतिज्ञा) पर दृढ़ रहें। नगरजन का अकारण बंधन और अकारण परिक्लेश न हो। इस प्रयोजन के लिये मैं धर्मानुसार प्रति पाँचवें वर्ष अनुसंधान के लिये निकलूंगा। उज्जैनी से भी कुमार हर तीसरे वर्ष ऐसे ही वर्ग को निकालेगा और तक्षशिला से भी।'

इस प्रकार के आदेशों का उद्देश्य यही था, कि साम्राज्य का

य की प्रशंसा करता है और दूसरे संप्रदाय की निंदा करता
यह वास्तव में अपने संप्रदाय को पूरी हानि पहुँचाता है।
प्रदाय (मेल-जोल) अच्छा है, अर्थात् लोग एक दूसरे के
र्म को ध्यान देकर सुनें और उसकी सेवा करें। क्योंकि देव-
ओं के प्रिय की यह इच्छा है, कि सब संप्रदाय वाले बहुत
ज्ञान और कल्याण का कार्य करने वाले हों। इसलिये जहाँ-
हाँ जो संप्रदाय वाले हों, उनसे कहना चाहिये कि देवताओं
प्रिय दान या पूजा को इतना बड़ा नहीं मानते, जितना इस
त को कि सब संप्रदायों के सार (तत्त्व) की वृद्धि हो।'

जनता को यह बात समझाने के लिये, कि वे केवल अपने ही
संप्रदाय का आदर न करें, अपितु अन्य मतमतावरों को भी
सम्मान की दृष्टि से देखें, सब मत वाले वाणी के संयम से
काम लें, और परस्पर मेलजोल से रहें, अशोक ने धर्ममहा-
मात्रों की नियुक्ति की। उनके साथ ही स्त्री महामात्र, व्रज-
भूमिक तथा अन्य राजकर्मचारिगण यही बात लोगों को
समझाने के लिये नियत किये गये।

इन्हीं धर्ममहामात्रों की नियुक्ति के प्रयोजन को एक अन्य
लेख में भलीभांति स्पष्ट किया गया है—बीते जमानों में
धर्ममहामात्र कभी नियुक्त नहीं हुए। इस लिये मैंने राज्याभिषेक
के तेरहवें वर्ष में धर्ममहामात्र नियुक्त किये। वे सब पाषण्डों
(संप्रदायों) के बीच नियत हैं। वे धर्म के अधिष्ठान के लिये,
धर्म की वृद्धि के लिये तथा धर्मयुक्त लोगों के सुख के लिये
हैं।... वे भृत्यों, ब्राह्मणों, धनी गृहपतियों, अनाथों, बूढ़ों के
बीच, हित-सुख के लिये, धर्मयुक्त प्रजा की अपरिबाधा
(बाधा से बचाने) के लिये संलग्न हैं। बधन और वध को
रोकने के लिये, बाधा से बचाने के लिये, कैद से छुड़ाने के
[illegible] ले हैं, बूढ़े हैं उनके बीच में वे व्यापृत

शासन निर्दोष हो, राजकर्मचारी जनता के कल्याण में तत्पर रहें और किसी पर अत्याचार न होने पावें। यह सब किये बिना धर्मविजय की आशा ही कैसे की जा सकती थी। राज्य-सुशासन की स्थापना के लिये ही अशोक ने यह व्यवस्था की, कि 'सब समयों में, चाहे मैं खाता होऊं, चाहे जनाने में होऊं, चाहे शयनागार मे होऊं, प्रतिवेदक हर समय प्रजा का कार्य मुझे बतावें। मैं सब जगह प्रजा का कार्य करूंगा।'

धर्मविजय के लिये मार्ग को साफ करने के लिये यह भी परम आवश्यक था, कि विविध संप्रदायों में मेल-जोल पैदा किया जाय। उस समय भारत में अनेक मत और संप्रदाय थे। इनमें परस्पर विरोध का रहना अस्वाभाविक नहीं था। अशोक ने इस तरफ भी ध्यान दिया। उसने लिखा है—'देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा विविध दान वा पूजा से गृहस्थ व सन्यासी, सब संप्रदाय वालों का सत्कार करते हैं। किंतु देवताओं के प्रिय दान या पूजा की इतनी परवाह नहीं करते, जितनी इस बात की कि सब सप्रदायों के सार (तत्त्व) की वृद्धि हो। संप्रदायों के सार की वृद्धि कई प्रकार से होती है, पर उसकी जड़ वाणी का संयम है. अर्थात् लोग केवल अपने ही संप्रदाय का आदर और बिना कारण दूसरे संप्रदाय की निंदा न करें। केवल विशेष-विशेष कारणों के होने पर ही निंदा होनी चाहिये। क्योंकि किसी न किसी कारण से सब संप्रदायों का आदर करना लोगों का कर्तव्य है। ऐसा करने से अपने सप्रदाय की उन्नति और दूसरे संप्रदायों का उपकार होता है। इसके विपरीत जो करता है, वह अपने संप्रदाय को भी क्षति पहुँचाता है, और दूसरे संप्रदायों का भी अपकार करता है। क्योंकि जो कोई अपने संप्रदाय की भक्ति में आकर, इस विचार से कि मेरे संप्रदाय का गौरव बढ़े, अपने सप्र-

कुछ ठोस काम भी था। देवताओं का प्रिय प्रियदर्शी राजा यों कहता है—मैंने सब जगह मार्गों पर बरगद के वृक्ष लगवा दिये हैं, ताकि पशुओं और मनुष्यों को छाया मिले। आमों की वाटिकायें लगवा दी हैं। आठ-आठ कोस पर मैंने कुएं खुदवाये हैं और सरायें बनवाई हैं। जहाँ तहाँ पशुओं और मनुष्यों के आराम के लिये बहुत से प्याऊ बैठा दिये हैं। किंतु ये सब आराम बहुत थोड़े हैं। पहिले राजाओं ने और मैंने भी विविध सुखों से लोगों को सुखी किया है। पर मैंने यह सब इसलिये किया है, कि लोग धर्म का आचरण करें।

'देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा के विजित (साम्राज्य) में सब स्थानों पर और वैसे ही जो सीमावर्ती राजा हैं, वहाँ, जैसे चोड़, पांड्य, सातियपुत्र, केरलपुत्र और ताम्रपर्णी में और अंतियोक नामक यवन राजा तथा जो उसके (अंतियोक के) पड़ोसी राजा हैं, उन सब देशों में देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा ने दो प्रकार की चिकित्सा, एक मनुष्यों की और दूसरी पशुओं की चिकित्सा, का प्रबंध किया है, और जहाँ पर मनुष्यों और पशुओं की चिकित्सा के लिये उपयुक्त औषधियाँ नहीं प्राप्त होती थीं, वहाँ लाई और लगाई गई हैं। इसी तरह से मूल और फल भी जहाँ नहीं थे, वहाँ लाये और लगाये गये हैं। मार्गों में पशुओं और मनुष्यों के आराम के लिये वृक्ष लगाये और कुएं खुदवाये गये हैं।'

'यह धर्मविजय देवताओं के प्रिय ने यहाँ (अपने साम्राज्य में) तथा छः सौ योजन दूर पड़ोसी राज्यों में प्राप्त की है। जहाँ अंतियोक नामक यवन राजा राज्य करता है। और उस अंतियोक से परे तुरमय, अंतिकिनि, मक और अलिकसुन्दर नाम के राजा राज्य करते हैं, और उन्होंने अपने राज्य के नीचे (दक्षिण

धर्मविजय प्राप्त की

हैं। ये यहाँ (पाटलीपुत्र में, बाहर के नगरों में, सब अंतःपुरों में, (मेरे) भाइयों के, बहनों के और अन्य जातियों के बीच सब जगह व्यापृत हैं। मेरे सारे विजित (साम्राज्य) में, धर्मयुक्त में ये धर्ममहामात्र व्यापृत हैं।'

इस प्रकार स्पष्ट है, कि धर्ममहामात्रों तथा उनके अधीनस्थ कर्मचारियों का काम यह था, कि वे सब संप्रदायों में मेल कायम करायें। जनता के हित और सुख के लिये यत्न करें। धर्मानुकूल आचरण करने वाली प्रजा को सब प्रकार की बाधाओं से बचाये रखें। शासन में किसी पर कठोरता न हो। कोई व्यर्थ क़ैद न किया जावे, किसी की व्यर्थ हत्या न हो। जो ग़रीब लोग हैं या जिन पर गृहस्थी की अधिक ज़िम्मेदारियाँ हैं ऐसे लोगों के साथ विशेष रियायत का बर्ताव हो। धर्ममहामात्र इन्हीं बातों के लिये सब नगरों में, सब सम्प्रदायों में व अन्यत्र नियुक्त किये गये थे।

ये धर्ममहामात्र केवल मौर्य साम्राज्य में ही नहीं, अपितु सीमांतवर्ती स्वतंत्र राज्यों में भी नियत किये गये। अपने 'विजित' में भलीभाँति धर्मस्थापना हो जाने के बाद अन्य देशों में भी धर्म द्वारा विजय का प्रयास शुरू किया गया। अशोक ने अपने शिलालेखों में इन सब राज्यों के नाम दिये हैं। सुदूर दक्षिण में चोड, पाड्य, केरल, सातियपुत्र और ताम्रपर्णी तथा पश्चिम में अंतियोक का यवन राज्य तथा उससे भी परे के तुरमाय, मक, अलिकसुन्दर और अंतिकिनि द्वारा शासित राज्य, जिनके संबंध में हम पहले लिख चुके हैं। दक्षिण में लंका तक और पश्चिम में सीरिया, मिश्र, मैसीडोनिया और ग्रीस तक अशोक ने अपने धर्ममहामात्र नियत किये। ये धर्ममहामात्र अपने धर्मविजय के उद्योग में केवल विविध सम्प्रदायों में मेल-जोल का ही यत्न नहीं करते थे, पर उनके सम्मुख

कुछ ठोस काम भी था। देवताओं का प्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसे कहता है—मैंने सब जगह मार्गों पर बरगद के वृक्ष लगवा दिये हैं, ताकि पशुओं और मनुष्यों को छाया मिले। आमों की वाटिकायें लगवा दी हैं। आठ-आठ कोस पर मैंने कुएं खुदवाये हैं और सरायें बनवाई हैं। जहां तहां पशुओं और मनुष्यों के आराम के लिये बहुत से प्याऊ बैठा दिये हैं। किंतु ये सब आराम बहुत थोड़े हैं। पहिले राजाओं ने और मैंने भी विविध सुखों से लोगों को सुखी किया है। पर मैंने यह सब इसलिये किया है, कि लोग धर्म का आचरण करें।

'देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा के विजित (साम्राज्य) में सब स्थानों पर और वैसे ही जो सीमावर्ती राजा हैं, वहाँ, जैसे चोड़, पांड्य, सातियपुत्र, केरलपुत्र और ताम्रपर्णी में और अंतियोक नामक यवन राजा तथा जो उसके (अंतियोक के) पड़ोसी राजा हैं, उन सब देशों में देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा ने दो प्रकार की चिकित्सा, एक मनुष्यों की और दूसरी पशुओं की चिकित्सा, का प्रबंध किया है, और जहां जहां मनुष्यों और पशुओं की चिकित्सा के लिये उपयुक्त औषधियां नहीं प्राप्त होती थीं, वहाँ लाई और लगाई गई हैं। इसी तरह ... भी जहाँ नहीं थे, वहाँ लाये और लगाये गये ... और मनुष्यों के आराम के लिये ... ये हैं।'

देवताओं के प्रिय ने यहाँ ...

सार आचरण करते हैं, और [illegible]

विदेशों में धर्मविजय के लिये जो महामात्य नियत किये गये थे, वे अंतमहामात्र कहलाते थे। इनका कार्य उन देशों में सड़कें बनवाना, सड़कों पर वृक्ष लगवाना, कुएँ खुदवाना, सराय बनवाना, प्याऊ बिठाना, पशुओं और मनुष्यों की चिकित्सा के लिये चिकित्सालय खुलवाना और इसी प्रकार के अन्य उपायों से जनता का हित और कल्याण संपादित करना था। जहाँ वे अंतमहामात्र इन उपायों से लोगों का हित और सुख करते, वहाँ साथ ही अशोक का धर्मसंदेश भी सुनाते। यह धर्मसंदेश यह था, सब संप्रदायों में मेल-मिलाप, सब धर्माचार्यों—ब्राह्मणों और श्रमणों—का आदर, सेवक, दास आदि से उचित व्यवहार, व्यर्थ हिंसा का त्याग, माता पिता व गुरुजनों की सेवा और प्राणिमात्र की हितसाधना। अशोक की ओर से सुदूरवर्ती विदेशी राज्यों का धर्म द्वारा विजय करने के लिये जो अंतमहामात्र अपने कर्मचारियों की फौज के साथ व्यापृत हुए, वे उन देशों में चिकित्सालय खोलकर, मुफ्त दवा देकर, धर्मशाला और कुएं बनवा कर, सड़कें, प्याऊ और वाटिकायें तैयार करा के, जनता की सेवा करते थे। उस समय के राजा लोग प्रायः पारस्परिक युद्धों में व्यस्त रहते थे। उन्हें अपनी शक्ति और वैभव के अतिरिक्त अन्य किसी बात का ख्याल नहीं था। जनता के हित और सुख की ओर वे कोई ध्यान नहीं देते थे। ऐसी दशा में अशोक के इन लोकोपकारी कार्यों का यह परिणाम हुआ,

ाव पड़ा और वह क्रूरता का परित्याग कर बौद्ध धर्म का ुयायी हो गया।

दिव्यावदान की यही कथा कुछ परिवर्तनों के साथ प्राचीन ुश्रुति के अन्य बौद्ध ग्रंथों में भी पाई जाती है। ऐसा प्रतीत ता है, कि बौद्ध धर्म के उत्तम प्रभाव को प्रदर्शित करने के ये इन ग्रंथों में अशोक को अत्यंत क्रूर और अत्याचारी खाया गया है। कुछ भी हो, यह स्पष्ट है, कि अशोक हले बौद्ध नहीं था। बाद में उसने बौद्ध धर्म को स्वीकार क्या। कलिंग विजय के बाद उसके जीवन में जो परिवर्तन गया था, हम पहले उसका उल्लेख कर चुके हैं। पर बौद्ध धर्म ी ओर उसका झुकाव पहले ही हो चुका था। क्रूरता और अत्याचारमय जीवन से ऊब कर उसने बौद्ध भिक्षुओं के शांतिमय उपदेशों में संतोष अनुभव करना प्रारंभ कर दिया था। कलिंग-विजय में उसे जो अनुभव हुए उन्होंने उसकी वृत्ति को बिलकुल बदल दिया। बौद्ध धर्म की यह दीक्षा अशोक ने संभवत राजगद्दी पर बैठने के आठ वर्ष बाद ली थी।

बौद्धधर्म को ग्रहण करने के बाद अशोक ने सब बौद्ध तीर्थों की यात्रा की। अमात्यों के परामर्श के अनुसार इस यात्रा में उपगुप्त नाम के एक प्रसिद्ध आचार्य की सहायता ली गई। उपगुप्त मथुरा के समीप नवभक्तिकारण्य में उरुमुंड पर्वत पर निवास करता था। इस संसारप्रसिद्ध आचार्य के साथ अठारह हजार भिक्षु और रहते थे। जब राजा ने उपगुप्त की विद्वत्ता और धर्मज्ञान के विषय में सुना, तो अपने मंत्रियों को बुलाकर कहा कि हाथी, घोड़े, रथ आदि अच्छी तरह तैयार करा दो, मैं उरुमुंड शैल जाऊंगा और भिक्षु उपगुप्त के दर्शन करूंगा। यह सुन कर मंत्रियों ने कहा—देव! यान

ग्र ही यहाँ चला आवेगा, आपको

हा—'जब मैंने शत्रुगण का नाश कर शैलों समेत यह पृथिवी प्राप्त की, जिसके समुद्र ही आवरण हैं और जिस पर राज्य करने वाला अन्य कोई नहीं है, तब भी मुझे वह सुख नहीं मिला, जो आज आपको देखकर मिला है।' स्थविर उपगुप्त ने अशोक के सिर पर अपना दाँया हाथ फेरते हुए आशीर्वाद दिया—'राज्य के सब कार्य को बिना प्रमाद के भलीभाँति करते रहो और तीनों दुर्लभ रत्नों (बुद्ध, धम्म और संघ) की सदा पूजा करते रहो।' सम्राट् और स्थविर में देर तक बात होती रही। बाद में अशोक ने उससे कहा 'हे स्थविर! मेरी इच्छा है कि मैं उन सब स्थानों का दर्शन करूं, जहाँ भगवान बुद्ध ठहरे थे। उन स्थानों का मैं सम्मान करूं और वहाँ ऐसे स्थिर निशान छोड़ जाऊं, जिससे भविष्य में आने वाली संतति को शिक्षा मिलती रहे।'

स्थविर ने उत्तर दिया—'साधु-साधु! तुम्हारे हृदय में बहुत ही उत्तम विचार उत्पन्न हुआ है। मैं तुम्हें मार्ग दिखाने का काम बड़ी प्रसन्नता से करूँगा।'

इस प्रकार आचार्य उपगुप्त के मार्गप्रदर्शन में अशोक ने तीर्थयात्रा प्रारंभ की। पाटलीपुत्र से ये पहले चंपारन जिले के उन स्थानों पर गये, जहाँ अशोक के पाँच विशाल प्रस्तरस्तंभ प्राप्त हुए हैं। वहाँ से हिमालय की तराई के प्रदेश में से होते हुए ये पश्चिम की ओर मुड़ गये और लुम्बिनीवन जा पहुँचे। यहीं पर भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। इस जगह पहुँच कर उपगुप्त ने अपना दाँया हाथ फैला कर कहा—'महाराज! इसी प्रदेश में भगवान का जन्म हुआ था।' ये शब्द अब तक इस स्थान पर स्थित एक प्रस्तर स्तंभ पर उत्कीर्ण हैं। इसी स्तंभ पर जो लेख लिखा है वह बड़ा महत्वपूर्ण है। "देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा ने राज्याभिषेक के बीस वर्ष बाद स्वयं,

भदंतगण ! आपको मालूम है, कि बुद्ध, धम्म और संघ में हमारी कितनी भक्ति और आस्था है। हे भदंतगण ! जो कुछ भगवान बुद्ध ने कहा है, सो सब अच्छा कहा है। पर भदंतगण ! मैं अपनी ओर से (कुछ ऐसे ग्रंथों के नाम लिखवाता हूँ जिन्हें मैं अवश्य पढ़ने योग्य समझता हूँ) हे भदंतगण ! इस विचार से कि) इस प्रकार सद्धर्म चिरस्थायी रहेगा, मैं ये धर्मग्रंथों (के नाम लिखवाता हूँ) यथा—विनय समुकसे (विनय समुत्कर्षः), अलियवसानि (आर्यवंशाः), अनागत भयानि, मुनिगाथा, मोनेयसूते (मौनेय सूत्रम), उपतिसपसिने (उपतिष्य प्रश्नाः), राहुलवाद, जिसे भगवान् बुद्ध ने झूठ बोलने के बारे में कहा है। इन धर्मग्रंथों को, हे भदंतगण ! मैं चाहता हूँ, कि बहुत से भिक्षुक और भिक्षुणी बार-बार श्रवण करें और धारण करें और इसी प्रकार उपासक और उपासिका भी (सुनें और धारण करें)। हे भदंतगण ! मैं इसलिये यह लेख लिखवाता हूँ, कि लोग मेरा अभिप्राय जानें।'

यह शिलालेख बड़े महत्त्व का है। इससे यह ज्ञात होता है, कि अशोक को किन बौद्ध ग्रंथों से विशेष प्रेम था। इन ग्रंथों में बौद्ध धर्म के विधि-विधानों और पारलौकिक विषयों का वर्णन न होकर सदाचार और जीवन को ऊंचा करने के सामान्य नियमों का उल्लेख है। अशोक की दृष्टि यही थी, कि बौद्ध लोग (भिक्षु और उपासक सब) भी धर्म के तत्त्व (सार) पर विशेष ध्यान दें।

बौद्ध धर्म के संबंध में अशोक का एक अन्य कार्य बहुत महत्त्वपूर्ण है। उसने बौद्ध संघ में फूट न पड़ने पर, इसके लिये उद्योग किया। इस विषय में अशोक के तीन लेख उपलब्ध हुए हैं। "देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं कि पाटलीपुत्र में तथा प्रांतों में कोई संघ में फूट न डाले। जो

कोई, चाहे वह भिक्षु हो या भिक्षुणी, संघ में फूट डालेगा, उसे सफेद कपड़े पहना कर उस स्थान पर रख दिया जावेगा, जो भिक्षुओं या भिक्षुणियों के लिये उपयुक्त नहीं है। (अर्थात् उसे भिक्षुसंघ से बहिष्कृत कर दिया जायगा। हमारी यह आज्ञा भिक्षुसंघ और भिक्षुणीसंघ को बता दी जाय।) देवताओं के प्रिय ऐसा कहते हैं, इस तरह का एक और लेख आप लोगों के पास भेजा गया है, जिससे कि आप लोग उसे याद रखें। ऐसा ही एक लेख आप उपासकों के लिये भी लिख दें, जिससे कि वे हर उपवास के दिन इस आज्ञा के मर्म को समझें। साल भर प्रत्येक उपवास के दिन हर एक महामात्र उपवा[illegible] व्रत का पालन करने के लिये इस आज्ञा के मर्म को समझ[illegible] तथा इसका प्रचार करने के लिये जायगा। जहाँ-जहाँ आप लो[illegible] का अधिकार हो, वहाँ-वहाँ आप सर्वत्र इस आज्ञा के अनुस[illegible] प्रचार करें। इसी प्रकार आप लोग सब कोटों (दुर्गों) औ[illegible] विषयों (प्रांतों) में भी इस आज्ञा को भेजें।"

"देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा कौशांबी के महामात्र[illegible] को इस प्रकार आज्ञा देते हैं—संघ के नियम का उल्लंघन न[illegible] किया जाय। जो कोई संघ में फूट डालेगा, उसे श्वेत व[illegible] पहना कर उस स्थान से हटा दिया जायगा, जहाँ भिक्षु या भिक्षुणियाँ रहते हैं।" 'भिक्षु और भिक्षुणी, दोनों के लिये (संघ का) मार्ग नियत किया गया है।"....."जो कोई भिक्षु या भिक्षुणी संघ में फूट डालेगा, उसे उस स्थान से हटा दिया जायगा, जो भिक्षुओं और भिक्षुणियों के लिये नियत है। मेरी इच्छा है, कि संघ का मार्ग स्थिर रहे।"

[illegible] सारनाथ, प्रयाग और साञ्ची में प्राप्त ये तीन शिलालेख [illegible] में एकता क़ायम रखने के लिये अशोक द्वारा किये गये [illegible]त्नों का वर्णन करते हैं। संघ में फूट न हो, इसके लिये

[अ]शोक तुला हुआ था। बुद्ध की मृत्यु के बाद ही संघ में मत-
[भेद] शुरू हो गये थे। अशोक से पूर्व इन्हीं मतभेदों को दूर
[क]र, एकता स्थापित करने के लिये, बौद्धों की दो महासभायें
[हो] चुकी थीं। पर मतभेद अभी तक विद्यमान था। अशोक
[की] यह इच्छा थी, कि यह फूट अधिक न बढ़े। इस आदेश के
[पा]लन का उत्तरदायित्व धर्ममहामात्रों को दिया गया था। जहाँ
[उन]का काम यह था, कि विविध संप्रदायों में समवाय (मेल-
[जो]ल) कायम करें, वहाँ बौद्ध संघ में फूट को रोकने का कार्य
भी उन्हीं के सुपुर्द किया गया था। बौद्ध होने के नाते अशोक
अपनी राजशक्ति का प्रयोग इस उद्देश्य से भी कर रहा था,
कि बौद्ध संघ में एकता बनी रहे।

अशोक स्वयं बौद्ध था, पर सब धर्मों के प्रति उसके हृदय
में आदर था। उसने जहाँ विविध सम्प्रदायों में समवाय स्थापित
करने का उद्योग किया, वहाँ अन्य संप्रदायों को दान भी दिया।
गया के समीप बराबर पहाड़ियों में तीन गुहामंदिर उपलब्ध
हुए हैं, जिन्हें अशोक ने आजीवक संप्रदाय को दिया था।
इस समाज में यहाँ तीन लेख भी उत्कीर्ण हैं।

(६) कुमार कुनाल

अशोक के समय में भी तक्षशिला में विद्रोह जारी रहे।
इन विद्रोहों का उल्लेख दिव्यावदान में किया गया है। प्रतीत
होता है, कि विशाल मागध साम्राज्य के उत्तरपश्चिमी प्रदे[श]
में इतने समय बाद अभी तक पूर्णतया शांति स्थापित न[हीं]
हुई थी। वहाँ के महामात्यों को शासन में अधिक कठोर उपाय
का अवलंबन करना पड़ता था, और इसीलिये वहाँ विद्रो[ह]
भी बहुधा होते रहते थे। ऐसे एक विद्रोह को शांत करने [के]
लिये अशोक ने अपने बड़े कुमार कुनाल को भेजा था, औ[र]
उसे अपने प्रयत्न में पूर्ण सफलता भी हुई थी। विद्रोह

था। उसकी आँखें हिमालय के कुनाल पक्षी के समान सुं
थीं, इसीलिये उसका नाम कुनाल पड़ा था। वह देखने में ब
सुंदर था, प्रकृति से अत्यंत सुकुमार था। उस का विव
काञ्चनमाला नाम की परम सुंदरी युवती से हुआ था। कुनाल
काञ्चनमाला का गृहस्थ जीवन बड़ा सुखी और प्रेममय था
वृद्धावस्था में अशोक ने तिष्यरक्षिता से विवाह किया।
उज्जैन के एक सम्पन्न श्रेष्ठी की कन्या थी और परम युव
होने के कारण सौंदर्य उसमें प्रचुर था। बूढ़े अशोक से उ
संतोष नहीं हुआ। युवक कुनाल पर वह मोहित थी। उस
सुन्दर रूप और आकर्षक आँखों ने युवती तिष्यरक्षिता क
पागल कर दिया था। एक बार एकांत में तिष्यरक्षिता ने कुनाल
के सामने अपना
प्रेम की कुनाल
माता समझता थ
करता था। धीरे-धीरे तिष्यरक्षिता का निराश प्रेम भयंकर
द्वेष के रूप में परिवर्तित हो गया और उसने कुनाल से बदला
लेने का निश्चय किया। कुनाल ने तिष्यरक्षिता के प्रेम को
अस्वीकार कर उसका घोर अपमान किया था, अब वह उससे
बदला लेने को कटिबद्ध हो गई थी।

एक बार अशोक बीमार पड़े। यद्यपि तिष्यरक्षिता अशोक
से जरा भी प्रेम नहीं करती थी, पर इस बार उसने राजा
की बड़ी सेवा की। अशोक पर उसने प्रकट किया कि वह
उनसे सच्चा प्रेम रखती है। तिष्यरक्षिता की सेवा से अशोक
स्वस्थ हो गये। बीमारी के समय अशोक की सारी चिकित्सा

और उपचार तिष्यरक्षिता के ही हाथ में था। राजा उससे बहुत प्रसन्न हुआ। प्रसन्न होकर उसने एक सप्ताह के लिये सारा राज्यकार्य और राजमुद्रा तिष्यरक्षिता के सुपुर्द कर दी। वह इसी अवसर की प्रतीक्षा में थी। उसने एक कपटलेख तैयार कराया और उस पर अशोक की राजमुद्रा लगा दी। यह कपटलेख तक्षशिला के महामात्यों के नाम था। उन्हें यह आज्ञा दी गई थी, कि कुनाल की आँखें निकाल ली जाँय। जब यह आज्ञापत्र तक्षशिला पहुँचा, तो वहाँ के अमात्यों को बड़ा आश्चर्य हुआ। वे कुनाल के गुणों और सद्व्यवहार के कारण उसमें बहुत प्रसन्न थे। उनका साहस नहीं हुआ, कि वे कुमार को इस आज्ञापत्र की खबर दें। पर तिष्यरक्षिता का भिजवाया हुआ यह कपटलेख अशोक की दन्तमुद्रा से अंकित था। यह मुद्रा उन आज्ञाओं पर लगाई जाती थी, जिनका तुरंत पालन होना आवश्यक होता था। अब यह आज्ञा भी कुनाल के सम्मुख पेश की गई। कुनाल ने स्वयं वधिकों को बुलाया और यह कह कर कि सम्राट् का आज्ञा का पालन होना ही चाहिये, अपनी आँखें अपने आप ही बाहर निकलवा दीं। दन्तमुद्रा से अंकित राजाज्ञा में यह भी आदेश था, कि कुनाल को राज्यपद से च्युत कर दिया जावे। कुनाल ने इसका भी पालन किया, राज्यपद छोड़कर वह अपनी पत्नी काञ्चनमाला के साथ पाटलीपुत्र की ओर चल पड़ा।

जब राजा अशोक ने यह समाचार सुना, तो उसके क्रोध का ठिकाना नहीं रहा। तिष्यरक्षिता और उसके साथी षड्यन्त्रकारियों को अत्यंत कठोर दंड दिये गये। एक बौद्ध ग्रंथ में लिखा है, कि रानी तिष्यरक्षिता को जीते-जी आग में जलवा दिया गया। जिस जगह कुनाल ने स्वयं अपनी आँखें निकलवाई थीं, वहाँ अशोक ने एक विशाल स्तूप खड़ा कराया। कुनाल

शांत करने के बाद कुनाल तक्षशिला में प्रांतीय शासक के रूप में कार्य करता रहा। वहाँ वह बहुत लोकप्रिय था।

मगध के सम्राटों ने विविध जनपदों व गणराज्यों के अपने धर्म, व्यवहार, क़ानून और चरित्र को नष्ट करने का उद्योग नहीं किया। कौटल्य जैसे नीतिकारों ने यही प्रतिपादित किया था, कि राजा इन सब के व्यवहार और चरित्र को न केवल नष्ट न करे, पर उन्हें उसमें स्थापित रखे, अपने क़ानून का भी इस ढंग से निर्माण करे, कि इन के क़ानून से उसका विरोध न

। इस नीति का स्वाभाविक रूप से यह परिणाम हुआ, कि विविध जनपदों और गणराज्यों में अपनी पृथक् सत्ता की अनुभूति पूर्ण प्रबलता के साथ कायम रही। मौर्यों की शक्ति के क्षीण होने पर ये राज्य फिर स्वतंत्र हो गये। यही नीति शुंगों, कण्वों और आंध्रों की रही। गुप्तों ने भी इसी नीति का अनुसरण किया। इसी कारण मालव, लिच्छवि, यौधेय आदि गणराज्य और कलिंग, आंध्र आदि जनपद मगध के महत्त्वाकांक्षी सम्राटों से बार-बार परास्त हो कर भी फिर-फिर स्वतन्त्र होते रहे।

मौर्य राजाओं की धर्मविजय की नीति ने भी उनकी राजनैतिक शक्ति के निर्बल होने में सहायता दी। अशोक ने जिस उच्च-उदात्त विचारसरणी से इस नीति का अनुसरण किया था, उसके निर्बल उत्तराधिकारी उसका सर्वांश में प्रयोग नहीं कर सके। राजा संप्रति ने सैनिकों को भी साधुओं के वस्त्र पहना कर उनसे अपने प्रिय धर्म का प्रचार कराया। राजा शालिशुक धर्मविजय का ढोंग करता था। मागध साम्राज्य की सत्ता ही उसकी दुर्दम्य सेना पर आश्रित थी। कंबोज से कलिंग तक और काश्मीर से आंध्र देश तक विस्तीर्ण मागध साम्राज्य को एक सूत्र में बांधे रखने वाली शक्ति उसकी सेना ही थी। जब इस सेना के सैनिकों ने साधुओं के पीतवस्त्र धारण कर धर्मप्रचार का कार्य प्रारंभ कर दिया, तो वह यवनों और

सिर मुंडा कर धर्मचिंतन करना नहीं है, पर दण्ड (प्रचण्ड राजशक्ति) का धारण करना है। भारत में यह कहावत सी हो गई कि जो ब्राह्मण असंतुष्ट हो, वह नष्ट हो जाता है, और जो राजा संतुष्ट रहे, वह नष्ट हो जाता है। मगध के ये मौर्य राजा जिस प्रकार अपनी राजशक्ति से संतुष्ट हो, पहले भक्त और बाद में श्रमण होकर, बौद्ध संघ के लिये अपना सर्वस्व निछावर करने के लिये तैयार हो गये थे, वह भारत की प्राचीन राजनीति के सर्वथा विरुद्ध था, और इसीलिये उनके इस रुख ने उनकी शक्ति के क्षीण होने में अवश्यमेव सहायता की। अकेन्द्रीभाव की बलवती प्रवृत्तियाँ, जनपदों व गणराज्यों में अपनी पृथक् अनुभूति, और धर्मविजय की नीति का दुरुपयोग—ये तीन कारण थे, जिनसे शक्तिशाली विशाल मौर्य साम्राज्य नष्ट हो गया।

(७) धर्मविजय की नीति

ऐतिहासिकों ने सम्राट् अशोक को संसार के सब से बड़े महापुरुषों में गिना है। निःसंदेह, अपनी शक्ति की चरम सीमा पर पहुँच कर उसने उस सत्य को अनुभव किया, जिसके समझने की आज भी संसार को आवश्यकता है। शस्त्रों द्वारा विजय में लाखों मनुष्यों की हत्या होती है, लाखों स्त्रियां विधवा और बच्चे अनाथ होते हैं। ऐसी विजय स्थिर नहीं रहती। ये सत्य हैं, जिन्हें कलिंगविजय के बाद अशोक ने अनुभव किया। इसके स्थान पर, यदि धर्म द्वारा नये नये देशों की विजय की जाय, तो उसमें खून की एक बूँद भी गिराये बिना, जहाँ अपनी शक्ति और प्रभाव का विस्तार होता है, वहाँ ऐसी विजय स्थिर भी रहती है। अशोक ने इसी धर्मविजय के लिये प्रयत्न किया और उसे अपने उद्देश्य में सफलता भी हुई। [illegible]

।, यवन राज्य आदि सब भारतीय भाषा, धर्म, सभ्यता और
ृति के प्रभाव में आ गये, और भारत के उस गौरव का प्रारम्भ
।, जो संसार के इतिहास में वस्तुतः अद्वितीय है। सिकन्दर
र सीज़र जैसे विजेताओं का शस्त्रों द्वारा विजित प्रदेशों में यह
व नहीं हुआ, जो अशोक का धर्म द्वारा जीते हुए देशों में
।। सिकन्दर का विशाल साम्राज्य उसकी मृत्यु के साथ ही खंड-
हो गया। पर अशोक का धर्मसाम्राज्य सदियों तक क़ायम
। अब तक भी उसके अवशेष जीवित-जागृत रूप में विद्यमान
भारत में ही मगध की सेनाओं ने जिस साम्राज्य की स्थापना
गई थी, वह एक सदी से भी कम समय में क्षीण होने लग
।, पर धर्म द्वारा स्थापित साम्राज्य की सदियों तक उन्नति और
द्धि ही होती रही।

क्या अच्छा होता, यदि ये धर्मविजयी मौर्य सम्राट् सैनिक-
। की भी उपेक्षा न करते। भारत का यह आदर्श 'यह ब्रह्म-
क है, और यह क्षत्रशक्ति। शास्त्र और शस्त्र, दोनों के उप
ग से हम अपना उत्कर्ष करते हैं' वस्तुतः अत्यन्त क्रियात्मक
दर्श है। यदि अंतियोक, तुरमय आदि यवन राजाओं के
य में धर्म द्वारा विजय की स्थापना करते हुए मौर्य राजा शस्त्र-
ै की भी वृद्धि करते रहते, तो अशोक के अंतिम काल में ही
नों के आक्रमण भारत पर न प्रारंभ हो सकते, और शालि-
क के समय में मथुरा, साकेत आदि को जीतते हुए यवन
ग पाटलीपुत्र तक न आ जाते।

नवा अध्याय

मौर्यकालीन कृतियाँ

(१) पाटलीपुत्र नगरी

मगध के मौर्य सम्राटों की राजधानी पाटलीपुत्र एक बहु
ही विशाल नगरी थी। सीरिया के राजा सैल्यूकस निकेट
का राजदूत मैगस्थनीज ३०३ ई० पू० मे वहाँ आया था और
कई साल तक पाटलीपुत्र में रहा था। उसने अपने यात्रा विव
रण में इस नगरी का जो वर्णन किया था, उसमें से कुछ
बातें उल्लेखयोग्य हैं। उसके अनुसार "भारतवर्ष में जो सब
से बड़ा नगर है, वह प्रेसिआई (प्राच्य देश) में पालीबोथ्र
(पाटलीपुत्र) कहलाता था। वह गंगा और एरेन्नाबोअस
(सोन) नदियों के तट पर स्थित है। गंगा सब नदियों में बड़ी
है, पर एरेन्नाबोअस संभवतः, भारत में तीसरे नंबर की नदी
है। भारत की नदियों में यद्यपि इसका नंबर तीसरा है, पर
अन्य देशों की बड़ी से बड़ी नदी से भी यह बड़ी है। इस नगर
की बस्ती लम्बाई में ८० स्टेडिया और चौड़ाई में १५ स्टेडिया
तक फैली हुई है। (एक मील = ५$\frac{1}{4}$ स्टेडिया)। यह नगरी
समानान्तर चतुर्भुज की शकल में बनी है। इसके चारों तरफ
लकड़ी की एक प्राचीर (दीवार) है, जिसके बीच में तीर
छोड़ने के लिये बहुत से छेद बने हैं। दीवार के साथ चारों
तरफ एक खाई है, जो रक्षा के निमित्त और शहर का मैला
बहाने के काम आती है। यह खाई गहराई में ४५ फीट और
चौड़ाई में ६०० फीट है। शहर के चारों ओर की प्राचीर
५७० बुर्जों से सुशोभित है और उसमें ६४ द्वार बने हैं।

हजारों वर्ष बीत जाने पर अब इस वैभवशाली पाटलीपुत्र की कोई इमारत विद्यमान नहीं है। पर पिछले दिनों में जो खुदाई पाटलीपुत्र में हुई है, उसमें मौर्यकाल के अनेक अवशेष उपलब्ध हुए हैं। प्राचीन पाटलीपुत्र नगर वर्तमान समय में गंगा और सोन नदियों के सुविस्तृत पाट के नीचे दब गया है। बांकीपुर रेलवेस्टेशन, ईस्टइंडियन रेलवे तथा आसपास की बस्तियों ने भी इस प्राचीन नगरी के बहुत से भाग को अपने नीचे छिपा रखा है। ईस्टइंडियन रेलवे के दक्षिण में कुमराहार नाम के गाँव के समीप प्राचीन पाटलीपुत्र के बहुत से अवशेष प्राप्त हुए हैं। इस अनुश्रुति के अनुसार इस स्थान के नीचे पुराने जमाने के अनेक राजप्रासाद बने हुए हैं। इस अनश्रुति में बहुत कुछ सचाई भी है। कुमराहार गाँव के उत्तर में कल्लू और चमन नाम के तालाबों के बीच में एक अशोककालीन स्तम्भ के कुछ अवशेष प्राप्त हुए हैं। यह स्तम्भ बलुए पत्थर का बना हुआ है, और इस पर बड़ा सुंदर वज्रलेप किया गया है। मूल दशा में इसका व्यास तीन फीट था। इसी स्थान पर लकड़ी की बनी हुई एक पुरानी दीवार के भी अवशेष मिले हैं। अनुमान किया जाता है, कि ये पाटलीपुत्र की उसी प्राचीर के अवशेष हैं, जिसका उल्लेख मैगस्थनीज ने अपने यात्रावर्णन में किया था। लकड़ी की दीवार के कुछ अवशेष मौर्य महलों के भी माने जाते हैं।

(२) अशोक के स्तूप

प्राचीन अनुश्रुति के अनुसार सम्राट् अशोक ने बहुत से स्तूपों व विहारों का निर्माण कराया था। विविध ग्रंथों में इनकी संख्या चौरासी लाख लिखी है। समय के प्रभाव से अब अशोक की प्रायः सभी कृतियाँ नष्ट हो चुकी हैं। पर अब से

बहुत समय पहले, चीनी यात्रियों ने इनका अवलोकन कर इनका वर्णन लिखा था। पाँचवीं सदी के शुरू में चीनी यात्री फाइयान भारत में आया था। इसने अपनी आँखों से अशोक की अनेक कृतियों को देखा था। यद्यपि इसके समय में अशोक को मरे सात सौ साल के लगभग हो चुके थे, पर इतने समय बाद भी उसकी कृतियाँ अच्छी दशा में विद्यमान थीं। फाइयान ने लिखा है—'पुष्पपुर (पाटलीपुत्र) राजा अशोक की राजधानी था। नगर में अभी तक अशोक का राजप्रासाद और सभाभवन है। सब असुरों के बनाये हुए हैं। पत्थर चुन कर दीवारें और द्वार बनाये गये हैं। उन पर सुंदर खुदाई और पच्चीकारी है। इस लोक के लोग उन्हें नहीं बना सकते। अब तक नये के समान है।'

प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्युनत्सांग सातवीं सदी में भारत आया था। उसने अपने यात्रा-विवरण में अशोक के बनवाये हुए बहुत से स्तूपों का वर्णन किया है, जिसे उसने अपनी आँखों से देखा था। तक्षशिला में उसने अशोक के बनवाये हुए तीन स्तूप देखे। जिनमें से प्रत्येक सौ-सौ फुट ऊंचा था। नगर-द्वार के स्तूप की ऊँचाई ३०० फीट थी। इसी तरह मथुरा, थाने-सर, कन्नौज, अयोध्या, प्रयाग, कौशाम्बी, श्रावस्ती, श्रीनगर, कपिलवस्तु, कुशीनगर, बनारस, वैशाली, गया, ताम्रलिप्ती आदि नगर में उसने बहुत से स्तूप देखे, जो अशोक ने बनवाये थे, और जो ऊँचाई में ७०, १००, २००या ३०० फीट तक थे। पाटलीपुत्र में उसने अशोक का राजमहल भी देखा, पर तब तक वह भग्न दशा में आ चुका था। ह्युनत्सांग फाइयान के प्रायः दो सौ वर्ष बाद पाटलीपुत्र गया था। इस अरसे में अशोक का महल खण्डहर हो चुका था। गुप्तसाम्राज्य के क्षीण होने पर पाटली-पुत्र की जो दुर्दशा हो गई थी, उसमें संभवतः प्राचीन इमारतों

बहुत समय पहले, चीनी यात्रियों ने इसका अवलोकन कर इसका वर्णन किया था। पांचवीं सदी के शुरू में चीनी यात्री फाहियान भारत में आया था। इसने अपनी आँखों से अशोक की अनेक कृतियों को देखा था। यद्यपि इसके समय में अशोक को मरे सात सौ साल के लगभग हो चुके थे, पर इतने समय बाद भी उसकी कृतियाँ अच्छी दशा में विद्यमान थीं। फाहियान ने लिखा है—"पुष्पपुर (पाटलीपुत्र) राजा अशोक की की राजधानी था। नगर में अभी तक अशोक का राजप्रासाद और सभाभवन है, सब असुरों के बनाये हुए हैं। पत्थर चुन कर दीवारें और द्वार बनाये गए हैं। उन पर सुंदर खुदाई और पच्चीकारी है। इस लोक के लोग उन्हें नहीं बना सकते। अब तक नये के समान है।

प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्युनत्सांग सातवीं सदी में भारत आया था। उसने अपने यात्रा-विवरण में अशोक के बनवाये हुए बहुत से स्तूपों का वर्णन किया है, जिसे उसने अपनी आँखों से देखा था। तक्षशिला में उसने अशोक के बनवाये हुए तीन स्तूप देखे। जिनमें से प्रत्येक सौ-सौ फुट ऊंचा था। नगर-द्वार के स्तूप की ऊंचाई ३०० फीट थी। इसी तरह मथुरा, थानेसर, कन्नौज, अयोध्या, प्रयाग, कौशाम्बी, श्रावस्ती, श्रीनगर, कपिलवस्तु, कुशीनगर, बनारस, वैशाली, गया, ताम्रलिप्ति आदि नगर में उसने बहुत से स्तूप देखे, जो अशोक ने बनवाये थे, और जो ऊंचाई में ७०, १००, २००या ३०० फीट तक थे। पाटलीपुत्र में उसने अशोक का राजमहल भी देखा, पर तब तक वह भग्न दशा में आ चुका था। ह्युनत्सांग फाहियान के प्रायः दो सौ वर्ष बाद पाटलीपुत्र गया था। इस अरसे में अशोक का महल खंडहर हो चुका था। गुप्तसाम्राज्य के क्षीण होने पर पाटली-
... की दुर्दशा हो गई थी, उसमें संभवतः प्राचीन इमारतों

रक्षा का यथोचित प्रबंध न रहा हो, और इसीलिये ह्युनत्सांग के समय तक नौ सौ साल पुराना अशोक का राजप्रासाद खंडहर हो गया हो। इस चीनी यात्री ने पाटलीपुत्र में अशोक के समय का एक बहुत ऊँचा स्तंभ भी देखा, जहाँ अशोक ने चंडगिरिक की अध्यक्षता में नरकगृह का निर्माण कराया था। काश्मीर में ह्युनत्सांग ने अशोक के बनवाये हुए बहुत से स्तूपों और संघारामों को देखा था, जिनका उल्लेख कल्हण की राजतरंगिणी में भी किया गया है।

(३) सारनाथ

अशोक की अनेक कृतियाँ बनारस के समीप सारनाथ से उपलब्ध हुई हैं। इनमें से मुख्य ये हैं—

क. प्रस्तर-स्तंभ—इस पर अशोक की एक धम्मलिपि उत्कीर्ण है। यह स्तंभ बहुत ही सुंदर है। इसके सिर पर चार सिंह-मूर्तियाँ हैं, जो मूर्तिनिर्माण-कला की दृष्टि से अद्वितीय हैं। किसी प्राणी की इतनी सजीव मूर्तियाँ अन्यत्र कहीं भी नहीं बनीं। मूर्तिकला की दृष्टि से इनमें कोई भी न्यूनता व दोष नहीं है। पहले इन मूर्तियों की आँखें मणियुक्त थीं, अब उनमें मणियाँ नहीं हैं, पर पहले वहाँ मणि होने के चिह्न अभी तक विद्यमान हैं। सिंह की चार मूर्तियों के नीचे चार चक्र हैं। चक्रों के बीच में हाथी, साँड, अश्व और शेर अंकित हैं। इन चक्रों तथा प्राणियों को चलती हुई दशा में बनाया गया है। इनके नीचे का अंश एक विशाल घंटे की तरह है। स्तंभ तथा उसका शीर्ष भाग बलुए पत्थर का है, जिसके ऊपर एक वज्रलेप है। यह लेप बहुत ही चिकना, चमकदार तथा सुंदर है। यह वज्रलेप दो हजार से भी अधिक साल बीत जाने पर भी अब तक स्थिर रह सका है, यह सचमुच बड़े आश्चर्य की बात है। अनेक ऐतिहासिकों के मत में यह स्तंभ भारतीय

दसवाँ अध्याय

मौर्यकाल की शासनव्यवस्था

(१) कौटलीय अर्थशास्त्र

बीसवीं सदी के प्रारंभ में मैसूर के प्रसिद्ध विद्वान श्री शाम
ास्त्री ने आचार्य चाणक्य द्वारा विरचित अर्थशास्त्र को प्रक
ाश किया। प्राचीन भारत में क्या शासनव्यवस्था थी, पुराने
मय में भारतीयों के राजनीतिशास्त्र संबंधी क्या विचार
, उस समय के क्या क़ानून, व्यवहार व रिवाज थे, आर्थिक
ा क्या थी, इत्यादि सब बातों का परिज्ञान प्राप्त करने के लिये
ग्रंथ एक अमूल्य भंडार के समान है। इस ग्रंथरत्न की
ना चंद्रगुप्त मौर्य के प्रधान मंत्री और गुरु चाणक्य ने की,
ी लिये उसमें लिखा है—"जिसने बड़े अमर्ष के साथ शास्त्र
शस्त्र का और नंदराज के हाथ में गई हुई पृथिवी का उद्धार
ा, उसी ने इस शास्त्र की रचना की।" एक अन्य जगह लिखा
है—'सब शास्त्रों का अनुक्रम करके और प्रयोग समझकर
क्य ने नरेंद्र के लिये यह शासन की विधि (व्यवस्था)
है।"

ाटलीपुत्र के नंदराजाओं का विनाश कर चाणक्य ने चंद्र-
मौर्य को राजा बनाया, यह हम पहले लिख चुके हैं। उसी
क्य ने नरेन्द्र चंद्रगुप्त के लिये शासनविधि का प्रतिपादन
के निमित्त इस ग्रंथ की रचना की। चाणक्य के अनेक
थे। एक पुरानी पुस्तक के अनुसार वात्स्यायन, मल्लनाग,
चाणक्य, द्रमिल, पक्षिलस्वामी, विष्णुगुप्त और अंगुल,
ाम इस आचार्य के थे। पुरानी अनेक पुस्तकों में अर्थ-

था। यद्यपि संपूर्ण साम्राज्य की राजधानी पाटलीपुत्र थी, वहाँ से कंबोज, बंग और आंध्र तक विस्तृत साम्राज्य का शा सुचारु रूप से नहीं किया जा सकता था। अतः शासन की द से मौर्यों के अधीन संपूर्ण 'विजित' को पाँच भागों में बाँटा ग था, जिनकी राजधानियाँ क्रमशः पाटलीपुत्र, तोसाली, उज्जैन तक्षशिला और सुवर्णगिरि थी। इन राजधानियों को निग में रख कर हम यह सहज में अनुमान कर सकते हैं कि विशा मौर्य साम्राज्य पाँच चक्रों में विभक्त था। ये चक्र (प्रांत य सूबे) निम्नलिखित थे—(१) उत्तरापथ, जिसमें कंबोज, गांधार काश्मीर, अफगानिस्तान, पंजाब आदि के प्रदेश अंतर्गत थे। इ की राजधानी तक्षशिला थी। (२) पश्चिम चक्र—इसमें काठिया वाड़-गुजरात से लगाकर राजपूताना, मालवा आदि के सब प्रदेश शामिल थे। इसकी राजधानी उज्जैनी थी। (३) दक्षि णापथ—विन्ध्याचल के नीचे का सारा प्रदेश इस चक्र में था, राजधानी सुवर्णगिरि थी (४) कलिंग—अशोक ने अपने नये जीते हुए प्रदेश को एक पृथक् चक्र बनाया था, जिसकी राज-धानी तोसाली थी। (५) मध्यदेश—इसमें वर्तमान विहार संयु-क्तप्रांत और बंगाल सम्मिलित थे। इसकी राजधानी पाटलीपुत्र थी। इन पाँचों चक्रों का शासन करने के लिये प्राय राजकुल के व्यक्तियों को नियत किया जाता था, जिन्हें कुमार कहते थे। कुमार महामात्यों की सहायता से अपने-अपने चक्र का शासन करते थे। अशोक और कुनाल राजा बनने से पूर्व उज्जैनी, तक्ष-शिला आदि में 'कुमार' रह चुके थे। इन पांच चक्रों के नीचे फिर अनेक छोटे शासनकेंद्र भी थे, जिनमें 'कुमार' के अधीन महामात्य शासन करते थे। उदाहरण के लिये तोसाली के अधीन समापा में, पाटलीपुत्र के अधीन कौशांबी में और सुवर्णगिरि के अधीन इसिला में महामात्य रहते थे। उज्जैनी के अधीन

सुराष्ट्र का एक पृथक् प्रदेश था, जिसका शासक चंद्रगुप्त के समय में वैश्य पुष्यगुप्त था। अशोक के समय में यहाँ का शासन यवन तुषास्प के अधीन था। मागध सम्राट् की ओर से जो आज्ञायें प्रचारित की जाती थीं, वे चक्रों के 'कुमारों' के महामात्यों के नाम ही होती थीं। यही कारण है, कि दक्षिणापथ [illegible] [illegible] [illegible] ही आज्ञा भेजी गई। पर मध्यदेश (राजधानी पाटलीपुत्र) के चक्र पर किसी कुमार की नियुक्ति नहीं होती थी, उसका शासन सीधा सम्राट् के अधीन था। अतः उसके अंतर्गत कौशांबी के महामात्यों को अशोक ने सीधे ही अपने आदेश दिये थे। चक्रों के शासन के लिये कुमार की सहायतार्थ जो महामात्य नियुक्त होते थे, उन्हें शासन-संबंधी बहुत अधिकार रहते थे। अतएव अशोक ने चक्रों के शासकों के नाम जो आज्ञायें प्रकाशित कीं, उन्हें केवल कुमार या आर्यपुत्र के नाम से नहीं भेजा गया, अपितु कुमार और महामात्य—दोनों के नाम से प्रेषित किया गया। इसी प्रकार जब कुमार भी अपने अधीनस्थ महामात्यों को कोई आज्ञा भेजते थे, तो उन्हें वे अपने नाम से नहीं, अपितु महामात्य सहित कुमार के नाम से भेजते थे।

मौर्य साम्राज्य के पहले पाँच बड़े विभाग थे, और फिर ये चक्र अनेक मंडलों में विभक्त थे। प्रत्येक मंडल में बहुत से जनपद होते थे। संभवतः, ये जनपद प्राचीन युग के जनपदों के प्रतिनिधि थे। शासन की दृष्टि से फिर जनपदों के विविध विभाग होते थे, जिन्हें कौटलीय अर्थशास्त्र में स्थानीय, द्रोणमुख, खार्वटिक, संग्रहण और ग्राम कहा गया है। शासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम थी। दस ग्रामों के समूह को संग्रहण

रहते थे। बीस संग्रहणों (या २०० ग्रामों) से एक खा
बनता था। दो खार्वटिकों (या ४०० ग्रामों से एक द्रोणमुख
दो द्रोणमुखों (८०० ग्रामों) से एक स्थानीय बनता था।
बत स्थानीय, द्रोणमुख और खार्वटिक शासन की दृष्टि से
ही विभाग को सूचित करते हैं। जनपद शासन के लिये
विभागों में विभक्त होता था उन्हें स्थानीय (संभवतः, वर्त
समय का थाना) कहते थे। स्थानीय के हिस्सों को समहरण
है। एक संग्रहण में प्रायः दस ग्राम रहते थे। स्थानीय में लग
८०० ग्राम हुआ करते थे। पर कुछ स्थानीय आकार में छोटे
, या कुछ प्रदेशों में आबादी घनी न होने के कारण 'स्थानी
गाँवों की संख्या कम रहती थी। ऐसे ही स्थानों को द्रोणमु
र खार्वटिक कहा गया था।

ग्राम का शासक ग्रामिक, संग्रहण का गोप और स्थानीय
ानिक कहलाता था। संपूर्ण जनपद के शासक को समाहर्
हते थे। समाहर्त्ता के ऊपर महामात्य होते थे, जो चक्रों के अंत
विविध मण्डलों का शासन करने के लिये केंद्रीय सरका
ओर से नियुक्त होते थे। इन मंडल-महामात्यों के ऊपर कुमा
र उसके शासक महामात्य रहते थे। सब से ऊपर पाटलीपु
मौर्य सम्राट् था।

सम्राट् को शासनकार्य में सहायता करने के लिये एक मंत्रि
षद् होती थी। कौटलीय अर्थशास्त्र में इस मंत्रिपरिषद् का वि
र से वर्णन किया गया है। अशोक के शिलालेखों में भी उसकी
षद् का बार-बार उल्लेख है। चक्रों के शासक कुमार भी जिन
ात्यों की सहायता से शासनकार्य करते थे, उनकी एक परि-
ही रहती थी। केंद्रीय सरकार की ओर से जो राजकर्मचारी
ाज्य में शासन के विविध पदों पर नियुक्त थे, उन्हें 'पुरुष'
े थे। ये पुरुष उत्तम, मध्यम और छोटे— इन तीन दर्जों के

का भी शील हो, वही शील प्रजा का भी होता है। यदि राजा उद्यमी व उत्थानशील हो, तो प्रजा भी उत्थानशील होती है। यदि राजा प्रमादी हो, तो प्रजा भी वैसी ही हो जाती है। क्योंकि राज्य में कूटस्थानीय (केन्द्रभूत) राजा ही है।'

जब आचार्यों में राजा का इतना महत्व है, तो राजा को भी एक आदर्श व्यक्ति होना चाहिये। कोई साधारण पुरुष राज्य का कूटस्थानीय नहीं हो सकता। चाणक्य के अनुसार राजा में निम्नलिखित गुण आवश्यक हैं। 'वह ऊंचे कुल का हो, उसमें दैवी बुद्धि और दैवी शक्ति हो, वृद्ध (बड़े बूढ़ों) की बात को सुनने वाला हो, धार्मिक हो, सत्य भाषण करने वाला हो, परस्पर विरोधी बातें न करे, कृतज्ञ हो, उसका लक्ष्य बहुत ऊंचा हो, उसमें उत्साह अतिशय हो, दीर्घसूत्री न हो, सामन्त राजाओं को अपने वश में रखने में समर्थ हो, उसकी बुद्धि दृढ़ हो, उसकी परिषद् छोटी न हो और वह विनय नियमों का पालन करने वाला हो।' इन के अतिरिक्त अन्य भी बहुत से गुणों का चाणक्य ने विस्तार से वर्णन किया है, जो राजा में अवश्य होने चाहिये। राजा की बुद्धि बहुत तीक्ष्ण होनी चाहिये। स्मृति, मति, बुद्धि, और बल की उसमें अधिकता होनी चाहिये। वह आर्थिक रूप, अपने ऊपर काबू रखने वाला एवं शिल्पों में निपुण सब दोषों से रहित और दूरदर्शी होना चाहिये। काम, क्रोध, लोभ, मोह, चपलता आदि पर उसे पूरा काबू होना चाहिये।

चाणक्य इस बात को भली-भांति समझता था, कि इस प्रकार का आदर्श पुरुष सुगमता से नहीं मिल सकता। पर शिक्षा और विनय से ये गुण उत्पन्न किये जा सकते हैं। यदि एक कुलीन और होनहार व्यक्ति को बचपन से ही उचित शिक्षा दी जाय, तो उसे एक आदर्श राजा बनने के लिये तैयार किया जा सकता है। चाणक्य ने उस शिक्षा और विनय का विस्तार से वर्णन

(३) विजिगीषु राजर्षि सम्राट्

विविध जनपदों और गणराज्यों को जीतकर जिस विशाल मागध साम्राज्य का निर्माण हुआ था, उसका केन्द्र राजा या सम्राट् था। चाणक्य के अनुसार राज्य के सात अंगों में केवल दो ही की मुख्यता है, राजा और देश की। प्राचीन परंपरा के अनुसार राज्य के सात अंग होते थे—राजा, अमात्य,

भारद्वाज की दृष्टि में राजा की अपेक्षा अमात्य की अधि महत्ता थी। अन्य आचार्यों की दृष्टि में अमात्य की अपेक्षा भ जनपद का या दुर्ग व कोश आदि का महत्त्व अधिक था। ए जन के निवासस्थान, प्राचीन काल के जनपदों में राजा व अपेक्षा अन्य अंगों व तत्त्वों की प्रमुखता सर्वथा स्वाभावि थी। जनपदों को जीतकर जिन साम्राज्यों का निर्माण हो रा था, उनका केन्द्र राजा ही था, वे एक महाप्रतापी महत्त्वाकां व्यक्ति की ही कृति थे। उसी ने कोष, सेना, दुर्ग आदि का संगठ कर अपनी शक्ति का विस्तार किया था। कौटिल्य के शब्दों मंत्रि, पुरोहित आदि भृत्यवर्ग की और राज्य के विविध अध्य क्षों व अमात्यों की नियुक्ति राजा ही करता है। राजपुरुषों से कोप व जनता में यदि कोई विपत्ति आ जाय, तो उसका प्रतीकार राजा द्वारा ही होता है। इनकी उन्नति भी राजा के हाथ में है। यदि अमात्य ठीक न हों, तो राजा इन्हें हटा कर नये अमात्यों को नियुक्त करता है। पूज्य लोगों की पूजा कर व दुष्ट लोगों का दमन कर राजा ही सब का कल्याण करता है। यदि राजा संपन्न हो, तो उसकी समृद्धि से प्रजा भी सपन्न होती है। राजा

के शासन में राजा ही 'कूटस्थानीय' होता था। यही कारण है, कि यदि कोई राजा निर्बल या अयोग्य हुआ, तो उसके विरुद्ध विद्रोह उठ खड़े होते थे, और साम्राज्य की शक्ति क्षीण होने लगती थी। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर आचार्य चाणक्य ने राजा के वैयक्तिक गुणों पर असाधारण बल दिया है।

कूटस्थानीय सम्राट् राजा की वैयक्तिक रक्षा इस युग में एक बहुत बड़ी समस्या होती थी। गूढ़ शत्रुओं से राजा की रक्षा करने के लिये कौटलीय अर्थशास्त्र में बड़े विस्तार से उपायों का वर्णन किया गया है। अपने शयनागार में राजमहिषी के पास जाते हुए भी राजा निश्चिन्त नहीं हो सकता था। बिस्तर के नीचे कोई शत्रु तो नहीं छिपा है, कहीं रानी ने ही अपने केशों में या वस्त्रों में कोई शस्त्र या विष तो नहीं छिपा लिया है, इन सब बातों का भलीभांति ध्यान रखा जाता था।

(४) मन्त्रिपरिषद्

आचार्य चाणक्य के अनुसार राजवृत्ति तीन प्रकार की होती है—प्रत्यक्ष, परोक्ष और अनुमेय। जो अपने सामने हो, वह प्रत्यक्ष है। जो दूसरे बतावें, वह परोक्ष है। किये हुए कर्म से, बिना किये का अंदाज करना अनुमेय कहलाता है। सब काम एक साथ नहीं होते। राजकर्म बहुत से होते हैं और बहुत से स्थानों पर होते हैं। अतः एक राजा सारे राजकर्म अपने आप नहीं कर सकता। इस लिये उसे अमात्यों की नियुक्ति करने की आवश्यकता होती है। इसीलिये यह भी आवश्यक है, कि मंत्री नियत किये जावें, जो परोक्ष और अनुमेय राजकर्मों के संबंध में राजा को सलाह देते रहें। राज्यकार्य सहायता के बिना सिद्ध नहीं होता। एक पहिये से राज्य की गाड़ी नहीं चल सकती, इस लिये [illegible] नियुक्ति करे, और उनकी सम्मति के

किया है, जो बचपन और युवावस्था में राजा को दी जानी चाहिये। राजा के लिये आवश्यक है, कि वह काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और हर्ष—इन छः शत्रुओं को परास्त कर अपनी इंद्रियों पर पूर्णतया विजय करे। उसके समय का एक-एक क्षण काम में लगा हो। दिन में तो उसे बिल्कुल ही विश्राम नहीं करना चाहिये। रात को भी उसे तीन घण्टे से अधिक सोने की आवश्यकता नहीं। रात और दिन में उसके सारे समय का पूरा कार्यक्रम चाणक्य ने दिया है। भोग-विलास, नाच-रंग आदि के लिये कोई भी समय इसमें नहीं दिया गया। चाणक्य का राजा एक राजर्षि है, जो सर्वगुणसंपन्न आदर्श पुरुष है, जिसका एकमात्र लक्ष्य विजिगीषा है। वह संपूर्ण जनपदों को विजय कर अपने अधीन करने के लिये प्रयत्नशील है। चातुरंत साम्राज्य की कल्पना को उसे कार्यरूप में परिणत करना है। उसका मंतव्य है कि 'सारी पृथिवी एक देश है। उसमें हिमालय से लेकर समुद्रपर्यन्त सीधी रेखा खींचने से जो एक हज़ार योजन लम्बा प्रदेश है, वह एक चक्रवर्ती राजा का क्षेत्र है।' हिमालय से समुद्र तक फैली हुई एक हज़ार योजन लम्बी जो यह भारत भूमि (देश) है, वह सब एक चक्रवर्ती राजा के अधीन होनी चाहिये, इस स्वप्न को जिस व्यक्ति को 'कूटस्थानीय' होकर पूरा करना हो, वह यदि सर्वगुणसंपन्न न हो, राजर्षि का जीवन न व्यतीत करे, और काम-क्रोध आदि शत्रुओं का शिकार हो, तो वह कैसे सफलता प्राप्त कर सकता है? अतः कौटलीय अर्थशास्त्र के विजिगीषु राजा को पूर्ण पुरुष हो कर राजर्षि का जीवन व्यतीत करते हुए अपना कार्य करना चाहिये।

मगध ने जिस प्रकार के साम्राज्य का विकास किया था, उस की सफलता के लिये अवश्य ही राजा को अनुपम शक्तिशाली और गुणसंपन्न होना चाहिये ...

के शासन में राजा ही 'कूटस्थानीय' होता था। यही कारण है, कि यदि कोई राजा निर्बल या अयोग्य हुआ, तो उसके विरुद्ध विद्रोह उठ खड़े होते थे, और साम्राज्य की शक्ति क्षीण होने लगती थी। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर आचार्य चाणक्य ने राजा के वैयक्तिक गुणों पर अत्यधिक बल दिया है।

कूटस्थानीय सम्राट् राजा की वैयक्तिक रक्षा इस युग में एक बहुत बड़ी समस्या होती थी। गुप्त शत्रुओं से राजा की रक्षा करने के लिये कौटलीय अर्थशास्त्र में बड़े विस्तार से उपायों का वर्णन किया गया है। अपने राजप्रासाद में राजमहिषी के पास जाते हुए भी राजा निश्चिन्त नहीं हो सकता था। भोजन के भीतर कोई शत्रु तो नहीं छिपा है, कहीं रानी ने ही अपने केशों में या वस्त्रों में कोई शस्त्र या विष तो नहीं छिपा लिया है, इन सब बातों का भलीभाँति ध्यान रखा जाता था।

(४) मन्त्रिपरिषद्

आचार्य चाणक्य के अनुसार राजवृत्ति तीन प्रकार की होती है—प्रत्यक्ष, परोक्ष और अनुमेय। जो अपने सामने हो, वह प्रत्यक्ष है। जो दूसरे बतावें, वह परोक्ष है। किये हुए कर्म से, बिना किये का अन्दाज करना अनुमेय कहलाता है। सब काम एक साथ नहीं होते। राजकर्म बहुत से होते हैं और बहुत से स्थानों पर होते हैं। अतः एक राजा सारे राजकर्म अपने आप नहीं कर सकता। इस लिये उसे अमात्यों की नियुक्ति करने की आवश्यकता होती है। इसीलिये यह भी आवश्यक है, कि मंत्री नियत किये जाँय जो परोक्ष और अनुमेय राजकर्मों के संबंध में राजा को परामर्श देते रहें। राज्यकार्य सहायता के बिना सिद्ध नहीं हो सकता। एक पहिये से राज्य की गाड़ी नहीं चल सकती, इस लिये राजा सचिवों की नियुक्ति करे, और उनकी सम्मति को

समझता था, कि मंत्रसिद्धि अकेले से कभी नहीं हो सकती। जो बात मालूम नहीं है, उसे मालूम करना, जो मालूम है, उसका निश्चय करना, जिस बात में दुविधा है, उसके संशय को नष्ट करना, और जो बात केवल आंशिक रूप से मालूम है, उसे पूर्णांश में जानना, यह सब कुछ मंत्रिपरिषद् में मंत्र द्वारा ही हो सकता है। अतः जो लोग बुद्धिवृद्ध हों, उन्हें सचिव या मंत्री बनाकर उनसे सलाह लेनी चाहिये। मंत्रिपरिषद् में जो बात भूयिष्ठ (अधिक संख्या के) कहें, उसी के अनुसार कार्य करना उचित है। पर यदि राजा को भूयिष्ठ की बात 'कार्यसिद्धिकर' प्रतीत न हो, तो उसे उचित है, कि वह उसी सलाह को माने, जो उसकी दृष्टि में कार्यसिद्धिकर हो। जो मंत्री उपस्थित न हों, उनकी सम्मति पत्र द्वारा भी ली जाय। मंत्रिपरिषद् में केवल ऐसे ही व्यक्तियों को नियत किया जाय, जो 'सर्वोपधा शुद्ध' हों, अर्थात् सब प्रकार से परीक्षा करके जिनके विषय में यह निश्चय हो जाय, कि वे सब प्रकार के दोषों व निर्बलताओं से विरहित हैं।

इस प्रकार यह स्पष्ट है, कि मौर्यकाल में मगध के राजा राज्यकार्य में परामर्श लेने के लिये मंत्रिपरिषद् रखते थे। अशोक के शिलालेखों में जिसे 'परिषा' कहा है, वही कौटलीय अर्थशास्त्र की मंत्रिपरिषद् है। पर इस परिषद् के मंत्रियों की नियुक्ति न तो निर्वाचन से होती थी और न इसके कोई कुलक्रमानुगत सदस्य होते थे। परिषद् के मंत्रियों की नियुक्ति राजा अपनी स्वेच्छा से करता था। जिन अमात्यों व अन्य व्यक्तियों को वह 'सर्वोपधा शुद्ध' पाता था, उनमें से कुछ को आवश्यकतानुसार मंत्रिपरिषद् में नियुक्त कर लेता था। प्रायः राजा मन्त्रियों की सलाह के अनुसार कार्य करता था, पर यदि वह इनके मत को कार्यसिद्धिकर न समझे, तो अपनी इच्छा-

समझता था, कि मंत्रसिद्धि अकेले से कभी नहीं हो सकती। जो बात मालूम नहीं है, उसे मालूम करना, जो मालूम है, उसका निश्चय करना, जिस बात में दुविधा है, उसके संशय को नष्ट करना, और जो बात केवल आंशिक रूप से मालूम है, उसे पूर्णरूप में जानना, यह सब कुछ मंत्रिपरिषद् में मंत्र द्वारा ही हो सकता है। अत. जो लोग बुद्धिवृद्ध हों, उन्हे सचिव या मंत्री बनाकर उनसे सलाह लेनी चाहिये। मंत्रिपरिषद् में जो बात भूयिष्ठ (अधिक सख्या के) कहें, उसी के अनुसार कार्य करना उचित है। पर यदि राजा को भूयिष्ठ की बात 'कार्यसिद्धिकर' प्रतीत न हो, तो उसे उचित है, कि वह उसी सलाह को माने,

अर्थात् सब प्रकार से परीक्षा करके जिनके विषय में यह निश्चय हो जाय, कि वे सब प्रकार के दोषों व निर्बलताओं से विरहित हैं।

इस प्रकार यह स्पष्ट है, कि मौर्यकाल में मगध के राजा राज्यकार्य में परामर्श लेने के लिये मंत्रिपरिषद् रखते थे। अशोक के शिलालेखों में जिसे 'परिषा' कहा है, वही कौटलीय अर्थशास्त्र की मंत्रिपरिषद् है। पर इस परिषद् के मंत्रियों की नियुक्ति न तो निर्वाचन से होती थी और न इसके कोई कुलक्रमानुगत सदस्य होते थे। परिषद् के मंत्रियों की नियुक्ति राजा अपनी स्वेच्छा से करता था। जिन अमात्यों व अन्य व्यक्तियों को वह 'सर्वोपधा शुद्ध' पाता था, उनमें से कुछ को आवश्यकतानुसार मंत्रिपरिषद् में नियुक्त कर लेता था। प्राय राजा मंत्रियों की सलाह के अनुसार कार्य करता था, पर यदि वह उनके मत को कार्यसिद्धिकर न समझे, तो अपनी इच्छा-

गुसार भी कार्य कर सकता था। मागध साम्राज्य में केंद्रीभूत कूटस्थानीय स्थिति राजा की ही थी। देश और प्रजा की उन्नति या अवनति उसी के हाथ में थी, अतः उसके मार्ग में मन्त्रिपरिषद् बाधा नहीं डाल सकती थी। पर यदि राजा कुपथगामी हो जाय, राजकार्य की सर्वथा उपेक्षा कर ऐसे कार्यों में लग जाय, जिनसे प्रजा का अहित हो, तो प्रकृतियों (मंत्रियों और अमात्यों) को यह अधिकार अवश्य था, कि वे उसके विरुद्ध उठ खड़े हों और उसे बलात् ठीक मार्ग पर लाने का प्रयत्न करें। भारत की यह प्राचीन परंपरा थी। पुराने जनपदों में सभा, समिति या पौर जानपद राजा को सन्मार्ग पर स्थिर रखने में सदा प्रयत्नशील रहते थे। मागध साम्राज्य की मन्त्रिपरिषद् यद्यपि राजा की स्वनी कृति थी, तथापि वह प्राचीन परिपाटी के अनुसार राजा को सुपथ पर लाने के कर्तव्य की उपेक्षा नहीं करती थी। यही कारण है, कि जब अशोक ने बौद्ध संघ को अनुचित रूप से राजकोष में दान देने का विचार किया, तो युवराज सम्प्रति द्वारा अमात्यों ने उसे रुकवा दिया।

(५) जनता का शासन

पर यदि मागध साम्राज्य के शासन में कूटस्थानीय राजा का इतना महत्त्वपूर्ण स्थान था, और उसकी मन्त्रिपरिषद् की इसी तरह से उसकी अपनी नियत की हुई सभा होती थी, तो क्या मागध राजाओं का शासन सर्वथा निरंकुश और स्वेच्छाचारी था? क्या उस समय की जनता शासन में ज़रा भी हाथ नहीं रखती थी? यह ठीक है, कि अपने बाहुबल और सैन्यशक्ति से विशाल साम्राज्य का निर्माण करने वाले मागध सम्राटों पर अंकुश रखने वाली कोई अन्य सर्वोच्च सत्ता नहीं थी, और ये राजा ठीक प्रकार से प्रजा का पालन करें, इस बात की प्रेरणा

ने वाली शक्ति उनकी अपनी योग्यता, अपनी महानुभावता
र अपनी सर्वगुणसंपन्नता के अतिरिक्त और कोई चीज
ीं थी, पर मागध साम्राज्य के शासन में जनता का बहुत बड़ा
थ था। मागध साम्राज्य ने जिन विविध जनपदों को अपने
धीन किया था, उनके व्यवहार, धर्म और चरित्र अभी अक्षु-
ण थे। वे अपना शासन बहुत कुछ स्वयं ही करते थे। उस
ल के शिल्पी और व्यवसायी जिन श्रेणियों में संगठित थे,
अपना शासन स्वयं करती थीं। नगरों की पौरसभायें व्या-
ारियों के पूग और निगम तथा ग्रामों की ग्रामसभायें अपने
ांतरिक मामलों में अब भी पूर्ण स्वतंत्र थीं। राजा लोग देश
प्राचीन परंपरागत राजधर्म का पालन करते थे, और अपने
यवहार का निश्चय उसी के अनुसार करते थे। यह धर्म और
यवहार सनातन थे, राजा की स्वेच्छा पर निर्भर नहीं थे।
न्हीं सब का परिणाम था, कि पाटलीपुत्र में विजिगीषु राजर्षि
ाजाओं के रहते हुए भी जनता अपना शासन अपने आप करती
ी। इन सब बातों पर ज़रा अधिक विस्तार से प्रकाश डालना
पयोगी होगा।

(क) जनपदों का शासन—मगध के साम्राज्यवाद ने धीरे-
ीरे भारत के सभी पुराने जनपदों को अपने अधीन कर लिया
ा। पर इन जनपदों की पहले अपनी सभायें होती थीं, जिन्हें
ौर जानपद कहते थे। जनपद की राजधानी की सभा को पौर
और शेष प्रदेश की सभा को जानपद कहा जाता था। प्रत्येक
जनपद के अपने धर्म, व्यवहार और चरित्र भी होते थे। मगध
के सम्राटों ने इन विविध जनपदों को जीतकर इनकी आंतरिक
स्वतंत्रता को क़ायम रखा। कौटलीय अर्थशास्त्र में एक प्रकरण
है, जिसका नाम 'लब्ध प्रशमनम्' है। इसमें यह वर्णन किया गया
है, कि नये जीते हुए प्रदेश के साथ क्या व्यवहार किया जाय,

उनमें किस प्रकार शांति स्थापित की जाय। इसके अनुसार न जीते हुए प्रदेश में राजा अपने को जनता का प्रिय बनाने का प्रयत्न करे। जनता के विरुद्ध आचरण करने वाले का विश्वास नहीं जम सकता, अतः राजा उनके समान ही अपना शील, वेष, भाषा और आचार बना ले। देश के देवताओं, समाजों, उत्सवों और विहारों का आदर करे। उनके धर्म, व्यवहार आदि का उल्लंघन न करे।

सब जनपदों के साथ एक सा बरताव नहीं किया जाता था, पुराने गणराज्य मगध के साम्राज्यविस्तार के मार्ग में घोर रुकावट थे। आचार्य चाणक्य की इनके संबंध में नीति यह थी, कि इन सब को दमन करके 'एकराज' की स्थापना की जाय। संघ या गणराज्यों को वश में करने के लिये चाणक्य ने साम, दाम, दंड, भेद—सब प्रकार के उपायों का बड़े विस्तार से वर्णन किया है। इन उपायों में से बहुत से ऐसे भी हैं, जिन्हें नैतिक दृष्टि से शायद उचित न समझा जाय। शराब, धूत, फूट आदि सब प्रकार के उपायों का अवलंबन करके संघराज्यों का सर्वथा अंत कर दिया जाय, यही चाणक्य को अभिप्रेत था। पुराने वज्जि, शाक्य आदि गणों ने बढ़ते हुए साम्राज्यवाद के मार्ग में किस प्रकार रुकावटें उपस्थित की थीं, उसी को दृष्टि में रखते हुए चाणक्य को गणराज्यों की सत्ता बिलकुल भी पसंद नहीं थी और उसने उनके संबंध में 'एकराज' नीति का उपदेश किया था। पर इस प्रकार के घोर उपायों से संघों को नष्ट करने के बाद भी उनके धर्म, व्यवहार और चरित्र का आदर किया जाता था, और उनमें पृथक् होने की अनुभूति विद्यमान रहती थी। इसी कारण मगध के साम्राज्यवादी सम्राट् गणों वा संघों का पूर्ण[...]ी [illegible] नहीं कर सके [illegible]

जनपदों का शासन करने के लिये सम्राट् की तरफ से समाहर्ता नामक राजपुरुष की नियुक्ति होती थी। पर यह जनपद आंतरिक शासन में हस्तक्षेप नहीं करता था। पर आंतरिक शासन की दृष्टि से सब जनपदों की स्थिति एक समान नहीं थी। मौर्यों से पहले भी अवंति, कोशल, वत्स आदि के राजाओं ने बहुत से जनपदों को जीतकर अपने अधीन कर लिया था। मगध के भी शैशुनाक, नंद आदि वंशों के राजा अपने साम्राज्य के बहुत कुछ विस्तार करने में सफल हुए थे। इनमें से अनेक राजा 'अधार्मिक' भी थे, और उन्होंने प्राचीन आर्यमर्यादा के विपरीत अपने जीते हुए जनपदों की आंतरिक स्वतंत्रता का भी विनाश किया था जो जनपद देर से मागध साम्राज्य के अधीन थे, उनकी अपेक्षा नये जीते हुए जनपदों का पृथक् व्यक्तित्व अधिक सुरक्षित था। यही कारण है, कि मौर्य साम्राज्य की शक्ति के शिथिल होने पर सब से पहले यही कलिंग, आंध्र आदि जनपद मगध की अधीनता से विमुक्त हो गये।

(ख) नगरों का शासन—मौर्यकाल में नगरों में स्थानीय स्वशासन की क्या दशा थी, इसका सबसे अच्छा परिचय मैगस्थनीज के यात्राविवरण से मिलता है। मैगस्थनीज ने पाटलीपुत्र के नगरशासन का विस्तार से वर्णन किया है। उसके अनुसार पाटलीपुत्र की नगर सभा छः उपसमितियों में विभक्त थी। प्रत्येक उपसमिति के पाँच-पाँच सदस्य होते थे। इन उपसमितियों के कार्य निम्नलिखित थे।

पहली उपसमिति का कार्य औद्योगिक तथा शिल्पसंबंधी कार्यों का निरीक्षण करना था। मजदूरी की दर निश्चित करना तथा इस बात पर विशेष ध्यान देना कि शिल्पी लोग शुद्ध तथा पक्का माल काम में लाते हैं, और मजदूरों के कार्य का समय तय करना इसी उपसमिति का कार्य था। चंद्रगुप्त मौर्य के समय

उसमें किस प्रकार शांति स्थापित की जाय। इसके अनुसार जीते हुए प्रदेश में राजा अपने को जनता का प्रिय बनाने का प्रयत्न करे। जनता के विरुद्ध आचरण करने वाले का विश्वास नहीं जम सकता, अतः राजा उनके समान ही अपना शील, वेष भाषा और आचार बना ले। देश के देवताओं, समाजों, उत्सवों और विहारों का आदर करे। उनके धर्म, व्यवहार आदि का उल्लंघन न करे।

सब जनपदों के साथ एक सा बरताव नहीं किया जाता था, पुराने गणराज्य मगध के साम्राज्यविस्तार के मार्ग में घोर रुकावट थे। आचार्य चाणक्य की इनके संबंध में नीति यह थी, कि इन सब को दमन करके 'एकराज' की स्थापना की जाय। संघ या गणराज्यों को वश में करने के लिये चाणक्य ने साम, दाम, दंड, भेद—सब प्रकार के उपायों का बड़े विस्तार से वर्णन किया है। इन उपायों में से बहुत से ऐसे भी हैं, जिन्हें नैतिक दृष्टि से शायद उचित न समझा जाय। शराब, द्यूत, फूट आदि सब प्रकार के उपायों का अवलंबन करके संघराज्यों का सर्वथा अंत कर दिया जाय, यही चाणक्य को अभिप्रेत था। पुराने वज्जि, शाक्य आदि गणों ने बढ़ते हुए साम्राज्यवाद के

. . . .

नहीं था और उसने उनके संबंध में 'एकराज' नीति का उपदेश किया था। पर इस प्रकार के घोर उपायों से संघों को नष्ट करने के बाद भी उनके धर्म, व्यवहार और चरित्र का आदर किया जाता था, और उनमें पृथक् होने की अनुभूति विद्यमान रहती थी। इसी कारण मगध के साम्राज्यवादी सम्राट् गणों वा संघों का पूर्णतया कभी विनाश नहीं कर सके, और उनकी शक्ति के शिथिल होते ही वे फिर से स्वतंत्र हो गये

जनपदों का शासन करने के लिये सम्राट् की तरफ से सभा-
नायक राजपुरुष की नियुक्ति होती थी। पर यह जनपद
आंतरिक शासन में हस्तक्षेप नहीं करता था। पर आंतरिक
शासन की दृष्टि से सब जनपदों की स्थिति एक समान नहीं
मौर्यों से पहले भी अवंति, कोशल, वत्स आदि के राजाओं
युद्ध से जनपदों को जीतकर अपने अधीन कर लिया था।
र के भी शैशुनाक, नंद आदि वंशों के राजा अपने साम्राज्य
बहुत कुछ विस्तार करने में सफल हुए थे। इनमें से अनेक
ा 'अधार्मिक' भी थे, और उन्होंने प्राचीन आर्यमर्यादा के
रीत अपने जीते हुए जनपदों की आंतरिक स्वतन्त्रता का भी
ाश किया था। जो जनपद देर से मागध साम्राज्य के अधीन
उनकी अपेक्षा नये जीते हुए जनपदों का पृथक् अस्तित्व
धिक सुरक्षित था। यही कारण है, कि मौर्य साम्राज्य की शक्ति
शिथिल होने पर सब से पहले यही कलिंग, आंध्र आदि जन-
द मगध की अधीनता से विमुक्त हो गये।

(ख) *नगरों का शासन—मौर्यकाल में नगरों में स्थानीय स्व-
ासन की क्या* दशा थी, इसका सबसे अच्छा परिचय मेगस्थ
ज के यात्राविवरण से मिलता है। मेगस्थनीज ने पाटलीपुत्र
नगरशासन का विस्तार से वर्णन किया है। उसके अनुसार
टलीपुत्र की नगर सभा छः उपसमितियों में विभक्त थी। प्रत्येक
समिति के पांच-पांच सदस्य होते थे। इन उपसमितियों के
ार्य निम्नलिखित थे।

िक्तरा माल काम में लाते हैं, और मजदूरों के कार्य का समय
नय करना इसी उपसमिति का कार्य था। चंद्रगुप्त मौर्य के समय

में शिल्पी लोगों का समाज में बड़ा आदर था। प्रत्येक राष्ट्र की सेवा में नियुक्त माना जाता था। यही कारण यदि कोई मनुष्य किसी शिल्पी के ऐसे अंग को विकल जिससे कि उसके हस्तकौशल में न्यूनता आ जावे, तो उसे दण्ड की व्यवस्था थी।

दूसरी उपसमिति का कार्य विदेशियों का सत्कार करना इस समय जो काम विदेशों के दूतमंडल करते हैं, उनमें अनेक कार्य यह समिति किया करती थी। जो विदेशी पाटलीपुत्र में आवें उन पर यह उपसमिति बड़ी निगाह रखती थी साथ में, विदेशियों के निवास, सुरक्षा और समय-समय पर औषधोपचार का कार्य भी इस उपसमिति के सुपुर्द था। यदि किसी विदेशी की पाटलीपुत्र में मृत्यु हो गई, तो उसे उस देश के रिवाज के अनुसार दफनाने का प्रबंध भी इसी की तरफ से होता था। मृत परदेसी की जायदाद व संपत्ति का प्रबंध भी यही उपसमिति करती थी।

तीसरी उपसमिति का काम मर्दुमशुमारी करना होता था। मृत्यु और जन्म की सूची रखना इसी उपसमिति का कार्य था। कर लगाने के लिये यह सूची बड़ी उपयोगी होती थी।

चौथी उपसमिति क्रय-विक्रय के नियमों का निर्धारण करती थी। भार और माप के परिमाणों को निश्चित करना, व्यापारी लोग उनका शुद्धता के साथ-साथ और सही-सही उपयोग करते हैं, इसका निरीक्षण करना इस उपसमिति का कार्य था। व्यापारी लोग जब किसी खास वस्तु को बेचने की अनुमति प्राप्त करना चाहते थे, तो इसी उपसमिति के पास आवेदनपत्र भेजते थे। ऐसी अनुमति देते समय यह उपसमिति अतिरिक्त कर भी वसूल करती थी।

पाँचवीं उपसमिति व्यापारियों पर इस बात के लिये

निरीक्षण रखती थी, कि वे लोग नई और पुरानी वस्तुओं को मिला कर तो नहीं बेचते। नई और पुरानी चीज़ों को मिलाकर बेचना नियम के विरुद्ध था। इसको भङ्ग करने पर सजा दी जाती थी। यह नियम इस लिये बनाया गया था, क्योंकि पुरानी वस्तुओं का बाजार में बेचना कुछ विशेष अवस्थाओं को छोड़ कर सर्वथा निषिद्ध था।

छठवीं उपसमिति का कार्य क्रय-विक्रय पर टैक्स वसूल करना होता था। इस समय में यह नियम था, कि जो कोई वस्तु जिस कीमत पर बेची जाय, उसका दसवाँ भाग कर रूप में नगरसभा को दिया जाय। इस कर को न देने से कड़े दण्ड की व्यवस्था थी।

इस प्रकार छः उपसमितियों के पृथक्-पृथक् कार्यों का उल्लेख कर मैगस्थनीज़ ने लिखा है, कि "ये कार्य हैं, जो उपसमितियाँ पृथक् रूप से करती हैं। पर सामूहिक रूप में, जहां उपसमितियों को अपने-अपने विशेष कार्यों का खयाल करना होता है, वहाँ वे सब मिलकर सार्वजनिक या सर्वसाधारण हित के कार्यों पर भी ध्यान देती हैं। यथा, सार्वजनिक इमारतों को सुरक्षित रखना, उनकी मरम्मत का खयाल रखना, कीमतों को नियंत्रित करना, बाजार, बन्दरगाह और मंदिरों पर ध्यान देना।"

मैगस्थनीज़ के इस विवरण से स्पष्ट है, कि मौर्य चंद्रगुप्त के शासन में पाटलीपुत्र का शासन तीस नागरिकों की एक सभा के हाथ में था। सम्भवतः, यही प्रचीन पौरसभा थी। इस प्रकार की पौरसभायें तक्षशिला, उज्जैनी आदि अन्य नगरियों में भी विद्यमान थीं। जब उत्तरापथ के विद्रोह को शांत करने के लिये कुमार कुनाल तक्षशिला गया था, तो वहाँ के 'पौर' ने उसका स्वागत किया था। अशोक के शिलालेखों में भी ऐसे निर्देश विद्यमान हैं, जिनसे सूचित होता है, कि उस समय के बड़े

में शिल्पी लोगों का समाज में बड़ा आदर था। प्रत्येक शि
राष्ट्र की सेवा में नियुक्त माना जाता था। यही कारण है कि
यदि कोई [illegible]

[illegible] व्यवस्था था।

[illegible]

[illegible] परदेशियों के निवास, सुरक्षा और समय-समय पर औषधोपचार का कार्य भी इस उपसमिति के सुपुर्द था। यदि किसी विदेशी की पाटलीपुत्र में मृत्यु हो गई, तो उसे उस देश के रिवाज के अनुसार दफनाने का प्रबंध भी इसी की तरफ से होता था। मृत परदेशी की जायदाद व संपत्ति का प्रबंध भी यही उपसमिति करती थी।

तीसरी उपसमिति का काम मर्दुमशुमारी करना होता था। मृत्यु और जन्म की सूची रखना इसी उपसमिति का कार्य था। कर लगाने के लिये यह सूची बड़ी उपयोगी होती थी।

चौथी उपसमिति क्रय-विक्रय के नियमों का निर्धारण करती थी। भार और माप के परिमाणों को निश्चित करना, व्यापारी लोग उनका शुद्धता के साथ-साथ और सही-सही उपयोग करते हैं, इसका निरीक्षण करना इस उपसमिति का कार्य था। व्यापारी लोग जब किसी खास वस्तु को बेचने की अनुमति प्राप्त करना चाहते थे, तो इसी उपसमिति के पास आवेदनपत्र भेजते थे। ऐसी अनुमति देते समय यह उपसमिति अतिरिक्त कर भी वसूल करती थी।

पाँचवीं उपसमिति व्यापारियों पर इस बात के लिये कड़ा

। वास्तविक स्वतंत्रता सदा सुरक्षित रही है। इस देश की वसाधारण जनता का बड़ा भाग सदा से ग्रामों में बसता रहा । ग्राम के लोग अपने सुख व हित की अपने संघ में स्वयं व्यवस्था करते थे, अपने लिये स्वयं नियम बनाते थे और अपने नोरंजन का भी स्वयं ही प्रबंध करते थे। इस दशा में साम्राज्य अधिपति की निरंकुशता या एक सत्ता का उन पर विशेष प्रसर नहीं होता था।

(घ) व्यवसायियों की श्रेणियाँ—मौर्यकाल के व्यवसायी और शिल्पी श्रेणियों (Guilds) में सगठित थे। ये श्रेणियां अपने नियम स्वयं बनाती थीं, और अपने सघ में सम्मिलित शिल्पियों के जीवन व कार्य पर पूरा नियंत्रण रखती थीं। इनके नियम, व्यवहार और चरित्र आदि को भी राजा की तरफ से स्वीकृत किया जाता था।

(ङ) धर्म और व्यवहार—मगध के मौर्य सम्राट् अपने साम्राज्य पर अपनी स्वेच्छा और निरंकुशता से शासन न कर धर्म और व्यवहार के अनुसार राज्य करते थे। चाणक्य ने अर्थशास्त्र में लिखा है, कि जो राजा धर्म, व्यवहार, संस्था और न्याय के अनुसार अनुशासन करता है, वह चातुरन्त पृथिवी को विजित कर लेता है। चाणक्य के विजगीषु के लिये यह आवश्यक है, कि वह निरंकुश और स्वेच्छाचारी राजा न हो, अपितु धर्म, व्यवहार आदि के अनुसार ही शासन करे। अर्थशास्त्र में यह विचार विद्यमान है, कि राजा जनता से जो छठवाँ भाग कर के रूप में लेता है, वह उसका एक प्रकार का वेतन है। इसके बदले में वह प्रजा के योग-क्षेम का संपादन करता है। राजा को धर्म और न्याय के अनुसार शासन करना है, यह विचार प्राचीन समय में इतना प्रबल था, कि आचार्य चाणक्य ने यह व्यवस्था की है कि यदि राजा किसी निरपराधी को दंड

नगरों में पौर सभा विद्यमान थी। जिस प्रकार मागध साम्रा
के अंतर्गत विविध जनपदों में अपने परंपरागत धर्म,
वहार और चरित्र विद्यमान थे, उसी प्रकार पुरों व नगरों
भी थे। यही कारण है, कि नगरों के निवासी अपने नगरों
शासन में पर्याप्त अधिकार रखते थे।

(ग) ग्रामों का शासन—जनपदों में बहुत से ग्राम सम्मिलि
होते थे, और प्रत्येक ग्राम शासन की दृष्टि से अपनी पृथक्
स्वतंत्र सत्ता रखता था। कौटलीय अर्थशास्त्र के अध्ययन से हमें
इन ग्रामसंस्थाओं के संबंध में बहुत सी बातें ज्ञात होती हैं।
प्रत्येक ग्राम का शासक पृथक्-पृथक् होता था, जिसे ग्रामिक कहते
थे। ग्रामिक ग्राम के अन्य निवासियों के साथ मिल कर अपरा-
धियों को दंड देता था और किसी व्यक्ति को ग्राम से बहिष्कृत
भी कर सकता था। ग्राम की अपनी सार्वजनिक निधि भी
होती थी। जो जुर्माने ग्रामिक द्वारा किये जाते थे, वे इसी निधि
में जमा होते थे। ग्राम की तरफ से सार्वजनिक हित के अनेक
कार्यों की व्यवस्था होती थी। लोगों के मनोरंजन के लिये
विविध तमाशों (प्रेक्षाओं) की व्यवस्था की जाती थी,
जिसमें सब ग्रामवासियों को हिस्सा बटाना होता था। जो
लोग अपने सार्वजनिक कर्तव्य की उपेक्षा करते थे, उन पर
जुर्माना किया जाता था। इससे यह सूचित होता है, कि ग्राम
का अपना एक पृथक् संगठन भी उस युग में विद्यमान था।
यह ग्रामसंस्था न्याय का भी कार्य करती थी। ग्राम सभाओं में
बनाये गये नियम साम्राज्य के न्यायालयों में मान्य होते थे।
अक्षपटल के अध्यक्ष के कामों में से एक यह भी था, कि वह
ग्रामसंघ के धर्म, व्यवहार, चरित्र, संस्थान आदि को निबंध
पुस्तकस्थ (रजिस्टर्ड) करे।

भारत की इन्हीं ग्रामसंस्थाओं के कारण यहां के निवासी

होता है, कि मौर्यकाल में विशाल मागध साम्राज्य का केंद्रीय संगठन किस प्रकार का था। शासन के विविध महकमें 'तीर्थ' कहलाते थे। इनकी संख्या अठारह होती थी। प्रत्येक तीर्थ एक महामात्य के अधीन रहता था। इन अठारह महामात्यों और उनके विविध कार्यों का संक्षेप से उल्लेख करना अत्यंत उपयोगी है:—

१. मंत्री और पुरोहित—ये दो अलग-अलग पद थे, पर चन्द्रगुप्त मौर्य के समय में आचार्य चाणक्य मंत्री और पुरोहित दोनों थे। बाद में राधागुप्त जैसे प्रतापी अमात्य भी संभवतः मंत्री और पुरोहित दोनों पदों पर रहे। कौटलीय अर्थशास्त्र में इन दोनों पदों का उल्लेख प्रायः साथ-साथ आया है। राजा इन्हीं के साथ मिलकर अन्य राजकर्मचारियों के शौचाशौच की परीक्षा लेता था, प्रजा की सम्मति जानने के लिये गुप्तचरों को नियत करता था विदेशों में राजदूतों की नियुक्ति और परराष्ट्र-नीति का संचालन करता था। शिक्षा का कार्य भी इन्हीं के अधीन रहता था। राज्य के अन्य विभागों पर भी मन्त्री और पुरोहित का निरीक्षण रहता था। राजा इन्हीं के परामर्श से अपने राज्यकार्य का सचालन करता था।

२. समाहर्त्ता—विविध जनपदों के शासन के लिये नियुक्त राजपुरुष को जहाँ समाहर्त्ता कहते थे, वहाँ सारे जनपदों के शासन का संचालन करने वाला विभाग (तीर्थ) भी समाहर्त्ता नामक अमात्य के अधीन था। राजकीय करों का एकत्रित करना इस विभाग का सर्वप्रधान कार्य था। समाहर्त्ता के अधीन अनेक अध्यक्ष होते थे, जो अपने-अपने विभाग के राजकीय करों को एकत्र करते थे, और व्यापार व्यवसाय आदि का संचालन करते थे। ऐसे कुछ अध्यक्ष निम्नलिखित हैं। -

दे दें, तो राजा को उससे तीस गुना दंड दिया जाय
प्रकार यह स्पष्ट है, कि मौर्यकाल का राजा देश के क़ानून
अनुसार चलता था, और उसका शासन स्वेच्छाचारी न हो
मर्यादित होता था।

जिस क़ानून के अनुसार वह शासन करता था, उसके
अंग होते थे धर्म, व्यवहार, चरित्र और राजशासन। इ
में पिछला पहले का बाधक होता था। अभिप्राय यह है
यदि व्यवहार या चरित्र का राजशासन (राजा की आज्ञा)
विरोध हो, तो उसमें राजाज्ञा व्यवहार या चरित्र को क
देगी। धर्म वे क़ानून थे जो सत्य पर आश्रित शाश्वत नि
हैं। व्यवहार का निश्चय साक्षियों द्वारा किया जाता था। जो
क़ानून पुराने समय से चले आते थे, उन्हें व्यवहार कहते थे।
कौन से नियम पुराने समय से चले आते हैं, इसका निर्णय
साक्षियों द्वारा ही हो सकता था। चरित्र वे क़ानून थे, जो ग्राम,
श्रेणि, आदि विविध समूहों में प्रचलित थे। इन सब से ऊपर
राजा की आज्ञा थी पर मौर्यकाल के क़ानून में धर्म, व्यवहार
और चरित्र की सुनिश्चित स्थिति का होना इस बात का प्र
है कि राजा लोग अपने शासन में उन्हें काफ़ी महत्व देते
और जनता की इच्छा या चरित्र की वे सर्वथा उपेक्षा नहीं क
सकते थे।

मगध के एकराट् राजाओं की अपार शक्ति के बावजूद
जनता की स्वतंत्रता ऊपर वर्णन किये गये विविध रूपों में सु
क्षित थी, और मौर्य युग के भारतीय अनेक प्रकार से अपने
साथ संबंध रखने वाले विषयों का संचालन स्वयं करते थे।

(६) केंद्रीय शासन का संगठन

कौटलीय अर्थशास्त्र के अध्ययन से यह ...

कार्य करता था। वह सब कार्यों में राजा का हाथ बटाता और सहायता करता था।

६. प्रदेष्टा—मौर्यकाल में न्यायालय दो प्रकार के होते थे, धर्मस्थीय और कंटकशोधन। इनके भेद पर हम बाद में प्रकाश डालेंगे। कंटकशोधन न्यायालयों के न्यायाधीश को प्रदेष्टा कहते थे। विविध अध्यक्षों और राजपुरुषों का नियंत्रण करना, वे बेईमानी, चोरी, रिश्वत आदि से पृथक् रहें, इसका ध्यान रखना भी प्रदेष्टा का कार्य था।

७. नायक—सेना के मुख्य संचालक को नायक कहते थे। सेनापति सैन्य विभाग का महामात्य होता था, पर नायक सेना का युद्धक्षेत्र में संचालन करता था। स्कधावार (छावनी) तैयार कराने का काम इसी के हाथ में था। युद्ध का अवसर आने पर विविध सैनिकों को क्या-क्या काम दिया जाय, सेना की व्यूह-रचना आदि कैसे की जाय—इन सब बातों का निर्णय नायक ही करता था।

८. व्यावहारिक—धर्मस्थीय न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश को व्यावहारिक कहते थे। सारा न्यायविभाग व्यावहारिक के ही अधीन था।

९. कार्मान्तिक—मौर्यकाल में राज्य की ओर से अनेक कारखानों का संचालन होता था। खानों, जंगलों, खेतों आदि से एकत्रित कच्चे माल को भिन्न-भिन्न उपयोगों के लिये तैयार करने के लिये राज्य की ओर से जो विविध कारखाने थे, उनका संचालन कार्मान्तिक के अधीन था। चाणक्य ने लिखा है, 'खानों से जो धातुएँ निकलें, उन्हें अपने-अपने कारखानों में भेज दिया जाये। जो माल तैयार हो, उसे बेचने का प्रबंध एक स्थान पर किया जाय। इन नियमों का उल्लंघन करने वाले

पराय (विक्रेय पदार्थ) एकत्र किये जाते थे। राज्य की व
अनेक व्यवसायों का संचालन होता था, उनसे तैयार वि
पदार्थ सन्निधाता के अधीन पण्यगृह में भेज दिये जा
कोष्ठागार में वे पदार्थ संगृहीत किये जाते थे, जिनकी रा
आवश्यकता रहती थी। सेना, राजपुरुष आदि के खर्च वे
राज्य की ओर से जो माल खरीदा जाता था, स्वयं
जाता था या बदले में प्राप्त किया जाता था, वह सब कोष्
में रखा जाता था। [illegible]

[illegible]

कमरे पृथक्-पृथक् बने होने चाहिये।'

४ सेनापति—यह युद्धविभाग का महामात्य होता
चाणक्य के अनुसार सेनापति संपूर्ण युद्धविद्या तथा श
शस्त्रविद्या में पारंगत हो। हाथी, घोड़े तथा रथ के संचा
में समर्थ हो। वह चतुरंग (पदाति, अश्व, रथ, हस्ति)
के कार्य तथा स्थान का निरीक्षण करे। अपनी भूमि (मोर
युद्ध का समय, शत्रु की सेना, सुदृढ़ व्यूह का भेदन, टूटे
व्यूह का फिर से निर्माण, एकत्रित सेना को तितर-बितर कर
तितर-बितर हुई सेना का संहार करना, किले को तोड़ना, यु
यात्रा का समय आदि बातों का हर समय ध्यान रखे।'

५ युवराज राजा की मृत्यु के बाद जहाँ युवराज रा
गद्दी का उत्तराधिकारी होता था, वहाँ राजा के जीवनकाल
भी वह शासन में हाथ बटाता था। उसका तीर्थ (विभाग
अलग था, और शासनसंबंधी अनेक अधिकार उसे प्राप्त र
थे। राजा की अनुपस्थिति में यह शून्यपाल (रीजेंट)

(ट) आकराध्यक्ष—मौर्यकाल में आकरों (खानों) से धातुओं व अन्य बहुमूल्य पदार्थों को निकालने का कार्य बहुत उन्नत था। यह सब कार्य आकराध्यक्ष के अधीन रहता था। उसके नीचे अन्य अनेक उपाध्यक्ष होते थे, जिनमें लोहाध्यक्ष, लवणाध्यक्ष, खन्यध्यक्ष और सुवर्णाध्यक्ष विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

(थ) देवताध्यक्ष—विविध देवताओं व उनके मंदिरों का प्रबंध इसके अधीन रहता था।

(न) सौवर्णिक—टकसाल के अध्यक्ष को सौवर्णिक कहते थे। ये बीस अध्यक्ष समाहर्त्ता के विभाग के अधीन होते थे। समाहर्त्ता राज्य का बहुत ही महत्त्वपूर्ण तीर्थ होता था, और जनपदों के शासन का संचालन बहुत कुछ उसके हाथ में रहता था।

३. सन्निधाता—राजकीय कोष का विभाग सन्निधाता के हाथ में रहता था। राजकीय आय और व्यय का हिसाब रखना और उसके संबंध में नीति का निर्धारण करना सन्निधाता का ही कार्य था। चाणक्य ने लिखा है—'सन्निधाता को सैकड़ों वर्ष की बाहरी तथा अंदरूनी आय-व्यय का परिज्ञान होना चाहिये, जिससे कि वह बिना किसी संकोच या घबराहट के तुरंत व्यय-शेष (नेट इन्कम या सरप्लस) को बता सके।'

सन्निधाता के अधीन भी अनेक उपविभाग थे। चाणक्य ने उनका परिगणन इस प्रकार किया है:—कोषगृह, पण्यगृह, कोष्ठागार, कुप्यगृह, आयुधागार और बंधनागार। कोषगृह के उपाध्यक्ष को कोषाध्यक्ष कहते थे। वह कोषगृह में सब प्रकार के रत्नों तथा अन्य बहुमूल्य पदार्थों का संग्रह करता था। चाणक्य के अनुसार 'कोषाध्यक्ष का कर्त्तव्य है, कि वह रत्नों के मूल्य, प्रमाण, लक्षण, जाति, रूप, प्रयोग, संशोधन, देश तथा काल के अनुसार उनका घिसना या नष्ट होना, मिलावट, हानि का प्रत्युपाय आदि बातों का परिज्ञान रखे।' पण्यगृह में राजकीय

प्रबन्ध होता था। राज्य की ओर से बड़ी-बड़ी गोशालाएँ भी होती थीं। यह सब प्रबन्ध गोऽध्यक्ष के अधीन था।

(ग) अश्वाध्यक्ष—सैनिक दृष्टि से उस समय घोड़ों का बड़ा महत्त्व था। इनके पालन, नसल में उन्नति आदि पर राज्य की ओर से बहुत ध्यान दिया जाता था। घोड़ों को युद्ध के लिये तैयार करने के वास्ते अनेक प्रकार की कवायद कराई जाती थी। ये सब कार्य अश्वाध्यक्ष के अधीन थे।

(घ) हस्त्यध्यक्ष—यह जंगलों से हाथियों को पकड़वाने, हस्तिवनों की रक्षा करने तथा हाथियों के पालन और सैनिक दृष्टि से उन्हें तैयार करने पर ध्यान देता था। इसी तरह ऊंट, गधे, बैल, बकरी आदि के लिये भी पृथक् उपविभाग थे।

(ङ) कुप्याध्यक्ष—कुप्य पदार्थों का अभिप्राय साल, महुआ, तिल, शीशम, खैर, सिरस, देवदार, कत्था, राल, औषधि आदि से है। ये सब पदार्थ जंगलों में पैदा होते हैं। कुप्याध्यक्ष का कार्य यह था, कि वह जंगलों में उत्पन्न होने वाले विविध पदार्थों को एकत्र कराके उन्हें कारखानों में भेज दे, ताकि वहाँ कच्चे माल को तैयार माल के रूप में परिवर्तित किया जा सके। कुप्याध्यक्ष के अधीन द्रव्यपाल और वनपाल नाम के कर्मचारी और होते थे, जो जंगलों से कुप्य द्रव्यों को एकत्र कराने तथा

(ज) गणिकाध्यक्ष—मौर्यकाल में वेश्याओं का प्रयोग राजनीतिक दृष्टि से भी किया जाता था। संघ, सामंत आदि को वश में लाने के लिये गणिकायें प्रयुक्त की जाती थीं। अतः बहुत सी वेश्याएं राज्य की ओर से भी रखी जाती थीं। इनके वेतन आदि सब निश्चित होते थे। राजा के स्नान, मर्दन, छत्रधारण, शिविका, पीठिका, रथ आदि में साथ चलने आदि के लिये राज्य की ओर से वेश्याओं को रखा जाता था। यह सब विभाग गणिकाध्यक्ष के अधीन था। स्वतंत्र वेश्याओं का संपूर्ण प्रबंध तथा निरीक्षण भी इसी विभाग के कार्य थे।

(झ) मुद्राध्यक्ष—देश से बाहर आने या जाने के लिये राजकीय मुद्रा प्राप्त करना आवश्यक होता था। यह कार्य मुद्राध्यक्ष के अधीन था।

(ञ) विवीताध्यक्ष—गोचर भूमियों का प्रबंध इस विभाग का कार्य था। चोर तथा हिंसक जंतु चरागाहों को नुकसान न पहुँचावें, यह प्रबंध करना जहाँ पशुओं के पीने का जल न उपलब्ध हो, वहाँ उसका प्रबंध करना और तालाब तथा कुएँ बनवाना इसी विभाग के कार्य थे। जंगल की सड़कों को ठीक रखना, व्यापारियों के माल की रक्षा करना, काफिलों को डाकुओं से बचाना तथा शत्रुओं के हमलों की सूचना राजा को देना, यह सब कार्य विवीताध्यक्ष के सुपुर्द थे।

(ट) नावध्यक्ष—जलमार्गों का सब प्रबंध नावध्यक्ष के अधीन था। छोटी बड़ी नदियों, समुद्रतटों तथा महासमुद्रों को पार करने वाली नौकाओं या जहाजों का यही प्रबंध करता था। जलमार्ग से यात्रा करने पर क्या किराया लगे, यह सब नावध्यक्ष द्वारा ही तय होता था।

(ठ) गोऽध्यक्ष—राजकीय आय तथा सैनिक दृष्टि से राज्य [illegible]

(क) शुल्काध्यक्ष—विविध प्रकार के व्यापार से सम्बद्ध रखने वाले अनेकविध शुल्कों (करों) को एकत्र करना इसका कार्य था।

(ख) पौतवाध्यक्ष—तौल और माप के परिमाणों पर नियंत्रण रखने वाले राजपुरुषों को पौतवाध्यक्ष कहते थे। इन परिमाणों को ठीक न रखने से यह जुरमाना वसूल करता था।

(ग) मानाध्यक्ष—देश और काल को मापने के विविध साधनों का नियंत्रण राज्य के अधीन था। यह कार्य मानाध्यक्ष के अधिकार में होता था।

(घ) सूत्राध्यक्ष—राज्य की तरफ से अनेक व्यवसाय चलाये जाते थे। विधवा, विकलांग मनुष्य, अनाथ लड़की, भिखारी, राज्य के कैदी, वेश्याओं की वृद्ध माताएँ, वृद्ध राजदासी, देवदासी आदि के पालन पोषण के लिये राज्य की ओर से उन्हें काम दिया जाता था। इन कार्यों में सूत कातना, कवच बनाना, कपड़ा बुनना और रस्सी बनाना मुख्य थे। यह सब कार्य सूत्राध्यक्ष के हाथ में होता था।

(ङ) सीताध्यक्ष—कृषि-विभाग के अध्यक्ष को सीताध्यक्ष कहते थे। यह न केवल देश में कृषि की उन्नति पर ही ध्यान देता था, अपितु राजकीय भूमि पर दास, मजदूर आदि से खेती भी कराता था।

(च) सुराध्यक्ष—शराब का निर्माण तथा प्रयोग राज्य द्वारा नियंत्रित था। सुराध्यक्ष शराब बनवाता था उसे बिकवाने का

थी। यही दशा अन्य बड़े नगरों की थी। इन सब की दुर्ग रूप में व्यवस्था दुर्गपाल के हाथ में होती थी।

१४. नागरक—जैसे जनपदों का शासन समाहर्त्ता के अधीन था, वैसे ही पुरों या नगरों के शासन का सर्वोच्च अधिकारी नागरक होता। विशेषतया, राजधानी का शासन नागरक के हाथ में रहता था। साम्राज्य में राजधानी की विशेष महत्ता होती थी। पाटलीपुत्र उस युग में संसार का सब से बड़ा नगर था। रोम और एथन्स की जनसंख्या का विस्तार पाटलीपुत्र की अपेक्षा बहुत कम था। ६ मील लंबे और १½ मील चौड़े इस विशाल नगर का प्रबंध एक पृथक् महामात्य के अधीन हो, यह उचित ही था।

१५. प्रशास्ता—चाणक्य के अनुसार 'राजकीय लिखित आज्ञाओं पर शासन आश्रित होता है। संधि और विग्रह का मूल राजकीय आज्ञायें ही हैं।' इन सब आज्ञाओं (राज-शासन) को लिपिबद्ध करने के लिये एक पृथक् विभाग था, जिसके प्रधान अधिकारी को प्रशास्ता कहते थे। राज्य के अन्य सब विभागों का रिकार्ड रखना भी इसी का काम था। उसके अधीन जो विशाल कार्यालय होता था उसे 'अक्षपटल' कहते थे। राजकीय कर्मचारियों के वेतन, नौकरी की शर्तें, विविध देश, जनपद, ग्राम, श्रेणि आदि के धर्म, व्यवहार व चरित्र आदि का उल्लेख, खानों, कारखानों आदि के कार्य का हिसाब—ये सब अक्षपटल में भलीभाँति 'निबंध पुस्तकस्थ' किये जाते थे।

१६. दौवारिक—यह राजप्रासाद का प्रधान पदाधिकारी होता था। मागध साम्राज्य के कूटस्थानीय राजा का राजप्रासाद एक अत्यंत विशाल चीज थी, जिसमें हजारों की संख्या में स्त्री-पुरुष रहते थे। इन सब का प्रबंध करना, अंतःपुर के गुप्त आंतरिक शत्रुओं से राज्य की रक्षा करना दौवारिक का कार्य था।

क्रेता, विक्रेता तथा कर्ता (पक्का माल तैयार करने वाला) को दंड दिया जाय।'

१०. मंत्रिपरिषद् अध्यक्ष—राजा को सलाह देने के लिये मन्त्रिपरिषद् होती थी, यह हम पहले लिख चुके हैं। उसका एक पृथक् विभाग होता था, जिसके अध्यक्ष की गिनती राज्य के प्रधान अठारह तीर्थों में की जाती थी।

११. दंडपाल—सेना के दो महामात्यों, सेनापति और नायक का उल्लेख ऊपर हो चुका है। दंडपाल भी सेना के साथ ही संबंध रखता था। इसका विशेष कार्य सेना की सब आवश्यकताओं को पूरा करना और उसके लिये सब प्रबंध करना होता था।

१२. अंतपाल—मागध साम्राज्य में सीमांत प्रदेशों का बड़ा महत्त्व था। सीमा की रक्षा के लिये बहुत से दुर्ग उस समय बनाये जाते थे। विदेशी सेना जब आक्रमण करके अपने राज्य की सीमा को लांघने लगे, तो ये दुर्ग के बचाव के लिये बड़े उपयोगी होते थे। सीमाप्रदेश के रास्तों पर भी जगह-जगह चौकी डाली जाती थी। यह सब कार्य अंतपाल के सुपुर्द था।

२ राष्ट्र—देहात या जनपद में जो आमदनी राज्य को होती थी, उसे राष्ट्र कहते थे। इसके अंतर्गत निम्नलिखित आमदनियाँ होती थी — (क) सीता— राज्य की अपनी जमीनों से होने वाली आमदनी। (ख) भाग – जिन जमीनों पर राज्य का स्वामित्व नहीं था, उनसे वसूल किया जाने वाला कर। (ग) बलि—तीर्थस्थान आदि धार्मिक स्थानों पर लगा हुआ विशेष कर। (घ) वणिक—[illegible] पर लिया जाने वाला कर

[illegible]

३. खनि - मौर्ययुग में खानें राज्य की संपत्ति होती थीं। सोना, चाँदी, हीरा, मणि, मुक्ता, मूँगा, शंख, लोहा, नमक, [illegible] तथा अन्य अनेक प्रकार की खानों से राजकोष को बहुत आमदनी होती थी।

४ सेतु—पुष्पों और फलों के उद्यान, शाक के खेतों (मूली, शलगम, कंद आदि) के खेतों से जो आय थी, उसे सेतु कहते थे।

५. वन—जंगलों पर उस युग में राज्य का अधिकार था। जंगलों से राज्य को अनेक प्रकार की आय थी।

६. व्रज—गाय, घोड़ा, भैंस, बकरी आदि पशुओं से होने वाली आय को व्रज कहते थे। उस काल में राज्य की अपनी [illegible]लायें भी होती थीं।

७. वणिक्पथ—वणिक्पथ दो प्रकार के होते थे, स्थलपथ [illegible]। इनसे होने वाली आय वणिक्पथ कहलाती थी।

र्णित हैं। यदि आधुनिक राजस्वशास्त्र के अनुसार मौर्यकाल के राज्य की आय का हम अनुशीलन करना चाहें, तो इस प्रकार कर सकते हैं—

१. भूमिकर- जमीन से राज्य को आमदनी दो प्रकार से होती थी, सीता और भाग। राज्य की अपनी जमीनों से जो आमदनी होती थी, उसे सीता कहते थे। जो जमीनें राज्य की संपत्ति नहीं थीं, उनसे 'भाग' वसूल किया जाता था। जो र सर्वथा स्वतंत्ररूप से खेती करते थे, जो सिंचाई का भी अपने आप करते थे, उनसे जमीन के उत्तम या र होने के अनुसार, कुल उपज का $\frac{1}{6}$ या $\frac{1}{4}$ भाग भूमिकर रूप में लिया जाता था। जो किसान सिंचाई के लिये सरकार ल लेते थे, उनसे भूमिकर की दर और थी। जिन जमीनों सिंचाई कूप आदि से हाथ द्वारा पानी खींच कर होती थी, । उपज का $\frac{1}{5}$ भाग लिया जाता था। जिनको चरस, रहट द्वारा पानी खींच कर सींचने के लिये दिया जाता था, र उपज का $\frac{1}{4}$ भाग लिया जाता था। जहां सिंचाई पंप, वात-आदि द्वारा होती थी, उनसे $\frac{1}{3}$ भाग लेने का नियम था। या नहर से सिंचाई होने की दशा में भूमिकर की मात्रा ज का चौथाई भाग होती थी।

यदि कोई किसान तालाब या पक्के मकान को नये सिरे बनायें, तो उसे पांच साल के लिये भूमिकर से मुक्त कर दिया जा था। टूटे-फूटे तालाब या मकान का सुधार करने पर चार तक और बने हुए को बढ़ाने में तीन साल तक भूमिकर नहीं लिया जाता था।

२. तटकर- मौर्यकाल में तटकर दो प्रकार के होते , निष्क्राम्य (निर्यात कर) और प्रवेश्य (आयात कर)। आयात माल पर कर की मात्रा प्रायः २० फी सदी थी। सब के

वर्णित हैं। यदि आधुनिक राजस्वशास्त्र के अनुसार मौर्यकाल के राज्य की आय का हम अनुशीलन करना चाहें, तो इस प्रकार कर सकते हैं—

१. भूमिकर- जमीन से राज्य को आमदनी दो प्रकार से होती थी, सीता और भाग। राज्य की अपनी जमीनों से जो आमदनी होती थी, उसे सीता कहते थे। जो जमीनें राज्य की अपनी संपत्ति नहीं थीं, उनसे 'भाग' वसूल किया जाता था। जो किसान सर्वथा स्वतंत्ररूप से खेती करते थे, जो सिंचाई का प्रबंध भी अपने आप करते थे, उनसे जमीन के उत्तम या निकृष्ट होने के अनुसार, कुल उपज का $\frac{1}{4}$ या $\frac{1}{6}$ भाग भूमिकर रूप में लिया जाता था। जो किसान सिंचाई के लिये सरकार से जल लेते थे, उनसे भूमिकर की दर और थी। जिन जमीनों को सिंचाई कूप आदि से हाथ द्वारा पानी खींच कर होती थी, उनसे उपज का $\frac{1}{5}$ भाग लिया जाता था। जिनको चरस, रहट आदि द्वारा पानी खींच कर सींचने के लिये दिया जाता था, उनसे उपज का $\frac{1}{4}$ भाग लिया जाता था। जहां सिंचाई पंप, वात-यंत्र आदि द्वारा होती थी, उनसे $\frac{1}{3}$ भाग लेने का नियम था। नदी या नहर से सिंचाई होने की दशा में भूमिकर की मात्रा उपज का चौथाई भाग होती थी।

यदि कोई किसान तालाब या पक्के मकान को नये सिरे

२. तटकर- मौर्यकाल में तटकर दो प्रकार के होते थे, निष्क्राम्य (निर्यात कर) और प्रवेश्य (आयात कर)। आयात माल पर कर की मात्रा प्रायः २० फी सदी थी। सन के

या वस्तुतः अपराध करने पर गिरफ्तारी। मृत देह की प
कर मृत्यु के कारण का पता लगाना। अपराध का पता कर
लिये विविध भाँति के प्रश्नों तथा शारीरिक कष्टों का प्रयो
सरकार के संपूर्ण विभागों की रक्षा। अंग काटने की सज़ा मि
पर उसके बदले में जुर्माना देने के आवेदनपत्र। शारीरिक
के साथ या उसके बिना मृत्युदंड देने का निर्णय, कन्या
बलात्कार और न्याय का उल्लघन करने पर दंड देना।

ऊपर की सूचियों से स्पष्ट है, कि धर्मस्थीय न्यायालयों
व्यक्तियों के आपस के मुकदमे पेश होते थे। इसके विप
कंटकशोधन न्यायालयों में वे मुकदमे उपस्थित किये जाते
जिनका संबंध राज्य से होता था। कंटकशोधन का अभिप्र
ही यह है कि राज्य के कंटकों (काँटों) को दूर किया जा

न्यायालयों में मुकदमे किस प्रकार किए जाते थे, इस वि
पर भी अर्थशास्त्र में विस्तार से प्रकाश डाला गया है। जब वि
के लिये कोई मुकदमा जाता था, तो निम्नलिखित बातें दर्ज

या वस्तुतः अपराध करने पर गिरफ्तारी। मृत देह का परीक्षा कर मृत्यु के कारण का पता लगाना। अपराध का पता करने के लिये विविध भाँति के प्रश्नों तथा शारीरिक कष्टों का प्रयोग। सरकार के संपूर्ण विभागों की रक्षा। अंग काटने की सजा मिलने पर उसके बदले में जुर्माना देने के आवेदनपत्र। शारीरिक कष्ट के साथ या उसके बिना मृत्युदंड देने का निर्णय, कन्या पर बलात्कार और न्याय का उल्लंघन करने पर दंड देना।

ऊपर की सूचियों से स्पष्ट है, कि धर्मस्थीय न्यायालयों में व्यक्तियों के आपस के मुकदमे पेश होते थे। इसके विपरीत कंटकशोधन न्यायालयों में वे मुकदमे उपस्थित किये जाते थे, जिनका संबंध राज्य से होता था। कंटकशोधन का अभिप्राय ही यह है कि राज्य के कटकों (काँटों) को दूर किया जाय।

न्यायालयों में मुकदमे किस प्रकार किए जाते थे, इस विषय पर भी अर्थशास्त्र में विस्तार से प्रकाश डाला गया है। जब निर्णय के लिये कोई मुकदमा जाता था, तो निम्नलिखित बातें दर्ज की जाती थीं—

१. ठीक तारीख।

२. अपराध का स्वरूप।

३. घटनास्थल।

४. यदि ऋण का मुकदमा है, तो ऋण की मात्रा।

५. वादी और प्रतिवादी दोनों का देश, ग्राम, जाति, गोत्र, नाम और पेशा।

६ दोनों पक्षों की युक्तियों तथा प्रत्युक्तियों का पूरा-पूरा विवरण।

... संबंध में साक्षी, जिरह आदि सब बातों का चाणक्य

(८) राजकीय आय-व्यय

कौटलीय अर्थशास्त्र में राजकीय आय के निम्नलिखित साधनों का विस्तार से वर्णन किया है—

१. दुर्ग—नगरों से जो विविध आमदनी मागध साम्राज्य को होती थी, उसे दुर्ग कहा जाता था। दुर्गों की आमदनी के विविध साधन निम्नलिखित थे:—(क) शुल्क-चुंगी। (ख) पौतव—तौल और माप के साधनों को प्रमाणित करने से प्राप्त कर। (ग) दण्ड—जुरमाना। (घ) नागरिक—जेलखानों से आय। (ङ) मुद्रा-पद्धति की आय। (च) मुद्रा—नगरप्रवेश के समय मुद्रा (सरकारी पास) लेने से होने वाली आमदनी। (छ) सुरा—शराब के ठेकों की आय। (ज) सूना—बूचड़खानों की आमदनी। (झ) सूत्र—राज्य की ओर से अनाथ, रोगी, विकलांग आदि व्यक्तियों से काम कराया जाता था, उसकी आमदनी। (ञ) तैल—तेल के व्यवसाय पर राज्य कर लेता था, उसकी आय। (ट) घृत—घी के कारोबार से वसूल होने वाला कर। (ठ) नमक—नमक बनाने पर लगाया गया कर। (ड) सौवर्णिक—सुनारों से वसूल होने वाला कर। (ढ) पण्यसंस्था—राजकीय पण्य की बिक्री से होने वाली आय। (ण) वेश्या—वेश्याओं की आय तथा स्वतंत्र व्यवसाय करने वाली वेश्याओं से कर। (त) द्यूत—जुए की आय। (थ) वास्तुक—अचल सम्पत्ति से वसूल किया जाने वाला कर तथा जायदाद बिक्री के समय लिया जाने वाला कर। (द) कारीगरों तथा शिल्पियों की श्रेणियों से वसूल होने वाला कर। (ध) देवताध्यक्ष—धर्ममंदिरों से प्राप्त होने वाली आमदनी का भाग। (न) द्वार—नगर के द्वार से आने या जाने वाले माल पर लिया हुआ कर। (प) बाहिरकादेय—अत्यंत धनी लोगों से लिया जाने वाला अतिरिक्त कर।

१७. आंतर्वंशिक राजा की निजी अंगरक्षक सेना के अध्यक्ष को आंतर्वंशिक कहते थे। अंतःपुर के अंदर भी आंतर्वंशिक के विश्वस्त सैनिक राजा की रक्षा के लिये सदा तत्पर रहते थे। जिस समय भी राजा रानी से मिलता था, वहां वह अकेला होता था। पर उस समय भी यह भलीभांति देख लिया जाता था, कि रानी के शयनागार में कोई अन्य व्यक्ति तो छिपा हुआ नहीं है वह परिचारिकायें रानी की भी अच्छी तरह तलाशी ले लेती थीं। यह सब प्रबंध आंतर्वंशिक के अधीन था।

१८. आटविक - मागध साम्राज्य की सेना में आटविक बल का बड़ा महत्व था। इस का उल्लेख अनेक बार पहले हो चुका है। मागध सम्राटों ने अपनी शक्ति के विस्तार में इन आटविक सेनाओं का भलीभांति उपयोग किया था। इन्हीं के प्रधान राजकर्मचारी को आटविक या अटविपाल कहते थे और यह राज्य के अठारह तीर्थों में से एक माना जाता था।

(७) न्यायव्यवस्था

विशाल मागध साम्राज्य में न्याय के लिये अनेकविध न्यायालय होते थे। सब से छोटा न्यायालय ग्रामसस्था (ग्रामसंघ) का होता था, जिसमें ग्राम के निवासी अपने मामलों का स्वयं निपटारा करते थे। इस के ऊपर संग्रहण का, फिर द्रोणमुख का और फिर जनपदसंधि के न्यायालय होते थे। इनके ऊपर पाटलीपुत्र में विद्यमान धर्मस्थीय और कंटकशोधन न्यायालय होते थे। सबसे ऊपर राजा होता था, जो अनेक न्यायाधीशों की सहायता से किसी भी मामले का अंतिम निर्णय करने का अधिकार रखता था।

ग्रामसंघ और राजा के न्यायालय के अतिरिक्त बीच के सब

न्यायालय धर्मस्थीय और कंटकशोधन, इन दो भागों में विभक्त रहते थे। धर्मस्थीय न्यायालयों के न्यायाधीश धर्मस्थ या व्यावहारिक कहलाते थे और कंटकशोधन के प्रदेष्टा, इन दोनों प्रकार के न्यायालयों में किन-किन वादों के मामलों का फैसला होता था, इसकी विस्तृत सूची कौटलीय अर्थशास्त्र में दी गई है। धर्मस्थीय में प्रधानतया निम्नलिखित मामले पेश होते थे—दो व्यक्तियों या व्यक्तिसमूहों के आपस के व्यवहार के मामले। आपस में जो 'समय' या कंट्रैक्ट [illegible]

[illegible]

मामले। दिए हुए दान को फिर लौटाने या प्रतिज्ञात दान को न देने का मामला। डाका चोरी या लूट के मुकदमे, किसी पर हमला करने का मामला। गाली, कुवचन या मानहानि के मामले। जुए संबंधी झगड़े। मल्कियत के बिना ही किसी संपत्ति को बेच देना। मल्कियत संबंधी विवाद। सीमा संबंधी झगड़े। इमारतों के बनाने के कारण उत्पन्न मामले। चरागाहों खेतों और मार्गों को क्षति पहुँचाने के मामले। पति-पत्नी संबंधी मुकदमे। स्त्रीधन संबंधी विवाद। संपत्ति के बटवारे और उत्तराधिकार संबंधी झगड़े। सहोद्योग, कंपनी तथा साझे के मामले। विविध रुकावटें पैदा करने के मामले। न्यायालय में स्वीकृत निर्णय विधि संबंधी विवाद और विविध मामले।

कंटकशोधन न्यायालयों में निम्नलिखित मामले पेश होते थे—शिल्पियों व कारीगरों की रक्षा तथा उनसे दूसरों की रक्षा। व्यापारियों की रक्षा [illegible]

[illegible]

अपने गुप्तचरों द्वारा अपराधियों को पकड़ना। शक होने पर

है:—'नाप कर बेचे जाने वाले पदार्थों पर ६१/४ फी सदी, कर बेचे जाने वाले पदार्थों पर ५ फी सदी और गिन कर जाने वाले पदार्थों पर ६१/४ प्रतिशत शुल्क लिया जाता था

४. प्रत्यक्ष कर—मौर्ययुग में जो विविध प्रत्यक्ष कर ले जाते थे, उनमें से कुछ ये हैं।

(क) तौल और माप के परिमाणों पर इन पर चार म कर लिया जाता था। प्रामाणिक बट्टों या माप के साधनों काम में न लाने पर दंड के रूप में २७१/४ पण जुरमाना लि जाता था।

(ख) जुआरियों पर—जुआ खेलने की अनुमति लेने पर देना पड़ता था, और जो धन जुए में जीता जाय, उसका ५ सदी राज्य ले लेता था।

(ग) रूप से आजीविका चलाने वाली वेश्याओं से इनकी आमदनी का दुगना प्रतिमास कर रूप में लिया जाता था। इसी तरह के कर नट, नाटक करने वाले रस्सी पर नाचने वा गायक, वादक, नर्तक व अन्य तमाशा करने वालों से भी वसू करने का नियम था। पर यदि ये लोग विदेशी हों, तो इन पाँच पण अतिरिक्त कर भी लिया जाता था।

(घ) धोबी, सुनार व इसी तरह के अन्य शिल्पियों पर अने कर लगाये गये थे। इन्हें अपना व्यवसाय चलाने के लिये एक प्रकार का लाइसेंस लेना होता था।

५. राज्य द्वारा अधिकृत व्यवसायों से आय—राज्य क इन व्यवसायों पर पूरा आधिपत्य था, जिनमें खानें, जंगल नमक की उत्पत्ति और अस्त्र शस्त्र का कारोबार मुख्य हैं। इनके अतिरिक्त शराब का निर्माण भी राज्य के ही अधीन था। इस सब से राज्य को अच्छी आमदनी होती थी। अनेक व्यापार [illegible] में होता था। राज्य की ओर

जो पदार्थ बिक्री के लिये तैयार होते थे, उनकी बिक्री भी वह स्वयं करता था।

६. जुरमानों से आय—मौर्यकाल में अनेक अपराधों के लिये दंड के रूप में जुरमाना लिया जाता था। इनका बड़े विस्तार से वर्णन कौटलीय अर्थशास्त्र में उपलब्ध होता है।

७. विविध—मुद्रापद्धति पूर्णतया राज्य के हाथ में होती थी। रूप्य, पण आदि सिक्के टकसाल में बनते थे। जो व्यक्ति चाहे अपनी धातु ले जाकर टकसाल में सिक्के ढलवा सकता था। पर इसके लिये १३½ फी सदी प्रीमियम देना पड़ता था। जो कोई सरकारी टकसाल में नियमानुसार सिक्के न बनवा कर स्वयं बनाता था, उस पर २५ पण जुरमाना होता था। गरीब और अशक्त व्यक्तियों के गुजारे का प्रबंध राज्य करता था, पर इस तरह के लोगों से सूत कताने, कपड़ा बुनने रस्सी बटने आदि के काम भी लिये जाते थे। राज्य को इनसे भी कुछ आमदनी होती थी।

इन सब के अतिरिक्त आपत्काल में सम्पत्ति पर अनेक प्रकार के कर लगाये जाते थे। अर्थशास्त्र में इनका विस्तार से वर्णन किया गया है। सोना-चांदी, मणि-मुक्ता आदि का व्यापार करने वाले धनी लोगों से ऐसे अवसर पर उनकी आमदनी का ५० फी सदी कर में ले लिया जाता था। अन्य प्रकार के व्यापारियों व व्यवसायियों से भी ऐसे अवसरों पर विशेष कर की व्यवस्था थी जिसकी मात्रा ४० फी सदी से ५ फी सदी तक होती थी। मन्दिरों और धार्मिक संस्थाओं से भी ऐसे अवसरों पर उपहार और दान लिये जाते थे। जनता से अनुरोध किया जाता था, कि ऐसे अवसर पर उदारता के साथ राज्य को धन दें। इसके लिये दानियों का अनेक प्रकार से सम्मान भी किया जाता था।

राज्य को विविध करों से जो आमदनी होती थी, व्यय के संबंध में भी बहुत सी उपयोगी बातें कौटलीय शास्त्र से ज्ञात होती हैं। यहाँ इनका भी संक्षेप से उल्लेख उपयोगी है।

१. राजकर्मचारियों के वेतन—अर्थशास्त्र में विविध कर्मचारियों के वेतनों की दर पूरी तरह दी गई है। इ मंत्री, पुरोहित, सेनापति जैसे बड़े पदाधिकारियों का वे ४००० पण मासिक दिया गया है। प्रशास्ता, समाहर्ता आन्तर्वंशिक सदृश कर्मचारियों का २००० पण मासिक; नाय व्यावहारिक, आटवील आदि का १००० पण मासिक; अ मुख्य, रथमुख्य आदि का ६६० पण मासिक, विविध अध्य का ३३० पण मासिक; पदाति सैनिक, लेखक, संख्यापक आदि ४२ पण मासिक और अन्य छोटे-छोटे कर्मचारियों को ५ मासिक वेतन मिलता था। इनके अतिरिक्त, यदि किसी रा सेवक की राजसेवा करते हुए मृत्यु हो जाती थी तो उसके पु और स्त्री को कुछ वेतन मिलता रहता था। साथ ही, उस बालक, वृद्ध तथा व्याधिपीड़ित संबंधियों के साथ अनेक प्रका के अनुग्रह प्रदर्शित किये जाते थे।

२. सैनिक व्यय—सेना के विविध सिपाहियों व आफ सरों को किस दर से वेतन मिलता था इसका पूरा विवरण अर्थशास्त्र में दिया गया है। मैगस्थनीज के अनुसार चन्द्रगुप्त मौ की सेना में ६ लाख पदाति, तीस हजार अश्वारोही, ९००० हाथी और ८००० रथ थे। यदि अर्थशास्त्र में लिखे दर से इन्हें वेतन दिया जाता हो, तो केवल वेतनों में ही ३६$\frac{१}{६}$ करोड़ पण

पूजा के लिये किया जाता था उसे देवपूजा कहते थे। अर्थ-शास्त्र के अध्ययन से प्रतीत होता है, कि अनेक शिवालयों के संचालन राज्य की तरफ से भी होता था, और उनके याजकों को राजा की तरफ से वेतन मिलता था। इसे भृति या वृत्ति न कह कर 'पूजा वेतन' (आनरेरियम) कहते थे।

४. दान—बालक, वृद्ध, व्याधिपीड़ित, आपत्तिग्रस्त और इसी तरह के अन्य व्यक्तियों का भरण-पोषण राज्य की तरफ से होता था। इस खर्च को दान कहते थे।

५. सहायता—सरकार की ओर से अनेक कार्यों में अनेकविध लोगों की सहायता की जाती थी। मैगस्थनीज के अनुसार शिल्पी लोगों को राज्यकोष से अनेक प्रकार से सहायता दी जाती थी। इसी तरह, कृषकों को भी विशेष दशाओं में राज्य की ओर से सहायता प्राप्त होती थी। उन्हें समय-समय पर न केवल करों से ही मुक्त किया जाता था, पर राज्यकोष से धन भी दिया जाता था।

६. सार्वजनिक आमोद-प्रमोद—इस विभाग में वे पुण्य-स्थान, उद्यान, चिड़ियाघर आदि अन्तर्गत हैं, जिनका निर्माण राज्य की तरफ से किया जाता था। राज्य की ओर से पशु, पक्षी, साँप आदि जन्तुओं के बहुत से 'वाट' बनाये जाते थे, जिनका उद्देश्य जनता का मनोरंजन था।

७ सार्वजनिक हित के कार्य—इस संबंध में हम अगले अध्यायों में विस्तार से प्रकाश डालेंगे। मौर्यकाल में जनता की स्वास्थ्यरक्षा, चिकित्सालय आदि का राज्य की तरफ से प्रबंध किया जाता था। दुर्भिक्ष, आग, महामारी आदि आपत्तियों में भी जनता की रक्षा की जाती थी। जहाँ जल की कमी हो, वहाँ कूप, तड़ाग आदि बनवाने का विशेष ध्यान रखा जाता था।

तरफ से यह कार्य गोप नाम के राजपुरुष (जो प्रायः दस ग्रामों के शासक होते थे) किया करते थे। ये राजपुरुष प्रत्येक ग्राम की निबंधपुस्तक में निम्नलिखित बातें दर्ज करते थे -

(१) गाँव में चारों वर्णों के कितने-कितने आदमी हैं।
(२) कितने किसान हैं।
(३) कितने गोरक्षक या ग्वाले हैं।
(४) कितने सौदागर हैं।
(५) कितने कारीगर हैं।
(६) कितने नौकर हैं।
(७) कितने दास हैं।
(८) कितने दो पैरों वाले जन्तु हैं।
(९) कितने चौपाये हैं।
(१०) गाँव में कुल धन कितना है।
(११) गाँव से कितनी बेगार मिल सकती है।
(१२) गाँव की चुंगी की आमदनी कितनी है।
(१३) गाँव के जुरमानों द्वारा कितनी आमदनी होती है।
(१४) कितने मकान हैं, जिनसे कर मिलता है।
(१५) ग्राम के निवासियों में कितने पुरुष, कितनी स्त्रियाँ कितने वृद्ध और कितने बालक हैं।

(१९) आमदनी कितनी कितनी है।
(२०) उनका खर्च कितना-कितना है।

मर्दुमशुमारी रजिस्टर में दर्ज होने वाली इन बीस बातों को पढ़ कर यह भलीभाँति समझा जा सकता है कि मौर्यकाल में मनुष्यगणना कितनी पूर्णता के साथ होती थी। मेगस्थनीज

ने भी मनुष्यगणना के संबंध में इस प्रकार निर्देश है 'तीसरा वर्ग उन लोगों का है, जो जन्म और मृत्यु का लगाते तथा उनका हिसाब रखते हैं। ऐसा करने का केवल यही नहीं है कि इससे कर वसूल करने में सह मिलती है, पर असली अभीष्ट बात यह है कि चाहे छोटा हो या बड़ा, किसी के जन्म या मृत्यु की बात र दृष्टि से बच न सके।'

(१०) गुप्तचर विभाग

विजिगीषु मागध सम्राटों के लिये गुप्तचर विभाग को उ करना परम आवश्यक था चाणक्य ने इस विभाग का विस्तार के साथ वर्णन किया है। मुख्यतया निम्नलिखित प्र जनों से गुप्तचरों का प्रयोग होता था —

१ अमात्यों पर निरीक्षण रखने के लिये अमात्य पर केवल वे ही व्यक्ति नियत किये जाते थे, जिनकी पहले गु चरों द्वारा पूरी तरह परीक्षा ले ली जाती थी। पुरोहित, सेन पति आदि सब महामात्यों की परीक्षा के लिये अनेकविध उपा कौटलीय अर्थशास्त्र में लिखे हैं। नियुक्ति के बाद भी अमात्य के 'शौच' और 'अशौच' का पता गुप्तचर लोग लगाते रह थे। बड़े-बड़े अमात्यों के अतिरिक्त राज्य के सब छोटे-बड़े कर्म चारियों पर गुप्तचरों की निगरानी रहती थी।

२. पौर और जानपद लोगों की भावनाओं का पता लगाने के लिये भी गुप्तचर नियत किये जाते थे। जनता में किस बा में असंतोष है, लोग राजा को पसंद करते हैं या नहीं, देश के धनी-मानी प्रभावशाली लोगों के क्या विचार हैं, अधीनस्थ सामंतों का क्या रुख है इन सब बातों का पता लेकर गुप्तचर लोग राजा को सूचना भेजते रहते थे।

३. गुप्तचर लोग विदेशों में भी काम करते थे। पड़ोसी राष्ट्र देश व विदेशी राज्यों की गति, विचार, भाव आदि का पता करने के लिये गुप्तचर सदा सचेष्ट रहते थे। जिस देश को अपने अधीन करना होता था, उसमें बहुत से गुप्तचर नाना विध वेश बनाकर भेज दिये जाते थे। वे शत्रुओं में परस्पर फूट डालने तथा सब गुप्त भेदों का पता लगाने के कार्य में तत्पर रहते थे। इस विभाग के गुप्तचरों के कुछ भेद ये होते थे —

(क) कापटिक छात्र—विद्यार्थी के वेश में दूसरे के मर्म को जानने के लिये नियुक्त गुप्तचर।

(ख) उदास्थित—संन्यासी या वैरागी के वेश में प्रज्ञा और सदाचार से युक्त गुप्तचर।

(ग) गृहपतिक— किसान व अन्य सीधे-सादे गृहस्थी के वेश में प्रज्ञा और सदाचार से युक्त गुप्तचर।

(घ) वैदेहक—सौदागर के वेश में प्रज्ञा और सदाचार से युक्त गुप्तचर।

(ङ) तापस—मुंड या जटिल तपस्वी साधु के वेश में गुप्तचर।

इनके अतिरिक्त, रसोइया, स्नापक (स्नान कराने वाला) बिस्तर बिछाने वाला, नाई, प्रसाधक, पानी भरने वाला, रसद आदि का वेश बनाकर तथा वेश के अनुसार ही कार्य करते हुए प्रज्ञा और सदाचार से युक्त उच्चशिक्षित गुप्तचर लोग विदेशों में अपना कार्य करते रहते थे। कुबड़ा, किरात, मूक, (गंगा) बधिर, जड़ आदि होने का बहाना करके भी बहुत से गुप्तचर दूसरों के मर्म का पता लगाने में प्रयत्नशील रहते थे। स्त्रियाँ, वेश्यायें आदि भी इस विभाग में नियुक्त होती थीं। बहुत से गुप्तचर भिखमंगे बनकर अपना कार्य करते थे।

गुप्तचर-विभाग के केंद्र अनेक स्थानों पर होते थे। इन

केंद्रों को 'संस्था' कहते थे। गुप्तचर लोग जिस किसी रहस्य का पता लगाते थे, उसे अपने सा। संबद्ध 'संस्था' में पहुंचा देते थे। वहाँ से वह बात उपयुक्त राजकर्मचारी के पास पहुँच जाती थी। इसके लिये गुप्तलिपि का प्रयोग किया जाता था। विविध भावों को सूचित करने के लिये पृथक् पृथक् संज्ञायें बनी हुई थीं। इस गुप्तलिपि में लिखकर संदेश को यथास्थान पहुंचा दिया जाता था। विविध संस्थाओं को आपस में एक दूसरे का हाल नहीं मालूम हो सकता था। गुप्तचर लोग भी स्वयं 'संस्था' को नहीं जानते थे। संस्था और गुप्तचरों के बीच मध्यस्थ का कार्य गुप्त वेश वाली स्त्रियाँ करती थीं। ये स्त्रियाँ दासी, कुशीलवा, शिल्पकारिका, भिक्षुकी आदि नानाविध रूप बना गुप्तचरों के संदेशों को 'संस्था' तक पहुंचाती थीं। संदेश पहुँचाने के लिये केवल गुप्तलिपि का ही प्रयोग नहीं होता अपितु अन्य अनेक साधन भी काम में लाये जाते थे। इस के लिये बाजे, गीत आदि के संकेत बनाये हुए थे। साथ ही शंख, दुंदुभी आदि की संज्ञायें बनी हुई थीं। खास तरह से गाने बजाने से खास अभिप्राय का ग्रहण होता था। धुएं, आग आदि के संकेतों से भी संदेश भेजे जाते थे।

साम्राज्यवाद के उस युग में गुप्तचर-विभाग की बहुत महत्ता थी।

(११) डाकप्रबंध

कौटलीय अर्थशास्त्र में कुछ निर्देश ऐसे आते हैं, जिनसे उस समय के डाकप्रबंध पर प्रकाश पड़ता है। उस समय संदेश भेजने के लिये कबूतरों का प्रयोग किया जाता था। कपोतों के गले में पत्र लटका कर उन्हें उड़ा दिया जाता था। खूब सधे हुए कबूतर ठीक स्थान पर ही पत्र पहुँचाने में समर्थ होते थे।

जिस मागध साम्राज्य में सड़कों, सराय आदि का समुचित प्रबंध था, वहाँ मुगल काल के समान इन सरायों का उपयोग डाक पहुँचाने के लिये भी किया जाता था या नहीं, इस विषय में कोई निर्देश कौटलीय अर्थशास्त्र में हमें उपलब्ध नहीं होता।

(१२) राजशक्ति पर जनता का प्रभाव

मौर्यकाल की शासन-व्यवस्था के प्रकरण को समाप्त करने से पूर्व राजशक्ति पर कुछ ऐसे प्रभावों का उल्लेख करना आवश्यक है, जिनकी उपेक्षा शक्तिशाली से शक्तिशाली सम्राट् भी नहीं कर सकता था। इस प्रकार का एक प्रभाव ब्राह्मण श्रमणों का था। यद्यपि ये लोग नगर से बाहर जंगलों में निवास करते थे, पर देश की घटनाओं और नीति पर उनकी सदा दृष्टि रहती थी। जब वे देखते थे कि राजा कुमार्ग में प्रवृत्त हो रहा है, तो उसका विरोध करना उनका कर्तव्य हो जाता था। इसी लिये चाणक्य ने लिखा है 'यदि ठीक तरह शासन न किया जाय या राजनीति में काम, क्रोध और अज्ञान आ जाय, तो वानप्रस्थ और परिव्राजक लोग भी कुपित हो जाते हैं।' ये वानप्रस्थ ब्राह्मण बहुत सादगी और गरीबी के साथ जंगलों में निवास किया करते थे। [illegible]

[illegible] ने पूछा—'तुम क्यों इस राजा को मेरे विरुद्ध भड़काते हो?' ब्राह्मण ने उत्तर दिया—'मैं चाहता हूं, कि यदि वह जीवे, तो सम्मानपूर्वक जीवे, नहीं तो सम्मानपूर्वक मर जावे।' [illegible]

जाता है, कि एक अन्य ब्राह्मण सन्यासी ने
और बोला—'तुम्हारा राज्य तो एक सूखी हुई खाल के समान है, जिसका कोई गुरुत्वकेंद्र नहीं होता। जब सिकंदर राज्य के एक पार्श्व पर खड़ा होता है, तो दूसरा पार्श्व विद्रोह कर उठता है।' तक्षशिला के एक वृद्ध दंडी को सिकंदर के सम्मुख यह भय दिखाकर बुलाने की कोशिश की गई कि 'सिकंदर तो दुनिया के मालिक द्यौ का पुत्र है, यदि तुम उसके सामने नहीं आओगे तो वह तुम्हारा सिर धड़ से अलग कर देगा।' यह सुनकर दंडी ने उपेक्षाजनक हसी हँस कर उत्तर दिया 'मैं भी द्यौ का उसी तरह पुत्र हूँ, जिस तरह सिकंदर। मैं अपने देश भारत से पूर्णतया सन्तुष्ट हूँ, जो माता की तरह मेरा पालन करती है।' उस दंडी ने व्यंग से यह भी कहा—'यदि सिकंदर गंगा के पार के प्रदेश में जायगा, तो (नंद की सेना) उसे विश्वास दिला देगी, कि वह अभी सारे संसार का स्वामी नहीं बना है।

इसमें कोई संदेह नहीं, कि इन ब्राह्मणों की निर्भीक वृत्ति का राज्य पर बड़ा प्रभाव पड़ता था। राजा की अनीति रोकने में ये बहुत सहायक होते थे। राजाओं के कुमार्गगामी हो जाने पर जब तपस्वी ब्राह्मण कुपित हो जाते तब स्थिति का संभालना कठिन हो जाता था। नंद के शक्तिशाली वंश का पतन आचार्य चाणक्य के कोप से ही हुआ था। वह नंद की अनीति को देख कर उसके विरुद्ध उठ खड़ा हुआ था।

ब्राह्मण तपस्वियों के कोप की अपेक्षा भी जनता का कोप अधिक भयंकर माना जाता था। आचार्य चाणक्य ने लिखा है—'जनता का कोप सब कोपों से बढ़ कर है।' चाणक्य भली-भाँति समझता था, कि 'चाहे राजा न भी हो, पर यदि जनता की

'वस्था उत्तम हो, तो राज्य अच्छी तरह चल सकता है।'
ज्य के संबंध में यह परंपरागत सिद्धान्त सार्वकाल में भी मान्य
समझा जाता था कि 'प्रजा के सुख में ही राजा का सुख है, प्रजा
हित में ही राजा का हित है। हितकारक बात वह नहीं है,
जो राजा को अच्छी लगती है। हितकारक बात तो वह है, जो
प्रजा को प्रिय लगती है।'

ग्यारहवां अध्याय
मौर्यकाल का आर्थिक जीवन

(१) कृषि

मौर्यकाल में भी भारत का मुख्य व्यवसाय कृषि ही था। मैगस्थनीज ने लिखा है, 'दूसरी जाति में किसान लोग हैं, संख्या में सबसे अधिक हैं। युद्ध करने तथा अन्य राजकीय कार्यों से मुक्त होने के कारण वे अपना सारा समय खेती में लगाते हैं।' किसानों की अवस्था उस समय बहुत संतोषजनक थी। भारतवर्ष में वर्षा की प्रचुरता के कारण दो फसलें साल में हो सकती थीं और किसान लोग नानाविध अन्नों तथा अन्य पदार्थों को उत्पन्न कर सकते थे। इस विषय में मैगस्थनीज के निम्न लिखित उदाहरण ध्यान देने योग्य हैं—

'भूमि का अधिक भाग सिंचाई में है। अतएव उसमें एक साल के भीतर दो दो फसलें पैदा होती हैं।'

यहां के लोग निर्वाह की सब सामग्री बहुतायत से पाकर प्रायः मामूली डील डौल से अधिक होते हैं, और अपने गर्वीले हाव-भाव के लिये प्रसिद्ध हैं।'

'भूमि पशुओं के निर्वाहयोग्य तथा अन्य खाद्य पदार्थ भी प्रदान करती है। अतः यह माना जाता है कि भारतवर्ष में अकाल कभी नहीं पड़ा है, और खाने की वस्तुओं की महगी भी साधारणतया कभी नहीं हुई है। चूंकि यहां साल में दो बार वर्षा होती है, एक जाड़े में, जब कि गेहूं की बुआई होती है और दूसरी गर्मी के दौरान में, जब कि तिल और ज्वार के बोने

उपयुक्त समय होता है, अतः भारत के किसान प्राय सदा
र में दो फसलें काटते हैं। यदि उनमें से एक फसल कुछ
ड़ भी जाती है, तो लोगों को दूसरी फसल का पूरा विश्वास
ता है। इसके अतिरिक्त, एक साथ होने वाले फल और मूल
दलदलों में उगते हैं, और भिन्न-भिन्न मिठास के होते हैं,
ष्यों को प्रचुर खाद्य सामग्री प्रदान करते हैं। बात यह है,
देश के प्रायः समस्त मैदानों में ऐसी नमी रहती है, जो सम
व में जमीन को उपजाऊ बना देती है चाहे यह नमी नदिया
रा प्राप्त हुई हो, चाहे ग्रीष्म ऋतु की वर्षा के जल द्वारा। यह
भी प्रत्येक साल एक नियत समय पर आश्चर्यजनक नियमि
ता के साथ बरसा करती है। कड़ी गरमी फलों और मूलों का
, विशेषतया कसेरू को पकाती है।'

'इतने पर भी भारतवासियों में बहुत सी ऐसी प्रथायें हैं,
जो वहाँ अकाल पड़ने की भावना को रोकने में सहायता देती
। दूसरी जातियों में युद्ध के समय भूमि को नष्ट करने
और इस प्रकार उसे परती व ऊसर कर डालने की चाल है।
र इसके विरुद्ध भारतवासियों में, जो कृषक समाज को पवित्र
र अवध्य मानते हैं, भूमि जोतने वाले किसी प्रकार के भय की
आशंका से [illegible]

वर्षा ऋतु के प्रारंभ में बोई जाने वाली वस्तुएँ—ब्रीहि, कोद्रव (तीन प्रकार के चावल), तिल, प्रियंगु, (मोठ) आदि। वर्षा ऋतु के मध्य में बोई जाने वाली: मूंग, उड़द, शैब्य आदि। वर्षा की समाप्ति के बाद बोई जाने वाली वस्तुएं—कुसुम्भ, मसूर, कुलत्थ, जौ, गेहूं, चना, प्र सरसों आदि। इनके अतिरिक्त ईख, कपास, नानाविध भाजियों के नाम तथा उनकी खेती के संबंध में चाणक्य ने उल्लेख किया है। इनमें मटर, आलू, ककड़ी, महुअन, त और खरबूजे के नाम आये हैं। ईख के विषय में चाणक्य ने लिखा है कि इसकी खेती में बहुत सी बाधायें पड़ती हैं, बहुत खर्च होता है। अंगूरों तथा उनसे किशमिश बनाने के निर्देश भी अर्थशास्त्र में विद्यमान है। फलों में आम, अनार, आंवला, निम्बू, बेर, फालसा, अगूर, जामुन, कटहल आदि के नाम दिये गये हैं।

मौर्यकाल में भी खेती के लिये हल और बैलों का प्रयोग होता था। भूमि को खूब अच्छी तरह हल चलाकर तैयार किया जाता था। फिर उसमें नानाविध खादों को डाल कर भूमि की उपजशक्ति को बढ़ाया जाता था। खाद के लिये गोबर, हड्डी और राख का प्रयोग होता था। बोने से पहले बीज को अनेक अवस्थाओं में रखा जाता था। चाणक्य ने लिखा है—'बोने से पहले धान को सात रात तक ओस तथा धूप में रखना चाहिये। दाल आदि कोशीधानों (फलियों) को तीन रात तक पाले तथा घाम में रखना चाहिये। गन्ना आदि के (जिनकी शाखा ही बीज के रूप में बोया जाता हो) बीज को, जहां से काटा गया हो, उस स्थान पर घी, मधु, सूकर की चर्बी और गोबर को मिला कर लगाना चाहिये। कदों के छेदों पर मधु और घी को मिलाकर लगाना चाहिये। बिनौलों को गोबर में मल लेना

चाहिये।" खाद के विषय में चाणक्य ने लिखा है—'जब अंकुर निकल आवें, तो उन पर कड़वी मछलियों के खूब बारीक कुटे हुए चूर्ण को डालना चाहिये तथा स्नुहि (ह्थूर) के दूध से सींचना चाहिये।

सिंचाई के लिये जो विविध साधन मौर्यकाल में प्रचलित थे, उनका भी संक्षेप से उल्लेख करना उपयोगी है। (१) हस्त प्रावर्तिमम् पानी को किसी गढ़े में एकत्र कर फिर हाथ द्वारा सिंचाई करना। या डोल, चरस आदि की सहायता से कुएँ से पानी निकाल कर सिंचाई करना (२) स्कंध प्रावर्तिमम्—कंधों की सहायता से पानी निकाल कर सिंचाई करना। रहट, या चरस को जब बैल खींचते हों, तो उनके कंधों से पानी निकालने के कारण इस प्रकार की सिंचाई को 'स्कंधप्रावर्तिमम्' कहते थे। (३) स्रोतयंत्र प्रावर्तिमम्—वायु द्वारा (पवन चक्की से) खींचे हुए पानी को स्रोतयंत्र प्रावर्तिमम् कहते थे। (४) नदीसरस्तटाक कूपोद्घाटम्—नदी, सर, तटाक और कूप द्वारा सिंचाई करना। (५) सेतुबंध—बाँध (डाम) बना कर उसमें नहरें व नालियाँ निकाल कर उनसे सिंचाई करना।

वर्षा के अतिरिक्त इन विविध साधनों से सिंचाई का प्रबंध होने का परिणाम यह था, कि मौर्यकाल में जमीन बहुत उपजाऊ रहती थी और प्रभूत परिमाण में अन्न उत्पन्न होता था।

(२) व्यवसाय

मेगस्थनीज ने भारत के विविध व्यवसायों और कारीगरों के सबंध में वर्णन करते हुए लिखा है, कि 'वे कला कौशल में भी बड़े निपुण हैं, जैसा कि ऐसे मनुष्यों से आशा की जा सकती है, जो स्वच्छ वायु में साँस लेते हैं, और अत्युत्तम जल का पान करते हैं।' 'अधिक गुणज्ञ भारतीयों में भिन्न-भिन्न व्यव-

सायों में आजीविका कमाने वाले लोग हैं। कई ज़मीन जोतते हैं, कई व्यापारी हैं, कई सिपाही हैं।'

कौटलीय अर्थशास्त्र में उस युग के व्यवसायों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। भारत में मुख्य-मुख्य व्यवसाय निम्नलिखित थे—

१ तंतुवाय—मौर्यकाल में सब से मुख्य व्यवसायी तंतुवाय या जुलाहे थे। ये रुई, रेशम, सन, ऊन आदि के अनेकविध कपड़े तैयार करते थे। सूत चरखों पर काता जाता था, खड्डों पर उसकी बुनाई होती थी। सूत घटिया, मध्यम व बढ़िया है, इसे जाँच कर उसकी कीमत दी जाती थी। कपड़ा बुनने के लिये कारखाने (कर्मान्त) होते थे। इनमें बहुत से जुलाहे एक साथ खड्डियों पर काम करते थे। राज्य की तरफ से इन्हें प्रोत्साहन दिया जाता था। चाणक्य ने लिखा है, कि गंध और माल्य के दान तथा अन्य प्रकार के अनुग्रहों से इन्हें प्रोत्साहित करे। जुलाहे वस्त्र बनाते समय यदि सूत को चुरा लें, तो उन्हें दंड की व्यवस्था थी। यह दंड विविध वस्त्रों के लिये भिन्न-भिन्न था।

ऊनी कपड़ों में कंबलों का वर्णन अर्थशास्त्र में बड़े विस्तार के साथ किया गया है। वहाँ लिखा है—'भेड़ की ऊन से बने हुए कंबल श्वेत, शुद्ध लाल तथा कमल की तरह लाल—इन तीन रंगों के होते हैं। इन्हें चार तरह से बनाया जा सकता है—(क) खचित (बटे हुए सूत से बुनकर)। (ख) वानचित्र (भिन्न-भिन्न रंग के ऊन से बुन कर। (ग) खंड संघात्य (पट्टियाँ जोड़ कर)। (घ) तंतुविच्छिन्न (ऊन से ताना-बाना एक कर के फिर बुन कर)।' ऊनी कंबल दस तरह के होते थे। कौचपक (मोटा कंबल), कुलमितिक (सिर पर धारण करने के लिये प्रयुक्त होने वाला), सौमितिक (बैल के ऊपर

और कवच बनाने वाले व्यवसायियों का भी वर्णन है।

खानों में काम करने वाले व्यवसायी—मैगस्थनीज़ ने भारत की खानों के विषय में यह लिखा है कि भारत की भूमि जो अपने ऊपर हर प्रकार के फल तथा कृषिजन्य पदार्थ उत्पन्न करती ही है, पर उसके गर्भ में भी सब प्रकार की धातुओं की अगणित खानें हैं। इस देश में सोना और चाँदी बहुत होता है। ताँबा और लोहा भी कम नहीं होता। जस्ता और अन्य धातुएँ भी होती हैं। इनका व्यवहार आभूषण, उपयोगी हथियार तथा साज आदि बनाने के निमित्त होता है।' चाणक्य ने अर्थशास्त्र में खानों के व्यवसाय का विचार के साथ वर्णन किया है। इस विभाग के अध्यक्ष को 'आकराध्यक्ष' कहते थे। इस पद पर नियुक्त होने वाले व्यक्ति के लिये यह आवश्यक था, कि वह ताम्र आदि धातुओं की विद्या में प्रवीण तथा दक्ष हो, पारा निकालने की विद्या को जानता हो, और मणि-माणिक्य आदि रत्नों की पहचान रखता हो। आकराध्यक्ष के अधीन कर्मचारी पहले विविध धातुओं की खानों का पता लगाते थे। कच्ची धातु की परीक्षा उसके भार, रंग, तेज, गन्ध और स्वाद द्वारा की जाती थी। खान का पता लगाने के संबंध में चाणक्य ने लिखा है, कि पहाड़ों के गड्ढों, गुफाओं, दरारों तथा छिपे हुए छेदों से नानाविध द्रव बहते रहते हैं। यदि इस द्रव का रंग जामुन आम, ताल फल, पकी हुई हरिद्रा, हड़ताल, शहद, सिंगरफ, ताँबा या मोर के पंख के समान हो, उसमें कमल के सदृश चिकनाहट हो, वह पारदर्शक और भारी हो, तो समझना चाहिये, कि वह सोने की कच्ची धातु के साथ मिलकर निकल रहा है। यदि द्रव को पानी में डालते ही वह तेल की तरह संपूर्ण सतह को व्याप्त कर ले, सब गर्द और मैल इकट्ठा कर ले, तो समझना चाहिये, कि वह ताम्र और चाँदी

से मिश्रित है। इसी तरह से अन्य धातुओं की खानों की पहचान की गई है।

कच्ची धातु से शुद्ध धातु कैसे तैयार की जाय, धातु को कैसे मृदु और लचकदार बनाया जाय और उसमें विशेष-विशेष प्रकार के गुण कैसे उत्पन्न किये जाय, इन सब बातों का विवरण कौटलीय अर्थशास्त्र में दिया गया है। विविध धातुओं के व्यवसाय के लिये पृथक्-पृथक् अध्यक्ष होते थे, जो 'आकराध्यक्ष' के अधीन अपना कार्य करते थे।

खानों पर राज्य का स्वत्व माना जाता था। उनका संचालन राज्य की तरफ से ही होता था। पर लोगों को किराये पर भी खानें दे दी जाती थीं। जितनी कुल उत्पत्ति हो, उसमें से अपना हिस्सा भी राज्य वसूल कर लेता था। खानों को बेच भी दिया जाता था।

३ नमक का व्यवसाय—लवणाध्यक्ष की अधीनता में नमक

४. समुद्र से रत्न आदि निकालने का व्यवसाय—इस व्यवसाय के अध्यक्ष को 'खन्यध्यक्ष' कहते थे। समुद्र से शंख, मणि, मुक्ता आदि विविध पदार्थों को निकलवाने तथा उन्हें शुद्ध करवाने तथा उनकी विविध वस्तुएं बनवाने का कार्य खन्यध्यक्ष के अधीन होता था। अर्थशास्त्र में अनेकविध मणि रत्न, मुक्ता, आदि के भेद तथा उनकी पहचान लिखी गई है।

५. सुनार, सोना, चांदी आदि बहुमूल्य धातुओं को शुद्ध कर उनसे आभूषण बनाने का कार्य सुनार लोग करते थे। सुनारों की सहायता के लिये ध्मायक (भट्ठी में हवा देने वाले) पांसुधावक (गर्द साफ करने वाले) आदि अनेक कारीगर

होते थे। अर्थशास्त्र में बहुत प्रकार के हारों व अन्य आभू
का उल्लेख पाया जाता है।

६. वैद्य—चिकित्सा का काम करने वालों का पृथक् व्यव
था। ये चिकित्सक भिषक् (साधारण वैद्य) जांगली
(विष चिकित्सक), गर्भव्याधि संस्था: (गर्भ की बीमारी
को ठीक करने वाले), और सूतिका चिकित्सक (दा

चिकित्सक पर 'दंडपारुष्य' का अपराध लगाया जाय।

७ शराब का व्यवसाय—यद्यपि मैगस्थनीज ने लिखा
कि भारतीय लोग यज्ञों के अतिरिक्त कभी मदिरा नहीं पी
पर अर्थशास्त्र के अध्ययन से ज्ञात होता है, कि मौर्यकाल
शराब का व्यवसाय भी बहुत उन्नत था। राज्य का इस
लिये भी एक पृथक् विभाग था जिस के अध्यक्ष को 'सुराध्य
कहते थे। अर्थशास्त्र में मेदक, प्रसन्न, आसव, अरिष्ट, मैरे
और मधु छः प्रकार की शराब का उल्लेख कर इनके निर्मा
की विधि भी लिखी है।

८. बूचड़खाने—मांसभक्षण का बहुत प्रचार होने
कारण मौर्यकाल में बूचड़ों का व्यवसाय भी बहुत उन्नत था
यह 'सूनाध्यक्ष' नामक अधिकारी द्वारा नियन्त्रित होता था

के जलमार्गों व समुद्र में अनेक प्रकार के छोटे-बड़े जहाज चलते थे। उन सब को भारत में ही बनाया जाता था।

१४. मनोरंजन करने वाले—इनमें नट, नर्तक, गायक वादक, कुशीलव आदि अनेक प्रकार के शिल्पी सम्मिलित थे।

१६. शौण्डिक—शराब बेचने वाले।

१७. वेश्यायें—इनके दो मुख्य भेद थे, गणिका और रूपाजीवा।

१८. गंधपण्या—सुगंधियां बनाने और बेचने वाले।

१९. माल्यपण्या—मालाएं बनाने और बेचने वाले।

२०. गोरक्षक—ग्वाले।

२१. कर्मकर—मजदूर।

२२. वाद्यकारा—बाजे बनाने वाले।

२३. राज—मकान बनाने वाले। ये विविध इमारतों व दुर्गों का निर्माण करते थे।

२४. मणिकार—विविध रत्नों, मणियों व हीरे आदि को काट व तराश कर उनसे आभूषण बनाने का कार्य ये शिल्पी करते थे।

२५. देवताकार—विविध देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाना इनका काम होता था।

(३) व्यापार

कृषि और व्यवसायों के समान व्यापार भी मौर्यकाल में बहुत उन्नत था। ग्राम के छोटे-छोटे सौदागरों से लेकर बड़ी बड़ी कंपनियों तक उस काल में विद्यमान थीं। गांवों के सौदागर व्यापार के साथ-साथ खेती व अन्य छोटे-छोटे काम भी अपनी आजीविका के लिये किया करते थे। देहात में माल की बिक्री के लिये मंडियाँ भी लगती थीं। ये मंडियाँ जल और स्थल-मार्गों के नाकों पर लगाई जाती थीं। शहरों के व्यापारियों के संबन्ध में अनेकविध नियमों का उल्लेख आचार्य चाणक्य ने किया है। इन नियमों का मुख्य प्रयोजन यह था, कि माल में मिलावट न हो सके। इस विषय में अर्थशास्त्र के निम्नलिखित नियम उल्लेखनीय हैं—

'जो घटिया माल को बढ़िया बता कर बेचता हो, जिस स्थान का वह माल हो उससे भिन्न किसी अन्य स्थान का बता कर बेचता हो, मिलावटी माल को असली बताता हो, जिस माल का सौदा किया गया हो, देते समय उसे बदल कर दूसरा माल रख देता हो, तो उस व्यापारी पर न केवल ५४ पण जुर्माना किया जाय, अपितु उससे क्षतिपूर्ति भी कराई जाय।'

यदि कोई दूकानदार तराजू और बट्टों को ठीक न रख कर जनता को ठगता था, तो उस पर भी जुर्माना किया जाता था। पर थोड़े से फ़रक पर ध्यान नहीं दिया जाता था। परिमाणी और द्रोण भर चीज के तोलने पर यदि आधे पल का फ़रक हो, तो उसे उपेक्षणीय समझा जाता था। पर इससे अधिक फ़रक होने पर दूकानदार को १२ पण दंड मिलता था। यदि कमी अधिक हो, तो दंड और अधिक किया जा सकता था।

यदि तराजू के दोष के कारण तोलने में १ कर्ष का फरक हो तो उसे माफ कर दिया जाता था। पर इससे अधिक कमी होने पर दंड मिलता था। २ कर्ष से अधिक कमी होने पर दंड की मात्रा ६ पण होती थी। अधिक कमी होने पर इसी अनुपात से जुर्माना बढ़ता जाता था।

शहरों में भिन्न-भिन्न वस्तुओं के बाजार अलग-अलग होते थे। कौटलीय अर्थशास्त्र में जिस आदर्श नगर का चित्र अंकित किया गया है, उसमें मांस, चावल, रोटी, मिठाई आदि भोज्य पदार्थों की दूकानों के लिये पृथक् व्यवस्था की है, वहाँ सुगंधित तेल, माला, फूल, वस्त्र आदि की दूकानों के लिये अलग जगह रखी गई है। शहरों में जहाँ बड़ी-बड़ी दूकानें होती थीं, वहाँ फेरी वालों की भी कमी न थी। फेरी वाले घूम घूम कर माल बेचते थे।

[illegible] आचार्य चाणक्य की सम्मति में ये बातें अनुचित थीं, इसी लिये उन्होंने ऐसा करने वालों के लिये १००० पण जुर्माना की व्यवस्था की थी।

दूकानदार लोग कितना मुनाफा लें, इस पर भी राज्य की तरफ से नियंत्रण होता था। आम चीजों पर लागत से पाँच सदी अधिक मुनाफा लिया जा सकता था। विदेशी माल पर १० फी सदी मुनाफा लेने की अनुमति थी। इससें ½ फी सदी मुनाफा लेने पर १०० पण से २०० पण तक के क्रय-विक्रय पर ५ पण जुर्माना किया जा सकता था। ½ फी सदी से और अधिक अनुचित मुनाफा लेने पर जुर्माने की मात्रा इसी अनुपात से बढ़ा दी जाती थी।

जब बाजार में माल बहुत आ जाता था, और इस कारण
ीमत गिरनी शुरू हो जाती थी, तो उसे एक स्थान पर
कत्र कर, या मुक़ाबला रोक कर कृत्रिम उपायों से कीमत का
ाय रोक दिया जाता था। चाणक्य को यह अभीष्ट नहीं था,
क व्यापार में लाभ न हो। उनका सिद्धांत तो यह था, कि चाहे
ाभ कितना होता हो, पर यदि वह प्रजा के लिये हानिकारक है,
ो उसे रोक दिया जाय।

व्यापारियों की दूकानों पर माल को तोलने या मापने के
लिये अनेक व्यक्ति होते थे। अर्थशास्त्र में इन्हें क्रमशः 'धरक'
और 'मापक' लिखा गया है। यदि तोलने व मापते हुए ये
लोग बेईमानी करते थे, तो इन्हें भी कठोर दंड दिया जाता था।

मौर्यकाल में भारत का आंतरिक व्यापार बहुत उन्नत था।
यह व्यापार जल और स्थल दोनों प्रकार के मार्गों से किया
जाता था। इन मार्गों का उल्लेख हम अगले प्रकरण में करेंगे
भिन्न-भिन्न स्थानों की भिन्न भिन्न वस्तुएँ प्रसिद्ध थीं। स्वाभावि
रूप से व्यापारी लोग इन प्रसिद्ध वस्तुओं को एक स्थान से दूस
स्थान पर ले जाकर बेचते थे। हिमालय के अतिरिक्त 'द्वादशग्राम'
'आरोह', 'बाह्लव' आदि स्थानों के अनेकविध चमड़े बहु
प्रसिद्ध थे। इसी तरह कोशल, काश्मीर, विदर्भ, कलिंग आ
के हीरे, ताम्रपर्णी, पांड्य, केरल आदि के मोती, मालेयकू
आदि पर्वतों की मणियाँ उस समय सारे भारत में प्रसिद्ध थी
नैपाल के कंबल, वंग देश के श्वेत और महीन कपड़े (मलमल
कासी' तथा पुण्ड्र देश के सनियों कपड़े और मगध तथा सुवर्ण
कुड्य के रेशेदार वृक्षों के रेशों से बने वस्त्र उस समय सारे भारत
में प्रसिद्ध थे। मौर्यकाल के सौदागर व्यापार के लिये बड़े-बड़े
काफ़िले (सार्थ) बना कर सब जगह आया जाया करते थे
जब कोई क़ाफ़िला माल लेकर किसी शहर में पहुँचता था, तो

गुल्मदाता (चुंगीघर) के पार पाँच आदमी सार्थवाह (का
या नेता) के पास जाकर पूछते थे—'तुम कौन हो ! क
हो ? तुम्हारे पास कितना और क्या माल है ? पहली
तुम्हारे माल पर कहाँ लगी थी ?' इन काफिलों की रक्षा
भार राज्य पर होता था। उस समय के मार्ग भयंकर जं
ों से होकर गुजरते थे, जिनमें जंगली हिंस्र पशुओं के
रिक चोर डाकू व आटविक लोग भी रहते थे। मौर्यकाल
शासन इतना व्यवस्थित था, कि काफिलों को अपनी रक्षा
लिये स्वयं शस्त्र धारण करने की आवश्यकता नहीं रह गई थी।
राज्यमार्ग में चलने वाले प्रत्येक व्यापारी से १¼ पण मार्गकर
(वर्तनी) लेता था। इसके बदले में उसकी भी जान की रक्षा
उत्तरदायित्व राज्य ले लेता था। इसी तरह माल पर अलग कर
था। एक खुर वाले पशु पर लदे माल पर १ पण, अन्य पशुओं
के लिये ½ पण, छोटे पशुओं पर ¼ पण और सिर पर उठाये
हुए माल पर १ माप कर लिया जाता था। इन करों के बदले में
सरकार का यह कर्तव्य था, कि यदि व्यापारी का माल मार्ग
में लुट जाय, तो उसे राज्य की तरफ से हरजाना दिया जाय।

मौर्यकाल में विदेशी व्यापार भी बहुत उन्नत था। भारत
की पश्चिमोत्तर, उत्तर तथा उत्तरपूर्वी सीमायें अनेक देशों से
साथ छूती थीं। उनके साथ भारत का व्यापारिक संबंध विद्य-
मान था। स्थलमार्ग से जाने वाले बड़े-बड़े काफिले इन पड़ोसी
राज्यों में व्यापार के लिये आया जाया करते थे। कौटलीय अर्थ-
शास्त्र में विदेशी काफिलों का भी उल्लेख किया गया है, जो व्या-
पार के लिये भारत में आया करते थे।

विदेशी व्यापार जहाँ खुश्की के रास्ते से होता था, वहाँ
समुद्र द्वारा भी बड़ी-बड़ी नौकायें व्यापार की वस्तुओं को ढोने
का काम करती थीं। महासमुद्रों में जाने वाले जहाजों की

'संधारय. नाव' और 'प्रवहण' कहते थे। कौटलीय अर्थशास्त्र में चीन तथा ईरान का व्यापारी वस्तुओं का उल्लेख है। चाणक्य ने लिखा है—'रेशम और चीनपट्ट, जो चीन देश में उत्पन्न होते हैं, श्रेष्ठ समझे जाते हैं।' इसी तरह मुक्ताओं की विविध किस्मों का उल्लेख करते हुए चाणक्य ने कार्दमिक भी मुक्ताओं का एक भेद बतलाया है। ईरान की कर्दम नदी में उत्पन्न हुए मोतियों को कार्दमिक कहते थे।

मौर्यकाल में भारत का पश्चिमी देशों से भी समुद्र के मार्ग से व्यापार प्रारंभ हो चुका था। यह व्यापार मुख्यतया मिश्र के साथ में था। सिकंदर के साम्राज्य के पतन के बाद मिश्र का राजा टालमी हुआ, जो चंद्रगुप्त मौर्य का समकालीन था। उस समय में मिश्र की राजधानी अलेक्जेण्ड्रिया विदेशी व्यापार का बहुत बड़ा केन्द्र थी। अलेक्जेण्ड्रिया से कुछ दूरी पर फेरोस नामी द्वीप में टालमी ने एक विशाल प्रकाशस्तंभ का निर्माण कराया। यह संसार के सात आश्चर्यों में गिना जाता था। अशोक के समकालीन मिश्र के राजा टालमी फिलेडेल्फस ने भारत आदि पूर्वी देशों के साथ मिश्र के व्यापार को बढ़ाने के लिये आर्सीनोए से लालसागर तक एक नहर बनवाने का संकल्प किया था। इस नहर को १५० फीट चौड़ा और ४५ फीट गहरा बनाया जा रहा था। इस नहर का उद्देश्य यही था कि भारतीय माल को अलेक्जेण्ड्रिया पहुंचाने के लिये स्थल पर न उतारना पड़े, और लालसागर से इस कृत्रिम नहर के मार्ग जहाज नील नदी होकर सीधे अलेक्जेण्ड्रिया पहुंच जायें। दुर्भाग्यवश, यह नहर पूरी नहीं हो सकी। पर मिश्र के साथ भारत का व्यापार जारी रहा। इसी प्रयोजन से टालमी ने लालसागर के तट पर एक नये बंदरगाह की स्थापना की, जिसका नाम बरनिस था। यहाँ से मुरुभी के रास्ते अलेक्जेण्ड्रिया केवल तीन मील की दूरी

पर था। इस रास्ते पर माल को ढोने का काम कारियों होता था।

(४) आने-जाने के साधन

मौर्यकाल में आने-जाने के मार्ग दो प्रकार के थे, जल और स्थलमार्ग। दोनों प्रकार के मार्गों से विविध प्रकार साधनों द्वारा यात्रा की जाती थी। चाणक्य की सम्मति में स्थल मार्गों की अपेक्षा स्थलमार्ग अधिक अच्छे होते हैं। उसने लि है—'पुराने आचार्यों की सम्मति है, कि जलमार्ग और स्थल मार्ग में जलमार्ग अधिक अच्छे होते हैं, क्योंकि जलमार्ग द्वा परिश्रम कम पड़ता है, और खर्च भी कम होता है। साथ जलमार्ग द्वारा व्यापार में मुनाफा भी खूब होता है। परन्तु चाणक्य का मत है कि स्थलमार्ग ज्यादा अच्छे हैं, क्योंकि जलम में खतरे बहुत हैं। जलमार्ग सदा प्रयुक्त नहीं हो सकते और फि उनमें आशंका भी बनी रहती है।'

जलमार्गों का महकमा 'नावाध्यक्ष' के अधीन रहता था। अर्थशास्त्र के अनुसार जलमार्गों के निम्नलिखित भेद होते थे—

१ कुल्या—देश के अंतर्गत नदियों, नहरों तथा अन्य प्रकार के जलमार्गों को कुल्या कहते थे।

२. कूलपथ—समुद्र के तट के साथ-साथ जो छोटे-बड़े जहाजों से व्यापार होता था, उसे कूलपथ कहते थे। चाणक्य की सम्मति में कुल्या और कूलपथों में तुलना करने पर कूलपथ अधिक अच्छे पाये जाते हैं, क्योंकि उनमें व्यापार अधिक हो सकता है। वे कुल्यापथ की तरह अस्थिर व अनिश्चित नहीं होते। नदियाँ व नहरें सूख जाती हैं, व्यापार के अयोग्य हो जाती हैं, पर समुद्रतट नहीं।

३ प्रयान पथ—महासमुद्रों के जलमार्गों को [illegible]पथ

जलमार्गों द्वारा प्रयुक्त होने वाली विविध नौकाओं का
शास्त्र में उल्लेख किया गया है।

१. संयात्य: नाव—बड़े-बड़े जहाज। ये महासागरों में व्या-
के लिये जाया करते थे। जिस समय ये जहाज किसी
गाह (क्षेत्र) पर पहुंचते थे, तो इनसे शुल्क लिया जाता था।

२. प्रवहण—समुद्रों में जाने वाले व्यापारी जहाजों को
हण कहते थे। प्रवहणों का प्रबंध करने के लिये एक पृथक्
ध्यक्ष का उल्लेख अर्थशास्त्र ने किया है।

३. शंखमुक्ताग्राहिण्य: नाव:—समुद्र से शंख, मोती आदि
त्र करने वाली नौकायें।

४. महानाव:—बड़ी नदियों में चलने वाली बड़ी-बड़ी
कायें।

५. आप्तनाविकाधिष्ठिता नौ—निपुण नाविकों द्वारा अधि-
त राजकीय नौकायें। ये नौकायें राजा के अपने सैर के लिये
म आती थीं।

६. क्षुद्रका नाव:—नदियों में चलने वाली छोटी-छोटी नौकायें।

७. स्वतरणानि - लोगों की निजी नौकायें।

८. हिंस्रिका:—सामुद्रिक डाकुओं के जहाज। मौर्यकाल में
। सामुद्रिक डाकुओं की सत्ता थी, जो व्यापारी जहाजों पर
मले कर उन्हें लूट लिया करते थे। चाणक्य ने इनके संबंध में
क ही नीति बताई है। वह यह कि इन्हें नष्ट कर दिया जाय।

विविध प्रकार की इन नौकाओं के अतिरिक्त, नदियों व
लों में पार उतरने के लिये काष्ठ संघात (लकड़ी के सत्तो-
रों का बेड़ा), वेणुसंघात (बांसों का बेड़ा), अलाबु (तुम्बों
। बेड़ा), चर्मकरण्ड (खाल से मढ़ा हुआ एक बड़ा टोकरा),
ति (खाल का हवा से भरा हुआ थैला), प्लव (छोटी डोंगी),
ण्डिका (पशु विशेष की हवा से भरी हुई खाल) और वेणिका

चर्मा सीमाप्रदेश की राजधानी को पाटलीपुत्र से मिलाने
ो एक १५०० कोस लम्बी सड़क थी। उस समय का कोस
८८ गज का होता था।

व्यापार के चार मार्ग पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर चारों
शाओं में गये थे। चाणक्य ने इन व्यापारिक मार्गों को
तारव की दृष्टि से तुलना की है। उसने लिखा है—'पुराने
चार्यों के अनुसार स्थलमार्गों में हैमवतपथ (उत्तरदिशा
हिमालय की तरफ़ जाने वाली सड़क) दक्षिण पथ (दक्षिण
ा में जाने वाली सड़कें) से अच्छा है। क्योंकि उसीके
र हाथी, घोड़े, गंधद्रव्य, हाथीदाँत, चमड़ा, चाँदी, सोने
दि बहुमूल्य पदार्थों का व्यापार होता है। पर कौटल्य इस
मति में सहमत नहीं है। कंबल, चमड़ा, घोड़ा तथा इसी
ह के कुछ व्यापारिक पदार्थों के अतिरिक्त शंख, वज्र, मणि,
ती, सोना आदि दक्षिणपथ से ही आते हैं। दक्षिणपथ में
। वह मार्ग सब से महत्त्व का है जो खानों में से गुज़रता है,
स पर आना-जाना बहुत रहता है, और जिस पर परिश्रम कम
ता है।' निःसंदेह, इस विषय में चाणक्य की सम्मति ही
क थी। पुराने छोटे जनपदों के युग में उत्तर की तरफ़ जाने
ले हैमवत पथों का चाहे कितना ही महत्त्व रहा हो, पर
ासमुद्र क्षितीश मागध साम्राज्यों के समय में दक्षिण की तरफ़
ने वाले वणिक्पथों का महत्त्व बहुत बढ़ गया था। सोने,
ाँदी, मोती आदि के अतिरिक्त विदेशी सामुद्रिक व्यापार भी
ही मार्गों से होता था। व्यापार के अतिरिक्त इन मार्गों का
ाजनीतिक महत्त्व भी था। चाणक्य ने लिखा है—'शत्रु पर
ाक्रमण करने के आधार वणिक्पथ ही हैं। वणिक्पथों से ही
ुप्तचरों का आना-जाना, शस्त्र, कवच, घोड़े, गाड़ी आदि का
विक्रय किया जाता है।' दक्षिण की तरफ़ मागध साम्राज्य

हो। राष्ट्रपथ ही जहाँ अधिक चौड़े कर दिये जाते थे, सयोनीयपथ कहलाते थे। (६) व्यूहपथ—छावनियों की सड़कों का नाम व्यूहपथ था। ये भी चौड़ाई में ६४ फ़ीट होती थीं। (७) श्मशानपथ। (८) ग्रामपथ। (६) वनपथ। (१०) हस्तिक्षेत्रपथ। (११) सेतुपथ—बड़े बाँधों और पुलों से गुजरने वाली सड़कें सेतुपथ कहलाती थीं।

बड़े-बड़े किलों की सड़कों के विषय में भी चाणक्य ने लिखा है। (१) रथचर्या संचार—लड़ाई के रथों के लिये विशेष सड़कें थीं, जो चपटे और मजबूत पत्थरों से [illegible]नाई जाती थीं। अर्थशास्त्र के अनुसार सड़कों में लकड़ी [illegible] लगाई जाय, क्योंकि लकड़ी में अग्नि छिप कर वास करती [illegible]। (२) प्रतोली—दो अट्टालकों या बुर्जों के बीच के मार्ग को [illegible]तोली कहते थे। (३) देवपथ—मंदिर की तरफ़ आने वाले मार्ग (४) चार्या—यह ८ फ़ीट चौड़ी किले के अंदर की एक खास सड़क होती थी।

कौटलीय अर्थशास्त्र में स्थलमार्गों पर चलने वाले अनेक [illegible]थ यानों का भी वर्णन मिलता है। इनका भी उल्लेख करना उपयोगी है। (१) पारियानिक रथ—साधारण प्रयोग के [illegible]थ। (२) सांग्रामिक रथ—लड़ाई के लिये इस्तेमाल होने वाले [illegible]थ। (३) परपुराभियानिक—शत्रुओं के दुर्गों पर आक्रमण करने [illegible] लिये उपयोगी रथ। (४) वैयनिक रथ—ऐसे रथ जिनका प्रयोग [illegible]निक शिक्षा में किया जाय। (५) देवरथ। (६) पुष्परथ। (७) लघुयान। (८) गोलिंगयान—बैलगाड़ी। (६) शकट (१०) [illegible]शिविका पालकी। (११) पीठिका—डोली। इनके अतिरिक्त सवारी के लिये हाथी, घोड़ा, ऊँट आदि का भी अर्थशास्त्र में [illegible]

चाणक्य के अनुसार बट्टे बनाने में ऐसी धातु या अन्य पदार्थ इस्तेमाल करने चाहिये, जो गीले होने से खराब न हों, और गरमी से भी जिन पर असर न पड़े।

माप के लिये निम्नलिखित परिमाण अर्थशास्त्र में लिखे गये हैं-

आठ परमाणु	=	एक विप्रुट
आठ विप्रुट्	=	एक लिक्षा
आठ लिक्षा	=	एक यूकामध्य
आठ यूकामध्य	=	एक यवमध्य
आठ यवमध्य	=	एक अंगुल
चार अंगुल	=	एक धनुर्ग्रह
आठ अंगुल	=	एक धनुर्मुष्टि
बारह अंगुल	=	एक वितस्ति
दो वितस्ति	=	एक अरत्नि
४२ अंगुल	=	एक किष्कु
८४ अंगुल	=	एक व्याम
१०८ अंगुल	=	एक गार्हपत्य या धनु
१९२ अंगुल	=	एक दंड
१० दंड	=	एक रज्जु
१००० धनु	=	एक गोरुत या कोश
४ गोरुत	=	एक योजन

परिमाण में १ अंगुल वर्तमान समय के $\frac{३}{४}$ इंच के बराबर है, और इस हिसाब से १ गोरुत या कोष २२५० गज के और एक योजन ४$\frac{६}{११}$ मील के बराबर है।

अंगुल के जितने छोटे छोटे हिस्सों को मापने के परिमाण अर्थशास्त्र में दिये हैं, उनसे सूचित होता है, कि उस समय में चीजों की लम्बाई बड़ी बारीकी से नापी जाती थी। माप का सब से छोटा मान परमाणु इंच के लगभग चालीस हजारवें

अर्धपण, पादपण और अष्टभागपण सिक्के भी प्रयोग में आते थे। चाँदी के पणों व अर्धपण आदि के अतिरिक्त, तांबे के सिक्के भी प्रचलित थे, जिन्हें 'ताम्ररूप' या 'माषक' कहते थे। इसके भी भाग, अर्धमाषक, काकणी (¼ माषक) और अर्धकाकणी (⅛ माषक) होते थे। तांबे और चाँदी के अतिरिक्त संभवतः सोने का भी एक सिक्का उस युग में प्रचलित था। इसे सुवर्ण कहते थे इसका भार ⅞ तोले होता था।

जो नागरिक चाहे, धातु ले जाकर सौवर्णिक के पास से सिक्के बनवा सकता था। प्रत्येक सिक्के पर बनवाई के तौर पर एक काकणी ली जाती थी। सिक्कों के बदले में सोना चाँदी भी खुले तौर पर लिया जा सकता था। "पर ये सिक्के 'क्षीण और परिक्षीण' नहीं होने चाहिये, इनका भार ठीक हो, काल द्वारा या अन्य किसी कारण से ये हलके न हो गये हों।"

सिक्कों के अतिरिक्त कीमत चुकाने के कुछ अन्य साधन भी मौर्यकाल में प्रचलित थे। ऐसे एक साधन 'आदेश' का उल्लेख चाणक्य ने किया है। शब्दार्थ की दृष्टि से किसी व्यक्ति को अन्य किसी व्यक्ति को कीमत चुकाने की आज्ञा का नाम 'आदेश' है। वर्तमान समय में इसी को हुंडी कहते हैं।

(७) सूद के नियम

मौर्यकाल में सूद पर रुपया देने की प्रथा विद्यमान थी। उधार व ऋण को बहुत महत्त्व की बात माना जाता था। इसी लिये चाणक्य ने लिखा है, कि धनिक (उत्तमर्ण और धार-

... सकते थे। अपने माता पिता से प्राप्त संपत्ति पर भी दासों का अधिकार होता था।

६. कीमत चुका कर दास लोग फिर स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते थे।

७ बिना वारंट के दासों को क़ैद में नहीं डाला जा सकता था ऐसा करने पर स्वामी को दंड मिलता था।

८. दास स्त्रियों व लड़कियों के साथ अनाचार नहीं किया जा सकता था। यदि दास किसी स्त्री से अनाचार करे, तो फिर वह दास नहीं रह जाती थी। स्वामी का उस पर अधिकार नहीं रहता था।

९. आर्य दास की संतान दास नहीं होती थी। वह आर्य ही मानी जाती थी।

१०. कीमत चुकाने पर जन्म के दास भी स्वतंत्र हो सकते थे। स्वतंत्र होने के लिये दास लोग अलग कमाई करते थे। संबंधी लोग भी कीमत चुका कर दास को स्वतंत्र करा सकते थे।

इन विविध नियमों के कारण भारत में दासप्रथा का रूप ग्रीस व रोम की दासप्रथा से बहुत भिन्न था। इसी कारण मेगस्थनीज को यहाँ इस प्रथा का सर्वथा अभाव अनुभव हुआ था।

दुर्गों का स्वरूप

मैगस्थनीज के अनुसार पाटलीपुत्र नगर कितना विशाल और किस प्रकार का था, इसका उल्लेख हम पहले कर चुके हैं। कौटलीय अर्थशास्त्र में एक आदर्श नगर का चित्र खींचा गया है। अपने समय के वास्तविक नगरों को दृष्टि में रख कर इस कल्पित नगर की रूपरेखा बनाई गई है। चाणक्य के अनुसार नगर के चारों ओर छः छः फ़ीट की दूरी पर तीन खाइ

फीट हो। इसी तरह खाइयों की गहराई क्रमशः ४२, ३६

[illegible]

[illegible] ४२ फीट [illegible] रखे हुए हों। सबसे अंदर की [illegible] २४ फीट दूर भीतर की तरफ २६ फीट ऊँची और ४२ चौड़ी प्राचीर (वप्र या शहरपनाह) हो। इस दीवार के १२ हाथ से २४ हाथ तक चौड़ी दूसरी दीवार (प्रकार) [illegible] जाय। इस तरह शहर को चारों ओर से दुर्ग या किले की [illegible] बनाया जाय। इस दीवार में १२ मुख्य दरवाजे हों, और [illegible] तीन राजपथ (३२ फीट चौड़े) पूर्व से पश्चिम की ओर [illegible] वाले और तीन राजपथ उत्तर से दक्षिण की ओर जाने [illegible] बनाये जायें। शहर के नये हिस्से में [illegible] ओर, [illegible] महल [illegible] और पु[illegible] मंत्रियों [illegible] निवास के लिये भवनों का निर्माण हो। पूर्वदक्षि[illegible] भाग में भोजनालय, हस्तिशाला और कोष्ठागार रहें। पूर्व में सुगंधित पदार्थ, माल्य, धान्य, तथा रस के दूकानदार, मुख्य शिल्पी तथा क्षत्रिय लोग बसाये जाय। इसी तरह शहर के भिन्न-भिन्न भागों में भिन्न-भिन्न लोगों के लिये स्थान निश्चित रहें। पूजामंदिर, श्मशान आदि के लिये भी पृथक् निश्चित स्थान रहें।

मौर्यकाल में गाँव का क्षेत्रफल प्रायः एक कोस से दो कोस तक होता था, और उनमें १०० से लेकर ५०० तक परिवार निवास करते थे। गाँवों की जनता प्रायः खेती से अपना निर्वाह करती थी। गाँवों की सीमा को नियत करने के लिये प्रायः [illegible]

दि का प्रयोग किया जाता था। खेती की जमीन से पृथक् चर भूमि अलग रहती थी। इस पर गाँव के पशु स्वच्छन्द रूप से चर सकते थे। कृषकों के अतिरिक्त, गड़रिये, ग्वाले, रोगर, सौदागर आदि अनेक पेशे वाले लोग भी गाँवों में वास करते थे।

(६) सार्वजनिक कष्टों का निवारण

मौर्यकाल में दुर्भिक्ष, अग्नि, बाढ़ आदि सार्वजनिक कष्टों निवारण के लिये अनेकविध उपायों का अनुसरण किया जाता था। दुर्भिक्ष की निवृत्ति के लिये नहरों तथा सिंचाई के अन्य साधनों का निर्माण किया जाता था। भूमि को 'देव-मातृका' की जगह 'अदेवमातृका' बनाने का प्रयत्न होता था। पर सिंचाई का भलीभाँति प्रबंध होते हुए भी यदि कभी दुर्भिक्ष पड़ जाय, तो उसके निवारण के लिये यह व्यवस्था थी कि कोष्ठागार में संचित अन्न को लोगों में वितरण कर दिया जाय। उस युग में कोष्ठागार में सदा प्रभूत परिमाण में अन्न एकत्र रहता था। दुर्भिक्ष के समय इस पूर्वसंचित अन्न का उपयोग किया जाता था। इसके अतिरिक्त निम्नलिखित अन्य

प्रारंभ किया जाता था। इनसे गरीब लोगों को काम मिलता था, और उससे वे भोज्य पदार्थ खरीद कर उदरपूर्ति कर सकते थे। ऐसे कार्यों को 'दुर्गत कर्म' कहते थे।

२. भक्तानुग्रह—भोजन को अनुग्रह या कम कीमत से बेचने को 'भक्तानुग्रह' कहते थे। दुर्भिक्ष-पीड़ितों के लिये राज्य की ओर से सस्ते भोजन का प्रबंध रहता था।

चौड़ी हो। इसी तरह खाइयों की गहराई क्रमशः ३६, ३३,
३० फीट या ६१, ४५, और ४५ फीट हो। इन खाइयों की
पत्थर या ईंट की बनी हुई हो। इनमें पानी भरा हो और
मगर आदि हिंस्र जंतु रखे हुए हों। खाई से अंदर की त
२४ फीट दूर भीतर की तरफ ३६ फीट ऊँची और
चौड़ी प्राचीर (वप्र या शहरपनाह) हो। इस दीवार के ऊ
१८ हाथ से २४ हाथ तक चौड़ी दूसरी दीवार (प्राकार) ब
जाय। इस तरह शहर को चारों ओर से दुर्ग या किले की त
बनाया जाय। इस दीवार में १२ मुख्य दरवाजे हों, और
तीन राजपथ (३२ फीट चौड़े) पूर्व से पश्चिम की ओर जा
वाले और तीन राजपथ उत्तर से दक्षिण की ओर जाने वा
बनाये जायं। शहर के नवें हिस्से में, मध्यभाग से उत्तर
ओर, चारों वर्णों के लोगों के मकानों के बीच में राजा के लिये
महल बनाया जाय। राजमहल के पूर्वोत्तर भाग में आचार्य
और पुरोहित के मकान, पूजा का स्थान, जल का भांडार तथा
मन्त्रियों के निवास के लिये भवनों का निर्माण हो। पूर्वदक्षि
भाग में भोजनालय, हस्तिशाला और कोष्ठागार रहें। पूर्व
सुगंधित पदार्थ, माल्य, धान्य, तथा रस के दूकानदार, कुश
शिल्पी तथा क्षत्रिय लोग बसाये जायं।
भिन्न-भिन्न भागों में भिन्न
रहें।

लिये भी यह व्यवस्था थी, कि यदि ये इस चीजें पास न हों तो भोजन बाहर बनाया जाय।

ऐसे उपाय भी किये जाते थे, जिनसे आग लगने की सम्भावना कम रहे। (१) ऐसे व्यवसायी जिन्हें आग से काम करना होता है, शहर में पृथक् एक स्थान पर बसाये जाते थे। (२) फूस और घास के मकान नहीं बनने दिये जाते थे। (३) गर्मी के मौसम में दिन में दोपहर के समय आग जलाने की मनाही थी।

आग से रक्षा के लिये मार्गों, चौराहों तथा अन्य महत्त्व के स्थानों पर जल से भरे हुए हजारों बरतन रखे रहते थे। सब लोगों के लिये आवश्यक था, कि आग बुझाने में सहयोग दें। जो कोई इसमें प्रमाद करते थे, उन पर जुरमाना होता था। आग लगाने वालों का पता लिया जाता था और अपराधियों को कड़ा दंड मिलता था। यदि किसी से भूल से या प्रमादवश आग लग जाय, तो उसे ५४ पण जुरमाने की सजा थी। जान-बूझ कर आग लगाने वाले को मृत्युदंड दिया जाता था। अग्नि से रक्षा के लिये अनेक आभिचारिक क्रियाओं का वर्णन भी आचार्य चाणक्य ने किया है। इस प्रकार के रासायनिक अवलेप भी बनाये जाते थे, जिनके प्रयोग से मकान में आग लगने का डर नहीं रहता। चाणक्य ने लिखा है—'दाहिने से बाईं ओर मानुष अग्नि यदि अंतःपुर के चारों ओर घुमाई जाय, तो उसमें आग नहीं लग सकती। यदि बिजली की राख को ओले के पानी तथा मट्टी से सान कर दीवारों पर लीपा जाय, तो वहाँ कोई दूसरी आग नहीं लग सकती।'

आकस्मिक बाढ़ से बचने के लिये वर्षाकाल में नौकायें तथा तथा अन्य साधन तैयार रखे जाते थे। जिन लोगों के पास

[illegible]

पाटली पुत्र से प्राप्त पकी हुई मिट्टी का सिर

पटना संग्रहालय

तीसरी से पहली शती ई० पू०

बारहवाँ अध्याय

मौर्यकालीन समाज और सभ्यता

(१) भारतीय समाज के विविध वर्ग

मैगस्थनीज के अनुसार भारत की संपूर्ण बस्ती सात वर्गों
में बटी हुई थी। यवन यात्री का यह वर्णन उस समय के समाज
पर बहुत अच्छा प्रकाश डालता है। अतः हम उसे यहाँ उद्धृत
करते हैं—

'भारतवर्ष की सारी आबादी सात जातियों (वर्गों) में
बटी है। पहली जाति दार्शनिकों के समुदाय से बनी है, जो
यद्यपि संख्या की दृष्टि से अन्य जातियों की अपेक्षा कम है,
तथापि प्रतिष्ठा में उन सब से श्रेष्ठ है। दार्शनिक लोग सभी
सार्वजनिक कर्तव्यों से मुक्त हैं, इस लिये न तो किसी के दास
हैं और न किसी के स्वामी हैं। गृहस्थ लोगों के द्वारा ये बलि-
प्रदान करने तथा मृतकों का श्राद्ध करने के लिये नियुक्त किये
जाते हैं, क्योंकि लोगों का विश्वास है कि ये देवताओं के
बहुत प्रिय हैं और परलोक संबंधी बातों में बहुत निपुण हैं।

[illegible]
की पहले से ही सूचना दे देते हैं। इसी तरह की अन्य बहुत
सी बातों को भी ये पहले से ही बता देते हैं, जिनसे कि सर्व-
साधारण को बहुत लाभ पहुँचता है। इस प्रकार राजा और
प्रजा—दोनों भविष्य को पहले से ही जानकर उसका प्रबंध

कर सकते हैं। जो वस्तु आवश्यकता के समय काम आवेगी, उसका पहले से ही प्रबंध करने में वे कभी नहीं चूकते। जो दार्शनिक अपनी भविष्यवाणी में भूल करता है, उसको निन्दा के सिवाय अन्य कोई दंड नहीं मिलता। भविष्यवाणी अशुद्ध होने की दशा में फिर दार्शनिक जीवन भर मौन अवलंबन कर लेता है।

'दूसरी जाति में किसान लोग हैं, जो दूसरों से संख्या में बहुत अधिक हैं। वे राजा को भूमिकर देते हैं। किसान लोग स्वयं अपनी स्त्रियों और बच्चों के साथ देहात में रहते हैं, और नगरों में जाने से बिलकुल बचते हैं।

'तीसरी जाति के अंतर्गत अहीर, गड़रिये तथा सब प्रकार के चरवाहे हैं, जो न नगरों में बसते हैं और न ग्रामों में, बल्कि वे डेरों में रहते हैं। शिकार तथा पशुओं को जाल आदि में फँसा कर वे देश को हानिकर पक्षियों और जंगली पशुओं से मुक्त करते हैं। वे अपने इस कार्य में बड़े उत्साह के साथ लगे रहते हैं। इसी लिये वे भारत को उन विपत्तियों से, जो कि यहाँ पर बड़ी मात्रा में विद्यमान हैं—जैसे सब प्रकार के जंगली जंतु और किसानों के बोये हुए बीजों को खा जाने वाले पक्षी—मुक्त करते हैं।

'चौथी जाति कारीगर लोगों की है। इनमें कुछ कवच बनाने वाले हैं, और कुछ उन विविध उपकरणों (औजारों) को बनाते हैं, जिनका किसान तथा अन्य व्यवसायी लोग उपयोग करते हैं।

'पाँचवीं जाति सैनिकों की है। यह भलीभाँति संगठित था युद्ध के लिये सुसज्जित रहती है। संख्या में इसका दूसरा स्थान है। शांति के समय यह आलस्य और आमोद-प्रमोद में

मस्त रहती है। सारी सेना, योद्धा सैनिक, युद्ध के घोड़े-हाथी सब का राजकीय खर्च से पालन होता है।

'छठवीं जाति में निरीक्षक लोग हैं। इनका काम यह है कि जो कुछ भारतवर्ष में होता है, उसकी खोज तथा देख-भाल करते रहें और राजा को, तथा जहाँ राजा न हो वहाँ अन्य किसी राजकीय शासक को, इसकी सूचना देते रहें।

'सातवीं जाति सभासदों तथा अन्य शासनकर्ताओं की है। ये लोग राज्यकार्य की देख-भाल करते हैं। संख्या की दृष्टि से यह जाति सब से छोटी है, पर अपने चरित्र तथा बुद्धि के कारण सब से प्रतिष्ठित है। इसी जाति से राजा के मन्त्रीगण, राज्य के कोषाध्यक्ष और न्यायकर्ता लिये जाते हैं। सेना के नायक व मुख्य शासक लोग प्राय. इसी जाति के होते हैं।'

मैगस्थनीज द्वारा वर्णित भारतीय समाज के इन सात वर्गों को हम क्रमशः ब्राह्मण-श्रमण, कृषक, गोपाल-स्वर्णाखक-वागुरिक मार्गयुक, कारु-शिल्पि-वैदेहक, भट, प्रतिवेदक-अध्यक्ष-सत्रिक और मंत्रि-महामात्र-अमात्य कह सकते हैं। ये सात कोई पृथक् जातियाँ नहीं थीं। यवन यात्री मैगस्थनीज ने भारत के समाज की जो दशा देखी, उसके अनुसार उसने ये सात वर्ग वहाँ पाये।

(२) विवाह तथा स्त्रियों की स्थिति

मौर्यकाल में बहुविवाह की प्रथा विद्यमान थी। मैगस्थनीज ने लिखा है—'वे बहुत सी स्त्रियों से विवाह करते हैं।' विवाहित स्त्रियों के अतिरिक्त अनेक स्त्रियों को केवल आमोद-प्रमोद के लिये भी घर में रखा जाता था। मैगस्थनीज के अनुसार 'कुछ को तो वे दत्तचित्त सहधर्मिणी बनाने के लिये विवाह करके लाते है, और कुछ को केवल आनन्द के हेतु तथा घर को लड़कों से भर देने के लिये।' कौटलीय अर्थशास्त्र से भी यह

बात पुष्ट होती है। वहाँ लिखा है—'पुरुष कितनी ही स्त्रियों से विवाह कर सकता है, स्त्रियाँ संतान उत्पन्न करने के लिये ही हैं।

अर्थशास्त्र में धर्मानुकूल चार प्रकार के विवाह लिखे हैं, ब्राह्म, प्राजापत्य, आर्ष और दैव। ब्राह्म विवाह में कन्या को आभूषण आदि से सजा कर दिया जाता था। प्राजापत्य विवाह में वर-वधू के लिये परस्पर मिल कर धर्मचर्या का पालन ही पर्याप्त समझा जाता था। आर्ष विवाह में कन्यापक्ष की ओर से गौओं की एक जोड़ी वरपक्ष को दी जाती थी। दैव विवाह में यज्ञवेदी के सम्मुख ऋत्विज की स्वीकृति ही पर्याप्त मानी जाती थी।

इन के अतिरिक्त चार प्रकार के विवाह और होते थे। आसुर विवाह में दहेज देकर लड़की का विवाह किया जाता था। कन्या और वर के परस्पर मुक्त प्रेम से जो विवाह हो जाय, उसे गान्धर्व कहते थे। जिस विवाह में कन्या को जबर्दस्ती छीन [illegible]

अन्य [illegible]

विवाह [illegible]

आठों रीतियाँ मौर्यकाल में प्रचलित थीं।

मौर्य युग में दहेज प्रथा की सत्ता विशेषरूप से उल्लेखनीय है। यद्यपि दहेज (शुल्क) लेकर किये गये विवाह को आसुर नाम दिया गया है, पर उस समय में यह अच्छी तरह प्रच-

[illegible]

पुरुष और स्त्री, दोनों को इस युग में पुनर्विवाह का अधिकार था। पुरुषों के पुनर्विवाह के संबंध में ये नियम दिये गये —'यदि किसी स्त्री के आठ साल तक बच्चा न हो, या जिस कोई पुरुष संतान न हो, या जो बंध्या हो, उसका पति पुनर्विवाह से पूर्व आठ वर्ष तक प्रतीक्षा करे। यदि स्त्री के मृत बच्चा पैदा हो, तो दस साल तक प्रतीक्षा करे। केवल लड़कियाँ ही उत्पन्न हों, तो बारह वर्ष तक प्रतीक्षा करे। इसके बाद पुत्र की इच्छा होने पर पुरुष दूसरा विवाह कर सकता है।' स्त्री के मर जाने पर तो पुनर्विवाह हो ही सकता था।

पुरुषों की तरह स्त्रियों को भी पुनर्विवाह का अधिकार था। पति के मरने पर यदि स्त्री दूसरा विवाह करना चाहे, तो उसे अपने श्वसुर तथा पतिपक्ष के अन्य संबंधियों द्वारा प्राप्त धन वापस देना होता था। परंतु यदि पुनर्विवाह श्वसुर की अनुमति से हो, तो स्त्री इस धन को अपने पास रख सकती थी। पति की मृत्यु के अतिरिक्त भी कुछ अवस्थाओं में स्त्री को पुनर्विवाह का अधिकार था। 'यदि किसी स्त्री के कोई सन्तान न हो और उसका पति विदेश गया हुआ हो, तो वह एक साल तक प्रतीक्षा करे। यदि उसके कोई संतान न हो, तो अधिक समय तक प्रतीक्षा करे। यदि पति स्त्री के लिये भरण-पोषण का प्रबंध कर गया हो, तो दुगने समय तक प्रतीक्षा की जाय' यदि पति विद्याध्ययन के लिये विदेश गया हो, तो संतानरहित स्त्री दस वर्ष और संतान सहित स्त्री बारह वर्ष तक प्रतीक्षा करे, यह नियम था।

मौर्यकाल में नियोग की प्रथा भी प्रचलित थी। यदि कोई राजपुरुष विदेश गया हुआ हो, तो उसकी स्त्री को पुनर्विवाह का अधिकार नहीं था। पर वह किसी और पुरुष से बच्चा उत्पन्न कर सकती थी। चाणक्य ने लिखा है कि इस प्रकार अपने

वंश की रक्षा के लिये संतान उत्पन्न कर लेना बदनामी का कारण नहीं होना चाहिये।

मौर्यकाल में तलाक की प्रथा भी विद्यमान थी। कौटलीय अर्थशास्त्र में तलाक के लिये 'मोक्ष' शब्द का प्रयोग किया गया है। स्त्री और पुरुष, दोनों को ही तलाक का अधिकार था। इस विषय में अर्थशास्त्र के निम्नलिखित नियम ध्यान देने योग्य हैं-

'यदि कोई पति बुरे आचार का है, परदेश गया हुआ है, राज्य का द्वेषी है या यदि कोई पति खूनी है, पतित है या नपुंसक है, तो स्त्री उसका त्याग कर सकती है।

'पति से घृणा करती हुई स्त्री, उस (पति) की इच्छा के बिना तलाक नहीं दे सकती। इसी तरह स्त्री से घृणा करता हुआ पति, उस (स्त्री) की इच्छा के बिना तलाक नहीं दे सकता। पर पारस्परिक घृणा से तलाक हो सकता है।

'यदि स्त्री से तंग आकर पुरुष उसको तलाक देना चाहे, तो जो धन स्त्री की ओर से उसे मिला है, वह उसे लौटा दिया जाय। परन्तु यदि स्त्री पति से तंग आकर तलाक देना चाहे तो उसका धन उसे न लौटाया जाय।'

यहाँ यह ध्यान रखना चाहिये, कि पहले प्रकार के चार 'धर्मानुकूल' विवाहों में तलाक नहीं हो सकता था। तलाक केवल पिछले चार विवाहों में ही विहित था।

मैगस्थनीज तथा कौटल्य—दोनों के ग्रंथों के अनुशीलन ज्ञात होता है, कि मौर्यकाल में स्त्रियों की स्थिति बहुत ऊंची न थी। मैगस्थनीज ने स्त्रियों के खरीदने व बेचने की बात लिखी है, उसके अनुसार एक जोड़ा बैल देकर पुरुष स्त्रियों को खरीद लेते थे। इसी तरह राजा लोग अपने साथ रखने के लिये बहुत सी स्त्रियों को उनके माता पिता से खरीद लेते थे। [illegible] अर्थ[illegible]

आज्ञा

में और घर के भीतर ही रहना होता था। इस विषय में अर्थ-शास्त्र के निम्नलिखित नियम ध्यान देने योग्य हैं—'खतरे को छोड़ कर यदि किसी अन्य कारण से कोई स्त्री अपने पति के घर से बाहर जाय, तो उस पर छः पण जुरमाना किया जाय। यदि वह पति की आज्ञा के विरुद्ध घर से बाहर जाय, तो बारह पण जुरमाना किया जाय, यदि स्त्री पड़ोसी के घर से परे चली जाय, तो उस पर छः पण जुरमाना किया जाय। मौर्यकाल में स्त्रियाँ प्रायः परदे में रहती थीं। अर्थशास्त्र में स्त्रियों को 'न निकलने वाली' कहा गया है।

(३) धार्मिक विश्वास

चंद्रगुप्त मौर्य के समय में यज्ञों में पशुहिंसा, बलिदान तथा श्राद्ध प्रचलित थे। मैगस्थनीज़ ने लिखा है—'यज्ञ व श्राद्ध में कोई मुकुट धारण नहीं करता। वे बलि के पशु को छुरी घसा कर नहीं मारते, अपितु गला घोंट कर मारते हैं, जिससे देवता की भेंट खंडित वस्तु न करके पूरी वस्तु की जाय।

'एक प्रयोजन जिस के लिये राजा अपना महल छोड़ता है, बलि प्रदान करना है। पर गृहस्थ लोगों द्वारा ये दार्शनिक बलि प्रदान करने तथा मृतकों का श्राद्ध करने के लिये नियत किये जाते हैं।'

मैगस्थनीज के उदाहरणों से स्पष्ट है, कि चंद्रगुप्त मौर्य के समय में पशुबलि की प्रथा भलीभाँति प्रचलित थी। बौद्ध और जैन धर्मों का इस समय काफी प्रचार हो रहा था, पर अभी यज्ञों में पशुबलि देने की प्रथा नष्ट नहीं हुई थी। आगे चलकर अशोक के [illegible]

पर [illegible]

का [illegible]

अनुष्ठानों तथा पवित्र आदि देवताओं का अनेक स्था पर उल्लेख आया है।

अर्थशास्त्र के अनुशीलन से ज्ञात होता है, कि मौर्यकाल में अनेकविध सम्प्रदाय विद्यमान थे। वहाँ लिखा है—'नगर के मध्य में अपराजित, अप्रतिहत, जयन्त, वैजयन्त, इनके कोष्ठ और शिव, वैश्रवण, अश्विन और श्रीमदिरा के घर बनाये जावें। इन कोष्ठों और गृहों में यथास्थान देवताओं वास्तुदेवता=स्था पर रूप में वर्तमान देवता, की स्थापना की जाय। भिन्न-भिन्न दिशाओं में यथास्थान दिग्देवताओं (दिशा के देवताओं) की स्थापना की जाय।'

स्पष्ट है, कि मौर्यकाल में भिन्न-भिन्न देवताओं की पूजा प्रचलित थी, और उसके लिये अलग-अलग मंदिर बने होते थे। देवताओं की मूर्ति बनाने का शिल्प उस समय उन्नति पर था, इस कार्य करने वाले 'देवताकारु' कहलाते थे। नगर के द्वारों के नाम ब्रह्मा, इन्द्र, यम आदि के नाम से रखे जाते थे। तीर्थयात्रा भी उस समय रिवाज था। तीर्थों में यात्रा पर एकत्रित लोगों 'तीर्थंकर' लिया जाता था। विविध संप्रदायों के लिये 'पाषंड' शब्द व्यवहार में आता था। अशोक के शिलालेखों में सम्प्रदायों पाषड कहा गया है। संभवतः, विविध धर्मों के अनुयायी साधुओं के मठों या अखाड़ों के लिये यह शब्द प्रयुक्त होता था। चाणक्य को इनसे जरा भी सहानुभूति नहीं थी। उसके विचार सांसारिक उत्कर्ष, समृद्धि और गृहस्थ की उच्चता के पक्षपाती संसार से विरक्त होकर 'पाषंडों' में शामिल होना उसके विचारों के प्रतिकूल था। इसीलिये उसने व्यवस्था की थी, पाषंडों को शहर से बाहर श्मशान के परे चांडालों के के पास जगह दी जाय। शहरों से बाहर रहने का ...

यान रखा जाता था, कि एक पाषंड से दूसरे पाषंड को बाधा पहुँचे।

देवताओं और धर्ममंदिरों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। उनके प्रति किसी तरह का कुवाक्य बोलने पर कड़े दंड की व्यवस्था थी। लोग तंत्र-मंत्र पर विश्वास रखते थे। तंत्र की साधना से अभिलषित फल की सिद्धि होती है, यह बात सर्वसाधारण में मान्य थी। उस युग में अनेक लोग धर्म के विविध ढोंग बनाकर जनता को ठगा भी करते थे। इसीलिये आचार्य चाणक्य ने अपनी कुटिल नीति का अनुसरण करते हुए शत्रुओं

गुहा में रहने वाले हैं और हमारी आयु ४०० वर्ष की है। शिष्य लोग मूल, फल आदि लेने के लिये शहर में जाकर अमात्यों और राजकुल के लोगों को महात्मा जी के दर्शनों के लिये प्रेरित करें। जब राजा दर्शनों के लिये आये तो उसे पुराने राजा और देश के संबंध में इधर-उधर की बातें बतलाए और कहे कि 'सौ-सौ साल बाद आग में प्रवेश कर मैं फिर बालक बन जाता हूं। अब

करते थे।

यह नहीं समझना चाहिये, कि महात्मा बुद्ध के बाद भारत में अन्य धर्मों का लोप होकर केवल बौद्ध धर्म का ही प्रचार हो गया था। प्राचीन यज्ञप्रधान वैदिक धर्म, विविध देवी-देवताओं की पूजा, अनेक पाषंड आदि उस युग में विद्यमान थे। अशोक के समय में बौद्ध धर्म का प्रचार भारत में बहुत बढ़ गया, पर

मौर्यकाल के भारतीय स्वादु भोजन बनाने के लिये प्रयत्नशील रहते थे। राजा की जो महानस (रसोई) होती थी, उसके विषय में चाणक्य ने लिखा है कि तरह-तरह के सुस्वादु भोजन तैयार कराये जायें। भिन्न-भिन्न वस्तुओं को पकाने के लिये अलग-अलग पाचक होते थे। साधारण बाजार में भी अनेकविध भोज्य पदार्थों के अलग-अलग विक्रेता होते थे। मांस-भोजन का उस समय बहुत रिवाज था। उस युग में बहुत से पशु, पक्षी, मछली आदि जंतुओं को भोजन के लिये मारा और बेचा जाता था। मांस को सुखा कर रखा जाता था। विविध भोज्य पदार्थों को बनाने वालों में से कुछ के नाम निम्नलिखित हैं :—

१. पकान्न पण्या.—पकान्न बेचने वाले।
२. मांस पण्याः—मांस बेचने वाले।
३. पक मांसिका.—मांस पका कर बेचने वाले।
४. औदनिकाः—चावल, दाल पका कर बेचने वाले।
५. शौण्डिकाः—शराब बेचने वाले।
६. आपूपिका.—रोटी बना कर बेचने वाले।

अशोक के प्रयत्नों से प्राचीन भारत में मांस का उपयोग कुछ कम अवश्य हुआ, पर बौद्धधर्म को स्वीकार करने के बाद भी अशोक के महानस में मांस बनता और उसके लिये पशु-हत्या जारी रही थी। यही दशा बौद्धधर्म के अन्य अनुयायियों की भी थी।

शराब का प्रचार भी मौर्ययुग में बहुत था। शराब के बेचने तथा पीने के लिये बड़ी-बड़ी दूकानें होती थीं, जिनमें अलग-अलग कमरे बने होते थे। प्रत्येक कमरे में सोने के लिये अलग-अलग बिस्तरे बिछे होते थे। साथ ही, बैठने के लिये अनेकविध आसन, [illegible], जल तथा आराम की अन्य

के लिये मौर्य सम्राट् जो शिकारयात्रा करते थे, यह उसी का वर्णन है। उस युग में शिकार के लिये पृथक् रूप से वन सुरक्षित रखे जाते थे। राजा के विहार के लिये ऐसे जगल भी होते थे, जिनके चारों ओर खाई खुदी रहती थी, और जिनमें प्रवेश के लिये केवल एक ही द्वार होता था। इनमें शिकार के लिये पशु पाले जाते थे, राजा इनमें स्वच्छंदरूप से शिकार खेल सकता था।

विविध 'समाजों' में पशुओं की लड़ाई और मल्लयुद्ध देखने का भी जनता को बड़ा शौक था। अशोक को ये समाज पसंद नहीं थे, उन्हें उसने बंद कर दिया था।

(६) रीति-रिवाज और स्वभाव

संबंध में यूनानी
इम उन्हें यहां

'भारतीय लोग किफायत के साथ रहते हैं, विशेषतः उस समय जब कि वे कैम्प में हों। वे अनियन्त्रित भीड़ को नापसंद करते हैं। इसीलिये वे, हमेशा व्यवस्था बनाये रखते हैं।'

'भारतीय लोग अपने चाल-चलन में सीधे और मितव्ययी होने के कारण बड़े सुख से रहते हैं।'

'उनके कानून और व्यवहार की सरलता इससे अच्छी तरह प्रमाणित होती है, कि वे न्यायालय में बहुत कम जाते हैं। उनमें गिरवी और धरोहर के अभियोग नहीं होते और न वे मुहर या गवाह की जरूरत रखते हैं। वे एक दूसरे के पास धरोहर रखकर आपस में विश्वास करते हैं। अपने घर व संपत्ति को वे प्रायः अरक्षित अवस्था में ही छोड़ देते हैं। ये बातें सूचित करती हैं, कि उनके भाव उदार या उत्कृष्ट हैं।'

नमें व्यायाम करने की सर्वप्रिय रीति संघर्षण है। यह ... चिकने आव-

... ऊपर उठाई हुई
[illegible]दी नीची होती है।'

'अपने चाल की साधारण सादगी के प्रतिकूल वे बारीकी और नक्कासी के प्रेमी होते हैं। उनके वस्त्रों पर सोने का काम किया रहता है। वे (वस्त्र) मूल्यवान् रत्नों से विभूषित रहते हैं। वे लोग अत्यंत सुंदर मलमल के बने हुए फूलदार कपड़े पहनते हैं। सेवक लोग उनके पीछे-पीछे छाता लगाए चलते हैं। वे सौंदर्य का बड़ा ध्यान रखते हैं, और अपने स्वरूप को सँवारने में कोई उपाय उठा नहीं रखते।'

'सचाई और सदाचार, दोनों की वे समान रूप से प्रतिष्ठा करते हैं। इससे वृद्धों को वे तब तक विशेष स्वत्व नहीं देते, जब तक वे अधिक उत्कृष्ट सदाचारी न हों।'

'भारतवासी मृतक के लिये कोई स्मारक नहीं उठाते, वरन् उस सत्यशीलता को, जिसे मनुष्यों ने अपने जीवन में दिखलाया है तथा उन गीतों को, जिनमें उनकी प्रशंसा वर्णित रहती है, मरने के बाद उनके स्मारक को बनाये रखने के लिये पर्याप्त समझते हैं।'

चामर-ग्राहिणी
पटना संग्रहालय
तीसरी शती ई० पू०

देय' कहते थे। इससे कोई कर आदि नहीं लिया जाता था। त्र रूप से अध्यापन करने वाले इन ब्राह्मणों के अतिरिक्त युग में अनेक ऐसे शिक्षाकेंद्र भी थे, जिनमें बहुत से आचार्य ाण का कार्य करते थे। मौर्यकाल का ऐसा सबसे प्रसिद्ध केंद्र शिला था, जहाँ आचार्य चाणक्य नीतिशास्त्र का अध्यापन ते थे।

तक्षशिला में शिक्षा का क्या ढंग था, इस विषय में एक क कथा को यहाँ उद्धृत करना बहुत उपयोगी है। "एक बार बात है, कि बनारस के राजा के एक पुत्र उत्पन्न हुआ, सका नाम कुमार ब्रह्मदत्त रखा गया। पुराने समय में राजा ों में यह प्रथा थी, कि चाहे उनके अपने शहर में कोई सिद्ध अध्यापक विद्यमान हो, तो भी अपने कुमारों को दूर ों में शिक्षा पूर्ण करने के लिये भेजना उपयोगी समझते । इससे वे यह लाभ समझते थे, कि कुमार अभिमान और ं को वश में करना सीखेंगे, गरमी और सरदी का सहन रेंगे, साथ ही दुनिया के रीति-रिवाजों से भी जानकारी प्राप्त र सकेंगे। राजा ब्रह्मदत्त ने भी यही किया। उसने अपने ुमार को बुला कर, जिसकी आयु अब सोलह वर्ष की हो चुकी ी, उसे एकतलिक जूते, पत्तों का छाता और एक हजार कार्षा- ण देकर कहा—तात! तक्षशिला जाओ, और विद्या का अभ्यास करो।' कुमार ने उत्तर दिया—'बहुत अच्छा'। माता पेता से विदा लेकर वह समय पर तक्षशिला पहुँच गया। वह हाकर उसने आचार्य का घर पूछा। आचार्य विद्यार्थियों के सम्मुख अपना व्याख्यान समाप्त कर चुके थे और अपने घर के द्वा पर घूम रहे थे। आचार्य को देखते ही कुमार ने अपने जू उतार दिये, छाता बंद कर दिया और सम्मानपूर्वक वंदन करके खड़ा हो गया। आचार्य ने देखा कि वह थका हुआ है

अतः उसके भोजन का प्रबंध कर उसे आराम करने का आदेश दिया। भोजन करके कुमार ने कुछ देर विश्राम किया और फिर आचार्य के सम्मुख सम्मानपूर्वक प्रणाम करके खड़ा हो गया। आचार्य ने पूछा—'तात! तुम कहाँ से आए हो?' 'वाराणसी से।' 'तुम किसके पुत्र हो?' 'मैं वाराणसी के राजा का पुत्र हूँ।' 'यहाँ किस लिये आये हो?' 'विद्याध्ययन के लिये' 'बहुत ठीक, क्या तुम आचार्य के लिये उपयुक्त फीस लाये हो, या शिक्षा के बदले सेवा की इच्छा रखते हो?' 'मैं आचार्य के लिये उपयुक्त फीस लाया हूँ।' यह कह कर उसने एक हजार कार्षापण

व्यतीत करते थे। क्योंकि कुमार ब्रह्मदत्त आवश्यक फीस साथ लाया था, और वह आचार्य के घर पर ही रहता था, अतः उसे नियमपूर्वक शिक्षा दी गई। इस प्रकार ब्रह्मदत्त ने शिक्षा समाप्त की।"

तक्षशिला में अनेक संसारप्रसिद्ध आचार्य शिक्षादान का कार्य करते थे। एक आचार्य के पास प्रायः ५०० विद्यार्थी पढ़ते थे। सम्भवतः, यह कल्पना अनुचित नहीं है, कि तक्षशिला में अनेक कालिज थे, जिनमें से प्रत्येक में ५०० के लगभग विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते थे। इन कालिजों के प्रधान को आचार्य कहते थे, जो प्रायः 'संसार प्रसिद्ध' व्यक्ति होता था। एक जातक के अनुसार एक आचार्य के पास एक सौ एक राजकुमार शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। अनेक राजकुमारों के तो [illegible]

क्षत्रिय भारत भर से तक्षशिला में विद्या प्राप्त करने के लिये आते थे। नीच जातियों के लोग तक्षशिला के 'संसार प्रसिद्ध' आचार्यों से लाभ नहीं उठा सकते थे। इसी लिये एक जातक में चांडाल की कथा लिखी है, जिसने वेश बदल कर तक्षशिला में शिक्षा प्राप्त की थी।

इस शिक्षाकेंद्र में तीनों वेद, अष्टादश विद्या, त्रिविध शिल्प, धनुर्विद्या, हस्तिविद्या, मंत्रविद्या, सब प्राणियों की बोलियां [illegible]

राजवैद्य जीवक तक्षशिला का ही प्रसिद्ध आचार्य था। मागध सम्राट् अजातशत्रु के समकालीन कोशल के राजा प्रसेनजित् ने तक्षशिला में ही शिक्षा ग्रहण की थी। मौर्य साम्राज्य का संस्थापक चंद्रगुप्त भी तक्षशिला में ही विद्याध्ययन के लिये गया था। सम्भवतः वहीं उसकी राजनीति शास्त्र के 'संसार-प्रसिद्ध' आचार्य चाणक्य से भेंट हुई थी। इसी भेंट का परिणाम हुआ, कि मौर्यवंश का शासन पाटलीपुत्र में स्थापित हुआ और नंदों की शक्ति का अंत हुआ।

मौर्यकाल में काशी भी शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र था। तक्षशिला में पढ़े हुए अनेक आचार्यों ने वहाँ शिक्षण का कार्य प्रारंभ किया, और धीरे-धीरे वह भी [illegible]
पीठ हो गया।

...था। सब के देखते-देखते ही उसका घात हो गया और ...ना किसी बाधा के पुष्यमित्र का षड्यंत्र सफल हो गया।

बृहद्रथ को क़त्ल कर पुष्यमित्र का राजा होना ठीक उसी ...कार की घटना है, जैसी कि श्रेणिय भट्टिय के राजा बालक ...े मार राजगद्दी पर अधिकार करने की थी। अमात्य पुलिक ...भी इसी प्रकार रिपुंजय को मार कर सेना की सहायता से ...ज्य प्राप्त किया था। महापद्मनंद भी इसी तरह से मगध के ...राजसिंहासन का स्वामी हुआ था। मागध साम्राज्य की शक्ति उसकी सुसंगठित सेना पर निर्भर थी। जिसके हाथ में सेना थी, वह सुगमता से राजगद्दी पर भी अधिकार जमा सकता था। जिस सैनिकविद्रोह से मौर्यवंश का अंत हुआ वह १८५ ई० पू० हुआ था।

(२) शुंग पुष्यमित्र

मागध साम्राज्य की क्षीण होती हुई शक्ति पुष्यमित्र के प्रयत्न से फिर पुनः संजीवित हुई। आस-पास के जनपदों को जीत कर उसने फिर मगध के अधीन किया। विदर्भ (बरार) के प्रदेश में उस समय यज्ञसेन का शासन था। शुरू में यह मौर्यों की तरफ़ से वहाँ का शासन करने के लिये नियुक्त हुआ था। पर मौर्य सम्राटों की निर्बलता से लाभ उठा कर वह स्वतंत्र हो गया था। जनता उससे संतुष्ट नहीं थी। अभी राज्य में उसकी जड़ भलीभाँति नहीं जम पाई थी। इसी बीच में पुष्यमित्र के पुत्र अग्निमित्र ने उस पर आक्रमण कर दिया और विदर्भ को फिर मागध साम्राज्य की अधीनता में ले आया।

कलिंग के राजा खारवेल से पुष्यमित्र के कई युद्ध हुए। मौर्यवंश की अवनति के समय कलिंग स्वतंत्र हो गया था। इस समय वहाँ का राजा खारवेल था। यह बड़ा शक्तिशा...

सम्राट् हुआ है। दूर-दूर तक आक्रमण कर इसने भारत
बहुत से प्रदेशों को अपने अधीन कर लिया था। अपने शास
के बारहवें वर्ष में उसने मगध पर आक्रमण किया। अब
पौने तीन सौ वर्ष पूर्व मागध राजा नंद कलिंग से जिन महावी
की जो मूर्ति विजयोपहार के रूप में पाटलीपुत्र ले गया थ
खारवेल उसे अपने देश वापस ले गया। खारवेल जैन धर्म
अनुयायी था और उस समय में प्रायः सारा कलिंग देश जै
मत को मानता था। खारवेल की सेना के हाथी पाटलीपुत्र
सुगांग प्रासाद तक पहुँच गये। पुष्यमित्र को खारवेल के सम्मुख
बुरी तरह नीचा देखना पड़ा। पर खारवेल मगध में टिका
नहीं। अपने देश के सदियों पुराने अपमान का बदला लेकर
वह कलिंग वापस लौट आया। मगध से बहुत सं धन, रत्न
मणि-माणिक्य आदि को भी वह अपने साथ ले गया।

खारवेल से इस प्रकार अपमानित होने के बाद भी पुष्य
मित्र ने हिम्मत नहीं हारी। इस समय उत्तरपश्चिमी भारत में
यवनों के हमले निरंतर जारी थे। मौर्यवंश के शासन के अंतिम
दिनों में प्रसिद्ध यवन आक्रांता दिमित्र ने मथुरा और अयोध्या
से आगे बढ़ कर ठेठ मगध तक हमला बोल दिया था। पर इन
यवनों को मगध की शक्ति को नष्ट करने में सफलता नहीं
हुई। यवनों से मगध की रक्षा करने का प्रधान श्रेय पुष्यमित्र
को ही है। उसने न केवल मगध में यवनों को परास्त किया,
किंतु कोशल (अयोध्या) और मथुरा आदि से उन्हें निकाल
कर दूर खदेड़ दिया। उसके साम्राज्य की सीमा पश्चिम में कम
कम शाकल (स्यालकोट) तक अवश्य थी। बंगाल के समुद्रतट
पश्चिम में स्यालकोट तक और हिमालय से लगा कर दक्षिण
नर्मदा नदी तक सम्राट् पुष्यमित्र का एकच्छत्र साम्राज्य
। कलिंगराज खारवेल ने मगध को परास्त करके भी उसे

स्थिररूप से अपने अधीन करने का प्रयत्न नहीं किया था। खारवेल ने अपनी शक्ति का विस्तार मुख्यतया कलिंग के दक्षिण व पश्चिम की ओर किया था। उत्तरी भारत में अब भी मगध का अर्ध साम्राज्य स्थापित था।

पुष्यमित्र ने दो बार राजसूय और अश्वमेध यज्ञ किये। राजा जनमेजय के बाद भारत के किसी राजा ने अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान नहीं किया था। अब पुष्यमित्र ने इस प्राचीन यज्ञ का पुनरुद्धार किया। अश्वमेध में दिग्विजय के उपलक्ष में घोड़े की बलि दी जाती थी। अहिंसाप्रधान बौद्ध और जैन धर्मों के प्रभाव से इस यज्ञ की प्रथा बिलकुल विलुप्त सी हो गई थी। अब पुष्यमित्र ने इसे पुनः संजीवित किया। पतञ्जलि मुनि पुष्यमित्र के इन अश्वमेधों में प्रधान पुरोहित थे। उन्होंने पाणिनि के प्रसिद्ध व्याकरण अष्टाध्यायी पर महाभाष्य लिखा था, जो संस्कृत व्याकरण के सब से प्रसिद्ध और प्रामाणिक ग्रंथों में से एक है। पतञ्जलि विदिशा के निवासी थे। प्राचीन प्रथा के अनुसार अश्वमेध से पूर्व एक घोड़ा छोड़ा गया। उसकी देख-रेख के लिये पुष्यमित्र का पौत्र वसुमित्र नियत हुआ।

सेनापति पुष्यमित्र था, और अग्निमित्र विदिशा का शासक। जब पुष्यमित्र मगध का सम्राट् बन गया, तब भी अग्निमित्र विदिशा का शासन करता रहा। प्रतीत होता है, कि अग्निमित्र की अपने पिता से कुछ अनबन थी। इसी लिये अश्वमेध के अवसर पर उपस्थित होने के लिये उसे विशेष प्रेरणा की आवश्यकता हुई थी। महाकवि कालिदास के प्रसिद्ध नाटक मालविकाग्निमित्र में इसी शुंगवंशी अग्निमित्र का एक कथानक संकलित है।

पुराणों के अनुसार पुष्यमित्र ने ३६ वर्ष तक (१८४ ई० पू० से १४८ ई० पू० तक) राज्य किया।

(३) पुष्यमित्र के उत्तराधिकारी.

शुंग वंश के कुल दस राजा हुए। पुष्यमित्र के बाद अग्निमित्र राजगद्दी पर बैठा। उसने कुल आठ वर्ष तक राज्य किया उसके बाद वसुज्येष्ठ ने सात वर्ष और फिर वसुमित्र ने दस वर्ष राज्य किया। ये दोनों अग्निमित्र के पुत्र थे। वसुज्येष्ठ व वसुमित्र ने दस वर्ष राज्य किया। ये दोनों अग्निमित्र के पुत्र थे वसुज्येष्ठ का दूसरा नाम ज्येष्ठमित्र था. इसके कुछ सिक्के भी आजकल उपलब्ध होते हैं। वसुमित्र के बाद क्रमशः आर्द्रक, पुलिंदक घोष और वज्रमित्र मगध के सिंहासन पर बैठे। इन सब ने मिलकर बीस वर्ष तक राज्य किया। इनके संबंध की कोई भी घटना इस समय ज्ञात नहीं है। वज्रमित्र के बाद भागभद्र राजा बना। इसके समय की एक बात उल्लेखनीय है। उस समय उत्तरपश्चिमी भारत में अनेक यवनराज्य स्थापित हो चुके थे। इनमें से एक तक्षशिला का यवन राज्य था, जहाँ अब अंतिआलिकदस राज्य करता था। उसने शुंग राजा भागभद्र के पास विदिशा में एक राजदूत भेजा था, जिसका नाम

दूत था। इस दूत ने वहाँ भगवान वासुदेव का एक ध्वज बनवाया था। इस स्तम्भ पर प्राकृत भाषा में एक लेख खुदा है, जो निम्न प्रकार है देवों के देव वासुदेव का यह गरुड़ध्वज, महाराज अंतलिकित के यहाँ से राजा काशीपुत्र भागभद्र त्राता के, जो अपने राज्य के चौदहवें वर्ष में वर्तमान थे, पास आये हुए तक्षशिला के निवासी दिय के पुत्र योनदूत भागवत हेलिओदोर ने यहाँ बनवाया।

भारत के यवन आक्रान्ता इस काल में किस प्रकार भारतीय धर्म और संस्कृति के प्रभाव में आ रहे थे, इस पर इस स्तम्भ-लेख से बड़ा अनुपम प्रकाश पड़ता है। योनदूत हेलिओदोर ने भागवत वैष्णव धर्म की दीक्षा ग्रहण कर ली थी, और अपनी भक्ति को प्रकट करने के लिये गरुड़ध्वज का निर्माण कराया था। उस समय के हिंदू धर्म में म्लेच्छ यवनों को अपने अंदर हजम कर लेने की शक्ति विद्यमान थी। भागभद्र ने कुल ३२ वर्ष राज्य किया। उसके बाद देवभूति राजा बना। यह बड़ा विलासी था। इसके समय मे फिर मगध में राज्यक्रांति हुई। इसके अमात्य वासुदेव कण्व ने उसके विरुद्ध षड्यंत्र किया और देवभूति को क़त्ल कर स्वयं मगध के राजसिंहासन पर अपना अधिकार कर लिया। शुंग वंश का प्रारंभ इसी प्रकार के षड्यंत्र में हुआ था। उसका अंत भी इसी प्रकार हुआ।

पुष्यमित्र के उत्तराधिकारी मागध साम्राज्य को अक्षुण्ण बनाये रखने में समर्थ नहीं रहे। पुष्यमित्र के समय में मागध साम्राज्य की पश्चिमी सीमा सिंधु नदी तक थी। पर उसके बाद शीघ्र ही यवनों के आक्रमण फिर प्रारंभ हो गये। उत्तर-पश्चिमी भारत में अनेक नये यवनराज्यों की स्थापना हुई और उस समय की राजनीतिक उथल-पुथल से लाभ उठाकर पंजाब के प्राचीन गणराज्यों ने भी फिर सिर उठा लिया।

परिणाम यह हुआ, कि इन शुंग सम्राटों के शासन
मागध साम्राज्य की पश्चिमी सीमा मथुरा तक ही र
मथुरा के पश्चिम में पहले यौधेय, आग्नेय, मालव आदि
के स्वतंत्र राज्य थे, और उनके और अधिक पश्चिम में
यवन राज्य। पर मथुरा व यमुना से लगाकर बंगाल की
तक शुंगों का एकच्छत्र शासन था। खारवेल के बाद क
राज्य भी निर्बल पड़ गया था। यद्यपि मागध ने उसे जीत
अपने साम्राज्य में मिलाने का प्रयत्न नहीं किया, पर खार
के उत्तराधिकारियों से मागध सम्राटों को कोई भय नहीं
दक्षिण में शुंगों का मागध साम्राज्य नर्मदा तक विस्तृत
विदिशा और अवंति के प्रदेश अभी मागध साम्राज्य के
अंतर्गत थे।

यद्यपि शुंगों के शासनकाल में मागध साम्राज्य का विस्त
मौर्यकाल से बहुत कम था, पर अब भी वह भारत की प्रधा
राजनीतिक शक्ति थी। उत्तरी भारत में वो वही एकमा
प्रबल सत्ता थी।

पुराणों के अनुसार शुंगों ने कुल ११२ वर्ष तक राज
किया। १८५ ई० पू० से शुरू करके ६३ ई० पू० तक उनका
शासनकाल रहा।

(४) कण्व वंश

अंतिम शुंग राजा देवभूति के विरुद्ध षड्यंत्र कर उसके
अमात्य वासुदेव ने मगध के राजसिंहासन पर अधिकार कर
लिया था। अपने स्वामी की हत्या करके वासुदेव ने जिस
साम्राज्य को प्राप्त किया था, वह एक विशाल शक्तिशाली साम्राज्य
का ध्वंसावशेष ही था। कारण यह कि इस समय भारत की
पश्चिमोत्तर सीमा को लाँघ कर शक आक्रांता बड़े वेग से

ते पर आक्रमण कर रहे थे। उत्तर-पश्चिमी भारत के नराज्यों और पंजाब के गणराज्यों को पददलित कर शकों ने मथुरा और विदिशा को भी अपने अधीन कर या था। मथुरा और विदिशा की रक्षा करने में मगध के । व कएव सम्राट् असमर्थ थे। शकों के हमलों से न केवल गध साम्राज्य के सुदूरवर्ती जनपद ही साम्राज्य से बाहर कल गये थे, पर मगध के समीपवर्ती प्रदेशों में भी अव्य-ा मच गई थी। वासुदेव और उसके उत्तराधिकारी केवल ानीय राजाओं की हैसियत रखते थे। उनका राज्य पाटली-त्र और उसके समीप के प्रदेशों तक ही सीमित था। शुंगों ा भी पूर्णतया उच्छेद करने में वे समर्थ नहीं हुए थे। मागध साम्राज्य के ध्वंसावशेष पर कहीं कएव और कहीं शुंग राज्य कर रहे थे।

कएववंश के कुल चार राजा हुए: वासुदेव, भूमिमित्र, नारा-यण और सुशर्मा। इन चारों ने कुल मिलाकर ४५ वर्ष तक राज्य किया। इनका शासनकाल ६३ ई० पू० से २८ ईस्वी तक समझा जा सकता है।

पुराणों में इन कएव या काएवायन राजाओं को शुंग-भृत्य के नाम से कहा गया है। यह तो स्पष्ट ही है, कि वासुदेव कएव शुंग राजा देवभूति का अमात्य था। पर चारों कएव राजाओं को शुंगभृत्य कहने का अभिप्राय शायद यह है कि नाम को इनके समय में भी शुंगवंशी राजा ही सिंहासन पर विराजमान थे, यद्यपि सारी शक्ति इन भृत्यों के हाथ में थी। संभवतः इसीलिये कएवों के बाद जब आंध्रों के मागध साम्राज्य पर अधिकार कर लेने का उल्लेख आता है, तो यह लिखा गया है, कि उन्होंने काएव और शुंग—दोनों को परास्त कर शक्ति प्राप्त की।

(५) शकों का भारतप्रवेश

जिन शक आक्रान्ताओं के आक्रमणों से मगध साम्राज्य छिन्न-भिन्न हो गया था, उनके इतिहास पर संक्षेप से यहाँ प्रकाश डालना परम उपयोगी है।

शक लोगों का मूल निवास सीर नदी की घाटी में था। दूसरी सदी ई० पू० में उन पर उत्तरपूर्व की तरफ से युइशि लोगों ने आक्रमण किया। युइशि लोग तिब्बत के उत्तरपश्चिम में तकला मकान की मरुभूमि के दक्षिण में रहते थे। ये वीर और योद्धा लोग थे। इस समय उन पर हूणों के हमले बड़े वेग से हो रहे थे। हूण जाति उत्तरी चीन की रहने वाली थी। यह एक भयंकर जंगली जाति थी, जो अपने चारों तरफ बसे हुए अन्य लोगों पर निरंतर हमले करती रहती थी। लूट-मार ही इनका पेशा था। हूण लोग इस समय पश्चिम की तरफ एक प्रचंड आँधी के समान बढ़ रहे थे। उन्हीं की एक शाखा ने युइशियों पर हमला किया। युइशि परास्त हुए। उनके राजा की युद्धक्षेत्र में मृत्यु हुई। विधवा रानी के नेतृत्व में युइशि लोग अपने प्राचीन जनपद को छोड़कर आगे बढ़ने को विवश हुए। सीर नदी के प्रदेश में शक लोग रहते थे। युइशि ने उन पर हमला कर दिया। शक लोग उनका सामना नहीं कर सके। विवश होकर उन्हें भी अपना प्रदेश छोड़ना पड़ा और उनके विविध जन (कबीले) विविध दिशाओं में तितर-बितर होने लगे। हूणों ने युइशियों को धकेला और युइशियों ने शकों को। हूणों की बाढ़ ने युइशियों के प्रदेश को आक्रांत कर दिया और शकों के प्रदेश पर युइशि छा गये। सीर की घाटी से निकल कर शक लोगों ने कपिश देश की ओर प्रस्थान किया। चारों ओर से लूट-मार करते हुए ये दक्षिणपश्चिम में हेरात की ओर गये।

इस प्रदेश उस समय पार्थियन (पार्थिव) साम्राज्य के अंतर्गत था। पार्थियन साम्राज्य उस समय बड़ा शक्तिशाली था। सारा ईरान (पारस) देश पार्थियन लोगों के अधीन था। यवन साम्राज्य के विरुद्ध विद्रोह कर लगभग २४८ ई० पू० में इस पार्थियन राज्य की स्थापना हुई थी। अब शकों के हमलों से अपने साम्राज्य की रक्षा करने के लिये पार्थियन राजाओं को उत्कट प्रयत्न की आवश्यकता हुई। पार्थियन राजा फ्रावत द्वितीय १२८ ई० पू० में शकों से लड़ता हुआ मारा गया। उसके उत्तराधिकारी राजा अर्तबान के समय में शकों ने पार्थियन साम्राज्य में घुसकर उसे बुरी तरह लूटा।

अर्तबान के बाद मिथूदात द्वितीय पार्थिया का राजा बना। यह बड़ा शक्तिशाली वीर योद्धा था। शकों के आक्रमणों से अपने साम्राज्य की रक्षा में उसे पूरी सफलता हुई। मिथूदात की शक्ति से विवश होकर शकों का प्रवाह पश्चिम की तरफ से हट कर दक्षिणपूर्व की तरफ हो गया। परिणाम यह हुआ, कि भारत पर शकों के हमले प्रारंभ हुए। शक लोगों ने सिंध की पश्चिमी सीमा को लाँघ कर भारत में प्रवेश किया, और अपने वे प्रचंड आक्रमण शुरू किये, जिनके कारण मागध साम्राज्य की शक्ति जड़ से हिल गई। शकों के भारत में प्रवेश का समय १२३ ई० पू० के लगभग है। इस समय पाटलीपुत्र में शुंगवंश का राज्य था। प्रतापी पुष्यमित्र की मृत्यु हो चुकी थी और इस का वंशज आद्रक या पुलिंदक मागध साम्राज्य का स्वामी था। मगध के ये राजा निर्बल थे। शकों की बाढ़ को रोक सकना इनकी शक्ति में नहीं था।

भारत के जिस प्रदेश में शकों ने पहले पहल प्रवेश किया, वह इस समय मागध साम्राज्य से बाहर था। उत्तरपश्चिमी अनेक छोटे-छोटे यवन राजा राज्य कर

रहे थे। ये सब शकों से परास्त हो गये। सिंध में शकों का स्थिर शासन स्थापित हो गया। सिंधु नदी के तट पर स्थित मीन नगर को शकों ने अपनी राजधानी बनाया। भारत में यह पहला शक-राज्य था। इस समय से सिंध शकों का शक्तिशाली केंद्र बन गया। वहाँ से वे भारत के अन्य प्रदेशों में फैलने लगे। एक जैन अनुश्रुति के अनुसार भारत में शकों को बुलाने का श्रेय आचार्य कालक को है। यह जैन आचार्य उज्जैन के रहने वाले थे, वहाँ के राजा गर्दभिल्ल के अत्याचारों से तंग आकर वे सुदूर पश्चिम में पार्थियन साम्राज्य में चले गये, और जब वहाँ के शक्तिशाली सम्राट् मिथ्रदात द्वितीय की उग्र नीति के कारण परेशानी अनुभव कर रहे थे, तब उन्हें भारत आने के लिये प्रेरित किया। आचार्य कालक के साथ ये शक सरदार अपनी सेनाओं को लेकर सिंध में प्रविष्ट हुए, और वहाँ उन्होंने अपना राज्य स्थापित किया। गर्दभिल्ल संभवतः एक ऐसा राजा था जिसने मागध साम्राज्य की निर्बलता से फायदा उठा कर उज्जैन तथा उसके समीपवर्ती प्रदेशों पर अपना स्वतंत्र राज्य स्थापित कर लिया था।

सिंध के बाद शकों ने काठियावाड़ पर आक्रमण किया। वहाँ यवनों का शासन नहीं था। वहाँ अनेक छोटे छोटे गण-राज्य विद्यमान थे, जिनमें सब से मुख्य वृष्णि और कुकुर थे। कृष्ण के नेतृत्व में वृष्णि लोग मथुरा छोड़ कर सुदूर द्वारिका में जा बसे थे। उनका वहाँ का वृष्णिगण इस समय तक भी विद्यमान था। काठियावाड़ के गणराज्य शकों का मुकाबला नहीं कर सके। वे सब परास्त हो गये, और काठियावाड़ तथा (सम्भवतः) गुजरात शकों के अधिकार में चले गये। अब शकों ने उज्जैनी पर हमला किया। १०० ई० पू० के लगभग प्राचीन अवंति जनपद भी शकों की अधीनता में चला गया।

उज्जैनी का शासन करने के लिये मीन नगर (सिंध) के शक सम्राट् ने अपना एक क्षत्रप (प्रांतीय शासक) नियत किया, जिसका नाम नहपान था यह नहपान एक स्वतंत्र राजा के रूप में शासन करता था, और इसके बहुत से सिक्के व शिलालेख उपलब्ध हुए हैं। पर इसने अपने को सर्वत्र क्षत्रप ही लिखा है, और निःसंदेह यह शक सम्राट् की अधीनता स्वीकार करता था।

उज्जैन को अधीन कर लेने के बाद शकों ने मथुरा पर आक्रमण किया। मथुरा उस समय मागध साम्राज्य के अंतर्गत था, पर पाटलीपुत्र के निर्बल शुग राजा शकों का सामना नहीं कर सके। मथुरा उनके हाथ से निकल गया। वहाँ का शासन करने के लिये दूसरे क्षत्रप की नियुक्ति हुई। जिस प्रकार उज्जैनी के शक क्षत्रप प्रायः स्वतंत्ररूप से शासन करते थे, और उनका एक पृथक् वंश चल गया था, वैसे ही मथुरा में हुआ। वहाँ का पहला क्षत्रप हगमाश था। मथुरा से शकों ने पंजाब की तरफ अपना राज्य बढ़ाया। वहाँ के विविध गणराज्यों व यवन राजाओं को परास्त कर उन्होंने प्रायः सम्पूर्ण पूर्वी पंजाब को अपने अधीन कर लिया। वे केवल पूर्वी पंजाब से संतुष्ट नहीं हुए। कुछ समय बाद ही पश्चिमी पंजाब और उससे आगे सुदूर पश्चिम में, गांधार देश में भी शकों की सत्ता स्थापित हो गई। गांधार और पंजाब के सब यवन राज्य और विविध गण, सब शकों की बाढ़ में बह गये। मद्र, केकय और गांधार के सब प्राचीन जनपद अब शकों की अधीनता में आ गये।

शकों के इन हमलों से मागध साम्राज्य बिलकुल छिन्न-भिन्न हो गया था। मथुरा पहले ही उनके हाथ में चला गया था। अब शक क्षत्रपों ने विदिशा को भी जीत लिया। उज्जैन बहुत साम्राज्य से निकल चुका था, अब वहाँ भी शकि-

शाली शक क्षत्रप राज्य कर रहे थे और मागध साम्राज्य के सीमांतों पर उनके निरंतर हमले हो रहे थे। पाटलीपुत्र के शुंगवंशी और बाद में कण्ववंशी राजा शकों के सम्मुख अपने को असहाय अनुभव करते थे। इसी समय सातवाहनों के रूप में भारत में एक ऐसी शक्ति का प्रादुर्भाव हुआ, जिन्होंने न केवल शकों से भारत स्वतंत्र किया, अपितु पाटलीपुत्र के निर्बल राजाओं का अंत कर फिर से भारत में एक शक्तिशाली सार्वभौम सत्ता की स्थापना की। निर्बल कण्व राजाओं से पाटलीपुत्र को जीत कर फिर एक बार इन सातवाहनों ने मागध साम्राज्य का उद्धार किया। सातवाहन राजाओं की शक्ति के सामने शक लोग नहीं ठहर सके और लगभग आधी सदी के उत्कर्ष के बाद ही उनकी शक्ति भारत में क्षीण पड़ गई।

राजनीतिक शक्ति के नष्ट हो जाने के बाद भी शक लोग भारत में ही बने रहे। वे आर्य जाति की ही एक शाखा थे। प्राचीन ग्रीक, रोमन और ईरानी लोगों के समान वे भी विशाल आर्य जाति के एक अंग थे, जो देर से सीर नदी की घाटी में बसे हुए थे, और अब परिस्थितियों से विवश होकर भारत में प्रविष्ट हुए थे। भारत में आकर उन्होंने यहाँ की भाषा, धर्म, सभ्यता और संस्कृति को अपना लिया। विविध शकों ने भारत के वैष्णव, शैव, बौद्ध और जैन आदि धर्मों का ग्रहण किया, और भारतीय समाज के ही एक अंग बन गये। उज्जैनी और मथुरा के शक क्षत्रपों के जो बहुत से शिलालेख इस समय उपलब्ध हुए हैं, उनसे यह भलीभाँति स्पष्ट हो जाता है, कि भारत में आकर शक लोगों ने भारतीय धर्मों को स्वीकार कर लिया था, और थोड़े ही समय में वे भारतीय आर्यों में परिणत हो गये थे।

चौदहवाँ अध्याय

मगध के सातवाहन और कुशाण राजा

(१) सातवाहनों का अभ्युदय

मौर्य सम्राटों की शक्ति के क्षीण होने पर मागध साम्राज्य विभिन्न प्रदेशों में जो अनेक राजवंश स्वतन्त्र हो गये थे, नमें सातवाहन वंश सब से अधिक प्रसिद्ध है। इस वंश का ल अभिजन कर्नाटक के बेल्लारि जिले में था। जाति से र्णसंकर ब्राह्मण थे। माता की ओर से इनका संबंध नाग या भ्र लोगों से था। यही कारण है, कि पुराणों में सातवाहन श को आंध्रवंश कहा गया है।

सातवाहन वंश के संस्थापक का नाम सिमुक था। उसकी जधानी महाराष्ट्र में गोदावरी नदी के तट पर प्रतिष्ठान या ठन थी। नासिक तथा उसके समीप के प्रदेश उसके राज्य में म्मिलित थे। सिमुक के बाद उसका भाई कृष्ण राजा बना। ष्ण के बाद उसका पुत्र सातकर्णि राजा हुआ। उसने महाराष्ट्र मे एक मुख्य सरदार की कन्या नागनिका के साथ विवाह कया। इससे उसकी सत्ता महाराष्ट्र में बहुत बढ़ गई। सात-

विजय कर अश्वमेध किये थे, उसी प्रकार सातकर्णि ने दक्षिणापथ के सब प्रदेशों को जीत कर अश्वमेध यज्ञों का आयोजन किया था। खारवेल के साथ भी उसके अनेक युद्ध हुए थे।

सातकर्णि के उत्तराधिकारियों के विषय में लगभग एक शताब्दि तक केवल राजाओं के नाम ही पाये जाते हैं। ये राजा बहुत शक्तिशाली नहीं थे। इनका राज्य दक्षिणापथ तक ही सीमित था। दक्षिणापथ में भी शक लोग इन पर लगातार हमले कर रहे थे। जिस समय उज्जैनी में अपना अधिकार स्थापित कर शक लोगों ने चारों तरफ आक्रमण करने शुरू किये, तो महाराष्ट्र का यह सातवाहन राज्य भी उनसे न बच सका। कोंकण और महाराष्ट्र का उत्तर-पश्चिमी भाग सातवाहनों के हाथ से निकल कर शकों के हाथ में चला गया। सातवाहन राजाओं की शक्ति और भी क्षीण तथा सीमित रह गई।

(२) गौतमीपुत्र सातकर्णि

पर इसी समय में सातवाहन वंश में एक ऐसे वीर पुरुष का अभ्युदय हुआ, जिसने न केवल अपने राजवंश की क्षीण होती हुई शक्ति को पुनरुज्जीवित किया, पर साथ ही शकों को भारत में परास्त कर उनकी राजसत्ता का ध्वंस कर दिया। इस वीर का नाम गौतमीपुत्र सातकर्णि था। इसने जिन प्रदेशों को जीत कर फिर से अपने अधीन किया था, उनमें अश्मक, मूलक, कुकुर, सुराष्ट्र, अनूप, विदर्भ, आकर और अवन्ति विशेषरूप से उल्लेखनीय हैं। अश्मक बौद्धकाल के सोलह महाजनपदों में से एक था, जिसकी राजधानी पोतन या पोतलि थी। मूलक उसके ठीक उत्तर में था। कुकुर देश प्राचीन समय में एक संघ-राज्य था, और उसकी स्थिति काठियावाड़ के समीप थी। अनूप [illegible] नदी की घाटी में था। आकर से विदिशा के

ले वाला था। सातवाहन वंश के राजा प्रतिष्ठान के ही वाले थे। वहीं से उनके राजवंश का उद्‌गम हुआ था। संदेह नहीं, कि प्रसिद्ध शकारि विक्रमादित्य और सात- वंशी गौतमीपुत्र सातकर्णि एक ही थे, और इस परम ी राजा ने लगभग ६६ ई० पू० से ४४ ई० पू० तक, कुल ़ तक राज्य किया था।

(३) मागध सम्राट् वासिष्ठीपुत्र श्री पुलुमायि

तमीपुत्र सातकर्णि के बाद उसका लड़का वासिष्ठीपुत्र पुलु- सातवाहन साम्राज्य का स्वामी बना। संपूर्ण मध्य तथा भारत सातकर्णि के समय में ही सातवाहनों के अधीन ा था। सुदूर दक्षिण में चोल देश पर भी सातवाहन

त्र बना है। इससे स्पष्ट है, कि सुदूर दक्षिण में जारी के लिये जो सिक्के पुलुमायि ने बनवाये थे, वे उसकी क शक्ति को भी सूचित करते थे। कलिंग से लगाकर ंडल तक का समुद्रतट जीत लेने से सातवाहन राजाओं मुद्रिक बेड़े पर भी अधिकार हो गया था, और इसी ये जहाज के चित्र वाले सिक्के विशेष रूप से प्रचलित गये थे। इसी समय में भारत के लोग समुद्र पार करके र उपनिवेशों की स्थापना करने में तत्पर थे। इस विषय पर यथास्थान प्रकाश डालेंगे।

राजा पुलुमायि के समय की सबसे प्रसिद्ध घटना उसकी विजय है। इस समय में पाटलीपुत्र में कण्ववंश के ओं का राज्य था। ये राजा निर्बल और शक्तिहीन थे।

अंतिम कण्वराजा का नाम सुशर्मा था। उसका शासनकाल ३
ई० पू० से २८ ई० पू० तक था। सम्राट् पुलुमायि ने २८ ई० पू
में इस पर आक्रमण किया और पाटलीपुत्र पर अपना अधिक
कर लिया। मगध के समृद्ध पर निर्बल राजा दिग्विजयी सात
वाहन आक्रांता के सामने न ठहर सके। इस समय से उत्तर
भारत पर भी सातवाहन वंश का आधिपत्य हो गया। मगध की
पुरानी सैनिक शक्ति अब क्षीण हो गई थी। शकों से बारम्बार
परास्त होकर मागध साम्राज्य अब बलहीन सा हो गया था।
जिन वीर सातवाहनों ने इन शकों को परास्त कर अपने साम्राज्य
का विस्तार किया था, उनकी सैनिक शक्ति के सामने ठहर सकना
मगध के निर्बल राजाओं के लिये [illegible]

[illegible]
शुंग और कण्व वंशों के सिलसिले में, उनके बाद पाटलीपुत्र
के सम्राटों के रूप में किया गया है। अब सातवाहन राजा प्रायः
सारे भारत के एकच्छत्र सम्राट् बन गये थे। उनकी यह स्थिति
लगभग एक सदी तक कायम रही। गौतमीपुत्र सातकर्णि विक-
मादित्य ने जिस साम्राज्यविस्तार का प्रारंभ किया था, उसे
उसके पुत्र वासिष्ठीपुत्र पुलुमायि ने पूरा किया। इन सातवाहन
राजाओं ने उज्जैनी को अपनी राजधानी बनाया था। प्रतिष्ठान
से प्रारंभ कर, अब ये उज्जैनी से अपने विशाल साम्राज्य पर
शासन करते थे। पाटलीपुत्र की श्री इस समय उज्जैनी के सम्मुख
फीकी पड़ गई थी। सम्राट् पुलुमायि का शासन काल ४४ ई० पू०
से २८ ई० पू० तक था।

(४) मगध के अन्य सातवाहन राजा

[illegible] के बाद [illegible] द्वितीय [illegible] साम्राज्य पर

स्वामी हुआ। इसने कुल २५ वर्ष तक (८ ई० पू० से १६ ई० तक) राज्य किया। इसके बाद हाल राजा हुआ। प्राकृत भाषा के साहित्य में इस राजा हाल का बड़ा महत्व है। वह भाषा का उत्कृष्ट कवि था, और अनेक कवि व लेखक आश्रय में रहते थे। हाल की लिखी हुई गाथासप्तशती प्राकृत भाषा की एक प्रसिद्ध पुस्तक है। राजा हाल का दरबार साहित्य और संस्कृति का बड़ा आश्रयस्थान था। इस के संरक्षण और प्रोत्साहन से प्राकृत साहित्य की बड़ी उन्नति हुई। प्राकृत भाषा का प्रसिद्ध ग्रंथ 'बृहत्कथा' भी इसी समय के लगभग लिखा गया।

हाल के बाद क्रमशः पत्तलक, पुरिकसेन, स्वाति और स्कंदस्वाति सातवाहन साम्राज्य के राजा हुए। इन चारों का कुल शासनकाल ५१ वर्ष था। राजा हालने १९ ई० से २१ तक चार साल राज्य किया था। स्कंद स्वाति के शासन का अंत ७२ [illegible] ऐतिहासिक [illegible] इनके समय [illegible] स्कंदस्वाति के बाद महेन्द्र सातकर्णि राजा बना। इसी महेन्द्र को मंबर के नाम से पेरिप्लस में सूचित किया गया है। प्राचीन पाश्चात्य संसार के इस भौगोलिक यात्राग्रंथ में भरुकच्छ के बंदरगाह से शुरू करके मंबर द्वारा शासित आर्यदेश का उल्लेख किया गया है।

महेन्द्र सातकर्णि के बाद कुन्तल सातकर्णि (७५ ई० से ८३ ई० तक) राजा बना। इसके समय में फिर विदेशियों के आक्रमण भारत में प्रारंभ हो गये। जिन युइशि लोगों के आक्रमणों से, शक लोग सीर नदी की घाटी के अपने पुराने निवासस्थान को छोड़ कर आगे बढ़ने के लिये विवश हुए थे, वे ही

कालांतर में हिंदुकुश के पश्चिम में प्राचीन कंबोज जनपद में बस गये थे। वहाँ के यवन निवासियों के संपर्क से युइशि लोग भी धीरे-धीरे सभ्य हो गये थे और उन्नति के मार्ग पर बढ़ लगे थे। जिस समय राजा वासिष्ठीपुत्र पुलुमावि ने कण्व वंश का अंत कर मगध पर विजय की, लगभग उसी समय इन युइशियों में एक वीर पुरुष का उत्कर्ष हुआ, जिसका नाम कुशाण था। इस समय तक युइशियों के पाँच छोटे-छोटे जनपद थे। कुशाण ने उन सब को जीत कर एक सूत्र में संगठित किया और युइशियों के एक शक्तिशाली राज्य की नींव डाली। युइशियों को संगठित करके ही कुशाण संतुष्ट नहीं हुआ, धीरे-धीरे उसने अफ़गानिस्तान और तक्षशिला तक गांधार राज्य को भी जीत कर अपने अधीन कर लिया।

कुशाण के बाद उसका पुत्र विम युइशि साम्राज्य का स्वामी बना। वह ३५ ईस्वी के लगभग राजगद्दी पर बैठा था। उसने युइशि साम्राज्य को और विस्तृत किया। पंजाब को अपने अधीन कर उसने मथुरा पर आक्रमण किया। मथुरा परास्त हो गया। उत्तर-पश्चिमी भारत सातवाहनों के साम्राज्य से निकल कर युइशि या कुशाण साम्राज्य के अधीन हो गया। विम ने यह राज्य-विस्तार उस समय में किया, जब कि उज्जैनी के राजसिंहासन

के उत्कर्ष का प्रारंभ हुआ। विम स्वयं हिंदुकुश के उत्तर-पश्चिम में कंबोज देश में रहता था, भारत के जीते हुए प्रदेश में उसके क्षत्रप राज्य करते थे।

युइशि लोग शकों से भिन्न थे। पर भारत की प्राचीन ऐतिहा-

में उन्हें स्थूलरूप से शुरू ही कह दिया गया है।
राजाओं ने देर तक 'शकों' के इन नवीन आक्रमणों को सहन नहीं किया। शीघ्र ही उनमें एक द्वितीय विक्रमादित्य प्रादुर्भाव हुआ, जिसने कि इन अभिनव शकों को परास्त कर शकारि की उपाधि ग्रहण की। इस प्रतापशाली राजा नाम कुन्तल सातकर्णि था। इसने मुलतान के समीप युद्ध विम की सेनाओं को परास्त कर एक बार फिर सातवाहन का गौरव बढ़ाया।

विक्रमादित्य द्वितीय बड़ा प्रतापी राजा हुआ। उसकी रानी का नाम मलयवती था। वात्स्यायन के कामसूत्र में उसका उल्लेख आता है। कुंतल सातकर्णि (विक्रमादित्य द्वितीय) के राज-दरबार में गुणाढ्य नाम का प्रसिद्ध लेखक व कवि रहता था, जिसने कि प्राकृत भाषा का प्रसिद्ध ग्रंथ बृहत्कथा लिखा था। सातवाहन राजा प्राकृत भाषा बोलते थे, पर कुंतल सातकर्णि की रानी मलयवती की भाषा संस्कृत थी। राजा सातकर्णि उसे भलीभांति समझ नहीं सकता था। परिणाम यह हुआ, कि उसने संस्कृत सीखनी प्रारंभ की, और उसके अमात्य सर्ववर्मा ने सरल रीति से संस्कृत सिखाने के लिये कातन्त्र व्याकरण की रचना की। इस व्याकरण से राजा विक्रमादित्य इतना प्रसन्न हुआ, कि उसने पुरस्कार के रूप में भरुकच्छ प्रदेश का शासन सर्ववर्मा को दे दिया।

गुणाढ्यलिखित बृहत्कथा इस समय उपलब्ध नहीं होती पर सोमदेव द्वारा किया हुआ उसका संस्कृत रूपांतर कथा सरित्सागर इस समय प्राप्तव्य है। यह बृहत्कथा का अक्षरानुवाद न होकर, साररूप से अनुवाद है। कथासरित्सागर प्राचीन संस्कृत साहित्य का एक अनुपम रत्न है, जिसमें प्राचीन समय की बहुत सी कथायें संगृहीत हैं। बृहत्कथा के आधार पर लिखा

हुआ एक और ग्रंथ क्षेमेन्द्रविरचित बृहत्कथामंजरी भी इस समय उपलब्ध है। बृहत्कथा का एक तामिल अनुवाद दक्षिण भारत में भी मिलता है। कथासरित्सागर और बृहत्कथामंजरी के लेखक काश्मीर के निवासी थे, और उनमें से सोमदेव ने अपना ग्रंथ काश्मीर की रानी सूर्यमती की प्रेरणा से लिखा था। इस प्रकार सातवाहन सम्राट् के आश्रय में कवि गुणाढ्य द्वारा लिखी गई बृहत्कथा उत्तर में काश्मीर से लगाकर दक्षिण में तामिल संस्कृति के केंद्र मदुरा तक प्रचलित हो गई। यह सातवाहन साम्राज्य के वैभव का ही परिणाम था, कि उसके केंद्र में लिखी गई इस बृहत्कथा की कीर्ति सारे भारत में विस्तीर्ण हो गई।

गुणाढ्य रचित बृहत्कथा के आधार पर लिखे गये संस्कृत ग्रंथ कथासरित्सागर के अनुसार विक्रमादित्य द्वितीय का साम्राज्य सम्पूर्ण दक्षिण काठियावाड़, मध्यदेश, बंग, अंग, और कलिंग तक विस्तृत था, तथा उत्तर के सब राजा, यहाँ तक कि काश्मीर के राजा भी, उसके करद थे। अनेक दुर्गों को जीत कर म्लेच्छों (शक व मुरुण्ड) का उसने संहार किया था। म्लेच्छों के संहार के बाद उज्जैनी में एक बड़ा उत्सव किया गया, जिसमें गौड़, कर्नाटक, लाट, काश्मीर, सिन्ध आदि के अधीनस्थ राजा सम्मिलित हुए। विक्रमादित्य का एक बहुत शानदार जुलूस निकला, जिसमें इन सब राजाओं ने भाग लिया।

इस प्रकार कुन्तल सातकर्णि एक बड़ा प्रतापी राजा हुआ। [illegible] को परास्त कर उसने प्रायः सारे भारत में एक अखंड साम्राज्य कायम रखा।

कुन्तल सातकर्णि के बाद पुलुमावि सातकर्णि ने एक वर्ष और [illegible] ने [illegible] वर्ष तक राज्य किया। इनके शासनकाल की कोई घटना ज्ञात नहीं है। [illegible] [illegible]

अब मगध में सातवाहन साम्राज्य का अन्त हो गया था। न केवल मगध, अपितु, प्रायः सारा उत्तरी भारत सातवाहनों के हाथ से निकल कर कनिष्क के साम्राज्य में सम्मिलित हो गया था। कनिष्क के सिक्के उत्तरी भारत में रांची (बिहार प्रांत में) तक से पाये गये हैं, और उसके शिलालेख पेशावर से शुरू कर मथुरा और सारनाथ तक उपलब्ध हुए हैं। इसमें सन्देह नहीं कि ये सब प्रदेश अब कनिष्क के साम्राज्य में सम्मिलित थे। इन नये जीते हुए प्रदेशों पर शासन करने के लिये कनिष्क ने दो क्षत्रप नियत किये, मथुरा में रज्जुबुल और पाटलीपुत्र में वनस्पर। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार अन्ध्र सातवाहनों के बाद मगध में वनस्पर का शासन हुआ था। यह वनस्पर कनिष्क द्वारा नियत क्षत्रप ही था।

उत्तरी भारत पर कनिष्क का आक्रमण ८० ई० के लगभग हुआ था। इस समय से मगध तथा उत्तरी भारत के अन्य प्रदेशों से सातवाहनों का राज्य समाप्त हो गया। यह वंश इसके बाद भी देर तक दक्षिणापथ में राज्य करता रहा। सातवाहन राजाओं के कुशाण व मुरुण्ड सम्राटों से बाद में भी बहुत से युद्ध हुए। पर वे मगध पर फिर कभी अपना अधिकार स्थापित करने में समर्थ नहीं हुए।

(६) नया पुष्पपुर

पाटलीपुत्र को जीत कर कनिष्क ने अपने अधीन कर लिया था। अपने प्राचीन गौरव के कारण यही नगरी कनिष्क के विशाल साम्राज्य की राजधानी होनी चाहिये थी। पाटलीपुत्र का राजा ही भारत भर का सम्राट होता ... सीमा तक विस्तृत कनिष्क के स... राजधानी नहीं थी। अतः ...

में स्थापित किया गया। दुर्भाग्य से ताम्रपत्रों पर लिखे इस विशाल ग्रंथ का अभी तक पता उपलब्ध नहीं हुआ है, यद्यपि चीन में इसका चीनी अनुवाद मिल चुका है। महायान संप्रदाय को यह प्रामाणिक पुस्तक है। भारत के उत्तरी देशों में इसी महायान सम्प्रदाय का प्रचार हुआ था।

कनिष्क के उत्तराधिकारी वासिष्क, हुविष्क, कनिष्क द्वितीय और वासुदेव थे। इनके समय में कुशाण व युइशि साम्राज्य प्रायः अक्षुण्ण बना रहा। इन सम्राटों के सातवाहन राजाओं से प्रायः युद्ध होते रहे, पर दक्षिण में अपनी स्वतंत्र सत्ता कायम रखने में सातवाहन राजा सफल रहे। कुशाण देश के अंतिम राजा वासुदेव ने १५२ ई० से १७६ ई० तक राज्य किया। पाटलीपुत्र इन सम्राटों के समय में अपना गौरवपूर्ण पद खो चुका था, उसकी स्थिति एक प्रांतीय नगर की सी रह गई थी, जहाँ कुशाणों द्वारा नियुक्त क्षत्रप शासन करते थे। वनस्पर के बाद पाटलीपुत्र के क्षत्रप कौन नियुक्त हुए, इसका परिचय हमें नहीं है।

इस समय पाटलीपुत्र (कुसुमपुर) का गौरवपूर्ण स्थान पुरुषपुर ने ले लिया था, जो न केवल राजनीतिक शक्ति का, अपितु कला, धर्म और संस्कृति का भी सर्वप्रधान केंद्र था। सारे कुशाण शासन में, पहली और दूसरी शताब्दियों में, पाटलीपुत्र की स्थिति पेशावर के सम्मुख हीन बनी रही। पर कुशाण साम्राज्य के पतन के साथ ही पाटलीपुत्र ने अपने विलुप्त गौरव को फिर प्राप्त कर लिया।

पन्द्रहवाँ अध्याय

भारशिव और वाकाटक वंश

(१) कुशाण साम्राज्य का पतन

[illegible] के स्थान पर कुशाणों के हाथ में चला गया था। कुशाण साम्राज्य की राजधानी पुरुषपुर (पेशावर) थी, और पाटलिपुत्र पर शासन करने के लिये क्षत्रप वनस्पर नियुक्त किया गया था। एक पुरानी अनुश्रुति के अनुसार नपुंसकों की सी आकृतिवाले पर युद्ध में विष्णु के समान बली इस महासत्त्व विश्वस्फूर्त्ति (वनस्पर) ने सब राजाओं का उत्सादन कर कैवर्त्त, पंचकान पुलिंद, यदव, आदि दूसरे नीच वर्णों को पार्थिव बनाया। अधिकांश प्रजा को उसने ब्राह्मणों का विरोधी बना दिया। क्षत्र को उखाड़ कर उसने नया क्षत्र बनाया और जाह्नवी तीर पर देवों और पितरों का भलीभाँति तर्पण कर सन्यास ले शरीर छोड़ स्वर्ग को सिधारा। इस अनुश्रुति के अनुसार वनस्पर बड़ा प्रतापी शासक था। पुराने क्षत्रियों और ब्राह्मणों के लिये यह स्वाभाविक था, कि वे उसका आदर न करते। वह नपुंसकों की सी शकल वाला (संभवतः, मंगोल खून के कारण दाढ़ी मूँछ से रहित) म्लेच्छ यदि ब्राह्मणों और क्षत्रियों की सद्भावना न प्राप्त कर सका हो, तो इसमें क्या आश्चर्य है। पर कैवर्त्त आदि नीचे समझे जाने वाले लोगों को राज्यपद (पार्थिव

भना) देकर उसने नया युग (शालक वर्ग) उत्पन्न कर दिया, और जनता में ... स्वयं भारतीय ... उस काल के म ... प्रवृत्ति थी। इसी लिये आर्यमर्यादा का अनुसरण करते हुए अंत में संन्यास ले उसने शरीर का त्याग किया था।

धनस्पर के बाद जो व्यक्ति पाटलीपुत्र के महाक्षत्रप बने उनके नाम हमें ज्ञात नहीं है। पर इसमें संदेह नहीं, कि ल भग एक शताब्दी तक धनस्पर के उत्तराधिकारी महाक्षत्रप पा लीपुत्र को राजधानी बना कर उत्तरी भारत में राज्य करते र कुशाणों का संघर्ष सातवाहन राजाओं के साथ चलता रहा, प उत्तरी भारत में उनका शासन निर्विघ्न रूप से जारी रहा। इ कुशाण साम्राज्य की सीमा पूर्व में बंगाल की खाड़ी तक थी।

पर दूसरी सदी ईस्वी के अंत होते-होते कुशाण साम्रा का पतन प्रारंभ हो ... से नष्ट करने का श्रे ... गणराज्यों को-और ... को। कुशाण साम्राज्य के विकास से पूर्व ही, मागध सम्राटों की निर्बलता से लाभ उठाकर यौधेय गण ने अपनी स्वाधीनता कायम कर ली थी। पर कनिष्क ने इन्हें अपने अधीन किया और इनका प्रदेश कुशाण साम्राज्य के अन्तर्गत हो गया। इर दूसरी सदी ईस्वी के मध्य भाग में यौधेयों ने फिर अपना सिर उठा किया। पर वे अपनी स्वतंत्रता को देर तक कायम नहीं रख सके। शक महाक्षत्रप रुद्रदामन ने उन्हें परास्त किया। रुद्रदामन ने बड़े अभिमान के साथ अपने एक शिलालेख में यह लिखा है कि किस प्रकार उसने सब क्षत्रियों में बलशाली यौधेयों को परास्त किया था। पर कुछ ही समय के बाद यौधेय

फिर विद्रोह का झंडा खड़ा किया। दूसरी सदी
होने से पूर्व ही वे फिर स्वतंत्र हो गये। कुशाणों
के मुकाबले में स्वतंत्रता प्राप्त कर लेना सुगम बात
कुशाणों का साम्राज्य वल्ख से बंगाल की खाड़ी तक
महाक्षत्रप रुद्रदामन उन्हीं की ओर से नियुक्त शासक
शक्तिशाली साम्राज्य को परास्त कर देना एक गण-
लिये बड़े अभिमान की बात थी। इसी के उपलक्ष में
पने नये सिक्के प्रचलित किये, जिन पर 'यौधेयगणस्य
. . . पर कार्तिकेय का
का सेनापति माना
, वह देवताओं के
. . . यौधेयों का विजय
मंत्र आता है, इसी लिये उनके लिये 'विजयमंत्र धरा-
ह' विशेषण दिया गया है। बिना किसी विशेष मंत्र
के केवल शस्त्रबल से इतने शक्तिशाली कुशाण साम्राज्य
द्र विद्रोह कर के स्वतंत्रता कैसे प्राप्त की जा सकती
शाणों के विरुद्ध इस विद्रोह में कुणिंद आर्जुनायन
न्य गणराज्यों ने भी यौधेयों का साथ दिया था। ये
इस समय स्वतंत्र हो गये थे, और संभवतः, उन्होंने
के साथ मिल कर एक संघ बना लिया था। उत्तर में

के प्रदेशों में भारशिव राजाओं द्वारा कुशाणों की शक्ति की इतिश्री हुई। कुछ समय और पीछे तीसरी सदी के उत्तरार्ध में पाटलीपुत्र में भी कुशाण क्षत्रपों के शासन का अंत संभवतः इन्हीं भारशिव नागों द्वारा किया गया।

(२) भारशिव वंश

मगध साम्राज्य के निर्बल हो जाने पर भारत के विविध प्रदेशों में जो अनेक राजवंश स्वतन्त्र हो गये थे, उनमें विदिशा का नाग वंश भी एक था। बाद में यह वंश पहले शकों की और फिर कुशाणों की अधीनता में चला गया। जब यौधेयों द्वारा कुशाणों के विरुद्ध विद्रोह करने से जो अव्यवस्था उत्पन्न हो गई थी, उससे लाभ उठा कर नागों ने अपनी शक्ति का विस्तार करना प्रारंभ किया। ग्वालियर के समीप पद्मावती को उन्होंने अपना केंद्र बनाया; और वहाँ से बढ़ते-बढ़ते कौशांबी से मथुरा तक के सारे प्रदेशों को अपने अधीन कर लिया। इस प्रदेश में उस समय कुशाणों का राज्य था। उन्हें परास्त कर नाग रा

करते हुए शिवलिंग को अपने सिर पर धारण किया। इसीलिये भारशिव कहलाने लगे थे। इसमें संदेह नहीं कि शि के प्रति अपनी भक्ति प्रदर्शित करने के लिये ये राजा शिव के रूप में शिवलिंग का सिर पर रखते थे। इस प्रकार

भव नागा का सामंत था। इसके पुत्र का नाम प्रवरसेन था। भारशिव राजा भवनाग की इकलौती लड़की प्रवरसेन के पुत्र गौतमीपुत्र को ब्याही थी। इस विवाह से गौतमीपुत्र के जो पुत्र हुआ, उसका नाम रुद्रसेन था। क्योंकि भवनाग के कोई पुत्र नहीं था, अत उसका उत्तराधिकारी उसका दौहित्र रुद्रसेन ही था। गौतमीपुत्र की मृत्यु प्रवरसेन के जीवनकाल में ही हो गई थी अतः रुद्रसेन जहां अपने पितामह के राज्य का उत्तराधिकारी था, वहाँ साथ ही अपने नाना का विशाल साम्राज्य भी उसी के हाथ में आया था। धीरे-धीरे भारशिव और वाकाटक राज्यों का शासन एक हो गया। रुद्रसेन के संरक्षक रूप में प्रवरसेन ने वाकाटक और भारशिव दोनों वंशों के राज्यों के शासनसूत्र को अपने हाथ में ले लिया।

यह प्रवरसेन बड़ा शक्तिशाली राजा हुआ है। इसने चारों दिशाओं में दिग्विजय कर के चार बार अश्वमेध यज्ञ किये और वाजसनेय यज्ञ करके सम्राट् का गौरवमय पद प्राप्त किया। प्रवरसेन की विजयों का मुख्य क्षेत्र मालवा, गुजरात और काठियावाड़ था। पंजाब और उत्तरी भारत से कुशाणों का शासन इस समय तक समाप्त हो चुका था। पर गुजरात, काठियावाड़ में अभी तक भी कुशाणों के महाक्षत्रप राज्य कर रहे थे। प्रवरसेन ने इनका अंत किया। यही उसके शासनकाल की सब से महत्त्वपूर्ण घटना है। गुजरात और काठियावाड़ के महाक्षत्रपों को प्रवरसेन ने चौथी सदी के प्रारंभ में परास्त किया था।

३१४ ई० के लगभग प्रवरसेन की मृत्यु के बाद उसका पोता रुद्रसेन वाकाटक राजगद्दी पर बैठा। अपने नाना भारशिव भवनाग की इसे बड़ी सहायता थी। प्रवरसेन के तीन अन्य [illegible]

करते थे। संभवतः प्रवरसेन की मृत्यु के बाद इन्होंने स्वतंत्र होने का प्रयत्न किया। पर भवनाग की सहायता से रुद्रसेन अपने साम्राज्य को अक्षुण्ण रखने में सफल हुआ। भवनाग की मृत्यु के बाद रुद्रसेन भारशिव राज्य का भी स्वामी हो गया। वर्तमान संयुक्त प्रान्त, मध्यभारत, मालवा, दक्खन, गुजरात और काठियावाड़—ये सब प्रदेश इस समय वाकाटक साम्राज्य में सम्मिलित थे। पर रुद्रसेन के शासन काल के अंतिम भाग में गुजरात काठियावाड़ में फिर शक महाक्षत्रपों का राज्य हो गया। रुद्रदामन द्वितीय ने यहाँ फिर से शक कुशाण शासन की स्थापना की और स्वयं महाक्षत्रप रूप में शासन करना प्रारंभ किया। संभवतः अपने चाचाओं के साथ संघर्ष करने के कारण वाकाटक राजा रुद्रसेन की शक्ति कमजोर पड़ गई थी, और वह गुजरात काठियावाड़ जैसे सुदूरवर्ती प्रदेश को अपनी अधीनता में नहीं रख सका था।

रुद्रसेन के बाद पृथिवीसेन ३६० से ३८० ई० तक वाकाटक राजा बना। इसका पुत्र रुद्रसेन द्वितीय था। उस समय पाटलीपुत्र के गुप्त सम्राट अपनी शक्ति का विस्तार करने में व्यापृत थे। गुप्त सम्राटों की यह प्रबल इच्छा थी कि गुजरात काठियावाड़ से शक महाक्षत्रपों के शासन का अंत कर भारत को इनके आधिपत्य से सर्वथा मुक्त कर दिया जाय। वाकाटक राजा इस कार्य में उनके सहायक हो सकते थे। क्योंकि इनके राज्य की सीमाएँ शक महाक्षत्रपों के राज्य से मिलती थीं। वाकाटक राजा इस समय तक किसी न किसी रूप में गुप्त सम्राटों की अधीनता स्वीकार कर चुके थे यद्यपि शक्तिशाली सामंत के रूप में अपने राज्य पर उनका पूरा अधिकार था। शकों पर प्रहार करने में वाकाटकों की पूरी सहायता प्राप्त करने के लिए गुप्त सम्राट चंद्रगुप्त द्वितीय ने यह उपयोगी समझा, कि

उनके साथ और भी घनिष्ट मैत्री का संबंध स्थापित किया जावे। संभवतः इसीलिये उसने अपनी कन्या प्रभावती गुप्ता का विवाह रुद्रसेन द्वितीय के साथ कर दिया। इस राजा की मृत्यु केवल पाँच वर्ष शासन करने के बाद ३९० ई० के लगभग हो गई थी, और उसके पुत्रों की आयु बहुत छोटी होने के कारण शासनसूत्र प्रभावती गुप्ता ने स्वयं अपने हाथों में ले लिया था।

इन वाकाटक राजाओं के संबंध में अधिक लिखने की हमें आवश्यकता नहीं है। इस समय पाटलीपुत्र में जिस शक्तिशाली गुप्त साम्राज्य का विकास हो रहा था, उसके प्रताप के सम्मुख इन वाकाटकों की शक्ति बिलकुल मंद पड़ गई थी, और ये गुप्त साम्राज्य के अंतर्गत अधीनस्थ राजाओं के रूप में रह गये थे।

(४) पाटलीपुत्र में कौमुदी महोत्सव

भारशिव राजाओं के शासनकाल में वाकाटक विन्ध्यशक्ति ने मगध और अंग को जीत लिया था। पर शीघ्र ही शक्तिशाली लिच्छवि गण ने पाटलीपुत्र को जीत कर अपने अधीन कर लिया। प्रतीत ऐसा होता है, कि लिच्छवि लोग भी देर तक वहाँ स्थिर नहीं रहे। कुछ ही समय बाद मगध के किसी प्राचीन राजवंश ने पाटलीपुत्र को लिच्छवियों से स्वतंत्र किया। कौमुदी महोत्सव नाम का एक संस्कृत नाटक इस विषय पर बड़ा उत्तम प्रकाश डालता है। वस्तुतः, यह नाटक इसी काल के मागध इतिहास के एक कथानक को सम्मुख रख कर लिखा गया है।

मगध में सुन्दरवर्मा नाम का एक राजा राज्य करता था। यह मागध वंश का था, अर्थात् मगध के ही किसी प्राचीन राजकुल के साथ इसका संबंध था। सुंदरवर्मा का कोई पुत्र नहीं था। अतः उसने चंडसेन नाम के एक कुमार को अपना कृतक

पुत्र बना लिया था। पर वृद्धावस्था में सुंदर वर्मा के एक पुत्र उत्पन्न हो गया, जिसका नाम कल्याणवर्मा रखा गया। अब मागध राज्य का उत्तराधिकारी यह कल्याणवर्मा हो गया, और चंडसेन का राजगद्दी पर कोई अधिकार नहीं रहा। उसे यह बात बहुत बुरी मालूम हुई, और उसने लिच्छविगण की सहायता से मगध पर आक्रमण किया। लड़ाई में सुंदरवर्मा मारा गया, और बालक कल्याणवर्मा को प्राणरक्षा करने के लिये उसके अमात्य उसे पाटलीपुत्र से पपा के जंगलों में ले गये। चंडसेन ने पाटलीपुत्र को जीत लिया और अपने को उद्घोषित किया। उधर कल्याणवर्मा का प्रधानामात्य मंत्रगुप्त और सेनापति कुंजरक पुराने मागध कुल का राज्य पुन स्थापित करने के लिये प्रयत्नशील रहे। शीघ्र ही उन्हें अपने उद्देश्य में सफलता हुई। राजा चंडसेन शबर और पुलिंद लोगों के विद्रोह को शांत करने के लिये पाटलीपुत्र से बाहर गया हुआ था। इस विद्रोह को खड़ा करने का श्रेय भी नीतिनिपुण मंत्रगुप्त को ही था। अवसर पाते ही सेनापति कुंजरक की सेनाओं ने पाटलीपुत्र पर हमला कर दिया। सारी जनता ने मागध कुल के शासन के पुनः स्थापित होने पर हर्ष प्रगट किया। इसी खुशी में कौमुदीमहोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ पाटलीपुत्र में मनाया गया चंडसेन ने कल्याणवर्मा को परास्त करने के लिये पुनः प्रयत्न किया पर उसे सफलता नहीं हुई। संभवतः इन्हीं युद्धों में उसकी मृत्यु भी हो गई

कौमुदीमहोत्सव में इस चंडसेन को 'कारस्कर' कहा गया है। कई ऐतिहासिकों ने चंडसेन को गुप्त वंश के प्रसिद्ध राजा चन्द्रगुप्त के साथ मिलाने की कोशिश की है। पर चंडसेन और चन्द्रगुप्त में [illegible] नता नहीं है। हमें ऐसा प्रतीत होता है कि चंडसेन उन [illegible] वीर पुरुषों में से था, जो पताफल [illegible] चंडसेन [illegible]

महाक्षत्रप के वंश के नष्ट होने पर मगध तथा उत्तरी भारत की तत्कालीन अव्यवस्था से लाभ उठा कर अपना स्वतंत्र राज्य स्थापित करने के लिये प्रयत्नशील थे। संभवतः चंडसेन इसका विशेषण है, और इसका असली नाम कारस्कर है। यदि यह वनस्फर के वंशजों में से कोई हो, तो भी आश्चर्य नहीं। इसकी योग्यता से आकृष्ट होकर संतानहीन सुन्दरवर्मा ने इसे अपना 'कृतक' पुत्र बनाया था, पर इसने अपने स्वामी के विरुद्ध ही विद्रोह कर उसका घात किया।

कुछ देर तक पाटलीपुत्र भारशिव वाकाटकों के हाथ में रहा, फिर उसे लिच्छवियों ने जीत लिया, फिर वहाँ एक पुराने मागध कुल ने कुछ समय तक शासन किया, फिर चंडसेन कारस्कर ने वहाँ की राजगद्दी पर अधिकार कर लिया। इस कार्य में लिच्छवियों ने उसकी सहायता की। सुन्दरवर्मा के

ना।
ंत्र
ख-
ा।
के

पर शीघ्र ही पाटलीपुत्र की इस अराजक दशा का अंत हो गया। मगध के पड़ोस में ही एक ऐसे नये राजवंश का अभ्युदय हुआ, जिसने न केवल पाटलीपुत्र में एक स्थिर शासन की स्थापना की, अपितु मागध साम्राज्य के प्राचीन गौरव का पुनरुद्धार किया। इस वंश का नाम गुप्तवंश था।

सोलहवाँ अध्याय

मौर्योत्तरकालीन भारत का राजनीतिक और आर्थिक जीवन

(१) गण राज्यों का पुनरुत्थान

मागध साम्राज्य की शक्ति निर्बल होने पर जहाँ भारत के अनेक प्रदेशों में शक्तिशाली वीर पुरुषों ने स्वतंत्र राजवंशों की स्थापना की, वहाँ कई पुराने गणराज्य फिर स्वतंत्र हो गये। प्राचीन भारत में बहुत से गणराज्य थे। मगध के शक्तिशाली सम्राटों ने इनको जीतकर अपने अधीन कर लिया था। पर इनकी विविध जनपदों में पृथक् सत्ता अब भी विद्यमान थी। विविध कुलों, गणों और जनपदों के स्थानीय धर्म और व्यवहार को मागध सम्राटों ने अक्षुण्ण रखा था। परिणाम यह हुआ, कि जब मगध की शक्ति कमजोर हुई, तो अनेक गण राज्य फिर से स्वतंत्र हो गये। इनमें सबसे मुख्य यौधेय गण था। यमुना और सतलज के बीच के प्रदेश में इन्होंने अपने स्वतंत्र राज्य [illegible]

[illegible] रनपुर और देहरादून के प्रदेश में), राजन्य (होशियारपुर के दक्षिण में), औदुम्बर (काँगड़ा में) और आर्जुनायन (उत्तरी राजपूताना में) गण भी इस समय फिर उठ खड़े हुए। पुष्यमित्र शुंग के समय तक मगध की शक्ति काफी प्रबल थी, पर उसके बाद शुंगों का राज्य पश्चिम में मथुरा तक ही सीमित

[illegible]भांति समझने के लिये नगरराज्यों की सत्ता को दृष्टि में [illegible]ना परम उपयोगी है।

(२) राज्यशासन

मौर्योत्तर युग के राज्यों में शासन का प्रकार वही रहा, जो [illegible]र्यकाल में था। मागध सम्राट् इस समय में भी एकच्छत्र [illegible]सक थे। पर बंगाल की खाड़ी से लगा कर मथुरा तक [illegible]त्तारों (पुष्यमित्र के बाद के शुंग काल में) साम्राज्य में बहुत [illegible] जनपद अंतर्गत थे। अनेक जनपदों में अपने पृथक् राजा [illegible]े थे, जिनकी स्थिति शुंग सम्राटों के सदृश थी। इस [illegible]कार के दो सामंतों, अहिच्छत्र के इंद्रमित्र और मथुरा [illegible] ब्रह्ममित्र, का उल्लेख हम पहले कर चुके हैं। इनके अपने [illegible]सके भी उपलब्ध होते हैं। साम्राज्य के अंतर्गत इन जनपदों [illegible]ा शासन प्राचीन परंपरा के अनुसार होता था। जनपद [illegible] धर्म, कानून, व्यवहार और आचार को मागध सम्राट न [illegible]केवल अक्षुण्ण रखते थे, पर उनका भलीभांति अनुसरण किया [illegible]जावे इसका भी पूरा ध्यान रखते थे। पर इन जनपदों में मागध सम्राट् कर या बलि वसूल करते थे। जनपदों का शासन बहुत पुराने समयों से पौर और जानपद सभाओं द्वारा होता चला आता था। प्रत्येक जनपद का एक केंद्रीय नगर होता था, जिसे पुर कहते थे। यह सारे जनपद के जीवन का केंद्रस्वरूप होता था। [illegible] के अन्य [illegible] विविध [illegible] यही कारण है, कि शक रुद्रदामा ने अपने शिलालेख में 'पौरजानपद' का उल्लेख किया है। इसी प्रकार कलिंग चक्रवर्ती खारवेल ने भी [illegible] के बाद किये अपने अनुग्रहों को अपने हाथी-

गिकारियों का शासन था। इन्हीं की शक्ति के
साम्राज्य के निर्बल राजा अपनी स्वतंत्र सत्ता को
सके। मागध साम्राज्य की रक्षा के लिये इन्होंने
किया . शकों को परास्त करने का श्रेय जहां उज्जैनी
प्रदान के सातवाहन सम्राटों को है, वहाँ मालवगण
विषय में बड़ा काम किया। मालवगण की सहायता
योग से ही गौतमीपुत्र सातकर्णि ने शकों का उच्छेद
शकों के पराजय के बाद मालवगण की शक्ति बहुत
उन्होंने इस समय के अपने जो सिक्के जारी किये
'मालवानां जय' और 'मालवगणस्य जय' ये लेख
इनमें शकों के ऊपर प्राप्त की हुई इसी विजय की स्
है। इसी महत्त्वपूर्ण घटना की यादगार में एक न
प्रारंभ किया गया, जो आजकल विक्रम संवत् के
उत्तरी भारत में प्रयुक्त होता है। यह संवत् मालवगण
या विजय के उपलक्ष में ५७ ई० पू० में प्रारंभ किया
इसे अनेक प्राचीन शिलालेखों में 'मालवगणाम्नात'
है। यही विक्रम संवत् भी कहलाया, क्योंकि शकों
का श्रेय सातवाहन सम्राट् विक्रमादित्य (गौतमीपुत्र
को भी उतना ही था, जितना कि मालवगण को
नष्ट हो जाने पर इस संवत् के एक प्राचीन गणराज्य
संबंध होने की स्मृति भी लुप्त हो गई, और इसका
विक्रम के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

बांधव सहित मार डालता है। इस प्रकार मनु के अनुसार वास्तविक शक्ति दंड की है, न कि राजा की। राजा के लिये उचित यही है, कि वह परंपरागत राजधर्म के अनुसार न्याययुक्त शासन करे। पर यह वही राजा कर सकता है, जो विषयासक्त न हो। जिसकी बुद्धि निश्चित और क्रियाशील हो। जो

ने अपने पूर्व पुरुष ऋषितुल्य राजा के संबंध में प्रगट किये हैं। मनु ने एक अन्य स्थान पर लिखा है, कि जो राजा मोह या बेपरवाही से अपने राष्ट्र को सताता है, वह शीघ्र ही राज्य से च्युत हो जाता है और अपने बंधु-बांधवों सहित जीवन से हाथ धो बैठता है। जैसे शरीर के कर्षण से प्राणियों के प्राण क्षीण हो जाते हैं, इसी प्रकार राष्ट्र के कर्षण से राजाओं के प्राण भी क्षीण हो जाते हैं। जिस राजा के देखते हुए चिल्लाती पुकारती प्रजा को दस्यु लोग पकड़ते हैं, वह मरा हुआ है, जीवित नहीं है।

मनु के इन संदर्भों में मौर्यों के बाद के निर्बल राजाओं के समय की दशा का कैसा सुन्दर आभास है! अधार्मिक राजाओं के विरुद्ध क्रांति कर के बार बार उन्हें पदच्युत किया गया। शक और कुशाण सदृश दस्युओं के द्वारा चीत्कार करती भारतीय प्रजा विपद्ग्रस्त हो रही थी। उसकी रक्षा करने में असमर्थ पिछले शुंग व कण्व राजा मरे हुए थे, जीवित

विषय में परामर्श लेना चाहिये। इनके अतिरिक्त, अमात्य आवश्यकता के अनुसार रखे जा सकते हैं। महाभारत के अनुसार भी मंत्रियों की संख्या आठ होनी चाहिये। उनके अतिरिक्त अमात्य ३७ होने चाहियें, जिनमें ४ ब्राह्मण, १८ क्षत्रिय, २१ वैश्य, ३ शूद्र और १ सूत हो। इस युग में राज्यशासन में शूद्रों को भी स्थान मिल गया था, इस संबंध के यह निर्देश महत्त्वपूर्ण है। मालविकाग्निमित्र के अनुसार राजा अग्निमित्र (शुंग वंशी) युद्ध और संधि की प्रत्येक बात में अमात्य परिषद् में परामर्श करता था।

(३) आर्थिक जीवन

मौर्य युग के समान इस काल में भी आर्थिक जीवन का आधार 'श्रेणि' थी। शिल्पी लोग श्रेणियों (Guilds) में संगठित होते थे, और इसी प्रकार व्यापारी भी। इस युग के अनेक शिलालेखों में इन श्रेणियों का उल्लेख किया गया है, और उनसे श्रेणियों के आर्थिक जीवन पर बड़ा उत्तम प्रकाश पड़ता है। ऐसे लेखों में नासिक के गुहामंदिर में उत्कीर्ण शक उषवदात का यह लेख विशेष महत्त्व का और उल्लेखनीय है—

"सिद्धि! बयालीसवें वर्ष में, वैशाख मास में राजा क्षहरात क्षत्रप नहपान के जामाता दीनीकपुत्र उषवदात ने यह गुहामंदिर चातुर्दिश संघ के अर्पण किया," और उसने अक्षयनीवी तीन हजार पण चातुर्दिश संघ को दिये, जो इस गुहा में रहने वाले का चिवरिक (कपड़े का खर्चा) और कुशाणमूल (विशेष महीनों में मासिक वृत्ति) होगा। और ये कार्षापण गोवर्धन में रहने वाली श्रेणियों के पास जमा किये गये, कोलिकों के निकाय में दो हजार, एक सैकड़ा सूद पर; दूसरे कोलिक निकाय

मांडू की विशाल दीवार के अवशेष

पास एक हजार, पौन फ़ी सदी सूद पर। और ये कार्षापण
टाये नहीं जावेंगे। केवल उनका सूद लिया जावगा। इनमें
जो एक फ़ी सदी पर दो हजार कार्षापण रखाये गये हैं, उनसे
गुहामंदिर में रहने वाले बीस भिक्खुओं में से प्रत्येक को
रह चीवर दिये जावेंगे। और जो पौन फ़ीसदी पर एक
वार कार्षापण हैं, उनसे कुशान मूल्य का खर्च चलेगा। कापुर
देश में गाँव चिखलपद्र के नारियल के ८००० पौद भी दिये
ये। यह सब निगमसभा में सुनाया गया, और फलकवार
लेख्य रखने के दफ्तर) में चरित्र के अनुसार निबद्ध किया
या।

इस लेख से यह स्पष्ट है, कि कोलिक (जुलाहे) आदि
व्यवसायियों का संगठन श्रेणियों के रूप में था। ये श्रेणियाँ
जहाँ अपने व्यवसाय को संगठित रूप में संचालन करती थीं,
वहाँ दूसरे लोगों का रुपया भी धरोहर के रूप में रखकर उस
पर सूद देती थीं। उनकी स्थिति समाज में इतनी ऊँची और
सम्मानास्पद थी, कि उनके पास ऐसा रुपया भी जमा करा दिया
जाता था, जिसे फिर लौटाया न जावे, जिसका केवल सूद ही
सदा के लिये किसी धर्मकार्य में लगता रहे। यही कार्य आज-
कल ट्रस्टी के रूप में बैंक करते हैं। उसके सूद की दर एक
फ़ीसदी और पौन फ़ीसदी (संभवतः मासिक) होती थी, और
नगरसभा (निगम) में इस प्रकार की धरोहर को बाकायदा
निबद्ध (रजिस्टर्ड) कराया जाता था, यह भी इस लेख में
स्पष्ट हो जाता है।

श्रेणियों का इसी प्रकार का उल्लेख अन्य अनेक शिला-
लेखों में भी उपलब्ध होता है। श्रेणियों के पास केवल रुपया
ही नहीं जमा किया जाता था, अपितु उनको भूमि भी धरोहर
के रूप में दी जाती थी, जिसकी आय को वे आदिष्ट धर्मकार्य

प्रयुक्त करती थीं। शिल्पियों की श्रेणियों का वर्णन कौटि
अर्थशास्त्र, मनुस्मृति व अन्य सभी प्राचीन राजशास्त्र संबं
साहित्य में विद्यमान है, पर उनके कार्यों का ऐसा सजीव चि
इन गुहालेखों से ही प्राप्त होता है।

शिल्पियों के समान व्यापारी भी पूगों व निकायों
संगठित होते थे। उनके धर्म, व्यवहार और चारित्र को
राज्य में स्वीकार किया जाता था। स्मृतिग्रंथों में ऋण लें
देने के नियमों का विस्तार से वर्णन है। किस प्रकार ऋणले
तैयार किया जाय, कैसे उसके साक्षी हों, कैसे प्रतिभू (ज़ामिन
बने, कैसे कोई वस्तु आधि (रहन) रखी जावे, और कैसे इ
सब के करण (कागज) तैयार किये जावें, इन सब के नियम
का विवरण यह सूचित करता है, कि उस युग में वाणिज
व्यापार भलीभांति उन्नति कर चुका था। कौटलीय अर्थशा
में जैसे संभूय समुत्थान का उल्लेख है, वैसे ही स्मृतियों
भी है। अधिक लाभ के लिए व्यापारी लोग मिलकर वस्तुअ
को बाजार में रोक लिया करते थे, और इस उपाय से अधि
नफ़ा उठाने में सफल होते थे। एक स्मृति के अनुसार केव
व्यापारी ही नहीं, अपितु किसान, मजदूर और ऋत्विक् भी इ
उपाय का आश्रय लिया करते थे।

विदेशी व्यापार की भी इस युग में खूब उन्नति हुई। मौर्य
वंश के निर्बल होने पर जो यवन राज्य उत्तरपश्चिमी भारत में
क़ायम हो गये थे, उनके कारण भारत का पश्चिमी संसार से संब
और भी अधिक दृढ़ हो गया था। भारत के पश्चिमी समुद्र तट से
व्यापारी लोग अरब और मिश्र जाकर व्यापार किया करते थे।
उन दिनों मिश्र की राजधानी अलक्जेंड्रिया थी, व्यापार
और संस्कृति का बड़ा भारी केंद्र थी। भारतीय व्यापारी यहां
तक पहुंचते थे। लाल सागर और नील नदी के नीचे मार्ग पर

एक भारतीय व्यापारी का ग्रीक भाषा में लिखा हुआ एक शिलालेख भी उपलब्ध हुआ है। इस व्यापारी का नाम सोफ्रोन था, जो शायद शोभन का ग्रीक रूपांतर है।

दूसरी सदी ई० पू० में एक घटना ऐसी हुई, जिसके कारण मिश्र और भारत का व्यापारिक संबंध और भी अधिक बढ़ गया। भारत से एक व्यापारी अपने साथियों के साथ समुद्रयात्रा को गया था। वह समुद्र का मार्ग भूल गया, और महीनों तक जहाज पर ही इधर-उधर भटकता रहा। उसके सब साथी एक-एक कर के भूख से मर गये। वह भी लहरों के साथ बहता हुआ, मिश्र के निकटवर्ती समुद्र में जा पहुँचा, जहाँ मिश्र के राजकर्मचारियों ने उसे आश्रय दिया। इस भारतीय व्यापारी की सहायता और मार्गप्रदर्शन से मिश्र के लोगों ने जहाज पर सीधे भारत आना-जाना प्रारंभ किया, और इन दोनों देशों में व्यापारिक संबंध और भी दृढ़ हो गया। इस युग के भारतीय व्यापारी मिश्र से भी बहुत आगे यूरोप में व्यापार के लिए आया-जाया करते थे। प्राचीन रोमन अनुश्रुति के अनुसार, गाल (वर्तमान फ्रांस) के प्रदेश में, एल्ब नदी के मुहाने पर कुछ भारतीय व्यापारी जहाज भटक जाने के कारण पहुँच गये थे। अटलांटिक महासमुद्र तक भारतीय व्यापारियों [illegible] ...ली

...क

...ज,

...लाहाबाद, मिर्जापुर, चुनार आदि के बाजारों में वर्तमान युग तक प्राचीन रोमन सिक्के उपलब्ध हुए हैं। अनेक स्तूपों की खुदाई में भारतीय राजाओं के सिक्कों के साथ-साथ रोमन सिक्के भी मिलते हैं, जो इस बात का उत्कृष्ट प्रमाण है, कि भारत और रोम का व्यापारिक संबंध इस युग में बड़ा घनिष्ट

था। भारत से समुद्र के रास्ते हाथीदाँत का सामान, वैदूर्य, कालीमिर्च, लौंग, अन्य मसाले, सुगंधियाँ, और रेशमी और सूती कपड़े बड़ी मात्रा में रोम भेजे जाते थे में [illegible]

भारत [illegible] मिर्च बहुत महंगी बिकती थी। उसका मूल्य दो दीना एक सेर था। एक रोमन लेखक ने लिखा है, कि भारतीय रोम में आकर सौगुनी कीमत पर बिकता है, इसके भारत रोम से हर साल छः लाख के लगभग सुवर्ण मुद्रायें ले जाता है। एक अन्य रोमन लेखक ने लिखा है, कि स्त्रियाँ हवा की जाली की तरह बारीक बुनी हुई भारतीय म को पहन कर अपना सौंदर्य प्रदर्शित करती हैं। रोम भारत के इस सामुद्रिक व्यापार का सब से बड़ा केंद्र प्रदेश में था। इसीलिए वहाँ कई स्थानों पर खुदाई में सिक्के बहुत बड़ी संख्या में उपलब्ध हुए हैं।

मिश्र और रोम की अपेक्षा बरमा, जावा, सुमात्रा, और चीन आदि के साथ भारत का विदेशी व्यापार और अधिक था। इन सुदूरवर्ती देशों को बड़े-बड़े जहाज माल र्र जाया करते थे। उस युग के संसार में तीन साम्राज्य अधिक शक्तिशाली थे, रोमन, भारतीय और चीनी। भा न तीनों के बीच में पड़ता था। यही कारण है, कि इस रोम और चीन दोनों के साथ व्यापारिक संबंध था। और रोम का पारस्परिक व्यापार भी इस समय भारत व्यापारियों द्वारा ही किया जाता था।

(४) बृहत्तर भारत का विकास

विस्तार प्रारंभ हुआ था। इन उपनिवेशों के दो क्षेत्र थे, पूर्व में सुवर्णभूमि और उत्तर-पश्चिम में हिंदुकुश और पामीर की पर्वतमालाओं के पार तुर्किस्तान में। अशोक की धर्मविजय की नीति के कारण भारतीय भिक्खु किस प्रकार इन सुदूर देशों में गये, और वहाँ जाकर न केवल वहाँ के निवासियों को आर्यमार्ग का अनुयायी बनाया, पर वहाँ अनेक भारतीय बस्तियाँ भी बसाईं, यह हम पहले प्रदर्शित कर चुके हैं। इस युग में भारतीय उपनिवेशों के विस्तार की यह प्रक्रिया जारी रही। विशेषतया, भारत के पूर्व में बरमा से सुदूर चीन तक हिंद महासागर में जो बहुत से छोटे-बड़े द्वीप व प्रायद्वीप हैं, वे सब इस युग में भारतीय बस्तियों से ढक गये। इस युग के इतिहास की यह बहुत ही महत्त्वपूर्ण घटना है। यह प्रक्रिया गुप्त साम्राज्य के समय में और उसके कुछ बाद तक भी जारी रही। हम भारतीय उपनिवेशों के विस्तार का विशेष विवरण गुप्तकाल के इतिहास में देंगे, पर यहाँ यह निर्देश कर देना उचित है, कि इन उपनिवेशों का श्रीगणेश इसी युग में हुआ था। भारत के जिन जनपदों से जाकर लोग इन द्वीपों में बसते थे, वे अपने नये नगरों के नाम मातृभूमि के अ पुराने नगरों व देशों के नाम पर ही रखते थे। बंग देश गये लोगों ने सुमात्रा के दक्षिणपूर्वी सिरे पर नये बंग द्वी की स्थापना की, यही अब बंका कहलाता है। इसी तरह आ निक युग की स्यलमोवा में नये तक्षशिला का निर्माण कि गया। यवद्वीप (जावा) में बस कर भारतीयों ने वहाँ सबसे बड़ी नदी को सरयू नाम दिया। और अधिक पूर्व चंपा की स्थापना की गई। अंग जनपद की राजधानी नाम चंप[illegible] भारतीयों के इस नये निवेश व [illegible] धीरे चंपा की श

बहुत बढ़ी। बहुत से समीपवर्ती प्रदेशों को जीतकर चंपा के साम्राज्य का विकास हुआ। उसके विविध प्रांतों के नाम कौठार, पांडुरंग, अमरावती, विजय आदि थे। चंपा साम्राज्य की राजधानी इंद्रपुर थी। चंपा के पश्चिम में एक और उपनिवेश था, जिसमें आजकल के कंबोडिया (कंबोज) और स्याम प्रदेश सम्मिलित थे। यह एक शक्तिशाली भारतीय उपनिवेश था, चीनी लोग इसे फ़ूनान कहते थे। इस राज्य की स्थापना कौंडिन्य नाम के एक ब्राह्मण ने की थी, जिसने उस देश में जाकर एक नागी (उस देश की मूल निवासिनी) स्त्री से विवाह किया था। इस स्त्री का नाम सोमा था। उसी के नाम से फ़ूनान का राजवंश सोमवंश कहलाता था। इन सब प्रदेशों में आजकल आर्य मन्दिरों, मठों विहारों और स्तूपों के अवशेष बड़ी संख्या में पाये जाते हैं। संस्कृत, पाली, प्राकृत आदि के शिलालेख भी इनमें बड़ी मात्रा में मिले हैं।

वर्तमान आसाम की मणिपुर रियासत के पूर्व से शुरू करके दानकिन खाड़ी तक के विशाल भूखंड में, जहाँ अब बरमा, स्याम, मलाया और इंडोचायना के राज्य हैं, धीरे-धीरे भारतीय लोग अपने उपनिवेश बसा रहे थे। बरमा को पुराने ज़माने में सुवर्णभूमि कहा जाता था सबसे पहले वे भारतीय बस्तियां बसाई गईं। मगध, अंग और बंग के लोग ताम्रलिप्ति बंदरगाह से सुवर्णभूमि के लिये जाया करते थे। अराकान में एक अनुश्रुति है, कि वहाँ का पहला राजा बनारस से आया था। संभवतः उसने अपने नाम से उसके एक प्रदेश का नाम [illegible] रक्खा था। वही अब राम्व्री कहलाता है। अराकान में ही पुराने समय में एक नगरी थी, जिसका नाम वैशाली था। [illegible] इसी प्रकार बरमा में भी विविध भारतीय बस्तियां [illegible] जमाने में

मालवा कहलाता था, और उसके पूर्वी भाग को दशार्ण कहते थे।

यह ध्यान में रखना चाहिये, कि विदेशों में पहले-पहल इन भारतीय उपनिवेशों को बसाने वाले वाले लोग शैव थे। आगे चलकर इन प्रदेशों में बौद्धधर्म का प्रचार हुआ, पर बौद्धों से भी पहले शैव लोगों ने इन देशों को आबाद किया था। उस समय के भारत में अपूर्व जीवनीशक्ति थी। भारतीय लोग बहुत बड़ी संख्या में विदेश जाते थे, व्यापार के लिये भी और बस्तियाँ बसाने के लिये भी। इन बस्तियों का ही यह परिणाम हुआ, कि धीरे-धीरे पूर्व में सुदूर चीन तक और पश्चिम में वंक्षु नदी की घाटियों तक बृहत्तर भारत का विस्तार हुआ।

सत्रहवां अध्याय

मौर्योत्तरकाल का साहित्य, धर्म और समाज

(१) साहित्य

मौर्यवंश के बाद पाटलीपुत्र में शुंग, कण्व, आंध्र सातवाहन और कुशाण राजाओं का राज्य रहा। इस काल का राजनीतिक इतिहास अविकल रूप में उपलब्ध नहीं होता। पुष्यमित्र शुंग के बाद मगध की राज्यशक्ति निर्बल होती गई, और भारत की राजनीतिक शक्ति का केन्द्र पहले उज्जैन और बाद में पुष्पपुर (पेशावर) बन गया। भारत भर में इस समय कोई एकच्छत्र सम्राट् स्थिर रूप से नहीं रहा। यवन, शक और कुशाणों के आक्रमणों से देश में बहुत कुछ अव्यवस्था मची रही।

पर इस मौर्योत्तर युग की सभ्यता और संस्कृति के संबंध में इस काल के साहित्य से हमें बहुत कुछ परिचय मिलता है। प्राचीन संस्कृत साहित्य के बहुत से ग्रंथों का इस काल में ही संकलन हुआ। बौद्ध और जैन साहित्य के भी बहुत से ग्रंथ इसी समय में बने। इन सब के अनुशीलन से इस समय की जनता के जीवन पर बहुत उत्तम प्रकाश पड़ता है।

पर पहले इस साहित्य का संक्षेप से परिचय देना आवश्यक है। पतंजलि मुनि पुष्यमित्र शुंग के समकालीन थे। उन्होंने पाणिनि की अष्टाध्यायी पर महाभाष्य लिखा, इसमें शुंगकालीन —— की दशा के संबंध में बड़े सुन्दर निर्देश मिलते

। महाभाष्य एक विशाल ग्रंथ है, जिसमें पाणिनीय व्याकरण की बड़ी विस्तृत व्याख्या की गई है।

स्मृति ग्रंथों का निर्माण शुंग काल में प्रारंभ हुआ। सब से प्राचीन स्मृति मनुस्मृति है। उसका निर्माण १५० ई० पू० के लगभग हुआ था। इसका प्रवक्ता आचार्य भृगु था। नारदस्मृति के अनुसार सुमति भार्गव ने इस स्मृति का प्रवचन किया था। प्राचीन भारत में विचारकों के अनेक संप्रदाय थे। किसी बड़े आचार्य द्वारा जो विचारधारा प्रारंभ होती थी, उसके शिष्य उसी का विकास करते जाते थे, और एक पृथक् संप्रदाय (नया धार्मिक मत नहीं, अपितु विचार-संप्रदाय) सा बन जाता था। इसी प्रकार का एक संप्रदाय मानव था। कौटलीय अर्थशास्त्र और कामंदक नीतिसार में इस मानव संप्रदाय का उल्लेख है, और इसके अनेक मत उद्धृत किये गये हैं। इसी संप्रदाय में आगे चल कर मनु के एक परंपरागत शिष्य आचार्य सुमति भार्गव ने मनुस्मृति की रचना की और उसमें परम्परागत मानव सम्प्रदाय के विचारों का संग्रह किया। अपने समय की परिस्थितियों का भी इन विचारों पर प्रभाव पड़ा, और इसीलिये मनुस्मृति के अनुशीलन से हमें शुंगकाल की समाजिक दशा का भलीभांति परिचय मिल जाता है।

मनुस्मृति के बाद विष्णु स्मृति की रचना हुई। फिर याज्ञवल्क्य स्मृति बनी, जिसका निर्माणकाल १५० ई० पश्चात् के लगभग है। इसके बाद भी अनेक आचार्य नई स्मृतियाँ बनाते रहे। स्मृतियों के निर्माण की यह प्रक्रिया गुप्त सम्राटों के काल में और उसके बाद भी जारी रही। पर मनुस्मृति और याज्ञवल्क्य स्मृति का भारतीय स्मृतिग्रंथों में जो महत्त्व है, वह अन्य किसी स्मृति को प्राप्त नहीं हुआ। इन दोनों ग्रंथों के अनुशीलन से हम शुंग और सातवाहन राजाओं के समय के भार-

वीय जीवन का बड़ा उत्तम परिचय प्राप्त कर सकते
महाभारत और रामायण के वर्तमान रूप भी प्रधान
इसी काल में संकलित हुए। महाभारत प्राचीन भारतीय स
त्य का सबसे विशाल और महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है। प्राचीन, ऐ
हासिक अनुश्रुति, धर्म, काम और मोक्ष संबंधी विचार, र
धर्म, और पुरातन गाथाओं का जैसा उत्तम संग्रह इस ग्रंथ
है वह अन्यत्र कहीं उपलब्ध नहीं होता। महाभारत मौर्यक
में भी पहले विद्यमान थे, पर उसके नये-नये संस्करण निरंत
होते जाते थे और विविध आचार्य उसमें लगातार वृद्धि कर
जाते थे। शुंग और सातवाहन राजाओं के समय में उसमें
बहुत कुछ वृद्धि हुई, और उसके बहुत से संदर्भ निःसंदेह इस

सातवंश के समय में हुआ। वह मगध का रहने वाला था।
उनके लिखे प्रतिज्ञा यौगंधरायण आदि नाटक संस्कृत साहित्य
अद्वितीय स्थान रखते हैं। उन्हें कालिदास और भवभूति
टकों के समकक्ष माना जाता है। आचार्य अश्वघोष कनि
समकालीन था। उसने बुद्धचरितम् नाम का महाकाव्य ग्र
क नाटक लिखे। प्रसिद्ध नाटक मृच्छकटिक का लेखक शू
क भी सातवाहन वंश के शासनकाल में हुआ। नाट्यशास्त्र
लेखक भरतमुनि और कामसूत्र का रचयिता वात्स
स्यायन भी इसी काल में हुआ।

प्राकृत साहित्य के भी अनेक ग्रंथ इस समय में बने। सात
न राजा प्राकृत भाषा के बड़े संरक्षक थे, यह हम पहले लिख
हैं। राजा हाल स्वयं बड़ा उत्तम कवि और लेखक था।
गाथासप्तशती जैसा प्राकृत का सर्वोत्कृष्ट ग्रंथ इसी काल में हुआ

। संस्कृत साहित्य के समान प्राकृत साहित्य भी बड़ा उन्नत था। बौद्ध और जैन साहित्य का भी इस काल में बड़ा विकास था। सम्राट् कनिष्क के संरक्षण में जिस महाभाष्य सम्प्रदाय विकास हुआ था उसका बहुत सा साहित्य इसी समय में था। त्रिपिटक के महाविभाष्य का उल्लेख हम पहले कर के हैं। बौद्ध धर्म के प्रसिद्ध विद्वान् अश्वघोष, पार्श्व और सुमित्र इसी समय में हुए। आचार्य नागार्जुन ने इसी समय महायान धर्म के अनेक सूत्रों (सुत्तों) की रचना की। जैन साहित्य का भी इस काल में पर्याप्त विकास हुआ। पहले छः (केवली, पूर्वज्ञानी) आचार्यों के बाद सात दशपूर्वी आचार्य

सूत्रों को अंग, उपांग आदि चार भागों में विभक्त किया था।

प्राचीन भारत के षड्दर्शनों का उनके वर्तमान रूप में संकलन भी इसी काल में हुआ। सांख्य योग, न्याय, वैशेषिक, वेदांत और मीमांसा, ये छः दर्शन भारतीय विचार तथा तत्त्व-चिंतन के स्तंभ रूप हैं। इन विचारधाराओं का प्रारंभ तो अत्यंत प्राचीन काल में हो चुका था, तत्त्वदर्शी आचार्यों द्वारा जो विचारसंप्रदाय प्रारंभ किये गये थे, उनमें शिष्यपरंपरा द्वारा तत्त्वचिंतन बहुत पुराने समय से चला आ रहा था। पर षड्दर्शनों का जो रूप वर्तमान समय में उपलब्ध है, इसका निर्माण इसी मौर्योत्तर काल में हुआ।

संपादित हुआ था। प्राचीन भारतीय इतिहास में नागार्जुन का बड़ा महत्त्व है। यह महापुरुष केवल वैद्य ही नहीं था अपितु सिद्ध रसायन शास्त्र, लोहशास्त्र और रसायन विज्ञान का बड़ा पंडित था। उसने उत्तम विज्ञान पर भी एक ग्रंथ लिखा। आगे चलकर यह बौद्ध संघ का प्रमुख बना। बौद्ध पंडित के रूप में भी उसने अनेक पुस्तकें लिखी, जिनमें माध्यमिक सूत्रवृत्ति विशेषरूप से उल्लेखनीय है। अश्वघोष के बाद महायान संप्रदाय का वही नेता बना था।

ज्योतिष शास्त्र की प्रसिद्ध पुस्तक गर्गसंहिता इसी समय में लिखी गई। इसके रचयिता गर्गाचार्य थे। इन्होंने यवन लोगों के [illegible]

[illegible]

पञ्चसिद्धांतिका ग्रंथ में किया गया, उनका विकास व प्रतिपादन इस मौर्योत्तर काल में ही प्रारंभ हो गया था।

इस प्रकार यह स्पष्ट है, कि यद्यपि यह काल राजनीतिक दृष्टि से अव्यवस्था, विद्रोह और अशांति का था, पर साहित्य, ज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में इस समय में भी निरंतर उन्नति हो रही [illegible] साहित्य में इस समय के सामाजिक [illegible]

संपादित हुआ था। प्राचीन भारतीय इतिहास में नागार्जुन का बड़ा महत्त्व है। यह महापुरुष केवल वैद्य ही नहीं था, अपितु सिद्ध रसायन शास्त्र, लोहशास्त्र और रसायन विज्ञान का बड़ा पंडित था। उसने उनन विज्ञान पर भी एक ग्रंथ लिखा। आगे चलकर यह बौद्ध संघ का प्रमुख बना। बौद्ध पंडित के रूप में भी उसने अनेक पुस्तकें लिखीं, जिनमें माध्यमिक सूत्र-वृत्ति विशेषरूप से उल्लेखनीय है। अश्वघोष के बाद महायान संप्रदाय का वही नेता बना था।

ज्योतिष शास्त्र की प्रसिद्ध पुस्तक गर्गसंहिता इसी समय में लिखी गई। इसके रचयिता गर्गाचार्य थे। उन्होंने यवन लोगों के आक्रमणों का इस तरह उल्लेख किया है, जैसे कि ये घटनायें उनके अपने समय में हुई। खेद यही है, कि इस ग्रंथ के कुछ अंश ही इस समय में प्राप्त होते हैं। पूरा ग्रंथ अभी तक उपलब्ध नहीं हो सका। आचार्य वराहमिहिर द्वारा ज्योतिष-शास्त्र संबंधी जिन सिद्धांतों का संग्रह आगे चल कर गुप्तकाल में पञ्चसिद्धांतिका ग्रंथ में किया गया, उनका विकास व परिष्-

. . .

. . . . . .

. .

ज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में इस समय में भी निरंतर उन्नति हो रही थी। इस विशाल साहित्य में इस समय के सामाजिक जीवन, धर्म, सभ्यता, संस्कृति और आर्थिक दशा के संबंध में जो अनेक महत्त्वपूर्ण बातें ज्ञात होती हैं, उनका संक्षेप से यहाँ उल्लेख करना आवश्यक है।

(२) वैदिक धर्म का उत्थान

किन्तु अब भी प्राचीन आदर्शों का पालन करते हुए प्राणिमात्र के कल्याण करने की आकांक्षा से हिंदुकुश और पामीर की पर्वतमालाओं को लाँघते हुए आगे बढ़ रहे थे। शक, युइशि आदि हूण जातियों में अष्टांगिक आर्यमार्ग का संदेश पहुँचाने के लिये वे भारी उद्योग कर रहे थे। इसी प्रकार लंका, बरमा और उससे भी परे के प्रदेशों में बौद्धभिक्खुओं का आर्यमार्ग फैलाने का प्रयत्न जारी था। इन सब प्रदेशों में बौद्धभिक्खु एक नई सभ्यता, एक ऊँचे धर्म और एक परिष्कृत संस्कृति के संदेशवाहक बनकर परिभ्रमण कर रहे थे। इन सब स्थानों में बौद्धधर्म का उत्कर्ष इस काल में भी जारी रहा। पर वैभवशाली मौर्य सम्राटों का संरक्षण पाकर मगध तथा उत्तरी भारत के अन्य जनपदों में बौद्धभिक्खु कुछ निश्चेष्ट से हो गये थे। उनके विहारों में अपार धन था। जब अशोक और अनाथपिण्डक जैसे धनियों ने अपना कोटि-कोटि धन इन बौद्ध-विहारों के अर्पण कर दिया हो, तो यदि उनमें पतन का प्रारंभ हो जावे और वे सुख-समृद्धि के कारण अपने कर्तव्य में विमुख हो जावें तो इसमें आश्चर्य ही क्या है। यही कारण है, कि पुष्यमित्र ने विहारों के धन-वैभव को अपना शिकार बनाया, और बौद्धभिक्षुओं का हत्या करने में भी संकोच नहीं किया।

शुंगकाल में जिस वैदिक धर्म का पुनरुत्थान हुआ वह प्राचीन वैदिक धर्म से बहुत कुछ भिन्न था। बौद्ध और जैन धर्मों ने जिन विचारधाराओं का प्रसार किया था, वे अन्य [illegible] प्रभाव न डालतीं, यह संभव [illegible] का असर इस काल के दर्शनों [illegible] स्पष्टतया दृष्टिगोचर होता है। बौद्ध व जैन सृष्टि के कर्ता रूप में किसी ईश्वर को नहीं मानते

प्राणिमात्र का हित संपादन करनेवाले, भिक्षावृत्ति से दैनिक भोजन करने वाले और निरंतर घूम-घूम कर जनता को कल्याण-मार्ग का उपदेश करने वाले बौद्ध भिक्षुओं का स्थान अब सम्राटों के आश्रय में सब प्रकार का सुख भोगने वाले भिक्षुओं ने ले लिया था। सर्वसाधारण जनता के हृदय में भिक्षुओं के प्रति जो आदर था, यदि उसमें न्यूनता आने लगे, तो इसमें आश्चर्य ही क्या है? इसी का परिणाम यह हुआ, कि भारत में बौद्ध-धर्म के प्रतिकूल एक प्रतिक्रिया का प्रारंभ हुआ और लोगों की दृष्टि उस प्राचीन सनातन धर्म की ओर आकृष्ट हुई, जो शत्रुओं को परास्त कर सर्वत्र दिग्विजय कर अश्वमेध यज्ञ का विधान करता था। यही कारण है, कि सेनानी पुष्यमित्र ने अंतिम मौर्य राजा बृहद्रथ को मार जब राजसिंहासन प्राप्त किया, तो माग साम्राज्य के शत्रुओं के विरुद्ध उसने तलवार उठाई और फि से अश्वमेध यज्ञ का आयोजन किया। सातवाहन राजा सात कर्णि ने भी इसी काल में दो बार अश्वमेध यज्ञ किये थे। इस समय अश्वमेध यज्ञ करने की एक प्रवृत्ति सी उत्पन्न हो गई थी और इस प्रवृत्ति के पीछे प्राचीन वैदिक धर्म का पुनरुत्थान करने की प्रबल भावना काम कर रही थी।

एक बौद्ध अनुश्रुति के अनुसार शुंग सम्राट् पुष्यमित्र ने तलवार के बल से भी बौद्ध लोगों का दमन किया था। उसने बहुत से बौद्ध भिक्षुओं का क़त्ल करा दिया था, और अनेक स्तूपों व विहारों को गिरवा दिया था। इस वर्णन में चाहे अतिशयोक्ति से काम लिया गया हो, पर इसमें संदेह नहीं, कि शुंगकालीन भारत में बौद्धों के विरुद्ध एक जबर्दस्त प्रतिक्रिया

ईश्वर की पूजा की जाती थी। इन्द्र, मित्र, वरुण, अग्नि आदि इस धर्म के प्रधान देवता थे। पर अब उनका स्थान ले लिया न महापुरुषों ने, जिनका कि सर्वसाधारण में अपने लोकोत्तर गुणों के कारण अनुपम आदर था। शुंगकाल में जिस सनातन धर्म का पुनरुद्धार हुआ, उसके उपास्य देव वासुदेव, संकर्षण और शिव थे। बौद्ध और जैन धर्मों में जो स्थान बोधिसत्वों और तीर्थंकरों का था, वही इस सनातन धर्म में इन महापुरुषों का हुआ। बुद्ध और महावीर सर्वज्ञ थे, पूर्ण पुरुष थे। उनके गुणों को प्रत्येक मनुष्य जान सकता था, उनके चरित्र का अनुशीलन कर शिक्षा ग्रहण कर सकता था, उनकी मूर्ति के सम्मुख बैठ कर उनका साक्षात्कार कर सकता था। अब प्राचीन

[illegible]

पुरुषों में देवत्व की कल्पना कर उनको बुद्ध और महावीर के समकक्ष बना दिया। निर्गुण और निराकार ईश्वर के स्थान पर सगुण अवतार ग्रहण करने वाले ईश्वर की कल्पना हुई। इन अवतारों की मूर्तियाँ बनने लगीं और उन्हें मंदिरों में प्रतिष्ठापित कर उनकी पूजा प्रारंभ हुई। प्राचीन वैदिक धर्म में यज्ञों के कर्मकांड की प्रधानता थी। कुण्ड में अग्नि की प्रतिष्ठा कर विविध देवताओं आवाहन किया जाता था, और पशु, अन्न, समिधा आदि की आहुति देकर इन देवताओं को संतुष्ट किया जाता था। पर बौद्ध और जैन धर्मों के प्रभाव से जब एक बार यज्ञों की परिपाटी मंद पड़ गई तो उसका इस युग में भी पूर्णतया पुनरुत्थ न नहीं हुआ। उपलक्षण के रूप में अश्वमेधयज्ञ चाहे किये भी जाने लगे हों, पर सर्वसाधारण

थे। सांख्य दर्शन में भी किसी सृष्टिकर्ता ईश्वर को
नहीं है। योगदर्शन भी सृष्टि के निर्माण के लिये किसी
की आवश्यकता नहीं समझता। वेदान्त का ब्रह्म सृष्टि
उपादान कारण है, निमित्त कारण नहीं। जैसे मिट्टी से
बनता है, घट मिट्टी का ही एक रूप है, घट मिट्टी से
कुछ नहीं है, ऐसे ही सृष्टि ब्रह्म से बनी है, सृष्टि ब्रह्म
ही एक रूप है। सृष्टि ब्रह्म से भिन्न कोई सत्ता नहीं रख
वैदिक षड्दर्शनों में से तीन के ईश्वर संबंधी विचार
विचारों के कितने समीप हैं। प्राचीन वैदिक ईश्वर से इ
विचारप्रणाली में भारी भेद है। बौद्ध और जैन लोग लो
त्तर पुरुषों में विश्वास करते थे। बोधिसत्त्व और तीर्थ
परम पूर्ण पुरुष थे, जो सत्य-ज्ञान के भंडार, पूर्ण ज्ञानी
बुद्ध कहलाते थे। सांख्यों ने इसी विचारसरणी का अनुस
कर कपिल को लोकोत्तर ज्ञानी माना। योग ने जिस ईश्वर
प्रतिपादन किया, वह केवल 'सब से बड़ा ज्ञानी' है। ईश्वर
सत्ता के लिये उसकी केवल एक युक्ति है, 'निरतिशयं सर्व
बीजम्'। हमें ज्ञान के बारे में अतिशयता नज़र आती है
एक व्यक्ति दूसरे से अधिक ज्ञान रखता है। कोई अन्य उस
भी अधिक ज्ञान रखता है। ऐसे ही विचार करते-करते क
ऐसी सत्ता होगी, जिससे अधिक ज्ञानवान कोई नहीं होग
जो सर्वज्ञ होगा, वही ईश्वर है। ऐसा व्यक्ति बुद्ध भी हो सक
है, वर्धमान महावीर भी, कपिल भी, श्रीकृष्ण भी या अन्य कोई
भी। बौद्ध और जैन ऐसे ही भगवान् को मानते थे। योग
शास्त्र पर इन संप्रदायों के विचारों का असर कितन
प्रत्यक्ष है।

तीन वैदिक धर्म में प्रकृति की विविध शक्तियों के रूप में

ईश्वरीय भावना करके, उन्हें ईश्वर का अवतार मान के, उनके रूप में सगुण परमेश्वर की पूजा की प्रवृत्ति प्रारंभ हो तो इसमें आश्चर्य की क्या बात है। कृष्ण को बुद्ध और महावीर के समकक्ष रखा जा सकता था बुद्ध और महावीर के रूप में जिस प्रकार के पुरुषों की पूजा का जनता को सदियों से अभ्यास था, कृष्ण का इस युग का रूप उसी के अनुकूल था। धीरे-धीरे कृष्ण को वैदिक विष्णु का अवतार माना जाने लगा, और उनके संबंध में बहुत सी गाथाओं का प्रारंभ हुआ। श्रीमद्भगवद्गीता इस भागवत संप्रदाय का मुख्य धर्मग्रंथ था। महाभारत और भागवत पुराण में कृष्ण के दैवी रूप और महात्म्य के साथ संबंध रखनेवाली बहुत सी कथायें संगृहीत है।

शैव संप्रदाय का प्रवर्तक लकुलीश था। उसे शिव का अवतार माना जाता था और वह दक्षिणी गुजरात में उत्पन्न हुआ था। उसके चार शिष्यों ने शैवों की चार शाखाओं का प्रारंभ किया, जिन में से पशुपत शाखा आगे चल कर बहुत प्रसिद्ध हुई। शैव लोग शिव की मूर्ति बना कर उसकी पूजा करते थे। शिव त्रिशूल धारण करते और नंदी की सवारी करते थे।

वैष्णव (भागवत) और शैव संप्रदायों के अतिरिक्त भी अन्य कितने ही संप्रदाय इस काल में प्रचलित हुए। ईरान से जो शक लोग भारत में आये थे, वे ईरानी लोगों की अग्नि-पूजा और सूर्यपूजा से भलीभाँति परिचित थे। इन्हीं के संपर्क से भारत में सूर्य के मंदिर बने। मूलस्थानपुर (मुलतान) का सूर्यमंदिर भारत में सब से प्राचीन है। इसके पुजारी भी शाकद्वीप (शकस्थान) के ब्राह्मण नियत किए गये। सूर्य की उपासना वैदिक काल में भी होती थी। पर उस समय सूर्य के मंदिर नहीं होते थे। सूर्य प्रकृति की एक प्रकाशमान शक्ति थी,

में यज्ञों का पुनः प्रचलन नहीं हुआ। यज्ञों का स्थान इस समय मूर्तिपूजा ने लिया। गुप्त युग में जिस प्राचीन सनातन धर्म का पुनरुद्धार हुआ, वह शुद्ध वैदिक नहीं था। उसे पौराणिक कहानी कहना अधिक उपयुक्त होगा।

इस नये पौराणिक धर्म की दो प्रधान शाखायें थीं, भागवत, और शैव। शूरसेन जनपद के सात्वत लोगों में देर से वासुदेव कृष्ण की पूजा चली आ रही थी। पुराने युग में कृष्ण शूरसेन देश के महापुरुष वीर नेता हुए थे। कृष्ण जहाँ अंधक वृष्णि संघ के प्रमुख थे, वहाँ बड़े विचारक, दार्शनिक और धर्मोपदेशक भी थे। कुरुक्षेत्र के रणक्षेत्र में अपने निकट संबंधियों को युद्ध के लिये सम्मुख खड़ा देख जब अर्जुन दुविधा में पड़ गया था, तो कृष्ण ने उन्हें गीता का उपदेश दिया था। उन्हीं के उपदेश से अर्जुन में बल आया, और वह कर्तव्यपालन के लिये तत्पर हुआ। वृद्धावस्था में कृष्ण योगी हो गये थे, और अधक वृष्णिसंघ का नेतृत्व छोड़ उन्होंने मुनियों का जीवन स्वीकार किया था। जिस प्रकार वर्धमान महावीर ज्ञातृक गण में उत्पन्न हुए और गौतम बुद्ध शाक्यगण में उसी प्रकार कृष्ण अंधक वृष्णि गण में प्रादुर्भूत हुये थे। उनके अपने गण में गीता की विचारधारा उसी समय से प्रचलित थी। शूरसेन-वासी न केवल कृष्ण की शिक्षाओं को मानते थे, पर साथ ही उन्हें भी लोकोत्तर पुरुष के रूप में पूजते थे। अब जब कि बौद्ध और जैन धर्मों के प्रभाव से सनातन आर्य धर्मावलंबी लोग भी लोकोत्तर सर्वज्ञ पुरुषों में, ईश्वरीय शक्ति का आभास देखने के लिये उद्यत थे, कृष्ण की पूजा का लोकप्रिय हो जाना सर्वथा स्वाभाविक था। सात्वतों का यह भागवत धर्म अब सर्वत्र फैलने लगा। निःसंदेह कृष्ण लोकोत्तर पुरुष थे। उनका ... उनकी शिक्षायें आदर्श थीं। यदि उन्हें

सूर्यमंदिर शकों की धार्मिक परंपरा के साथ वैदिक देवता सूर्य के समन्वय का सर्वोत्तम उदाहरण है। शूरसेन जनपद में प्रचलित भागवत धर्म शुद्ध धर्म था। पर शूरसेन के पड़ोस में प्रबल आभीर जाति का निवास था। ये लोग वनेचर थे और पशुपालन इन का मुख्य पेशा था। इनके देवता का नाम गोपाल था। गोपाल गौओं को चराने वाला, बाँसुरी बजा कर सब गौओं को इकट्ठा करने वाला और दूध-दही का शौकीन था। पशुपालन आभीरों के जीवन का वह आदर्शरूप था। यवन और शकों के आक्रमण के समय में जब आभीरों और सात्वतों का मेल हुआ, तब इनके धर्म में भी समन्वय हुआ। सात्वतों का वासुदेव कृष्ण अब गौओं को चराने वाला, बाँसुरी बजाने वाला और दूध, मक्खन का शौकीन गोपाल कृष्ण बन गया।

शिव के साथ अब बहुत से विचित्र विचित्र शकलों वाले गणों को जोड़ दिया गया। ये गण आटविक जातियों के विविध देवता थे। जब आटविकों का आर्यों के साथ [illegible]

[illegible]

चलता था, उसकी शक्ति अनंत थी, उसकी उपासना से अभीष्ट फल की प्राप्ति की जा सकती थी। आटविकों या वनचरों के देवता उसके 'गण' रूप में साथ-साथ रहते थे। बोधिसत्वों या तीर्थंकरों से उसकी महिमा और शक्ति किस प्रकार कम थी।

इस प्रकार इस युग में आर्यों के प्राचीन वैदिक धर्म का एक नया संस्करण हुआ। बौद्ध और जैन धर्मों के प्रभाव से इस नये पौराणिक आर्य धर्म के उपास्य देव अमूर्त न होकर मूर्त थे। मनुष्य की आकृति में उनके दर्शन किये जा सकते थे। वे अनंत शक्तिशाली सर्वज्ञ और महामहिमामय थे। उनकी

जिसमें भगवान के प्रकाशमान रूप का बोध होता था। पर अब सूर्य की मूर्ति बनाई गई, जो बोधिसत्त्वों और तीर्थंकरों की मूर्तियों के समान हाथ, पैर, सिर वाली मनुष्य रूप थी। वेद के अन्य देवताओं, रुद्र, इंद्र, ब्रह्मा, स्कंद, नारायण, काली आदि सब की इस समय में मूर्तियाँ बनी और मंदिर स्थापित हुए।

भारत के प्राचीन आर्यधर्म में यह एक महान् परिवर्तन था। आर्यों के पुराने जनों का धर्म बड़ा सरल था। प्रकृति की शक्तियों की देवताओं के रूप में पूजा करना, यज्ञकुंड में आहुतियाँ देकर इन देवताओं को तृप्त करना, यही प्राचीन धर्म का सार है। पर मगध के साम्राज्यवाद के विस्तार के साथ भारत के जन-समाज में प्राचीन आर्य जनों की अपेक्षा आर्य-भिन्न जातियों का महत्त्व निरंतर बढ़ने लगा था। जिन सैनिकों ने मगध के साम्राज्य को हिंदुकुश या उससे भी परे तक फैला दिया था, प्रधानतया वे आर्य-भिन्न लोगों की सेनायें ही थीं। उन्हीं में से 'भृत' सैनिक भरती किये गये थे, उन्हीं की आटविक या वनेचर सेनाओं का सहयोग लिया गया था, और उन्हीं की सैनिक श्रेणियों को अपने पक्ष में कर के मागध सम्राटों ने अपनी शक्ति का विस्तार किया था। इन आर्य-भिन्न लोगों के धार्मिक अनुष्ठान दूसरा था। इनके देवी-देवता भिन्न थे, इनके उपास्य देवों का माहात्म्य, शक्ति और गाथायें दूसरी थीं। फिर, यवन, शक और युइशि लोग जो भारत में बहुत अंदर तक हजारों-लाखों की संख्या में घुस आये थे, उनके देवी-देवता और धार्मिक विश्वास भी प्राचीन आर्यों से भिन्न थे। मौर्यों के पतनकाल में वैदिक धर्म के पुनरुत्थान की जो लहर शुरू हुई, उसमें इन सब लोगों की धार्मिक परंपराओं के

र्गों को 'विशः' कहा जाता था। शुरू में उन में कोई वर्ण या ातियाँ नहीं थीं। सारे आर्यजन खेती, पशुपालन आदि से पना निर्वाह करते थे। युद्ध के अवसर पर सब लोग हथियार ठा कर लड़ने के लिये प्रवृत्त हो जाते और धार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर स्वयं सब कर्मकांड का अनुसरण करते। पर ब जन एक निश्चित प्रदेश में बस कर जनपद बन गये, तब न्हें युद्ध की आवश्यकता अधिक अनुभव होने लगी। आर्यों े इन अनार्य जातियों से निरंतर युद्ध करना होता था, जिन्हें रास्त कर वे अपने जनपद बसा रहे थे। विविध जनपदों में ापस का भी संघर्ष जारी था। परिणाम यह हुआ, कि एक सी विशेष श्रेणी बनने लगी, जिसका कार्य केवल युद्ध करना था, जो जनपद की 'क्षत' से रक्षा करने में प्रवृत्त हुई। इस प्रकार धीरे-धीरे एक क्षत्रिय वर्ण का विकास हुआ। इसी तरह जब यज्ञों के कर्मकांड ज्यादा जटिल होने लगे, ऐहलौकिक और पारलौकिक सुख के लिये विविध अनुष्ठानों का प्रारंभ हुआ, तो ऐसे लोगों का भी पृथक् विकास होने लगा, जो इन धार्मिक विधि-विधानों में अधिक निपुणता रखते थे। ये लोग ब्राह्मण कहलाये। साधारण विशः से ब्राह्मणों और क्षत्रियों के वर्ग पृथक् होने लग गये। जो आर्य-भिन्न लोग आर्य जनपदों में बसे रह गये थे, वे आर्यों की सेवा करके ही अपनी आजीविका चला सकते थे। कृषि, शिल्प, व्यापार आदि ऊँचे पेशे वे नहीं कर पाते थे। धनकी जमीन, धनकी पूँजी—सब आर्य विशः के हाथ में चली गई थी। ये लोग शूद्र कहलाये। इसप्रकार प्रत्येक आर्य जनपद की जनता को मोटे तौरपर चार वर्णों में बाँटा जा सकता था, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्णों का यह विभाग गुण और कर्म के ही आधार पर था, और इसका विकास सामाजिक उन्नति की विशेष परिस्थितियों के कारण हो हुआ था।

उपासना करके यथेष्ट फल की प्राप्ति की जा सकती थी। यज्ञों का महात्म्य इस समय कम हो गया था।

इस नई धार्मिक लहर में अपूर्व जीवनी शक्ति थी। कितने ही शक, यवन और युइशि राजाओं ने भारत में आकर इस पौराणिक धर्म को अपनाया। यदि बौद्ध लोग दूर-दूर देशों में जा कर अपने धर्म का प्रसार कर सकते थे और विदेशी म्लेच्छ लोगों को अपने धर्म में दीक्षित कर सकते थे, तो इस नवीन आर्य धर्म में भी यही शक्ति विद्यमान थी। यवन हेलिउदोर ने भागवत धर्म को अपना कर वासुदेव में अपनी श्रद्धा प्रदर्शित करने के लिये विदिशा में एक गरुड़ध्वज का निर्माण कराया था। प्रसिद्ध युइशि सम्राट् विम कफस शैव धर्म का अनुयायी था। कनिष्क यद्यपि बौद्ध था, पर उसके बहुत से ऐसे सिक्के भी पाये गये हैं, जिन पर शिव, स्कंद और वायु के चित्र हैं। इससे प्रतीत होता है, कि कनिष्क भी इस नये शक्तिसंपन्न आर्य धर्म का आदर करता था। युइशि वंश का अंतिम राजा वासुदेव शैव धर्म का अनुयायी था। उसके सिक्कों पर त्रिशूल-धारी शिव की नंदी सहित प्रतिमा उत्कीर्ण है।

नये धार्मिक पुनरुत्थान के इस युग में आर्य धर्म के पुरोहित व अग्रणी ब्राह्मण लोग भी प्रारंभिक बौद्धकाल के भिक्खुओं के समान अधिक क्रियाशील हो गये थे। संभवतः उनके संघ भी इस समय में संगठित हो गये थे, जिनमें हजारों की संख्या में ब्राह्मण लोग मनुष्य जाति का कल्याण करने के उद्देश्य से निवास करते थे। यही कारण है, कि शक और सातवाहन राजाओं के दानों का जहाँ उल्लेख है वहाँ हजारों ब्राह्मणों को गौवें व अन्य संपत्ति दी गई, इस प्रकार का वर्णन आता है।

ा विकास हुआ, और मगध की अनार्य प्रधान सेनाओं ने
ारे भारत को जीत लिया, तो प्राचीन आर्य जनों के शुद्ध
ाह्मणों व क्षत्रियों की उत्कृष्टता कैसे क़ायम रह सकती थी।
ौद्ध और जैन ब्राह्मण व क्षत्रियों की उत्कृष्टता को नहीं मानते
। उनकी दृष्टि में कोई व्यक्ति अपने गुणों व चरित्र से ही
ंचा होता था, जन्म या जाति से नहीं। मागध साम्राज्य के
िकास की नई परिस्थितियों में यह सिद्धांत कितना समयानु-
कूल था।

अब शक, यवन, युइशि लोगों के आक्रमणों से एक और
ई परिस्थिति उत्पन्न हुई। इन विजेताओं ने भारत के बहुत बड़े
ाग को जीत कर अपने अधीन कर लिया था। ये उत्कट योद्धा
। बहुत बड़ी संख्या में ये लोग भारत के विविध जनपदों में
विजेता के रूप में बस गये थे। इनकी राजनीतिक और सामा-
जिक स्थिति बहुत ऊंची थी। बौद्ध और जैन विचारधारा के
अनुसार इनसे सामाजिक जीवन में कोई कठिनाई उत्पन्न नहीं
होती थी। भारत में आकर इन्होंने बौद्ध या जैन धर्म को अप-
नाना शुरू कर दिया था जाति-पाति व वर्णभेद के विचारों से
शून्य इन धर्मों के लिए इन म्लेच्छ विजेताओं को अपने समाज
का अंग बना लेना विशेष कठिन नहीं था।

पर सनातन आर्य धर्म के पुनरुत्थान के इस काल में इस
नई परिस्थिति का सामना चातुर्वर्ण्य में विश्वास रखने वाले
पौराणिक धर्मावलंबियों ने किस प्रकार किया? चातुर्वर्ण्य का
सिद्धांत प्राचीन आर्य धर्म के

पर आर्य लोग ज्यों-ज्यों पूर्व की तरफ को बढ़ते गये, उनके जनपदों में आर्य-भिन्न लोगों की संख्या अधिकाधिक होती गई। पंजाब और गंगा-यमुना की घाटियों में विद्यमान आर्य जनपदों में अनार्य लोगों की संख्या बहुत कम थी। शूद्र रूप में उन्हें सुगमता से अपने समाज का ही एक अंग बनाया जा सकता था। पर पूर्व और दक्षिण में आगे बढ़ने पर आर्यों को एक नई परिस्थिति का सामना करना पड़ा। मगध, अंग, बंग, कलिंग और अवंति जैसे जनपदों में अनार्य लोग बहुत बड़ी संख्या में थे। उनका न जड़ से उन्मूलन किया जा सकता था और न उन्हें आगे-आगे खदेड़ा जा सकता था। उनकी सैनिक शक्ति भी कम नहीं थी। वे अच्छे वीर योद्धा थे, और संख्या में बहुत अधिक थे। पूर्व और दक्षिण में बहुत दूर तक आगे बढ़ आने वाले आर्य विजेताओं ने विवश होकर इन अनार्यों की स्त्रियों से विवाहसंबंध भी स्थापित किये थे। आर्य स्त्रियां पर्याप्त संख्या में आर्य विजेताओं के साथ इतनी दूर तक नहीं आ सकी थीं। परिणाम यह हुआ, कि अनेक वर्णसंकर जातियों का विकास हुआ। मगध और उसके समीपवर्ती जनपदों में बौद्ध और जैन धर्मों के रूप में जिन नवीन धार्मिक आंदोलनों का प्रारंभ हुआ था, उनके वर्णभेद और जातिभेद संबंधी विचार इसी नई परिस्थिति के परिणाम थे। ब्राह्मण व किसी विशेष श्रेणी की उत्कृष्टता की बात उन्हें समझ नहीं आती थी। वहाँ जो सैनिक लोग थे, वे भी शुद्ध आर्य क्षत्रिय न होकर व्रात्य थे व्रात्यों को भी प्राचीन ग्रंथों में वर्णसंकर गिना गया है। वज्जि, मल्ल, लिच्छवि आदि सब व्रात्य ही थे। पूर्व और दक्षिण के इन जनपदों में न केवल क्षत्रिय ही, पर ब्राह्मण भी वर्णसंकर थे। सातवाहन राजा जाति से ब्राह्मण समझे जाते

साम्राज्य

और क्षत्रिय के सम्मिश्रण से मागध और वैश्य व ब्राह्मण के सम्मिश्रण से वैदेह लोगों का विकास हुआ था। मनु के इस मत में कोई सचाई हो या न हो, पर इस वैदिक पुनरुत्थान युग के विचारक इस तथ्य को दृष्टि में ला रहे थे कि मागध, वैदेह, आवंत्य, लिच्छवि, सात्वत आदि लोग शुद्ध आर्य नहीं हैं, पर समाज में उनका बड़ा महत्व है। उन्हें वे व्रात्य, ब्राह्मण व्रात्य क्षत्रिय, व्रात्य वैश्य व वर्णसंकर बताकर चातुर्वर्ण्य के दायरे में शामिल करने का प्रयत्न कर रहे थे।

इस समय के विचारकों ने एक और सिद्धांत का प्रतिपादन किया। अपने कर्म से शूद्र ब्राह्मण बन जाता है, और ब्राह्मण [illegible] ते [illegible] ना [illegible] ए [illegible] में व्याप्त थीं, शूद्रजाति में उत्पन्न हुए बौद्धभिक्षु जनता के धर्मगुरु बने हुए थे, तब यदि कर्म के अनुसार चातुर्वर्ण्य का प्रतिपादन किया जावे, तो इसमें आश्चर्य की क्या बात है।

पर यहाँ यह भी स्पष्ट करने की आवश्यकता है, कि वर्ण और जाति दो भिन्न-भिन्न वस्तुयें हैं। किसी भी आर्य 'जन' में चारों वर्ण हो सकते थे। गुण और कर्म के अनुसार किसी भी मानवसमूह को इन चार वर्णों में रखा जा सकता है। जब प्राचीन विचारकों को एक छोटे से आर्य जनपद के क्षेत्र से निकल कर विशाल भारत के जनसमाज में इस चातुर्वर्ण्य के सिद्धांत का प्रयोग करना पड़ा, तो उन्हें नई विभिन्न परिस्थितियों के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, यह हम ऊपर प्रदर्शित कर चुके हैं। पर इस युग के भारत में बहुत सी जातियों का पृथक्-पृथक् रूप में विकास हो रहा था। वर्तमान

में चातुर्वर्ण्य का सिद्धांत पुनः प्रतिपादित हो जाता है। वै
धर्म के पुनरुत्थान के नेताओं ने इस संबंध में जिस नीति
अनुसरण किया, वह बड़े महत्व की है। उन्होंने कहा
शक, पारद, पह्लव, कांबोज, द्रविड़, पौण्ड्रक, आदि वे
जातियाँ मूलतः क्षत्रिय थीं, पर ब्राह्मणों का संपर्क न रहने
से वृषलत्व (म्लेच्छत्व) को प्राप्त हो गईं। पर अब जब
फिर ब्राह्मणों का संपर्क मिला, इन्होंने वैदिक संप्रदायों को
नाया, तो इन्हें क्षत्रिय क्यों न समझ लिया जाता। भारत में
शक, पह्लव यवन आदि आये, वे सब इस समय क्षत्रियों
शामिल कर लिये गये। हमारे पुरखाओं की यह युक्ति कित
सुन्दर थी! जो ये म्लेच्छ आक्रांता भारत पर आक्रमण क
यहाँ अपनी राजनीतिक शक्ति को स्थापित करने में सफल हु
थे, वे सब मनु के इस सिद्धांत के अनुसार क्षत्रियवर्ग
शामिल हो गये। ब्राह्मणों के पुनः संपर्क से अब उन्होंने वासुदे
कृष्ण और शिव की उपासना प्रारंभ कर दी थी उनमें म्ले
च्छत्व कुछ शेष नहीं रहा था। इसी तरह इन विदेशी म्लेच्छों के
पुरोहित ब्राह्मणवर्ग में सम्मिलित कर लिये गये, क्योंकि उन्होंने
भी प्राचीन आर्य विचारधारा को अपना लिया था। मुलतान
के सूर्यमंदिर में शाकद्वीप (शकस्थान) के 'ब्राह्मणों' को पुजारी
के रूप में नियत करना इसका स्पष्ट उदाहरण है।

उसका मन विद्वानों के सत्संग सुख का व्यसनी था। उसके जीवन में सरस्वती (सत्काव्य) और लक्ष्मी (श्री) का अविरोध था। यह वैदिक मार्ग का अनुयायी था। उसका काव्य ऐसा था, कि कवियों की बुद्धि के विभव का भी उसमें विकास होता था। कौन सा ऐसा गुण है, जो उसमें नहीं था? सैकड़ों मुल्कों में विजय प्राप्त करने की उसमें अपूर्व क्षमता थी। अपनी भुजाओं का पराक्रम ही उसका सब से उत्तम साथी था। परशु, बाण, शंकु, शक्ति आदि अस्त्रों के सैकड़ों घावों से उसका सारा शरीर सुशोभित था। उसकी नीति यह थी, कि साधु का उदय और असाधु का प्रलय हो। उसका हृदय इतना कोमल था, कि भक्ति और झुक जाने मात्र से वश में आ जाता था। उसने लाखों गौवें दान में दी थी। अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और संगीत कला के ज्ञान और प्रयोग से उसने ऐसे काव्य की सृष्टि की थी, कि सब लोग कविराज कह कर उसकी प्रतिष्ठा करते थे।

कुमारामात्य हरिषेण के इस वर्णन से सम्राट् समुद्रगुप्त के वैयक्तिक गुणों का कितना उत्तम परिचय हमें प्राप्त हो जाता है! इसमें संदेह नहीं कि समुद्रगुप्त जहाँ अनुपम वीर था, वहाँ कविता, संगीत तथा अन्य ललित कलाओं में भी वह बड़ा प्रवीण था। यह बात उसके सिक्कों के अनुशीलन से भी भले-भाँति ज्ञात हो जाती है। समुद्रगुप्त के सात प्रकार के सिक्के इस समय में मिलते हैं। उनमें से पाँच प्रकार के सिक्के ऐसे हैं, जो उसके जीवन के विविध पहलुओं पर बड़ा अच्छा प्रकाश डालते हैं। पहले प्रकार के सिक्कों में उसका जो चित्र है, उसमें वह युद्ध की पोशाक पहने हुए है। उसके बायें हाथ में धनुष है, और दायें हाथ में बाण। सिक्के के दूसरी तरफ लिखा है— विजयी जितारि पराजितो दिव जयति

नियुक्त कर दिया। जिस समय प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्युएन्त्सांग बोधगया की यात्रा के लिये आया था, वहां एक हजार से ऊपर भिक्षु निवास करते थे।

सम्राट् समुद्रगुप्त की अनेक रानियां थीं, पर पटरानी (अग्रमहिषी पट्ट महादेवी) का पद दत्तदेवी को प्राप्त था। इसी से प्रसिद्ध गुप्त सम्राट चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य का जन्म हुआ था। ५० साल तक के लगभग शासन करके ३७८ ई. में समुद्रगुप्त स्वर्ग को सिधार।

(२) सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य

प्राचीन काव्यग्रंथों से ऐसा प्रतीत होता है, कि समुद्रगुप्त के सबसे बड़े लड़के का नाम रामगुप्त था, और पिता की मृत्यु के बाद पहले-पहल वही राजसिंहासन पर आरूढ़ हुआ। रामगुप्त बड़ा निर्बल, कामी तथा नपुंसक व्यक्ति था। उसका विवाह ध्रुवदेवी के साथ में हुआ। पर पति के नपुंसक तथा निर्बल होने के कारण वह उसमें जरा भी संतुष्ट न थी। रामगुप्त की निर्बलता से लाभ उठा कर साम्राज्य के अनेक सामंतों ने विद्रोह का झंडा खड़ा कर दिया। विशेषतया, शाहानुशाही शक मुरुंड राजा, जो समुद्रगुप्त की शक्ति के कारण आत्मनिवेदन, भेंट उपहार, कन्योपायन आदि उपायों से उसे संतुष्ट रखने का प्रयत्न करते थे, अब रामगुप्त की कमजोरी से लाभ उठाकर उद्दंड हो गये और उन्होंने गुप्त साम्राज्य पर आक्रमण कर दिया। हिमालय की उपत्यका

की तरफ से पैदा की गईं, उनमें से एक यह थी, कि पट्ट महा-

सैकड़ों युद्धों द्वारा विजय का प्रसार कर, सब शत्रुओं को परास्त कर, अब स्वर्ग को विजय करता है। दूसरे प्रकार के सिक्कों में उसका जो चित्र है, उसमें वह एक परशु लिये खड़ा है। इन सिक्कों पर लिखा है—कृतान्त (यम) का परशु लिये हुए अपराजित विजयी की जय हो। तीसरे प्रकार के सिक्कों पर उसका जो चित्र है, उसमें उसके सिर पर उष्णीष है और वह एक सिंह के साथ युद्ध कर उसे बाण से मारता हुआ दिखाया गया है। ये तीन प्रकार के सिक्के समुद्रगुप्त के वीर रूप को चित्रित करते हैं। पर इनके अतिरिक्त उसके बहुत से सिक्के ऐसे भी हैं, जिनमें वह आसन पर आराम से बैठा हुआ वीणा बजाता हुआ प्रदर्शित किया गया है। इन सिक्कों पर समुद्रगुप्त का केवल नाम ही दिया है, उसके सम्बन्ध में कोई उक्ति नहीं लिखी गई है। अश्वमेध के उपलक्ष में जो सिक्के उसने प्रचारित किये थे, उनका उल्लेख पहले किया जा चुका है। इसमें सन्देह नहीं, कि जहाँ समुद्रगुप्त भारी वीर योद्धा था, वहाँ संगीत, कविता सदृश कोमल गुणों की भी उस में कमी नहीं थी।

समुद्रगुप्त के इतिहास की कुछ अन्य बातें भी उल्लेख योग्य हैं। इस काल में सीलोन (सिंहल) का राजा मेघवर्ण था। उसके शासनकाल में दो बौद्ध भिक्षु बोधगया में तीर्थयात्रा के लिये आये थे। वहाँ उनके रहने के लिये समुचित प्रबन्ध नहीं था। जब वे अपने देश को वापस गये, तो उन्होंने इस विषय में राजा मेघवर्ण से शिकायत की। मेघवर्ण ने निश्चय किया कि बोधगया में एक बौद्ध विहार बनवाया जाये। इसकी अनुमति प्राप्त करने के लिये उसने एक दूतमण्डल समुद्रगुप्त की सेवा में भेजा। समुद्रगुप्त ने बड़ी प्रसन्नता से इस कार्य के लिये अपनी अनुमति प्रदान की, और [illegible]

नाश करा दिया। जिस समय प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्यएन्त्सांग गया की यात्रा के लिये आया था, वहाँ एक हजार के ऊपर भिक्षु निवास करते थे।

सम्राट् समुद्रगुप्त को अनेक रानियाँ थीं, पर पटरानी प्रधानदेवी पट्ट महादेवी) का पद दत्तदेवी को प्राप्त था। इसी से प्रसिद्ध गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य का जन्म हुआ था। पचास वर्ष के लगभग शासन करके ३८० ई० में समुद्रगुप्त स्वर्ग को सिधार।

(३) सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य

प्राचीन काव्यग्रन्थों से ऐसा प्रतीत होता है, कि समुद्रगुप्त के सबसे बड़े लड़के का नाम रामगुप्त था, और पिता की मृत्यु के बाद पहले-पहल वही राज्यसिंहासन पर आरूढ हुआ। रामगुप्त बड़ा निर्बल, कामी तथा नपुंसक व्यक्ति था। उसका विवाह ध्रुवदेवी के साथ में हुआ। पर पति के नपुंसक तथा निर्बल होने के कारण यह उससे जरा भी सन्तुष्ट न थी। रामगुप्त की निर्बलता से लाभ उठा कर साम्राज्य के अनेक सामंतों ने विद्रोह का झंडा खड़ा कर दिया। विशेषतया, शाहानुशाह शक मुरुंड राजा, जो समुद्रगुप्त की शक्ति के कारण आत्मनिवेदन, भेंट उपहार, कन्योपायन आदि उपायों से उसे संतुष्ट रखने का प्रयत्न करते थे, अब रामगुप्त की कमजोरी से लाभ उठाकर उद्दंड हो गये और उन्होंने गुप्त साम्राज्य पर आक्रमण कर दिया। हिमालय की उपत्यका में युद्ध हुआ, जिसमें रामगुप्त हार गया। एक पहाड़ी दुर्ग में गुप्त सेनायें घिर गईं, और नपुंसक रामगुप्त ने शक राज का सेवा में संधि के लिये याचना की। जो संधि की शर्तें शक राज की तरफ से पेश की गईं, उनमें से एक यह थी, कि पट्ट महा-

[दे]वी ध्रुवदेवी को शकराज के सुपुर्द कर दिया जाय। नपुं-
[स]क रामगुप्त इससे लिये भी तैयार हो गया। पर उसका
छोटा भाई वीर चंद्रगुप्त इसको न सह सका। उसने स्वयं
ध्रुवदेवी का स्त्री रूप धारण किया। अन्य बहुत से सैनिकों
[क]ो भी परिचारिका रूप मे स्त्री वेश पहिनाया गया। शक राज
[क]े अन्तःपुर में पहुँच कर स्त्री वेशधारी चंद्रगुप्त ने शक-
[र]ाज का घात कर दिया। इसके बाद निर्बल रामगुप्त को
[भ]ी मार कर चंद्रगुप्त ने राजगद्दी पर अधिकार कर लिया,
[औ]र अपनी भाभी ध्रुवदेवी के साथ विवाह किया। ध्रुव
[दे]वी चंद्रगुप्त द्वितीय की पट्ट महादेवी बनी।

इस कथा के निर्देश न केवल प्राचीन काव्य साहित्य में,
[अ]पितु शिलालेखों में भी उपलब्ध होते हैं। प्राचीन समय
[में] यह कथा इतनी लोकप्रिय थी, कि प्रसिद्ध कवि विशाखदत्त
[ने] भी इस कथा को लेकर 'देवी चंद्रगुप्तम्', नाम का एक
[ना]टक लिखा। अरब लेखकों ने भी इस कथा को लेकर पुस्तकें
[लि]खीं। बाद में अरबी के आधार पर फारसी में भी इस
[आ]ख्यानक को लिखा गया। बारहवीं सदी मे अब्दुल हसन अली
[ना]म के एक लेखक ने इस कथा को 'मजमलुत्तवारीख' नामक
[पु]स्तक में लिखा। यह पुस्तक इस समय भी उपलब्ध होती है।
[सं]स्कृत काव्य, शिलालेख और विदेशी साहित्य सर्वत्र इस
[आख्]यानक की उपलब्धि के कारण यह मानना होगा, कि यह
[स]च्ची ऐतिहासिक अनुश्रुति पर आश्रित है, और समुद्रगुप्त
[क]ी मृत्यु के बाद एक दो वर्ष तक वस्तुत. उसके बलहीन पुत्र
[रा]मगुप्त ने राज किया था।

राजगद्दी पर आरूढ़ होने के बाद चंद्रगुप्त के सम्मुख
[दो] कार्य मुख्य थे, रामगुप्त के समय में उत्पन्न हुई अव्य-
[वस्था को दूर] करना और उन म्लेच्छ शकों का उन्मूलन

करना, जिन्होंने न केवल गुप्त श्री के अपहरण का प्रयत्न किया था, पर जिन्होंने गुप्त कुलवधू की तरफ भी दृष्टि उठाई थी। चंद्रगुप्त के सम्राट् बनने पर शीघ्र ही साम्राज्य में व्यवस्था क़ायम हो गई। वह अपने पिता का योग्य और अनुरूप पुत्र था। अपनी राज्यशक्ति को दृढ़ कर उसने शकों के विनाश के लिये युद्धों का प्रारंभ किया।

शकों की शक्ति के इस समय दो बड़े केंद्र थे। काठियावाड़ गुजरात के शक महाक्षत्रप और गांधार कंबोज के कुशाण। शक महाक्षत्रप शाहानुशाहि कुशाण राजा के ही प्रांतीय शासक थे, यद्यपि उनकी स्थिति स्वतंत्र राजाओं के समान थी। भारतीय साहित्य में कुशाण राजाओं को भी शक मुरुण्ड (शक स्वामी या शकों के स्वामी) शब्द से कहा गया है। पहले चंद्रगुप्त द्वितीय ने काठियावाड़ गुजरात के शक महाक्षत्रपों के साथ युद्ध किया। उस समय महाक्षत्रप स्वामी सिंहसेन इन शकों का स्वामी था। चंद्रगुप्त द्वारा यह परास्त हुआ, और गुजरात काठियावाड़ के प्रदेश भी गुप्त साम्राज्य में सम्मिलित हो गये।

शकों की पराजय में वाकाटकों से बड़ी सहायता मिली। वाकाटकों का दक्षिण में शक्तिशाली राज्य था, यह हम पहले प्रदर्शित कर चुके हैं। समुद्रगुप्त ने वहाँ के राजा रुद्रदेव या रुद्रसेन को परास्त किया था, पर अधीनस्थ रूप में वाकाटक राज्य अब भी विद्यमान था। वाकाटक राजा बड़े प्रतापी थे, और उनकी अधीनता में अन्य बहुत से सामंत राजा थे। वाकाटक राजा रुद्रसेन द्वितीय के साथ चंद्रगुप्त विक्रमादित्य की कन्या प्रभावती गुप्ता का विवाह हुआ था। प्रभावती गुप्ता की माता का नाम कुबेरनागा था, जो स्वयं नागवंश की

कन्या थी। संभवतः, कुबेरनागा चंद्रगुप्त द्वितीय की बड़ी रानी थी। ध्रुवदेवी के साथ उसका विवाह बाद में हुआ था।

वाकाटक राजा रुद्रसेन द्वितीय के साथ गुप्त राजकुमारी का विवाह हो जाने से गुप्तों और वाकाटकों में बड़ी मैत्री और घनिष्टता हो गई थी। कुछ समय बाद, तीस वर्ष की आयु में ही रुद्रसेन द्वितीय की मृत्यु हो गई। उसके बच्चे अभी बहुत छोटे-छोटे थे। अतः राज्यशासन प्रभावती गुप्ता ने अपने हाथों में लिया और वह वाकाटक राज्य की स्वामिनी बन गई। इस प्रकार उसने ३९० ईस्वी से ४१० ई० के लगभग तक राज्य किया। अपने प्रतापी पिता चंद्रगुप्त द्वितीय का पूरा साहाय्य और सहयोग प्रभावती गुप्ता को प्राप्त था। चंद्रगुप्त के निरीक्षण में ही एक प्रकार से इस समय वाकाटक राज्य का संचालन हो रहा था। अतः जब चंद्रगुप्त ने महाक्षत्रप रुद्रस्वामी सिंहसेन पर आक्रमण किया, तो वाकाटक राज्य की संपूर्ण शक्ति उसकी वशवर्तिनी थी। वाकाटक राज्य की भौगोलिक स्थिति ऐसी थी, कि शकों को परास्त करने के लिये उसका सहयोग आवश्यक था।

गुजरात काठियावाड़ के शकों का उच्छेद कर उनके राज्य को गुप्त साम्राज्य के अन्तर्गत कर लेना चंद्रगुप्त द्वितीय के शासन-काल की सब से महत्त्वपूर्ण घटना है। इसी कारण वह भी 'शकारि' और 'विक्रमादित्य' कहलाया। कई सदी पहले इसी प्रकार शकों का उच्छेद कर सातवाहन सम्राट् गौतमीपुत्र श्री सातकर्णि ने 'शकारि' और 'विक्रमादित्य' की उपाधि ग्रहण की थी। अब चंद्रगुप्त द्वितीय ने भी एक बार फिर उसी गौरव को प्राप्त किया। अरब सागर तक विस्तृत गुप्त साम्राज्य के लिये, विशेषतया नये जीते हुए प्रदेशों पर भलीभांति शासन करने के लिये पाटलीपुत्र बहुत दूर पड़ता था। इसलिये

चंद्रगुप्त द्वितीय ने उज्जैनी को दूसरी राजधानी बनाया, और एक बार फिर इस नगरी का उत्कर्ष हुआ।

गुजरात काठियावाड़ के शक महाक्षत्रपों के अतिरिक्त गांधार कंबोज के शक मुरुण्डों (कुशाणों) का भी चंद्रगुप्त ने संहार किया था। दिल्ली के समीप महरौली में लोहे का एक विष्णुध्वज (स्तम्भ) है, जिस पर चंद्र नाम के एक प्रतापी एकराट् का लेख उत्कीर्ण है। प्रायः ऐतिहासिकों का मत है कि यह लेख गुप्तवंशी चंद्रगुप्त द्वितीय का ही है। इस लेख में चंद्र की विजयों का वर्णन करते हुए कहा है, कि उसने सिन्धु के सप्तमुखों (प्राचीन सप्तसैंधव देश की सात नदियों) को पार कर के वाह्लिक (बल्ख) देश तक युद्ध में विजय प्राप्त की थी। पंजाब की सात नदियों (यमुना, सतलुज, व्यास, रावी, चनाब, जेहलम और सिन्ध, इन सात नदियों का प्रदेश प्राचीन

इसके शासनकाल में विशाल गुप्त साम्राज्य अक्षुण्ण रूप में कायम रहा। बल्ख से बंगाल की खाड़ी तक इसका अधीन शासन था। सब राजा, सामंत, गण और प्रत्यंतवर्ती जनपद कुमारगुप्त के वशवर्ती थे। गुप्त वंश की शक्ति इस समय अपनी चरम सीमा को पहुँची हुई थी। कुमारगुप्त को विद्रोही राजाओं को वश में लाने के लिये कोई युद्ध नहीं करने पड़े। उसके शासनकाल में विस्तृत गुप्त साम्राज्य में सर्वत्र शांति विराजती थी। इसी लिये विद्या, धन, कला आदि की समृद्धि की दृष्टि से यह काल वस्तुतः भारतीय इतिहास का सुवर्ण युग था।

अपने पिता और पितामह का अनुसरण करते हुए कुमारगुप्त ने भी अश्वमेध यज्ञ किया। इसके उपलक्ष में उसने जो सिक्के जारी किये थे, उनमें एक तरफ 'अश्वमेध महेंद्र' लिखा है, और दूसरी तरफ यज्ञीय अश्व का चित्र है। कुमारगुप्त ने यह अश्वमेध किसी नई विजययात्रा के उपलक्ष में नहीं किया। गुप्त साम्राज्य इस युद्ध में अपने गौरव के शिखर पर था। कोई सामंत या राजा उसके विरुद्ध साहस दिखाने की हिम्मत तो नहीं करता, यही देखने के लिये पुरानी परिपाटी के अनुसार यज्ञीय अश्व छोड़ा गया था, जिसे रोकने या पकड़ने का साहस किसी राजशक्ति ने नहीं किया था। सारे साम्राज्य में अपनी शक्ति के इस प्रत्यक्ष प्रमाण को प्राप्त करने के बाद अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान किया गया था।

कुमारगुप्त ने कुल ४० वर्ष राज्य किया। उसके राज्यकाल के अंतिम भाग में मध्य भारत में नर्मदा नदी के समीप पुष्यमित्र नाम की एक जाति ने गुप्त साम्राज्य की शक्ति के विरुद्ध एक भयंकर विद्रोह खड़ा किया। ये पुष्यमित्र लोग कौन थे, इस विषय में बहुत विवाद है, पर यह एक प्राचीन

की पराजय है। हूण लोग बड़े भयंकर योद्धा थे। उन्हीं के आक्रमणों के कारण युइशि लोग अपने प्राचीन निवासस्थान को छोड़ कर शकस्थान की ओर बढ़ने को बाध्य हुए थे, और युइशियों से खदेड़े जाकर शक लोग ईरान और भारत की तरफ आ गये थे। हूणों के हमलों का ही परिणाम था कि शक और युइशि लोग भारत में प्रविष्ट हुए थे। उधर सुदूर पश्चिम में इन्हीं हूणों के आक्रमण के कारण विशाल रोमन साम्राज्य छिन्न-भिन्न हो गये थे। हूण राजा एट्टिला के अत्याचारों और बर्बरता के कारण पाश्चात्य संसार में त्राहि-त्राहि मच गई थी। अब इन हूणों की एक शाखा ने हिंदुकुश के पार के भारतीय प्रदेश पर हमला किया, और कंबोज जनपद को जीतकर गांधार में प्रविष्ट होना प्रारंभ किया। ये सब प्रदेश उस समय गुप्त साम्राज्य की अधीनता में थे। चंद्रगुप्त द्वितीय ने इनके शक मुरुण्ड राजाओं को परास्त कर अपने अधीन किया था। हूणों की इस बाढ़ का मुकाबिला करके गुप्त साम्राज्य की रक्षा करना स्कंदगुप्त के राज्यकाल की सबसे बड़ी घटना है। उसके शिलालेखों में हूणों की पराजय का बड़े सुंदर शब्दों में उल्लेख है। एक स्तंभ लेख के अनुसार स्कंदगुप्त की हूणों से इतनी जबर्दस्त मुठभेड़ हुई, कि सारी पृथिवी काँप उठी। अंत में स्कंदगुप्त की विजय हुई, और उसके कारण उसकी अमल शुभ्र कीर्ति कुमारी अन्तरीप तक सारे भारत में मनुष्यों द्वारा गाई जाने लगी। और इसी लिये वह संपूर्ण गुप्त वंश में 'एक वीर' गिना जाने लगा। बौद्ध ग्रंथ चंद्रगर्भपरिपृच्छा के अनुसार हूणों के साथ इस युद्ध में गुप्त सेना की संख्या दो लाख थी। हूणों की सेना तीन लाख थी। तब भी विकट और बर्बर हूण योद्धाओं के मुकाबिले में गुप्त सेना की विजय हुई। स्कंदगुप्त के समय में हूण

मित्रों के सदृश प्रबल आभ्यंतर शत्रु परास्त किये गये और हूणों जैसे प्रबल बाह्य आक्रांतकों के आक्रमण से साम्राज्य की रक्षा की गई।

स्कंदगुप्त की मृत्यु ४६७ ईस्वी में हुई।

(६) गुप्त साम्राज्य का ह्रास

स्कंदगुप्त के बाद गुप्त साम्राज्य का ह्रास प्रारंभ हो गया। उसके कोई संतान नहीं थी, अत: उसकी मृत्यु के बाद पुरुगुप्त सम्राट् बना। यह स्कंदगुप्त का भाई था, और कुमारगुप्त की पट्ट महारानी का पुत्र था। इस समय तक यह बूढ़ा हो चुका था, वैसे भी इसका व्यक्तित्व निर्बल था। यही कारण है, कि कुमारगुप्त की मृत्यु के बाद राज्यलक्ष्मी ने इसको जगह पर स्कंदगुप्त को अपने स्वामी के रूप में वरण किया था। अब पुरुगुप्त के राजगद्दी पर बैठते ही गुप्त साम्राज्य में अव्यवस्था प्रारंभ हो गई। हूणों के आक्रमणों से पहले ही गुप्त साम्राज्य को जबर्दस्त चोटें लगी थीं, अब वाकाटक वंश ने सिर उठाया। यह वंश किसी समय में बड़ा शक्तिशाली रह चुका था। समुद्रगुप्त ने इसे परास्त कर गुप्त साम्राज्य के अंतर्गत किया था। पर अपने प्रदेश में वाकाटक राजा शक्तिशाली सामंतों के रूप में विद्यमान थे। चंद्रगुप्त द्वितीय ने अपनी कन्या प्रभावती गुप्ता का वाकाटक राजा से विवाह कर इनके साथ मैत्री तथा घनिष्ट संबंध कायम किया था। हूणों के आक्रमणों के समय इन्होंने फिर अपनी शक्ति को बढ़ाना शुरू किया और प्रतापी स्कंदगुप्त के मरते ही वाकाटक राजा नरेंद्रसेन ने अपने को स्वतंत्र उद्घोषित कर दिया। एक शिलालेख से सूचित होता है, कि नरेंद्रसेन ने अपने वंश की डूबी हुई शक्ति का पुनरुद्धार किया था। समुद्रगुप्त के समय से वाकाटक लोगों की राज्य

वस्तुतः क्षीण हो गई थी, अब नरेंद्रसेन ने उसे फिर श
ान की, और धीरे-धीरे न केवल संपूर्ण मालवा पर अधि
ुत् कोशल पर भी अपना अधिकार जमा लिया। इस
ार स्कंदगुप्त के निर्बल भाई पुरुगुप्त के शासन में वाकाटक
य फिर से स्वतंत्र हो गया। पुरुगुप्त बौद्ध धर्म का अनुयायी
। यही कारण है, कि प्राचीन लेखों में उसके नाम के साथ
म भागवत' विशेषण नहीं दिया जाता।

पुरुगुप्त के बाद उसका लड़का नरसिंहगुप्त राजा बना।
की माता का नाम वत्सदेवी था। उसके बौद्ध पिता ने एक
आचार्य को उसकी शिक्षा के लिये नियत किया था। नर-
गुप्त ने अपने नाम के साथ बालादित्य उपाधि प्रयुक्त की
[illegible]

स जारी रहा। पुरुगुप्त और नरसिंहगुप्त दोनों का
ाल ४६७ से ४७३ ईस्वी तक है।

सके बाद कुमारगुप्त द्वितीय पाटलीपुत्र के राजसिंहासन
ा। इसने विक्रमादित्य की उपाधि ग्रहण की। यह अन्य
म्राटों के समान वैष्णवधर्म का अनुयायी था, और
'परम भागवत' करके लिखा गया है। इसने कुल चार
य किया। ४७७ ईस्वी में इसकी मृत्यु हो गई। सम्राट्
न के बाद दस वर्षों में गुप्तवंश के तीन राजा हुए।
ाष्ट प्रतीत होता है, कि यह काल अव्यवस्था और
का था पर अपने चार वर्ष के शासनकाल में ही
त्व द्वितीय विक्रमादित्य ने कुछ महत्त्वपूर्ण सफलतायें
र ली थीं। उसने मुख्यतया वाकाटक राजा से युद्ध

थे, और मालवा के प्रदेश को जीतकर फिर अपने साम्राज्य
मिला लिया। वाकाटकों की शक्ति अब फिर क्षीण
ाने लगी।

कुमारगुप्त द्वितीय के बाद बुधगुप्त गुप्त सम्राट् बना। इसके
ामय के अनेक शिलालेख उपलब्ध हुए हैं। उनसे प्रतीत होता
ै, कि यह एक शक्तिशाली राजा था, और इसके द्वारा नियुक्त
ांतीय शासक बंगाल से लगाकर मालवा तक शासन करते थे।
ार्म से यह बौद्ध था, और नालंदा के बौद्ध विहार की वृद्धि
े लिये इसने बहुत प्रयत्न किया था। बुधगुप्त कुमारगुप्त
द्वितीय का पुत्र नहीं था। अनेक ऐतिहासिकों का मत है, कि
ह स्कंदगुप्त और पुरुगुप्त का छोटा भाई था। ४६५ ईस्वी में
ासके शासनकाल का अंत हुआ।

बुधगुप्त के बाद वैन्यगुप्त पाटलीपुत्र के राजसिंहासन पर
ैठा। इसने ४६५ से ५०७ ईस्वी तक राज्य किया। इसके सिक्के
ोल आदि में चंद्रगुप्त द्वितीय और समुद्रगुप्त के सिक्कों के
सदृश हैं। सिक्कों पर एक ओर वैन्यगुप्त का चित्र है, जिसमें
बांये हाथ में धनुष और दांयें हाथ में बाण लिया हुआ है।
राजा के चित्र के एक ओर गरुडध्वज है, और दूसरी ओर
वैन्य लिखा है। सिक्के के दूसरी ओर कमलासन पर विराज-
मान लक्ष्मी की मूर्ति है। साथ ही वैन्य की उपाधि द्वादशादित्य
उत्कीर्ण है। वैन्य के सिक्कों में सोने की मात्रा का फिर बढ़
जाना यह सूचित करता है कि इसका काल समृद्धि का था,
और संभवतः, इसे युद्धों में अधिक रुपया खर्च करने की आव-
श्यकता नहीं हुई थी।

(७) हूणों के आक्रमण

बुधगुप्त के बाद गुप्त साम्राज्य की बागडोर भानुगुप्त

बालादित्य के हाथ में आई। इसके समय में हूणों के आक्रमण भारत में फिर प्रारंभ हो गये। स्कंदगुप्त से परास्त होकर हूण लोग गांधार तक रुक गये थे। उससे आगे बढ़ने का प्रयत्न लगभग तीस वर्ष तक उन्होंने नहीं किया। पर इस बीच में उन्होंने गांधार में अपनी शक्ति को भलीभाँति दृढ़ कर लिया था। इस समय उनका राजा तोरमाण था। यह बड़ा शक्तिशाली योद्धा था। इसकी राजधानी सिंध नदी के समीप में थी। इसने फिर हूण सेनाओं को साथ ले भारत पर आक्रमण शुरू किये। कुछ ही समय में यह पूर्व की तरफ बढ़ता हुआ मालवा तक पहुँच गया। पर इस समय गुप्त साम्राज्य का अधिपति भानुगुप्त बालादित्य था। अपने पूर्वज स्कंदगुप्त के समान उसने फिर एक बार हूणों को परास्त किया। तोरमाण बहुत थोड़े समय तक भारत के इस प्रदेश पर अधिकार रख सका। इस बीच में उसने जो सिक्के जारी किये थे, उनमें से कुछ मध्यभारत में अनेक स्थानों पर उपलब्ध हुए हैं।

तोरमाण के बाद हूणों का नेता मिहिरगुल बना। इसने फिर पूर्व की तरफ आगे बढ़कर मध्यभारत पर आक्रमण किया। इस समय उसका मुकाबला करने के लिये एक और प्रबल शक्ति उठ खड़ी हुई, जिसका नाम यशोधर्मा था। मालवा में बहुत पहले समय से एक वंश का राज्य था, जो पहले शकों के सामंत थे, और बाद में गुप्तों के सामंत होकर राज्य करते थे। इस वंश में इस समय यशोधर्मा राजा था। हूणों के आक्रमण मालवा पर हो रहे थे। अब वहाँ के पुराने राजाओं को उनका सामना करने की आवश्यकता हुई थी। यशोधर्मा ने बड़ी वीरता के साथ अपने कर्तव्य का पालन किया, और हूणों के विरुद्ध जो लड़ाई शुरू हुई, उसका नेतृत्व

नीतिक आकाश में उसका अभ्युदय धूमकेतु के समान अकस्मात् ही हुआ। इस समय हूणों के आक्रमणों के कारण मध्य-भारत में जो उथल-पुथल मची हुई थी, उसका लाभ उठाकर कोई भी महत्त्वाकांक्षी वीर व्यक्ति अपनी शक्ति को बढ़ा सकता था। यशोधर्मा ने इस अवसर का पूरी तरह उपयोग किया, और मध्यभारत की सारी सैनिक शक्ति का संगठन कर मिहिरगुल को युद्ध में परास्त किया। उसने बड़े अभिमान के साथ अपने एक शिलालेख में लिखा है, कि मिहिरगुल ने उसके पैरों में सिर रख कर और विविध उपहार देकर

[illegible]

संगठित की थी, उसका उपयोग उसने अन्य प्रदेशों को जीतने के लिये भी किया। कुछ समय के लिये वह भारत का सबसे बड़ा प्रतापी राजा हो गया। सब जगह उसका प्रभाव स्थापित हो गया, गुप्त राजा उसके सम्मुख फीके पड़ गये। संभवतः, इसीलिये उसकी प्रशस्ति में लिखा गया है, कि ब्रह्मपुत्र से महेन्द्र पर्वत तक और हिमालय से पश्चमी पयोधि तक, सब जगह के राजा सामंत के रूप में उसके आगे सिर झुकाते थे। इसमें संदेह नहीं, कि हूणों को परास्त करने के कारण भारत के बहुत बड़े हिस्से में उसका ऐसा ही प्रभाव कुछ समय के लिये क़ायम हो गया था।

यशोधर्मा ने मिहिरगुल को ५३० ईस्वी के लगभग परास्त किया था। जिस प्रकार अकस्मात् उसका अभ्युदय हुआ था, वैसे ही अकस्मात् उसका अंत भी हो गया। संभवतः, अपनी वैयक्तिक वीरता के कारण जो गौरवपूर्ण स्थान उसने प्राप्त किया था, उसकी मृत्यु के साथ उसका भी अंत हो गया। यशोधर्मा

जिस संगठन ने सारे उत्तरी भारत को एक शासनसूत्र में बाँधा हुआ था, उसको बिलकुल निर्बल बना दिया। यदि वह गुप्तों के ध्वंसावशेष पर एक नये शक्तिशाली राजवंश और साम्राज्य को स्थापित कर सकता, तो कोई हानि नहीं थी। विशाल मागध साम्राज्य का आधिपत्य गुप्तवंश के हाथ से निकल कर यशो-धर्मा के वश में चला जाता। पर यशोधर्मा यह तो नहीं कर सका, उसकी विजयों का सिर्फ परिणाम केवल यह हुआ, कि गुप्त साम्राज्य की शक्ति ढीली हो गई, और विविध सामन्त अधीनस्थ राजा तथा प्रान्तीय शासकों में अपने-अपने स्वतन्त्र राज्य स्थापित कर लेने की भावना प्रबल हो गई। यही कारण है कि सम्राट् बालादित्य के बाद गुप्त साम्राज्य छिन्न-भिन्न हो गया और भारत में बहुत से राजवंश स्वतन्त्र रूप से राज्य करने लगे। मुगल सम्राट औरंगजेब के बाद जिस प्रकार निजाम, विविध नवाब, राजपूत राजा, मराठे सरदार आदि अपने-अपने स्वतन्त्र राज्य स्थापित करने के लिये तत्पर हो गये थे, वैसा ही अब बालादित्य के बाद में हुआ। इस समय में आस-पास के प्रदेश में गुप्त वंश का शासन जारी रहा, पर पाट-लिपुत्र के इन गुप्त राजाओं की शक्ति बहुत क्षीण थी। शता-ब्दियों के लगभग गुप्त सम्राटों के शासन में पाटलिपुत्र ने जो मागध विशाल साम्राज्य बनाया था, उसका अब अन्त हो गया था।

बालादित्य के निर्बल उत्तराधिकारियों के विषय में विशेष रूप से हमें यहाँ लिखने की कोई आवश्यकता नहीं है।

उन्नीसवाँ अध्याय

विज्ञान, धर्म और साहि

(१) साहित्य और विज्ञान

मौर्योत्तर काल में संस्कृत साहित्य के विकास की जो प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी, गुप्त काल में वह उन्नति की चरम सीमा तक पहुँच गई। भास, शूद्रक सदृश कवियों ने संस्कृत में नाटक और काव्य की जिस परंपरा को प्रारंभ किया था, अब कालिदास और विशाखदत्त जैसे कवियों ने इसे पूर्णता तक पहुँचा दिया। संस्कृत का सबसे बड़ा कवि कालिदास गुप्त सम्राट् चंद्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य के नवरत्नों में से एक था। एक शिलालेख से सूचित होता है, कि विक्रमादित्य ने उसे कुंतल-नरेश ककुत्स्थवर्मन् के पास राजदूत के रूप में भेजा था। एक साहित्यिक अनुश्रुति के अनुसार कालिदास ने वाकाटक राजा प्रवरसेन द्वारा लिखित सेतुबंध काव्य का परिष्कार किया था। यह राजा चंद्रगुप्त द्वितीय के काल में ही हुआ था।

महाकवि कालिदास के लिखे हुए ऋतुसंहार, मालविकाग्निमित्र, कुमारसंभव, मेघदूत, शकुंतला और रघुवंश काव्य इस समय उपलब्ध होते हैं। निःसंदेह, ये ग्रंथ संस्कृत साहित्य के सबसे उज्ज्वल रत्न हैं। ओज, प्रसाद आदि गुणों और उपमा आदि अलंकारों की दृष्टि से संस्कृत का अन्य कोई भी काव्य इनका मुकाबला नहीं कर सकता। जब तक संस्कृत भाषा का अध्ययन जारी रहेगा, कालिदास का नाम भी संसार में अमर रहेगा। यह कहना जरा भी अतिशयोक्ति करना नहीं है, कि

ादिर में सदा अमर रहेंगी। रघुवंश में रघु की दिग्विजय ा जो वर्णन किया गया है, उसमें समुद्रगुप्त की विजययात्रा ालिदास के सम्मुख थी। उसके ग्रंथों पर गुप्त काल की समृद्धि ौर गौरव का स्पष्ट आभास है।

मुद्राराक्षस का लेखक विशाखदत्त भी गुप्त काल में चौथी दी में हुआ था। नंद को परास्त कर चंद्रगुप्त मौर्य ने किस कार पाटलीपुत्र की राजगद्दी पर अपना अधिकार जमाया, स कथानक को विशाखदत्त ने बड़े सुंदर रूप में इस नाटक ें वर्णित किया है। मुद्राराक्षस की संस्कृत नाटकों में अद्वि-ीय स्थिति है। मागध परंपरा के अनुसार राजनीति के दाँव-पेंचों का जो वर्णन इस नाटक में है, वह संस्कृत साहित्य में अन्यत्र कहीं नहीं मिलता। मुद्राराक्षस के भरत वाक्य में विशाखदत्त ने म्लेच्छों से आक्रांत हुई पृथिवी की रक्षा करने के लिये 'बंधुभृत्य' चंद्रगुप्त का आवाहन किया है। इस भरत-वाक्य में शक और कुशाणों के उस प्रचंड आक्रमण की ओर इशारा है, जो समुद्रगुप्त की मृत्यु के बाद रामगुप्त के समय में हुआ था। इन म्लेच्छ आक्राताओं ने मागध सेनाओं को परास्त कर पट्टमहादेवी ध्रुवदेवी तक पर आँख उठाई थी। पर अपने बड़े भाई के सेवक के रूप में चंद्रगुप्त ने शक कुशाणों को परास्त कर भारत भूमि की रक्षा की थी। इस प्रकार म्लेच्छों का भारत को सताना बंद हुआ। इसी विशाखदत्त ने 'देवी चंद्रगुप्तम्' की रचना की थी, जिसमें चंद्रगुप्त द्वितीय और ध्रुवदेवी के कथानक का बड़े विशद रूप से वर्णन किया गया है।

किरातार्जुनीय का लेखक महाकवि भारवि और भट्टि-काव्य का रचयिता भट्टी भी गुप्त वंश के अंतिम काल में छठी सदी में हुए। इन दोनों महाकवियों के काव्य

संस्कृत साहित्य में बहुत ऊँचा स्थान रखते हैं। रानी द्रौपदी के मुख से राजनीति का जो ओजस्वी वर्णन किरातार्जुनीय में मिलता है, उसका उदाहरण संस्कृत साहित्य में अन्यत्र कहीं नहीं मिलता। भट्टिकाव्य में व्याकरण के कठिन नियमों को श्लोकों के उदाहरणों से जिस प्रकार सरल रीति से समझाया गया है, वह भी वस्तुत: अनुपम है।

अन्य अनेक कवि भी इस युग में हुए, जिनमें से मातृगुप्त, सौमिल्ल और कुलपुत्र के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इनके उत्कृष्ट काव्यों के निर्देश तो हमें मिलते हैं पर दुर्भाग्यवश इनका रचा हुआ कोई काव्य अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ।

गुप्त काल के शिलालेख भी काव्य के उत्तम उदाहरण हैं। प्रयाग के अशोककालीन स्तंभ पर जो समुद्रगुप्त प्रशस्ति कुमारामात्य महादण्डनायक हरिषेण ने उत्कीर्ण कराई थी, वह कविता की दृष्टि से बहुत उच्च कोटि की है। यदि हरिषेणरचित कोई काव्य भी हमें उपलब्ध हो सकता, तो संस्कृत के बहुत उत्तम काव्यों में गिना जाता। यशोवर्मा प्रशस्ति भी कविता की दृष्टि से बहुत उत्तम है। उसे वत्स नाम के कवि ने लिखा था। इसी तरह रविशांति, वत्सभट्टि और कुब्ज आदि कवियों द्वारा लिखी गई अन्य अनेक प्रशस्तियाँ भी उपलब्ध हुई हैं, जो सब गुप्त काल की हैं। इन अनुशीलन से ज्ञात होता है, कि काव्य की शैली गुप्त काल बहुत उन्नत और परिष्कृत हो गई थी।

ऐतिहासिकों के अनुसार संस्कृत के प्रसिद्ध नीतिकथा ग्रं पंचतंत्र का निर्माण भी गुप्त काल में हुआ था। पंचतंत्र में ... ... हैं, उनमें से बहुतों का संबंध तो महाजन कोशल, मगध और

वज्जि आदि जनपदों के राजाओं का स्थान पशुओं ने ले लिया है, और मनोरंजक रीति से पुरानी ऐतिहासिक कथाओं को लिख दिया गया है। ये कथायें चिरकाल से परंपरागत रूप में भारत में प्रचलित थीं। गुप्त काल में उन्होंने बाकायदा एक ग्रंथ का रूप धारण कर लिया है। ५७० ईस्वी से पहले ही इसका पहलवी भाषा में अनुवाद हो चुका था। ग्रीक, लैटिन, स्पेनिश, इटालियन, जर्मन, इङ्गलिश और संसार की सभी पुरानी भाषाओं में इसके अनुवाद सोलहवीं सदी से पहले ही हो चुके थे। इस समय पचास से भी अधिक संसार की विभिन्न भाषाओं में इसके अनुवाद पाये जाते हैं। थोड़े बहुत रूपांतर से २०० से अधिक ग्रंथ इसके आधार पर लिखे जा चुके हैं।

व्याकरण और कोष संबंधी भी अनेक ग्रंथ इस काल में बने। चन्द्रगोमिन नाम के एक बौद्ध पंडित ने चांद्र व्याकरण लिखा। पाणिनि के व्याकरण में वैदिक प्रयोगों की भी सिद्धियाँ थीं। इसमें उन्हें निकाल दिया गया। इस व्याकरण की पद्धति पाणिनि से भिन्न है। बौद्धों में इसका बहुत प्रचार हुआ। महायान संप्रदाय के सभी ग्रंथ संस्कृत में लिखे गये थे। गांधार और उत्तर-पश्चिमी प्रदेशों में बौद्धों की भाषा संस्कृत ही थी। वे इस चांद्र व्याकरण का अध्ययन करते थे। संस्कृत का मूल चांद्र व्याकरण अब नहीं मिलता। पर तिब्बती भाषा में उसका जो अनुवाद हुआ था, वह पिछले दिनों में विद्वानों के सम्मुख उपस्थित हुआ है। प्रसिद्ध कोषकार अमरसिंह भी इसी काल में हुआ। वह बौद्ध धर्म का अनुयायी था। उसका लिखा हुआ अमरकोष संस्कृत के विद्यार्थियों में बहुत लोकप्रिय है। अमरसिंह की गणना भी चंद्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य की राजसभा के नवरत्नों में की जाती है।

स्मृति-ग्रंथों में मनुस्मृति, विष्णुस्मृति और याज्ञवल्क्य का निर्माण गुप्त काल से पहले हो चुका था। अब नारद, कात्यायनस्मृति और बृहस्पतिस्मृति का निर्माण हुआ। नीति ग्रंथों में कामंदक नीतिसार इसी काल की रचना है।

गणित, ज्योतिष आदि विज्ञानों की भी इस काल में बहुत उन्नति हुई। आर्यभट्ट और वराहमिहिर जैसे प्रसिद्ध गणितज्ञ और ज्योतिषी इसी युग मे हुए थे। वराहमिहिर की गणना भी चंद्रगुप्त द्वितीय के नवरत्नों में की गई है। गणित शास्त्र में दशमलव का सिद्धांत बड़े महत्त्व का है। गुप्त काल तक यह सिद्धांत भारत में विकसित हो चुका था। रोमन लोग इससे सर्वथा अपरिचित थे। यूरोप के लोगों को ग्यारहवीं सदी तक इसका ज्ञान नहीं था। यही कारण है, कि गणित की वहाँ अधिक उन्नति नहीं हो सकी। अरब लोग पहले-पहल इस सिद्धांत को यूरोप में ले गये। पर अरबों ने इसे भारत से सीखा था। इब्न वाशिया (नवीं सदी), अलमसूदी (दसवीं सदी) और अलबरूनी (ग्यारहवीं सदी) जैसे अरब लेखकों ने यह स्पष्ट स्वीकार किया है, कि दशमलव का सिद्धांत हिंदुओं ने आविष्कृत किया था, और अरबों ने इसे उन्हीं से सीखा था। आर्यभट्ट के ग्रंथ आर्यभट्टीयम् में इसका स्पष्टतया उल्लेख है। यह ग्रंथ गुप्त काल में पाँचवीं सदी में लिखा गया था। पर भारतीय लोग पाँचवीं सदी से पहले इस सिद्धांत से परिचित थे। पेशावर के समीप बक्शाली नाम के गाँव में एक बहुत पुराना हस्तलिखित ग्रंथ मिला है। यह ग्रंथ गणित विषय पर है। इसकी भाषा के आधार पर यह निश्चित किया गया है, कि यह ग्रंथ चौथी सदी का है। इसमें न केवल दशमलव के सिद्धांत का स्पष्टरूप से प्रतिपादन है, अपितु गणित के कई उच्च सूत्रों का उल्लेख [illegible]

गणित विज्ञान अच्छी उन्नति कर चुका था। आर्यभट्ट का
य आर्यभट्टीयम् भी गणित के सबंध में उस युग के ज्ञान को
लीभाँति प्रकट करता है। यह ग्रंथ खास पाटलीपुत्र में लिखा
या था, और इसमें अंकगणित, अलजबरा और ज्योमेट्री, सब
; अनेक सिद्धांतों व सूत्रों का प्रतिपादन किया गया है।

ज्योतिष विषय पर पहला ग्रंथ इस युग में वैशिष्ठ सिद्धांत
रचा गया। इसका काल ३०० ईस्वी माना जाता है। इससे
हले भारत में एक साल में ३६६ दिन माने जाते थे। पर
शिष्ठ सिद्धांत में यह प्रतिपादन किया गया है, कि एक साल
ं ३६६ दिन न होकर ३६५-२५१ दिन होते हैं। गुप्त काल में
इनगणना के विषय में भारतीय लोग सत्य के बहुत समीप
क पहुंच गये थे। ३८० ईस्वी में पौलिश सिद्धांत लिखा गया।
इसमें सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण के नियमों का भलीभाँति प्रति-
पादन किया गया है। पौलिश सिद्धांत के कुछ वर्षों बाद ४०० ई०
में रोमक सिद्धांत लिखा गया। संभवतः, यह रोमन लोगों के
ज्योतिष ज्ञान के आधार पर लिखा गया था। भारत और रोम
का उस समय घनिष्ट संबंध था। इस ग्रंथ में २८५० वर्ष का
एक युग माना गया है। यह ग्रीक और रोमन ज्योतिष के अनु
सार ही है। आचार्य वराहमिहिर ने ज्योतिष के संबंध में जो
ग्रंथ लिखे, उनके नाम ये हैं:— पञ्च सिद्धांतिका, बृहज्जातक,
बृहत्संहिता और लघुजातक। इनमें से पिछले दो का अनुवाद
अलबरूनी ने अरबी भाषा में किया था। वराहमिहिर की
पुस्तकों में फलित ज्योतिष का बड़े विस्तार से प्रतिपादन किया
गया है।

पर गुप्त काल के वैज्ञानिकों में सबसे बड़ा आर्यभट्ट था। इस
विख्यात ज्योतिषी का जन्म पांचवीं सदी में पाटलीपुत्र में हुआ
था। जब उसकी आयु केवल २३ वर्ष की थी, तभी उसने अपने

सिद्धांत गुरु' समझा जाता था। उसने पौलिश और रोमक ग्रंथों की व्याख्या बड़े सुन्दर रूप से की थी।

इसी काल का ज्योतिष सम्बन्धी एक और ग्रंथ बहुत प्रसिद्ध इसका नाम है सूर्यसिद्धांत। इसके लेखक का नाम ज्ञात है। भारतीय ज्योतिषी इसे बड़े आदर की दृष्टि से देखते और इसमें संदेह नहीं, कि इसकी रचना भी गुप्त काल में हुई थी।

भारत के प्राचीन विद्वान् विदेशियों से विद्याग्रहण में कोई संकोच नहीं करते थे। अलेग्जेंड्रिया में ग्रीक पण्डितों द्वारा ज्योतिष की जो उन्नति हो रही थी, गुप्त काल के भारतीय ज्योतिषी उससे भली-भाँति परिचित थे। वे उनकी विद्या का आदर भी भली-भाँति करते थे। यही कारण है कि वराह मिहिर ने लिखा है, कि यद्यपि यवन (ग्रीक) लोग म्लेच्छ हैं, पर वे ज्योतिष विद्या में बड़े प्रवीण हैं, अतः उन्हें ऋषियों के समान ही आदर देना चाहिये। भारतीय पण्डितों की इसी प्रवृत्ति का परिणाम था, कि जहाँ उन्होंने स्वयं खोज और चिंतन द्वारा ज्योतिष के अनेक सिद्धान्तों का आविष्कार किया, वहाँ उन्होंने ग्रीक लोगों से भी बहुत कुछ सीखा। अनेक आधुनिक विद्वानों की दृष्टि में भारतीय ज्योतिष के केंद्र, हारिज, लिप्त आदि अनेक शब्द ग्रीक भाषा से लिये गये हैं। रोमक सिद्धांत [illegible] से भारतीय ज्योतिष पर पाश्चात्य प्रभाव स्पष्ट दृष्टि-
पारिभाषिक शब्द प्राचीन
[illegible] हाँ, तो इसमें आश्चर्य

चरक और सुश्रुत की रचना गुप्त काल से पहले ही हो चुकी थी। पर छठी सदी के शुरू में प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य वाग्भट्ट ने अष्टांग संग्रह की रचना की। यह आयुर्वेद का प्रसिद्ध ग्रंथ है और इससे सूचित होता है, कि चरक और सुश्रुत ने जिस चिकित्सा प्रणाली का प्रारंभ किया था, वह इस काल में निरंतर उन्नति करती रही। प्राचीन साहित्यिक अनुश्रुति के अनुसार चंद्रगुप्त द्वितीय की राजसभा में विद्यमान नवरत्नों में धन्वन्तरि भी एक था। धन्वन्तरि आयुर्वेद का मुख्य आचार्य माना जाता है, और वैद्य लोग उसे अपने विज्ञान का देवता सा मानते हैं। यह कहना बहुत कठिन है, कि आयुर्वेद का यह प्रथम प्रधान आचार्य गुप्त काल में हुआ। सम्भवतः इस नाम का कोई अन्य वैद्य चंद्रगुप्त द्वितीय के नवरत्नों में होगा, पर उसका लिखा कोई ग्रंथ इस समय उपलब्ध नहीं होता है। गुप्त काल की एक अन्य चिकित्सासंबंधी पुस्तिका पूर्वी तुर्किस्तान में मिली है। इसका नाम 'नावनीतकम्' है। इसे श्रीयुत बावर ने सन् १८६० में तुर्किस्तान के पुराने खंडहरों में से प्राप्त किया था। यह छोटा सा ग्रंथ चरक, सुश्रुत, हारीत, जातुकर्ण, क्षारपाणि और पाराशर संहिता आदि के आधार पर लिखा गया है। इनमें से अनेक ग्रंथ इस समय उपलब्ध नहीं होते, पर नावनीतकम् में उनके आधार पर जो नुसखे (प्रयोग) लिखे हैं, वे भारत से बाहर तुर्किस्तान में मिल गये हैं।

हस्त्युपवेद नाम से भी एक ग्रंथ गुप्त काल में लिखा गया था। इसका रचयिता पालकाप्य नाम का एक पशुचिकित्सक था। यह एक विशाल ग्रंथ है, जिसमें १६० अध्याय हैं। हाथियों के रोग, उनके निदान और चिकित्सा का इसमें विस्तृत वर्णन है। प्राचीन भारत की सैन्यशक्ति में हाथियों का बड़ा महत्त्व

था। अतः उनकी चिकित्सा के संबंध में इतने ज्ञान का विकास हो जाना बिलकुल स्वाभाविक बात थी।

रसायन विज्ञान में भी गुप्त काल में बहुत उन्नति हुई। दुर्भाग्यवश, रसायन विद्या के इस काल के कोई भी ग्रंथ उपलब्ध नहीं होते। पर इस विद्या ने गुप्त काल में किस हद तक उन्नति कर ली थी, इसका जीता जागता प्रत्यक्ष उदाहरण दिल्ली के समीप महरौली में प्राप्त लौह स्तंभ है। यह स्तंभ २४ फ़ीट ऊंचा और १८० मन के लगभग भारी है। इतना भारी और बड़ा लौह स्तंभ किस प्रकार तैयार किया गया, यह एक भारी समस्या है। लोहे को गरम करके चोट देकर इतना विशाल स्तंभ कभी भी तैयार नहीं किया जा सकता, क्योंकि गरम करने से जो आंच पैदा होगी, उसके कारण इतनी दूर तक कोई आदमी खड़ा नहीं हो सकेगा, कि चोट देकर उसे एक निश्चित आकृति का बनाया जा सके। दूसरा तरीक़ा यह हो सकता है, कि इस लाट को ढाल कर बनाया जावे। यदि गुप्त काल के भारतीय शिल्पी इतनी बड़ी लोहे की लाट को ढाल सकते थे, तो निस्संदेह वे धातु विज्ञान और शिल्प व्यवसाय में बहुत ही अधिक उन्नति कर चुके थे। इस लौह स्तंभ में एक आश्चर्य की बात यह है, कि १६०० वर्ष के लगभग बीत जाने पर भी इस पर जंग का नाम निशान नहीं है। यह स्तंभ इतने दीर्घ काल से वर्षा, आँधी, गरमी, सरदी सब सहता रहा है, पर पानी या ऋतु का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। लोहे को किस प्रकार ऐसा बनाया गया, कि इस पर जंग भी न लगे, यह एक ऐसा रहस्य है, जिसे वर्तमान वैज्ञानिक भी नहीं समझ सके हैं। विज्ञान ने गुप्त काल में कैसी उन्नति की थी, इसका यह ज्वलंत उदाहरण है।

वराहमिहिर कृत बृहत्संहिता में गणित और ज्योतिष के

लेखक ईश्वरकृष्ण है। सांख्य दर्शन तो मौर्योत्तर युग में बन चुका था, पर इस गुप्त काल में वह और विकसित हुआ, और ईश्वरकृष्ण ने सांख्यकारिका में उसे एक अत्यंत सुन्दर रूप दे दिया। योगसूत्रों पर भी इस युग में व्यासभाष्य लिखा गया यह माना जाता है, कि योग सूत्रों का रचयिता महर्षि पतंजलि था, पर उनकी विशद रूप से व्याख्या आचार्य व्यास ने की। योग के इस व्यासभाष्य का रचनाकाल तीसरी सदी के अन्त में माना गया है।

न्यायसूत्रों पर भी इस युग में वात्स्यायन भाष्य लिखा गया। इस भाष्य में बौद्धों के माध्यमिक संप्रदाय योगाचार संप्रदाय के विविध मंतव्यों का खंडन किया गया है। बौद्धों के इन संप्रदायों का विकास गुप्तकाल से पहले हो चुका था, अतः यह स्पष्ट है, कि इनके मंतव्यों का खंडन करने वाला यह वात्स्यायनभाष्य गुप्त काल की ही कृति है। वैशेषिक दर्शन के पुराने सूत्र की विशद व्याख्या करने के लिये आचार्य प्रशस्तपाद ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण ग्रंथ इसी युग में लिखा। यह पदार्थ धर्म संग्रह ग्रंथ वैशेषिक दर्शन का एक अत्यंत उपयोगी ग्रंथ है।

बौद्धों के भी दार्शनिक साहित्य का इस युग में बहुत विकास हुआ। कनिष्क के समय में बौद्ध धर्म दो प्रमुख संप्रदायों में विभक्त हो गया था, महायान और हीनयान। महायान का प्रचार मुख्यतया गांधार, कंबोज और उत्तर के अन्य प्रदेशों में हुआ। हीनयान का केन्द्र लंका था। बरमा, सियाम, कंबोडिया और पूर्वी एशिया के अन्य प्रदेशों में भी इसी का प्रचार हुआ। महायान और हीनयान, दोनों में इस समय में बहुत से दार्शनिक विचारों का विकास हो रहा था। प्राचीन वैदिक और पौराणिक धर्म के पुनरुत्थान के कारण विविध धार्मिक विचारों में जो संघर्ष प्रारंभ हुआ था, उसने दार्शनिक विचारों के

विकास में बहुत सहायता दी। इस युग में बौद्धों और सनातन धर्मों के विद्वानों में प्रायः शास्त्रार्थ हुआ करते थे। दोनों दल के विद्वान् पंडित अपने-अपने मंतव्यों की तर्क और युक्ति से पुष्टि करने में तत्पर थे। इसीलिये इस काल में दार्शनिक साहित्य खूब उन्नत हुआ।

पाँचवीं सदी के प्रारंभ में बुद्धघोष नाम का एक बड़ा विद्वान् हुआ। वह मगध का रहने वाला था। वैदिक धर्म का परित्याग कर इस पंडित ने बौद्ध धर्म स्वीकार किया और लंका में अनुराधपुर के विहार को अपना कार्यक्षेत्र निश्चित किया। इसकी कृतियों में सबसे प्रसिद्ध विसुद्धिमग्ग (विशुद्धिमार्ग) है, जिसमें यह प्रतिपादित किया गया है, कि शील, समाधि और प्रज्ञा से मनुष्य किस प्रकार निर्वाणपद को प्राप्त कर सकता है। त्रिपिटकों पर भी बुद्धघोष ने भाष्य लिखे। हीनयान संप्रदाय की उन्नति में बुद्धघोष का बड़ा हाथ है। उसके कुछ समय बाद बुद्धदत्त नाम के मागध पंडित ने लंका जाकर अभिधम्मावतार, रूपारूप विभाग और विनय विनिश्चय नाम के ग्रंथ लिखे। हीनयान के धार्मिक व दार्शनिक साहित्य में इन दो मागध पंडितों के ग्रंथों का बहुत ऊँचा स्थान है।

गुप्त काल में काश्मीर, गांधार और कांबोज में भी हीनयान धर्म का प्रचार हुआ। लंका के अनेक बौद्ध भिक्खु इस युग में, भारत आये, और उन्होंने अपने सिद्धान्तों का यहाँ प्रचार किया। उत्तर-पश्चिमी भारत में वसुबंधु नाम का प्रकांड बौद्ध पंडित इसी युग में हुआ, जिसके लिखे ग्रंथ अभिधर्मकोश में बौद्ध धर्म के मौलिक सिद्धांतों को इतने सुन्दर रूप में प्रतिपादित किया गया है, कि बौद्धों के सभी संप्रदाय उसे प्रामाणिक रूप से स्वीकार करते हैं। पर उत्तर-पश्चिमी भारत में

मुख्य

संप्रदाय थे, माध्यमिक और योगाचार। माध्यमिक संप्रदाय का प्रवर्तक नागार्जुन था। उसका प्रमुख शिष्य आर्यदेव था, जिसने तीसरी सदी में चतुःशतक नामक प्रसिद्ध दार्शनिक ग्रंथ लिखा। महायान संप्रदाय के दो अन्य प्रसिद्ध ग्रंथ वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता और प्रज्ञापारमिता हृदयसूत्र भी इसी सदी में लिखे गये। योगाचार संप्रदाय का प्रवर्तक मैत्रेयनाथ दूसरी सदी के अंत में हुआ था। पर इस संप्रदाय के दार्शनिक विचारों का विकास गुप्तकाल में ही हुआ। योगाचार संप्रदाय के विकास में आचार्य असंग का बड़ा हाथ है। बुद्धघोष के समान यह भी पहले वैदिक धर्म का अनुयायी था, पर बाद में बौद्ध हो गया था। इसने तीसरी सदी के अंत में महायान संपरिग्रह, योगाचार भूमिशास्त्र और महायान सूत्रालंकार नाम के प्रसिद्ध ग्रंथ लिखे। असंग प्रकांड पंडित था। भारतीय दर्शनशास्त्र का उसे बहुत उत्तम ज्ञान था। बौद्धों में दार्शनिक विचारों के विकास का बहुत कुछ श्रेय असंग और उसके भाई वसुबंधु को है। वसुबंधु ने जहां अभिधर्मकोश लिखा, जो सब बौद्धों को समानरूप से मान्य था, वहाँ अनेक दार्शनिक ग्रंथों की भी रचना की। विज्ञानवाद का यही बड़ा प्रवक्ता हुआ। इस बौद्ध दर्शन के अनुसार संसार मिथ्या है। सत्य सत्ता केवल 'विज्ञान' है। अन्य सब पदार्थ शशशृङ्ग व वन्ध्यापुत्र के समान मिथ्या हैं। जलती हुई लकड़ी को घुमाने से जैसे आग का चक्कर सा नजर आता है, पर वस्तुत: उसकी कोई सत्ता नहीं होती, ऐसे ही संसार में जो कुछ दृष्टिगोचर हो रहा है, उसकी वस्तुत: कोई सत्ता नहीं है। यह विचारधारा वेदांत के अद्वैतवाद से बहुत कुछ मिलती-जुलती है। वसुबंधु ने विंशतिका और त्रिंशतिका ग्रंथों में इसी विज्ञानवाद का सुचारु रूप से प्रतिपादन किया है। उसने अपने अन्य ग्रंथों में सांख्य, योग, वैशे-

षिक और मीमांसा दर्शनों के सिद्धांतों का भी खडन किया है असंग और वसुबंधु बड़े भारी पंडित थे, और बौद्ध दर्शन विकास में उनका बहुत बड़ा भाग है। बौद्धों के पृथक् तर्कशा का प्रारंभ भी वसुबंधु द्वारा ही हुआ, पर बौद्ध तर्कशास्त्र विकास का प्रधान श्रेय आचार्य दिङ्नाग को है। दिङ्नाग गु काल में चौथी सदी के अंत में हुआ था। उसने न्याय और तर्कशास्त्र पर बहुत सी पुस्तकें लिखीं। दुर्भाग्यवश ये इस सम उपलब्ध नहीं होतीं, यद्यपि उनके अनेक उद्धरण उद्योतकर और कुमारिलभट्ट सदृश सनातनधर्मी पंडितों ने अपने ग्रंथों में दिये हैं। दिङ्नाग की एक पुस्तक न्यायमुख चीनी और तिब्बती भाषाओं में मिली है। पर संस्कृत में अभी तक उसका कोई ग्रंथ नहीं मिला। दिङ्नाग का शिष्य शंकराचार्य था, जिसने न्यायप्रवेश नामक पुस्तक पाँचवीं सदी के शुरू में लिखी। यह इस समय संस्कृत में उपलब्ध है।

जैन धर्म के भी अनेक उत्कृष्ट दार्शनिक ग्रंथ इस युग में लिखे गये। पुराने जैन धर्मग्रंथों पर अनेक भाष्य इस समय लिखे गये, जिन्हें निर्युक्ति और चूर्णि कहते हैं। इस समय के जैन भाष्यकारों में भद्रबाहु द्वितीय का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उसने बहुत से प्राचीन ग्रंथों पर निर्युक्त लिख कर न केवल उनके आशय को अधिक स्पष्ट किया, अपितु तीन रीति में दार्शनिक विचारों को भी प्रगट किया। जैनों के प्राचीन ग्रंथ प्राकृत भाषा में थे। पर गुप्तकाल में संस्कृत का पुनरुत्थान हुआ था। पौराणिक धर्म के लेखकों ने तो इस युग संस्कृत में अपने सब ग्रंथ लिखे ही थे, पर बौद्ध धर्म में भी महायान संप्रदाय के ग्रंथ संस्कृत में ही लिखे गये। इस युग में जैनों ने भी संस्कृत में अपनी पुस्तकों का लिखना शुरू हुआ।

स्वाति ने अपना प्रसिद्ध ग्रंथ तत्त्वार्थाधिगमसूत्र
र ने अपना न्यायावतार संस्कृत में ही लिखा।

(३) धार्मिक दशा

र युग में प्राचीन वैदिक धर्म के पुनरुद्धार की जो
भ हुई थी, गुप्तकाल में उसने और भी जोर पकड़ा।
गुप्त सम्राट् भागवत वैष्णव धर्म के अनुयायी थे।
वादप्रधान वैष्णव धर्म को मानते हुए भी उन्होंने
क परंपरा के अनुसार अश्वमेध यज्ञ किये। महा-
स्मृति और मीमांसासूत्रों में यज्ञों की उपयोगिता पर
दिया गया है। इस काल के आर्य पंडित वैदिक धर्म
चार करने में व्यापृत थे। यही कारण है, कि यज्ञों
इस युग में फिर से शुरू हो गई थी। न केवल
ों ने, अपितु इस युग के अन्य अनेक राजाओं ने भी
यज्ञ का अनुष्ठान किया था। दक्षिणी भारत में
वंश के राजा विजयदेव वर्मन और त्रैकूटक वंश के
सेन ने इसी काल में अश्वमेध यज्ञ किये। केवल
नहीं, अग्निष्टोम, वाजपेय, वाजसनेय, बृहस्पति-
प्राचीन वैदिक यज्ञों के अनुष्ठान का भी इस युग में
ता है। इन यज्ञों के अवसर पर जो यूप बनाये गये
े भी अनेकों के अवशेष वर्तमान समय में उपलब्ध
केवल बड़े-बड़े सम्राट्, अपितु विविध सामंत राजा
में विविध यज्ञों के अनुष्ठान में तत्पर थे। बौद्ध
ल होने के समय में इन यज्ञों की परिपाटी बहुत कुछ
ई थी। यही कारण है, कि शैशुनाक, नन्द और
ओं ने इन प्राचीन यज्ञों का अनुष्ठान नहीं किया
से कोई लाभ नहीं है, यह विचार उस समय प्रबल

हो गया था। पर वैदिक धर्म के पुनरुत्थान के इस युग में का यह परिपाटी फिर प्रारंभ हुई। यज्ञों को निमित्त बनाकर मनुष्य दीन, अनाथ, आतुर और दुखी लोगों की बहुत सहायता कर सकता है, यह विचार इस समय बहुत जोर पकड़ गया था। संभवतः, इसीलिये समुद्रगुप्त ने लिखा था, कि पृथिवी का जय करने वाले अब वह अपने सुकर्मों से स्वर्ग की विजय करने तत्पर है।

पुराने वैदिक धर्म में परिवर्तन होकर जिन नये पौराणि

[illegible]

थे। उनके संरक्षण के कारण इस धर्म की बहुत उन्नति हुई इस युग में बहुत से वैष्णव मंदिरों का निर्माण हुआ। अने शिलालेखों में भक्त धर्मप्राण लोगों द्वारा बनवाये गये विष्णु मंदिरों और विष्णुध्वजों का उल्लेख है। विष्णु के दस अव तारों में से वराह और कृष्ण का पूजा इस समय अधिक प्रच लित थी। अनुश्रुति के अनुसार वराह ने प्रलय के समय नष्ट होती पृथिवी का उद्धार किया था। दस्युओं और म्लेच्छों के आक्रमणों से भारतभूमि में जो एक प्रकार का प्रलय सा उप- स्थित हो गया था, उसका निराकरण करने वाले सम्राटों के इस शासनकाल में यदि भगवान के वराहावतार की विशेष रूप से पूजा हो, तो इसमें आश्चर्य ही क्या है। राम को भग- वान विष्णु का अवतार मानकर पूजा करने की प्रवृत्ति इस समय तक प्रचलित नहीं हुई थी। कृष्ण की पूजा का उल्लेख इस युग में बहुत से शिलालेखों में पाया जाता है। पर राम की पूजा के संबंध में ऐसा कोई निर्देश इस युग के अवशेषों में उपलब्ध नहीं [illegible] पर राम के परम पावन चरित्र के कारण

में भगवान् के अंश का विचार इस समय में विकसित होना भ हो गया था। कालीदास ने इस का निर्देश किया है। राम की पूजा भारत में छठी सदी के बाद शुरू हुई।

गुप्त काल में बहुत से शिव मंदिरों का भी निर्माण हुआ। । सम्राटों के शिलालेखों में दो अमात्यों का उल्लेख आता जो शैव धर्म के अनुयायी थे। इनके नाम शाव और शेषेण हैं। इन्होंने अपने नाम को अमर करने के लिये व के मंदिरों का निर्माण कराया। गुप्तों के पहले के भार-व और वाकाटक राजा शैव धर्म के अनुयायी थे। गुप्त त में भी वाकाटक, मैत्रक, कदम्ब और परिव्राजक वंशों के जा मुख्यतया शैव धर्म का अनुसरण करते थे। हूणराजा हिरगुल ने भी शैव धर्म ग्रहण किया था। इस प्रकार यह स्पष्ट कि वैष्णव धर्म के साथ-साथ शैव धर्म भी गुप्त काल में फी प्रचलित था। शैव मंदिरों में जहाँ शिवलिंग की स्थापना जाती थी, वहाँ जटाजूटधारी, सर्प, गंगा और चंद्रमा से क शिव की मानवी मूर्ति को भी प्रतिष्ठापित किया जाता था। व राजाओं के सिक्कों पर प्राय त्रिशूल और नदी के चित्र कित रहते हैं।

मौर्योत्तर काल मे सूर्य के भी मंदिरो की स्थापना शुरू ई थी। ऐसा पहला मंदिर संभवत मुलतान में बना था। र गुप्त काल में मालवा, ग्वालियर, इन्दौर और बघेलखंड ी सूर्य मंदिरों का निर्माण हुआ था। इससे सूचित होता है, क विष्णु पूजा भी इस युग में अधिकाधिक लोकप्रिय होती ा रही थी।

सनातन, वैदिक धर्म के पुनरुद्धार से बौद्ध और जैन धर्मों ा जोर कुछ कम अवश्य हो गया था, पर अभी भारत में नका काफी प्रचार था। काश्मीर, पजाब और अफ़गानिस्तान

के प्रदेशों में प्रायः सभी लोग बौद्ध धर्म के अनुयायी थे। जब चीनी यात्री फाइयान भारत में यात्रा के लिये आया, तो उसने देखा कि इन प्रदेशों में हजारों बौद्ध विहार विद्यमान थे, जिनमें लाखों की संख्या में भिक्खु लोग निवास करते थे। वर्तमान संयुक्त प्रांत, बिहार, बंगाल और मध्यभारत में भी बौद्ध धर्म बहुत समृद्ध दशा में था। फाइयान के अनुसार कपिलवस्तु, श्रावस्ती, वैशाली, सदृश पुरानी नगरियाँ अब बहुत कुछ क्षीण दशा में थीं। पर इसका कारण बौद्ध धर्म का ह्रास नहीं था। भारत के राजनीतिक जीवन में पुराने गण-राज्यों और जनपदों का स्थान अब शक्तिशाली मागध साम्राज्य ने ले लिया था। अब भारत की वैभवशाली नगरियाँ पाटली-पुत्र, पुष्पपुर और उज्जैनी थीं। पर मथुरा, कौशाम्बी, कसिया (कुसी नगर) और सारनाथ में अब भी बौद्ध विहार बड़ी समृद्ध दशा में विद्यमान थे। अजन्ता, एल्लोरा, कन्हेरी, जुन्नार आदि के गुहामंदिरों में अब भी बौद्ध भिक्खु हजारों की संख्या में रहते थे। खास मगध में ही, नालन्दा के प्रसिद्ध बौद्ध विहार के अनुपम गौरव का प्रारंभ गुप्त काल में ही हुआ था। इस युग में आन्ध्रदेश बौद्ध धर्म का बहुत महत्वपूर्ण केन्द्र था। उसे आचार्य नागार्जुन ने अपना प्रधान कार्यक्षेत्र चुना था, और शिष्य परंपरा के प्रयत्नों के कारण वह प्रदेश बौद्ध धर्म का गढ़ सा बन गया था। नागार्जुनी कोण्ड नाम का बड़ा बौद्ध विहार वहाँ विद्यमान था, जिसमें हजारों की संख्या में भिक्खु लोग निवास करते थे। इस वैभवपूर्ण विहार के भग्नावशेष अब तक भी विद्यमान हैं। काञ्ची और वल्लभी में भी बड़े-बड़े विहार इस काल में विद्यमान थे, जो बौद्ध दर्शन, धर्म और शिक्षा के बड़े केन्द्र माने जाते थे। इनमें भिक्खुओं के भोजन वस्त्र आदि सब जनता की तरफ से दिये जाते थे।

ा और प्रजा, सब इनकी सहायता के लिये उदारता के साथ
देते थे। वैष्णव और शैव धर्मों के प्रचार के बावजूद
गुप्तकाल में बौद्ध धर्म पर्याप्त उन्नत और विस्तीर्ण था।

जैन धर्म के इतिहास में भी गुप्त काल का बहुत महत्व है।
समय तक जैनों में दो मुख्य सम्प्रदाय हो चुके थे, दिगंबर
र श्वेतांबर। श्वेतांबर सम्प्रदाय की दो प्रसिद्ध महासभायें
त काल में ही हुईं। पहली महासभा वल्लभी में ३१३ ईस्वी
हुई थी। इसके अध्यक्ष आचार्य नागार्जुन (जैन नागार्जुन,
द्ध नागार्जुन नहीं) थे। दूसरी महासभा भी वल्लभी में ही
३ ईस्वी में आचार्य क्षमाश्रमण के सभापतित्व में की गई।
महासभाओं में यह निश्चय किया गया, कि जैन धर्म के
न्य ग्रंथों के शुद्ध पाठ कौन से हैं, और जैनों के कौन से
द्धांत प्रामाणिक हैं। श्वेतांबर सम्प्रदाय मुख्यतया पश्चिमी
रत में प्रचलित था। वल्लभी और मथुरा इसके सर्वप्रधान
न्द्र थे। दिगंबर सम्प्रदाय का प्रचार प्रधानतया पूर्वी भारत में
, और बंगाल की पुण्ड्रवर्धन नगरी इस काल में उनका
न्द्र थी। दक्षिणी भारत में भी दिगंबर सम्प्रदाय का ही
चार था। मैसूर और कर्नाटक के निवासी प्रायः जैन धर्म
ही अनुयायी थे। सुदूर दक्षिण में तामिल लोगों में
ी इस समय तक जैन धर्म काफी फैल चुका था। पल्लव और
ांड्य वंशों के अनेक राजाओं ने भी जैनधर्म को स्वीकार
किया था। तामिल भाषा में जैन धर्म की बहुत सी पुस्तकें इस
ाल में लिखी गईं। तामिल संस्कृति का सर्वप्रधान केन्द्र मदुरा
ा। वहाँ के 'संगमों' में तामिल काव्य और साहित्य का बहुत
त्तम विकास हुआ था। ४७० ईस्वी में जैन लोगों ने मदुरा में
क विशेष 'संगम' का आयोजन किया। इसका अध्यक्ष
आचार्य वज्रनंदी था। जैनधर्म के तामिल ग्रंथों के निर्माण में

इस सम्राट ने सहस्र का दान दिया। ... ... पांडित को पाटलिकापुरा में जैनों का एक प्रसिद्ध मंदिर था, जहाँ मुनि सर्वनंदी ने ४५८ ईस्वी में लोकविभाग नाम के प्रसिद्ध ग्रंथ की रचना की थी। जैनदर्शन का भी विकास गुप्त काल में हुआ। आचार्य सिद्धसेन ने न्यायवार्ता की रचना कर उस तर्कप्रणाली का प्रारम्भ किया, जिसके कारण आगे चलकर जैन पंडित दर्शन और न्याय में अन्य संप्रदायों के समकक्ष हो गये।

इस प्रकार यह स्पष्ट है, कि गुप्त काल में पौराणिक आर्य धर्म, बौद्ध धर्म, और जैन धर्म साथ-साथ भारत में फल-फूल रहे थे। तीन मुख्य धर्मों और उनके पहुत से संप्रदायों व मतमता-तरों के एक साथ रहते हुए भी इस काल में साम्प्रदायिक विद्वेष का अभाव था। सब मतों के आचार्य व पंडित आपस में, शास्त्रार्थों में व्यापृत थे। अपने मठों में वे जहाँ एक दूसरे का युक्ति व तर्क से खंडन करते थे, वहां पंडित मंडलियों और जनसाधारण के समक्ष भी उनमें शास्त्रार्थ व वादविवाद होते रहते थे। पर इनके कारण जनता में धार्मिक विद्वेष उत्पन्न नहीं होता था। इस काल के राजा धर्म के मामले में सहिष्णु थे। सम्राट् समुद्रगुप्त परम भागवत थे, वे वैष्णवधर्म के अनुयायी थे। पर उन्होंने अपने राजकुमारों की शिक्षा के लिये आचार्य वसुबंधु को नियत किया था, जो अपने समय का प्रख्यात बौद्ध विद्वान् था। एक ही परिवार में भिन्न-भिन्न व्यक्ति भिन्न भिन्न धर्म के अनुयायी हो सकते थे। राजा शान्तमूल स्वयं वैदिक धर्म का माननेवाला था, पर उसकी बहन, लड़कियाँ और पुत्रवधुएं बौद्ध धर्म को मानती थीं। गुप्त वंश में ही कई सम्राट् बौ... ... नरसिंहगुप्त और बुधगुप्त धर्म दृष्टि ... कुमारगुप्त प्रथम का बड़ा लड़का ... स्कंदगुप्त परम भागवत

था। वह इस युग की धार्मिक सहिष्णुता का ज्वलन्त उदाहरण है। दान के अवसर पर राजा लोग सब संप्रदायों को दृष्टि में

कर्मचारियों को नियुक्त करते समय भी धर्मभेद को कोई महत्त्व नहीं दिया जाता था। वैष्णव गुप्त सम्राटों के कितने ही उच्च राजकर्मचारी बौद्ध थे। ये बौद्ध कर्मचारी अपने धर्म का स्वतंत्रता के साथ अनुसरण करते थे, और अपनी श्रद्धानुसार बौद्ध विहारों और चैत्यों को सहायता देते थे।

सनातन पौराणिक धर्म के विविध सम्प्रदायों में भी इसी प्रकार सौमनस्य की भावना विद्यमान थी। प्राचीन आर्य धर्म के इतिहास में यह युग समन्वय का था। शिव, विष्णु, सूर्य, दुर्गा आदि देवी देवता एक ही भगवान के विविध रूप हैं, यह स्मार्त भावना इस काल में प्रारंभ हो गई थी। साधारण आर्य गृहस्थ सब मंदिरों को, सब देवी-देवताओं को और सब धर्माचार्यों को सम्मान की दृष्टि से देखता था।

पर बौद्ध और जैन धर्म, सनातन पौराणिक धर्म से इस युग में पृथक् होते जा रहे थे। मौर्योत्तर काल में बौद्ध भिक्खुओं और जैन मुनियों के प्रति श्रद्धा की जो भावना सर्वसाधारण भारतीय जनता में थी, वह अब क्षीण हो रही थी। इसका कारण यह है, कि पौराणिक धर्म के पुनरुत्थान के युग में जो प्रबल धार्मिक आंदोलन शुरू हुए थे, उन्होंने जनता में बौद्धों और जैनों के प्रति विरोध की भावना को बहुत कुछ प्रज्वलित कर दिया था। पुष्यमित्र शुंग ने बौद्धों पर जो अत्याचार किये, वे इसी भावना के परिणाम थे। अब समय के साथ-

साथ विधर्मियों का वह विरोध मंद पड़ गया था, पर वे लोग पौराणिक हिंदुओं से पृथक् हैं, यह अनुमति जनता में भली भाँति उद्बुद्ध हो गई थी

बीसवाँ अध्याय

गुप्त साम्राज्य की शासन-व्यवस्था

(१) साम्राज्य का स्वरूप

मौर्यवंश के शासनकाल के संबंध में जैसा परिचय कौटलीय अर्थशास्त्र से मिलता है, वैसा परिचय गुप्तों के शासन के संबंध में किसी ग्रंथ से नहीं मिलता। मैगस्थनीज जैसा विदेशी यात्री भी इस काल में कोई नहीं आया। चीनी यात्री फाइयान पाँचवीं सदी के शुरू में भारतयात्रा के लिये आया था। वह पाटलीपुत्र में भी रहा। उसके भ्रमणकाल में चंद्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य का शासन था। भारत के बहुत बड़े प्रदेश में उसका साम्राज्य विस्तृत था। फाइयान पेशावर से बंगाल की खाड़ी तक सर्वत्र गया, पर उसे राज्य, शासन, आर्थिक दशा आदि बातों से कोई दिलचस्पी नहीं थी। वह बौद्ध भिक्षु था, बौद्ध धर्म के तीर्थस्थानों के दर्शन तथा धार्मिक ग्रंथों के अनुशीलन के लिये ही वह इस देश में आया था। उसने भारत के प्रतापी सम्राट् तक का नाम अपने यात्रा-विवरण में नहीं लिखा। इसीलिये उसके विवरण से हमें गुप्त साम्राज्य के शासन का कुछ भी परिचय नहीं मिलता। पर फाइयान के निम्नलिखित वाक्य गुप्तकाल के शासन की उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने के लिये पर्याप्त हैं—

"प्रजा प्रभूत और सुखी है। व्यवहार की लिखा पढ़ी और पंचायत कुछ नहीं है। वे राजा की भूमि जोतते हैं और उसका अंश देते हैं। जहाँ चाहें रहें। राजा न प्राणदण्ड देता

शासन था, सब जगह शान्ति विराज रही थी। यही कारण है, कि फाइयान ने देश को सुखी और समृद्ध पाया।

कौटलीय अर्थशास्त्र जैसे ग्रंथ और मैगस्थनीज जैसे विदेशी यात्री के अभाव में भी हमारे पास अनेक ऐसे साधन हैं, जिनसे हम गुप्त साम्राज्य के शासन के संबंध में बहुत ही उपयोगी बातें जान सकते हैं। गुप्त सम्राटों के जो बहुत से शिलालेख व सिक्के मिले हैं, वे इस युग के शासन के विषय में बहुत उत्तम प्रकाश डालते हैं। गुप्त साम्राज्य के अन्तर्गत सब प्रदेशों पर गुप्त सम्राटों का सीधा शासन नहीं था उनके अधीन अनेक महाराजा, राजा व गणराज्य थे, जो अपने आंतरिक शासन में स्वतंत्र थे। सामंतों को उनके राज्य व शक्ति के अनुसार महाराजा व राजा कहते थे। सब सामंतों की स्थिति भी एक समान नहीं थी। आर्यावर्त या मध्यदेश के सामंत गुप्त-सम्राटों के अधिक प्रभाव में थे। सुदूरवर्ती सामंत प्रायः स्वतंत्र स्थिति रखते थे, यद्यपि वे गुप्त सम्राटों की अधीनता को स्वीकार करते थे। यही दशा गणराज्यों की थी। शासन की दृष्टि से हम गुप्त साम्राज्य को निम्नलिखित भागों में बाँट सकते हैं—

१—गुप्तवंश के सम्राटों के शासन में विद्यमान प्रदेश—ये शासन की सुगमता के लिये भुक्तियों (प्रांतों व सूबों) में विभक्त थे। प्रत्येक भुक्ति में अनेक विषय व उसके भी विविध विभाग होते थे।

२—आर्यावर्त व मध्यदेश के सामंत—इनकी यद्यपि पृथक् सत्ता थी, पर ये सम्राट् की अधीनता में ही सब कार्य करते थे। इनकी स्थिति वर्तमान समय के रियासती राजाओं से किसी भी प्रकार अच्छी नहीं थी।

३—गणराज्य—प्राचीन यौधेय, मद्र आदि अनेक गण-

राज्य गुप्तों के शासनकाल में विद्यमान थे। वे गुप्त सम्राट् के शासन को स्वीकार करते थे।

४—अधीनस्थ राजा—दक्षिण कोशल, महाकांतार, पिष्टपुर कोट्टूर, एरंडपल्ल, देवराष्ट्र, अवमुक्त आदि बहुत से राज्य इस काल में पृथक्रूप से विद्यमान थे। पर उनके राजाओं ने गुप्तसम्राटों की शक्ति के सम्मुख सिर झुका दिया था।

५—सीमावर्ती राज्य—आसाम, नेपाल, समतट, कर्तृपुर आदि के सीमांतवर्ती राज्य प्रायः स्वतंत्र सत्ता रखते थे। पर ये सब गुप्त सम्राटों को भेंट-उपहार भेजकर व उनकी आज्ञाओं का पालन कर उन्हें संतुष्ट रखते थे। ये सब गुप्त सम्राटों के दरबार में भी उपस्थित होते थे।

६—अनुकूल मित्र राज्य—सिंहलद्वीप और भारत की उत्तर-पश्चिमी सीमा के कुशाण राजा गुप्त सम्राटों को भेंट, उपहार व कन्यादान आदि उपायों से मित्र बनाये रखने के लिये उत्सुक रहते थे। यद्यपि उनके राज्य गुप्त साम्राज्य के अंतर्गत नहीं थे, तथापि वे गुप्त सम्राटों को एक प्रकार से अपना अधिपति मानते थे। इन्हें हम अनुकूल मित्र राज्य कह सकते हैं।

(२) केंद्रीय शासन

गुप्त साम्राज्य का शासन सम्राट् में केन्द्रित था। मौर्यों के समान गुप्तों ने भी अपनी वैयक्तिक शक्ति, साहस और प्रताप से एक विशाल साम्राज्य की स्थापना की थी। उसका शासन भी वे स्वयं ही 'एकराट्' रूप में करते थे। ये गुप्त राजा अपने को 'महाराजाधिराज', 'परमेश्वर', 'परमभागवत', 'परमदैवत', 'सम्राट्', 'चक्रवर्ती' आदि विरुदों से विभूषित करते थे। विविध देवताओं और लोकपालों के अंशों से राजा शक्ति प्राप्त करता है, यह भाव उस समय बल पकड़ गया था। समुद्रगुप्त [illegible]

इस लेख के अनुसार समुद्रगुप्त 'लोक नियमों के अनुष्ठान
पालन करने भर के लिये ही मनुष्य रूप था, वह संस
रहने वाला देवता' ही था। राजाओं में यह दैवी भावन
युग की स्मृतियों से भी प्रगट होती है। राजा देवताओं के
से बना होने के कारण दैवी होता है, यह भाव याज्ञव
और नारद-स्मृतियों में विद्यमान है। कौटलीय अर्थ-शा
समय में यह विचार था अवश्य, पर उसका प्रयोग गु
लोग सर्व-साधारण लोगों में राजा का प्रभाव उत्पन्न क
लिये ही करते थे। पर गुप्त काल तक वह एक सर्व
प्रचलित सिद्धांत हो गया था, और शिलालेखों तक में
उपयोग होने लगा था।

सम्राट् को शासन कार्य में सहायता देने के लिये मंत्री या
होते थे, जिनकी कोई संख्या निश्चित नहीं थी। नारदस्
राज्य की एक सभा का उल्लेख किया है जिसके सभासद
शास्त्र में कुशल, अर्थ ज्ञान में प्रवीण, कुलीन, सत्यवादी
शत्रु व मित्र के एक दृष्टि में देखने वाले होने चाहिये।
अपनी राजसभा के इन सभासदों के साथ राज्यकार्य की
करता था, और उनके परामर्श के अनुसार कार्य करता
देश का कानून इस काल में भी परंपरागत धर्म, चरि
व्यवहार पर आश्रित था। जनता के कल्याण और लो
को ही राजा लोग अपना उद्देश्य मानते थे, इसका प
यह था, कि परमप्रतापी गुप्त सम्राट् भी स्वेच्छाचारी व
नहीं हो सकते थे।

साम्राज्य के मुख्य-मुख्य जिम्मेवारी के पदों पर काम
वाले कर्मचारियों को 'कुमारामात्य' कहते थे। कुमा
राजघराने के भी होते थे और दूसरे लोग भी। साम्र
विविध अंगों भुक्ति, विषय आदि का शासन करने के लि

इनकी नियुक्ति होती थी, वहाँ सेना, न्याय आदि के उक्त पदों पर पर भी ये कार्य करते थे। कुमारामात्य साम्राज्य की स्थिर सेवा में होते थे, और शासनसूत्र का सञ्चालन इन्हीं के हाथों में रहता था।

केन्द्रीय शासन के विविध विभागों को 'अधिकरण' कहते थे। प्रत्येक अधिकरण की अपनी-अपनी मोहर (सील) होती थी। गुप्त काल के विविध शिलालेखों व मुद्रा आदि से निम्नलिखित अधिकरणों और प्रधान राजकर्मचारियों के विषय में परिचय मिलता है—

[illegible]
होते थे, जो साम्राज्य के विविध भागों में, विशेषत्व प्रदेशों में, सैन्यसंचालन के लिये नियत रहते थे। सब से बड़े पदाधिकारी 'महासेनापति' कहलाते थे।

२—महादंड नायक—महासेनापति के अधीन अनेक महादंडनायक होते थे, जो युद्ध के अवसर पर सेना का नेतृत्व करते थे। गुप्त काल की सेना के तीन प्रधान विभाग होते थे। पदाति, घुड़सवार और हाथी। युद्धों में रथों का महत्त्व इस समय तक कम होता गया था। महादंडनायकों के अधीन महाश्वपति, अश्वपति, महापीलुपति, पीलुपति आदि अनेक सेनानायक रहते थे। साधारण सैनिक को 'चाट' और सेना की छोटी टुकड़ी को 'चमू' कहते थे। चमू का नायक 'चमूप' कहलाता था। युद्ध के लिये परशु, शर, अंकुश, शक्ति, तोमर, भिंदिपाल, नाराच आदि अनेकविध अस्त्रों को प्रयुक्त किया जाता था।

३—रणभांडागारिक—सेना के लिये [illegible] प्रकार की सामग्री

(अस्त्र-शस्त्र, भोजन आदि) को जुटाने का विभाग रणभांडागारिक के अधीन होता था।

४—महाबलाधिकृत—सेना, छावनी और व्यूहरचना का विभाग महाबलाध्यक्ष या महाबलाधिकृत के हाथ में होता था। उसके अधीन अनेक बलाधिकृत रहते थे।

५—दंडपाशिक—पुलिस विभाग का सर्वोच्च अधिकारी दंडपाशिक कहलाता था। इसके नीचे सुफिया विभाग का अधिकारी 'चौरोद्धारणिक', 'दूत' आदि अनेक कर्मचारी रहते थे। पुलिस के साधारण सिपाही को भट कहते थे।

६—महासांधिविग्रहिक—इस उच्च अधिकारी का कार्य पड़ोसी राज्यों, सामंतों और गणराज्यों के साथ संधि या विग्रह की नीति का अनुसरण करना होता था। यह सम्राट् का अत्यंत विश्वस्त कर्मचारी होता था, जो साम्राज्य की नीति का निश्चय करता था। किन देशों पर आक्रमण किया जाय, अधीनस्थ राजाओं व सामंतों से क्या व्यवहार किया जाय, ये सब बातें इसी के द्वारा तय होती थीं।

७—विनय-स्थिति-स्थापक—मौर्यकाल में जो कार्य धर्ममहामात्र करते थे, वही गुप्तकाल में विनय-स्थिति-स्थापक करते थे। देश में धर्मनीति की स्थापना, जनता के चरित्र को उन्नत रखना, और विविध सम्प्रदायों में मेल-जोल रखना इन्हीं अमात्यों का कार्य था।

का अध्यक्ष

१०—सर्वाध्यक्ष—यह सम्भवतः साम्राज्य के केन्द्रीय कार्यालय का प्रधान अधिकारी होता था।

इन मुख्य पदाधिकारियों के अतिरिक्त, राज्य कर को वसूल करने का विभाग 'ध्रु वाधिकरण' कहलाता था। इस अधिकरण के अधीन शौल्किक (चुंगीकर वसूल करने वाला), गौल्मिक (जंगलों से विविध आमदनी प्राप्त करने वाला), तलवाटक व गोप (ग्रामों के विविध कर्मचारी) आदि अनेक राजपुरुष होते थे।

राजप्रासाद का विभाग बहुत विशाल होता था। अनेक महाप्रतीहार और प्रतीहार नाम के कर्मचारी उसके विविध कार्यों को सम्भालते थे। सम्राट् के प्राइवेट सेक्रेटरी को 'रहसि नियुक्त' कहते थे। अन्य अमात्यों व अध्यक्षों के भी अलग 'रहसि नियुक्त' रहते थे।

युवराज भट्टारक और युवराज के पदों पर राजकुल के व्यक्ति ही नियत किये जाते थे। सम्राट् का बड़ा लड़का युवराज भट्टारक और अन्य लड़के युवराज कहलाते थे। शासन में इन्हें अनेक महत्त्वपूर्ण पद दिये जाते थे। यदि कोई युवराज (राजपुत्र) कुमारामात्य के रूप में कार्य करे, तो वह 'युवराज कुमारामात्य' कहलाता था। सम्राट् के निजी स्टाफ में नियुक्त कुमारामात्य 'परमभट्टारक पादीय कुमारामात्य' कहलाते थे। इसी प्रकार युवराज भट्टारक के स्टाफ के बड़े पदाधिकारी 'युवराजभट्टारक पादीय कुमारामात्य' कहे जाते थे। राजा के विविध पुत्र प्रान्तीय शासन व इसी प्रकार के अन्य ऊँचे राजपदों पर नियुक्त होकर शासन कार्य में सम्राट् की सहायता करते थे।

विविध राजकर्मचारियों के नाम गुप्तकाल में बिलकुल नये थे। मौर्यकाल में सम्राट् को केवल 'राजा' कहते थे।

बौद्ध धर्म के अनुयायी अशोक सदृश राजा अपने साथ 'देवानां प्रिय प्रियदर्शी' विशेषण लगाते थे। पर गुप्त सम्राट् 'महाराजाधिराज' कहलाते थे, और अपने धर्म के अनुसार 'परम भागवत' या 'परम माहेश्वर' या 'परम सौगत' विशेषण लगाते थे।

पुराने मौर्यकालीन 'तीर्थों' का स्थान अब 'अधिकरणों' ने ले लिया था। उनके प्रधान कर्मचारी अब 'अधिकृत' कहाते थे, महाराज नहीं।

प्रांतीय शासन

विशाल गुप्त साम्राज्य अनेक राष्ट्रों व देशों में विभक्त था। साम्राज्य में कुल कितने देश व राष्ट्र थे, इसकी ठीक संख्या ज्ञात नहीं है। पर सुराष्ट्र, मालव आदि अनेक राष्ट्रों में साम्राज्य विभक्त था। प्रत्येक राष्ट्र में अनेक 'भुक्तियाँ' और प्रत्येक 'भुक्ति' में अनेक 'विषय' होते थे। भुक्ति को हम वर्तमान समय की कमिश्नरी के समान समझ सकते हैं। गुप्तकालीन शिलालेखों में तीरभुक्ति (तिरहुत), पुण्ड्रवर्धन भुक्ति (दीनाजपुर, राजशाही आदि), मगध भुक्ति आदि विविध भुक्तियों का उल्लेख आता है। 'विषय' वर्तमान समय के जिलों के समान थे। प्राचीन काल के महाजनपद और जनपद अब नष्ट हो गये थे। सैकड़ों वर्षों तक मागध साम्राज्य के अधीन रहने से अपनी पृथक् सत्ता की स्मृति अब उनमें बहुत कुछ क्षीण हो गई थी। अब उनका स्थान भुक्तियों ने ले लिया था जिनका निर्माण शासन की सहूलियत को दृष्टि में रख कर किया जाता था।

देश या राष्ट्र के शासक के रूप में प्रायः राजकुल के मनुष्य नियत होते थे। इन्हें युवराज कुमारामात्य कहते थे। इनके अपने-अपने महासेनापति, महादण्डनायक आदि प्रधान

कर्मचारी होते थे। युवराज कुमारामात्यों के अधीन भुक्ति का शासक करने के लिये 'उपरिक' नियत किये जाते उपरिकों की नियुक्ति सीधी सम्राट् द्वारा होती थी। इस पर राजकुल के कुमार भी नियत होते थे। प्रत्येक भुक्ति अ विषयों में विभक्त होता थी। विषय के शासक विषय कहलाते थे। इनकी नियुक्त भी सम्राट् द्वारा की जाती थी।

गुप्त काल के जो लेख मिले हैं, उनमें सुराष्ट्र, माल मन्दसोर और कौशाम्बी चार राष्ट्रों का परिचय मिलता सुराष्ट्र का राष्ट्रिक (राष्ट्र का शासक) समुद्रगुप्त के सम में पर्णदत्त था। मन्दसोर का शासन बधुवर्मा के हाथ में था इसमें सदेह नहीं कि विशाल गुप्त साम्राज्य में अन्य बा से राष्ट्र भी रहे होंगे, पर उनका उल्लेख की इस काल के शिल लेखों में नहीं हुआ है।

भुक्ति के शासक को उपरिक के अतिरिक्त भोगिक, भोगप और गोप्ता भी कहते थे। दामोदर गुप्त के समय में पुण्ड्रवर्ध भुक्ति का शासक 'उपरिकर महाराज राजपुत्र देवभट्टारक' रा था। वह राजकुल का था। उससे पूर्व इस पद पर चिरातद रह चुका था, जो कि राजकुल का नहीं था। इसी तरह चं गुप्त द्वितीय-विक्रमादित्य के शासनकाल में वीरभुक्ति का शासक सम्राट् का पुत्र गोविंदगुप्त था। इन उपरिक महाराजाओं बहुत सी मोहरें इस समय उपलब्ध होती हैं।

विषय (जिले) के शासक विषयपति को अपने कार्य में परामर्श देने के लिये एक सभा होती थी, जिसके सभासद विषय महत्तर (जिले के बड़े लोग) कहलाते थे। इनकी संख्या २० के लगभग होती थी। नगर श्रेष्ठी, सार्थवाह (व्यापारियों का मुखिया), प्रथम कुलिक (शिल्पियों का मुखिया) और प्रथम कायस्थ (लेखक श्रेणी का मुखिया) इस विषयसभा में

अवश्य रहते थे। इन चार के अतिरिक्त ज़िले में रहने वाली जनता के अन्य मुख्य लोग इस सभा में 'महत्तर' रूप में रहते थे। संभवतः, इन महत्तरों की नियुक्ति चुनाव द्वारा नहीं होती थी। विषयपति अपने प्रदेश के मुख्य-मुख्य व्यक्तियों को इस कार्य के लिये नियुक्त कर लेता था। इन महत्तरों के कारण ज़िले के शासन में सर्वसाधारण जनता का काफ़ी हाथ रहता था। विषयपति को यह भलीभाँति मालूम होता रहता था, कि उसके इलाके की जनता क्या सोचती और क्या चाहती है।

विषय के शासक कुमारामात्यों (विषयपतियों) का गुप्त साम्राज्य के शासन में बड़ा महत्व था। अपने प्रदेश की सुरक्षा, शान्ति और व्यवस्था के लिए वे ही उत्तरदायी थे। उनके अधीन राजकीय करों को एकत्र करने के लिए अनेक कर्मचारी रहते थे, जिन्हें युक्त, आयुक्त नियुक्त आदि अनेक नामों से कहा जाता था। मौर्यकाल में भी ज़िले के इन कर्मचारियों को 'युक्त' ही कहते थे। गुप्तकाल में बड़े पदाधिकारियों के नाम बदल गये थे, पर छोटे राजपुरुषों का अब भी वही नाम था, जो कम से कम सात सदियों से भारत में प्रयुक्त होता आ रहा था। विषयपति के अधीन दण्डपाशिक (पुलीस के कर्मचारी), चोरोद्धरणिक (खुफिया पुलीस), आरक्षाधिकृत (जनता के रक्षार्थ नियुक्त कर्मचारी) और दंडनायक (ज़िले की सेना के अधिकारी) रहते थे। न्याय का कार्य भी विषयपति की अधीनता (न्याय विभाग) के हाथ में रहता था। इस विभाग की भी बहुत सी मोहरें उपलब्ध हुई हैं। न्यायाधिकरण को ही 'धर्माधिकरण' और 'धर्मशासनाधिकरण' भी कहते थे।

विषय में अनेक शहर और ग्राम होते थे। शहरों के शासन के लिये 'पुरपाल' नाम का कर्मचारी होता था, जिसकी स्थिति कुमारामात्य की मानी जाती थी। पुरपाल केवल बड़े-बड़े नगरों में

कर्मचारी होते थे। युवराज कुमारामात्यों के अधीन भुक्तियों का शासन करने के लिये 'उपरिक' नियत किये जाते। उपरिकों की नियुक्ति सीधी सम्राट् द्वारा होती थी। इन पद पर राजकुल के कुमार भी नियत होते थे। प्रत्येक भुक्ति अनेक विषयों में विभक्त होता था। विषय के शासक विषयपति कहलाते थे। इनकी नियुक्ति भी सम्राट् द्वारा की जाती थी।

गुप्त काल के जो लेख मिले हैं, उनमें सुराष्ट्र, कौशाम्बी, मन्दसोर और कौशाम्बी चार राष्ट्रों का परिचय मिलता है। सुराष्ट्र का राष्ट्रिक (राष्ट्र का शासक) स्कन्दगुप्त के समय में पर्णदत्त था। मन्दसोर का शासन बंधुवर्मा के हाथ में था। इसमें संदेह नहीं कि विशाल गुप्त साम्राज्य में अन्य बहुत से राष्ट्र भी रहे होंगे, पर उनका उल्लेख का इस काल के शिलालेखों में नहीं हुआ है।

भुक्ति के शासक को उपरिक के अतिरिक्त भोगिक, भोगपति और गोप्ता भी कहते थे। दामोदर गुप्त के समय में पुण्ड्रवर्धन भुक्ति का शासक 'उपरिकर महाराज राजपुत्र देवभट्टारक' रहा था। वह राजकुल का था। उससे पूर्व इस पद पर चिरातदत्त रह चुका था, जो कि राजकुल का नहीं था। इसी तरह चन्द्रगुप्त द्वितीय-विक्रमादित्य के शासनकाल में तीरभुक्ति का शासक सम्राट् का पुत्र गोविंदगुप्त था। इन उपरिक महाराजाओं की बहुत सी मोहरें इस समय उपलब्ध होती हैं।

आगे दे

३—भूतोवात प्रत्याय—बाहर से अपने देश में आने वाले और अपने देश में उत्पन्न होने वाले विविध पदार्थों पर जो कर लगता था उसे भूतोवात प्रत्याय कहते थे। गुप्तकालीन लेखों में स्थूल रूप से १८ प्रकार के करों का निर्देश किया गया है। पर इनका विवरण नहीं दिया गया। पृथक् रूप से तीन करों का ही उल्लेख किया गया है। इस काल की स्मृतियों के अध्ययन से ज्ञात होता है, कि परंपरागत रूप से जो विविध कर मौर्य युग से चले आते थे, वे गुप्तकाल में भी वसूल किये जाते थे, यद्यपि उनके नाम और दर आदि में कुछ न कुछ अन्तर इस समय में अवश्य आ गया था।

(५) अधीनस्थ राज्यों का शासन

गुप्त साम्राज्य के अंतर्गत जो अनेक अधीनस्थ राज्य थे, उन पर सम्राट् के शासन का ढंग यह था, कि छोटे सामंत विषयपति कुमारामात्यों के और बड़े सामंत भुक्ति के शासक उपरिक महाराज कुमारामात्यों के अधीन थे। अपने इन कुमारामात्यों द्वारा गुप्त सम्राट विविध सामंतों व अधीन राजाओं पर अपना नियंत्रण व निरीक्षण रखते थे।

इस काल में भारत में एक प्रकार की जागीरदारी प्रथा व सामंतपद्धति (फ्यूडलिज़म) का विकास हो गया था। बड़े सामंतों के अधीन छोटे सामंत और उनके भी और छोटे सामंत होते थे। सम्राट् बुधगुप्त के अधीन महाराजा सुरश्मिचन्द्र एक बड़ा सामंत था, जिसके अधीनस्थ अन्य सामंत मातृविष्णु था। गुप्त सम्राटों के अधीन परिव्राजक, उच्छकल्प और वर्मन आदि विविध वंशों के शक्तिशाली सामंत महाराज अपने-अपने राज्यों में शासन करते थे। इनकी अपनी सेनायें होती थीं। ये स्वयं अपना राजकीय कर वसूल करते थे और अपने आंतरिक मामलों में प्रायः स्वतंत्र थे। साम्राज्य के सांधि-

व्यवस्था हो गई, और एक प्रकार का 'मात्स्य न्याय' कायम हो गया।

मौर्यों की शक्ति शिथिल होने पर पुराने जनपद पुनः स्वतंत्र हो गये थे। पर जनपदों में धर्म, व्यवहार और चरित्र की एकता रहने के कारण व्यवस्था विद्यमान थी। पर गुप्तों के निर्बल पड़ने पर जनपद स्वतंत्र नहीं हुए, अपितु सामंत महाराजा स्वतंत्र हुए, जो अपनी-अपनी सेनाओं के साथ विजययात्राओं के लिये प्रयत्नशील थे। इसीलिये बौद्ध लामा तारानाथ को यह लिखने का अवकाश मिला, कि इस काल में "हर एक ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य अपनी-अपनी जगह राजा बन बैठा।" सामंत महाराजाओं के आपस के युद्धों ने सचमुच यही मात्स्य न्याय की अवस्था उत्पन्न कर दी थी। गुप्तकाल की सामंत पद्धति का ही यह परिणाम था, कि भारत में यशोधर्मा, हर्षवर्धन जैसे 'आसमुद्र क्षितीश' राजा बाद में भी हुए, पर वे स्थिर रूप से कोई एकराट् साम्राज्य की स्थापना नहीं कर सके। गुप्तों के साथ ही भारत भर में एक शक्तिशाली विशाल साम्राज्य की कल्पना भी समाप्त हो गई। सामंत पद्धति का यह स्वाभाविक परिणाम हुआ।

गुप्त साम्राज्य के अधीन जो यौधेय, कुणिन्द, मालव, आर्जुनायन आदि अनेक गणराज्य थे, उनमें भी इस युग में स्वतंत्र शासन की परंपरा का ह्रास हो रहा था। कुछ विशेष शक्तिशाली कुलों में इन गणराज्यों की राजशक्ति केन्द्रित होती जा रही थी। ये कुलीन लोग अपने को 'महाराज' और 'महासेनापति' कहते थे। अपने युग की प्रवृत्ति के प्रभाव से गणराज्य भी नहीं बच सके, और धीरे-धीरे वे भी एक प्रकार से उन्हीं महाराजाओं के अधीन हो गये, जो सामंतों की सी स्थिति रखते थे।

विमर्दिक के निरीक्षण में ये महाराज अपने शासन का सब संचालन करते थे। अनेक सामंत महाराज ऐसे भी थे, जिन पर सम्राट् का नियंत्रण अधिक कठोर था, और जिन्हें राज कोष कर को वसूल करने का भी पूरा अधिकार नहीं था।

यूरोप के मध्यकालीन इतिहास में जिस प्रकार फ्यूडल सिस्टम का विकास हो गया था, वैसा ही इस युग में भारत में हमें दृष्टिगोचर होता है। मौर्यकाल में यह सामंत पद्धति विकसित नहीं हुई थी। उस काल में पुराने जनपदों की पृथक् सत्ता की स्मृति और सत्ता विद्यमान थी, पर इन जनपदों में अपने धर्म चरित्र और व्यवहार के अनुसरण रहते हुए भी उनके पृथक् राजा और पृथक् सेनायें नहीं थीं। गुप्त काल में बड़े और छोटे सब प्रकार के सामंत थे, जो अपनी पृथक् सेनायें रखते थे। प्रतापी गुप्त सम्राटों ने इन्हें जीतकर अपने अधीन कर लिया था, पर इनकी स्वतंत्र सत्ता को नष्ट नहीं किया था।

शक, यवन, कुशाण आदि म्लेच्छों के आक्रमणों से भारत में जो अव्यवस्था और अशांति उत्पन्न हो गई थी, उसी ने इस पद्धति को जन्म दिया था। पुराने मागध साम्राज्य के उच्च महामात्रों ने इस परिस्थिति से लाभ उठा कर अपनी शक्ति को बढ़ा लिया और वे वंशक्रमानुगत रूप से अपने-अपने प्रदेश में स्वतंत्र तौर पर राज्य करने लगे थे। अव्यवस्था के युग में अनेक महत्त्वाकांक्षी शक्तिशाली व्यक्तियों ने भी अपने पृथक् राज्य बना लिये थे। गुप्त सम्राटों ने इन सब राजा महाराजाओं का अंत नहीं किया। यही कारण है, कि उनकी शक्ति के शिथिल होते ही ये न केवल पुनः स्वतंत्र हो गये, पर परस्पर युद्धों और विजययात्राओं द्वारा अपनी शक्ति के विस्तार में लग गये। इसी का परिणाम हुआ, कि सारे उत्तरी भारत में

अव्यवस्था छा गई, और एक प्रकार का 'मात्स्य न्याय' क़ायम हो गया।

मौर्यों की शक्ति शिथिल होने पर पुराने जनपद पुनः स्वतंत्र हो गये थे। पर जनपदों में धर्म, व्यवहार और चरित्र की एकता रहने के कारण व्यवस्था विद्यमान थी। पर गुप्तों के निर्बल पड़ने पर जनपद स्वतंत्र नहीं हुए, अपितु सामंत महाराजा स्वतंत्र हुए, जो अपनी-अपनी सेनाओं के साथ विजययात्राओं के लिये प्रयत्नशील थे। इसीलिये तिब्बती लामा तारानाथ को यह लिखने का अवकाश मिला, कि इस काल में "हर एक ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य अपनी-अपनी जगह राजा बन बैठा।" सामंत महाराजाओं के आपस के युद्धों ने सचमुच यही मात्स्य न्याय की अवस्था उत्पन्न कर दी थी। गुप्तकाल की सामंत पद्धति का ही यह परिणाम था, कि भारत में यशोधर्मा, हर्षवर्धन जैसे 'आसमुद्र क्षितीश' तो बाद में ... से स्थिर रूप से कोई [illegible]

विक्रमादित्य' 'नरेन्द्रचंद्रः प्रथितदिवं जयत्यजेयो भुवि सिंह विक्रमः' 'नरेन्द्रसिंह चंद्रगुप्तः पृथिवीं जित्वा दिवं जयति' आदि अनेक प्रकार की उक्तियाँ उल्लिखित हैं।

चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के अनेक सिक्के चाँदी के भी मिले हैं। इनमें सम्राट् के अर्धशरीर (बस्ट) की मूर्ति है, और दूसरी तरफ गरुड़ का चित्र है। इन पर 'परम भागवत महाराजाधिराज श्री चद्र गुप्तस्य विक्रमादित्य' अथवा 'श्रीगुप्तकुलस्य महाराजाधिराज श्रीचंद्रगुप्त विक्रमाकस्य' लिखा है। इस सम्राट् के तांबे के बने हुये भी कुछ सिक्के मिले हैं जिन पर गरुड़ का चित्र है।

गुप्त सम्राटों में सब से अधिक सिक्के कुमारगुप्त प्रथम के मिले हैं, ये सिक्के भार में १२४ और १२६ ग्रेन हैं। चित्रों की दृष्टि से ये ६ प्रकार के हैं। (१) इनके एक तरफ धनुष बाण लिये सम्राट् का चित्र है, और दूसरी ओर कमलासन पर बैठी देवी की मूर्ति है। (२) इनके एक तरफ तलवार की मूँठ पर हाथ टेके हुए सम्राट् की मूर्ति है, साथ में गरुड़ध्वज भी है। दूसरी ओर कमल पर विराजमान लक्ष्मी का चित्र है। (३) इनमें एक तरफ यज्ञीय अश्व है, दूसरी ओर वस्त्रों और आभूषणों से सुसज्जित राजमहिषी की मूर्ति है। (४) इनमें एक तरफ घोड़े पर सवार सम्राट् का चित्र है, और दूसरी ओर हाथ में कमल का फूल लिये एक देवी बैठी है। (५) इनमें एक तरफ सिंह को मारते हुए सम्राट् का चित्र है और दूसरी ओर सिंह पर विराजमान अंबिका की मूर्ति है। (६) इनमें एक तरफ धनुषबाण से व्याघ्र को मारते हुए सम्राट् का चित्र है, दूसरी तरफ मोर को फल खिलाती हुई देवी की खड़ी मूर्ति है। (७) इनमें एक ओर मोर को फल खिलाते हुए सम्राट् खड़ा है, और दूसरी ओर मयूर पर विराजमान कार्तिकेय की मूर्ति है।

(८) इनमें एक ओर बीच में एक पुरुष खड़ा है, जिसके दो तरफ़ दो स्त्रियाँ हैं। सिक्के के दूसरी तरफ़ एक देवी बैठी है। (९) इनमें एक ओर हाथी पर सवार सम्राट् का चित्र और दूसरी तरफ़ हाथ में कमल लिए हुए लक्ष्मी की मूर्ति है।

इन सिक्कों पर 'क्षितिपतिरजित महेंद्रः कुमारगुप्तो दिवं जयति' 'गुप्तकुलव्योमशशि जयत्यजेयो जितमहेंद्रः', 'कुमारगुप्तो विजयी सिंह महेंद्रो दिव जयति' आदि अनेक लेख उत्कीर्ण हैं। कुमारगुप्त के चाँदी और ताँबे के भी बहुत से सिक्के उपलब्ध हुए हैं।

स्कंदगुप्त के सोने के सिक्के भार में १३२ और १४४ ग्रेन के मिले हैं। ये दो प्रकार के हैं। (१) इनमें धनुष बाण धारण किये सम्राट् का चित्र है, दूसरी ओर पद्मासन पर विराजमान लक्ष्मी की मूर्ति है। (२) इनमें एक ओर सम्राट् और राजमहिषी के चित्र हैं, बीच में गरुड़ध्वज है, दूसरी ओर कमल हाथ में लिये हुए देवी की मूर्ति है। इन सिक्कों पर भी अनेक लेख उत्कीर्ण हैं। स्कंदगुप्त के भी चाँदी और ताँबे के अनेक सिक्के उपलब्ध हुए हैं।

स्कंदगुप्त के उत्तराधिकारियों में पुरुगुप्त, नरसिंहगुप्त, कुमारगुप्त द्वितीय, बुधगुप्त, वैन्यगुप्त आदि प्रायः सभी गुप्त सम्राटों के सिक्के मिलते हैं। इन सबमें प्रायः 'विजितावनिरवनिपतिः कुमारगुप्तो दिवं जयति' के वजन पर लेख उत्कीर्ण मिलते हैं। सम्राट् का नाम बदलता जाता है, पर लेख प्रायः इसीके सदृश रहता है।

जनपद के वैश्यों के मुखिया लोग नगर में सदावर्त और ...धालय स्थापित करते हैं। देश के निर्धन, अपंग, ... विधवा, निःसंतान, लूले, लंगड़े और रोगी लोग इस स्था...

फाइयान को बौद्ध धर्म के अनुष्ठानों व तीर्थस्थान देखने के अतिरिक्त अन्य किसी काम के लिये अवकाश ... था। पाटलीपुत्र आकर उसने अशोक के पुराने राजप्रा... स्तूपों और विहारों को ही देखा। पर उसके विवरण से ... कोई सदेह नहीं रह जाता, कि गुप्त सम्राटों के शासनकाल पाटलीपुत्र बहुत समृद्ध नगर था और उसके निवासी सम्पन्न और समृद्धिशाली थे, रथयात्राओं में बड़े शौक शामिल होते थे और खूब दिल खोलकर दान-पुण्य करते थे

पाटलीपुत्र के समीप ही वैशाली गुप्तकाल का एक अ... समृद्धिशाली नगर था। गुप्त वंश के उत्कर्ष का प्रधान ... लिच्छवि लोगों की सहायता थी। लिच्छवियों का प्रधान ... वैशाली में ही था। इस नगर में बहुत सी मोहरों के ... मिले हैं, जिन्हें वैशाली के 'श्रेष्ठीसार्थवाहकुलिकनिग... की ओर से काम में लाया जाता था। ऐसा प्रतीत होता है, ... इस विशाल नगरी के श्रेष्ठी (साहूकार), सार्थवाह (व्यापार... और कुलिक (शिल्पी) लोगों का एक बड़ा संघ (निगम) था जो अपनी मोहर से मुद्रित कर विविध व्यापारी आदेश जारी करता था। इसी तरह की मोहरें इस काल के अन्य बहुत ... नगरों में भी मिली हैं, जिनसे सूचित होता है, कि वैशाली के इस 'श्रेष्ठीसार्थवाहकुलिकनिगम' की शाखायें भारत के ... विविध नगरों में भी व्याप्त थीं। गुप्त काल में वैशाली

इनके अतिरिक्त, कौशाम्बी, मथुरा, वाराणसी, चम्पा, ताम्रलिप्ति, कान्यकुब्ज आदि अन्य बहुत सी नगरियाँ भी इस काल में संपन्न अवस्था में विद्यमान थीं। फ़ाइयान ने इन सब की यात्रा की थी। इनके विहारों, स्तूपों, भिक्षुओं आदि के संबंध में तो फ़ाइयान ने बहुत कुछ लिखा है, पर खेद यही है कि इनके वैभव, समृद्धि, आर्थिक दशा व सामाजिक जीवन के विषय में इस चीनी यात्री ने कुछ भी विवरण नहीं दिया।

(२) चीनी यात्री फ़ाइयान

फ़ाइयान का उल्लेख पहले भी हो चुका है। वह चीन के अन्यतम प्रदेश शेन से की राजधानी चाग गान का रहने वाला था। उसके समय तक चीन में बौद्ध धर्म का प्रचार हो चुका था, बहुत से लोग भिक्खु जीवन को भी स्वीकार कर चुके थे। फ़ाइयान बचपन से ही प्रव्रज्या ग्रहण करके बौद्ध धर्म के अध्ययन में अपना संपूर्ण समय व्यतीत कर रहा था। उसने अनुमान किया, कि चीन में जो विनय पिटक हैं, वे अपूर्ण हैं। प्रामाणिक धर्म-ग्रंथों की खोज में उसने भारतयात्रा का संकल्प किया। चीन से चलकर भारत पहुंचने और यहाँ से अपने देश को वापस लौटने तक उसे कुल १५ वर्ष लगे। चौथी सदी के अंत में वह चीन से चला था, और सम्राट् चंद्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य के शासनकाल में पाँचवीं सदी के शुरू में उसने भारत के विविध प्रदेशों का भ्रमण किया था। उसके यात्रा-विवरण में से हम यहाँ कुछ ऐसे प्रसंग उद्धृत करते हैं, जो उस समय के भारत के जीवन पर प्रकाश डालते हैं।

"इस देश (शेन शेन, पूर्वी तुर्किस्तान में) के राजा का धर्म हमारा ही है। यहाँ लगभग चार हजार से अधिक ------ --- सब के सब हीनयान संप्रदाय के अनुयायी हैं

र लोग क्या गृहस्थ और क्या भिक्षु सब भारतीय
ोर नियम का पालन करते हैं। यहाँ से पश्चिम में
देशों में गये, सभी में ऐसा ही पाया। सब गृहत्यागी
रतीय ग्रन्थों और भारतीय भाषा का अध्ययन

ान जनपद सुखप्रद और संपन्न है। अधिवासी
।

न (काबुल) में एक सहस्र से अधिक भिक्षु हैं। सब
के अनुयायी हैं।

ा के श्रमणों का आचार आश्चर्यजनक है, इतना
धात्मक कि वर्णनातीत है।

धार देश के निवासी सब हीनयान के अनुयायी हैं।
में राजा, मंत्री और जनसाधारण सब उनकी (स्तूपों
ा करते हैं। इन दोनों स्तूपों पर पुष्प और दीप चढ़ाने
ा ताँता कभी नहीं टूटता।

हाँ (पुष्पपुर—पेशावर में) सात सौ से अधिक श्रमण
जब मध्याह्न होता है, श्रमण भिक्षापात्र लेकर
हैं।

शावर से) दक्षिण दिशा में १६ योजन चलकर नगर

ा, जिसका नाम मथुरा था। नदी के दाँयें बाँयें किनारे
हार थे, जिनमें तीस हजार से अधिक भिक्षु थे। सब
द्ध धर्म का श　　　　　　　　　　　त
ी जनपदों के　　　　　　　　　　　।।

इनके अतिरिक्त, कौशाम्बी, मथुरा, वाराणसी, चम्पा, ताम्रलिप्ति, कान्यकुब्ज आदि अन्य बहुत सी नगरियाँ भी इस काल में संपन्न अवस्था में विद्यमान थीं। फाइयान ने इन सब की यात्रा की थी। इनके विहारों, स्तूपों, भिक्षुओं आदि के संबंध में तो फाइयान ने बहुत कुछ लिखा है, पर भेद यही है कि इनके वैभव, समृद्धि, आर्थिक दशा व सामाजिक जीवन के विषय में इस चीनी यात्री ने कुछ भी विवरण नहीं दिया।

(२) चीनी यात्री फाइयान

फाइयान का उल्लेख पहले भी हो चुका है। वह चीन के अन्यतम प्रदेश शेन से की राजधानी चांग गान का रहने वाला था। उसके समय तक चीन में बौद्ध धर्म का प्रचार हो चुका था, बहुत से लोग भिक्खु जीवन को भी स्वीकार कर चुके थे। फाइयान बचपन से ही प्रव्रज्या ग्रहण करके बौद्ध धर्म के अध्ययन में अपना सपूर्ण समय व्यतीत कर रहा था। उसने अनुमान किया, कि चीन में जो विनय पिटक हैं, वे अपूर्ण हैं। धार्मिक धर्म-ग्रंथों की खोज में उसने भारतयात्रा का संकल्प किया। चीन से चलकर भारत पहुँचने और यहाँ से अपने देश को वापस लौटने तक उसे कुल १५ वर्ष लगे। चौथी सदी के अंत में वह चीन से चला था, और सम्राट् चंद्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य के शासनकाल में पाँचवी सदी के शुरू में उसने भारत के विविध प्रदेशों का भ्रमण किया था। उसके यात्रा-विवरण में से हम यहाँ कुछ ऐसे प्रसंग उद्धृत करते हैं, जो उस समय के भारत के जीवन पर प्रकाश डालते हैं।

"इस देश (शेन शेन, पूर्वी तुर्किस्तान में) के राजा का धर्म बौद्ध ही है। यहाँ लगभग चार हजार से अधिक श्रमण रहते हैं। ये सब हीनयान संप्रदाय के [illegible]

ौर ऊनी कपड़ों का उल्लेख किया है। इस युग के साहित्य
भी तरह-तरह के रेशम का वर्णन आता है। भारत में
ह युग बहुत समृद्धि और वैभव का था। अतः यदि इस काल
भारतीय भाँति-भाँति के सुन्दर वस्त्र पहनते, अपने शरीर
शृंगार करते और अपने को विविध आभूषणों से अलंकृत
ने पर विशेष ध्यान देते थे, तो इसमें आश्चर्य ही क्या है।
कवि कालिदास ने अपने काव्य इसी युग में लिखे थे। उनमें
ारप्रिय स्त्रियों के विलास का जो वर्णन स्थान-स्थान पर
ब्ध होता है, उससे इस काल के रहन-सहन पर बड़ा
ा प्रकाश पड़ता है। कालिदास ने लिखा है कि स्त्रियाँ
ंध द्रव्य जलाकर उनकी उष्णता से अपने गीले केशों को
ती तथा सुगंधित करती थीं। बाल सूख जाने पर उनकी
य प्रकार से वेणी बनाई जाती थी और फिर उन्हें मंदार
के फूलों से गूँथा जाता था। अजंता की गुफाओं में
के जो विविध चित्र चित्रित हैं, उनमें केशों के शृंगार
खकर आश्चर्य होता है। यह कला गुप्तकाल में उन्नति की
सीमा तक पहुँच गई थी।
काल के भारतीय आमोद-प्रमोद को भी बड़ा महत्त्व
। वात्स्यायन का कामसूत्र गुप्तवंश के प्रारंभ में पूर्ण हो
ुका था। उसके अनुशीलन से ज्ञात होता है, कि
भारत में पाँच प्रकार से आमोद-प्रमोद मनाया जाता
न धार्मिक उत्सवों में बड़ा आनन्द लेते थे। समय-
र रथयात्राएँ हुआ करती थीं। फाह्यान ने बहुत से

जा सकती है। इस हिसाब से १२ दीनारों का वार्षिक सूद १½ दीनार के लगभग होगा। अभिप्राय यह हुआ कि गुप्तकाल में १½ दीनार एक भिक्षु के साल भर के भोजन व्यय के लिये पर्याप्त थीं। १½ दीनार में १ तोले के लगभग सोना होता था। सोने का मूल्य आजकल ११०) रुपया प्रति तोला है। पर साधारण दशा में ३० रुपया प्रति तोला रहता है। इस प्रकार एक व्यक्ति के भोजन का निर्वाह ढाई रुपये मासिक में उस समय बहुत अच्छी तरह हो जाता था।

गुप्तकाल के एक अन्य लेख के अनुसार अम्रकार्दव नाम के अमात्य ने एक ग्राम पंचायत के पास २५ दीनार इस उद्देश्य से जमा कराये थे, कि उनके सूद से 'यावच्चन्द्र-दिवाकरौ' सदा के लिये पाँच भिक्षुओं का भोजन व्यय दिया जाय। संभवतः ग्राम-पंचायत (पंचमंडली) अधिक ऊँची दर से सूद लेती थी। यदि २४ फी सदी की दर से अमात्य अम्रकार्दव का यह धन ग्राम पंचायत ने लिया हो, तो २५ दीनारों का सूद ६ दीनार के लगभग प्रतिवर्ष होगा। इस रकम से पाँच भिक्षुओं के भोजन का खर्च भलीभाँति चल सकता था। अकबर के समय में भी भारत में अन्न के मूल्य बहुत कम थे। उसके शासनकाल में भी दो या तीन रुपये मासिक में एक व्यक्ति अपना भोजन व्यय भलीभाँति चला सकता था। गुप्तकाल में भोज्य पदार्थों के भाव इतने सस्ते थे कि सवा या डेढ़ दीनार वार्षिक में निर्वाह अच्छी तरह चल जाता था। भावों के इतने सस्ते होने के कारण ही इस काल के विनिमय में कौड़ियों का व्यवहार होता था। सोने के सिक्के तो बहुत ही मूल्यवान थे, पर चाँदी और तांबे के छोटे सिक्कों का भी बहुत चलन था और छोटी-छोटी चीजों के विनिमय के लिये कौड़ियाँ

(५) आर्थिक जीवन

व्यवसायी और व्यापारी गुप्तकाल में भी श्रेणि और निगमों में संगठित थे। गुप्तकाल के शिलालेखों और मोहरों से सूचित होता है, कि उस समय में न केवल श्रेष्ठियों और सार्थवाहों के निगम थे, अपितु जुलाहे, तेली आदि विविध व्यवसायी भी अपनी-अपनी श्रेणियों में संगठित थे। जनता का इन पर पूर्ण विश्वास था। यही कारण है कि इनके पास रुपया विविध प्रयोजनों से धरोहर (अक्षयनीवि रूप में या सामयिक रूप में) रखा दिया जाता था, और ये उस पर सूद दिया करते थे। इन निगमों व श्रेणियों का एक मुखिया व उसको परामर्श देने के लिये चार या पाँच व्यक्तियों की एक समिति रहती थी। व्यवसायियों और व्यापारियों के इन संगठनों पर हम पहले प्रकाश डाल चुके हैं। यहाँ इतना लिखना ही पर्याप्त है, कि ये श्रेणियाँ और निगम गुप्तकाल में भी विद्यमान थे, और देश का आर्थिक जीवन इन्हीं में केन्द्रित था। कुमारगुप्त प्रथम के समय के एक शिलालेख में पटवारों (जुलाहों) की एक श्रेणि का उल्लेख है, जो लाट (गुजरात) देश से आकर दशपुर में बस गई थी। इसी तरह स्कंदगुप्त के एक शिलालेख में 'इंद्रपुर निवासिनी तैलिक श्रेणि' का उल्लेख है। इसी प्रकार मृत्तिकार (कुम्हार), शिल्पकार, वणिक् आदि की भी श्रेणियों का उल्लेख इस युग के लेखों में है। अकेले वैशाली से २७४ मट्टी की मोहरें मिली हैं, जो विविध लेखों को मुद्रित करने के काम में आती थीं। ये मोहरें 'श्रेष्ठी सार्थवाह कुलिक निगम' की हैं। उस काल में वैशाली में साहूकार, व्यापारी औ[illegible] की श्रेणियों का यह सम्मिलित शक्तिशाली निगम [illegible] कार्य भारत के बहुत से नगरों में

फैला हुआ था। जो पत्र इस निगम के पास आते थे, उन्हें
करके ऊपर से ये मोहरें लगाई जाती थीं, ताकि पत्र सुर
रहें। इसका अभिप्राय यह है, कि अन्य नगरों में विद्यमान
वैभवशाली निगम की शाखाओं के पास भी ऐसी मोहरें
... निगम को पत्र भे
... म की मोहर (का
... और मोहर भी लग
जाती थी, जो संभवतः विविध नगरों में विद्यमान नि
शाखाओं के अध्यक्ष की निजू मोहर होती थी। वैशाली
प्राप्त 'श्रेष्ठी-सार्थवाह-कुलिक-निगम' की २७४ मोहरों में
७५ के साथ ईशानदास की, ३८ के साथ मातृदास की औ
३० के साथ गोमिस्वामी की मोहरें हैं। संभवतः ये व्य
पाटलीपुत्र, कौशांबी आदि समृद्ध नगरों की निगमशाखा
अध्यक्ष थे, और उन्हें वैशाली के निगम के पास बहुधा प
भेजने की आवश्यकता रहती थी। इनके अतिरिक्त घोष, हरि
गुप्त, भवसेन आदि की भी पाँच-पाँच या छः-छः मोहरें निगम
की मोहरों के साथ में मुद्रित हैं। ये अन्य निगम शाखाओं
के अध्यक्ष थे। कुछ पत्रों पर निगम की मोहर के साथ 'जयत्य
नंतो भगवान्', 'जितं भगवता', 'नमः पशुपतये' सदृश मोहरें
भी हैं। संभवतः ये उन पत्रों पर लगाई ... जो किसी

[illegible]

रुपया अक्षयनीवि के रूप में जमा रहता था, और इसी लिये
उन्हें इनके साथ पत्रव्यवहार की आवश्यकता रहती थी।

वैशाली के इस निगम के अतिरिक्त अन्यत्र भी इसी प्रकार
के विविध निगम गुप्तकाल में विद्यमान थे। वर्तमान समय
और निगम की ...

थे। अपने झगड़ों का निर्णय भी वे स्वयं करते थे। उनका अपना न्यायालय होता था, जिसमें अपने धर्म चरित्र और व्यवहार के अनुसार निर्णय किया जाता था। इनके मुखिया या प्रतिनिधि विषयपति की राजसभा के भी सभासद रहते थे। इस प्रकार स्पष्ट है, कि गुप्तकाल के आर्थिक जीवन में इन श्रेणियों व निगमों का बड़ा महत्व था।

श्रेणियाँ छोटी या बड़ी सब प्रकार की होती थीं। छोटी श्रेणियों में एक उस्ताद (आचार्य) अपने अंतेवासियों (शागिर्दों) के साथ व्यवसाय का संचालन करता था। कुम्हारों की श्रेणि को लीजिये। बहुत से ग्रामों व नगरों में यह श्रेणि होती थी। श्रेणि का मुखिया आचार्य कहलाता था। उसके साथ बहुत से शागिर्द (अंतेवासी) रहते थे, जो आचार्य के घर में पुत्रों की तरह निवास करते थे। नारदस्मृति ने इस विषय को बहुत अच्छी तरह स्पष्ट किया है। वहां लिखा है—जिस किसी को कोई शिल्प सीखना हो, वह अपने बांधवों की अनुमति ले कर आचार्य के पास जाय और उससे समय आदि का निश्चय कर उसी के पास रहे। यदि शिल्प को जल्दी भी सीख जाय, तो भी जितने काल का फैसला कर लिया हो, उतने काल तक अवश्य ही गुरु के घर में निवास करे। आचार्य अपने अंतेवासी के साथ पुत्र की तरह आचरण करे, कोई दूसरा काम उससे न ले, उसे अपने पास से भोजन देवे और उसे भलीभाँति शिल्प की शिक्षा दे। जब अंतेवासी शिल्प को सीख ले, और निश्चित किया हुआ समय समाप्त हो जाय, तब आचार्य को दक्षिणा देकर और अपनी शक्ति भर उसकी दक्षिणा द्वारा मान देकर फिर अपने घर लौट आये।

नारदस्मृति के इस संदर्भ से एक छोटी श्रेणि (यथा कुम्भकार श्रेणि) का स्वरूप स्पष्ट हो जाता है। आचार्य के घर

में जो अंतेवासी रहते थे, वे एक निश्चित समय तक शि
करने के लिए प्रतिज्ञा करते थे। उस बीच में आचार्य उनसे
शिल्प संबंधी सब काम लेता था, बदले में केवल भोजन
निर्वाह खर्च देता था। एक-एक आचार्य के अधीन बहु
बहुत से अंतेवासी रहते थे। आचार्य को मजदूर रखने

[illegible]

रही थीं। पर गुप्तयुग में अनेक व्यवसायों में छोटी छोटी
श्रेणियों का स्थान बड़े पैमाने की सुसंगठित श्रेणियों ने
लिया था। मंदसोर की प्रशस्ति में जिस पटकार श्रेणि के लाट
देश से दशपुर आकर बस जाने का उल्लेख है, उसके संबंध
में यह लिखा है कि उसके बहुत से सदस्य थे, जो भिन्न भिन्न
विद्याओं में निपुण थे। वस्त्र बुनने में तो सभी दक्ष थे, पर
साथ ही उनमें से अनेक व्यक्ति गान, कथा, धर्मप्रसंग, ज्योतिष
शील, विनय और युद्ध विद्या में भी प्रवीण थे। मंदसोर के
लेख में दशपुर की श्रेणि के सदस्यों के गुणों का जितने विस्तार
से वर्णन किया गया है, उससे सूचित होता है कि यह श्रेणि
बहुत शक्तिशाली, वैभवपूर्ण और सुयश थी। उसमें अनेक
कुलों और वर्णों के व्यक्ति सम्मिलित थे। ये अपनी रक्षा के
लिये स्वयं शस्त्रधारण भी करते थे। इस प्रकार की बड़ी-बड़ी
श्रेणियों और निगमों का विकास गुप्तकाल की एक महत्वपूर्ण
विशेषता है। विविध श्रेणियों व निगमों के संघ भी इस समय
तक बन गये थे, जो केवल एक नगर में ही नहीं, अपितु बहुत
विस्तृत क्षेत्र में अपना कार्य करते थे। ये बड़ी-बड़ी श्रेणियां
इतनी समृद्ध थीं, कि दशपुर की तंतुवाय श्रेणि ने स्वयं अपने
कमाए हुए धन से एक विशाल सूर्य मंदिर का निर्माण कराया

था, और उसी की प्रतिष्ठा के उपलक्ष में मंदसोर की प्रशस्ति उत्कीर्ण कराई थी।

गुप्तकाल में व्यापार भी बहुत विकसित था। न केवल भारत के विविध प्रदेशों में अपितु पूर्व और पश्चिम दोनों ओर के समुद्र पार के देशों के साथ इस युग में भारत का व्यापारिक संबंध विद्यमान था। पाटलीपुत्र से कोशांबी और उज्जैनी होते हुए एक सड़क भड़ौच को गई थी, जो इस युग में पश्चिमी भारत का बहुत समृद्ध नगर और बंदरगाह था। यहाँ से मिश्र, रोम, ग्रीस, फारस और अरब के साथ व्यापार होता था। पूर्व में बंगाल की खाड़ी के तट पर ताम्रलिप्ति बहुत बड़ा बंदरगाह था। यहाँ से भारतीय व्यापारी बरमा, जावा, सुमात्रा, चीन आदि सुदूर पूर्व के देशों में व्यापार के लिये आया-जाया करते थे। फाइयान ने यहीं से अपने देश के लिये प्रस्थान किया था। इस युग में हिंदमहासागर के विविध द्वीपों और सुदूर पूर्व के अनेक प्रदेशों में बृहत्तर भारत का विकास हो चुका था। भारतीयों का अपने इन उपनिवेशों के साथ घनिष्ट संबंध था। इन उपनिवेशों में आने-जाने के लिये ताम्रलिप्ति (वर्तमान तामलुक) का बंदरगाह बहुत काम में आता था। इसके अतिरिक्त भारत के पूर्वी समुद्र तट पर कदूर, घंटशाली, कावेरी पट्टनम, तोंदई, कोरकई आदि अन्य भी अनेक बंदरगाह थे।

ईजिप्ट और रोमन साम्राज्य के साथ जो व्यापार गुप्तवंश के शासन से पहले प्रारंभ हो चुका था, वह अब तक भी जारी था। रोम की शक्ति के क्षीण हो जाने के बाद पूर्व में कॉंस्टैंटिनोप [illegible]

का प्रधान [illegible]

शासनकाल [illegible]

ने अधिक दिलचस्पी लेनी शुरू की और भारत का माल भ
व्यापारियों द्वारा ही पश्चिमी दुनिया में जाने लगा। भारत
बाहर जाने वाले माल में मोती, मणि, सुगंधि, सूती व
मसाले, नील, औषधि, हाथी दाँत आदि प्रमुख थे। इनके ब
में चाँदी, तांबा, टिन, रेशम, काफूर, घोड़े और खजूर आ
भारत में आते थे।

गुप्तकाल के आर्थिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए यह
लिखना आवश्यक है, कि दास प्रथा इस समय भी भारत
विद्यमान थी। याज्ञवल्क्य और नारद स्मृतियों में दासों व
उल्लेख है, और उनके संबंध में अनेक प्रकार के नियम दि
गये हैं। दास कई प्रकार के होते थे, युद्ध में जीते हुए, जिन्हों
अपने को स्वयं बेच दिया हो, दासों की संतान, खरीदे हु
और सजा के रूप में जिसे दास बनने का दंड मिला हो
दास लोग पृथक् कमाई करके रुपया बचा सकते थे, औ
उससे स्वयं अपने को खरीद कर स्वतंत्रता प्राप्त कर सक
थे। नारद स्मृति के अनुसार जब कोई दास स्वतंत्रता प्राप्त
करता था, तो वह अपने कंधे पर घड़ा लेकर खड़ा होता था।
उसका स्वामी इस घड़े को दास के कंधे से लेकर फोड़ देता
था और फिर जल उसके सिर पर छिड़कता था। इस जल में
फूल और चने पड़े रहते थे। इस प्रकार स्वतन्त्र हुए दास का
अभिषेचन करके उसका भूतपूर्व स्वामी तीन बार घोषणा
करता था, कि अब वह स्वतंत्र व्यक्ति है।

तय से उत्तम

[प्र]माण उस युग की मूर्तियां, लौहस्तंभ और इसी प्रकार के अन्य अवशेष हैं। इन पर हम एक पृथक् अध्याय में प्रकाश डालेंगे।

बाईसवां अध्याय

गुप्तकाल की कृतियाँ और अवशेष

(१) मूर्तियां

शिलालेखों और सिक्कों के अतिरिक्त गुप्तका की मूर्तियां, मंदिर, स्तंभ व अन्य अवशेष इस सम होते हैं। जहाँ इनसे गुप्त साम्राज्य के वैभव मिलता है, वहाँ उस युग की कला और शिल्प का ज्ञान होता है। इन पर हम संक्षेप से प्रकाश ड काल की मूर्तियाँ बौद्ध, शैव, वैष्णव व जैन, सब की मिलती हैं। बौद्धधर्म की मुख्य मूर्तियाँ निम्नलि

१. सारनाथ की बुद्ध मूर्ति—इस मूर्ति में पद्म कर बैठे हुए भगवान बुद्ध सारनाथ में धर्मचक्र करते हुए दिखाये गये हैं। बुद्ध के मुखमंडल पर अ प्रभा, कोमलता और गंभीरता है। अंग-प्रत्यंग में और सौंदर्य होते हुए भी ऐहलौकिकता का सर्वथा अ ऐसा प्रतीत होता है, कि बुद्ध लोकोत्तर भावना को अपने ज्ञान (बोध) को संसार को प्रदान करने के ऐहलौकिक व्यवहार में तत्पर हैं। मूर्ति में दोनों कं वस्त्र से ढके हुए प्रदर्शित किये गये हैं, ये वस्त्र पैरों और आसन के समीप पैरों से इनका भेद स्पष्ट दृष्टि होता है। सिर के चारों ओर सुंदर, अलंकृत प्र है, जिसके दोनों ओर दो देवों की मूर्तियाँ बनी हैं हाथ में पत्र-पुष्प लिये हुए हैं। आसन के मध्यभाग में

बनाया गया है, जिसके दोनों ओर दो मृग हैं। गुप्तकालीन मूर्तिकला का यह मूर्ति अत्यंत सुंदर उदाहरण है।

ऐसी ही अनेक मूर्तियाँ कलकत्ता म्यूजियम में सुरक्षित हैं। इनमें सारनाथ की मूर्ति से बहुत समता है। ऐसा प्रतीत होता है, कि विविध भक्तों ने बुद्ध के प्रति अपनी श्रद्धा को प्रदर्शित करने के लिये इन विविध मूर्तियों की प्रतिष्ठा कराई थी।

२. मथुरा की खड़ी हुई बुद्ध मूर्ति—इसके मुखमंडल पर भी शांति, करुणा और आध्यात्मिक भावना का अपूर्व सम्मिश्रण है। बुद्ध निष्कंप प्रदीप के समान खड़े हैं, और उनके मुख पर एक दैवीय स्मित भी है। इस मूर्ति में बुद्ध ने जो वस्त्र पहने हैं, वह बहुत ही महीन है। उसमें से उनके शरीर का प्रत्येक अंग स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। सिर के चारों ओर अलंकृत प्रभामंडल है। यह मूर्ति इस समय मथुरा के म्यूजियम में सुरक्षित हैं। इसी के नमूने की खड़ी हुई अन्य बहुत सी बुद्ध मूर्तियाँ भी उपलब्ध हुई हैं, जो विविध संग्रहालयों में रखी गई हैं। ये सब मथुरा की मूर्तिकला के अनुपम उदाहरण हैं।

३. ताम्र की बुद्ध मूर्ति—यह विहार प्रांत के भागलपुर जिले [illegible]

तरह गंभीर, महान, पूर्ण और लोकोत्तर है। बुद्ध का दाहिना हाथ अभयमुद्रा में कुछ आगे बढ़ा हुआ है। मुखमंडल पर अपूर्व शांति, करुणा और दिव्य तेज है। गुप्तकाल की मूर्तियों में ताम्र की यह प्रतिमा वस्तुतः बड़ी अद्भुत और अनुपम है। धातु को ढाल कर इतनी सुंदर मूर्ति जो शिल्पी बना सकते थे, उनकी दृढ़ता, कला और प्रतिभा की सचमुच प्रशंसा करनी पड़ती है।

मूर्ति है, जो शेषनाग पर शयन करती हुई दिखाई गई है। इसमें एक ओर शेषशायी विष्णु हैं, जिनके नाभिकमल पर ब्रह्मा स्थित हैं। ... के पास लक्ष्मी बैठी हैं। ऊपर आकार में कार्तिकेय, ...

के सिर पर मुकुट, ... कंकण हैं। साथ ही, अन्य अनेक देवी-देवताओं की मूर्तियाँ ... हैं, जिनका निर्माण पौराणिक गाथाओं के अनुसार किया गया है।

४—कौशाम्बी की सूर्य मूर्ति—प्राचीन भारत में सूर्य की भी मूर्ति बनाई जाती थी और उसके अनेक मंदिर विविध स्थानों पर विद्यमान थे। दशपुर में सूर्य का एक मंदिर तन्तुवायों की श्रेणि ने गुप्तकाल में ही बनवाया था। कौशांबी में प्राप्त सूर्य की यह मूर्ति भी बड़ी भव्य और सुन्दर है।

५—कार्तिकेय—यह मूर्ति काशी के कलाभवन में सुरक्षित है। यह मोर पर बैठी हुई बनाई गई है, और कार्तिकेय के दोनों पैर मोर के गले में पड़े हुए हैं। इसके भी सिर पर मुकुट, कानों में कुण्डल, गले में हार तथा अन्य बहुत से आभूषण हैं। कार्तिकेय देवताओं की सेना का सेनापति था। अतः उसके हाव-भाव में गांभीर्य और पौरुष होना ही चाहिये। ये सब गुण इस मूर्ति में सुन्दरता के साथ प्रगट किये गये हैं। मोर के पँख पीछे की ओर उठे हुए हैं। कुमारगुप्त प्रथम के अनेक सिक्कों पर कार्तिकेय का जो चित्र है, यह मूर्ति उससे बहुत कुछ मिलती-जुलती है।

६—भरतपुर राज्य में रूपवास नामक स्थान में कई विशालकाय मूर्तियाँ विद्यमान हैं, जिनमें से एक बलदेव ...

७—गुप्तकाल की अनेक मूर्तियाँ शिव की भी मिली
सारनाथ के संग्रहालय में लोकेश्वर शिव का एक सि
जिसका जटाजूट चीन की भारतीय प्रभाव से प्रभावित मू
के सदृश है। इसके अतिरिक्त गुप्तकाल के अनेक शिवलि
एकमुख लिंग भी इस समय प्राप्त हुए हैं। एकमुख लि
हैं जिनमें लिंग के एक तरफ मनुष्य के सिर की आकृति
होती है। ऐसा एक एकमुख लिंगप्रतिमा नागाद रा
मिली है, जिसके सिर पर रत्नजटित मुकुट है, और जट
के ऊपर अर्धचंद्र विद्यमान है। ललाट पर शिव का तृतीय
भी प्रदर्शित किया गया है।

८—बंगाल के राजशाही जिले में कृष्णलीला संबंध
अनेक मूर्तियाँ मिली हैं, जो गुप्तकाल की मानी जाती है।

बौद्ध तथा पौराणिक मूर्तियों के अतिरिक्त गुप्तका
जैन मूर्तियाँ भी पाई गई हैं। मथुरा से वर्धमान महावी
एक मूर्ति मिली है, जो कुमारगुप्त के समय की है।
महावीर पद्मासन लगाये ध्यानमग्न बैठे हैं। इसी तर
मूर्तियाँ गोरखपुर जिले वा अन्य स्थानों से भी प्राप्त हुई

भारत में मूर्तिनिर्माण की कला बहुत प्राचीन है। शै
और मौर्यवंशों के शासन समय में इस कला ने विशेष
उन्नति प्रारंभ की थी। यवन और शक लोगों के स
इस कला ने और अधिक उन्नति की। भारतीय अध्यात्म
पाश्चात्य भौतिकवाद ने मिल कर एक नई शैली को जन्म
जिसने इस देश की मूर्तियों में एक अपूर्व सौंदर्य ला
गुप्तकाल की मूर्तियों में विदेशी प्रभाव का सर्वथा अभा

और

हूण आदि जो विदेशी इस काल के भारतीय समाज में प्रचुर संख्या में दिखाई देते थे, कलाकारों का ध्यान उनकी तरफ आकृष्ट होता था। यही कारण है, कि इस युग की मिट्टी की छोटी-छोटी मूर्तियों में इन विदेशियों की संख्या बहुत है।

(२) प्रस्तर-स्तंभ

अशोक के समान गुप्त सम्राटों ने भी बहुत से प्रस्तर-स्तंभ बनवाये थे। ये किसी महत्वपूर्ण विजय की स्मृति में या किसी सम्राट् की कीर्ति को स्थिर करने के लिये या विविध प्रदेशों की सीमा निश्चित करने के लिये और धार्मिक प्रयोजन से बनाये गये थे। गुप्तकाल के अनेक स्तंभ इस समय उपलब्ध हुये हैं। प्रयाग में स्थित अशोक के पुराने स्तंभ पर सम्राट् समुद्रगुप्त की प्रशस्ति उत्कीर्ण की गई है। गोरखपुर जिले में कहौम नामक स्थान पर स्कंदगुप्त का एक प्रस्तरस्तंभ है, जिस पर इस प्रतापी सम्राट् की कीर्ति अमर रूप से उत्कीर्ण की गई है।

गुप्तकाल में भगवान विष्णु की प्रतिष्ठा में ध्वजस्तंभ बनाने का बहुत रिवाज था। सम्राट बुधगुप्त के समय का, सामंत राजा मातृविष्णु व धन्य विष्णु द्वारा बनवाया हुआ ऐसा एक स्तंभ एरण में विद्यमान है। कुमारगुप्त के समय का ऐसा ही एक स्तंभ बिलसद में स्थित है, जो स्वामी महासेन के मंदिर के स्मारक रूप में बनवाया गया था। गाजीपुर जिले में भितरी गाँव में भगवान विष्णु की एक प्रतिमा स्थापित की गई थी। उसके उपलक्ष में स्थापित किया हुआ एक स्तंभ उस गाँव में अब तक विद्यमान है। इसी तरह का एक स्मृतिस्तंभ पटना जिले के बिहार नगर में है, जो सेनापति गोपराज की यादगार में खड़ा किया गया था।

मौर्यकाल के स्तंभ गोल होते थे और उन पर चिकना चमकदार वज्रलेप होता था। पर गुप्तकाल के स्तंभ गोल चिकने नहीं हैं। गुप्तों के स्तंभ अनेक कोणों से युक्त हैं। एक ही स्तंभ के विविध भागों में विविध कोण हैं। कोई स्तंभ नीचे आधार में यदि चार कोणों का है, तो बीच में आठ कोण का है। कई स्तंभ ऐसे भी हैं, जो नीचे चार कोणों के और बीच में गोल हैं। किसी-किसी स्तंभ में ऊपर सिंह व गरुड़ की मूर्ति भी है। प्रस्तर के अतिरिक्त लोहे का २४ फीट ऊंचा लोहे का जो विशाल स्तंभ दिल्ली के समीप महरौली में स्थित है, वह भी गुप्तकाल का ही है। यह लौहस्तंभ संसार के आश्चर्यों में गिना जाना चाहिये। इसका निर्माण भी विष्णु ध्वज के रूप में ही हुआ था।

(३) भवन और मंदिर

गुप्तकाल के कोई राजप्रासाद या भवन अब तक उपलब्ध नहीं हुए। पाटलीपुत्र, उज्जैनी आदि किसी भी प्राचीन नगरी में गुप्त सम्राटों व अन्य सामन्त राजाओं या धनी पुरुषों के महलों के कोई खंडहर अभी तक नहीं पाये गये। पर अमरावती, नागार्जुनी, कोंड और अजंता की गुफाओं में विद्यमान विविध चित्रों व प्रतिमाओं में प्राचीन राजप्रासादों को भी चित्रित किया गया है। इस काल के साहित्य में भी सुंदर प्रासादों के वर्णन हैं, जिनसे सूचित होता है, कि गुप्तकाल के भवन बहुत विशाल और मनोरम होते थे।

सौभाग्यवश, गुप्तकाल के अनेक स्तूप, विहार, मंदिर और गुफायें अब तक भी विद्यमान हैं। यद्यपि ये भग्नदशा में हैं, पर इनके अवलोकन से उस युग की वास्तुकला का भलीभांति परिचय मिल [illegible] गुप्तकाल का प्रधान धर्म पौराणिक

था। यही कारण है, कि इस युग में बहुत से वैष्णव, शैव और सूर्य देवता के मंदिर बनाये गये। अब तक जो पौराणिक मंदिर गुप्तकाल के मिले हैं, उनमें सर्वप्रधान निम्नलिखित हैं—

१. मध्य भारत की नागोद रियासत में भूमरा नामक स्थान पर प्राचीन समय का एक शिवमंदिर है। अब यह बहुत भग्न-दशा में है। इसका केवल चबूतरा और गर्भगृह ही अब सुरक्षित है। चबूतरा प्रदक्षिणापथ के काम में आता था। मंदिर के गर्भ-गृह में एकमुख शिवलिंग की मूर्ति स्थापित है, यह मूर्तिकला का एक अत्यंत सुंदर उदाहरण है। मंदिर के द्वार स्तंभ के दाईं ओर गंगा और बाईं ओर यमुना की मूर्तियाँ हैं। अन्य अनेक सुंदर मूर्तियाँ भी यहाँ प्रस्तर पर उत्कीर्ण हैं।

२. मध्यप्रांत के जबलपुर ज़िले में तिगवा नामक स्थान पर गुप्तकाल का एक मंदिर पाया गया है, जो एक ऊँचे टीले पर स्थित है। यहाँ दो मंदिर हैं, एक का छत चपटी है और दूसरे की छत पर शिखर है। चपटी छत वाला मंदिर अधिक पुराना है और पाँचवीं सदी के शुरू में बना था। इसकी चौखट आदि की कारीगरी बहुत सुंदर है।

३ अजयगढ़ राज्य में नूमग के समीप नचना कूथना नामक स्थान पर एक पुराना पार्वती का मंदिर है। इसकी बनावट भूमरा के मंदिर के ही समान है।

४. झाँसी ज़िले के देवगढ़ नामक स्थान पर गुप्तकाल का एक दशावतार का मंदिर है। गुप्त युग के मंदिरों में यह सब से प्रसिद्ध और उत्कृष्ट है। एक ऊँचे चबूतरे पर, बीच में मंदिर है। इसके गर्भगृह में चार द्वार हैं, जिनके प्रस्तर-स्तंभों पर बहुत सुंदर मूर्तियाँ अंकित की गई हैं। अनन्त-शायी विष्णु की प्रसिद्ध मूर्ति यहाँ पर विद्यमान है, और इस मंदिर के ऊपर एक शिखर भी है। भारत के आधुनिक

दना जिला) और नालंदा में पुराने विहारों के जो बहुत खंडहर अब दिखाई देते हैं, वे गुप्तकाल के ही हैं।

गुप्तकाल के गुहाभवनों में भिलसा के समीप की उदयगिरि गुहा सब से महत्त्व की है। यहीं पर विष्णु के वाराह वतार की विशाल प्रतिमा रखी है, जिसका उल्लेख हम हले कर चुके हैं। उदयगिरि की इस गुहा के द्वारस्तंभों तथा न्य दीवारों पर भी बहुत सी प्रतिमायें उत्कीर्ण हैं। अजंता के विश्वविख्यात गुहाओं में से भी कम से कम तीन गुप्तकाल में बनी थीं। अजंता में छोटी-बड़ी कुल उनतीस गुहायें हैं। नके दो भेद हैं, स्तूपगुहा और विहारगुहा। स्तूपगुहाओं में केवल उपासना की जाती थी। ये लंबाई में अधिक हैं, और इनके आखिरी सिरे पर एक स्तूप है, जिसके चारों ओर प्रदक्षिणा करने की जगह होती है। विहारगुहाओं में भिक्षुओं के रहने और पढ़ने-लिखने के लिये भी जगह बनाई गई है। ये सब गुहायें हैदराबाद (निजाम) राज्य में फरदापुर गाँव के समीप हैं। इन सबको पहाड़ काट कर बनाया गया है। बाहर से देखने पर पहाड़ ही दृष्टिगोचर होता है, पर अंदर विशाल भवन बने हैं, जिनकी रचना पत्थर काट कर की गई है। गुप्तकाल में बनी १६ नं० की गुहा ६५ फ़ीट लंबी और इतनी ही चौड़ी है। इसमें रहने के ६ कमरे हैं, और कुल मिला कर १६ स्तंभ हैं। १७ नं० की गुहा भी आकार में इतनी ही बड़ी है।

नों का उल्लेख
रों के भी कुछ
पुरातत्व विभाग

ही पड़े हैं, जहाँ किसी जमाने में फलते-फूलते समृद्ध नगर विद्य-
मान थे। ऐसे कुछ स्थानों पर खुदाई का जो कार्य पिछले सालों
में हुआ है, उससे गुप्तकाल के नगरों के भी कुछ अवशेष
प्राप्त हुए हैं। पर अभी यह कार्य नहीं के बराबर हुआ है।
आशा है, कि पुरातत्त्व विभाग के प्रयत्न से अभी अन्य बहुत से
अवशेष प्राप्त हो सकेंगे।

गुप्तकाल में पाटलीपुत्र, वैशाली, पुंड्रवर्धन, कौशाम्बी,
अहिच्छत्र, वाराणसी (सारनाथ और राजघाट), उज्जैनी,
मथुरा आदि बहुत से समृद्ध नगर थे। इनके गगनचुम्बी
राजप्रासादों, विहारों और भवनों की जगह अब ऊँचे-ऊँचे खंडहर
पड़े हैं। जहाँ कहीं भी पुरातत्त्व विभाग की ओर से खुदाई
हुई है, वहाँ मट्टी के बरतनों, प्रतिमाओं, ईंटों (सादी और
नक्काशीदार), मूर्तियों और पुरानी दीवारों के खंडहर प्रचुर
मात्रा में मिले हैं। कहीं-कहीं भवनों और मंदिरों की नींव की
दीवारें भी अक्षुण्ण रूप में प्राप्त हुई हैं। ये सब सूचित करती
हैं, कि गुप्तों के समय में भारत के निवासी बड़े समृद्ध और
वैभवपूर्ण थे, और वे एक सभ्य और सुसंस्कृत जीवन व्यतीत
करते थे।

(४) चित्रकला

गुप्तकाल की चित्रकला के सब से उत्तम अवशेष अजंटा
की गुहाओं में विद्यमान हैं। ऊपर अजंटा की नं० १६ और
नं० १७ की जिन गुहाओं का उल्लेख हुआ है, उनकी दीवारों
पर बड़े सुंदर चित्र बने हुए हैं, जो कला की दृष्टि से अनुपम
हैं। नं० १६ की गुहा में चित्रित एक चित्र में रात्रि के समय
सिद्धार्थ गृहत्याग कर रहे हैं। यशोधरा और उनके
शिशु राहुल सोया हुआ है। समीप में परिचारिकायें भी

गहरी नींद में सो रही हैं। सिद्धार्थ इन सब पर अंतिम दृष्टि डाल रहे हैं। उस दृष्टि में मोह-ममता नहीं है, इन सब के [illegible] त्रित करने [illegible] गुहा के एक [illegible] है, जिसकी रक्षा के सब प्रयत्न व्यर्थ हो चुके हैं। मरणासन्न राजकुमारी की दशा और समीप के लोगों की विकलता को इस चित्र में बड़ी सुंदरता के साथ प्रगट किया गया है। १७ वीं गुहा के एक चित्र में माता-पुत्र का एक प्रसिद्ध चित्र है। संभवतः, यह चित्र यशोधरा का है, जो अपने पुत्र राहुल को बुद्ध के अर्पण कर रही है। बुद्ध हो जाने के बाद सिद्धार्थ एक बार फिर कपिलवस्तु गये थे। जब वे भिक्षा माँगते हुए यशोधरा के घर गये, तो उसने राहुल को उनकी भेंट किया। उसी दृश्य को इस चित्र में प्रदर्शित किया गया है। माता यशोधरा के मुख पर जो आग्रह और विवशता का भाव है, वह सचमुच अनुपम है। बालक राहुल के मुख पर भी आत्मसमर्पण का भाव बड़े सुंदर रूप में अंकित है।

इसी गुहा में एक अन्य चित्र एक राजकीय जलूस का है जिसमें बहुत से आदमी अनुपम रूप से सज-धज कर जा रहे हैं। किसी के हाथ ऊंचा छत्र है, किसी के हाथ में बजाने की शृंगी। स्त्रियों के शरीर पर सुंदर आभूषण हैं, और उनके वस्त्र इतने महीन हैं, कि सारा शरीर दिखाई पड़ता है। इस गुहा के अनेक चित्र जातक ग्रंथों के कथानकों को दृष्टि में रख कर बनाये गये हैं। वेस्संतर जातक के अनुसार बनाये एक चित्र में एक वानप्रस्थ राजकुमार से एक याचक ब्राह्मण उसके एकमात्र अल्पवयस्क पुत्र को माँग लेता है। वचनबद्ध राजकुमार अपने पुत्र को सहर्ष दे देता है। चित्र का ब्राह्मण बहुत क्षीणकाय है, उसके दाँत बाहर

निकले हुए हैं। तपस्वी राजकुमार बिना किसी क्षोभ के अपने याचक को देने के लिये उद्यत है, और उसका शरीर अतीव हृष्टपुष्ट और सुंदर है। एक अन्य चित्र में दिव्य गायक प्रदर्शित किये गये हैं, जिनकी शान में वस्तुतः देखते ही बनती है। अजन्ता की नं० १७ की गुहा में इसी प्रकार के बहुत से चित्र हैं, जिन्हें देखते हुए मनुष्य कभी तृप्त नहीं होता। वे दर्शक को एक कल्पनामयी मधुर दुनिया में ले जाते हैं, जहाँ पहुँच कर मनुष्य अपने को पूर्णतया भूल जाता है।

अजन्ता के समान ही, ग्वालियर राज्य के अमझेरा जिले में बाघ नामक स्थान पर अनेक गुहामंदिर मिले हैं, जो विन्ध्याचल की पहाड़ियों को काट कर बनाये गये हैं। इन्हें गुप्तकाल के अंतिम भाग का माना जाता है। इनमें भी अजन्ता के समान ही, बड़ी सुंदर चित्रकारी की गई है। इन गुहाओं की संख्या नौ है। इनमें से चौथी गुहा रंगमहल कहाती है। इस समय इसके बहुत से चित्र नष्ट हो चुके हैं, विशेषतया छत के चित्र तो बिलकुल ही मिट गये हैं। इस रंगमहल तथा पाँचवीं गुहा में कुल मिला कर छः चित्र इस समय सुरक्षित हैं, जो सौंदर्य और कला की दृष्टि से अजन्ता के चित्रों से किसी भी प्रकार कम नहीं हैं।

गुप्तकाल के साहित्यिक ग्रंथों में भी चित्रलेखन का अनेक स्थानों पर उल्लेख आता है। कवि विशाखदत्त रचित मुद्राराक्षस में आचार्य चाणक्य द्वारा नियुक्त जिस गुप्तचर को अमात्य राक्षस की मुद्रा उपलब्ध हुई थी, वह यमराज का पट फैलाकर भीख माँग रहा था। इस पट पर यमराज का चित्र अंकित था। अजंता के गुहाचित्रों में एक ऐसा भी है, जिसमें क्षपणक ... [illegible] चित्रपट हाथ में लिये भीख माँगता फिर रहा है। ... नंगे हैं, और हाथ में चित्रपट लिये हुए हैं। गुप्तकाल

में सुपर्णकों का एक ऐसा सम्प्रदाय था, जो इस तरह भिक्षा माँगा करता था। पर चित्र उस युग में केवल दीवारों पर ही नहीं बनाये जाते थे, अपितु कपड़े पर भी अनेक प्रकार के चित्र चित्रित किये जाते थे, यह इससे अवश्य सूचित होता है। कालिदास के काव्यों को पढ़ने से ज्ञात होता है, कि उस युग में प्रेमी और प्रेयसी एक दूसरे के चित्रों को बनाते थे, और विवाह संबंध स्थिर करने से पूर्व चित्रों को भी देखा जाता था। कालिदास ने चित्र की कल्पना, तथा उन्मीलन (रंग भरना) का उल्लेख अनेक स्थानों पर किया है।

गुप्तकाल में चित्रकला इतनी अधिक उन्नति कर चुकी थी, कि बृहत्तर भारत के विविध उपनिवेशों में भी अनेक गुहाचित्र व रेशमी कपड़े आदि पर बनाये हुए चित्र मिले हैं। ये सब गुप्तकाल के हैं, और उसी शैली के हैं, जो भारत में प्रचलित थी। भारत से ही चित्रकार इस काल में सुदूर देशों में गये थे और वहाँ उन्होंने अपनी कला के चमत्कार दिखाये थे।

(५) संगीत

समृद्धि और वैभव के इस काल में संगीत, अभिनय आदि का भी लोगों को बड़ा शौक था। गुप्त सम्राट् स्वयं संगीत के बड़े प्रेमी थे। इसीलिये समुद्रगुप्त और चंद्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य जैसे प्रतापी सम्राटों ने अपने कुछ सिक्के ऐसे भी जारी किये, जिनमें वे वीणा या अन्य वाद्य का रसास्वादन कर रहे हैं। बाघ के गुहामंदिरों के एक चित्र में नृत्य करने वाली दो मंडलियाँ दिखाई गई हैं। प्रथम मंडली में एक नर्तक नाच रहा है, और सात स्त्रियां ने उसे घेर रखा है। इनमें से एक स्त्री मृदङ्ग, तीन झल और बाकी तीन कोई अन्य बाजा बजा रही हैं। दूसरी मंडली में भी मध्य में एक नर्तक नाचता है, और छ: स्त्रियाँ

विविध बाजा बजा रही हैं। सारनाथ में प्राप्त एक प्रस्तर पर भी ऐसा ही दृश्य उत्कीर्ण है। इसमें नृत्य करने वाली स्त्री है और बाजा बजाने वाली भी अनेक स्त्रियाँ हैं। इनको देखकर इसमें कोई संदेह नहीं रहता, कि गुप्तकाल में संगीत और नृत्य का बड़ा प्रचार था। सर्वसाधारण लोग इनसे में बड़ा आनंद अनुभव करते थे।

इसी काल में कालिदास, विशाखदत्त आदि अनेक कवियों ने अपने नाटक लिखे। ये जहाँ काव्य की दृष्टि से अनुपम हैं, वहाँ अभिनयकला की दृष्टि से भी अत्यंत सुंदर और निर्दोष हैं। ये नाटक जहाँ स्वयं इस काल के संगीत और अभिनय के उत्कृष्ट प्रमाण हैं, वहाँ इनके अंदर भी नृत्य, अभिनय का जगह-जगह उल्लेख किया गया है।

और वहाँ के राजा धीरे-धीरे अपनी शक्ति का विस्तार करने में लगे थे।

सुदूर पूर्व में भारतीयों का दूसरा शक्तिशाली उपनिवेश चंपा था। इसकी स्थिति कंबोडिया के पूर्व में थी। वर्तमान समय में यह अनाम कहलाता है। पर उन्नीसवीं सदी के शुरू तक इसका नाम चंपा ही था। अनामीज लोगों ने इस प्रदेश पर आक्रमण करके चंपा के राजा को जीत लिया था। तब से अनाम कहलाता है। चंपा का पहला भारतीय राजा श्रीमार था। इसका समय दूसरी सदी में है। उस समय में चीनी साम्राज्य टोन्किन तक विस्तृत था। टोन्किन चंपा के ठीक उत्तर में है। चंपा के भारतीय राजा अपने सामुद्रिक बेड़े के साथ टोन्किन पर आक्रमण करते रहते थे, और अपने राज्य की सीमा को उत्तर में निरंतर बढ़ा रहे थे। श्रीमार का उल्लेख चंपा में प्राप्त एक शिलालेख में किया गया है, यह शिलालेख संस्कृत में है। चंपा भारतीयों का ही उपनिवेश था, और वहाँ की भाषा संस्कृत थी।

चीनी ऐतिहासिक इतिवृत्त से ज्ञात होता है, कि फन वेन नाम के चंपा के एक भारतीय राजा ने ३४० ईस्वी में चीन के सम्राट् के पास एक राजदूत भेजा। उसने अपने दूत से यह कहलवाया कि चीन और चंपा के बीच की सीमा होन सोन की पर्वतमाला को निश्चित कर लिया जाय। इस नई सीमा के अनुसार न्हुत नाम का उपजाऊ प्रदेश चंपा के राज्य में सम्मिलित हो जाता था। चीनी सम्राट् इसके लिये तैयार नहीं हुआ। परिणाम यह हुआ कि ३४७ ईस्वी में फन वेन ने चीन पर आक्रमण कर दिया और न्हुत नाम को जीतकर चंपा का राज्य होन सोन पर्वतमाला तक विस्तृत हो गया। यद्यपि इस युद्ध में राजा फन वेन की मृत्यु हो गई, पर उसकी महत्वाकांक्षा और वीरता ने चंपा के राज्य को बहुत समृद्ध तथा शक्तिशाली

बना दिया। चीन और चंपा का संघर्ष राजा फन वेन के ब[ाद]
भी जारी रहा। चंपा के राजा फन फो (३४६ से ३८० ई० त[क])
और फन हुवा (३८० से ४१३ ई० तक) के शासनकाल में चं[पा]
अपने खोये हुये प्रदेश को पुनः जीत लेने के लिये निरं[तर]
यत्न करता रहा। यह ध्यान रखना चाहिये, कि फन वेन आ[दि]
जो नाम हमने ऊपर दिये हैं, वे चीनी इतिवृत्त के अनुसार हैं।
चंपा के ये राजा भारतीय थे, संस्कृत इनकी भाषा थी, औ[र]
इनके नाम भी भारतीयों के ही सदृश होते थे। फन हुवा क[ा]
असली नाम धर्ममहाराज श्री भद्रवर्मन था। इसके अने[क]
शिलालेख संस्कृत में लिखे हुए चंपा में उपलब्ध हुए हैं। भ[द्र]
भद्रवर्मन वेदों का परम विद्वान महान् पंडित था। उसने शि[व]
के एक विशाल मंदिर का निर्माण कराया और उसमें भद्रेश्व[र]
स्वामी शिव की मूर्ति की प्रतिष्ठा की। यह मंदिर चंपा के
धर्म और संस्कृति का केंद्र बन गया, और इसकी कीर्ति बहुत
देर तक क़ायम रही।

४२० ईस्वी के लगभग चंपा के इस प्राचीन राजवंश का
अंत हो गया। नये राजवंश ने भी चीन के साथ युद्धों को
जारी रखा। अंत में परेशान होकर चीन के सम्राट् ने एक
बहुत बड़ी सेना चंपा पर आक्रमण करने के लिये भेजी। चीन
की इस ज़बर्दस्त सेना का मुक़ाबला कर सकना चंपा जैसे छोटे
राज्य के लिये संभव नहीं था। चंपापुरी पर चीनी सेनाओं
का कब्ज़ा हो गया और वहाँ के राजा को संधि करने के लिये
विवश होना पड़ा। भेंट-उपहार लेकर चीन का सम्राट् संतुष्ट
हो गया और चंपा और चीन की यह मैत्री बहुत समय
तक क़ायम रही। चंपा के राजदूत चीनी दरबार में निरंतर
रहने लगे।

मलाया प्रायद्वीप में भारतीयों के कई छोटे-छोटे राज्य इस

काल में स्थापित हुए। मलाया का कुछ प्रदेश यूनान के शक्तिशाली राज्य के अंतर्गत था, यह हम पहले लिख चुके हैं। मलाया के अन्य राज्यों में से एक को चीनी लेखकों ने लंग किया सू लिखा है। इसकी स्थापना दूसरी सदी में हुई थी। छठवीं सदी के प्रारंभ में इस राज्य का राजा भगदत्त था, और उसने आदित्य नाम का एक राजदूत चीनी सम्राट् के पास भेजा था।

हिन्द महासागर के विविध द्वीपों में भी भारतीयों ने अपने उपनिवेश स्थापित किये थे। ये सब द्वीप आज कल स्थूल रूप से ईस्ट इन्डोनीसिया कहलाते हैं। जावा का प्राचीन नाम यवद्वीप था। दूसरी सदी तक वहाँ भारतीय उपनिवेश की स्थापना हो चुकी थी। १३२ ईस्वी में जावा के राजा देववर्मन ने अपना एक दूत चीन के सम्राट् के पास भेजा था। पश्चिमी जावा में संस्कृत के चार शिलालेख मिले हैं, जो छठवीं सदी के पहले के हैं।

हुआ ४१४ ईस्वी के लगभग जावा पहुँचा था। जिस जहाज से वह जावा उतरा था, उसमें २०० भारतीय व्यापारी भी उसके साथ थे। फाह्यान ने लिखा है, कि जावा में शैव और वैष्णव धर्म का बहुत प्रचार है।

जावा के पड़ोस में बाली नाम का द्वीप है। यहाँ भी गुप्त काल में भारतीयों का उपनिवेश स्थापित हो चुका था। ५१८ ईस्वी में यहाँ के भारतीय राजा ने अपना एक दूत चीनी सम्राट् के सेवा में भेजा था।

चौथी सदी में सुमात्रा में भारतीय उपनिवेश की स्थापना हो गई थी। इसका नाम श्रीविजय था। गुप्त काल की समाप्ति

पर इस राज्य ने बड़ी उन्नति की। संस्कृत के बहुत से शिला-लेख यहाँ उपलब्ध हुए हैं, जिनसे श्रीविजय के भारतीय राजाओं के वैभव का बड़ा उत्तम परिचय मिलता है। बोर्नियो में भी चौथी सदी में भारतीय उपनिवेश स्थापित हो गया था ४०० ईस्वी के लगभग के चार शिलालेख यहाँ मिले हैं, जिनमें राजा अश्ववर्मन के पुत्र राजा मूलवर्मन के दान-पुण्य और यज्ञों का वर्णन है। संस्कृत के ये लेख जिन स्तंभों पर उत्कीर्ण हैं, वे राजा मूलवर्मन के यज्ञों में यूप के तौर पर प्रयुक्त होने के लिये बनाये गये थे। इन यज्ञों के अवसर पर वप्रकेश्वर तीर्थ में बीस हजार गौवें और बहुत सा धन दान दिया गया था।

सुदूर पूर्व के ये उपनिवेश शुद्ध रूप में भारतीय थे। यदि बीच में समुद्र का व्यवधान न होता, तो इन्हें भारत का ही एक हिस्सा समझा जा सकता था। इनमें प्राप्त शिलालेखों की भाषा शुद्ध संस्कृत है। इनके राजा भारतीय आदर्शों के अनुसार शासन करते थे। उनके आचार-विचार, चरित्र और व्यवहार, सब भारतीय थे। भारत के धर्मों का इनमें पूर्णरूप से प्रचार था। शैव, वैष्णव और बौद्ध, तीनों धर्म इन उपनिवेशों में प्रचलित थे। इनमें प्राप्त शिलालेखों से ज्ञात होता है, कि भारत की पौराणिक गाथायें, देवी-देवता, सामाजिक आचार-विचार, सब इनमें उसी प्रकार प्रचलित थे, जैसे कि भारत में विष्णु, ब्रह्मा, शिव, गणेश, नंदी, स्कंद, महाकाल आदि की मूर्तियाँ बोर्नियो में प्राप्त हुई हैं। मलाया प्रायद्वीप में दुर्गा, काली, गणेश, नंदी और योनि की मूर्तियाँ मिली हैं। हमारे देश के चक्र, शंख, गदा, पद्म, त्रिशूल आदि सब चिह्न जावा में मिले हैं। इन उपनिवेशों में भारत का पौराणिक धर्म पूरे जोर के साथ फैला हुआ था। गंगा की पवित्रता की भावना तक

पर पौराणिक आर्य धर्म के साथ-साथ बौद्ध आर्यमार्ग का भी इन उपनिवेशों में विस्तार जारी था। इस संबंध में गुण-वर्मन की कथा का उल्लेख करना उपयोगी है। वह काश्मीर का राजकुमार था, पर बौद्ध धर्म से उसे बहुत अनुराग था। जब उसकी आयु तीस वर्ष की थी, तो कश्मीर के राजा की मृत्यु हो गई, और उत्तराधिकार के नियमों के अनुसार काश्मीर की राजगद्दी उसके हाथ में आई। पर गुणवर्मा ने राज्य का परित्याग कर बौद्ध धर्म का प्रचार करने में अपने जीवन को लगा देने का निश्चय किया, और काश्मीर के राज्य को छोड़ कर भिक्खु बन सीलोन चला गया। कुछ समय वहाँ [illegible] कर उसने जावा को प्रस्थान किया, और वहाँ धर्म-प्रचार [illegible] कार्य प्रारंभ किया। जावा की राजमाता शीघ्र ही उसके [illegible]भाव में आ गई और उसने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। [illegible]ता की प्रेरणा से कुछ समय बाद जावा के राजा ने भी [illegible]द्ध धर्म की दीक्षा ली। इसी समय कुछ विदेशी सेनाओं ने [illegible]वा पर आक्रमण किया। अहिंसा प्रधान बौद्ध-धर्म के अनु-[illegible]यी राजा के सम्मुख यह समस्या उपस्थित हुई, कि इस आक्र-[illegible]ण का मुकाबला करने के लिये युद्ध करना चाहिये या नहीं। [illegible]स समस्या का समाधान गुणवर्मन ने किया। उसने कहा कि [illegible]स्युओं को नष्ट करना हिंसा नहीं है, और उनसे युद्ध करना [illegible]व का धर्म है। आक्रमण करने वाली सेनाओं की पराजय [illegible]ो गई, और जावा [illegible] स्वतन्त्रता अक्षुण्ण बनी रही।

अब गुणवर्मन की कीर्ति इन सब भारतीय उपनिवेशों में फैल गई थी। चीन में भी उसके ज्ञान और गुणों का यश पहुंच गया था। चीनी भिक्खुओं ने अपने राजा से प्रार्थना की कि गुणवर्मन को चीन निमंत्रित किया जावे। भिक्खुओं का आवेदन स्वीकार कर चीन के सम्राट् ने अपना राजदूत जावा

के राजा व गुणवर्मन के पास भेजा और यह प्रार्थना की कि आचार्य चीन पधारें। गुणवर्मन ने यह स्वीकार कर लिया और ४३१ ईस्वी में नानकिंग के बंदरगाह पर पहुँच गया। वह जिस जहाज पर चीन गया था, वह नंदी नाम के भारतीय व्यापारी का था, जो भारत का माल विक्रय के लिये चीन जा रहा था। गुणवर्मन के सदृश और भी बहुत से योग्य बौद्ध आचार्य इस काल में बौद्ध धर्म के प्रचार के लिये इस प्रदेश में कार्य कर रहे थे।

जावा, सुमात्रा, चंपा, वाली और बोर्नियो के समान मलाया में भी बहुत से शिलालेख, मूर्तियाँ व मंदिरों के अवशेष उपलब्ध हुए हैं। मलाया में गुनांग अरई पर्वत की उपत्यका में एक विशाल हिंदू मंदिर के खंडहर विद्यमान हैं। इसके समीप ही एक बौद्ध विहार के अवशेष पाये गये हैं। दोनों जगह संस्कृत के शिलालेख हैं, जो पाँचवीं सदी के लिखे हुए हैं। श्री विष्णु वर्मन नाम के एक प्राचीन राजा की मुद्रा भी इस प्रदेश से मिली है। प्राचीन स्तूप, स्तंभ और अन्य प्रकार की इमारतों के भी बहुत से खंडहर मलाया में मिलते हैं। चौथी पाँचवीं व छठवीं सदियों के जो भी शिलालेख इस देश में मिले हैं, वे सब संस्कृत में हैं। इनसे यह भलीभाँति सूचित होता है, कि गुप्त काल में मलाया में भी भारतीयों ने अपने बहुत से उपनिवेश बसाये थे, और वहाँ भारतीय भाषा, धर्म, संस्कृति व आचार-विचार का अनुसरण किया जाता था। बरमा में इस युग में यही दशा थी। वर्तमान प्रोम के समीप श्रीक्षेत्र नाम का समृद्ध भारतीय राज्य था। अन्य अनेक छोटे-२ भारतीय उपनिवेशों से भी इस युग का बरमा आबाद था।

यह ध्यान में रखना चाहिये, कि सुदूर पूर्व के इन भारतीय उपनिवेशों की स्थापना किसी राजा व सम्राट् की कृति नहीं

से है। यह सब प्रचीन समय में भारत के ही प्रदेश थे। पर इनसे भी परे बाल्हीक (बल्ख) से आगे बढ़ कर उत्तर और पश्चिम में एक नये बृहत्तर भारत का विकास हुआ। इसका प्रारंभ मौर्य काल में हुआ था। सम्राट् अशोक की धर्मविजय की नीति के कारण खोतान तथा उसके समीपवर्ती प्रदेशों में किस प्रकार भारतीय उपनिवेशों का प्रारंभ हुआ, और कैसे बौद्ध धर्म का प्रचार हुआ, इस पर हम पहले प्रकाश डाल चुके हैं। अशोक के समय में जिस प्रक्रिया का प्रारंभ हुआ था, वह गुप्त काल में पूर्ण विकास को प्राप्त हुई। इस सारे प्रदेश में अनेक भारतीय उपनिवेशों का विस्तार हुआ, जिनमें भारतीय लोग बड़ी संख्या में जाकर आबाद हुए। मूल निवासियों के साथ विवाह करके उन्होंने एक नई संकर जाति का विकास किया, जो धर्म, सभ्यता, भाषा और संस्कृति में भारतीय ही थी।

इस उत्तर-पश्चिमी बृहत्तर भारत में निम्नलिखित राज्य सम्मिलित थे—(१) शैलदेश (काशगर) (२) चोक्कुक (यारकंद) (३) खोतन्न (खोतान) (४) चल्मद (शान शान) (५) भरुक (पोलुकिया) (६) कुची (कुचर) (७) अग्निदेश (करसहर) और (८) कोचांग (तूरफान)। इन आठ राज्यों में खोतान और कुची सबसे मुख्य थे, और इनके भी परे के चीन व अन्य राज्यों में भारतीय धर्म व संस्कृति के प्रसार में इन्होंने बड़ा महत्वपूर्ण कार्य किया था।

चोक्कुक, खोतन्न, शैलदेश और चल्मद में भारतीयों की आबादी बहुत थी। इनमें बहुत बड़ी संख्या में भारतीय लोग जाकर आबाद हुए थे। इनका कंबोज और गांधार से व्यापार का ‘‘ बहुत घनिष्ठ था। व्यापार के कारण ये निरंतर भारत ।. रहते थे। यहाँ की भाषा भी प्राकृत थी, जो ‘पश्चिमी भारत की प्राकृत भाषा से बहुत मिलती-जुलती थी।

भारतीय उपनिवेश थे, उन्हीं के राजकुलों की कुमारियाँ भिक्षुव्रत लेकर इन विहारों में रहती थीं, और बौद्ध धर्म का बड़ी तत्परता के साथ पालन करती थीं।

कुची के राजाओं के नाम भी भारतीय थे। वहाँ के कुछ राजाओं के नाम स्वर्णदेव, हरदेव, सुवर्णपुष्प और हरिपुष्प हैं, जो इस राज्य का भारतीय संस्कृति के गढ़ होने के स्पष्ट प्रमाण हैं। कुची में जो खुदाई पिछले दिनों में हुई है, उसमें विहारों और चैत्य के बहुत से अवशेष मिले हैं। इसमें संदेह नहीं कि खोतान के समान कुची भी भारत का एक समृद्ध तथा वैभवशाली उपनिवेश था।

इस प्रसग में आचार्य कुमारजीव का उल्लेख करना बहुत आवश्यक है। उसके पिता काम कुमारायन था। वह भारत के एक राजकुल में उत्पन्न हुआ था, पर अन्य अनेक राजकुमारों की तरह वह भी युवावस्था में ही बौद्ध भिक्षु बन गया था। भिक्षु होकर वह कुची पहुँचा। वहाँ के राजा ने उसका बड़े समारोह से स्वागत किया और उसकी विद्या तथा ज्ञान से प्रभावित होकर उसे राजगुरु के पद पर नियुक्त किया। पर कुमारायन देर तक भिक्षु नहीं रह सका। कुची के राजा की बहन जीवा उस पर मोहित हो गई, और अंत में दोनों का विवाह हो गया। इनके दो संतान हुई, कुमारजीव और पुष्यदेव। जब कुमारजीव की आयु केवल सात वर्ष की थी, तो उसकी माता जीवा भिक्खुनी हो गई, और अपने योग्य तथा होनहार पुत्र को लेकर भारत आई। भारत आने में उसका उद्देश्य यह था, कि कुमारजीव को बौद्ध धर्म की ऊंची से ऊंची शिक्षा दी जावे। अनेक प्रदेशों का भ्रमण करने के बाद जीवा कश्मीर आई। वहाँ उन दिनों बंधुदत्त नाम का बौद्ध आचार्य बड़ा प्रसिद्ध था। वह कश्मीर के राजा का भाई था, और

उसका बड़ा सत्कार हुआ। वह संस्कृत और चीनी का अनुपम विद्वान था। शास्त्रों में उसकी अप्रतिहत गति थी। अतः उसे यह कार्य सुपुर्द किया गया. कि संस्कृत के प्रामाणिक बौद्ध ग्रंथों का चीनी भाषा में अनुवाद करे। इस कार्य में उसकी सहायता के लिये अन्य बहुत से विद्वान नियत कर दिये गये। दस वर्ष के लगभग समय में उसने १०६ संस्कृत ग्रंथों का चीनी में अनुवाद किया। महायान संप्रदाय का चीन में प्रसार कुमारजीव द्वारा ही हुआ। उसके पांडित्य की कीर्ति सारे चीन में फैली हुई थी। उससे शिक्षा ग्रहण करने के लिये दूर-दूर से चीनी विद्यार्थी और भिक्षु उसकी सेवा में पहुँचते थे।

अपने कार्य में सहायता करने के लिये कुमारजीव ने बहुत से विद्वानों को भारत से चीन बुलाया। वह भारत में शिक्षा ग्रहण कर चुका था। काश्मीर के बौद्ध पंडितों से उसका घनिष्ठ परिचय था। उसके अनुरोध से जो भारतीय विद्वान चीन गये, उनमें पुण्यत्रात, बुद्धयश, गौतम संघदेव, धर्मयश, गुणवर्मन, गुणभद्र और बुद्धवर्मन के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। चीन में जो बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ, उसमें ये सब कुमारजीव के सहयोगी थे। चीन में इन विद्वानों का बड़ा ऊँचा स्थान है। ये सब वहाँ धर्मगुरु और धर्माचार्य के रूप में माने जाते हैं। इन्हीं के साहस, पांडित्य और लगन का यह परिणाम हुआ, कि धीरे-धीरे सारा चीन बौद्ध धर्म का अनुयायी हो गया। आज चीन में जो सैकड़ों बौद्ध ग्रंथ उपलब्ध होते हैं, यह इन्हीं विद्वानों की कृति का परिणाम है। इनमें से बहुत से अब अपने संस्कृत के मूलरूप में नहीं मिलते, पर चीनी अनुवाद के रूप में वे चीन में मिलते हैं। अब उनका फिर से संस्कृत रूपांतर किया जा रहा है।

कुमारजीव के निमंत्रण पर जो विद्वान् चीन गये थे, उनके

अपने पांडित्य के लिये उसका नाम दूर-दूर तक फैला हुआ था। बंधुदत्त के चरणों में बैठ कर कुमारजीव ने सब बौद्ध आगम को पढ़ा, और धीरे-धीरे एक प्रकांड पंडित हो गया। काश्मीर में विद्याग्रहण करने के बाद कुमारजीव शैल देश (काशगर) आया, और वहाँ उसने चारों वेदों, वेदांगों, दर्शन और ज्योतिष आदि का अध्ययन किया। उस समय शैल देश प्राचीन वैदिक धर्म का बहुत बड़ा केंद्र था। इसीलिये कुमारजीव ने वैदिक साहित्य का वहाँ जाकर अध्ययन किया था। शैल देश से वह चोक्कुक (यारकंद) गया और वहाँ नागार्जुन, आर्यदेव आदि प्रसिद्ध आचार्यों के ग्रंथों का अनुशीलन किया। इसके बाद उसने चोक्कुक में महायान संप्रदाय में बाक़ायदा प्रवेश किया। इस प्रकार बौद्ध और वैदिक साहित्य का पूर्ण पंडित होकर वह कुची वापस लौटा। अपनी मातृभूमि में उसने अध्यापन का कार्य शुरू किया। उसकी विद्वत्ता की कीर्ति सुन कर दूर-दूर से विद्यार्थी उसके पास शिक्षा ग्रहण करने के लिये आने लगे और थोड़े ही समय के कुची विद्या का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया।

पर कुमारजीव देर तक कुची में नहीं रह सका। ३८३ ईस्वी के लगभग कुची पर चीन ने आक्रमण किया। चीन की विशाल शक्ति का मुकाबला कर सकना कुची जैसे छोटे से राज्य के लिये संभव नहीं था। फिर भी वहाँ के राजा ने वीरता के साथ युद्ध किया, पर अंत में कुची पर चीन का अधिकार हो गया। जो बहुत से कैदी कुची से चीन ले जाये गये, उनमें कुमारजीव भी एक था। पर सूर्य देर तक बादलों में नहीं छिपा रह सकता। कुमारजीव की विद्या की ख्याति चीन में सर्वत्र फैल गई, और वहाँ के सम्राट् ने उसे अपने राजदरबार में आमंत्रित किया। ...१ ई० में कुमारजीव चीन की राजधानी में पहुँचा। वहाँ

गुप्त काल में जो हूण भारत में आक्रांता के रूप में प्रविष्ट ;, जिन्होंने शुरू में बड़ी बर्बरता प्रदर्शित की, वे भी बाद में [illegible]दिया भारतीय समाज के अंग बन गये। हूण राजा मिहिर-[illegible] ने शैव धर्म को स्वीकार कर लिया था। एक शिलालेख में [illegible]खा है, कि स्थाणु शिव के अतिरिक्त किसी के सम्मुख वह [illegible]र नहीं झुकाता था। उसके जो सिक्के मिले हैं, उन पर शूल और नंदी के चिह्न अंकित किये गये हैं, और 'जयतु [illegible]' यह उत्कीर्ण किया गया है।

उस समय के भारत की इस प्रवृत्ति को पुराणों में बड़े [illegible]दर रूप में वर्णित किया गया है। शक, यवन, हूण आदि [illegible]तियों को गिना कर पुराणकार ने भक्ति के आवेश में आकर [illegible]हा है, ये और अन्य जो भी पापयोनि जातियाँ हैं, वे सब [illegible]स विष्णु के संपर्क में आकर शुद्ध हो जाती हैं, उस प्रभविष्णु [illegible]ष्णु को नमस्कार हो। भगवान् विष्णु की यह पतितपावनी [illegible]क्ति भारत में गुप्त काल तक क़ायम थी। मुसलिम धर्म के [illegible]द यह शक्ति नष्ट हो गई, और उस समय के भारतीय अरब [illegible]ौर तुर्क आक्रांताओं को अपने में नहीं मिला सके।

शैव और बौद्ध धर्म को स्वीकार करके हूण लोग भारतीय समाज के ही अंग बन गये। इस समय यह बता सकना बहुत कठिन है, कि शक, यवन, युइशि और हूण आक्रांताओं के वर्त-मान प्रतिनिधि कौन लोग हैं। ये सब जातियाँ बहुत बड़ी संख्या में भारत में प्रविष्ट हुई थीं। पर इनके उत्तराधिकारियों की हिन्दू समाज में कोई पृथक् सत्ता नहीं है। वस्तुतः ये हिंदू समाज ही में बिलकुल ही घुलमिल गईं, और हिंदुओं की विविध जातियों में गिनी जाने लगीं। जहाँ भारत की वर्तमान अनेक जातियाँ पुराने गणराज्यों की प्रतिनिधि हैं, वहाँ अनेक इन म्लेच्छ आक्रांताओं का भी प्रतिनिधित्व करती हैं। पर इस

अतिरिक्त भी अनेक बौद्ध पंडित इस काल में भारत से चीन गये। वे सब चीन में ही बस गये, वहीं इनकी मृत्यु भी हुई। पर इन्होंने भारत के धर्म और संस्कृति को बहुत दूर-दूर तक फैला दिया। इनके द्वारा स्थापित धर्म विजय आज तक भी कायम है। शकों द्वारा जो विजययात्रा गुप्तसम्राटों ने की थी, उसका प्रभाव नष्ट हुए तो सदियाँ बीत चुकी हैं। पर इन पंडितों की विजययात्रा का प्रभाव हजारों साल बीत जाने पर भी अब तक अक्षुण्ण रूप से विद्यमान है।

आचार्य कुमारजीव की मृत्यु ४१२ ईस्वी में चीन में ही हुई।

भारत के इन उपनिवेशों में केवल भारतीय धर्म का ही प्रसार नहीं हुआ, पर यहाँ की वास्तुकला, संगीत, मूर्तिनिर्माण-कला आदि का भी इनमें खूब प्रचार हुआ था। खोतान और कुची में जो भग्नावशेष अब मिले हैं, उनमें की मूर्तियों में गांधारी शैली का स्पष्ट प्रभाव है। वहाँ के विहार, चैत्य आदि भी भारतीय वास्तुकला के अनुसार बनाये गये थे। गुप्तकाल में प्राकृत की जगह संस्कृत का उत्कर्ष हुआ था। इन उपनिवेशों में भी संस्कृत और ब्राह्मी लिपि ही इस युग में जोर पकड़ गई थी।

(३) हूणों का भारतीय बनना

गुप्तकाल में भारतीय धर्मों में अद्वितीय जीवनी शक्ति थी। न केवल बौद्ध, अपितु जैन, वैष्णव, शैव व अन्य धर्मों में भी उस समय तक यह शक्ति विद्यमान थी, कि विदेशियों या म्लेच्छों को अपने धर्म में दीक्षित कर उन्हें भारतीय समाज का ही एक अंग बना लें। यवन, शक और कुशाण लोग किस प्रकार भारत में आकर भारतीय बन गये, यहाँ के धर्म, भाषा, सभ्यता और ग्रहण कर कैसे वह यहाँ के जनसमाज में पुलमिल ... प्रदर्शित कर चुके हैं।

चौबीसवाँ अध्याय

पाटलीपुत्र के वैभव का अंत

(१) मौखरि वंश का अभ्युदय

यशोधर्मा की विजयों के बाद गुप्त साम्राज्य बहुत कुछ शिथिल हो गया था। इस समय जिन राजवंशों ने भारत के विविध प्रदेशों में अपनी शक्ति को बढ़ाना प्रारंभ किया उनमें मौखरि वंश मुख्य है। यह वंश बहुत प्राचीन था। शुंगकाल में भी इसकी सत्ता के प्रमाण मिलते हैं। इस वंश का मूल स्थान मगध में था। कदंब वंश के संस्थापक मयूर शर्मा के एक शिलालेख के अनुशीलन से ज्ञात होता है, कि मौखरि लोगों का मगध में राज्य भी रह चुका था। कदंब वंश का प्रारंभ तीसरी सदी में हुआ था, इस वंश के पहले राजा तीसरी सदी के अंत में और चौथी सदी के शुरू में राज्य करते थे। यदि उनके समय में मगध में मौखरि वंश का शासन था, तो यह अनुमान युक्तिसंगत होगा, कि गुप्त वंश के शक्तिशाली राजा चंद्रगुप्त प्रथम ने लिच्छविगण की सहायता से जिस मगध कुल का उच्छेद कर पाटलीपुत्र पर अधिकार जमाया था, वह मौखरि वंश ही था। कौमुदी महोत्सव नाटक में सुंदरवर्मा और कल्याणवर्मा के नाम के मगध राजाओं का वर्णन है जिनके विरुद्ध चण्डसेन कारस्कर ने षड्यंत्र किया था। संभवतः ये राजा मौखरि वंश के ही थे, जिन्होंने कुशाण साम्राज्य के पतनकाल की अव्यवस्था से लाभ उठा कर मगध में अपना स्वतंत्र राज्य क़ायम कर लिया था। गुप्तों के उत्कर्ष के कारण ये

समय वे क्षत्रियों के अंतर्गत हैं, उनमें पाप या पापयोनिपन कुछ भी शेष नहीं है।

इस अध्याय को समाप्त करने से पूर्व एक बात और लिखना आवश्यक है। जहाँ भारतीयों ने सुदूर पूर्व में व पामीर के उत्तर-पश्चिम में अपनी बस्तियाँ बसाई थीं, वहाँ प्राचीन सीरिया और मैसोपोटामिया में भी उनके छोटे-छोटे उपनिवेश विद्यमान थे। यूफ्रेटस नदी के तट पर उनके दो बड़े मंदिर थे, जिन्हें सेन्ट ग्रेगरी के नेतृत्व में ईसाइयों ने नष्ट किया था यह घटना ३०४ ईस्वी की है। जब ईसाइयों ने अपने धर्म प्रचार के जोश में इन मंदिरों पर आक्रमण किया, तो भारती लोग बड़ी वीरता के साथ उनसे लड़े। पर ईसाई उनकी अपेक्षा बहुत अधिक संख्या में थे। भारतीयों को उनसे परास्त होना पड़ा मैसोपोटामिया के दो प्राचीन भारतीय मंदिर नष्ट कर दिए गये और इस प्रदेश की भारतीय बस्ती भी बहुत कुछ छिन्न-भिन्न हो गई। पर गुप्त काल में भारतीयों ने इतनी दूर पश्चिम में भी अपनी बस्तियाँ क़ायम की थीं, यह ऐतिहासिक तथ्य है

बला करने के कार्य में यशोधर्मा का साथ दिया था. और निःसंदेह इस गौरवपूर्ण विजय में उसका भी बड़ा हाथ था। इस सैनिक विजय के कारण ईश्वरवर्मा का महत्त्व बहुत बढ़ गया था और उसने अपने कन्नौज के राज्य में बहुत कुछ स्वतंत्रता प्राप्त कर ली थी। यशोधर्मा के बाद गुप्त साम्राज्य में जो उथल-पथल मच गई थी, उसका लाभ उठा कर ईश्वर-वर्मा सामंत की जगह स्वतंत्र महाराज बन गया था।

ईश्वरवर्मा के बाद ईशानवर्मा कन्नौज की राजगद्दी पर बैठा। इसका शासनकाल ५५० से ५७६ ईस्वी तक है। इसने अपनी शक्ति को बढ़ाना प्रारंभ किया, और महाराजाधिराज की पदवी धारण की। परिणाम यह हुआ, कि गुप्त सम्राट् कुमारगुप्त तृतीय के साथ इसके अनेक युद्ध हुए। गुप्त साम्राज्य में अभी काफ़ी शक्ति थी। मौखरियों को परास्त कर उनकी महत्त्वाकांक्षाओं को दबाने में कुमारगुप्त तृतीय सफल हुआ, और कुछ समय के लिये मौखरि वंश का उत्कर्ष रुक गया।

ईशानवर्मा के बाद सर्ववर्मा कन्नौज का मौखरि राजा बना। यह अपने पिता के समान ही वीर और महत्त्वाकांक्षी था। गुप्तों के साथ इसने निरंतर युद्ध किये। इस समय गुप्त साम्राज्य का स्वामी दामोदरगुप्त था। उसे सर्ववर्मा ने परास्त किया। सर्ववर्मा ने अपने साम्राज्य की सीमा को पूर्व में सोन नदी तक विस्तृत कर लिया। मगध और उसकी राजधानी पाटलीपुत्र अब भी गुप्तों के हाथ में रही। पर उनका साम्राज्य अब बहुत क्षीण हो गया था। उत्तरी भारत की प्रधान राजनीतिक शक्ति अब गुप्तों के हाथ से निकल कर मौखरि वंश के पास आ गई थी। सर्ववर्मा के समय में ही मौखरि वंश सच्चे अर्थों में अपनी स्वतंत्र शक्ति को प्रगट करने में समर्थ हुआ था।

साधारण सामंतों की स्थिति में रह गये। गुप्त साम्राज्य के अंतर्गत गया के समीपवर्ती प्रदेश में मौखरियों का राज्य था, जो गुप्त सम्राटों की अधीनता स्वीकार करते थे, और उनके करद सामंत थे। इस वंश के तीन राजाओं के नाम बराबर और नागार्जुनी पहाड़ियों के गुहामंदिरों में उत्कीर्ण लेखों द्वारा ज्ञात होते हैं। ये राजा यज्ञवर्मा, शार्दूलवर्मा और अनंतवर्मा थे। कोई आश्चर्य नहीं, कि ये कौमुदी महोत्सव में वर्णित सुंदरवर्मा और कल्याणवर्मा के ही वंशज हों।

मौखरि वंश की एक अन्य शाखा कन्नौज में राज्य करती थी। ये भी गुप्त सम्राटों के सामंत थे। और संभवतः, गुप्तों के वैभवकाल में प्रांतीय शासक के रूप में नियुक्त होकर मगध से कन्नौज आये थे। पर जब हूणों के आक्रमणों और यशोधर्मा की विजयों के कारण गुप्त साम्राज्य निर्बल होने लगा, तो कन्नौज के ये मौखरि राजा स्वतंत्र हो गये। इस वंश के वंश के प्रथम तीन राजा हरिवर्मा, आदित्यवर्मा, और ईश्वरवर्मा थे। पहले दो राजा हरिवर्मा और आदित्यवर्मा गुप्त सम्राटों के सामंत थे, और उन्हीं की तरफ से कन्नौज का शासन करते थे। इनका गुप्त सम्राटों के साथ वैवाहिक संबंध भी था। आदित्यवर्मा की पत्नी गुप्त वंश की राजकुमारी थी। इस विवाह के कारण उसकी स्थिति और अधिक बढ़ गई थी। उसके पुत्र ईश्वरवर्मा का शासनकाल ५२५ से ५५० है। इसी के समय में यशोधर्मा ने हूणों का पराभव किया था। हूण राजा के विरुद्ध यशोधर्मा ने जिस विशाल सैन्य शक्ति का संगठन किया था, उसमें मौखरि ईश्वरवर्मा भी सम्मिलित था। एक शिलालेख में मौखरि राजा द्वारा हूणों के पराजय का उल्लेख है। हूणों पर यह विजय ईश्वरवर्मा ने किसी स्वतंत्र युद्ध में नहीं प्राप्त की थी। उसने हूणों

बला करने के कार्य में यशोधर्मा का साथ दिया था, और निःसंदेह इस गौरवपूर्ण विजय में उसका भी बड़ा हाथ था। इस सैनिक विजय के कारण ईश्वरवर्मा का महत्त्व बहुत बढ़ गया था और उसने अपने कन्नौज के राज्य में बहुत कुछ स्वतंत्रता प्राप्त कर ली थी। यशोधर्मा के बाद गुप्त साम्राज्य में जो उथल-पथल मच गई थी, उसका लाभ उठा कर ईश्वरवर्मा सामंत की जगह स्वतंत्र महाराज बन गया था।

ईश्वरवर्मा के बाद ईशानवर्मा कन्नौज की राजगद्दी पर बैठा। इसका शासनकाल ५५० से ५७६ ईस्वी तक है। इसने अपनी शक्ति को बढ़ाना प्रारंभ किया, और महाराजाधिराज की पदवी धारण की। परिणाम यह हुआ, कि गुप्त सम्राट् कुमारगुप्त तृतीय के साथ इसके अनेक युद्ध हुए। गुप्त साम्राज्य में अभी काफी शक्ति थी। मौखरियों को परास्त कर उनकी महत्त्वाकांक्षाओं को दबाने में कुमारगुप्त तृतीय सफल हुआ, और कुछ समय के लिये मौखरि वंश का उत्कर्ष रुक गया।

ईशानवर्मा के बाद सर्ववर्मा कन्नौज का मौखरि राजा बना। यह अपने पिता के समान ही वीर और महत्त्वाकांक्षी था। गुप्तों के साथ इसने निरंतर युद्ध किये। इस समय गुप्त साम्राज्य का स्वामी दामोदरगुप्त था। उसे सर्ववर्मा ने परास्त किया। सर्ववर्मा ने अपने साम्राज्य की सीमा को पूर्व में सोन नदी तक विस्तृत कर लिया। मगध और उसकी राजधानी पाटलीपुत्र अब भी गुप्तों के हाथ में रही। पर उनका साम्राज्य अब बहुत क्षीण हो गया था। उत्तरी भारत की प्रधान राजनीतिक शक्ति अब गुप्तों के हाथ से निकल कर मौखरि वंश के पास आ गई थी। सर्ववर्मा के समय में ही मौखरि वंश सच्चे अर्थों में अपनी स्वतंत्र शक्ति को कायम करने में समर्थ हुआ था।

सर्ववर्मा के बाद अवंतिवर्मा और फिर ग्रहवर्मा कन्नौज के राजा हुए। ग्रहवर्मा का विवाह स्थानेश्वर (थानेसर) के वैस राजा प्रभाकरवर्धन की पुत्री राज्यश्री के साथ हुआ। विवाह के कुछ ही वर्षों के पीछे ग्रहवर्मा की मृत्यु हो गई, और राज्यश्री कन्नौज के शक्तिशाली साम्राज्य की स्वामिनी हो गई। उसके नाम पर शासन की वास्तविक शक्ति उसके भाई हर्षवर्धन के हाथ में रही। हर्षवर्धन स्थानेश्वर का राजा था, और अपनी बहिन की तरफ से कन्नौज के शासनसूत्र का भी संचालन करता था। इस समय में ये दोनों राज्य मिल कर एक हो गये थे, और इनकी सम्मिलित शक्ति उत्तरी भारत में सर्वप्रधान हो गई थी।

(२) गुप्तवंश के पिछले राजा

सम्राट् बालादित्य द्वितीय ने हूणों को परास्त कर अपनी शक्ति को किस प्रकार क़ायम रखा, इस पर हम पहले प्रकाश डाल चुके हैं। बालादित्य ने ५३५ ईस्वी के लगभग तक राज्य किया। उसके समय तक गुप्त साम्राज्य की शक्ति प्रायः अक्षुण्ण थी। उत्तरी भारत में, बंगाल से मथुरा तक उसका शासन था। मौखरि राजा उसके सामंत थे, और यशोधर्मा की विजयों का कोई स्थिर प्रभाव न होने के कारण वह अपने राज्य को पुराने गुप्त सम्राटों के समान ही शान के साथ संचालित करने में समर्थ रहा था। उसके बाद कुमारगुप्त तृतीय और दामोदरगुप्त पाटलीपुत्र के राजसिंहासन पर आरूढ़ हुए। इन्होंने ५३५ ईस्वी के बाद लगभग पच्चीस वर्ष तक शासन किया। कुमारगुप्त तृतीय के शासनकाल में कन्नौज का मौखरि महाराजा ईशानवर्मा स्वतंत्र हो गया, और उसने सारे मध्यदेश से गुप्तों के शासन का अंत कर सोन नदी तक अपना शक्तिशाली साम्राज्य

क़ायम किया। इस प्रकार, गुप्तों का शासन मगध और बंगाल तक ही सीमित रह गया। उत्तरी बंगाल मे दामोदरपुर नामक स्थान से पाँच ताम्रपत्र प्राप्त हुए हैं, जो इस काल के इतिहास पर बहुत प्रकाश डालते हैं। इनमें से पाँचवाँ ताम्रपत्र ५४३ ई० में उत्कीर्ण कराया गया था। इसमें गुप्त सम्राट् कुमारगुप्त का उल्लेख है, जिसका शासन उस समय बंगाल में विद्यमान था। यह कुमारगुप्त तृतीय ही है, जो बालादित्य के बाद गुप्त सम्राट् बना था। इस ताम्रपत्र से सूचित होता है, कि बंगाल में गुप्तों का शासन ५४३ ईस्वी तक विद्यमान था, और वहाँ का प्रांतीय शासक इस समय राजपुत्र देव भट्टारक था। इससे पूर्व बंगाल के शासक चिरातदत्त, ब्रह्मदत्त और जयदत्त रहे थे। इनका गुप्तवंश से कोई संबंध नहीं था। संभवतः, ये तीनों प्रांतीय शासक एक ही कुल के थे, पर अब बंगाल का शासन करने के लिये गुप्तवंश के ही एक कुमार राजपुत्र देव को नियत किया गया था। पहले सुराष्ट्र, अवंति आदि दूरवर्ती विशाल प्रदेशों के शासन का कार्य राजपुत्रों को दिया जाता था। पर अब गुप्त साम्राज्य केवल मगध और बंगाल तक ही सीमित रह गया था। अतः वहाँ के शासन के लिये एक राजपुत्र की नियुक्ति बिलकुल स्वाभाविक थी। पर चिरातदत्त के कुल से बंगाल के शासन को लेकर एक राजपुत्र के हाथ में देने से यह भी भली-भाँति प्रगट होता है, कि इस प्रदेश पर गुप्तों का अधिकार काफ़ी मजबूत था।

कुमारगुप्त तृतीय के समय में उत्तरी भारत में भी गुप्त साम्राज्य का ह्रास प्रारंभ हो गया। मौखरि राजा कन्नौज में स्वतंत्र हो गये, और आसाम आदि अनेक प्रदेशों में भी स्वतंत्र राज्य क़ायम हुए। छठवीं सदी के मध्य तक प्रतापी गुप्त सम्राटों का शासन मध्य भारत से उठ गया।

हूणों के आक्रमणों और यशोधर्मा जैसे साहसी योद्धाओं ने गुप्त साम्राज्य की नींव को जड़ से हिला दिया था। बा मालादित्य द्वितीय जैसे शक्तिशाली राजाओं ने कुछ समय अपने साम्राज्य को क़ायम रखा, पर अब सामंतों व प्रांत शासकों की अपने स्वतंत्र शासन स्थापित करने की महत्त्वाकांक्षाओं पर काबू पा सकना असंभव होता जा रहा था। इ का परिणाम हुआ, कि भारत में फिर विविध राज्य क़ायम गये, और कोई एक ऐसी शक्ति नहीं रह गई, जो 'आसमु भारत को एक शासन में रख सके।

उत्तरी भारत के विविध राज्य

कन्नौज के मौखरि वंश ने किस प्रकार अपना स्वतं राज्य स्थापित किया, इसका वर्णन हम ऊपर कर चुके हैं इसके अतिरिक्त जिन अन्य राजवंशों ने गुप्त साम्राज्य भग्नावशेष पर अपने-अपने स्वतंत्र राज्य क़ायम किये, उनक संक्षेप से दिग्दर्शन करना इस काल के इतिहास को भलीभांति समझने के लिये बहुत आवश्यक है।

गुप्त साम्राज्य का सब से पश्चिमी प्रांत सुराष्ट्र था। सम्राट स्कंदगुप्त के समय में यहाँ का शासक पर्णदत्त था। इसी ने गिरनार की सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार कराया था। इसी समय में सुराष्ट्र में स्थित गुप्त सेनाओं का सेनानी भटार्क था, जो मैत्रक कुल का था। हूणों के आक्रमण के कारण सेना की महत्ता बहुत बढ़ गई थी, और दूरवर्ती प्रांत में सेनापति भटार्क के अधिकारों में भी बहुत कुछ वृद्धि हो गई थी। संभवत:, पर्णदत्त के बाद सुराष्ट्र का शासन भी उसके हाथ में आ गया था। गुप्तकाल में बहुत से ऊंचे पद वंशक्रमानुगत होते थे।

धरसेन दोनों शक्तिशाली सेनाओं के सेनापति थे। एक शिलालेख में भटार्क को 'मौलभृतमित्रश्रेणीबलावाप्तराज्यश्रीः' कहा गया है। इसका अभिप्राय यह है, कि उसने मौल, भृत, मित्रबल और श्रेणीबल के द्वारा राज्यश्री प्राप्त की थी। प्राचीन काल की मागध सेनाओं के ये चार विभाग होते थे, यह हम पहले प्रदर्शित कर चुके हैं। भटार्क की अधीनता में सुराष्ट्र में जो सेनायें थीं, उनमें चारों प्रकार के ही सैनिक थे। गुप्त साम्राज्य पर हूणों के जो आक्रमण हो रहे थे, उनसे भटार्क ने लाभ उठाया, और अपनी शक्ति को बढ़ा लिया। शिलालेखों में भटार्क और धरसेन को केवल सेनापति कहा गया है, पर धरसेन का उत्तराधिकारी द्रोणसिंह जहाँ सेनापति था, वहाँ महाराजा भी था। मतलब यह, कि वह सुराष्ट्र में एक पृथक् राज्य स्थापित करने में सफल हुआ था, जो नाम को ही गुप्तों के अधीन था। पर अभी तक वह गुप्तों के स्वामित्व को स्वीकार करता था, और इसीलिये उसने अपने शिलालेख में स्पष्ट रूप से लिखा है, कि वह 'परम भट्टारकपाद' के परम स्वामित्व को मानता था और उसी परम भट्टारकपाद ने स्वयं अपने हाथ से उसका अभिषेक किया था। पर इधर सुराष्ट्र के मैत्रक राजा तो निरंतर शक्ति प्राप्त करते जाते थे, और उधर गुप्त सम्राटों का बल क्षीण हो रहा था। परिणाम यह हुआ, कि धीरे-धीरे सुराष्ट्र के ये मैत्रक राज्य बिलकुल स्वतंत्र हो गये। पहले सुराष्ट्र की राजधानी गिरिनगर (गिरनार) थी, बाद में मैत्रक राजाओं ने वल्लभी को अपनी राजधानी बनाया। संभवतः, छठवीं सदी के प्रारंभ तक सुराष्ट्र के मैत्रक राजा गुप्त सम्राटों के सामंत रूप में राज्य करते थे। यशोधर्मा की विजयों के समय गुप्तों की शक्ति को जो आघात लगा, उस समय वे स्वतंत्र हो गये। द्रोणसिंह के बाद तीसरी पीढ़ी में

६ धरसेन द्वितीय हुआ। यह स्थानेश्वर और कन्नौज के राजा हर्षवर्धन का समकालीन था। हर्ष के उसके साथ अनेक युद्ध हुए थे। बाद में मैत्रक महाराज धरसेन ने हर्ष की अधीनता स्वीकृत कर ली थी, और इनके मैत्री संबंध को स्थिर रखने के लिये हर्ष ने अपनी पुत्री का विवाह उसके साथ कर दिया था।

सुराष्ट्र की तरह मालवा में भी गुप्त साम्राज्य के ह्रास के समय एक पृथक् राज्य की स्थापना हुई। मालवा की राजधानी मंदसौर थी। वहाँ गुप्त सम्राट् की ओर से प्रांतीय शासक शासन करते थे। सम्राट् कुमारगुप्त प्रथम के समय में, वहाँ बंधुवर्मा इस पद पर नियत था। बाद में यहीं पर यशोधर्मा ने अपनी शक्ति का विस्तार शुरू किया, और अपने अतुल पराक्रम से उसने सारे गुप्त साम्राज्य को जड़ से हिला दिया। संभवतः, यशोधर्मा मालवा के किसी पुराने राजकुल में उत्पन्न हुआ था, और उसके पूर्वपुरुषों की स्थिति सामंतों के सदृश थी। यशोधर्मा के बाद मालवा फिर गुप्तों के अधीन नहीं रहा।

कन्नौज के मौखरि राज्य के पश्चिम में स्थानेश्वर में भी इस युग में एक स्वतंत्र राजवंश का प्रादुर्भाव हुआ। इसका संस्थापक पुष्यभूति था। उसी के कुल में आगे चल कर नरवर्धन हुआ। यह गुप्त साम्राज्य का एक सामंत था, और इसी स्थिति में स्थानेश्वर तथा उसके समीपवर्ती प्रदेशों का शासन करता था। नरवर्धन के बाद दूसरी पीढ़ी में आदित्यवर्धन हुआ। इसे महाराजा लिखा गया है। इसका अभिप्राय यह है कि सामंत के रूप में इसकी स्थिति अब अच्छी ऊँची हो गई थी। आदित्यवर्धन का विवाह गुप्त वंश की राजकुमारी महासेनगुप्ता के साथ में हुआ था। [illegible] उसका [illegible] दित्यवर्धन

का काल छठवीं सदी के शुरू में था। हूणों के आक्रमणों और यशोधर्मा की विजययात्रा के कारण जो अव्यवस्था इस समय उत्पन्न हो गई थी, उसमें गुप्त सम्राटों के लिये यह संभव नहीं रहा था, कि वे सुदूरवर्ती स्थानेश्वर के सामंत महाराजाओं को अपने अधीन रख सकें। परिणाम यह हुआ, कि आदित्य-वर्धन स्वतंत्र राजा के रूप में राज्य करने लगा, और उसके बाद प्रभाकरवर्धन, राज्यवर्धन और हर्षवर्धन बिलकुल ही स्वतंत्र हो गये। हर्ष के समय में कन्नौज और स्थानेश्वर के राज्य किस प्रकार एक हो गये, इसका उल्लेख हम पहले कर चुके हैं।

सम्राट् कुमारगुप्त तृतीय के समय (छठवीं सदी के मध्य) तक बंगाल गुप्त साम्राज्य के अंतर्गत रहा। पर बाद में वहाँ गुप्त वंश के ही एक पराक्रमी कुमार नरेन्द्रगुप्त शशांक ने अपने स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। शिलालेखों में पहले शशांक को भी महासामंत शशांकदेव और बाद में महाराजाधिराज लिखा है। सातवीं सदी के शुरू तक शशांक बंगाल में अपने स्वतंत्र राज्य की स्थापना कर चुका था। इसकी राजधानी कर्णसुवर्ण थी। यह बड़ा शक्तिशाली राजा था। कन्नौज के मौखरि राजा ग्रहवर्मा को परास्त कर इसने युद्ध में मार दिया था। स्थानेश्वर के राजा राज्यवर्धन की मृत्यु भी इसी के हाथों हुई थी।

(४) मागध गुप्तवंश

दामोदरगुप्त के समय में सोन नदी से पश्चिम का प्रदेश मौखरियों के हाथ में चला गया था। उसके बाद महासेन राजा हुआ। गुप्तों की निर्बलता से लाभ उठा कर कामरूप (आसाम) के राजा सुस्थितवर्मा ने भी स्वतंत्रता

उद्घोषित कर दी। समुद्रगुप्त के समय से आसाम के राजा गुप्त सम्राटों की अधीनता स्वीकृत करते चले आ रहे थे, और उनकी स्थिति सामंतों के सदृश थी। सुस्थितवर्मा ने अपने को महाराजाधिराज उद्घोषित किया, और गुप्तों के विरुद्ध विद्रोह कर दिया। पर महासेनगुप्त ने चढ़ाई कर लौहित्य नदी के तट पर उसे परास्त किया, और इस प्रकार पूर्वीय भारत में गुप्तों की शक्ति को स्थिर रखा। मौखरियों की शक्ति का मुकाबला करने के लिये उसने स्थानेश्वर के राजा आदित्यवर्धन से मैत्री स्थापित की और अपनी बहिन महासेनगुप्ता का विवाह उसके साथ कर दिया।

इस प्रकार स्थानेश्वर के राजा से संधि कर महासेनगुप्त ने मौखरि राजा अवंतिवर्मा पर चढ़ाई की। पूर्वी मालवा के अनेक प्रदेश इस समय मौखरियों के हाथ से निकल कर गुप्तों के हाथ में चले गये। इन नये जीते हुए प्रदेशों पर शासन करने के लिये महासेनगुप्त ने अपने पुत्र देवगुप्त को कुमारामात्य के रूप में नियत किया। महासेनगुप्त के समय में गुप्त-वंश की शक्ति फिर बढ़ गई। आसाम से मालवा तक अपने राज्य को स्थिर रख कर वह उत्तरी भारत की एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक शक्ति बन गया।

महासेनगुप्त के दो पुत्र थे, देवगुप्त और माधवगुप्त। पिता के जीवनकाल में देवगुप्त मालवा का शासक था। माधवगुप्त अपने पिता की बहिन महासेनगुप्ता के पास स्थानेश्वर में रहता था। महासेनगुप्ता के पोते राज्यवर्धन और हर्षवर्धन माधवगुप्त की आयु के थे। उनके साथ उसकी बहुत घनिष्ठ मैत्री थी। माधवगुप्त का बचपन उन्हीं के साथ में व्यतीत हुआ था।

राज्यवर्धन और हर्षवर्धन की एक बहिन भी थी, जिसका

ाम राज्यश्री था। इसका विवाह मौखरिवंश के राजा ग्रह-
वर्मन के साथ में हुआ था। इस विवाह के कारण कन्नौज
और स्थानेश्वर के राज्यों में घनिष्ट मैत्री स्थापित हो गई थी।
पश्चिमी-भारत के इन दो शक्तिशाली राज्यों की संधि गुप्त
राजाओं को बिलकुल पसंद नहीं आई। गुप्तों और मौखरियों
में देर से शत्रुता चली आती थी। मौखरियों की शक्ति को कम-
ज़ोर करने के लिये ही गुप्त राजा महासेनगुप्त ने स्थानेश्वर के
राजा से मैत्री की थी। अब स्थानेश्वर के राजा का सहयोग
पाकर कन्नौज के मौखरियों की शक्ति बहुत बढ़ गई थी। गुप्त

[illegible]
किया। युद्ध में मौखरि राजा ग्रहवर्मा मारा गया और राज्यश्री
को कारागार में डाल दिया गया। यह समाचार जब स्थाने-
श्वर पहुँचा, तो वहाँ का राजा राज्यवर्धन क्रोध से आगबबूला
हो गया। वह अभी हूणों के विरुद्ध काश्मीर पर चढ़ाई करके
वापस लौटा था। उसने तुरंत युद्ध की तैयारी की और एक
बड़ी सेना साथ में लेकर मालवराज देवगुप्त पर हमला बोल
दिया। देवगुप्त स्थानेश्वर की सेना का सामना नहीं कर सका।
वह परास्त हो गया और राज्यश्री कारागार से मुक्त हुई।
मालवा के गुप्त शासक को परास्त कर राज्यवर्धन शशांक की
ओर मुड़ा। शशांक बड़ा महत्त्वाकांक्षी और कूटनीतिज्ञ था।
उसने सम्मुख युद्ध में राज्यवर्धन का मुक़ाबला करना उचित न
जान चाल से काम लिया। उसने राज्यवर्धन के पास संदेश
भेजा कि मैं संधि करना चाहता हूँ, और मैत्री को स्थिर रखने
के [illegible] अपनी कन्या का विवाह राज्यवर्धन के साथ करने

लिये तैयार हूँ। संधि की सब बातें तय करने के लिये राज्यवर्धन अपने साथियों के साथ शशांक के डेरे पर गया। वहाँ सब षड्यंत्र तैयार था। शशांक के सैनिकों ने अकस्मात् राज्यवर्धन और उसके साथियों पर हमला करके उनका घात कर दिया। ये घटनायें इतनी शीघ्र और अचानक हुईं, कि सारे कन्नौज में उथल-पुथल मच गई। घबराहट और निराशा के कारण राज्यश्री को आत्मघात के अतिरिक्त अन्य कोई उपाय समझ नहीं आता था। वह भाग कर विन्ध्याचल के जंगलों की तरफ चली गई।

कन्नौज के मौखरियों की सहायता के लिये जब राज्यवर्धन ने अपनी सेना के साथ स्थानेश्वर से प्रस्थान किया था, तो वहाँ का शासनकार्य उसके छोटे भाई हर्षवर्धन के हाथ में था। अपने बड़े भाई की हत्या के समाचार को सुनकर उसके क्रोध का ठिकाना नहीं रहा। एक बड़ी सेना को साथ लेकर उसने शशांक से बदला लेने के लिये प्रस्थान किया। अपने ममेरे भाई भंडी को शशांक पर आक्रमण करने का आदेश कर हर्षवर्धन स्वयं अपनी बहिन की खोज में निकल पड़ा। जंगल के निवासियों की सहायता से राज्यश्री को ढूँढ़ता हुआ वह ठीक उस समय उसके पास पहुँचा, जब वह सब तरफ से निराश हो चिताप्रवेश की तैयारी में थी। हर्ष ने अपनी बहिन को बहुत समझाया। उसने कहा, शत्रु के भय से अपने राज्य की जिम्मेदारी को छोड़कर इस प्रकार आत्महत्या करना घोर कायरता है। शत्रुओं से बदला चुकाना पहला और मुख्य कर्तव्य है, जिस की उपेक्षा करना किसी भी दशा में उचित नहीं है। हर्ष के समझाने से राज्यश्री ने आत्महत्या का विचार छोड़ दिया और कन्नौज की राजगद्दी को संभालने के लिये

अपनी बहिन के प्रतिनिधि रूप में हर्ष ने अब कन्नौज के
ाज्यभार को संभाल लिया। स्थानेश्वर का राजा वह अपने
ाधिकार से था, और कन्नौज के मौखरि राज्य का शासन
ह अपनी बहिन की तरफ से करता था। दोनों राज्यों की
ाम्मिलित शक्ति अब बहुत बढ़ गई थी। अब हर्षवर्धन ने
ाशांक से बदला लेने का कार्य प्रारंभ किया। सेनापति भण्डी
हले ही शशांक से युद्ध में व्यापृत था। अब हर्ष भी पूरी
ाक्ति से इसमें लग गया। प्राचीन शिलालेखों से सूचित होता
है, कि पूरे छः वर्ष तक हर्ष शशांक के साथ युद्ध में लगा
रहा। आसाम के राजा के साथ उसने मैत्री स्थापित की।
वहाँ के राजा गुप्तों के शासन से स्वतंत्र होने के प्रयत्न में थे
ही। सुस्थितवर्मा के बाद भास्करवर्मा वहाँ का राजा बना
था। यह भी बड़ा प्रतापी और महत्वाकांक्षी था। गुप्तवंशी
शशांक के प्रभाव से मुक्त होने के लिये इसने उसके परमशत्रु
हर्षवर्धन के साथ मैत्री स्थापित की। शशांक को परास्त करना
सुगम बात न थी। गुप्तों की सब शक्ति उसके साथ में थी।
अन्त में हर्षवर्धन ने उसके साथ संधि कर ली, और उसे
बंगाल के स्वतंत्र राजा के रूप में स्वीकार कर लिया।

इन सब युद्धों में माधवगुप्त हर्ष के साथ रहा। वह हर्ष
का परम मित्र था, और जब अपने पिता महासेनगुप्त की मृत्यु
के बाद वह पाटलीपुत्र के राजसिंहासन पर आरूढ़ हुआ, तो
भी हर्ष के साथ उसकी यह मित्रता कायम रही। मालवा का
कुमारमात्य देवगुप्त और बंगाल का महासामंत शशांक दोनों
गुप्त वंश के थे, और दोनों से हर्ष की घोर शत्रुता थी। पर
पाटलीपुत्र के गुप्त सम्राट् का इन युद्धों में कोई भाग नहीं था।
इसलिये जब माधवगुप्त स्वयं उस पद पर अधिष्ठित हुआ,
तो भी हर्ष के साथ उसका पुराना मित्रभाव यथापूर्व बना

रहा। यह ध्यान रखना चाहिये, कि पाटलीपुत्र के गुप्त सम्राटों का अथवा इस समय कन्नौज और स्थानेश्वर के अधिपति हर्ष का साम्राज्य बहुत विस्तृत था। माधवगुप्त ने ६१६ से ६४० ईस्वी तक राज्य किया।

इसके बाद उसका पुत्र आदित्यसेन पाटलीपुत्र का राजा बना। इसके सिंहासनारूढ़ होने से एक साल पहले ६४७ ईस्वी में हर्षवर्धन की भी मृत्यु हो चुकी थी। हर्ष के बाद उसका शक्तिशाली विशाल साम्राज्य छिन्न-भिन्न हो गया। काश्मीर और सिंध से बंगाल की सीमा तक अपने बाहुबल के जोर पर जो शक्ति हर्षवर्धन ने स्थापित की थी, वह उसकी मृत्यु के बाद स्थिर नहीं रह सकी। परिणाम यह हुआ, कि फिर पुराने राजवंशों और सामन्तों ने सिर उठाया और अन्य महत्त्वाकांक्षी राजा अपनी शक्ति के विस्तार के लिये कटिबद्ध हो गये। मागध राजा आदित्यसेन ने भी इस परिस्थिति का लाभ उठाया। एक शिलालेख में आदित्यसेन को परम भट्टारक महाराजाधिराज की उपाधि से विभूषित किया गया है। यह उपाधि पुराने प्रतापी गुप्त सम्राटों की थी, जिसे आदित्यसेन ने फिर धारण किया था। एक अन्य शिलालेख में उसे 'पृथिवीपति' और 'आसमुद्रांत वसुन्धरा' का शासक भी कहा गया है। प्रतीत होता है, कि आदित्यसेन ने गुप्त साम्राज्य का बड़ा विस्तार किया और इसी उपलक्ष में उसने अश्वमेध यज्ञ भी किया। स्कंदगुप्त के बाद गुप्त सम्राटों में आदित्यसेन ने ही पहले-पहल अश्वमेध का अनुष्ठान किया। लगभग एक सदी के बाद गुप्त सम्राटों के इस अश्वमेध से यह भलीभाँति सूचित हो जाता है, कि आदित्यसेन एक शक्तिशाली राजा था, और उसने गुप्त साम्राज्य की शक्ति का बहुत कुछ [illegible] था।

(४) पालवंशी राजा धर्मपाल और देवपाल

उत्तरी भारत में जिस प्रकार धर्मपाल ने अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया था, वह भीनमाल के गुर्जर प्रतीहार राजा वत्सराज को सहन नहीं हुआ। उसने कन्नौज पर आक्रमण किया, और धर्मपाल तथा चक्रायुध को परास्त किया। वत्सराज के आक्रमण से विवश होकर धर्मपाल और चक्रायुध ने राष्ट्रकूट राजा ध्रुव से सहायता के लिये प्रार्थना की। धर्मपाल का राष्ट्रकूट राजा से घनिष्ट संबंध था। उसकी पत्नी रएण-देवी राष्ट्रकूट कुमारी थी। रएणदेवी विदिशा के राष्ट्रकूट सामंत परबल की कन्या थी। परबल राजा ध्रुव के ही कुल का था। वत्सराज के आक्रमणों से उत्तरी भारत की रक्षा करने के लिये ध्रुव ने भिन्नमाल पर हमला कर दिया। वत्सराज परास्त हुआ। कन्नौज पर अपना शासन स्थिर करने की सब आशायें छोड़ वह अपने राज्य को वापस लौट गया।

७६४ ईस्वी में राष्ट्रकूट राजा धारावर्ष ध्रुव की मृत्यु हो गई। राजगद्दी पर कौन बैठे, इसके लिये वहाँ झगड़े हुए। परिणाम यह हुआ, कि कुछ समय के लिए राष्ट्रकूट राजशक्ति निर्बल हो गई। इसी बीच में भीनमाल के राजा वत्सराज की भी मृत्यु हो गई थी, और उसका लड़का नागभट्ट द्वितीय गुर्जर प्रतीहारों का राजा बना था। नागभट्ट अपने पिता के समान ही वीर और महत्वाकांक्षी था। राष्ट्रकूटों के गृहकलह से लाभ उठा कर उसने तुरंत कन्नौज पर आक्रमण किया। धर्मपाल और चक्रायुध फिर परास्त हुए। पर इस समय तक राष्ट्रकूटों के आपस के झगड़े समाप्त हो चुके थे, और गोविंद तृतीय वहाँ की राजगद्दी पर आरूढ हो गया था। गोविंद तृतीय ने ध्रुव के समान फिर भीनमाल पर हमला किया। नागभट्ट

उसका मुकाबला नहीं कर सका। एक शिलालेख के अनुस
जिस प्रकार शरद् ऋतु के आगमन से वर्षा ऋतु के बादल भ
जाते हैं, वैसे ही गोविंद तृतीय के आने के समाचार से नागभ
भाग गया था। गुर्जर प्रतीहारों की शक्ति को नष्ट करने
लिए ही गोविंद तृतीय ने अपने भतीजे कर्कराज को गुजरा
का "महासामंताधिपति" नियत किया। राजपूताने के पड़ोस
ही एक शक्तिशाली राष्ट्रकूट सामंत के स्थापित हो जाने
परिणाम यह हुआ, कि गुर्जर प्रतीहार राजा देर तक सिर न
उठा सके, और कन्नौज पर अधिकार करने का उनका स्व
चिरकाल के लिये नष्ट हो गया।

गोविंद तृतीय केवल नागभट्ट को परास्त करके ही संतुष्ट
नहीं हुआ। उसने उत्तर में हिमालय तक आक्रमण कि
ऐसा प्रतीत होता है, कि धर्मपाल और चक्रायुध गोविंद तृतीय
की अधीनता स्वीकार करने लगे थे, और कुछ समय के लि
गोविंद की शक्ति सर्वप्रधान हो गई थी।

पाल वंश के राजा गोपाल और धर्मपाल बौद्ध धर्म के अनु
यायी थे। एक लेख में धर्मपाल को 'परम सौगत' लिखा गया
है। धर्मपाल ने ही विक्रमशिला के महाविहार की स्थापना
की, जो आगे चलकर नालंदा के समान ही शिक्षा और बौद्ध
धर्म का प्रसिद्ध केंद्र बन गया।

राष्ट्रकूट राजा गोविंद के आक्रमणों से उत्तरी भारत में
धर्मपाल की स्थिति डाँवाडोल हो गई थी, पर मगध और बंगाल
में उसकी शक्ति अक्षुण्ण बनी रही। बत्तीस वर्ष के शासन
पश्चात् करके ८०९ ईस्वी में धर्मपाल की मृत्यु हुई। उसके दो
पुत्र थे, त्रिभुवनपाल और देवपाल। संभवतः, बड़े युवराज
त्रिभुवनपाल की मृत्यु धर्मपाल के जीवनकाल में ही हो गई थी।

अतः धर्मपाल के बाद देवपाल मगध का राजा बना।

इन पालवंशी राजाओं की राजधानी कौन सी थी, इस विषय ऐतिहासिकों के अनेक मत हैं। अनेक पाल राजाओं के लालेख पाटलीपुत्र व श्रीनगर से प्रकाशित किये गये थे, से 'श्रीमज्जयस्कंधावार' कहा गया है। श्रीनगर पाटलीपुत्र ही अन्य नाम था। यद्यपि गुप्तों के साथ पाटलीपुत्र की तिव भी क्षीण हो गई थी, पर इस नगर का सदियों पुराना त्व अभी सर्वथा नष्ट नहीं हुआ था। इसीलिये पाल राजाओं वहाँ अपनी एक प्रमुख छावनी बनाई थी। संभवतः, यही गरी उनकी राजधानी का भी काम देती थी।

धर्मपाल का उत्तराधिकारी देवपाल अपने पिता के समान प्रतापी और महत्वाकांक्षी था। उसके समय में पाल वंश प्रति की चरम सीमा को पहुँच गया। उसके प्रयत्न से मगध क बार फिर उत्तरी भारत की प्रधान राजशक्ति बन गया। सके चचा (धर्मपाल के भाई) वाक्पाल के पुत्र जयपाल ने त्कल (उड़ीसा) और प्राग्ज्योतिष (आसाम) पर विजय थापित की। जयपाल देवपाल का प्रधान सेनापति था। पूर्व में मुद्रपर्यंत अपनी शक्ति को स्थापित कर देवपाल ने पश्चिम और दक्षिण में आक्रमण करने शुरु किये। धीरे-धीरे हिमालय और विन्ध्याचल के बीच का सब प्रदेश पाल साम्राज्य के अधीन हो गया। चक्रायुध के बाद कन्नौज में किसका शासन ा, यह निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है। पर देवपाल ने कन्नौज-ति और उसके अधीन सब सामंत राजाओं को जीत कर अपने अधीन कर लिया था, इसमें कोई संदेह नहीं। नागभट्ट द्वितीय का उत्तराधिकारी गुर्जर प्रतीहार राजा रामभद्र बहुत निर्बल था। उधर राष्ट्रकूट राजा गोविंद तृतीय की भी ८१४ ईसवी में

प्राप्त हो गई थी। उसका उत्तराधिकारी कौन हो, इस संबंध में झगड़े चल रहे थे। ऐसी परिस्थिति में देवपाल का मुकाबला कर सकने वाला कोई शक्ति उत्तरी भारत में न थी। परिणाम यह हुआ, कि उसने अपनी शक्ति को बहुत बड़ा लिया और आसाम से प्राग्ज्योतिष तक उसका अबाधित शासन स्थापित हो गया। अपने विरोधियों को परास्त कर जब अमोघवर्ष राष्ट्रकूट राजा बना, तो उसने देवपाल पर आक्रमण किया। पर विन्ध्याचल के समीप देवपाल ने उसे बुरी तरह परास्त किया। उड़ीसा के दक्षिण के कुछ अन्य राज्यों को भी उसने अपने अधीन किया।

(५) राजा मिहिरभोज

पर देवपाल की यह शक्ति देर तक कायम नहीं रह सकी। ८३६ ईस्वी में भीनमाल के गुर्जर प्रतीहार राजा रामभद्र की मृत्यु हुई। उसके बाद उसका लड़का भोज, मिहिरभोज व आदिवराह भीनमाल के राजसिंहासन पर आरूढ़ हुआ। यह भोज बड़ा शक्तिशाली राजा हुआ है। इसके राजा बनते ही स्थिति ने एक बार फिर पलटा खाया। मिहिरभोज ने अपने पितामह नागभट्ट द्वितीय का अनुकरण करते हुए एक बार फिर कन्नौज पर आक्रमण किया। इस बार देवपाल उसका मुकाबला नहीं कर सका। वह परास्त हो गया, और कन्नौज स्थिर रूप से गुर्जर प्रतीहारों के हाथ में चला गया। मिहिरभोज ने भीनमाल की जगह कन्नौज को अपनी राजधानी बनाया। इस युग में कन्नौज की स्थिति मुगल युग की दिल्ली के समान थी। कन्नौज के हाथ आते ही उत्तरी भारत के विविध देशों ... भी भोज के अधीन हो गये।

... विस्तृत था। पश्चिम

मुलवान, उत्तर में काश्मीर, दक्षिण में विंध्याचल और पूर्व में सोन नदी तक मिहिर का साम्राज्य विस्तृत था। काठियावाड़ का प्रदेश भी उसके अधीन था। पाल राजा उसके सम्मुख बेलकुल निष्प्रभ हो गये थे। मिहिरभोज ने ८३६ ईस्वी से ८६० ईस्वी तक कुल ५४ वर्ष राज्य किया। उसके समय में एक बार फिर उत्तरी भारत में एक शक्तिशाली स्थिर साम्राज्य की स्थापना हुई, सामंत राजा निर्बल हुए और देश में लगभग एक सदी तक व्यवस्थित और शांतिमय शासन क़ायम हुआ। मिहिरभोज की विजयों के कारण पालवंशी देवपाल का राज्य केवल वर्तमान बिहार प्रांत और बंगाल में ही सीमित रह गया।

८५१ ईस्वी में देवपाल की मृत्यु हुई। उसके बाद उसके भतीजे विग्रहपाल ने तीन वर्ष तक राज्य किया। विग्रहपाल देवपाल के चचेरे भाई जयपाल का पुत्र था। राजा बनने के समय तक उसकी आयु काफ़ी हो चुकी थी, उसकी प्रवृत्ति भी वैराग्य की ओर थी। अतः केवल तीन वर्ष तक शासन करके विग्रहपाल ने राज्य का भार अपने पुत्र नारायणपाल को सौंप दिया। उसने ५४ वर्ष तक (८५४ से ६०८ तक) राज्य किया। ८७१ ईस्वी में मिहिरभोज ने फिर बिहार पर आक्रमण किया। विरहुत और राजशाही के इलाके इस आक्रमण में नारायणपाल से जीत लिये गये। मिहिरभोज को इतने से ही संतोष नहीं हुआ। उसने फिर पाल राज्य पर हमले किये। इस बार मगध भी गुर्जर प्रतीहार साम्राज्य में सम्मिलित हो गया। नारायणपाल का अधिकार केवल अंग और दक्षिणी बंगाल पर ही रह गया। पाटलीपुत्र अब पालों के हाथमें नहीं रहा था। अतः पालों का 'श्रीमज्जयस्कंधावार' अब पाटलीपुत्र की जगह

साथ किया था। संभवतः, कृष्ण ने नारायणपाल की सहायता प्राप्त करने के लिये ही उत्तर भारत में प्रवेश किया था, और गुर्जर प्रतीहारों के विरुद्ध अग, मगध और गौड़ देशों को अपने संरक्षण में ले लिया था। राष्ट्रकूटों का एक लेख बिहार में गया से मिला है। इससे सूचित होता है, कि वस्तुतः ही कृष्ण के समय में दक्षिण के इन शक्तिशाली राजाओं का प्रभाव मगध में विद्यमान था।

राष्ट्रकूट तो गुर्जर प्रतीहारों के विरुद्ध खड्गहस्त थे ही,अब महीपाल के।शासनकाल में उनके अपने साम्राज्य में से भी अनेक अधीनस्थ राजा स्वतन्त्र होने लगे। इनमें मालवा और बुंदेलखंड के सामंत राजा मुख्य हैं। इसी समय कृष्ण के उत्तराधिकारी राष्ट्रकूट राजा इंद्र नित्यवर्ष ने बहुत बड़ी सेना के साथ उत्तरी भारत पर आक्रमण किया। उसने सीधा कन्नौज पर हमला कर इस समृद्ध नगरी का बुरी तरह सत्यानाश किया। गुर्जर प्रतीहार राजा महीपाल उसके सम्मुख न ठहर सका, प्रयाग तक उसका पीछा किया गया, और राष्ट्रकूट सेनाओं के घोड़ों ने गंगा का जल पान कर अपनी प्यास को बुझाया। राष्ट्रकूटों के इस हमले से कन्नौज की राजशक्ति को जबर्दस्त धक्का लगा। इसके बाद गुर्जर प्रतीहार साम्राज्य निरंतर निर्बल ही होता गया, और उसके भग्नावशेष पर अनेक स्वतन्त्र राजपूत राज्यों की स्थापना हुई।

(६) पालवंश के अन्य राजा

नारायणपाल के बाद राज्यपाल (६०८ से ६३२ ईस्वी तक) और गोपाल द्वितीय (६३२ से ६४६ ईस्वी तक) पाल राज्य के सिंहासन पर आरूढ़ हुए। ६१६ ईस्वी के इंद्र नित्यवर्ष के आक्रमणों से कन्नौज की शक्ति अत्यंत निर्बल हो गई थी। इस

परिस्थिति से इन्होंने लाभ उठाया, और अपने वंश की शक्ति को बढ़ाने के लिये प्रयत्न किया। पर पाल वंश के ये राजा देर तक शांतिपूर्वक मगध में शासन नहीं कर सके। गुर्जर प्रतीहारों के विरुद्ध विद्रोह करके जो अनेक राजा इस समय उत्तरी भारत में स्वतंत्र हो गये थे, उनमें से बुंदेलखंड के चंदेलों का उल्लेख हम ऊपर कर चुके हैं। इनका राजा यशोवर्मन (६२५ से ६५० ईस्वी तक) बड़ा शक्तिशाली था। उसने चारों ओर के प्रदेशों पर आक्रमण कर अपनी शक्ति को बहुत बढ़ाया। कालंजर को जीत कर उसने कलचूरि राजाओं को परास्त किया। कन्नौज पर हमला करके वह विष्णु भगवान की एक पवित्र मूर्ति को अपने साथ ले गया और खजूरहो के एक विशाल मंदिर में उसकी प्रतिष्ठा की। पूर्व की तरफ उसने मगध, मिथिला और गौड़ देश तक आक्रमण किये। यशोवर्मन के हमलों के कारण गोपाल द्वितीय को मगध छोड़कर मुंगेर की पहाड़ियों से भाग जाना पड़ा। पाल वंश की राजलक्ष्मी एक बार फिर परास्त हो गई।

गोपाल द्वितीय का उत्तराधिकारी विग्रहपाल द्वितीय (६४६ से ६७५ ईस्वी तक) था। उधर जेजाकभुक्ति (जमौती या बुंदेलखंड) के चंदेलवंश में यशोवर्मन का उत्तराधिकारी राजा धंग (६५० से ६६६ ईस्वी तक) था। यह भी अपने पिता के समान ही प्रतापी और महत्त्वाकांक्षी था। इसके सम्मुख पालवंशी रा [illegible]
पह [illegible]
धं [illegible]
से लाभ उठाकर विग्रहपाल द्वितीय के उत्तराधिकारी महीपाल (६७५ से १०२६ ईस्वी तक) ने फिर अपने वंश की कीर्ति को

स्थापना की।

महीपाल को अपनी शक्ति के पुनरुद्धार में सफलता का एक बड़ा कारण यह भी था, कि इस समय मे गजनी के तुर्क सुलतानों ने भारत पर आक्रमण करना प्रारंभ कर दिया था। पहले सुबुक्तगीन और बाद मे महमूद गजनवी ने भारत पर अनेक हमले किये। उत्तर-पश्चिमी भारत के सब राजा इन हमलों का मुकाबला कर[illegible] के गुर्जर प्रती[illegible] समय अपने [illegible] लीन थे। उन्हें यह अवकाश नहीं था, कि पूर्वी भारत की तरफ ध्यान दे सकें। परिणाम यह हुआ, कि महीपाल को अपनी शक्ति के विस्तार का अवसर मिल गया, और उसने धीरे-धीरे बिहार व बंगाल में फिर अपना स्वतंत्र राज्य स्थापित कर लिया।

पर महीपाल भी देर तक शांति के साथ अपने नये प्राप्त किये हुए राज्य पर शासन नहीं कर सका। इसी समय में सुदूर दक्षिण में तामिल चोल राजा बड़े शक्तिशाली थे। उनकी राजधानी तांजोर थी। चोल सम्राट् राजराज (९८५ से १०१२ ईस्वी तक) बड़ा प्रतापी था। पाण्ड्य, केरल, सिंहल और हिंद महासागर के अनेक द्वीप उसके साम्राज्य में शामिल थे। पर वह इतने से ही संतुष्ट नहीं था। पूर्वी चालुक्य राजाओं को भी उसने परास्त किया, और धीरे धीरे वह सारे दक्षिणी भारत का सम्राट् हो गया। इस समय तक राष्ट्रकूटों की शक्ति क्षीण हो चुकी थी, और दक्षिण में उनका स्थान चालुक्यों ने ले लिया था। राजराज ने उन को भी परास्त कर अपने अधीन किया।

चोल सम्राट् राजराज का उत्तराधिकारी राजेंद्र हुआ।

उसका समय १०१२ से १०४२ ईस्वी तक है। इसने चोल साम्राज्य को और भी विस्तृत किया। १०२३ ईस्वी में राजेंद्र ने भारत के पूर्वी तट के साथ-साथ उत्तर की ओर बढ़ कर कलिंग को विजय किया और फिर बंगाल पर आक्रमण किया। पालवंशी राजा महीपाल उसके सम्मुख असहाय था। वह परास्त हो गया, और गंगा तक के प्रदेशों को जीतकर, गंगा के प्रशस्त घाटों में अपने हाथियों व सैनिकों को स्नान करा तथा समृद्ध मगध, अंग और बंग को अपने अधीन कर राजेंद्र चोल अपने देश को वापिस लौट गया। इसी विजय के उपलक्ष में उसने 'गंगैकोण्ड' (गंगा का विजेता) की उपाधि धारण की। राजेंद्र की सामुद्रिक शक्ति भी बड़ी विशाल थी। उसने अपने जंगी बेड़े को साथ ले समुद्रपार श्रीविजय के साम्राज्य पर चढ़ाई की। इस साम्राज्य में उस समय बरमा, मलाया, सुमात्रा और जावा आदि समुद्रपार के भारतीय उपनिवेश शामिल थे। श्री विजय के शैलेंद्र राजा उसका मुकाबला नहीं कर सके। उन्होंने सम्राट् राजेंद्रदेव गंगैकोण्ड की अधीनता स्वीकार कर ली।

सम्राट् राजेंद्र चोल ने स्थिर रूप से उत्तरी भारत पर शासन करने का प्रयत्न नहीं किया। उसका आक्रमण दिग्विजय के रूप में था। उसके वापिस लौटते ही महीपाल फिर मगध और बंगाल पर शासन करने लगा। पर इस चोल सम्राट् के आक्रमण के कारण उसकी शक्ति और स्थिति को जबर्दस्त धक्का लगा था। उसकी स्थिति अब एक निर्बल स्थानीय राजा से अधिक नहीं रह गई थी। १०२६ ईस्वी में महीपाल की मृत्यु हुई, और उसका लड़का नयपाल (१०२६ से १०४१ ईस्वी तक) राजा बना।

इस समय में कलचूरि वंश की शक्ति बहुत बढ़ रही थी।
ों के हमलों से कन्नौज के गुर्जर प्रतीहार वंश और बुंदेल-
ड के चंदेलवंश की शक्ति बिलकुल क्षीण हो गई थी। पर
लचूरि वंश पर तुर्कों के हमलों का विशेष प्रभाव नहीं हुआ
। यही कारण है, कि अब कलचूरि राजा, जो पहले चंदेलों
सामंत थे, स्वतंत्र हो गये और अवसर पाकर अपने राज्य
बढ़ाने के लिये उद्योग करने लगे। दक्षिण के चोल आक्र-
ण से महीपाल की शक्ति को जबर्दस्त धक्का लगा था, पर
लचूरि राजा इस आक्रमण से भी बच रहे थे।

इस समय कलचूरि वंश का राजा कर्ण था। उसका शासन-
ाल १०४१ से १०७३ ईस्वी तक है। उसने राजगद्दी पर बैठते
ी मगध पर हमला किया। विक्रमशिला के आचार्य दीपकर
ीज्ञान ने कर्ण और नयपाल दोनों को समझाया, कि जब
ारत पर तुर्कों के हमले हो रहे हैं, तो आपस में लड़ना उचित
नहीं है। परिणाम यह हुआ, कि दोनों ने परस्पर संधि कर
ली, और मगध पर पाल वंश का शासन क़ायम रहा।

नयपाल के बाद विग्रहपाल तृतीय पालवंश का राजा बना।
उसका काल १०४१ से १०५४ ईस्वी तक है। कलचूरि राजा कर्ण
के साथ नयपाल की जो संधि हुई थी, वह देर तक क़ायम
नहीं रह सकी। कुछ समय बाद ही कर्ण ने फिर पाल राज्य पर
आक्रमण किया। प्राचीन अनुश्रुति के अनुसार इस बार विग्रह-
पाल तृतीय से कर्ण को मुँह की खानी पड़ी। आखिर, उनमें
परस्पर संधि हो गई, और दोनों राजवंशों में मैत्री भाव को
स्थिर रखने के लिये कर्ण ने अपनी कन्या यौवनश्री का विवाह
विग्रहपाल के साथ कर दिया।

इसी समय विन्ध्याचल के दक्षिण में चालुक्यवंशी सोमेश्वर प्रथम (१०४४ से १०६८ ई० तक) का राज्य था। इसकी राजधानी कल्याणी थी। सोमेश्वर के शासनकाल में ही उसके पुत्र विक्रमादित्य ने महाकोशल और कलिंग के रास्ते उत्तरी भारत पर आक्रमण किया। कामरूप (आसाम) और गौड़ के प्रदेश विक्रमादित्य (विक्रमांक) ने जीत लिये, और विग्रहपाल तृतीय को बुरी तरह परास्त होना पड़ा। नेपाल की सीमा तक इस समय चालुक्यों का अधिकार हो गया। पर चालुक्य विक्रमादित्य का यह आक्रमण भी एक विजययात्रा से अधिक नहीं था। उसके वापिस लौटते ही पाल राज्य फिर से क़ायम हो गया। चालुक्यों ने स्थिर रूप से उत्तरी भारत पर शासन करने का प्रयत्न नहीं किया। पर इस आक्रमण का एक स्थिर प्रभाव भी हुआ। चालुक्य सेना में बहुत से दक्षिण व कर्णाटकी सरदार थे, जो अब अपने सैनिकों व अनुयायियों के साथ बंगाल और उसके समीपवर्ती प्रदेशों में बस गये। शुरू में इनकी स्थिति सामंतों और जागीरदारों की रही। पर अवसर आने पर इनमें से अनेक शक्तिशाली सरदारों ने अपने स्वतन्त्र राज्य स्थापित करने का प्रयत्न किया। बंगाल का सेनवंश इन्हीं कर्णाट सरदारों द्वारा शुरू हुआ।

विग्रहपाल तृतीय के तीन पुत्र थे, महीपाल द्वितीय, शूरपाल

[illegible]

पर भी उसने अत्याचार करने शुरू किये। उसकी अनीति से तंग आकर वारेंद्री के कैवर्तों ने विद्रोह किया। इनका नेता

दिव्योक था। मंत्रियों की यह सम्पति थी, कि कैवर्तों से लड़ाई न ठानी जाय। पर महीपाल ने यह स्वीकार नहीं किया। आखिर इसी युद्ध में लड़ते हुए महीपाल द्वितीय की मृत्यु हुई। दिव्योक ने गौड़ देश में अपना स्वतंत्र राज्य क़ायम किया। महीपाल की मृत्यु के बाद मंत्रियों ने शूरपाल और रामपाल को कैदखाने से मुक्त किया और बड़े भाई शूरपाल को राजगद्दी पर बिठाया।

अव्यवस्था के इस काल में पाल राजाओं के अधीन अनेक सामंत राजा स्वतंत्र हो गये। शूरपाल उन्हें अपने अधीन नहीं कर सका। उसने बहुत थोड़े समय तक शासन किया और फिर रामपाल पालवंश की राजगद्दी पर आसीन हुआ। इस के दरबार में संध्याकर नंदी नाम का एक कवि था, जिसने रामचरित नामक संस्कृत का काव्य लिखा है। यह द्वयर्थक काव्य है। रामायण की सारी कथा के साथ-साथ इसमें राजा रामपाल का भी चरित दिया गया है, और टीका में दोनों अर्थों को भलीभाँति स्पष्ट कर दिया गया है। इस काव्य के आधार पर हमें रामपाल का वृत्तांत बड़े विस्तार के साथ ज्ञात होता है।

सामंत राजाओं को फिर से क़ाबू में लाने में इसे अच्छी सफलता मिली। राजगद्दी पर बैठते ही पहले उसने मगध के विद्रोही सामंत देवरक्षित पर आक्रमण किया। वह गया के समीप पीठी का एक शक्तिशाली जागीरदार था। अपने मामा, अंग के सामंत राष्ट्रकूट वंशी मथनदेव की सहायता से रामपाल ने देवरक्षित को परास्त किया। इसके बाद अन्य विविध सामंत राजाओं को फिर से अपना अनुयायी बनाने के लिये रामपाल ने अपने राज्य का दौरा किया। देवरक्षित के परास्त हो जाने से अन्य सामंतों पर रामपाल की धाक भलीभाँति जम

गई थी। उन्होंने रामपाल की अधीनता स्वीकार कर ली। रामपाल ने भी उन्हें नई-नई जागीरें देकर संतुष्ट किया, और बदले में सहायता प्राप्त करने का वचन लिया। इस प्रकार अपने राज्य में व्यवस्था और शांति स्थापित करके रामपाल ने कैवर्तों पर आक्रमण किया। अब कैवर्त पाल राजा का सामना नहीं कर सके। वे परास्त हो गये, और सारे बंगाल बिहार पर

[illegible]

शक्ति को फिर से स्थापित करने में सफल हुआ। उसका शासनकाल १०५७ से ११०२ ईस्वी तक है।

रामपाल के बाद उसका लड़का कुमारपाल राजा बना। उसने केवल चार साल तक राज्य किया। फिर गोपाल तृतीय राजा बना। उसके विरुद्ध षड्यंत्र करके उसके चाचा (कुमारपाल के भाई) मदनपाल ने राज्य प्राप्त किया। मदनपाल ने कुल १६ वर्ष तक (११०६ से ११२५ ई० तक) शासन किया। प्रतापी रामपाल ने जिस व्यवस्थित राज्य की स्थापना की थी, उसके निर्बल उत्तराधिकारी उसे संभाल नहीं सके। सामंतों के विद्रोह फिर शुरू हो गये। चालुक्य राजा विक्रमादित्य के आक्रमण के समय में जो अनेक दक्षिणी कर्णाट सरदार बिहार बंगाल में बस गये थे, उनका उल्लेख हम पहले कर चुके हैं। इन्हीं में से एक शक्तिशाली कर्णाट सरदार लाढ देश (पश्चिमी बंगाल) में बस गया था। वह रामपाल के समय में सामंत रूप में अपनी जागीर का शासन करता था और कैवर्तों के विरुद्ध लड़ाई में उसने रामपाल की सहायता भी की थी। लाढ के इसी कर्णाट सामंत के कुल में विजयसेन हुआ, जो मदनपाल का समका-

सेन था। पाल वंश की निर्बलता से लाभ उठा कर विजयसेन राढ में स्वतंत्र हो गया, और एक नये वंश का प्रारंभ किया, जो इतिहास में सेनवंश के नाम से प्रसिद्ध है। धीरे-धीरे विजयसेन ने बंगाल के अन्य प्रदेशों पर भी हमले किये, और सारे बंगाल से पाल वंश के शासन का अंत कर अपना राज्य क़ायम कर लिया।

उत्तरी बिहार में (तिरहुत में) भी एक अन्य दक्षिणी कर्णाट सरदार ने अपना स्वतंत्र राज्य क़ायम किया। इसका नाम नान्यदेव था।। यह भी विजयसेन के समान ही प्रतापी और महत्त्वाकांक्षी था। विजयसेन और नान्यदेव के विद्रोहों के कारण मदनपाल का पाल राज्य केवल मगध में ही सीमित रह गया। ख़ास मगध में भी अनेक छोटे-छोटे सामंतों ने विद्रोह किये, पर ये मदनपाल के विरुद्ध स्वतंत्रता प्राप्त करने में सफल नहीं हो सके।

(७) मुस्लिम आक्रमणों का प्रारंभ

सातवीं सदी में अरब में एक महापुरुष का जन्म हुआ, जिसका नाम मुहम्मद है। उसके समय में अरब की हालत बहुत ख़राब थी। वहाँ बहुत से छोटे-छोटे राज्य थे, जो सदा आपस में लड़ते रहते थे। राजनीतिक एकता का अरब में सर्वथा अभाव था। धर्म की दृष्टि से भी अरब लोग बहुत हीन दशा में थे। वे विविध देवी-देवताओं को मानते थे और अनेक विधि-विधानों व अनुष्ठानों से उनकी पूजा करते थे। स्त्रियों की स्थिति अरबों में बहुत हीन थी। अरब पुरुष जितनी ...यों से चाहें, विवाह कर सकते थे। मुहम्मद ने इस दशा से ...ब का उद्धार किया। उसने अरब के धर्म में बहुत से सुधार

आदित्यसेन के बाद उसका लड़का देवगुप्त पाटलीपुत्र
राजगद्दी पर बैठा। उसे शिलालेखों में जहाँ 'परमभट्टारक
राजाधिराज' कहा गया है, वहाँ 'सकलोत्तरापथनाथ'
कहा है। इससे प्रतीत होता है, कि आदित्यसेन द्वारा
पित साम्राज्य उसके समय में अक्षुण्ण रहा, और वह उत्तरी
न के ... प्रदेश में शासन करता रहा। देवगुप्त

... देवगुप्त के चालुक्य
रा विनयादित्य से अनेक युद्ध हुए। इस समय में दक्षिणा-
में चालुक्य वंश बहुत जोर पकड़ रहा था। उसके महत्त्वा-
क्षी राजा अपने साम्राज्य के विस्तार के लिए भगीरथ
यत्न में लगे थे। क्योंकि उत्तरापथ इस समय गुप्तों के हाथ
था, अतः स्वाभाविक रूप से उनमें परस्पर संघर्ष हुआ,
और देवगुप्त को एक बार विनयादित्य से बुरी तरह हार भी
नी पड़ी। इस समय के एक शिलालेख से आभास मिलता
कि देवगुप्त की मृत्यु भी इन्हीं युद्धों में हुई।

देवगुप्त के बाद उसका लड़का विष्णुगुप्त गुप्त साम्राज्य का
वामी हुआ। उसका समकालीन चालुक्य राजा विजयादित्य
। यह अपने पिता के समान प्रतापी और महत्त्वाकांक्षी था।
सने एक बार फिर उत्तरापथ पर आक्रमण किया, और मार्ग
के सब प्रदेशों को जीतता हुआ मगध तक आ पहुँचा। उसने
राजा को ... कर उसके परमेश्वरत्व के निशान, गंगा
ध्वज को युद्ध में छीन लिया था।
होने वाला यह गुप्त सम्राट् संभवतः
से गुप्तों की शक्ति
अनेक सामंत राजा
के इस ह्रासकाल

में कन्नौज के सामंत राजाओं ने फिर सिर उठाया। वहाँ क राजा इस समय यशोवर्मा था, जो गुप्त सम्राट् अवति के शासन काल में अपने को गुप्तों का 'भृत्य' समझता था। पर अब व स्वतन्त्र हो गया, और उसने मगध पर चढ़ाई भी की। सो नदी के तट पर उसने गुप्त राजा को परास्त किया और अपन शक्ति को बहुत बढ़ा लिया।

गुप्तवंश का अंतिम राजा जीवितगुप्त था। इसका ए शिलालेख बिहार में आरा के समीप देववरनार्क नामक स्था पर प्राप्त हुआ है। यह एक प्राचीन विष्णुमंदिर के द्वार प उत्कीर्ण है। इसके अध्ययन से ज्ञात होता है, कि जीवितगु की छावनी (विजय स्कंधावार) गोमती नदी के तट पर स्थि थी। गोमती नदी वर्तमान संयुक्त प्रांत में है। वहाँ छावनी व होना इस बात को सूचित करता है, कि उसके पूर्व का प्रदे अब संभवतः गुप्तों के अधिकार में नहीं रहा था। कन्नौज राजाओं ने वहाँ तक के प्रदेश को अपने अधिकार में क लिया था।

जीवितगुप्त के साथ गुप्तवंश की समाप्ति हो गई। इ समय उत्तरी भारत में अनेक महत्वाकांक्षी राजा अपनी शक्ति बढ़ा रहे थे। काश्मीर का राजा ललितादित्य मुक्तापीड बड़ शक्तिशाली था। उसने पूर्व में दूर-दूर तक हमले किये थे। एक अनुश्रुति के अनुसार उसने गौड़ देश के राजा को कैद क लिया था। ललितादित्य का समय ७३३ से ७६६ ईस्वी त है। इसी समय के लगभग मगध में गुप्तवंशी राजा जीवित गुप्त का शासन था, जिसकी अधीनता में गौड़ देश भी था। ललितादित्य द्वारा कैद किया जाने वाला गौड़नरेश यदि जीवित गुप्त ही हो, तो कोई आश्चर्य नहीं। उधर कामरूप और कन्नौज के राजा भी इस काल में विजययात्राओं में सलग्न

। यदि इनमें से कोई राजा मौर्यों और गुप्तों के समान भारत में स्थिर साम्राज्य की स्थापना कर सकता, तो बहुत उत्तम होता। पर इनकी विजययात्रायें यशोधर्मा और हर्षवर्धन की दिग्विजयों के समान क्षणिक और अचिरस्थायी थीं। उन्होंने भारत में कोई शक्तिशाली राज्य स्थापित करने की जगह सर्वत्र अराजकता उत्पन्न कर दी थी। जीवितगुप्त के अंत के साथ मगध की राज्यशक्ति और पाटलीपुत्र का वैभव खाक में मिल गये। इसके बाद फिर कभी पाटलीपुत्र भारत की प्रथम नगरी का गौरवपूर्ण स्थान नहीं प्राप्त कर सका।

गुप्तवंश का अंत आठवीं सदी के मध्य भाग में हुआ।

(५) चीनी यात्री ह्युएनत्सांग

गुप्तवंश के ह्रासकाल में जब स्थानेश्वर और कन्नौज का राजा हर्षवर्धन भारत का सब से शक्तिशाली सम्राट् था, तब एक प्रसिद्ध चीनी यात्री भारत में आया, जिसका नाम ह्युएनत्सांग है। यह ६३० ईस्वी के लगभग भारत में पहुँचा। वह १५ वर्ष तक इस देश में रहा। यहाँ उसने केवल बौद्ध धर्म का ही भलीभाँति अनुशीलन नहीं किया, अपितु इस देश के समाज, रीति-रिवाज, ऐतिहासिक अनुश्रुति आदि का भी खूब गंभीरता से अध्ययन किया। उसने जो अपना यात्राविवरण लिखा है, वह ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्त्व का है। फाइयान की तरह से उसने बौद्ध धर्म के अतिरिक्त अन्य सब बातों की उपेक्षा नहीं की, अपितु बड़ी बारीकी से इस देश के जीवन के सब पहलुओं का भलीभाँति वर्णन किया है। यही कारण है, कि सातवीं सदी के भारत को भलीभाँति समझने के लिए ह्युएन-...व का काम देता

गंगा में फिकवा दिया। ह्य एनत्सांग ने बोधिवृक्ष के नीचे उस स्थान के दर्शन कर अपार संतोष प्राप्त किया, जहाँ भगवान बुद्ध को बोध हुआ था। भक्त लोगों ने बोधिवृक्ष का फिर से आरोपण कर दिया था। यहाँ से ह्य एनत्सांग नालंदा गया। इस युग में यहाँ का विहार शिक्षा और ज्ञान का सब से बड़ा केन्द्र था। चीनी यात्री कुछ समय तक वहाँ रहा, और वहाँ विविध ग्रंथों का भलीभाँति अनुशीलन किया। हिरण्यदेश (मुंगेर), चंपा, राजमहल, पुण्ड्रवर्धन, आदि होता हुआ वह दक्षिण भारत की ओर मुड़ा तथा दक्षिण कोशल होता हुआ ह्य एनत्सांग धनकटक यहाँ अमरावती के विहार में वह कई महीने तक रहा यहीं से वह कांची गया। इसके बाद वह उत्तर-पश्चिम मुड़ा, और वनवासी देश होता हुआ महाराष्ट्र पहुँच दक्षिण के अनेक नगरों और विहारों का भ्रमण कर ह्य एनत्सांग सिंध और मुलतान गया। वहाँ से अनेक स्थानों का अवलोकन करता हुआ वह नालंदा गया धर्म के जो ग्रंथ उसने अभी तक नहीं पढ़े थे, उन सब बार उसने अनुशीलन किया।

इन दिनों कामरूप (आसाम) में भास्करवर्मा का था। वह कन्नौज के सम्राट् की अधीनता स्वीकार करता उसने ह्य एनत्सांग को आसाम पधारने के लिये नि दिया। आसाम में उस समय बौद्ध धर्म का यथेष्ट प्रचार था। अतः अपने गुरु नालंदा के प्रधान आचार्य शीलभ आज्ञा से ह्य एनत्सांग ने आसाम के लिये प्रस्थान कि भास्करवर्मा ने बड़े आदर के साथ इस प्रसिद्ध विदेशी विद्वान् का स्वागत किया।

इस समय सम्राट् हर्षवर्धन बंगाल में राजमहल में प

ले पड़े थे। जब उन्हें ज्ञात हुआ, कि ह्यु एनत्सांग आ
हैं, तो उन्होंने भास्करवर्मा को यह आदेश दिया,
र चीनी विद्वान् को साथ लेकर गंगा के रास्ते कन
वे। हर्षवर्धन ने कन्नौज में एक बौद्ध महासभा का आ
न किया था, जिसमें बौद्ध धर्मतत्त्वों पर विचार करने के
र-दूर से पंडितों और भिक्षुओं को निमंत्रित किया
। हर्ष की इच्छा थी, कि ह्यु एनत्सांग भी इस महासभ
म्मिलित हो। हर्ष के आदेश से भास्करवर्मा ह्यु एनत्सांग
कर कन्नौज आया। वहाँ इस चीनी विद्वान ने अपने पां
ा खूब प्रदर्शन किया। बाद में वह हर्ष के साथ प्रयाग
हाँ सम्राट् ने बहुत दान-पुण्य किया। इस तरह १५ व
गभग भारत में रह कर और यहाँ के बहुत से धर्मग्रंथ
ाथ लेकर ह्यु एनत्सांग उत्तर-पश्चिम के स्थलमार्ग से ही
ो लौट गया।

नहीं थी, अतः ६४४ ईस्वी के लगभग जब उसकी मृत्यु हुई, तो भंडी कन्नौज के राजसिंहासन पर बैठा था। भंडी हर्षवर्धन का ममेरा भाई था। यशोवर्मा सम्भवतः भंडी का ही वंशज था। उसने कन्नौज की राजशक्ति को फिर बढ़ाया। कवि वाक्पतिराज ने गौड़वहो में इस यशोवर्मा के विजयवृत्तांत को विस्तार के साथ लिखा है। इससे ज्ञात होता है, कि यशोवर्मा ने बंगाल पर आक्रमण किया था। उन दिनों बंगाल मगध के अधीन था और वहाँ गुप्तवंशी राजा राज्य करते थे। यशोवर्मा ने इन्हें परास्त किया और अनेक सामंत राजाओं को नष्ट किया।

७३१ ईस्वी के यशोवर्मा के आक्रमण का असर अभी दूर नहीं हुआ था, कि काश्मीर के शक्तिशाली राजा मुक्तापीड ललितादित्य ने दिग्विजय के लिये प्रस्थान किया। पंजाब और मध्यदेश के विविध राजाओं को परास्त करता हुआ ललितादित्य मगध और बंगाल तक बढ़ा, और पाटलीपुत्र के गुप्त राजा को परास्त किया। ललितादित्य बड़ा प्रतापी राजा था। कन्नौज के राजवंश को भी उसने युद्ध में नीचा दिखाया था। मगध के गुप्त वंश का अंत संभवतः इसी के आक्रमणों से हुआ। दिग्विजय के बाद ललितादित्य तो अपने देश को वापिस लौट गया, पर भारत में सर्वत्र अराजकता छा गई। इस अव्यवस्था से लाभ उठाकर आसाम के राजा श्रीहर्ष ने सिर उठाया और ६४८ ईस्वी के लगभग बंगाल और मगध पर आक्रमण किये। जब यह समाचार काश्मीर पहुंचा, तो वहाँ का राजा फिर विजययात्रा के लिये निकला। मुक्तापीड की मृत्यु हो जाने से अब वहाँ जयापीड का शासन था। यह भी अपने पिता के समान ही प्रतापी और महत्त्वाकांक्षी था। इसने अपनी विजययात्रा में एक बार फिर मगध और बंगाल का मर्दन किया। उन दिनों

है। मगध और बंगाल में अब 'मात्स्य न्याय' ही छाया हुआ था। शक्तिशाली लोग सब जगह राजा बन बैठे थे, और निर्बल सर्वसाधारण लोग उनसे परेशान थे। व्यवस्थित राजसत्ता का सर्वथा लोप हो गया था। इस दशा को दूर करने के लिये जनता ने गोपाल नामक एक वीर पुरुष को स्वयं राजा निर्वाचित किया। यह किसी प्राचीन राजकुल का कुमार नहीं था। इसका पितामह दयितविष्णु था, जो सब विद्याओं में निष्णात विद्वान् था। गोपाल के पिता का नाम वप्यट था। यह भी एक प्रसिद्ध विद्वान् था। पर इस समय देश में जो अराजकता फैली हुई थी, उससे विवश हो वप्यट ने शास्त्र छोड़कर शस्त्र का ग्रहण किया, और अनेक शत्रुओं को परास्त कर प्रसिद्धि प्राप्त की। उसका पुत्र गोपाल बड़ा वीर था। अराजकता की इस दशा में उसने अपने बाहुबल से और भी अधिक ख्याति प्राप्त की, और लोगों ने अनुभव किया कि यही वीर पुरुष देश की अशांति और अव्यवस्था को दूर कर के जनता के जान और माल की रक्षा कर सकता है। इसीलिये उसे राजा बनाया गया और इस प्रकार पाल वंश का प्रारंभ हुआ। गोपाल ने पहले बंगाल में अशांति को दूर किया, और फिर मगध को जीत कर वहाँ भी एक व्यवस्थित शासन की स्थापना की।

इस काल के एक शिलालेख में लिखा है, कि "मात्स्य न्याय को दूर हटाने के लिये प्रकृतियों ने गोपाल को लक्ष्मी का हाथ पकड़ाया, और उसे सब राजाओं का शिरोमणि बना दिया।" सर्वसाधारण जनता ने अपने मत (वोट) देकर गोपाल को राजा चुना हो, ऐसा नहीं हुआ। अपितु अपने समय की

चप्यट के पुत्र श्रीगोपाल को उन्होंने अपना अधिपति स्वीकार किया और उसके नेतृत्व में गौड़ (बंगाल) और मगध (बिहार) में फिर एक बार व्यवस्थित शासन की स्थापना हुई।

इस प्रकार गोपाल ने ७६५ ईस्वी के लगभग शासनसूत्र को अपने हाथ में लिया। उसके शासन का ठीक समय ज्ञात नहीं है। संभवतः, उसने बहुत समय तक शासन नहीं किया। उसके बाद उसका लड़का धर्मपाल राजगद्दी पर बैठा। धर्मपाल का शासनकाल ७६६ से ८०६ ईस्वी तक है। पाल वंश का यह राजा बड़ा प्रतापी था। उसके समय में पाल राजाओं का शासन सारे उत्तरी भारत में विस्तृत हो गया। धर्मपाल के विजययात्राओं का वर्णन इस काल के अनेक शिलालेखों में किया गया है। धर्मपाल ने सब से पहले कन्नौज पर आक्रमण किया। गुप्तों की शक्ति के क्षीण होने पर कन्नौज उत्तरी भारत का सब से प्रमुख नगर था। राजशक्ति की दृष्टि से पाटलीपुत्र का स्थान अब कन्नौज ने ले लिया था। मौखरि राजाओं और विशेषतया हर्षवर्धन के समय में कन्नौज का महत्त्व बहुत बढ़ गया था। हर्ष के ममेरे भाई भंडी के वंश के राजा अब तक वहाँ शासन करते थे। कन्नौज के राजा यशोवर्मा का उल्लेख हम पहले कर चुके हैं, जिसने मगध पर आक्रमण कर वहाँ गुप्तवंशी राजा को परास्त किया था। धर्मपाल के समय कन्नौज का राजा इंद्रराज या इंद्रायुध था। ८०३ ईस्वी के लगभग धर्मपाल ने इस पर आक्रमण किया, और इंद्रराज को परास्त कर उसके प्रतिद्वन्द्वी चक्रायुध को कन्नौज के राजसिंहासन पर अभिषिक्त किया। संभवतः, चक्रायुध भी कन्नौज के पुराने राजवंश के साथ ही संबंध रखता था। वह धर्मपाल को अपना अधिपति स्वीकार करके, उसी की आज्ञा में रहते हुए शासन करने को तैयार था। इसी लिये धर्मपाल ने इंद्रराज को

परास्त कर उसे अपने सामंत रूप में कन्नौज की राजगद्दी पर बैठाया।

पर भारत के अन्य राजाओं ने चक्रायुध को इतनी सुगमता से कन्नौज का राजा स्वीकार नहीं किया। इसीलिये धर्मपाल को बहुत से राजाओं के साथ युद्ध करने पड़े। इस काल के लेखों के अनुसार कुरु, यदु, यवन, अवंति, गाधार, कीर, भोज, मत्स्य और मद्र आदि अनेक देशों के राजाओं को परास्त कर धर्मपाल ने उन्हें इस बात के लिये विवश किया, कि वे चक्रायुध को कन्नौज का राजा स्वीकार करें। कुरु राज्य पूर्वी पंजाब में कुरुक्षेत्र व स्थानेश्वर के समीपवर्ती प्रदेशों में था। यदु लोग मथुरा के समीप के प्रदेश में रहते थे। अवंति की राजधानी उज्जैनी थी। यवन और गाधार उत्तर-पश्चिमी पंजाब और उत्तर-पश्चिमी सीमाप्रांत के प्रदेश थे। भोज और मत्स्य देश पूर्वी राजपूताना में थे। कीर का अभिप्राय संभवतः कांगड़ा के प्रदेश से है। मद्र वर्तमान अफगानिस्तान के एक भाग का नाम था। इस प्रकार स्पष्ट है, कि धर्मपाल ने सुदूर हिंदुकुश के राजाओं को परास्त कर चक्रायुध की अधीनता स्वीकार करने के लिये मजबूर किया। इस युग में कन्नौज उत्तरी भारत का प्रधान केंद्र था, वहाँ के राजा को अन्य राजाओं के अधिपति अपना स्वामी स्वीकार करते थे। इंद्रराज को राज्यच्युत कर जब धर्मपाल ने चक्रायुध को कन्नौज का राजा बनाया, तो उत्तरी भारत के अन्य राजाओं के साथ उसे घोर युद्ध करने पड़े। पर अंत में इन सब देशों के "सामंत राजाओं को काँपते हुए राजमुकुटों समेत आदर से झुक कर उसे (चक्रायुध को) स्वीकार करना पड़ा। पंचाल के वृद्धों ने उसके लिये सोने के अभिषेकघट खुशी से पकड़े।" अभिप्राय यह है कि पंजाब, अफगानिस्तान, पूर्वी राजपूताना, संयुक्तप्रांत

आदि संपूर्ण उत्तरी भारत के विविध राजा कन्नौज के त्रि सम्राट् के अधीन सामंत रूप से राज्य करते थे, वह अब मगध धिपति धर्मपाल का 'महासामंत' बन गया। इस युग में साम पद्धति का इतना जोर था, कि धर्मपाल ने इंद्रराज को परास्त कर न कन्नौज को सीधे अपने अधीन किया, और न चक्रायु को एक साधारण सामंत की स्थिति में ला दिया। चक्रायुध धर्मपाल का सामंत था, और कुरु, यवन, मत्स्य आदि विविध देशों के राजा कन्नौज के महासामंत चक्रायुध के सामंत थे।

(३) राजपूत वंशों का प्रादुर्भाव

गुप्तों की शक्ति क्षीण होने पर भारत में जो बहुत से नये राजवंश शासन करने लगे, वे सामूहिक रूप से राजपूत कहे जाते हैं। भारतीय इतिहास में यह राजपूत शब्द नया है। पुराने राजवंश या तो क्षत्रियों (शुद्ध आर्य या व्रात्य क्षत्रिय) के होते थे, या ब्राह्मण, वैश्य आदि अन्य कुलों के। पर सातवीं सदी के अंतिम भाग से ऐसे अनेक नये राजकुलों का प्रारंभ हुआ, जो भारत के प्राचीन इतिहास में सर्वथा अज्ञात थे। गुर्जर, प्रतीहार, पवार, चालुक्य, राष्ट्रकूट, चौहान आदि अनेक नये राजवंशों के इस काल में राज्य स्थापित हुए। अनेक ऐतिहासिकों का मत है, कि ये सब उन शक, कुशाण, हूण आदि विदेशी आक्रान्ताओं की संतान थे, जिन्होंने भारत में प्रवेश कर यहाँ की भाषा, धर्म, सभ्यता और संस्कृति को पूरी तरह अपना लिया था। भारत में आकर ये पूरी तरह भारतीय हो गये थे, और शैव, वैष्णव आदि विविध पौराणिक धर्मों को मानने लगे थे। इन्हें भारतीय समाज का ही अंग मान लिया गया था, और इनकी वीरता और युद्ध की प्रतिभा को दृष्टि में रख कर इन्हें क्षत्रिय वर्ग में शामिल कर लिया गया था। पुराने क्षत्रिय

ला स भिन्नता प्रदर्शित करने के लिये इन्हें राजपुत्र या राज-
त कहा गया।

ऐतिहासिकों के इस मत की पुष्टि एक प्राचीन अनुश्रुति से
ी होती है, जिसके अनुसार इन राजपूतों की उत्पत्ति अग्नि-
ाड से हुई थी। इसीलिये इन्हें 'अग्निकुल' के राजपूत कहा
ाता है। ऐसा प्रतीत होता है, कि इन सब को बाकायदा हिंदू
माज में शामिल करने के लिये अग्नि द्वारा इनकी शुद्धि की
ई, और इसीलिये ये अग्निकुल के राजपूत कहलाये। कुछ
वेद्वानों ने इस मत को अस्वीकार करते हुए यह प्रतिपादित
रने का प्रयत्न किया है, कि अग्निकुल के राजपूत शुद्ध क्षत्रिय
थे/ और उनका संबंध पुराने समय के सूर्य, चंद्र या अन्य राज-
वंशों से था। पर हमारी सम्मति में यही मानना युक्तिसगत
है, कि जो विदेशी आक्रांता भारतीय भाषा, धर्म, आदि को स्वी-
कार कर पूर्णतया इस देश के समाज के अंग बन गये थे,
उन्होंने ही गुर्जर, प्रतीहार, चालुक्य आदि विविध नये राजवशों
का प्रारंभ किया। इन राजपूत कुलों के राज्य नवीं, दसवीं और
ग्यारहवीं सदियों में विशेष रूप से विकसित हुए।

आठवीं सदी में इन राजपूतों के निम्नलिखित राज्य बहुत
शक्तिशाली थे:—

१—भिन्नमाल (राजपूताना में जोधपुर के दक्षिण में स्थित
भिनमाल) का गुर्जर प्रतीहार राज्य। पालवंशी राजा धर्मपाल
के समय में वहाँ का राजा वत्सराज था। वह भी बड़ा प्रतापी
और महत्त्वाकांक्षी था।

२—वातापी (बादामी, बंबई प्रांत के बीजापुर ज़िले में स्थित)
का चालुक्य राज्य। इसका प्रारंभ छठवीं सदी में हुआ था।
गुप्तवंश के क्षीण होने पर जब हर्षवर्धन उत्तरी भारत का सार्व-
भौम अधिपति था, तब चालुक्यवंशी पुलकेशी द्वितीय दक्षिण

का सम्राट् था। पुलकेशी द्वितीय के बाद चालुक्यों का साम्रा दो भागों में विभक्त हो गया। वातापी में पुलकेशी के व राज्य करते रहे, और पूर्व में कृष्णा और गोदावरी नदियों बीच में कुब्ज विष्णुवर्धन ने एक स्वतंत्र चालुक्य राज्य स्थापना की। यह पुलकेशी द्वितीय का भाई था। आगे चलक वातापी के चालुक्यों को राष्ट्रकूटों ने अपने अधीन कर लिया पर पूर्वी चालुक्य वंश ग्यारहवीं सदी तक स्वतंत्र रूप से राज करता रहा।

२—महाराष्ट्र का राष्ट्रकूट राज्य। इसका संस्थापक दंति दुर्ग था। उसने चालुक्य राजा कीर्तिवर्मन द्वितीय को परास्त कर अपने स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। पहले दंतिदुर्ग वातापी के चालुक्य वंश का सामंत था, पर ७५४ ईस्वी में उसने न केवल अपने को स्वतंत्र कर लिया, पर वातापी के चालुक्य वंश का अंत कर अपनी शक्ति का विस्तार करना प्रारंभ किया। पालवंशी धर्मपाल का समकालीन राष्ट्रकूट राजा धारावर्ष ध्रुव था। यह बड़ा शक्तिशाली और महत्त्वाकांक्षी राजा था। इसने दूर-दूर के प्रदेशों पर आक्रमण कर अपनी शक्ति का बहुत विस्तार किया।

इस प्रकार आठवीं सदी के अंत और नवीं सदी के प्रारंभ में भारत में तीन प्रमुख राजशक्तियाँ थीं। मगध में पालवंशी धर्मपाल का राज्य था। कन्नौज का राजा चक्रायुद्ध उसके हाथ की कठपुतली था। पंजाब, अवंति, गांधार, मध्यभारत, और संयुक्तप्रांत के विविध देशों के राजा चक्रायुध के सामंत थे,

अब अरब साम्राज्य की सीमा भारत से आ लगी थी। आठवीं सदी के शुरू में भारत में कोई एक शक्तिशाली सम्राट् नहीं था। गुप्त साम्राज्य क्षीण हो चुका था। हर्षवर्धन की मृत्यु के बाद कन्नौज के राजाओं की शक्ति भी शिथिल हो गई थी। पश्चिमी भारत में विविध राजा राज्य कर रहे थे, जो अब किसी शक्तिशाली सम्राट् के सामंत न होकर स्वतंत्र शासक थे। सिंध में इस समय दाहिर नाम के राजा का राज्य था। अरब साम्राज्य के खलीफा के आदेश पर मुहम्मद कासिम ने ६१२ ईस्वी में एक बड़ी सेना के साथ सिंध पर आक्रमण किया। दाहिर ने अरब आक्रांताओं के खिलाफ बड़ी वीरता प्रदर्शित की। उसने एक-एक कदम पर मुहम्मद कासिम का मुकाबला किया। दाहिर युद्ध में मारा गया। उसकी मृत्यु से भी सिंध के लोग निराश नहीं हुए। दाहिर की विधवा रानी ने अब उनका नेतृत्व किया। पर आखिरकार अरबों ने सिंध की राजधानी आलोर को घेर लिया। सिंध की सेनाओं ने वीरता के साथ अपनी राजधानी की रक्षा के लिये युद्ध किया, पर अंत में वे परास्त हो गये और सिंध पर अरबों का अधिकार स्थापित हो गया। अरब लोग भारत में और आगे बढ़ कर अपने साम्राज्य का विस्तार करना चाहते थे। पर वे सफल नहीं हो सके। कारण यह कि उनकी बाढ़ को रोकने के लिये गुर्जर प्रतीहारों की मजबूत दीवार कायम थी। भीनमाल में इन वीर राजपूतों का स्वतंत्र राज्य कायम था। इनको परास्त कर अरब लोग भारत में आगे नहीं बढ़ सके। बाद में गुर्जर प्रतीहारों ने कन्नौज को भी जीत लिया, और वे उत्तरी भारत की प्रधान राजनीतिक शक्ति बन गये। अरबों ने गुर्जर प्रतीहारों के विरुद्ध दक्षिण के राष्ट्रकूट राजाओं से भी संधि की। पर उन्हें सिंध से आगे बढ़ने में सफलता नहीं मिली।

अरब लोगों ने ईरान के सासानी राज्य को जीत करके अपने अधीन कर लिया था। वे उत्तर-पूर्व में उससे आगे बढ़े। मध्य एशिया उस समय भारत का ही एक अंग था। खोतान आदि विविध प्रदेशों में भारतीय धर्म, भाषा और सभ्यता का प्रचार था। मध्य एशिया के भारतीय राज्य लगभग आधी सदी तक अरबों का सफलता के साथ मुकाबला करते रहे। पर ७५१ ईस्वी में समरकंद के पास अरबों ने उन्हें परास्त किया, और ये सब प्रदेश अरब साम्राज्य में सम्मिलित हो गये। तब से वहाँ के बौद्ध लोग इस्लाम के अनुयायी होने लगे और धीरे-धीरे सारे मध्य एशिया के लोग मुसलमान धर्म में दीक्षित हो गये।

हूणों की एक शाखा का नाम तुर्क था। मध्य एशिया के भारतीय उपनिवेशों के संपर्क में आने के कारण इन तुर्कों ने बौद्ध धर्म को स्वीकार कर लिया था। ये बौद्ध तुर्क विशाल अरब साम्राज्य की उत्तर-पूर्वी सीमा पर रहते थे। आठवीं और नवीं सदियों में अरबों का साम्राज्य अक्षुण्ण रूप से कायम रहा। सिंध से स्पेन तक विस्तृत यह अरब साम्राज्य बड़ा शक्तिशाली और वैभवसंपन्न था। पर जिस प्रकार गुप्त साम्राज्य पर हूणों के आक्रमण शुरू हुए थे, और उनके कारण विशाल गुप्त साम्राज्य छिन्न-भिन्न हो गया था, वैसे ही अब हूणों की बौद्ध धर्मावलंबी तुर्क शाखा ने उत्तर की तरफ से अरब साम्राज्य पर हमले शुरू किये। वैभवपूर्ण अरब शासक इनका मुकाबला नहीं कर सके और अरब साम्राज्य के भग्नावशेष पर अनेक तुर्क राज्य कायम हुए।

यद्यपि अरब साम्राज्य इन आक्रमणों से नष्ट-भ्रष्ट हो गया, पर इस्लाम में इस समय में अनुपम शक्ति थी। धार्मिक दृष्टि से मुसलमानों में अपूर्व जोश और जीवन था। परिणाम यह

ा, कि तुर्क लोग राजनीतिक दृष्टि से विजेता होते हुए भी मिक दृष्टि से अरबों द्वारा परास्त हो गये। जैसे भारत के र्क में आकर यवन, शक, कुशाण और हूण आक्रांता भारत धर्म और सभ्यता में दीक्षित हो गये थे, वैसे ही अब ये तुर्क क्रांता इस्लाम के संपर्क में आकर मुसलिम धर्म और सभ्यता अनुयायी हो गये, और उन्होंने बौद्ध धर्म का परित्याग कर लाम को स्वीकार किया।

अरब साम्राज्य के भग्नावशेष पर जिन विविध तुर्क राज्यों ी स्थापना हुई थी, उनमें से गजनी का तुर्क राज्य एक था। उका संस्थापक अलप्तगीन था। उसने गजनी में अपनी शक्ति ो कायम कर अफ़गानिस्तान पर हमला किया। उन दिनों फ़गानिस्तान के सब निवासी बौद्ध और पौराणिक धर्मों के नुयायी थे। अलप्तगीन ने इन्हें परास्त किया, और इस प्रकार लाम का वहाँ प्रवेश हुआ। ६७५ ईस्वी में अलप्तगीन की त्यु हुई। उसके बाद सुबुक्तगीन गजनी का राजा बना। उसने हिंदूकुश पर्वत को पार कर भारत पर आक्रमण किया। उत्तर-पश्चिमी भारत का राजा उस समय जयपाल था, जो शाहानु-शाही वंश का था और जिसकी राजधानी भटिण्डा थी। जयपाल ने सुबुक्तगीन का मुकाबला करने के लिये ज़ोर-शोर से तैयारी की। अन्य भारतीय राजाओं के पास सहायता के लिये संदेश भेजे गये। कन्नौज के गुर्जर प्रतीहार राजा राज्यपाल बड़े उत्साह के साथ जयपाल की सहायता के लिये अग्रसर हुआ। इन्हीं गुर्जर प्रतीहार राजाओं की अदम्य शक्ति के कारण सिंध के अरब शासक अब तक भारत में आगे नहीं बढ़ पाये थे। राज्यपाल के अतिरिक्त चौहान और चंदेल राजाओं ने भी जयपाल की सहायता की। अफ़गानिस्तान में कुर्रम नदी की घाटी में सुबुक्तगीन का भारतीय राजाओं ने मिलकर मुकाबला

किया। दोनों ओर से खूब वीरता दिखाई गई। पर विजय अंत में सुबुक्तगीन की ही हुई। सिंध नदी तक तुर्कों का अधिकार स्थापित हो गया।

सुबुक्तगीन के बाद ६६७ ईस्वी में महमूद ग़ज़नी की राजगद्दी पर बैठा। यह संसार के सब से बड़े विजेताओं में से एक है। उसकी तुलना सीज़र और समुद्रगुप्त से की जा सकती है। उसने ग़ज़नी के छोटे से राज्य को एक विशाल साम्राज्य के रूप में परवर्तित कर दिया। भारतवर्ष पर उसने बहुत से हमले किये। पेशावर के पास एक लड़ाई में उसने एक बार फिर जयपाल को परास्त किया। जयपाल के बाद उसका पुत्र आनंदपाल उत्तर-पश्चिमी भारत का राजा बना। उसने महमूद का मुकाबला करने के लिये बड़ी भारी तैयारी की। उत्तरी भारत के बहुत से राजा आनन्दपाल की सहायता के लिये एकत्र हुए। पर इस बार भी महमूद की विजय हुई। १०१६ में महमूद ने कन्नौज पर आक्रमण किया और वहाँ के गुर्जर प्रतीहार राजा राज्यपाल को परास्त किया। महमूद के हमलों का यहाँ अधिक उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है। उसने भारत पर दूर-दूर तक आक्रमण किये थे, और उनका परिणाम यह हुआ कि भारत के पुराने राजवंशों की शक्ति बहुत क्षीण हो गई।

सन् १०३० में महमूद की मृत्यु हुई। उसके बाद उसका विशाल साम्राज्य क़ायम नहीं रह सका। उसके उत्तराधिकारी निर्बल और भोग-विलास में लिप्त थे। उनके समय में ग़ज़नी का साम्राज्य छिन्न-भिन्न हो गया, और भारत में फिर अनेक स्वतंत्र राज्य क़ायम हो गये।

(८) कन्नौज के गहरवार राजा

ग़ज़नी के तुर्क सुलतानों के आक्रमणों के कारण कन्नौज निर्बल हो गई थी।

उन्होंने तुर्कों को कर देना स्वीकार कर लिया था, और अन्य राजपूत कुल इस बात से बहुत असंतुष्ट थे। इसीलिये १०९० ईस्वी के लगभग चंद्र नाम के एक गहरवार राजपूत सरदार ने गुर्जर-प्रतीहार राजा के विरुद्ध विद्रोह किया और कन्नौज में एक नये राजवंश का प्रारंभ किया। चंद्रदेव गहरवार वीर और महत्त्वाकांक्षी राजा था, उसने एक बार फिर कन्नौज के क्षीण साम्राज्य का पुनरुद्धार किया। कलचुरि राजा यशःकर्ण (कर्ण का उत्तराधिकारी, समय १०७३ से ११२५ ईस्वी तक) को परास्त कर उसने बनारस और अयोध्या तक के प्रदेशों को जीत कर अपने अधीन कर लिया।

चंद्रदेव के समय में ही दक्षिणी कर्णाट राजा विजयसेन बिहार बंगाल में अपनी शक्ति को बढ़ा रहा था। जब उसने मगध पर आक्रमण कर पालवंशी राजा मदन पाल को परास्त करने के लिये आक्रमण किया, तो चंद्रदेव ने मदनपाल की सहायता की। चंद्रदेव की सहायता के कारण ही पाल लोग मगध में अपना शासन स्थापित रख सके।

११०० ई० में चंद्रदेव गहरवार की मृत्यु हुई। उसके बाद मदनपाल गहरवार ने ११५४ ई० तक और फिर गोविंदचंद्र ने कन्नौज के शक्तिशाली साम्राज्य का शासन किया। इस समय उत्तरी भारत में गहरवारों के अतिरिक्त कलचुरि और सेन वंश के राजा भी काफी प्रबल थे। यद्यपि बनारस और प्रयाग के प्रदेश, कलचुरियों से चंद्रदेव गहरवार ने छीन लिये थे, तो भी इस वंश का राजा यशःकर्ण बहुत प्रतापी था। उसने बंगाल के सेनवंशी राजा लक्ष्मणसेन के साथ मैत्री की। लक्ष्मणसेन विजयसेन का पौत्र और बल्लालसेन का लड़का था और १११८ ईस्वी में बंगाल की राजगद्दी पर आरूढ़ हुआ था। लक्ष्मणसेन से सहायता प्राप्त कर यशःकर्ण ने काशी पर आक्रमण कि

और मगध पर भी हमले किये। लक्ष्मणसेन ने मगध पर अपना अधिकार कर लिया, और पाल वंश के हाथ से मगध तथा गोविंदचंद्र की अधीनता से बनारस के प्रदेश निकल गये।

बार पालवंशी राजा मदनपाल राज्य करने लगा। पर उसकी स्थिति गहरवार राजा गोविंदचंद्र के अधीन सामंत की थी और उसी की कृपा तथा सहायता से वह अपने राजसिंहासन पर आसीन रह सका था। तिरहुत का राजा नान्यदेव भी उसकी अधीनता स्वीकार करता था, और उसी की कृपा के कारण अपने राज्य में क़ायम था।

गोविंदचंद्र के समय में एक बार फिर कन्नौज के साम्राज्य ने अपना पुराना गौरवपूर्ण पद प्राप्त किया। उसका राज्य दिल्ली से मगध तथा अंग तक विस्तृत था। जिस समय गोविंदचंद्र कलचूरियों के साथ युद्ध में व्यापृत था, तभी अजमेर के चौहान राजा विग्रहराज ने उत्तर की तरफ आक्रमण कर दिल्ली के पश्चिम का प्रदेश जीतकर अपने राज्य की सीमा को हिमालय की उपत्यका तक विस्तीर्ण कर लिया था। पर गोविंदचंद्र के राज्य पर विग्रहराज ने हमले नहीं किये। वह शांति के साथ अपने विस्तृत साम्राज्य का शासन करता रहा। गोविंदचंद्र स्वयं शैव धर्म का अनुयायी था, पर उसकी रानी कुमारदेवी बौद्ध थी। वह मगध के एक सामंत राजा की कन्या थी। इसी के प्रभाव से गोविंदचंद्र ने अनेक बौद्ध विहारों की मरम्मत कराई और बौद्ध पंडितों को दान आदि से संतुष्ट किया।

यद्यपि गोविंदचंद्र की राजधानी कन्नौज थी, पर वह प्रायः ... में ... था। उसने बहुत से पंडितों को आश्रय

[illegible] और उसी के प्रयत्नों का यह परिणाम हुआ, कि काशी नगरी भारतीय पांडित्य और विद्या का केंद्र बन गई। उससे पहले मगध के नालंदा, विक्रमशिला और उद्दण्डपुरी के विहार भारतीय ज्ञान और शिक्षा के सर्वप्रधान केंद्र थे। पर उनमें मुख्यतया बौद्ध पंडित रहते थे। पौराणिक धर्म और विद्या का मुख्य केंद्र पहले भी काशी था, पर अब गोविंदचंद्र की संरक्षकता में इसने विद्या और ज्ञान के केंद्र रूप में जो ख्याति प्राप्त की, वह अब तक भी क़ायम है।

गोविंदचंद्र के बाद उसका पुत्र विजयचंद्र (११५५ से ११७० ई० तक) कन्नौज का सम्राट् बना। उसके समय में गहरवारों की शक्ति अक्षुण्ण रही। विरहुत के राजा नान्यदेव की मृत्यु के बाद उसका लड़का रामदेव (११५० ई० में) वहाँ [illegible]

[illegible]

[illegible]

वंशी राजा भी विजयचंद्र को अपना अधिपति मानता था।

११७० ई० में विजयचंद्र के बाद जयचंद्र कन्नौज की राजगद्दी पर आरूढ़ हुआ। इसके शासनकाल में शहाबुद्दीन मुहम्मद गोरी ने भारत पर आक्रमण करने शुरू किये। महमूद ने ग़ज़नी को राजधानी बनाकर जिस शक्तिशाली तुर्क साम्राज्य की स्थापना की थी, उसका उल्लेख हम पहले कर चुके हैं। महमूद की मृत्यु के बाद उसका साम्राज्य निर्बल हो गया, और गोरी अफ़ग़ान सरदारों ने अपना स्वतंत्र राज्य क़ायम किया। ग़ज़नी से हीरात के रास्ते पर गोर नाम का एक प्रदेश है। वहाँ के निवासी अफ़ग़ान लोग पहले बौद्ध थे। पर मुसलमान तुर्कों के प्रभाव से वे स्वयं भी मुस्लिम हो गये थे। उनके सरदार अलाउद्दीन ने ११६० ई० में तुर्कों से ग़ज़नी को छीन लिया और

था। उसके बाद के पाल राजाओं के नाम अविकल रूप से ज्ञात नहीं हैं। केवल राजा गोविंदपाल और पालपाल के नाम मिलते हैं, जो *गहरवारों के सामंत रूप से मगध में राज्य करते थे।*

बनारस तक विजय करके गोरी ने मलिक हुसामुद्दीन नाम के एक सरदार को पूर्वी संयुक्त प्रांत के प्रदेश पर शासन करने के लिये नियत किया। उसका एक सेनापति मुहम्मद बिन बख्तियार खिलजी था। उसने पूर्व में आगे बढ़कर मगध पर हमले करने शुरू किए। उन दिनों मगध में कोई भी शक्तिशाली राजा न था। पालवंशी राजाओं की स्थिति एक साधारण जागीरदार व सामंत से अधिक न थी, यद्यपि अभी तक वे अपनी परंपरा के अनुसार अपने को 'परमेश्वर परमभट्टारक महाराजाधिराज परमसौगत' विशेषण से विभूषित करते थे। गहरवार सम्राटों के परास्त हो जाने के बाद इन पाल राजाओं व कर्णाटवंशी नान्यदेव के उत्तराधिकारियों में कुछ भी बल शेष न रहा था। ये मुहम्मद बिन बख्तियार की अफगान सेनाओं के सम्मुख सर्वथा असहाय थे। इन्होंने उनका कोई भी मुकाबला

छब्बीसवाँ अध्याय

ज्ञान और संस्कृति का केंद्र मगध

(१) नालंदा महाविहार

गुप्त साम्राज्य के ह्रास के समय में और पाल राजाओं के शासनकाल में मगध भारत की प्रमुख राजनीतिक शक्ति न रह गई थी। सातवीं सदी से पाटलीपुत्र का स्थान कन्नौज ने ले लिया था। इस युग में पाटलीपुत्र के महाराजाधिराजाओं की अपेक्षा कन्नौज के सम्राट् अधिक शक्तिशाली थे। पर ज्ञान और संस्कृति की दृष्टि से अब भी मगध भारत का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र था, और यहां के नालंदा, विक्रमशिला और उद्दण्डपुरी में स्थित महाविहारों में न केवल भारत अपितु दूर-दूर के विदेशों से विद्यार्थी लोग विद्याग्रहण के लिये आया करते थे। मगध के विद्वान् पण्डित इस काल में चीन, तिब्बत, जावा, सुमात्रा आदि सब जगह गये और अपने ज्ञानरूपी दीपक से उन्होंने सब स्थानों के अविद्यांधकार को दूर किया। राजनीतिक शक्ति के क्षीण हो जाने पर भी इन सदियों में मगध सब देशों के आकर्षण का केंद्र रहा। हम यहाँ इन महाविहारों के इतिहास पर संक्षेप से प्रकाश डालेंगे।

पटना जिले के विहारशरीफ नामक नगर से आठ मील की दूरी पर बिहार-बख्तियारपुर रेलवे के बड़गाँव नामक स्टेशन से एक मील दूर, प्राचीन नालंदा महाविहार के खंडहर अब तक विद्यमान हैं। नालन्दा का इतिहास बहुत पुराना है। महात्मा बुद्ध अपने धर्मचक्र का प्रवर्तन करते हुए

रत में आया था, तब तक यह विहार नहीं बना था। कुमार-
प्त के बाद बुधगुप्त आदि विविध गुप्त सम्राटों ने अन्य अनेक
विहार वहाँ बनवाये। इनके प्रयत्नों का यह परिणाम हुआ
कि जब ह्युएनत्सांग नालंदा गया, तो वहाँ उसने एक समृद्ध
और उन्नत शिक्षाकेंद्र को देखा, जिसमें हजारों शिक्षक और
विद्यार्थी विद्यमान थे।

नालंदा के महाविहार में न केवल भारत अपितु सुदूर
चीन, मंगोलिया, खोतान आदि से भी बहुत से विद्यार्थी
अध्ययन के लिये आते थे। इन विदेशियों के साथ बड़ी शिष्टता
तथा सहानुभूति का व्यवहार किया जाता था। राजाओं तथा
अन्य संपन्न व्यक्तियों की तरफ़ से महाविहार को प्रभूत
संपत्ति मिली हुई थी। चीनी यात्री का कथन है, कि "देश के
राजा श्रमणों का आदर सम्मान करते हैं। उन्होंने १०० गाँवों
की मालगुजारी विहार को दान की हुई है। इन गाँवों के दो सौ
गृहस्थ प्रति दिन कई सौ पिकल (१ पिकल=६६३ सेर) चावल
और कई सौ कट्टी (१ कट्टी =८ सेर) घी और मक्खन विहार
को दिया करते हैं। अतः यहाँ के विद्यार्थियों को सब
वस्तुएँ इतनी प्रचुर मात्रा में मिलती हैं, कि उन्हें सब आवश्यक
वस्तुओं को माँगने के लिये कहीं जाना नहीं पड़ता, उनके

इस स्थान पर भी आये थे, और सारिपुत्र से उनकी भेंट हुई थी। बौद्ध अनुश्रुति के अनुसार सम्राट् अशोक ने इस स्थान पर एक विशाल चैत्य का निर्माण कराया था। बुद्ध के अन्यतम प्रमुख शिष्य सारिपुत्र ने यहीं पर निर्वाण पद पाया था। इसी उपलक्ष में अशोक ने यहाँ बहुत सा दानपुण्य किया था। संभवतः, मौर्यकाल में भी यहाँ एक विहार था, जिसमें बहुत से स्थविर व भिक्षु निवास करते थे। पर पाँचवीं सदी के शुरू में जब चीनी यात्री फाइयान भारत-भ्रमण के लिये आया, तो वह नालंदा नहीं गया। उसने मगध के अन्य अनेक धर्म-स्थानों के दर्शन किये, पाटलीपुत्र में कई वर्ष रहकर उसने बौद्ध ग्रंथों का अनुशीलन किया, पर नालंदा के विहार की उसके समय में इतनी प्रसिद्धि नहीं थी कि वह वहाँ जाता और कुछ समय वहाँ भी व्यतीत करता।

पर सातवीं सदी में जब ह्यूएनत्सांग भारत आया, तो नालंदा का महाविहार बहुत प्रसिद्ध हो चुका था। वहाँ हजारों स्थविर और भिक्षु निवास करते थे। दूर-दूर से विद्यार्थी वहाँ विद्या पढ़ने के लिये आते थे। ह्यूएनत्सांग स्वयं वहाँ देर तक रहा, और विविध धर्मग्रंथों के अनुशीलन में व्यापृत रहा। नालंदा की उन्नति फाइयान के बाद गुप्तों के शासनकाल में विशेष रूप से हुई। गुप्त सम्राटों के संरक्षण और सहायता से वह भारत भर के प्रसिद्ध शिक्षाकेंद्र बन गया।

ह्यूएनत्सांग के अनुसार नालंदा में छः बड़े-बड़े विहार थे,

क परीक्षा को उत्तीर्ण करना पड़ता था। इसे द्वारपरीक्षा कहते
, और यह एक पृथक् शिक्षाविद् के अधीन थी, जिसे 'द्वार-
डित' कहते थे। इस परीक्षा को सुगमता से उत्तीर्ण नहीं किया
ा सकता था। दस में से दो या तीन ही इसमें सफल होते
। नालंदा में शिक्षा का मान इतना अच्छा था, कि वे ही
हाँ विद्यार्थी रूप में प्रविष्ट किये जाते थे, जो द्वार पंडित के
कठिन-कठिन प्रश्नों का सतोषजनक उत्तर दे सकें। प्रत्येक
विहार का पृथक्-पृथक् द्वारपंडित होता था। नालंदा की
आधुनिक खुदाई में मुख्य द्वार के दोनों ओर के गृहों को द्वार
पंडित का निवासस्थान माना जाता है।

६३५ ई० में जब ह्युएनत्सांग नालंदा पहुँचा, तो शीलभद्र
महाविहार के प्रधान स्थविर या अध्यक्ष थे। वे सब सूत्रों,
शास्त्रों व संग्रहों के प्रकांड पंडित थे। उनसे पहले इस पद पर
शीलभद्र के गुरु धर्मपाल विराजमान थे। शीलभद्र समतट
के एक प्राचीन राजकुल में उत्पन्न हुए थे। भोग-विलास और
समृद्धि की उनके घर में कोई कमी न थी। बचपन से ही उन्हें
विद्या और संगीत से बड़ा प्रेम था। वे किसी सच्चे गुरु की
तलाश में अपना घर छोड़ कर निकल पड़े, और अनेक स्थानों
पर घूमते हुए नालंदा पहुँचे। यहाँ आकर उन्हें धर्मपाल के
दर्शन हुए। जिस गुरु की खोज में वे देर से भटकते रहे थे,
वे अब उन्हें मिल गये। शीलभद्र ने धर्मपाल से प्रव्रज्या ली और
विधिपूर्वक शिक्षा ग्रहण करनेका कार्य प्रारंभ कर दिया। अपूर्व
प्रतिभा के कारण उन्होंने इतनी अधिक उन्नति की, कि तीस साल
की आयु में ही वे धर्मपाल के शिष्यों में सब से अधिक प्रसिद्ध
हो गये। बौद्ध दर्शन के ज्ञान में उनका अन्य कोई मुकाबला
नहीं कर सकता था। राजा (संभवतः उस समय के मगध
सम्राट्) की इच्छा थी, की उन्हें सम्मानित करने के लिये एक

क परीक्षा को उत्तीर्ण करना पड़ता था। इसे द्वारपरीक्षा कहते , और यह एक पृथक् शिक्षाविद् के अधीन थी, जिसे 'द्वार-डित' कहते थे। इस परीक्षा को सुगमता से उत्तीर्ण नहीं किया जा सकता था। दस में से दो या तीन ही इसमें सफल होते । नालंदा में शिक्षा का मान इतना अच्छा था, कि वे ही वहाँ विद्यार्थी रूप में प्रविष्ट किये जाते थे, जो द्वार पंडित के कठिन-कठिन प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दे सकें। प्रत्येक [illegible] नालंदा की [illegible] को द्वार [illegible]

६३५ ई० में जब ह्युएनत्सांग नालंदा पहुँचा, तो शीलभद्र महाविहार के प्रधान स्थविर या अध्यक्ष थे। वे सब सूत्रों, शास्त्रों व संग्रहों के प्रकांड पंडित थे। उनसे पहले इस पद पर शीलभद्र के गुरु धर्मपाल विराजमान थे। शीलभद्र समतट के एक प्राचीन राजकुल में उत्पन्न हुए थे। भोग-विलास और समृद्धि की उनके घर में कोई कमी न थी। बचपन से ही उन्हें विद्या और संगीत से बड़ा प्रेम था। वे किसी सच्चे गुरु की तलाश में अपना घर छोड़ कर निकल पड़े, और अनेक स्थानों पर घूमते हुए नालंदा पहुँचे। यहाँ आकर उन्हें धर्मपाल के दर्शन हुए। जिस गुरु की खोज में वे देर से भटकते रहे थे, वे अब उन्हें मिल गये। शीलभद्र ने धर्मपाल से प्रव्रज्या ली और विधिपूर्वक शिक्षा ग्रहण करनेका कार्य प्रारंभ कर दिया। अपूर्व प्रतिभा के कारण उन्होंने इतनी अधिक उन्नति की, कि तीस साल की आयु में ही वे धर्मपाल के शिष्यों में सब से अधिक प्रसिद्ध हो गये। बौद्ध दर्शन के ज्ञान में उनका अन्य कोई मुकाबला नहीं कर सकता था। राजा (संभवतः उस समय के मगध सम्राट) [illegible] ने उन्हें सम्मानित करने के लिये एक

नगर जागीर के रूप में प्रदान करें, पर उन जैसे भिक्षु पंडित
किसी जागीर आदि की आवश्यकता नहीं थी। जब राजा
उन पर बहुत ज़ोर दिया, तो उन्होंने जागीर लेना तो स्वी
कर लिया, पर उसकी संपूर्ण आमदनी को नालंदा में एक मठ
खर्च चलाने के लिये लगा दिया। इस मठ को उन्होंने
बनवाया था, और इसमें भी बहुत से विद्यार्थी शिक्षा
करते थे। आचार्य शीलभद्र ने अनेक ग्रंथों की रचना
विशेषतया, योगाचार संप्रदाय के सूक्ष्म तत्त्वों को समझने
लिये उन्होंने अनेक भाष्य लिखे। वे नालंदा महाविहार
कुलपति थे, और चीनी विद्वान ह्यु एनत्सांग ने उन्हीं के चर
में बैठ कर बौद्ध धर्म के गूढ़ तत्त्वों का अनुशीलन किया
ह्यु एनत्सांग ने शीलभद्र को 'सत्य एवं धर्म का भंडार' लि
है। ह्यु एनत्सांग के समय में, नालंदा के अन्य प्रसिद्ध आचार्य
में धर्मपाल, गुणमति, स्थिरमति, प्रभामित्र, जिनमित्र और ज्ञा
चंद्र के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इनमें से आचा
धर्मपाल बौद्ध धर्म के प्रकांड पंडित थे। धर्म के अनुष्ठानों
कोई उनकी समता नहीं कर सकता था। गुणमति और स्थिर
मति का यश उनकी विद्वत्ता के लिये सर्वत्र विस्तृत था। प्रभ
मित्र प्रसिद्ध तार्किक थे। जिनमित्र बड़े अच्छे वक्ता थे और ज्ञान
चंद्र बड़े प्रत्युत्पन्नमति तथा अपने चरित्र के लिये प्रसिद्ध थे
इन्हीं सब विद्वानों की कीर्ति से आकृष्ट होकर विद्यार्थी लो
दूर-दूर से नालंदा पहुँचते थे।

ह्यु एनत्सांग के कुछ समय बाद इत्सिंग नाम का एक अन्य
चीनी यात्री भारत आया। वह नालंदा भी गया और सातवीं
सदी के अंतिम भाग में कई साल तक नालंदा में रहा। उसने
(विद्वानों का उल्लेख किया है,
दा के कार्य में तत्पर थे। इस

पाटलीपुत्र के अवशेष

ने यात्री के अनुसार नालंदा में शिक्षा प्राप्त करने से पूर्व
क विद्यार्थी के लिये यह आवश्यक था कि वह व्याकरण
भलीभांति जानता हो। व्याकरण के विविध अंगों को भली-
ति पढ़ कर हेतुविद्या (तर्क या न्याय) अभिधर्म कोष (अध्या-
शास्त्र) और जातकों का अध्ययन करना होता था। इनको
ाई करने के बाद, द्वार-पंडित की परीक्षा उत्तीर्ण करके ही
ई विद्यार्थी नालंदा में प्रविष्ट हो सकता था।

[illegible]

धर्म व अन्य विद्याओं के हजारों ग्रंथ संगृहीत थे। विदेशी
मुस्लिम आक्रमणों द्वारा नालंदा के इन पुस्तकालयों का भी
ध्वंस हुआ।

जो विद्यार्थी नालंदा में विद्या का अध्ययन कर के जाते थे,
उनका नाम महाविहार के मुख्य द्वार पर श्वेत अक्षरों में अंकित
कर दिया जाता था। नालंदा के पढ़े हुए विद्यार्थी जहाँ राज
सेवा के लिये यत्न करते थे, वहाँ धर्मप्रचार का भी कार्य करते
थे। इत्सिंग ने लिखा है, कि नालंदा मे शिक्षा प्राप्त करने के
बाद बहुत से विद्यार्थी राजा के दरबार में जाकर वहाँ अपनी
योग्यता प्रदर्शित करते थे और राजसेवा मे नियुक्त होने का
प्रयत्न करते थे। कोई आश्चर्य नहीं, यदि गुप्त साम्राज्य के

[illegible]

ह्युएनत्सांग और इत्सिंग के अतिरिक्त अन्य भी अनेक
३९

विदेशी विद्यार्थी नालंदा में पढ़ने के लिये आये। इनमें से कुछ के नाम विशेपरूप से उल्लेखनीय हैं। श्रमण ह्युनचिन (प्रकाश मति) सातवीं सदी में नालंदा आया और तीन वर्ष तक वहाँ रह कर उसने विद्याध्ययन किया। ताय-ही (श्रोदेव) ने नालंदा में महायान संप्रदाय के ग्रंथों का अनुशीलन किया। आर्यवर्मन नाम का एक कोरियन भिक्षु नालंदा पढ़ने के लिये आया था, वहाँ रहते हुए ही उसकी मृत्यु भी हो गई थी। इनके अतिरिक्त चे-हांग, ओंकांग, बुद्धकर्म, ताओ फंग, ह्विन सुन (प्रज्ञावर्मा), ह्विगचाउ (शीलप्रभा), योन हिंग (प्रज्ञदेव) आदि विविध विदेशी विद्यार्थियों के नाम चीनी अनुश्रुति में मिलते हैं, जिन्हों ने नालंदा में रहकर विद्या प्राप्त की थी। भारतीय संस्कृति का उस युग में इतना प्रभाव था, कि इन विदेशी विद्यार्थियों ने अपने नाम भी भारतीय रख लिये थे।

नालंदा का यह विश्वविख्यात महाविहार बारहवीं स[दी] के अंत तक क़ायम रहा। दसवीं सदी से इस की महत्ता क[म] होने लगी थी, क्योंकि इसके पड़ौस में ही विक्रमशिला औ[र] उद्दण्डपुरी के नये महाविहार उन्नतिपथ पर अग्रसर हो र[हे] थे। इन नये महाविहारों को उस समय के राजाओं का संर[क्ष]ण और साहाय्य विशेष रूप से प्राप्त था। अब विद्यार्थी वहाँ अधिक संख्या में आने लग गये थे। नवीं सदी के अंत तक नालंदा भारत का सर्वप्रधान शिक्षाकेंद्र रहा, और उसके बाद भी बारहवीं सदी तक उसकी सत्ता क़ायम रही।

(२) विक्रमशिला

इस महाविहार का संस्थापक पालवंशी सम्राट् धर्मपाल था, जिसका शासन काल ७६६ से ८०६ ई० तक है। धर्मपाल ने अपने राजकोष से यह विशाल महाविहार बनवाया, और

उसमें अध्यापन के लिये १०८ अध्यापक नियुक्त किये। धर्मपाल के उत्तराधिकारी अन्य पाल राजा भी इस महाविहार के संरक्षण तथा सहायता में सदा उत्साहशील रहे। परिणाम यह

शिक्षा का कार्य करने के लिये नियुक्त थे। महाविहार के चारों ओर दुर्ग के समान एक प्राचीर बनी हुई थी। उसमें प्रवेश करने के लिये छः द्वार थे। तारानाथ के वर्णन के अनुसार पूर्वी द्वार का द्वार-पंडित प्रज्ञाकरमति था। पूर्वी द्वार का द्वार-पंडित रत्नाकर शांति, पश्चिमी द्वार का वागीश्वरकीर्ति, उत्तरी द्वार का नरोपंत, प्रथम केंद्रद्वार का रत्नवज्र और द्वितीय केंद्रद्वार का ज्ञानश्रीमित्र था। ये द्वारपंडित विक्रमशिला में छः विहारों के प्रधान थे। इनके अधीन प्रत्येक विहार में १०८ अध्यापक शिक्षा का कार्य करते थे और सैकड़ों विद्यार्थी विद्याध्ययन में तत्पर रहते थे। विक्रमशिला में एक विशाल सभाभवन था, जिसमें ८००० मनुष्य एक साथ बैठ सकते थे। इससे सूचित होता है कि यहाँ भी अध्यापकों और विद्यार्थियों की सम्मिलित संख्या हजारों में पहुँची हुई थी। विद्यार्थियों के भोजन के लिये सत्र खुले हुए थे, जिनमें उन्हें मुफ्त भोजन व अन्य आवश्यक निर्वाहसामग्री प्राप्त होती थी। इन सत्रों का खर्च चलाने के लिये पाल राजाओं ने बहुत उदारता के साथ दान दिया था। राजाओं के अतिरिक्त, अन्य धनी पुरुषों व जागीरदारों की ओर से भी अनेक सत्रों की व्यवस्था थी।

विक्रमशिला की प्राचीर के मुख्य केंद्रद्वार के एक ओर आचार्य नागार्जुन की और दूसरी ओर आचार्य अतिश श्री

प्रतिमा बनी हुई थी। इसी द्वार के बाहर एक धर्मशाला
जिसमें अतिथि लोग विश्राम कर सकते थे।

नालंदा के समान विक्रमशिला में भी बौद्ध धर्म के विभिन्न
संप्रदायों, वेद, दर्शन, हेतुविद्या, विज्ञान आदि सब विषयों
शिक्षा दी जाती थी। पर इस महाविहार में विशेष रूप से
विद्या की पढ़ाई का प्रबंध था। तांत्रिक प्रक्रियायें और तंत्र
इस काल के बौद्ध धर्म के महत्त्वपूर्ण अंग बन गये थे। बा
पौराणिक धर्म में भी तंत्रवाद का प्रवेश हुआ और पूर्वी भ
के धर्म में तांत्रिक प्रक्रियाओं का बड़ा महत्त्व हो गया। विक्रम
शिला में तंत्रवाद की शिक्षा विशेष रूप से दी जाती थी
यहाँ के बहुत से अध्यापक और विद्यार्थी स्वयं तांत्रिक क्रिया
का अनुष्ठान करते थे।

विक्रमशिला में पढ़ाई आदि की क्या व्यवस्था थी,
संबंध में तिब्बती अनुश्रुति से अनेक महत्त्वपूर्ण बातें ज्ञात
हैं। कुछ तिब्बती भिक्षु विक्रमशिला के प्रधान आचार्य
को अपने देश में निमंत्रित करने के लिये इस महाविहार
आये थे। तिब्बत के राजा ने उन्हें इस कार्य के लिये
शिला भेजा था। उन्होंने वहाँ का जो वर्णन किया है, वह
करने के योग्य है—"प्रातः आठ बजे सब भिक्षु एक स्थान
एकत्र हुए। मुझे भी विद्यार्थियों के बीच में बैठने के लिये
दे दिया गया। सबसे पहले माननीय विद्याकोकिल ने
किया। उनकी आकृति अत्यंत गंभीर और तेजस्वी थी
सुमेरुपर्वत के समान विशाल और ऊंचे थे। अपने पास
हुए विद्यार्थियों से मैंने पूछा—"क्या ये ही आचार्य अतिश हैं
उन्होंने उत्तर दिया—"हे तिब्बती आयुष्मान्! ये आचार्य
विद्याकोकिल हैं, जो आचार्य चंद्रकीर्ति के संप्रदाय की
परंपरा में हैं। ये अतिश के भी [illegible] चुके हैं।

ए राजा के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने
ा बड़ा भिक्षु अपने आसन से उठकर
खड़ा नहीं हुआ। कुछ देर बाद एक अन्य पंडित ने सभाभवन में प्रवेश किया। उसके आने पर अनेक युवा भिक्षु व विद्यार्थी अपने आसनों से उठ खड़े हुए और उन्होंने इस पंडित की अभ्यर्थना की। उसके सम्मान में राजा भी अपने आसन से उठ खड़ा हुआ। राजा के खड़े होने पर अन्य अनेक पंडित भी इस विद्वान् के सम्मानार्थ खड़े हो गये। मैंने समझा कि जिस व्यक्ति के लिये इतना सम्मान प्रदर्शित किया जा रहा है, वह अवश्य ही अतिश होगा। मैंने पड़ोस में बैठे हुए विद्यार्थियों से उसके विषय में प्रश्न किया। उन्होंने मुझे बताया कि इस आचार्य का नाम वीरवज्र है। मैंने जब उसके पांडित्य के संबंध में पूछा, तो उन्होंने कहा, वे इस विषय में कुछ नहीं जानते। जब सभाभवन में सब आसन भर गये, तब माननीयों के भी माननीय भगवान् अतिश ने प्रवेश किया। उसके दर्शन से आँखें तृप्त नहीं होती थीं। सब एकत्रित लोग उसके तेजस्वी मुखमंडल और मुसकान भरे चेहरे को देखकर आश्चर्यचकित रह गये। उसकी बगल में चाबियों का एक गुच्छा लटक रहा था। भारतीय, नैपाली और तिब्बती सब उसकी तरफ एकटक होकर देख रहे थे। सब समझते थे, वह उनके अपने देश का निवासी है। उसके मुख पर ऐसी तेजस्विता

काश्मीर निवासी रत्नवज्र, आचार्य जेतारि, रत्नकीर्ति, ज्ञानश्री-मित्र आदि अपनी विद्वत्ता के कारण बहुत प्रसिद्ध हुए। जब तिब्बत के राजा के निमंत्रण को स्वीकार कर आचार्य अतिश तिब्बत चला गया, तो उसके स्थान पर ज्ञानश्री मित्र विक्रम-शिला का प्रधान आचार्य नियत किया गया। इससे पूर्व वह अन्यतम द्वारपंडित था।

यह प्रसिद्ध राजकीय महाविहार ठीक-ठीक किस जगह पर विद्यमान था, इसका सन्तोषजनक निश्चय अभी तक नहीं हो सका। विद्वानों में इस विषय पर बहुत मतभेद हैं। यह मगध में गंगा के तट पर कहीं विद्यमान था। नालंदा के समान जब इसकी स्थिति का भी ठीक निश्चय हो जायगा, तो खुदाई द्वारा इसके भी अनेक अवशेष अवश्य प्राप्त होंगे। अफगानों के आक्रमण से यह भी सदा के लिये नष्ट हो गया। पर बारहवीं सदी के अंत तक यह अपने पूर्ण वैभव के साथ क़ायम रहा था।

(३) उद्दण्डपुर का महाविहार

बिहार प्रांत के पटना जिले में बिहारशरीफ नाम का एक नगर है, जहाँ बारहवीं सदी के अंत तक एक महाविहार विद्यमान था। इस नगर का पुराना नाम उद्दण्डपुर या उदांत पुरी था। अरब लेखकों ने इसे अदवद के नाम से लिखा है। नालंदा की कीर्ति के कम होने पर जब उत्तर में गंगा के तट पर विक्रमशिला महाविहार का वैभव बढ़ रहा था, तब नालंदा के पड़ोस में ही केवल आठ मील की दूरी पर इस नये शिक्षाकेंद्र का विकास हो रहा था। इस महाविहार का इतिहास अभी तक बिलकुल अंधकार में है। संभवतः इसके विकास में किसी शक्तिशाली राजा का हाथ नहीं था, इसलिये इसका

और सरलता का भाव था, कि देखनेवालों पर जादू सा हो जाता था।

यही महा ओजस्वी आचार्य अतिश विक्रमशिला महाविहार का प्रधान आचार्य था। उसका जन्म ६८० ईस्वी में गौड़ देश के विक्रमपुर नगर में हुआ था। इनके पिता का नाम कल्याणश्री और माता का नाम प्रभावती था। इनके पिता बहुत धनी और समृद्ध थे। पर अतिश ने घर के सब सुखों को लात मार कर त्याग के जीवन का आश्रय लिया। इनकी प्रारंभिक शिक्षा उदण्डपुर के महाविहार में हुई। वहाँ शीलरक्षित नाम के स्थविर से उन्होंने प्रव्रज्या ग्रहण की, और उनका नाम दीपंकर श्रीज्ञान रखा गया। उद्दंडपुर में शिक्षा समाप्त कर ये सुमात्रा गये और वहाँ चंद्रकीर्ति तथा सुधर्मनागर नाम के प्रसिद्ध आचार्यों से शिक्षा ग्रहण की। सुमात्रा में बारह वर्ष रह कर लंका होते हुए ये फिर भारत लौट आये। इस समय तक इनकी विद्वत्ता और ज्ञान की चर्चा सर्वत्र फैल चुकी थी। मगध का राजा उस समय पालवंशी नयपाल था। उसने दीपंकर श्रीज्ञान अतिश को विक्रमशिला के प्रधान आचार्य के पद पर नियत किया। बाद में तिब्बत के राजा के निमंत्रण को स्वीकार कर अतिश उस देश में चले गये, और वहाँ उन्होंने बौद्ध धर्म के प्रचार व संगठन के लिये बहुत महत्त्वपूर्ण कार्य किया।

[illegible] विद्यार्थी स्नातक [illegible] की उपाधि दी [illegible] देश में आदर [illegible] दृष्टि से देखा जाता था। नालंदा के स्नातकों के समान [illegible] भी उच्च राजकीय पदों पर नियत होते थे, और समाज में [illegible] ऊँचा स्थान माना जाता था। यहाँ के पंडितों में

कश्मीर निवासी रत्नवज्र, आचार्य जेतारि, रत्नकीर्ति, ज्ञानश्री-मित्र आदि अपनी विद्वत्ता के कारण बहुत प्रसिद्ध हुए। जब तिब्बत के राजा के निमंत्रण को स्वीकार कर आचार्य अतिश तिब्बत चला गया, तो उसके स्थान पर ज्ञानश्री मित्र विक्रमशिला का प्रधान आचार्य नियत किया गया। इससे पूर्व वह अन्यतम द्वारपंडित था।

यह प्रसिद्ध राजकीय महाविहार ठीक-ठीक किस जगह पर विद्यमान था, इसका सन्तोषजनक निश्चय अभी तक नहीं हो सका। विद्वानों में इस विषय पर बहुत मतभेद हैं। यह मगध में गंगा के तट पर कहीं विद्यमान था। नालंदा के समान जब इसकी स्थिति का भी ठीक निश्चय हो जायगा, तो खुदाई द्वारा इसके भी अनेक अवशेष अवश्य प्राप्त होंगे। अफ़गानों के आक्रमण से यह भी सदा के लिये नष्ट हो गया। पर बारहवीं सदी के अंत तक यह अपने पूर्ण वैभव के साथ क़ायम रहा था।

(३) उद्दण्डपुर का महाविहार

विहार प्रांत के पटना जिले में विहारशरीफ़ नाम का एक नगर है, जहाँ बारहवीं सदी के अंत तक एक महाविहार विद्यमान था। इस नगर का पुराना नाम उद्दण्डपुर या उदांत पुरी था। अरब लेखकों ने इसे अदवद के नाम से लिखा है। नालंदा की कीर्ति के कम होने पर जब उत्तर में गंगा के तट पर विक्रमशिला महाविहार का वैभव बढ़ रहा था, तब नालंदा के पड़ोस में ही केवल आठ मील की दूरी पर इस नये शिक्षाकेंद्र का विकास हो रहा था। इस महाविहार का इतिहास अभी तक बिलकुल अंधकार में है। संभवतः इसके विकास में किसी शक्तिशाली राजा का हाथ नहीं था, इसलिये इसका

प्राचीन किसी राजा या सामंत की प्रशस्ति में नहीं मिलता। संभवतः यह भिक्षुओं और विद्वानों के अपने प्रयास का परिणाम था। पर इसमें कोई संदेह नहीं, कि जब बारहवीं सदी के अंत में अफगानों ने मगध पर आक्रमण किया, तब उद्दण्डपुर का यह महाविहार विक्रमशिला और नालंदा, दोनों की अपेक्षा अधिक उन्नत और समृद्ध दशा में था। ऐसा प्रतीत होता है, कि पालवंशी राजाओं की शक्ति की शिथिली हो जाने पर विक्रमशिला को पर्याप्त सहायता नहीं प्राप्त हो पाती थी। नालंदा का ह्रास पहले ही शुरू हो चुका था। बारहवीं सदी के गहरवारवंशी राजा शैव धर्म के अनुयायी थे। इस उद्दण्डपुर का यह महाविहार बौद्ध पंडितों की अपनी कृति था, और अपने विद्याबल से ही उन्होंने इसे ज्ञान और शिक्षा का एक महान् केंद्र बनाया हुआ था। नालंदा का पुराना गौरव अब उद्दण्डपुर में केंद्रित हो गया था। पाल राजाओं के शासनकाल में वहाँ एक समृद्ध नगर का भी विकास हो गया था, और मगध के ये राजा पाटलीपुत्र की बजाय प्रधानतया वहाँ रहने लगे थे।

जब मुहम्मद बिन बख्तियार ने काशी से आगे बढ़ मगध पर हमले किये, तो उद्दण्डपुर के भिक्षुओं ने ही उसका सामना किया। अंतिम दम तक वे अफगान आक्रांताओं से युद्ध करते रहे, जब वे सब के सब मारे गये, तो दुर्ग के समान विशाल और प्राचीर से घिरे हुए महाविहार पर अफगानों का कब्जा हो गया और उन्होंने वहाँ के विशाल पुस्तकालय को अग्नि के अर्पण कर दिया। यही गति नालंदा और विक्रमशिला के महाविहारों की भी हुई। उस समय संसार में छापेखानों का आविष्कार नहीं हुआ था। पुस्तकों की हाथ से नकल की जाती

अच्छे-अच्छे ग्रंथों की प्रतिलिपि कराके उनका संग्रह किया जाय। यद्यपि विद्वानों और पंडितों के पास अपने-अपने ग्रंथ भी रहते थे, पर उनका प्रधान संग्रह पुस्तकालयों में ही रहता था। मुसलिम आक्रांताओं के कोप से जब नालंदा, विक्रमशिला और उद्दण्डपुर के विशाल संग्रहालयों को आग लगा दी गई, तो प्राचीन भारतीय धर्म, विद्या और विज्ञान के इन अक्षय भंडारों का सर्वनाश हो गया। इस समय में बहुत से पंडित लोग मगध से भाग कर उत्तर में नैपाल और तिब्बत की ओर चले गये, और बहुतों ने सुदूर दक्षिण में जाकर आश्रय लिया, जहाँ अभी तक मुसलमानों के आक्रमणों का कोई भय नहीं था। यही कारण है, कि इस समय में संस्कृत के बहुत से प्राचीन ग्रंथ नैपाल, तिब्बत, चीन और सुदूर दक्षिण में तो मिलते हैं, पर उत्तरी भारत में उनका सर्वथा लोप हो चुका है।

इस युग के तातार आक्रांताओं का यही ढंग था, वे जहाँ भी हमले करते, खून की नदियाँ बहा देते थे, और धन वैभव को लूट कर नगरों व धर्मस्थानों को खाक में मिला देते थे। इसी समय के लगभग बौद्ध धर्म के अनुयायी तातार सेनापति हलकू खाँ ने बग़दाद पर आक्रमण किया। बग़दाद उस समय सभ्य अरबों के वैभव और विद्या का सबसे बड़ा केंद्र था। हलकू खाँ ने जहाँ बग़दाद के धन और ऐश्वर्य को लूटा, वहाँ उस नगर के प्राचीन पुस्तकालय को भी अग्निदेव के अर्पण कर दिया। सभ्य अरबों के साथ जो व्यवहार बौद्ध तातारों ने किया, वही सभ्य बौद्धों के साथ तातार अफ़गानों व तुर्कों ने किया।

(४) बौद्ध धर्म का विदेशों में प्रसार

गुप्तकाल के समृद्धि युग में विदेशों में भारतीय धर्मों का

किस प्रकार प्रचार हो रहा था, और भारतीय बौद्ध गुरु
तथा सुदूर पूर्व-एशिया में किस प्रकार विविध उपनिवेशो
स्थापना कर रहे थे, इसका वर्णन हम पहले कर चुके हैं।
की शक्ति क्षीण होने पर और मगध की राजनैतिक प्रभुता
नष्ट हो जाने के बाद भी यह सिलसिला जारी रहा और इ
नेतृत्व मगध के महाविहारों के ही हाथ में रहा। इस प्र
का संक्षेप के साथ वर्णन करना बहुत आवश्यक है, क्यों
सातवीं सदी से बारहवीं सदी तक के लगभग ५०० वर्षों
मगध इतिहास की यही सबसे महत्वपूर्ण घटना है।

कुमारजीव और गुणवर्मन ने गुप्त सम्राटों के शासनका
में चीन में बौद्ध धर्म के प्रसार के लिये जो यत्न कि
उनका निर्देश पहले किया जा चुका है। गुणवर्मन के कु
समय पीछे ४३५ ई० में आचार्य गुणभद्र मध्यदेश से च
गये। संस्कृत की पुस्तकों को चीनी भाषा में अनूदित करने
लिये उन्होंने बड़ा प्रयास किया। कुल मिलाकर ७८ बौद्ध ग्र
का चीनी भाषा में अनुवाद किया गया, जिनमें से अब केवल २
ही प्राप्त होते हैं। ७५ वर्ष की आयु में ४६८ ई० में चीन में
इनकी मृत्यु हुई। गुणभद्र के बाद ४८१ ई० में धर्मजात य
और छठवीं सदी में धर्मरुचि, रत्नमति, बोधिरुचि और गौतम
प्रज्ञारुचि नाम के विद्वान् भारत के मध्यदेश से चीन गये, और
बौद्ध ग्रंथों का चीनी भाषा में अनुवाद करने तथा धर्म के
प्रचार में व्यापृत रहे। चीन के लोग मगध तथा उसके समीप
के प्रदेशों को ही मध्यदेश कहते थे, और वहाँ नालंदा और
काशी उस समय विद्वानों के सबसे बड़े केंद्र थे। ये सब पंडित
इन्हीं नगरों के महाविहारों से संबंध रखते थे। भारतीय पंडितों
के निरंतर चीन में जाने का यह परिणाम हुआ, कि उस देश
के विहारों में हजारों की संख्या में भारतीय भिक्षु निवास करने

भारतीय पंडितों के प्रयत्नों का यह परिणाम हुआ, कि बौद्धधर्म की दृष्टि से छठवीं सदी चीन के इतिहास में सुवर्णयुग मानी जाती है। वहाँ का सम्राट् वू-ती बौद्ध धर्म का कट्टर अनुयायी था। अपने जीवन के अंतिम भाग में भारतीय आदर्श के अनुसार उसने राज्य का परित्याग कर भिक्षुओं के काषाय वस्त्र धारण कर लिये थे। ५३९ ई० में वू-ती की प्रेरणा से एक चीनी मंडल भारत इस उद्देश्य से आया, कि यहाँ से अन्य बौद्ध ग्रंथों को अपने देश में ले जाय। यह मंडल चीन को वापस लौटते हुए परमार्थ नाम के एक प्रसिद्ध विद्वान् को भी अपने साथ ले गया, और इसी के प्रयत्न से चीन में बौद्ध धर्म के योगाचार संप्रदाय का प्रवेश हुआ। भिक्षु परमार्थ ने असंग और वसुबंधु के ग्रंथों का भी चीनी भाषा में अनुवाद किया। छटवीं सदी के अन्य भारतीय पंडितों में, जो चीन गये, जिनगुप्त, ज्ञान-[illegible]

[illegible]

एक संघ की स्थापना की। इस संघ में बहुत से भारतीय और चीनी पंडित शामिल हुए। इस संघ ने अपने उद्देश्य में अपूर्व सफलता प्राप्त की, और सैकड़ों संस्कृत पुस्तकों का अनुवाद चीनी भाषा में किया।

सातवीं सदी के मध्यभाग में प्रसिद्ध चीनी भिक्षु ह्यु-एन-त्सांग भारत आया, वह अपने देश को लौटते समय ६५७ बौद्ध ग्रंथों को अपने साथ ले गया। चीन में रहने वाले भारतीय पंडित जो कार्य कर रहे थे, उसमें इन ग्रंथों से बहुत सहायता मिली। भारत के बौद्ध धर्म में उस समय बहुत जीवनीशक्ति

थी, इसीलिये नये-नये आचार्य दर्शन, धर्म आदि पर नये-नये ग्रंथों की रचनायें करते रहते थे। चीन के बौद्ध पंडित किसी नये बौद्ध दर्शन के विकास में प्रयत्नशील नहीं थे, वे अपने धर्मगुरु भारत के विविध आचार्यों द्वारा लिखे ग्रंथों को अपनी भाषा में पढ़कर ही धर्म व तत्त्वज्ञान की पिपासा को शान्त कर लेते थे। आठवीं सदी के प्रारंभ में आचार्य अमोघवज्र चीन गया। वह तंत्रशास्त्र का बड़ा पंडित था। मगध के बौद्ध महाविहारों में इस समय तांत्रिक धर्म का जोर था। अमोघव ४१तंत्रग्रंथों का चीनी भाषा में अनुवाद किया। चीन के राज उसमें अपार श्रद्धा थी। उसने उसे 'राज्यकर्णधार' और 'ि ट्रक भदंत' की उपाधियों से विभूषित किया था। अमोघ और उसके अन्य साथियों से ही चीन में तांत्रिक धर्म का प्र हुआ। ६७१ ई० में मञ्जुश्री और फिर ६७३ ई० में धर्मदेव के आचार्य चीन गये। ये नालंदा के निवासी थे। धर्मदेव ४६ ग्रंथों का चीनी भाषा में अनुवाद किया। १००४ ईसवी धर्मरक्ष अनेक पंडितों के साथ चीन गया। वह भी मगध निवासी था। ६६ वर्ष की आयु में १०५३ ई० में चीन में उसकी मृत्यु हुई। इसके बाद सन् १०५३ में ज्ञानश्री नाम आचार्य ने मगध से चीन के लिये प्रस्थान किया। संभवत यह अंतिम आचार्य था, जो भारत से चीन में धर्मप्रचार लिये गया था। ग्यारहवीं सदी के बाद चीनी अनुश्रुति में किस ऐसे भारतीय पंडित का उल्लेख नहीं मिलता, जो चीन जाक बौद्ध धर्म के प्रचार में व्यापृत रहा हो। तुर्कों के जो आक्रमण ग्यारहवीं सदी के शुरू में भारत पर प्रारंभ हो गये थे, उन्होंने इस देश की व्यवस्था और शांति पर कठोर कुठाराघात किया था। इन नये प्रकार के म्लेच्छों व 'यवनों' के आक्रमणों से ... शक्ति निर्बल पड़ने लग गई थी और ...

के महाविहार भी देर तक अपनी सत्ता को कायम रखने में असमर्थ रहे थे। इसमें संदेह नहीं, कि मगध और भारत के अन्य प्रदेशों के पंडितों ने चीन जाकर वहाँ भारतीय धर्म, भाषा, सभ्यता, कला और संस्कृति के प्रचार के लिये जो अनुपम कार्य किया, वह भारत के इतिहास के लिय अत्यंत गौरव की वस्तु है।

तिब्बत में बौद्ध धर्म का प्रवेश चौथी सदी में शुरू हुआ था। मौर्य राजा अशोक के समय में जो बौद्ध प्रचारक हिमवत प्रदेश में धर्मप्रचार के लिये गये थे, संभवतः उन्हीं की शिष्य परंपरा ने बाद में तिब्बत में भी कार्य किया। पर इन आचार्यों के नाम इस समय तक ज्ञात नहीं हुए हैं। तिब्बत में बौद्ध धर्म का प्रचार विशेष रूप से सातवीं सदी में हुआ। उस समय तिब्बत में स्रोङ् सेन् गम् नाम का प्रतापी राजा राज्य करता था। इसके दो विवाह हुए, एक चीन के किसी राजा की कुमारी से और दूसरा नेपाल के राजा अशुवर्मन की कन्या भृकुटीदेवी से। ये दोनों कुमारियाँ बौद्ध धर्म को मानने वाली थीं। इनके प्रभाव से राजा ने भी बौद्ध धर्म को अपनाया। इसी के वंश में आगे चल कर ति-स्रोङ्-दे-सेन तिब्बत का राजा हुआ। इसका एक अमात्य चीन देश का रहने वाला और कट्टर बौद्ध था। उसके प्रभाव से राजा ने शांतरक्षित नाम के भारतीय आचार्य को तिब्बत आने का निमन्त्रण दिया। आचार्य पद्म-संभव के सहयोग से शांतरक्षित ने तिब्बत में बौद्ध धर्म का प्रचार किया। आठवीं सदी में इन भारतीय पंडितों ने तिब्बत में अपना काम किया। ये मगध के निवासी थे। मगध के महाविहारों के अनुकरण में तिब्बत की राजधानी ल्हासा से तीस मील दक्षिण-पूर्व में सम्-ये नामक स्थान पर इन्होंने एक महाविहार का निर्माण कराया। यह बहुत समय तक ति-

दृष्टि से देखते हैं। इन भारतीय विद्वानों ने बौद्ध धर्म के संस्कृत ग्रंथों का तिब्बती भाषा में अनुवाद भी शुरू किया। संस्कृत की पुस्तकों का तिब्बती में अनुवाद करने के लिये जिन-मित्र, शीलेंद्रबोधि, दानशील, प्रज्ञावर्मन, सुरेंद्रबोधि आदि अनेक भारतीय पंडित तिब्बत बुलाये गये, और इनके प्रयत्नों से न केवल संपूर्ण बौद्ध त्रिपिटक, अपितु अन्य भी बहुत से ग्रंथों का तिब्बती भाषा में अनुवाद किया गया। नवीं सदी में यह प्रक्रिया निरंतर जारी रही, और अन्य भी अनेक भारतीय पंडित तिब्बत गये। तिब्बत में अनेक लोग ऐसे भी थे, जो बौद्ध धर्म के द्वेषी थे, और भारतीय आचार्यों के प्रभुत्व को पसंद नहीं करते थे। इनके विरोध के कारण दसवीं सदी में भारतीय पंडितों का तिब्बत जाना कुछ समय के लिये रुक गया। पर ग्यारहवीं सदी में फिर स्मृति, धर्मपाल, सिद्धपाल गुणपाल, प्रज्ञापाल, सुभूति, श्री शांति और दीपंकर श्रीज्ञान अतिश आदि अनेक आचार्य तिब्बत गये। इनमें अतिश के संबंध में अधिक विस्तार से लिखने की आवश्यकता है। वे विक्रमशिला महाविहार के प्रधान कुलपति थे। इनकी कीर्ति को सुनकर तिब्बत के राजा ने एक दूतमंडल इस उद्देश्य से भेजा था, कि अतिश को तिब्बत में निमंत्रित करे। सत्तर वर्ष के वृद्ध होने पर भी आचार्य अतिश तिब्बत गये और वहाँ जाकर उन्होंने बौद्ध धर्म को पुनः संगठित किया। अतिश बहुत बड़े विद्वान थे, उन्होंने २०० के लगभग ग्रंथ लिखे, जिनमें कुछ पुराने संस्कृत ग्रंथों के तिब्बती अनुवाद भी थे। उनकी मृत्यु तिब्बत में ही हुई। ल्हासा से बीस मील की दूरी पर क्यु ची नदी के तट पर उनकी समाधि अब तक विद्यमान है, और तिब्बती लोग उसे बड़ी श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं। तिब्बत में बौद्ध धर्म का जो संगठन आचार्य अतिश ने

ाप्रत रहते थे। इसी के समय में विष्णु और शिव की
म्मिलित मूर्ति बनाई गई। भारत में वैष्णव और शैव धर्मों
परस्पर विरोध था। पर सुदूर पूर्व के भारतीय पंडित शिव
ौर विष्णु में समन्वय कर रहे थे। एक चीनी यात्री ने ईशान
र्मा के शासन का वर्णन करते हुए लिखा है—"ईशानवर्मा
ी राजधानी ईशानपुर है। वहाँ बीस हजार घर हैं। नगर के
ध्य में विशाल राजप्रासाद है। यहाँ राजा अपना दरबार
गाता है। राज्य में तीन बड़े नगर हैं। प्रत्येक में एक-एक
ासक रहता है। उच्च राजकर्मचारी पाँच तरह के हैं। ये
ब राजा के सम्मुख उपस्थित होने पर उसके प्रति सम्मान
दर्शित करने के लिये सिंहासन के सम्मुख तीन बार पृथ्वी को
ूते हैं। फिर राजा उन्हें आसन ग्रहण करने को कहता है।
ालाकृति में बैठकर वे राजा के साथ मन्त्रणा करते हैं। सभा
माप्त होने पर वे पुनः घुटने टेकते हुए दरबार से चले जाते
ैं। दरबार के द्वार पर शस्त्रों से सज्जित हजारों सैनिक सदा
न्नद्ध रहते हैं।"

हैं। सौ फीट चौड़े और मील भर लंबे पाँच राजमार्ग द्वारों से नगर के मध्य तक गये हैं। पक्की चिनाई के भिन्न-भिन्न आकृति वाले कई सरोवर अब तक भी इन खंडहरों में विद्यमान हैं। नगर के बीच में शिव का एक विशाल मंदिर है। इसके तीन खंड हैं, प्रत्येक खंड पर एक-एक ऊंची मीनार है। बीच के मीनार की ऊंचाई भग्न दशा में भी १५० फीट के लगभग है। ऊंची मीनार के चारों तरफ बहुत सी छोटी-छोटी मीनारें हैं। इनके चारों ओर एक-एक नरमूर्ति बनी हुई है। ये समाधिस्थ शिव की मूर्तियाँ हैं। इनके मस्तक पर शिव का तृतीय नेत्र भी विद्यमान है। इस विशाल शिवमंदिर में जगह-जगह पर सुंदर चित्रकारी की गई है। मंदिर की दीवारों पर अनेकविध चित्र बने हुए हैं। पौराणिक धर्म के किसी मंदिर का इतने पुराने और विशाल अवशेष भारत में कहीं नहीं मिलते। उपनिवेशों के भारतीय कितने समृद्ध और वैभवशाली थे, इसका यह जीता-जागता उदाहरण है। बारहवीं सदी के पूर्वार्ध में कंबोडिया का राजा सूर्यवर्मा द्वितीय था। इसने एक विशाल विष्णुमंदिर का निर्माण कराया, जो अंककोर वत के रूप में अब भी विद्यमान है। आज कल यह एक बौद्ध विहार है। पर पहले-पहल इसका निर्माण विष्णुमंदिर के रूप में हुआ था। इस की प्रत्येक चीज बहुत बड़े परिमाण की है। इसके चारों ओर एक खाई है, जिस की चौड़ाई ७०० फीट है। इस झील के समान चौड़ी खाई को पार करने के लिये पश्चिम की तरफ एक पुल बना है। पुल पार करने पर एक विशाल द्वार है, जिसकी चौड़ाई १००० फीट से भी अधिक है। इसमें तीन मार्ग पैदल लोगों के लिये और दो रथों व हाथियों के लिये हैं। खाई और द्वार को पार करने के बाद जो मंदिर है, वह भी बहुत विशाल है। [illegible]

सकी दीवारों पर

दुव मे चित्र बने हैं, जिन में पौराणिक गाथाओं को चित्रित किया गया है।

समयांतर में कंबुज में भारतीय पौराणिक धर्म का ह्रास हो गया और उसका स्थान बौद्ध धर्म ने ले लिया। पर इस प्रदेश में प्राप्त संस्कृत के लेख, मूर्तियाँ व मंदिरों के अवशेष उस युग का भली-भांति स्मरण दिलाते हैं, जब कि कंबुज भारत का ही एक उपनिवेश था, और वहाँ के राजा, पंडित व सर्वसाधारण लोग भारतीय जीवन ही व्यतीत करते थे। कम्बुज के समान ही चंपा, मलाया, जावा, सुमात्रा आदि में भी बारहवीं सदी तक भारतीय धर्म, भाषा, सभ्यता आदि का प्रचार रहा। इन सब देशों के राजवंशों का इतिहास बड़े महत्त्व का है। इनमें जो शिलालेख मूर्तियाँ व मंदिरों के अवशेष मिले हैं, वे सब भी भारत के प्राचीन गौरव के परिचायक हैं। इन सब उपनिवेशों का इस काल में भारत के साथ घनिष्ट संबंध कायम था। जावा, सुमात्रा में जिस राजवंश का शासन था, उसे शैलेंद्र कहते थे। इसकी राजधानी श्रीविजय थी, जो अब सुमात्रा में पालेम्बांग कहलाती है। पालवंशी राजा देवपाल के समय में शैलेंद्र वंश का राजा बलपुत्र देववर्मा था। उसने देवपाल से अनुमति लेकर नालंदा में सुवर्णद्वीप के विद्यार्थियों के लिये अपनी तरफ से एक छात्रावास (संघाराम) बनवाया। उनके खर्च के लिये देवपाल ने गया और राजगृह के समीप पाँच ग्राम लगा दिये थे, जिनकी आय से इस छात्रावास में निवास करने वाले विद्यार्थियों का खर्च चलता था। इससे स्पष्ट है, कि सुदूर पूर्व के ये भारतीय उपनिवेश मगध के इन महाविहारों को बड़े आदर की दृष्टि से देखते थे, और अपने देश के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये वहाँ भेजते थे। मगध बृहत्तर भारत के लिये अब भी संस्कृति और ज्ञान का केंद्र बना हुआ था।

। अनेक देवी-देवताओं ने बौद्ध धर्ममें भी प्रवेश करलिया था। द्धों के जो बहुत से संप्रदाय व उपसम्प्रदाय धीरे-धीरे विकसित हो गये थे, उन्होंने पौराणिक धर्म से उनके भेद को बहुत कम कर दया था। तंत्रवाद के प्रवेश से तो शक्ति के उपासक पौराणिक और तांत्रिक बौद्ध एक दूसरे के बहुत समीप आ गये थे। भगवान् के दस अवतारों में पौराणिक लोगों ने बुद्ध को भी शामिल कर लिया था। जिस महाप्रतापी सिद्धार्थ के अनुयायी न केवल भारत में अपितु सुदूर विदेशों में संस्कृत भाषा, भारतीय धर्म और भारतीय संस्कृति के प्रचार में लगे थे, जिसके स्तूपों, चैत्यों और विहारों से सारा सभ्य संसार आच्छादित था, वह भगवान् का साक्षात् अवतार नहीं था, तो क्या था? पौराणिक लोग बुद्ध को मानते थे और बौद्ध लोग भारत के पुराने देवी-देवताओं और दार्शनिक विचारों को स्वीकार करते थे। इस दशा में यदि उनका आपस का भेद बिलकुल कम रह जाय, तो यह उचित ही था।

गुप्त सम्राटों में कुछ वैष्णव, कुछ शैव और कुछ बौद्ध थे। एक ही परिवार में भिन्न-भिन्न व्यक्ति भिन्न-भिन्न धर्मों के अनुयायी हो सकते थे। सम्राट् हर्षवर्धन सूर्य की उपासना करता था, शिव को मानता था और साथ ही बौद्ध स्थविरों में भी श्रद्धा रखता था। पालवंशी राजा बौद्ध थे, पर ब्राह्मण पंडितों को दान देने में और पौराणिक मंदिरों की सहायता करने में संकोच नहीं करते थे। भारत के विविध धर्मों का भेद इस समय केवल उनके नेताओं में ही था। बौद्ध भिक्षु अपने महाविहारों में रहते थे, पौराणिक संन्यासी आश्रमों और मठों में निवास करते थे। विविध धर्मों के इन विविध पंडितों में प्रायः शास्त्रार्थ चलते रहते थे। जिस धर्म के पंडित, ब्राह्मण व सन्यासी अधिक विद्वान् व त्यागी होते, वही जनता पर अपना अधिक

नके केंद्र दक्षिणी भारत में ही थे। वहाँ के संन्यासी बाद में ो सारे भारत में घूमते हुए जनता को धर्म का मार्ग दिखाते हे। यही कारण है, कि पौराणिक धर्म भारत में लुप्त नहीं आ, और बौद्ध धर्म जो पहले ही अपना प्रभाव खोना शुरू र चुका था, बारहवीं सदी के बाद भारत में लुप्तप्राय हो या। बौद्ध धर्म के लोप के साथ मगध का धार्मिक नेतृत्व भी प्त हो गया।

(६) उपसंहार

यहाँ हम मगध की कथा को समाप्त करते हैं। एक हजार ा कुछ अधिक साल तक पाटलीपुत्र भारत की राजनीतिक क्ति का केंद्र रहा। मगध के 'विजिगीषु' सम्राटों ने भारत के विविध जनपदों को जीत कर जिस एकराट् शासन की स्थापना की, वह छठवीं सदी तक क़ायम रहा। मगध की अनार्यतत्त्व-धान 'भृत', श्रेणिय' और 'आटविक' सेनायें अपने विशाल ाम्राज्य पर सफलता के साथ शासन करती रहीं। इस साम्राज्य के शासक राजवंश समय-समय पर बदलते रहे। राजाओं के विरुद्ध कितनी ही क्रांतियाँ हुईं, 'कर्कट समान राजपुत्रों' ने अपने जनकों का ही घात किया, 'भृत्यों' ने अपने स्वामियों के विरुद्ध षड्यंत्र कर स्वयं राजसिंहासन प्राप्त करने के सफल यत्न किये। ब्रात्य क्षत्रिय, शूद्रप्राय कुल, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य-सब प्रकार के राजकुलों ने पाटलीपुत्र के सिंहासन को सुशोभित किया, पर मगध की राजशक्ति में कोई अंतर नहीं आने पाया। यवन, शक, कुशाण, हूण आदि जो भी आक्रांता भारत में आये, मगध की इस शक्ति को स्थिर रूप से नष्ट नहीं कर सके। मागध साम्राज्य की सीमा में समय-समय पर अंतर आता रहा, पर उसकी चट्टान के समान मज़बूत राज-

शक्ति इन सब विघ्न-बाधाओं का सफलता के साथ मुकाबला करती रही।

शस्त्रों द्वारा स्थापित इस विशाल साम्राज्य की अपेक्षा भी मगध का वह धर्मसाम्राज्य अधिक महत्त्वपूर्ण है जिसका उपक्रम अशोक और उपगुप्त द्वारा हुआ था। धर्म द्वारा मगध के भिक्षुओं ने न केवल सारे भारत की विजय की, अपितु सुदूर विदेशों में अपनी भाषा, धर्म, सभ्यता, कला और संस्कृति का साम्राज्य स्थापित किया। जो म्लेच्छ आक्रांता भारत में शस्त्र-विजय के लिये आये, वे भी मगध के इस धर्मसाम्राज्य के अधीन हो गये। मगध की राजनीतिक शक्ति को नष्ट हुए, अब एक हजार वर्ष से अधिक हो चुके हैं। पर उसका धर्मसाम्राज्य अब तक भी कितने ही देशों में अवशिष्ट है। मगध की गौरव-पूर्ण कथा संसार के इतिहास में अद्वितीय स्थान रखती है।

अट्ठाइसवाँ अध्याय

तुर्क, अफ़गान और मुगलों का शासन

(१) लखनौती के खिलजी सरदार

मुहम्मद बिन बख्तियार खिलजी ने उद्दण्डपुर के महाविहार का ध्वंस कर, किस प्रकार संपूर्ण मगध में अपना आधिपत्य स्थापित किया था, इसका उल्लेख पहले किया जा चुका है। कन्नौज के गहरवार साम्राज्य के पतन काल में जो विविध

[illegible]
उसने लखनौती को अपनी राजधानी बनाया, और प्राचीन 'प्राच्य' देश में पहले-पहल एक मुसलिम सल्तनत की स्थापना की। पाटलीपुत्र का प्राचीन गौरव और वैभव इस समय लुप्त हो गया था। इस समृद्ध नगरी में इस काल में खण्डहरों के अतिरिक्त कुछ शेष न रहा था। लखनौती के खिलजी शासकों के राज्य में मगध और उसकी प्राचीन राजधानी पाटलीपुत्र भी अंतर्गत थी, यद्यपि उसके राजनीतिक महत्त्व का इस समय सर्वथा लोप हो चुका था।

मुहम्मद गोरी ने भारत के विविध प्रदेशों को जीतकर जिस शासन का सूत्रपात किया, वह सामंतपद्धति (फ्यूडल सिस्टम) पर आश्रित था। गोर के सम्राट् के अधीन दिल्ली में कुतुबुद्दीन ऐबक का शासन था। उसकी स्थिति एक स्वतंत्र महाराजाधिराज के समान थी। कुतुबुद्दीन के अधीन बहुत से

शक्तिशाली सेनापति मार्शल ला में विविध प्रदेशों का शासन करते थे। दिल्ली के सुलतानों की शक्ति उनकी सेना पर निर्भर थी। जिसके हाथ में सेना रहती, उसी के हाथ में राज्य रहता था। दिल्ली के सुलतान के अधीन विविध सेनापति विविध प्रदेशों का शासन करने के लिये नियुक्त थे। इनके पास सेना इस लिये रखी जाती थी, कि अपने प्रदेशों में ये व्यवस्था और शांति कायम रखें, और नये प्रदेशों को जीतकर दिल्ली की सल्तनत के अधीन करें। पर इन्हें जब भी अवसर मिलता, ये अपने को स्वतंत्र राजा उद्घोषित करने में जरा सी संकोच न करते। अपनी सेना की सहायता से ये समय-समय पर विद्रोह करते रहते और दिल्ली के सुलतानों को सदा इस प्रयत्न में लगे रहना पड़ता, कि इन्हें जीतकर अपने काबू में रखें। प्रांतों के शासक इन सेनापतियों के अधीन भी बहुत से सरदार व सेनापति रहते थे, और वे भी विद्रोह करके अपनी स्वतंत्र सत्ता स्थापित करने व अपने स्वामी के विरुद्ध विद्रोह करने में तत्पर रहते थे। लखनौती के खिलजी सरदार नाम को तो दिल्ली के सुलतान के अधीन थे, पर वस्तुतः उनकी स्थिति स्वतंत्र महाराजाओं के समान थी। उन्होंने अपने साहस और सेना के आधार पर, अपनी सूझ के अनुसार ही पूर्वी भारत में एक नये राज्य की स्थापना की थी, और यही कारण है कि उस पर उनका शासन स्वतंत्र महाराजाओं के सदृश था।

१२०५ ई० में मुहम्मद बिन बख्तियार खिलजी की मृत्यु हुई। इसके बाद लखनौती के विविध खिलजी सरदार (अमीर) आपस में लड़ने लगे। इस स्थिति से लाभ उठाकर कुतुबुद्दीन ऐबक ने लखनौती पर हमला किया, और खिलजी सरदारों को युद्ध में परास्त कर मगध और गौड़ पर अपना अधिकार [illegible]लिया। खिलजी सरदारों ने विवश होकर दिल्ली के सुल-

ान की अधीनता स्वीकार की। पर १२१० ई० में कुतुबुद्दीन ऐबक की मृत्यु के बाद लखनौती में फिर विद्रोह हुआ। खिलजी सरदारों ने परस्पर मिलकर गयासुद्दीन उवज को अपना नेता चुना, और एक बार फिर लखनौती में स्वतंत्र खिलजी शासन की स्थापना की। गयासुद्दीन बड़ा प्रतापी और महत्त्वाकांक्षी था। उसने न केवल मगध और गौड़ पर दृढ़ता के साथ शासन किया, अपितु उड़ीसा, पूर्वी बंगाल और तिरहुत के स्वतंत्र पुराने राजवंशों पर भी अनेक आक्रमण किये। कुछ समय के लिये संपूर्ण पूर्वी भारत को अपनी अधीनता में लाने में उसे सफलता हुई।

दिल्ली में कुतुबुद्दीन ऐबक के बाद उसका दामाद अल्तमश (१२१० से १२३६ ई० तक) सुलतान बना। उसने उत्तरी भारत में दिल्ली की सल्तनत को कायम करने के लिये बड़ा उद्योग किया। १२२५ ई० में उसने लखनौती पर भी हमला किया और वहाँ के खिलजी सुलतान गयासुद्दीन को अपनी अधीनता स्वीकृत करने के लिये विवश किया। पर अल्तमश के दिल्ली लौटते ही गयासुद्दीन ने फिर विद्रोह किया, और एक बार फिर अपने को स्वतंत्र सुलतान उद्घोषित कर दिया। अगले साल १२२६ ई० में अल्तमश ने बड़ी तैयारी के साथ लखनौती [illegible]

[illegible]

[illegible] साथ काबू में नहीं आये। उन्होंने बाद में भी अनेक बार दिल्ली की सल्तनत के विरुद्ध विद्रोह किये। पर अल्तमश संपूर्ण उत्तरी भारत में अपना सुदृढ़ और अबाधित शासन स्थापित करने के लिये कटिबद्ध था। उसने बार-बार लखनौती पर चढ़ाई की, और अंत में अपने उद्देश्य में सफल हुआ। उसके निरंतर

गयासुद्दीन तुगलक ने तिरहुत पर भी हमला किया, और वहाँ के राजा हरिसिंह देव को परास्त कर अपने अधीन किया।

सन् १३२५ ईस्वी में गयासुद्दीन की मृत्यु हुई। उसके बाद मुहम्मद तुगलक दिल्ली की राजगद्दी पर आरूढ़ हुआ। मुहम्मद बहुत ही शिक्षित, विद्वान तथा सुयोग्य व्यक्ति था। अपने समय के तुर्क व अफगान सुलतानों में उससे अधिक योग्य और विद्वान अन्य कोई सुलतान नहीं हुआ। उसकी स्मरणशक्ति अद्भुत थी। उस युग में जो भी विद्यायें थीं, मुहम्मद तुगलक उनमें पारंगत था। वह गणित, ज्योतिष, दर्शन, विज्ञान, कविता आदि सब विषयों का पंडित था। कविता व साहित्य का उसे बड़ा शौक था। स्वयं कट्टर मुसलमान होते हुए भी उसमें धर्मान्धता नहीं थी। शासनकार्य में वह धर्माचार्यों को अपना पथप्रदर्शक नहीं मानता था। उसके दरबार में बहुत से विद्वान तथा साहित्यसेवी निवास करते थे। जहाँ मुहम्मद तुगलक में इतने गुण थे, वहाँ दोषों की भी उसमें कमी नहीं थी। शासन में वह बहुत कठोर था। अनेक बार उसकी कठोरता, क्रूरता और अत्याचार के रूप में परिणत हो जाती थी। उसमें क्रियात्मकता का बहुत अभाव था। उसने अनेक ऐसी योजनायें बनाईं, जिन्होंने लाभ की अपेक्षा नुकसान अधिक किया। वह क्रोधी भी बहुत था। अनेक बार गुस्से में आकर वह अपने आप को भूल जाता था, और लोगों के साथ बड़ा कठोर व्यवहार करता था। इसी का यह परिणाम हुआ, कि उसके शासनकाल में दिल्ली की सुविशाल सल्तनत छिन्न-भिन्न होनी शुरू हो गई। साम्राज्य के अनेक भागों में विद्रोह हुए और विविध प्रांतीय शासक व सेनापति अपने-अपने क्षेत्र में स्वतन्त्र होने लग गये।

... बिहार बंगाल में फिर विद्रोह हुआ। इसका

ग शम्सुद्दीन इलियास नाम का एक कुशल सेनापति था। उसने लखनौती पर अपना कब्जा कर लिया, और काशी से गे के सारे पूर्वी भारत पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया। मुहम्मद तुगलक इस विद्रोह को शांत करने में सर्वथा असमर्थ था।

सन् १३५१ में मुहम्मद तुगलक की मृत्यु हुई और उसका चेरा भाई फ़ीरोज़शाह तुगलक दिल्ली का सुलतान बना। सन् १३५४ में उसने बिहार, बंगाल के प्रदेशों को फिर से अपने अधीन करने के लिये एक बड़ी सेना को साथ ले चढ़ाई की। गंगा के उत्तर में गोरखपुर और तिरहुत के रास्ते वह आगे बढ़ा, और शम्सुद्दीन इलियास पर आक्रमण किया। कई सालों तक दोनों पक्षों में लड़ाई जारी रही। शम्सुद्दीन को पूर्णतया परास्त करने में फ़ीरोज़शाह सफल नहीं हो सका। तिरहुत और बिहार के प्रदेशों को उसने जीत लिया, पर बंगाल पर शम्सुद्दीन का स्वतंत्र शासन कायम रहा। इस समय बिहार का प्रदेश दिल्ली की सल्तनत के अंतर्गत हो गया। पूर्वी भारत पर आक्रमण करते समय फ़ीरोज़शाह तुगलक ने एक नई नगरी की स्थापना की, जिसका नाम जौनपुर है। यह नगर उसने अपने भाई जूना (मुहम्मद तुगलक) के नाम पर बसाया था। यहाँ सल्तनत के पूर्वी प्रदेशों का शासन करने के लिये एक पृथक् प्रांतीय शासक की नियुक्ति की गई, जिसे मलिक-उस्-शर्क (प्राच्यदेश का शासक) की उपाधि दी गई। तिरहुत और बिहार के प्रदेश इस मलिक उस्-शर्क के शासन में शामिल कर दिये गये।

(३) शर्की सुलतानों का शासन

सन् १३८८ में फ़ीरोज़शाह तुगलक की मृत्यु हुई। उसके

के समान आया और आँधी की ही तरह दिल्ली की सल्तनत को नष्ट कर अपने देश को लौट गया।

तैमूर के इस आक्रमण के कारण दिल्ली की सल्तनत आगरा, दिल्ली और उनके समीपवर्ती प्रदेशों तक ही सीमित रह गई। शेष सारे भारत में पुराने भारतीय राजवंश व अफगान सरदार स्वतंत्ररूप से शासन करने लगे। जौनपुर में जिन प्रांतीय शासकों को इसलिये नियत किया गया था, कि वे दिल्ली की सल्तनत के प्रतिनिधिरूप में पूर्व के प्रदेशों पर शासन करें, वे भी अब स्वतंत्र हो गये। सन् १३६६ से जौनपुर में एक नये अफगान राजवंश का प्रारंभ हुआ, जो पूर्व में राज्य करने के कारण शर्की सुलतान कहलाते थे। इनका शासन कन्नौज से बंगाल की सीमा तक विस्तृत था। मगध (बिहार) भी इनके अधीन था।

सन् १३६६ से १४६४ तक लगभग सौ वर्ष तक मगध जौनपुर के शर्की सुलतानों के अधीन रहा। जौनपुर के ये सुलतान बड़े समृद्ध तथा शक्तिशाली थे। इनमें सबसे अधिक प्रसिद्ध सुलतान इब्राहीमशाह हुआ है। वह कला और साहित्य

स्वतंत्र सुलतान उद्घोषित कर दिया। इब्राहीम लोदी ने इसे क़ाबू करने के कई प्रयत्न किये, पर उसे सफलता नहीं मिली। बिहार में अब पहले दरिया खाँ ने, और बाद में उसके पुत्र बहार खाँ लोहानी ने स्वतंत्र रूप में शासन किया।

जिस समय इब्राहीम लोदी बिहार के अफ़गान सरदारों को क़ाबू करने के व्यर्थ प्रयत्न में लगा था, तभी भारत के उत्तर-पश्चिमी सीमाप्रदेश पर एक नई शक्ति प्रगट हो रही थी। यह शक्ति मुग़ल आक्रांताओं की थी। इनका नेता बाबर था, जो फ़रग़ाना राज्य का स्वामी था। उसने हिंदुकुश पर्वतमाला को पार कर भारत की ओर प्रस्थान किया। उन दिनों पंजाब का सूबेदार दौलत खाँ था, वह अपने सुलतान इब्राहीम लोदी से सख्त नाराज़ था। उसने बाबर की सहायता की। पानीपत के रणक्षेत्र में बाबर और इब्राहीम लोदी की सेनाओं में युद्ध हुआ। दिल्ली के अफ़ग़ानों की शक्ति इस समय बहुत कुछ क्षीण हो चुकी थी। लड़ाई में इब्राहीम हार गया और १५२६ ई० में विजेता के रूप में बाबर ने दिल्ली में प्रवेश किया।

इब्राहीम लोदी की मृत्यु के समाचार से मगध (बिहार) के शासक बहार खाँ लोहानी को बहुत प्रसन्नता हुई। उसने अपना नाम परिवर्तित कर महमूद खाँ रख लिया, और सारे उत्तरी भारत में अपनी सल्तनत क़ायम करने का स्वप्न देखने लगा। बहुत से अफ़गान सरदार उसके नेतृत्व में एकत्रित हो गये, और अब वह उत्तरी भारत की एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन गया। पर महमूद खाँ (बहार खाँ) की यह स्थिति देर तक क़ायम नहीं रह सकी। दिल्ली के सुलतान इब्राहीम लोदी का उत्तराधिकारी महमूद लोदी था। बाबर के दिल्ली जीत लेने के बाद वह मेवाड़ के प्रतापी और स्वाभिमानी राणा

को भूले न थे, कि कुछ साल पहले तक भारत में उन्हीं का शासन था। वे हुमायूँ के विरुद्ध विद्रोह करके फिर से अपनी सत्ता क़ायम करने के मौक़े की प्रतीक्षा में थे। हुमायूँ के विरुद्ध सबसे पहले बिहार में शेरखाँ नामक अफगान सरदार ने विद्रोह किया। वह न केवल बिहार में अपना स्वतंत्र राज्य स्थापित करने में समर्थ हुआ, अपितु मुग़ल बादशाह को परास्त कर भारत से बाहर निकाल देने और दिल्ली में एक बार फिर अफ़ग़ान सल्तनत को क़ायम कर देने में उसे अपूर्व सफलता हुई। पूर्वी भारत के शर्की और लोहानी अफगान सरदारों ने जिस राजनीतिक और सैनिक शक्ति का प्रादुर्भाव किया था, शेरखाँ ने उसका कुशलता से उपयोग किया, और कुछ समय के लिये फिर से अफ़ग़ान साम्राज्य का पुनरुद्धार कर दिया।

शेरखाँ का पिता हसनखाँ सूर बिहार प्रांत का एक जागीरदार था। उसकी जागीर में शाहाबाद जिले के सहसराम, बरोंग और बिलौथू थाने सम्मिलित थे। सामंतपद्धति या जागीरदारी प्रथा के उस युग में जागीरदार अपनी जागीर का एक प्रकार का स्वतंत्र राजा सा होता था। वह अपनी प्रजा के साथ मनमाना व्यवहार करता था। शेरखाँ का बचपन का नाम फरीद या फरीदुद्दीन था। जब अपने पिता की जागीर का प्रबंध उसने अपने हाथ में लिया, तो इस बात की भलीभाँति व्यवस्था की, कि कोई सैनिक, पटवारी, मुकद्दम या अन्य राजकर्मचारी रैयत पर अत्याचार न कर सके। अपनी जागीर का उसने बहुत उत्तम प्रबंध किया। उसकी जागीर के अंतर्गत अनेक छोटे-बड़े ज़मींदार थे। ये लोग प्रायः पुराने ज़माने के राजकुलों के व्यक्ति थे, जिन्हें पुराने राजाओं ने राजकर को वसूल करने व स्थानीय व्यवस्था के लिये नियुक्त किया था। [illegible] समय की राजनीतिक अव्यवस्था से लाभ उठा कर ये

नाम से प्रसिद्ध हुआ, और अब हम इसी नाम से उसक
उल्लेख करेंगे।

हम ऊपर लिख चुके हैं, कि महमूद लोदी को परास्त कर बाब
ने जलालखाँ लोहानी को बिहार का शासक नियत किया था
वह शेरखाँ के गुणों और योग्यता से भलीभाँति परिचित था
उसने शेरखाँ को अपना मंत्री व सेनापति नियत किया औ
उसी की सलाह के अनुसार वह बिहार का शासन करने लगा

इसी बीच में बाबर बीमार पड़ा, १५३० ई० में उसकी मृत्
हो गई। अफ़गान सरदारों ने विद्रोह करके अपनी शक्ति क
बढ़ाने के इस सुवर्णावसर को हाथ से नहीं जाने दिया। मुग़
साम्राज्य से असंतुष्ट अफ़गान सरदार इस समय बिहार के
[illegible] रखाँ
[illegible] फिर
[illegible] की
महत्त्वाकांक्षा अब जाग चुकी थी। उसके नेतृत्व में बिहार
अफ़गानों ने विद्रोह कर दिया, और पश्चिम की तरफ़ बढ़क
चुनार के किले पर अपना दखल कर लिया। यह समाचा
सुनकर दिल्ली के बादशाह हुमायूँ ने एक बड़ी सेना को सा
ले १५३१ ई० में अफ़गान विद्रोह को शांत करने के लिये पू
की तरफ़ प्रस्थान किया। चार महीने तक शेरखाँ ने चुनार
किले में डट कर हुमायूँ का मुक़ाबिला किया, पर अंत में विव
होकर उसने मुग़ल बादशाह की अधीनता स्वीकृत कर ली।

शेरखाँ की बढ़ती हुई शक्ति और प्रभाव से अनेक अफ़गा
जागीरदार बहुत चिंतित थे। वे नहीं चाहते थे, कि अप
जागीरों के मनमाने शासन में किसी प्रकार का हस्तक्षेप हो
पर शेरखाँ ने अपनी जागीर में जिस प्रकार विविध ज़मींदा
को क़ाबू किया था, उसी प्रकार वह बिहार के अन्य जागीरदा

व जमींदारों को भी काबू में लाने के लिये प्रयत्नशील थ
अफ़ग़ान सरदार इस बात से बहुत नाराज हुए। उन्हें
जलालखाँ लोहानी को शेरखाँ के विरुद्ध भड़काया और लि
जलालखाँ ने अपने शक्तिशाली मंत्री शेरखाँ से छुटकारा प
के लिये बंगाल के अफ़ग़ान सुलतान महमूदशाह को शरण ले
पर शेरखाँ इस बात से जरा भी विचलित नहीं हुआ। वह
अफ़ग़ान जागीरदारों और बंगाल की सेना का वीरता के सा
सामना किया, और १५३४ में संपूर्ण मगध (बिहार) पर अप
पृथक् राज्य स्थापित कर लिया। यद्यपि नाम को वह अब
हुमायूँ की अधीनता स्वीकार करता था, पर वस्तुतः उसकी
स्थिति एक स्वतंत्र सुलतान के समान थी।

इन दिनों मुगल बादशाह हुमायूँ गुजरात के अफ़ग़ान
सुलतान बहादुरशाह के साथ युद्ध करने में व्यस्त था। इस
परिस्थिति से लाभ उठाकर पूर्वी भारत में शेरखाँ ने अपनी
शक्ति को [illegible]
सुलतान [illegible]
लिया, [illegible]
विस्तृत हो गई। चुनार से पटगाँव तक विस्तृत प्रदेश उसकी
अधीनता में आ गया।

शेरखाँ की इस बढ़ती हुई शक्ति के समाचार से हुमायूँ
बहुत चिंतित हुआ। उसने एक शक्तिशाली सेना को साथ ले
शेरखाँ को परास्त करने के उद्देश्य से पूर्व की तरफ प्रस्थान
किया। शेरखाँ हुमायूँ की शक्ति से भलीभाँति परिचित था।
वह जानता था, कि सम्मुख युद्ध में हुमायूँ को परास्त कर सकना
संभव नहीं है। अतः उसने कूटनीति का आश्रय लिया। वह
लगातार पीछे हटता गया। पूर्व का रास्ता खुला पड़ा था,
कोई रुकावट न थी। हुमायूँ निरंतर आगे बढ़ता गया। उसे

गाल तक पहुँच गया। इतने में वर्षा ऋतु प्रारंभ हो
ंगाल में वर्षा ऋतु बड़ी भयंकर होती है। सारी पृथिवी
ा हो जाती है। एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के
ौका का आश्रय लेना पड़ता है। बरसात की अधिकता
ारी भी खूब फैलती है। हुमायूँ की मुगल सेना बंगाल
सात में फँस गई। मुगल सिपाही, जो खुशी के आदी
ाल की बरसात से तंग आ गये। ऐसी दशा में शेरखाँ
अब तक अपने चुने हुए सैनिकों के साथ झारखंड के
य प्रदेश में छिपा था, हुमायूँ पर आक्रमण करने प्रारंभ
उसने दिल्ली लौटने के सब रास्ते पर कब्जा कर लिया।
ो भी सहायता की आशा नहीं की जा सकती थी, क्योंकि
मायूँ के छोटे भाई हिंदाल ने अपने को स्वतंत्र बादशाह
ेत कर दिया था। हुमायूँ बड़ी मुसीबत में पड़ा। उसने
लौटने का निश्चय किया, पर शेरखाँ की सेनायें उस पर
ा हमले कर रही थीं। बड़ी मुश्किल से वह अपने प्राण
कर वापस लौटा। उसकी प्रायः सारी सेना नष्ट हो

ागरा लौट कर हुमायूँ ने एक बार फिर शेरखाँ को परास्त
के लिये तैयारी की। कन्नौज के समीप उनका आपस में
आ, जिसमें हुमायूँ की बुरी तरह पराजय हुई। यह युद्ध
ई० में लड़ा गया था। इसके बाद हुमायूँ के लिये भारत
ना कठिन हो गया। भारत का साम्राज्य उसके हाथ से
ा गया, और उस पर शेरखाँ का अधिकार हो गया।
न्नौज से भाग कर हुमायूँ आगरा होता हुआ लाहौर
ा। पंजाब उस समय हुमायूँ के अन्यतम भाई कामरान
ीन था। पर उसने शेरखाँ के डर से हुमायूँ को आश्रय

[illegible] से पराजित कर दिया। विवश होकर हुमायूँ सिंध की ओर भाग गया, और वहाँ अमरकोट नामक स्थान पर उसे एक पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई, जो आगे चल भारत में मुग़ल साम्राज्य को पुनः स्थापित करने में समर्थ हुआ। इस बालक का नाम अकबर रखा गया।

हुमायूँ को परास्त कर दिल्ली में अफ़ग़ान आधिपत्य का पुनरुद्धार किया। वह स्वयं शेरशाह के नाम से दिल्ली के राजसिंहासन पर आरूढ़ हुआ। उसके समय में कुछ समय के लिये भारत से मुग़लों का राज्य उठ गया। शेरशाह बड़ा प्रतिभाशाली सुलतान हुआ है। उसने पंजाब, सिंध और मालवा पर विजय प्राप्त की। राजपूत राजाओं के साथ भी उसके बहुत से युद्ध हुए। राजपूताना में राजा मालदेव के समय मारवाड़ का राज्य बहुत प्रबल हो गया था। सिंध और मालवा को जीतने के बाद शेरशाह ने मालदेव पर चढ़ाई की। इस युद्ध में शेरशाह को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ा। पर अन्त में वह न केवल मारवाड़, अपितु मेवाड़ को भी जीत कर वहाँ के राजाओं से अधीनता स्वीकार कराने में समर्थ हुआ। इसमें संदेह नहीं, कि उत्तरी भारत के प्रायः सभी प्रदेशों पर शेरशाह ने अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया था। उसके प्रयत्नों से अफ़ग़ान सल्तनत ने एक बार फिर अपनी पुरानी शान और शक्ति को प्राप्त कर लिया था।

शेरशाह न केवल सुयोग्य योद्धा और सेनापति था, अपितु चतुर शासक और सुधारक भी था। दिल्ली का सुलतान बन कर उसने शासन में बहुत से सुधार किये। अकबर के समय में भारत में जो अनेक सुधार हुए, उनका सूत्रपात शेरशाह द्वारा किया गया था। साम्राज्य में व्यवस्था क़ायम रखने के लिए [illegible] सड़कों की मरम्मत कराई, और अनेक नई सड़कें

बनवाई। पेशावर से बंगाल तक जाने वाली बड़ी सड़क
के समय में अच्छी दशा में विद्यमान थी। सड़कों के साथ
शेरशाह ने बहुत सी सरायें बनवाईं, जिनमें राजकर्म-
चारियों व यात्रियों के आराम के लिये साज-सामान उपस्थित
थे। मालगुजारी वसूल करने के लिये भी शेरशाह ने
अच्छा प्रबंध किया। इस कार्य में उसका प्रधान सहायक
टोडरमल था, जो बाद में बादशाह अकबर का अर्थ
व बना। टोडरमल ने जमीनों की पैदाइश कर के उपज
अनुसार उनकी मालगुजारी नियत की। पैदावार का तीसरा
भाग मालगुजारी के रूप में लेने को व्यवस्था की गई। शेर-
जिस प्रदेश को जीतता, छः महीने के अंदर-अंदर वहाँ
की पैमाइश और मालगुजारी के बंदोबस्त की व्यवस्था
दी जाती थी। जागीरदार, सेनापति, प्रांतीय शासक—सब
उसका कठोर नियंत्रण था। इसी का परिणाम था, कि
के विशाल साम्राज्य में सब जगह शांति और व्यवस्था थी।
शेरशाह के रूप में एक बार फिर प्राचीन मगध के एक
से जागीरदार ने विशाल साम्राज्य की स्थापना की। यह
न में रखना चाहिये, कि शेरशाह की सेना में केवल अफ-
लोग ही नहीं थे, अपितु प्राचीन मागधवीरों के वंशज भी
बड़ी संख्या में सैनिक रूप में सम्मिलित थे।
१५४५ ई० में इस अनुपम वीर, साम्राज्य-निर्माता शेरशाह
की मृत्यु हुई।

(५) पटना के रूप में पाटलीपुत्र का पुनरुद्धार

पटना के रूप में पाटलीपुत्र के पुनरुद्धार का श्रेय भी शेर-
को है। इस युग के एक मुसलिम ऐतिहासिक ने लिखा
—"१५४१ ई० में बंगाल से लौटकर शेरशाह पटना आया।

ाध जनपद के अतिरिक्त अंग, वज्जि आदि कितने ही जनपद
म्मिलित हैं।

उद्दण्डपुर (बिहार) के उत्कर्ष के कारण पालवंश के शासन-
ल में पाटलीपुत्र का गौरव बहुत कुछ कम हो गया था। तुर्क
ौर अफगानों के शासनकाल में भी इस प्रदेश की राजधानी
हार ही रहा, और उसके सम्मुख पाटलीपुत्र की स्थिति हीन
ी। इस समय तक, सर्वसाधारण की भाषा में पाटलीपुत्र का
ाम पटना प्रचलित हो गया था। प्राचीन भारत में बड़े नगर
ो पत्तन कहते थे। भारत का प्रमुख नगर होने के कारण
ाटलीपुत्र 'पत्तन' भी कहाता था। इसी को सर्वसाधारण लोग
टन या पटना कहते थे।

पटना में गंगा के तट पर एक सुदृढ दुर्ग का निर्माण शेर-

इस स्थान का महत्व कभी भी कम न हुआ था। उद्दण्डपुर
(बिहार) के राजनीतिक और धार्मिक केंद्र बन जाने के समय
में भी पटना (पाटलीपुत्र) का व्यापारिक महत्व जारी था।
शेरशाह ने जब वहाँ नये दुर्ग का निर्माण कर उसे फिर
से राजनीतिक और सैनिक केंद्र बनाया, तब से पटना
की फिर दिन-दूनी रात-चौगुनी उन्नति हुई। इसीलिये जब
१५८६ में राल्फ फिच नामक यूरोपियन यात्री वहाँ गया
तो उसने उसे एक अत्यंत समृद्ध तथा वैभवपूर्ण नगर
पाया। राल्फ फिच ने लिखा है—"पटना एक बहुत लंबा और
विशाल नगर है। इसके मकान सादे हैं, जो मट्टी और
फूँस के बने हुए हैं, पर इसकी सड़कें बहुत चौड़ी हैं। इस नगर
में कपास और कपड़े का व्यापार बहुत उन्नत है। खाँड को भी

यहाँ बहुत तिजारत होती है। यहाँ से व्यापारी लोग बंगाल में और भारत के अन्य प्रदेशों में माल ले जाते हैं। अफीम और अन्य माल का भी यहाँ व्यापार होता है।" १६२० ई० तक पोर्तुगीज व्यापारी भी पटना के व्यापारिक महत्त्व से आकृष्ट हो कर यहां पहुँच गये थे, और उन्होंने अपनी कोठियाँ वहाँ कायम कर ली थीं। फ्रांसीसी यात्री टूवर्निये के विवरण से ज्ञात होता है, कि यह उत्तरी भारत के व्यापार का सबसे बड़ा केंद्र था। उसने स्पष्ट शब्दों में लिखा है, कि "पटना बंगाल का सबसे बड़ा नगर है, और व्यापार के केंद्र रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है।" टूवर्निये की पटना में बहुत से आर्मीनियन व्यापारियों से भेंट हुई थी, जो यूरोप के प्रसिद्ध बंदरगाह डांसिग से व्यापार के लिये यहाँ आये हुए थे। भारत के विविध प्रदेशों के प्रसिद्ध व्यापारी तो यहाँ आते जाते रहते ही थे। यहाँ तिब्बत से बहुत बड़ी मात्रा में माल बिक्री के लिये आता था। टूवर्निये ने स्वयं पटना से छब्बीस हजार रुपये की मुश्क खरीदी थी। तिब्बत और पटना के बीच में काफिले निरंतर आते जाते रहते थे।

शेरशाह के प्रयत्न से एक सदी के अंदर-अंदर ही पटना का विलुप्त गौरव फिर से क़ायम हो गया था, और वह भारत का एक प्रमुख नगर बन गया था।

(६) मुगलों का उत्कर्ष

१५४५ ई० में शेरशाह की मृत्यु के बाद उसका लड़का आदिल खाँ सलीमशाह के नाम से दिल्ली की राजगद्दी पर बैठा। उसने १५५४ ई० तक राज्य किया। उसके समय में शेरशाह द्वारा स्थापित साम्राज्य स्थिर रहा और सर्वत्र शांति और व्यवस्था क़ायम रही। सलीम शाह की मृत्यु के समय उसका

पुत्र फीरोज नाबालिग था। उसके एक चाचा ने उसके विरुद्ध षड्यंत्र कर उसका घात करा दिया और स्वयं मुहम्मद आदिलशाह के नाम से सुलतान बन गया। इस घटना से सूर सल्तनत में खलबली मच गई और बिहार के अफगान शासकों ने विद्रोह कर दिया। इस समय बिहार (मगध) का शासक सुलेमान करानी था। उसे परास्त करने के लिये हेमचद्र या हेमू नाम के एक सेनापति को भेजा गया। हेमू आदिलशाह का विश्वस्त व महत्त्वाकांक्षी सेनापति था। जिस समय वह अपने सुलतान की तरफ से विद्रोही अफगान सरदारों के साथ युद्ध करने में व्यापृत था, उधर उत्तर-पश्चिमी सीमा को पार कर हुमायू फिर भारत पर आक्रमण कर रहा था।

शेरशाह द्वारा परास्त होकर हुमायूँ ने भारत से निकल कर ईरान के शाह के पास आश्रय लिया था। उसकी सहायता से पहले उसने काबुल पर दखल किया और फिर दिल्ली की सल्तनत की निर्बलता तथा आपसी झगड़ों से लाभ उठा कर पंजाब पर आक्रमण कर दिया। १५५५ ई० में उसने दिल्ली पर भी विजय प्राप्त कर ली। एक बार फिर दिल्ली-आगरा के प्रदेशों में मुगल शासन की स्थापना कर छः महीने बाद ही उसकी मृत्यु हो गई। हुमायूँ की मृत्यु का समाचार पाते ही आदिलशाह सूर की तरफ से हेमू ने दिल्ली पर आक्रमण किया। एक बार फिर मुगल सेनायें परास्त हुई। दिल्ली-आगरा के प्रदेश पर हेमू का अधिकार हो गया। पर उसकी शक्ति देर तक कायम नहीं रही। पानीपत के प्रसिद्ध रणक्षेत्र में हुमायूँ के पुत्र अकबर ने हेमू की सेनाओं को बुरी तरह परास्त किया और इस युवक मुगल नेता के हाथ से ही हेमू की मृत्यु हुई

अकबर ने किस प्रकार उत्तरी भारत में अपने साम्राज्य

का विस्तार किया, इसे यहाँ लिखने की आवश्यकता नहीं। मगध पर इस काल में सुलेमान करानी का ही शासन था। मुगलों के आक्रमण की परिस्थितियों से लाभ उठा कर अपनी शक्ति को और भी बढ़ा लिया था और गौड़ (पश्चिमी बंगाल) के भी अनेक प्रदेश उसके हाथ में आ गये थे। अकबर की बढ़ती हुई शक्ति का मुकाबला करने का उसने प्रयत्न नहीं किया। वह चतुर और नीतिनिपुण शासक था। उसने यही उचित समझा, कि अकबर की अधीनता स्वीकार कर ले और प्रतापी मुगल बादशाह के अधीन मगध-गौड़ के प्रदेश पर अपना शासन जारी रखे।

१६६२ ई० में सुलेमान करानी की मृत्यु हुई। उसके बाद उसका लड़का दाऊद मगध-गौड़ का सुलतान बना। उसने अकबर की अधीनता स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। सुलेमान करानी के समय में खुतबे में अकबर का नाम पढ़ा जाता था। दाऊद ने यह बंद करा दिया और अपने सेनापति लोदी खाँ को मुगल बादशाह के ऊपर आक्रमण करने के लिये भेजा। अकबर दाऊद खाँ की इस उद्दण्डता को न सह सका। उसने राजा टोडरमल और मुनीम खाँ नामक सेनापतियों के साथ एक विशाल सेना को दाऊद खाँ को काबू में लाने के लिये भेजा। पटना के समीप दोनों सेनाओं में घनघोर युद्ध हुआ। शेरशाह ने पटना में जिस मजबूत किले का निर्माण कराया था, वही इस समय दाऊद खाँ की शक्ति का प्रधान केंद्र था। पटना के किले से दाऊद खाँ ने मुगल सेनाओं का डट कर मुकाबला किया। आखिर, १५७४ ई० में स्वयं अकबर पटना आने के लिये विवश हुआ। इस काल के एक ऐतिहासिक के वर्णनों से सूचित होता है, कि पटना के किले के बाहर प्राचीन पाटलीपुत्र की अनेक विशाल इमारतें

अवशेष अब तक भी विद्यमान थे। अकबर ने इन इमारतों र चढ़कर पटना के किले का निरीक्षण किया। मुगल बाद-ाह की प्रबल सेनाओं के सामने दाऊद खाँ देर तक नहीं ठहर का। अपने मंत्री श्रीधर के साथ वह रात के समय चुपचाप ले से बाहर चला गया और पटना पर अकबर का कब्जा ो गया। धीरे-धीरे मुगलों ने सारे मगध को जीत लिया। ५७५ ई० तक संपूर्ण मगध विरहुत और गौड़ पर अकबर ा आधिपत्य क़ायम हो गया।

ारन, हाजीपुर और तिरहुत। बिहार प्रांत की राजधानी टना बनाई गई। वहाँ का शासन करने के लिये एक पृथक् सिपहसालार की नियुक्ति की गई, जो सेना के नेतृत्व के साथ गध प्रांत का शासन भी करता था। बिहार का पहला प्रांतीय ासक (सिपहसालार) मुजफ्फर खाँ नियत हुआ। उसके द अकबर के समय में आजम खाँ, शाहबाज खाँ और सईद ाँ पटना के सिपहसालार रहे। इनके बाद १५८६ में राजा ानसिंह को पटना में सिपहसालार नियत किया गया। वह कबर का सुयोग्य सेनापति था। उसने पूर्वी बंगाल, उड़ीसा ौर झारखंड के अनेक प्रदेशों को जीत कर मुगल साम्राज्य ा विस्तार किया। अकबर की मृत्यु तक (१६०५ ई०) राजा ानसिंह बिहार प्रांत के सिपहसालार व सूबेदार के पद र रहा।

मुगल बादशाहों के शासन का वृत्तांत यहाँ लिख सकना ंभव नहीं है। अकबर ने जिस शक्तिशाली साम्राज्य की ापना की थी; वह दो सदी के लगभग क़ायम रहा। मुगलों

के इस सुदीर्घ शासनकाल में पटना की निरंतर उन्नति होती रही। यह एक समृद्ध प्रांत की राजधानी था। अकबर के उत्तराधिकारी जहाँगीर के शासनकाल (१६०५ से १६२७ ई० तक) में उसके भाई खुसरो ने विद्रोह किया और पटना में अपने को बादशाह उद्घोषित किया। इसी प्रकार, जब शाहजादा खुर्रम ने सन् १६२२ में अपने पिता जहाँगीर के विरुद्ध विद्रोह किया, तो वह पंजाब से दक्षिणी भारत का चक्कर काट कर उड़ीसा के रास्ते बिहार पहुँचा और वहाँ पटना में उसने अपना दरबार लगाया। काफी समय तक पटना शाहजादा खुर्रम का केंद्र बना रहा। जहाँगीर के एक अन्य पुत्र परवेज खाँ ने भी अपने पिता के विरुद्ध विद्रोह कर के पटना पर कब्जा किया और कुछ समय तक स्वतंत्र रूप से वहाँ का शासन किया। उसकी बनवाई हुई एक मसजिद अब तक पटना में विद्यमान है, जो शाहजादा परवेज के विद्रोह की जीती-जागती यादगार है। शाही घराने के इन कुमारों का पटना को अपने विद्रोहों का केंद्र बनाना यह सूचित करता है, कि मुगल काल में इस प्राचीन नगरी का राजनीतिक महत्त्व फिर से स्थापित हो गया था।

जहाँगीर के बाद शाहजादा खुर्रम शाहजहाँ के नाम से बादशाह बना। इसने १६२७ से १६५८ ई० तक राज्य किया। शाहजहाँ के शासनकाल में अनेक वर्षों तक शाइस्ता खाँ पटना का सूबेदार रहा। १६५७ ई० में शाहजहाँ के बीमार पड़ने पर उसके पुत्रों में भ्रातृयुद्ध का प्रारंभ हुआ। इस कलह में औरंगजेब को सफलता हुई, और अपने वृद्ध पिता को कैदखाने में डाल कर १६५८ ई० में वह दिल्ली के राजसिंहासन पर आरूढ़ हुआ। औरंगजेब कट्टर मुसलमान था। जिस प्रकार निजी जीवन में वह इस्लाम की शिक्षाओं का अक्षरशः पालन करता

था, उसी तरह वह साम्राज्य के शासन में भी इस्लाम के सिद्धांतों को प्रयोग में लाना चाहता था। पर भारत की अधिकांश जनता इस्लामकी अनुयायी नहीं थी। अकबर ने धार्मिक सहिष्णुता की जिस नीति का प्रारंभ किया था और जिसका अनुकरण जहाँगीर और शाहजहाँ ने भलीभाँति किया था, औरंगजेब ने उसका परित्याग कर दिया। उसने हिंदुओं पर फिर जजिया लगाया और शासन में मुसलमानों के साथ पक्षपात किया। परिणाम यह हुआ, कि मुगल साम्राज्य में सर्वत्र विद्रोह प्रारंभ हो गये। हिन्दुओं की जो शक्ति अब तक मुगल साम्राज्य के लिये सहारा बनी हुई थी, वह अब उसे उलटने के लिये उठ खड़ी हुई। मथुरा के समीप जाटों ने, नारनौल के आसपास सतनामियों ने, पंजाब में सिक्खों ने और मारवाड़ में राजपूतों ने उसके विरुद्ध प्रचण्ड विद्रोह किये। दक्षिण में मराठे उठ खड़े हुए और मुगलों की शक्ति डाँवाडोल हो गई। पंजाब, राजपूताना, मालवा, बुंदेलखंड आदि सर्वत्र इस समय विद्रोह हो रहे थे। दिल्ली और आगरा के प्रदेश विद्रोहियों के क्षेत्र के बहुत समीप थे। मुगलों के अमीर-उमरा वहाँ अब शांति और निश्चिंतता के साथ अपना जीवन व्यतीत नहीं कर सकते थे।

सारे मुगल साम्राज्य में केवल बिहार बंगाल के प्रदेश ही इस समय ऐसे थे, जो विद्रोह की प्रवृत्तियों से सर्वथा अछूते थे। वहाँ की राजकीय आमदनी से मुगल साम्राज्य का खर्च चल सकता था, इस बात को अनुभव कर औरंगजेब ने अपने पोते अजीमुश्शान को बिहार बंगाल का शासक नियत किया और अपने सुयोग्य राजकर्मचारी मुर्शिदकुली खाँ को वहाँ का दीवान बनाया। अजीमुश्शान ने पटना को अपना प्रधान केंद्र बनाया। वहाँ

। किलाबंदी को फिर से मजबूत किया गया। दिल्ली के बहुत
अमीर-उमरा और धनी लोग पटना बुलाये गये, और
उन्होंने बड़े ठाठ-बाट के साथ वहाँ रहना शुरू किया। । वहाँ
ई अनेक जागीरें दी गईं। औरंगजेब के कट्टरपन के कारण
गान, कला आदि में प्रवीण कलावंतों का निर्वाह दिल्ली में
सकना संभव नहीं रहा था। उन्होंने भी अब पटना का
आश्रय लिया। वहाँ का शासक अजीमुश्शान कलावंतों का
दर करता था। दिल्ली के बहुत से अमीर-उमरा अब पटना
आ गये थे। उनके आश्रय में ललित कलाओं की पटना में
बड़ी उन्नति हुई, और चित्रकला की एक नई शैली का वहाँ
विकास हुआ। गरीब और अनाथ लोगों की भी अजीमु-
न ने उपेक्षा नहीं की। उनके लिये अनेक सरायों और
खानों का निर्माण कराया गया। वहाँ भोजन भी मुफ्त
जाता था। इन सब बातों से पटना का वैभव इस समय
बढ़ गया। अजीमुश्शान की यह आकांक्षा थी, कि पटना
दूसरी दिल्ली बना दिया जाय। शायद वह अपने प्रयत्न में
भी हो जाता, पर १७०७ ई० में मराठों से युद्ध करते
औरंगजेब की मृत्यु हो गई और मुगल बादशाहत के
अधिकार के लिये फिर गृहकलह का प्रारंभ हो गया। इसमें
मुश्शान के पिता मुअज्जम को सफलता मिली और वह
दुरशाह के नाम से दिल्ली के राजसिंहासन पर आरूढ़
। तब से अजीमुश्शान अपने पिता के साथ दिल्ली रहने
और पटना की उन्नति और समृद्धि के लिये जो प्रयत्न
शुरू किया था, वह अधूरा ही रह गया। पर इसमें संदेह
कि अजीमुश्शान के प्रयत्नों से पटना की बहुत उन्नति
उसने इस नगर का नाम भी बदल कर अपने नाम से
बाद रखा। अब तक भी पटना के एक परगने को अजीमा-

है, और अजीमुश्शान के पटना के प्रति कार्यों का प्रभाव इस नाम में भलीभाँति सुरक्षित है।

१७१२ ई० में बहादुरशाह की मृत्यु हुई। अजीमुश्शान साम्राज्य के लिये अपने भाई जहाँदारशाह से लड़ता हुआ युद्ध में मारा गया। अजीमुश्शान का लड़का फर्रुखसियर इस समय बंगाल में था। अपने पितामह और पिता की मृत्यु का समाचार सुनकर वह पटना आया और वहाँ उसने अपने को बादशाह उद्घोषित कर दिया। बहादुरशाह के शासनकाल में बिहार का सूबेदार सैयद हुसैनअली खाँ था। वह अजीमुश्शान का विश्वस्त और योग्य सेनापति था। उसने फर्रुखसियर का बड़ी धूमधाम से स्वागत किया। सैयद हुसैन अली का भाई सैयद हसन अब्दुल्ला इस समय इलाहाबाद का फ़ौजदार था। इन सैयद-बंधुओं की सहायता से फर्रुखसियर ने आगरा के समीप सामूगढ़ के रणक्षेत्र में जहाँदारशाह को परास्त किया, और दिल्ली के राजसिंहासन पर अपना अधिकार जमा लिया। बाद में सैयदबंधुओं ने मराठों की सहायता से फर्रुखसियर को कैद कर लिया और अंत में उसे मार कर एक-एक करके तीन शाहजादों को दिल्ली की राजगद्दी पर बिठाया। अंत में, सैयदबंधुओं की मदद से ही १७२० ई० में मुहम्मदशाह दिल्ली का बादशाह बना।

इस समय पटना का सूबेदार फखरुद्दौला था। वह वहाँ के अमीर-उमराओं के साथ बहुत बुरा बरताव करता था। अनेक अमीरों से उसने उनकी जागीरें छीन ली थीं। इन

बिहार की सूबेदारी बंगाल की ओर इस सूबे को बंगाल के सूबे में मिला दिया। १७३३ ई० में बिहार सूबा का एक पृथक् सूबा नहीं रहा। बंगाल के सूबेदार शासन करने के लिये पटना में अपना एक नायब नियत करने लगे। परिणाम यह हुआ, कि पटना का राजनीतिक महत्त्व कम होने लगा और मुगलों के शासन में [illegible] राजधानी के पद को [illegible] इस प्राचीन नगर ने प्राप्त किया था, उसका [illegible] हो गया।

(७) व्यापार का केंद्र पटना

औरंगजेब ने जहाँ पाटलिपुत्र के राजनीतिक महत्त्व

[illegible]

[illegible] आकृष्ट हुआ, और वहाँ अपनी व्यापारिक कोठियाँ क़ायम करने लगे।

भारत के पूर्वी समुद्रतट पर सबसे पहले पोर्तुगीज लोगों ने चटगाँव में प्रवेश किया था, चटगाँव के बाद उन्होंने हुगली व गङ्गा के मुहाने के समीप के अनेक नगरों में अपनी व्यापारिक कोठियाँ बनाईं। उनकी अनेक बस्तियाँ भी इन नगरों में क़ायम हो गईं। पोर्तुगीज लोग केवल व्यापार से ही संतुष्ट नहीं रहे। उन्होंने राजनीतिक मामलों में भी हस्तक्षेप शुरू किया, और अनेक उपद्रव खड़े किये। परिणाम यह हुआ, कि १६३१ ई० में शाहजहाँ ने हुगली पर चढ़ाई कर हजारों पोर्तगीज लोगों का संहार किया। इसीलिये बाद में डच (होलैंड के निवासी) और अंग्रेज लोग सामुद्रिक व्यापार में उनकी प्रभुता को तोड़ने में समर्थ हुए और पूर्वी भारत में डच, अंग्रेज

र फ्रांसीसी लोगों की व्यापारिक कोठियाँ क़ायम होनी
भ हुई।

पटना के व्यापार से आकृष्ट होकर डच लोगों ने वहाँ
नी कोठी क़ायम की। इसमें मुख्यतया शोरा साफ करने
काम होता था। उस समय तक बारूद का आविष्कार हो
ा था और युद्ध में बारूद के हथियारों (बदूक और तोप)
भलीभाँति उपयोग होने लगा था। बारूद बनाने के लिये

ा जाता था, वहाँ उसे साफ किया जाता और फिर गंगा
ो के रास्ते जहाज़ों पर लाद कर सुदूर देशों में भेज दिया

विदेश में भेजते थे। १६५० ई० तक डच लोगों की अनेक
ठियाँ बिहार में खुल चुकी थीं और उनकी पटना वाली कोठी
व उन्नति कर रही थी। जिस इमारत में आजकल पटना

स्सा पटाने के लिये उन्होंने यहाँ पर अपनी कोठियाँ स्थापित
। इससे पहले सन १६२० और १६३२ में भी, सूरत और
गरा की अंग्रेजी कोठियों की तरफ से पटना के साथ व्यापार
प्रयत्न हो चुके थे। सन १६२० में ह्यूज़ और पार्कर नाम
दो अंग्रेज व्यापारी इस प्रयोजन से आगरा से पटना भेजे

थे कि वे वहाँ से कपड़ा खरीदें और एक अंग्रेजी कोठी वहाँ कायम करें। पर पटना से स्थल के रास्ते माल को पहले आगरा और फिर सूरत ले जाकर वहाँ से यूरोप ले जाना बहुत मँहगा पड़ता था। ढुलाई का खर्च इसमें बहुत बढ़ जाता था। परिणाम यह हुआ, कि ह्यूग्स और पार्कर अपने उद्देश्य में असफल हुए और आगरा की कोठी द्वारा पटना के व्यापार को संचालित करने के प्रयत्न को छोड़ दिया गया। १६५१ ई० में पीटर मुरडो को सूरत से फिर पटना भेजा गया। इसके साथ बहुमूल्य द्रव्यों से भरी हुई आठ गाड़ियों का बड़ा काफिला था। मुरडो को यह आदेश था कि इस माल को पटना के बाजार में बेच कर उस कीमत से वहाँ कोठी खोलने का यत्न किया जाय। पर मुरडो भी अपने प्रयत्न में असफल हुआ। उसने यही परामर्श दिया, कि सूरत और आगरा द्वारा पटना के व्यापार को हस्तगत करना व संचालित करना किफायतक बात नहीं है।

जब अंग्रेजों ने बंगाल की खाड़ी में आना-जाना शुरू किया और हुगली में उनकी कोठी कायम हो गई, तो उनके लिये पटना के व्यापार में हिस्सा बटाना सुगम हो गया। १६५७ ई० तक पटना में उनकी कोठी बाकायदा स्थापित हो चुकी थी। यहाँ से अंग्रेज लोग न केवल शोरे को खरीद करते थे, अपितु कपड़ा, चीनी, गुग्गुल, जड़ी-बूटी और अफीम आदि अन्य माल को भी बड़ी मात्रा में खरीद कर पश्चिमी देशों में ले जाते थे। १६६४ ई० में चार्नोक नाम का अंग्रेज व्यापारी पूर्वी भारत की कोठियों का प्रबंधक बना कर भेजा गया। उसके समय में अंग्रेजों का व्यापार इस प्रदेश में खूब उन्नत हुआ, और शोरे तथा अन्य कीमती माल से लदे हुए जहाज गंगा में निरंतर आने-जाने लगे। इसी व्यापारिक समृद्धि के कारण

टेवर्नियर नाम का फ्रांसीसी यात्री पटना आया, तो उसने इसे "भारत के सबसे बड़े नगरों में से एक" पाया। ईस्ट इंडिया कंपनी के डाइरेक्टरों ने अनुभव किया, कि पटना का शोरा अन्य सब स्थानों के मुक़ाबले में सस्ता और अच्छा है। इसलिये १६७० ई० में उन्होंने निश्चय किया, कि मसलीपट्टम आदि अन्य स्थानों पर शोरे के जो ठेके अंग्रेजों ने लिये हुए हैं, उन सब को छोड़ दिया जाय, और पटना से ही अधिक से अधिक मात्रा में शोरा खरीदने का प्रयत्न किया जाय।

पर इङ्गलैंड के ये व्यापारी देर तक शांति के साथ पटना में व्यापार नहीं कर सके। शाहजहाँ के समय में शाहज़ादा शुजा जब बंगाल का सूबेदार था, तो उसने यह व्यवस्था की थी, कि अंग्रेजों के विविध व्यापारी माल पर अलग-अलग चुंगी लेने के बजाय ३००० रु० वार्षिक एक मुश्त रकम चुंगी के तौर पर ले ली जाया करे। पर बाद में अंग्रेजों ने अपना व्यापार बहुत अधिक बढ़ा लिया। १६६८ ई० में उनका व्यापार कुल ३४ हजार पौंड का था। १६८० में वह बढ़ कर १½ लाख पौंड से भी अधिक का हो गया। अंग्रेज कहते थे, कि व्यापार के बढ़ जाने पर भी उनसे चुंगी ३००० रु० ही ली जानी चाहिये। इसके अतिरिक्त, वे लोग अंग्रेजी झंडे के नीचे दूसरे लोगों का माल भी अनुचित रीति से ले जाते थे, ताकि उस पर चुंगी न देनी पड़े। बादशाह औरंगजेब इस बात को सहन नहीं कर सका। उसने व्यवस्था की कि फिरंगियों (यूरोप के ईसाइयों) को अपने माल पर २½ की सदी की जगह ३½ फी सदी चुंगी देनी पड़े और अंग्रेजों से भी उनके माल की कीमत पर इसी हिसाब से चुंगी वसूल की जाय। इन दिनों बंगाल का सूबेदार शाइस्ता खाँ था। उसने बादशाह की आज्ञा के अनुसार १६८० ई० में अंग्रेजों से ३½ फी सदी के हिसाब से चुंगी

वसूल करने का आदेश दिया। इस पर अंग्रेजों ने मर
और विद्रोह शुरू किया। परिणाम यह हुआ कि पटना
अंग्रेजी कोठी के अध्यक्ष पोकोक को गिरफ्तार कर जेल में
दिया गया और फिरंगियों के शोरे के व्यापार को बिल्कुल
दिया गया। इस पर अंग्रेज और भड़के और उन्होंने हुगली
लूटमार शुरू कर दी। तब शाइस्ता खाँ ने बिहार-बंगाल
सब अंग्रेजों की संपत्ति जब्त करने और ईस्ट इंडिया कंपनी
सब कर्मचारियों को जेल में डालने का आदेश जारी कि
अंत में पटना की कोठी के अध्यक्ष जान चाइल्ड के प्रार्थ
करने पर, हरजाना वसूल करके अंग्रेजों को माफी दी गई
पटना तथा अन्य पूर्वी प्रदेशों में व्यापार करने की उन्हें
अनुमति दी गई। इसी बीच में १७०७ ई० में औरंगजेब
मृत्यु हो गई। उसके बाद की अव्यवस्था और अशांति से ला
उठा कर अंग्रेजों ने न केवल अपने व्यापार में उन्नति की,
बड़ी संख्या में सैनिकों को भी रखना शुरू कर दिया। फर्रुख
सियर व अन्य मुगल बादशाहों ने पटना के समृद्ध फिरं
व्यापारियों से अनेक बार बड़ी मात्रा में जुरमाने वसूल कि
व भेंट-उपहार प्राप्त किये। पर इन मुगल शासकों को आप
के झगड़ों से ही फुरसत नहीं थी। वे यह नहीं समझ सके,
आत्मरक्षा के नाम पर ये फिरंगी व्यापारी अपनी जिस सेन
का संगठन करने में लगे हैं, उसका उपयोग राजनीतिक शक्ति
प्राप्त करने के लिये भी किया जा सकता है। वह समय अ
दूर नहीं रहा था, जब कि पूर्वी भारत में फिरंगी व्यापारी ए
प्रमुख राज शक्ति बन गये।

(८) मराठों का प्रवेश

मुगल साम्राज्य की शक्ति के क्षीण होने पर मराठों ने कि

प्रकार अपनी शक्ति को बढ़ाकर अपने साम्राज्य का विस्तार प्रारंभ किया था, इसका संक्षेप में भी उल्लेख कर सकना यहाँ संभव नहीं है। दक्षिण में मराठों का स्वतंत्र राज्य क़ायम हो गया था, पर उत्तरी भारत में उनकी नीति यह थी, कि मुगल शासन का बाहरी रूप बना रहने दिया जाय, किन्तु वास्तविक शक्ति अपने हाथ में कर ली जाय। यही कारण है, कि जब से सैयदबंधुओं ने फर्रुखसियर को शासनच्युत करने के लिये मराठों की सहायता प्राप्त की, तब से मुगल बादशाहत में उनका प्रभाव बढ़ता ही गया और बाद में दिल्ली की गद्दी पर चाहे अकबर और औरंगजेब के वंशज नाम को विराजमान रहे हों, पर असली शक्ति मराठों के हाथ में आ गई।

मराठे लोग अपने विजित प्रदेशों से चौथ और सरदेशमुखी नाम के विशेष कर वसूल करते थे। शासन का संचालन पुराने नवाबों व सूबेदारों के हाथ में ही रहता था, उसके खर्च के लिये वे परंपरागत करों को वसूल करते रहते थे। पर क्योंकि अपने विजित प्रदेशों की बाह्य शत्रुओं के आक्रमणों से रक्षा की जिम्मेवारी मराठों की होती थी, अतः वे अपनी सेना के लिये चौथ और सरदेशमुखी नाम के विशेष करों को प्राप्त करते थे।

१६४० ई० में मराठों ने बंगाल बिहार पर आक्रमण प्रारंभ किये। वहाँ का सूबेदार अब अलीवर्दी खाँ था। मुगल बादशाहों के निर्बल होने के कारण इसकी स्थिति स्वतंत्र नवाबों के समान थी, यद्यपि नाम को यह दिल्ली के बादशाह की अधीनता स्वीकार करता था। मराठा सरदार रघुजी भोंसले ने इसके साथ अनेक युद्ध किये। अन्त में बिहार बंगाल से चौथ वसूल करने का अधिकार मराठों ने प्राप्त कर लिया। यद्यपि

इन प्रदेशों में मुगल सूबेदारों का शासन जारी रहा, पर मराठे इनसे निरंतर चौथ वसूल करने लगे और बिहार मराठों के प्रभाव में आ गया।

अट्ठाइसवाँ अध्याय

ब्रिटिश शासन की स्थापना

) यूरोप में साम्राज्यवाद की नई लहर

पंद्रहवीं सदी तक यूरोप के लोग अपने महाद्वीप से बाहर
ो लोगों से सर्वथा अपरिचित थे। उस समय तक दिग्दर्शक
ंत्र का आविष्कार नहीं हुआ था। अतः सामुद्रिक व्यापार
मुद्रतट के साथ-साथ ही होता था। पर पंद्रहवीं सदी के
ंतिम सालों में एक नई प्रवृत्ति का प्रारंभ हुआ। यूरोप और
शिया के देशों में व्यापार देर से चला आता था। भारत के
लीकट आदि पश्चिमी बंदरगाहों से अदन होता हुआ इस
रा का माल मक्का पहुँचता था और वहाँ से ऊँटों के काफ़िलों
र लाद कर उसे नील नदी पर पहुँचाया जाता था। नील
ी के मुहाने से यह माल जहाज़ों पर लादकर वेनिस तथा
मध्यसागर के अन्य बंदरगाहों पर जाता था। इस व्यापारी
ार्ग पर दृष्टिपात करने से यह स्पष्ट हो जायगा, कि अरब
ौर एशिया माइनर के बंदरगाहों पर किस राज्यशक्ति का
ाधिपत्य है, यह बात इस व्यापार की सुरक्षितता के लिये बड़े
हत्व की थी। १४५३ ई० में प्रसिद्ध तुर्क आक्रांता मुहम्मद
ितीय ने कांस्टेंटिनोपल को जीत लिया और संपूर्ण एशिया-
ाइनर पर अपना अधिकार जमा लिया। तुर्कों की इस विजय
ा पूर्व और पश्चिम के बीच के व्यापारी मार्ग सुरक्षित नहीं
हे। तुर्कों से पूर्व इन प्रदेशों पर अरबों का शासन था। अरब
ोग सभ्यता की दृष्टि से बहुत ऊँचे थे और स्वयं व्यापार को

तुर्क प्रदेश देते थे। तुर्क लोग अभी जंगली थे। इनमध्य तु
आक्रमणों से व्यापार के ये महत्त्वपूर्ण मार्ग बहुत कुछ ब
ये और यूरोपीय राज्यों को यह चिंता हुई, कि पूर्वी देशों
व्यापार के लिये किसी नये मार्ग का आविष्कार करें। इ
में स्पेन और पोर्तुगाल के लोगों ने विशेष तत्परता प्रदर्शि
। पोर्तुगीज लोगों में पहले-पहल यह कल्पना उत्पन्न हुई, कि
फ्रीका का चक्कर काट कर पूर्वी देशों तक पहुँचा जा सकता
। इसी उद्देश्य से अनेक पोर्तुगीज मल्लाहों ने अफ्रीका के
द्र के साथ-साथ चलते हुए पूर्वी देशों तक पहुँचने का
न प्रारंभ किया। सन १४८७ में बार्थोलोमियो डियाज इस
न में सफल हुआ। वह अफ्रीका के सबसे निचले सिरे तक
गया। इसका नाम उसने सदाशा का अंतरीप (केप आफ
होप) रखा, क्योंकि अब भारत पहुँचने के एक नये मार्ग
त होने की पूरी आशा हो गई थी। १४९८ ई० में प्रसिद्ध
गीज मल्लाह वास्को डि गामा अफ्रीका का चक्कर काट कर
पहुँच गया, और इस प्रकार पूर्वी व्यापार के एक नये
का आविष्कार हो गया।

सी समय कोलंबस नाम के एक इटालियन मल्लाह के
एक नई कल्पना का उदय हुआ। पृथिवी गोल है, यह
स समय तक ज्ञात हो चुकी थी। कोलंबस ने सोचा कि
टलांटिक महासागर को पार कर निरंतर पश्चिम को
चलते जावें, तो भारत तक पहुँचा जा सकता है। स्पेन
की सहायता से उसने अपनी सामुद्रिक यात्रा प्रारंभ
अटलांटिक महासागर में जाते हुए १४९२ में उसे
दर्शन हुए। उसने समझा यही भूमि भारत है। वस्तुतः
ल अमरीका था, पर उसने एक नये महाद्वीप का पता

लगा लिया और स्पेन के लोग उसमें अपने उपनिवेश बसाने तथा वहाँ अपना कब्जा क़ायम करने में लग गये।

पोर्तुगीज लोगों के बाद डच, फ्रांसीसी, डेनिस और अंग्रेज लोग भी अफ्रीका का चक्कर काट कर समुद्र मार्ग से भारत तथा अन्य पूर्वी देशों में आने जाने लगे और उन्होंने वहाँ के व्यापार को हस्तगत करने के लिये प्रयत्न प्रारंभ कर दिया। इंगलैंड में ईस्ट इंडिया कंपनी इसी उद्देश्य से बनी, और विविध यूरोपियन देशों के व्यापारियों ने भारत के समुद्र तट के बंदरगाहों में अपनी-अपनी व्यापारिक कोठियाँ क़ायम कीं। हुगली से आगे बढ़ कर आर्मीनियन, डच और इंगलिश लोगों ने पटना में किस प्रकार अपनी कोठियाँ स्थापित कीं, यह पहले लिखा जा चुका है।

भारत की राजनीतिक दशा ठीक न होने में इन विदेशी व्यापारियों के दिल में एक नई कल्पना का उदय हुआ। उन्होंने देखा, कि भारत में अनेक राजनीतिक शक्तियाँ परस्पर लड़ने में लगी हैं। इस देश को जीत कर यहाँ अपना राजनीतिक आधिपत्य भी स्थापित किया जा सकता है। पर भारत को विजय करने के लिये यूरोप से सेनाओं को ला सकना सुगम बात नहीं थी। फ्रांस की एक व्यापारिक कोठी पाडिचरी में थी। उसका अध्यक्ष डूप्ले नाम का कुशल और चालाक व्यक्ति था। उसने अनुभव किया, कि भारतीयों में राष्ट्रीय भावना का सर्वथा अभाव है। वेतन देकर इस देश में जितने चाहें, सैनिक भर्ती किये जा सकते हैं। हिंदू, मुसलिम, अफगान, राजपूत—सब प्रकार के आदमी केवल वेतन के लालच से सेना में भरती होने को सदा तैयार रहते हैं, और उनकी सहायता से कोई भी महत्त्वाकांक्षी व्यक्ति अपनी राजशक्ति बढ़ा सकता है। भारतीय सैनिकों की मदद से ही भारत को

सोचा जा सकता है यह विचार डूप्ले के मस्तिष्क में आ गया। यूरोपियन लोगों की इन व्यापारिक कोठियों में पहले भी सैनिक रहते थे, पर अब राजनीतिक शक्ति को बढ़ाने के प्रयोजन से डूप्ले ने बहुत बड़ी संख्या में सैनिकों की भरती करना शुरू किया, और इस सेना को यूरोपियन ढंग से शिक्षित कर भारतीय नरेशों के आपस के झगड़ों में प्रयुक्त करना प्रारंभ कर दिया। डूप्ले की नीति के कारण अब फ्रांसीसी लोग भारत में केवल व्यापारी ही नहीं रह गये, उन्होंने यहाँ अपना राज्य स्थापित करने का प्रयत्न भी प्रारंभ कर दिया। फ्रांसीसियों की देखा देखी अंग्रेज व अन्य यूरोपियन व्यापारियों ने भी इसी नीति का अनुसरण किया। मुगल साम्राज्य की शक्ति के क्षीण होने पर विविध सूबेदार स्वतंत्र राजाओं की स्थिति को प्राप्त कर चुके थे। उनमें राजगद्दी पर अधिकार करने के लिये विविध उम्मीदवारों में संघर्ष चलता रहता था। फ्रांसीसी और अंग्रेज लोगों ने भारतीय वेतनभोगी सैनिकों की जो फौजें तैयार की थीं, उनसे इन विरोधी उम्मीदवारों का पक्ष लेकर परस्पर लड़ना शुरू किया और इस प्रकार अपनी राजनीतिक शक्ति का विस्तार करने का प्रयत्न प्रारंभ कर दिया। यूरोपियन लोगों की भारत में यह अपने साम्राज्यवाद की नई लहर थी। धीरे-धीरे ब्रिटिश लोग अपने प्रयत्न में सफल हुए और भारत की विविध राजनीतिक शक्तियों की निर्बलता और मूर्खता से लाभ उठाकर उन्होंने अपना शासन इस देश में कायम कर लिया।

बिहार में ब्रिटिश शासन का सूत्रपात

बंगाल बिहार के स्वतंत्र सूबेदार नवाब अलीवर्दी खाँ का उल्लेख हम पहले कर चुके हैं। वह नाम को दिल्ली के मुगल

बादशाह के अधीन था, पर वस्तुतः मराठों को चौथ देकर अपनी पृथक सत्ता क़ायम रखने में समर्थ था। मराठों ने चौथ के बदले में उसकी रक्षा व पृथक् सत्ता की जिम्मेदारी ली हुई थी। नवाब अलीवर्दी खाँ एक समझदार और चतुर शासक था। दक्षिणी भारत में राजगद्दी के विविध उम्मीदवारों की सहायता के नाम से अंग्रेज़ और फ्रांसीसी लोग जिस प्रकार अपनी शक्ति को बढ़ा रहे थे, उससे वह बहुत चिंतित था। वह जानता था, कि फिरंगी लोग जो चाल दक्षिण में चल रहे हैं, वह एक दिन बंगाल में भी चलेंगे। इसीलिये वह हुगली और कलकत्ता के फिरंगियों से बहुत सशंक हो गया था। कहते हैं, कि मरने से पूर्व उसने अपने उत्तराधिकारी सिराजुद्दौला को यह शिक्षा दी थी, कि वह यूरोपियन व्यापारियों की बढ़ती हुई ताकत पर निगाह रखे और उन्हें किलाबंदी करने या फौज को बढ़ाने की कभी अनुमति न दे। पर अलीवर्दीखाँ के निर्बल उत्तराधिकारी उसकी इस शिक्षा का पालन नहीं कर सके।

१७५६ ई० में नवाब अलीवर्दीखाँ की मृत्यु हुई। उसके मरते ही अंग्रेज़ों ने कलकत्ता की किलाबंदी को मजबूत करना शुरू कर दिया। सिराजुद्दौला ने यत्न किया, कि कोई विदेशी उसके राज्य में किलाबंदी न करने पाय, पर अंग्रेज़ों ने उसकी आज्ञा पर कोई ध्यान नहीं दिया। इस पर सिराजुद्दौला ने अंग्रेज़ों पर हमला कर दिया। बात की बात में कलकत्ता जीत लिया गया, और बंगाल बिहार में उनकी सब कोठियाँ जब्त

विरोध करने का साहस किया, उन्हें कठोर दंड दिये गये और बिहार पर इन फिरंगी व्यापारियों का कब्जा हो गया। इस युद्ध में अंग्रेजों का सेनापति आयर कूट था।

सिराजुद्दौला के विरुद्ध षड्यन्त्र और पलासी के युद्ध के समय बिहार मराठों के साम्राज्य के अंतर्गत था। वे इस प्रदेश से नियमपूर्वक चौथ वसूल करते थे। इस स्थिति में मराठों का यह कर्तव्य था, कि वे अंग्रेजों के षड्यंत्रों और आक्रमणों से बिहार बंगाल के नवाबों की रक्षा करें। पर मराठे सरदार आपस के झगड़ों में इतने लीन थे, कि उन्होंने इस बात पर कोई भी ध्यान नहीं दिया और बिहार बंगाल अंग्रेजों के कब्जे में चले गये।

बाद में जब मराठों के पेशवा को इस बात का ध्यान आया, तो १७५८ ई० उसने दत्ताजी शिंदे को आगरा का सूबेदार और [illegible]

[illegible]

प्राप्त करने का उद्योग नहीं कर सका। इस समय अहमदशाह अब्दाली भारत की उत्तर-पश्चिमी सीमा को पार कर मुगल साम्राज्य पर आक्रमण करने में लगा था। नाम के मुगल बादशाह का असली शासनसूत्र मराठों के हाथ में था। सन् १७६१ में पानीपत के प्रसिद्ध रणक्षेत्र में अहमदशाह अब्दाली और मराठों में घोर संग्राम हुआ। मराठा सेनायें परास्त हुईं। सदाशिवराव भाऊ, विश्वासराव आदि बहुत से मराठे सरदार युद्धक्षेत्र में मारे गये। मराठे लोग इस युद्ध में बुरी तरह नष्ट हुए। पानीपत की इस पराजय से मराठा राजशक्ति को बहुत धक्का लगा।

बिहार बंगाल को अंग्रेजों से वापस लेने की सब आशा

पानीपत के रणक्षेत्र में मट्टी में मिल गई। अब मराठों के लिए दिल्ली, आगरा और उत्तरी भारत के अन्य प्रदेशों में अपनी शक्ति और प्रभाव को स्थिर रखना कठिन हो गया था। बिहार बंगाल को जीतने का प्रयत्न करना उनके लिये दुःसाहस मात्र था। मराठों की इस भयंकर पराजय से अंग्रेजों को बिहार बंगाल में अपनी शक्ति को सुदृढ़ करने का सुवर्ण अवसर मिल गया।

मीर जाफर शासनकार्य के लिये सर्वथा अयोग्य था। लोग उससे बहुत असंतुष्ट थे। उधर अंग्रेजों के सैनिक खर्च बहुत बढ़ गये थे। अंग्रेजों को यह आशा नहीं रही थी, कि मीर जाफर से और अधिक रुपया वसूल किया जा सकता है। अतः उन्होंने निश्चय किया कि उसके दामाद मीर कासिम को बंगाल का नवाब बनाया जाय। क्लाइव इस समय इङ्गलैंड वापस जा चुका था। उसका उत्तराधिकारी वासिटार्ट था। वह स्वयं मुर्शिदाबाद गया और मीर जाफर को राज्यच्युत कर मीर कासिम को राजगद्दी पर बिठाया गया। बदले में मीर कासिम ने मेदिनीपुर, बर्दवान और चटगाँव जिले की मालगुजारी सैनिक खर्च के लिये मीर कासिम को दी। साथ में उसने बीस लाख रुपया कंपनी के कर्मचारियों को रिश्वत रूप में भी प्रदान किया।

मीर कासिम देर तक अंग्रेजों का कृपापात्र नहीं रह सका। वह योग्य शासक था। खर्च में कमी करके तथा अनेक प्रकार से आमदनी बढ़ाकर उसने अपनी सेना का शेष बचा सब वेतन चुकता कर दिया। इससे सेना उस पर अनुरक्त हो गई। मुंगेर में उसने तोप बंदूक आदि हथियार ढालने का कारखाना खोला और एक यूरोपियन सेनापति को अपनी नौकरी ... अपनी सेना का नये ढंग से संगठन किया। शासन

भी उसने अनेक सुधार किये। फर्रुखसियर के जमाने से
ईस्ट इंडिया कंपनी के माल पर चुंगी माफ़ थी। जो माल
कंपनी की तरफ़ से यूरोप जाता या यूरोप से भारत आता,
उस पर कोई चुंगी नहीं ली जाती थी। पर यह रियायत
केवल कंपनी के माल पर थी। परंतु इस समय कंपनी के बहुत
से कर्मचारी अपना निजू व्यापार भी करते थे, और अपने
माल को भी कंपनी का बताकर उस पर चुंगी देने से इन्कार
करते थे। कंपनी के अंग्रेज कर्मचारियों के निजी व्यापार के
कारण नवाब की चुंगी की आमदनी इस समय बहुत कम हो
गई थी। उसने अंग्रेजों से इस बात की बार-बार शिकायत
की, पर कोई परिणाम न हुआ। आखिर, तंग आकर मीर
कासिम ने देशी व्यापारियों की रक्षा के लिये सारे सूबे से चुंगी
उठा दी। अब अंग्रेजी व्यापारियों का माल भारतीय व्या-
पारियों के मुक़ाबले में सस्ता नहीं बिक सकता था। अंग्रेज
जो अनुचित मुनाफ़ा उठा रहे थे, वह बंद हो गया और उन्होंने
मीर कासिम का घोर विरोध शुरू किया। पर नवाब ने उनके
विरोध की ज़रा भी परवाह नहीं की। अब अंग्रेजों ने मीर
कासिम को च्युत कर मीर जाफ़र को फिर नवाब बनाने के
लिये षड्यंत्र प्रारंभ किया। अंग्रेजों और नवाब में देर तक
सुलह नहीं रह सकी। १७६२ ई० में पटना की अंग्रेजी कोठी
का अध्यक्ष एलिस नियुक्त किया गया। वह मीर कासिम के
प्रति वैर भाव रखता था। उसने बात-बात पर नवाब के कर्म-
चारियों से छेड़-छाड़ शुरू कर दी। वह खुल्लमखुल्ला लड़ाई
की तैयारी में लगा था। इसीलिये हथियारों से भरी दो बड़ी
नौकायें उसने कलकत्ता से पटना मंगवाई थीं, पर उधर
नवाब भी एलिस की कार्रवाइयों को सशंक दृष्टि से देख रहा
था। इन नौकाओं को पटना पहुँचने से पहले ही दख्‍ल दिया

गया। इस पर २५ जून १७६१ ई० को एलिस ने पटना पर कब्जा करने की कोशिश की। उसके पास यूरोपियन सेना की पाँच कंपनियाँ थीं, और भारतीय सिपाहियों की तीन बैटेलियन। इन सेनाओं द्वारा पटना को बुरी तरह से लूटा गया और कुछ समय के लिये एलिस मनमानी करने में समर्थ हुआ। पर नवाब की सेनायें शीघ्र ही मुंगेर से वहाँ पहुँच गईं। उन्होंने पटना को घेर कर वीरता के साथ एलिस का मुकाबला किया। अंग्रेजी सेना अपनी कोठी में घेर ली गई। नवाब की विजय हुई और कंपनी की सेना को बुरी तरह हार हुई। इसके बाद मीर कासिम ने बिहार बंगाल के सब अंग्रेजों को गिरफ्तार करने का हुक्म दिया। अब कंपनी और नवाब में बाकायदा युद्ध का प्रारंभ हो चुका था।

बिहार बंगाल के सूबे मराठा साम्राज्य के अंतर्गत माने जाते थे। अतः मीर कासिम ने अंग्रेजों के विरुद्ध मराठों की सहायता मांगी। पर १७६२ ई० में कलकत्ता के अंग्रेज मराठों को चौथ की पूरी बकाया रकम दे चुके थे। यह रकम देते हुए उन्होंने मराठा सरदार से यह शर्त करा ली थी, कि अंग्रेजों और नवाब के आपसी झगड़े में मराठे लोग नवाब की सहायता नहीं करेंगे। परिणाम यह हुआ, कि मराठों ने अंग्रेजों और मीर कासिम की लड़ाई को एक अंदरूनी झगड़े के अतिरिक्त और कुछ नहीं समझा, और नवाब को सहायता देने से इन्कार कर दिया। इस दशा में कंपनी की सेनाओं के लिये

[illegible]

ने अर सख्ती से काम लिया और अनेक उच्च कर्मचारियों और जागीरदारों को प्राणदंड दिया गया। पटना की अंग्रेजी कोठी

व अध्यक्ष एलिस और उसके बहुत से अंग्रेज साथी भी, जो कुछ समय से नवाब के पास कैद थे, अब मौत के घाट उतारे गये। मीर कासिम ने डट कर पटना में अंग्रेजों का मुकाबला किया पर उसे अपने उद्देश्य में सफलता नहीं हुई। शक्तिशाली व सुसंगठित अंग्रेजी सेना के सामने वह नहीं ठहर सका और बची खुची सेना को साथ ले अवध के नवाब की शरण में चला गया। अंग्रेजों ने न केवल पटना अपितु सम्पूर्ण बिहार पर अपना दखल कर लिया।

अवध के नवाब इस समय न केवल इस सूबे के स्वतंत्र सूबेदार थे, पर मुगल साम्राज्य के वजीर भी माने जाते थे। मुगल बादशाहों का शासन इस समय दिल्ली, आगरा व अन्य समीपवर्ती प्रदेशों तक ही सीमित रह गया था। सम्पूर्ण दक्षिणी व मध्य भारत मराठों के अधीन था। बिहार बंगाल पर अंग्रेजों का अधिकार बढ़ रहा था। पंजाब में अफगान लोगों का जोर था और खास दिल्ली आगरा के मुगल शासन में भी मराठों का बोलबाला था। मराठों और अफगानों के असर से बचने के लिये मुगल बादशाह शाहआलम ने दिल्ली से भाग कर

को कमी न थी। अंग्रेजों ने इन्हें अपनी ओर मिला लि
शाह आलम तक को वे अपनी ओर मिला लेने में समर्थ हु
उन्होंने उसे भरोसा दिलाया, कि अपनी सधी हुई सेना
मदद से वे उसे एक बार फिर दिल्ली के राजसिंहासन
बिठाने में समर्थ हो सकेंगे। परिणाम यह हुआ, कि शुजाउद्दौ
की सेना में फूट पड़ गई। १७६४ ई० में बक्सर के रणक्षेत्र
अंग्रेजों ने उसे बुरी तरह पराजित किया। परास्त शुजाउद्दौ
का पीछा कर उन्होंने इलाहाबाद और लखनऊ पर भी अप
अधिकार कर लिया।

मुगल साम्राज्य के वजीर शुजाउद्दौला को अब केवल एक आश
थी। उसने मराठों से सहायता की याचना की। पानीपत
युद्ध में परास्त होकर मराठों की शक्ति बहुत कुछ क्षीण हो चुक
थी। अपने साम्राज्य की विविध समस्याओं को सुलझा सकन
ही उनके लिये कठिन बात थी। फिर भी मुगल बादशाह
उनकी संरक्षा में थी। अतः प्रसिद्ध शक्तिशाली मराठा सरदार
मल्हारराव होल्कर जो उस समय उत्तरी भारत में मराठा
पेशवा का प्रतिनिधि था, शुजाउद्दौला की सहायता के लिये
तत्पर हुआ। पर वह भी अब अंग्रेजों का मुकाबला कर सकने
में असफल हुआ। ३ मई सन १७६५ में कोरा (ज़िला फतहपुर)
के रणक्षेत्र में अंग्रेजों ने उसे पराजित किया। अब शुजाउद्दौला
के सामने अपने बचाव का कोई मार्ग शेष नहीं रहा। विवश
होकर उसने अंग्रेजों के सम्मुख आत्मसमर्पण कर दिया। इसी
बीच में मीर जाफर की मृत्यु हो चुकी थी। उसके बाद उसका
पुत्र नजीमुद्दौला बिहार बंगाल का नवाब बना। राजगद्दी पर
बैठते समय उसने भी कंपनी के कर्मचारियों को बीस लाख
रुपया रिश्वत में दिया। पर नजीमुद्दौला अब केवल नाम को
ही नवाब था। असली शासनशक्ति

आ गई थी। नवाब की सेना तोड़ दी गई थी और उससे शासन के सब अधिकार छीन लिये गये थे। इस समय बिहार बंगाल की शासनशक्ति पूर्णतया अंग्रेजों के हाथ में आ गई थी। उन्होंने अपनी पसंद से बंगाल में मुहम्मद रजाखाँ को और बिहार में राजा सिताबराय को दीवान के पद पर नियत किया। ये दोनों अंग्रेजों के हाथ की कठपुतली थे।

सन् १७६५ में ही क्लाइव एक बार फिर कलकत्ता की अंग्रेजी कौंसिल का अध्यक्ष बनाकर भारत भेजा गया। पलासी के युद्ध द्वारा क्लाइव ने भारत में जिस अंग्रेजी शासन का बीजारोपण किया था, अब उसने उसे खूब उन्नत किया। इसमें संदेह नहीं कि भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना में क्लाइव का कर्तृत्व बड़े महत्त्व का है।

नजीमुद्दौला ने राजगद्दी पर बैठते समय १७६५ ई० के शुरू में बंगाल बिहार के निजामत के सब अधिकार ईस्ट इंडिया कंपनी को सौंप दिये थे। इसके अनुसार नवाब अब अपनी पृथक् सेना नहीं रख सकता था, उनको सेना बर्खास्त कर दी गई थी। सेना केवल कंपनी रख सकती थी और सारे सूबे में शांति रक्षा का कार्य अब नवाब के हाथ में न रह कर कंपनी के हाथ में आ गया था। अब क्लाइव कलकत्ता से मुर्शिदाबाद होता हुआ सीधा बनारस गया। वहाँ उसने नवाब-वजीर शुजाउद्दौला से और फिर इलाहाबाद जाकर बादशाह शाह आलम से पृथक्-पृथक् संधि की। शुजाउद्दौला ने ५० लाख रुपये अंग्रेजों को हरजाने के रूप में प्रदान किये। शाह आलम के साथ क्लाइव की संधि बहुत महत्त्वपूर्ण थी। उसके अनुसार बिहार, बंगाल और उड़ीसा की दीवानी ईस्ट इंडिया कंपनी को दे दी गई। इन प्रदेशों की निजामत का अधिकार पहले ही कंपनी के हाथ में आ चुका था। अब दीवानी का अधिकार भी कंपनी को

मिल गया। इस अधिकार के अनुसार इन प्रदेशों से मालगुज़ारी, चुंगी व अन्य राजकीय कर कंपनी ही वसूल कर सकती थी। राज्य कर वसूल करने का काम कंपनी के हाथ में था, और शासन का संचालन नवाब करता था। शासन का खर्च चलाने के लिये नवाब को ५३ लाख रुपये की बंधी हुई रकम प्रति वर्ष दी जाती थी। बाद में १७६६ में यह रकम घटा कर ४१ लाख कर दी गई और फिर १७६६ में इसे घटा कर केवल ३२ लाख कर दिया गया। साथ ही, शाह आलम को भी बिहार बंगाल की आमदनी में से २६ लाख रुपया वार्षिक देने की व्यवस्था की गई।

अब स्थिति यह हुई, कि बिहार बंगाल में सेना और राज्य-कर की वसूली का काम कंपनी के हाथ में था। शासन नवाब के कर्मचारियों के द्वारा होता था। बड़े कर्मचारियों की नियुक्ति अंग्रेज अपनी मर्जी से करते थे और छोटे-बड़े सब राजकर्मचारी उनके हाथ में कठपुतली के समान रहते थे, यह एक तरह का दोहरा राज था। इसमें शासन की सब शक्ति और लाभ तो अंग्रेजों के पास थे, पर कर देने वाली जनता की रक्षा या भलाई की कोई भी जिम्मेवारी उनके ऊपर न थी। शासन को चलाने के लिये जो रकम उन्होंने देनी थी, उसकी मात्रा निश्चित थी। पर वे अपनी मर्जी से जितना चाहें, कर वसूल कर सकते थे। ज्यादा कर बढ़ा कर वे अपनी आमदनी को यथेष्ट रूप से बढ़ा सकते थे। मालगुजारी को बढ़ाने के लिये उन्होंने उसे वसूल करने के अधिकार की नीलामी शुरू की। एक इलाके से कितनी मालगुजारी वसूल करके कंपनी को दी जाय, इसके लिये बोली बुलाई जाने लगी। जो सब से ऊंची बोली बोलता, उसी के हाथ में उस इलाके की मालगुजारी वसूल करने का अधिकार सौंप दिया जाता। ये ठेकेदार प्रजा पर सब तरह के अत्याचार कर

के अधिक से अधिक कर वसूल करते। परिणाम यह हुआ, कि विहार बंगाल के सब निवासी इस व्यवस्था से पीड़ित हो गये। पर वे विवश थे। उनके नवाब व बादशाह अशक्त और निर्बल थे। सेना अंग्रेजों के हाथ में थी। राजकर्मचारियों में देशभक्ति व जनसेवा का जरा भी ख्याल न था। अपना वैयक्तिक स्वार्थ ही उनको दृष्टि में उनका सब से बड़ा उद्देश्य था।

(३) घोर दुर्भिक्ष

बिहार में ब्रिटिश शासन के सूत्रपात होने के कुछ ही सालों बाद सन् १७७० में वहाँ एक भयंकर दुर्भिक्ष पड़ा। कंपनी की तरफ से मालगुजारी नीलाम होने पर जो ठेकेदार इस कार्य के लिये नियुक्त हुए थे, वे मनमाने तरीके से किसानों से रुपया वसूल करते थे। ऊंची से ऊंची बोली-बोल कर अपने इलाके [illegible]

इन ठेकेदारों की यह कोशिश रहती थी, कि ठेके की रकम पूरी करने के बाद अधिक से अधिक जितना भी अपने लिये बचा सकें, बचाने का यत्न करें। किसानों से कितना कर लिया जाय, इसकी कोई मात्रा निश्चित नहीं थी। जो भी ज्यादा से ज्यादा वसूल किया जा सकता था, उनसे ले लिया जाता था। परिणाम यह था, कि किसान लोग बिलकुल दरिद्र होते जाते थे। अपना पेट भरने के लिये भी उनके पास अनाज नहीं बच पाता था। उनके पशु, हल, आदि भी मालगुजारी की रकम वसूल करने के लिये नीलाम होते रहते थे। सारे देश में अव्यवस्था मच गई थी, एक प्रकार का आतंक सा छा गया था। बहुत से किसानों

ने तो अपनी हालत से परेशान होकर खेती करना ही छोड़ दिया। बहुत सी जमीन बिना खेती के परती पड़ी रहने लगी थी इस हालत में १७६९ ई० में वर्षा भी कम हो गई। परिणाम यह हुआ, कि १७७० में सम्पूर्ण बंगाल बिहार में भयंकर दुर्भिक्ष पड़ा। कहते हैं, इस दुर्भिक्ष में बंगाल बिहार की तिहाई आबादी भोजन के अभाव में भूख से तड़प-तड़प कर मर गई। उस समय इस सूबे की कुल आबादी तीन करोड़ थी। उसमें से एक करोड़ आदमी इस भयंकर दुर्भिक्ष के भक्ष्य हो गये। पटना पर इस दुर्भिक्ष का बहुत बुरा असर पड़ा। वहाँ के नायब सिताबराय ने कलकत्ता की ब्रिटिश कौंसिल को यह रिपोर्ट भेजी, कि ५० के लगभग आदमी प्रतिदिन पटना शहर में भूख से मर रहे हैं। उसने प्रस्ताव किया कि दो लाख रुपया पटना के दुःखपीड़ितों की सहायता के लिये मंजूर किया जाय। उस समय तक क्लाइव भारत से इंगलैंड वापस जा चुका था। कलकत्ता का प्रमुख ब्रिटिश अधिकारी उस समय जॉन कार्टियर (१७७० से १७७२ ई० तक) था। उसने न तो दुर्भिक्ष निवारण के लिये स्वयं कोई कार्रवाई की और न ही स्थानीय अधिकारियों को यह अधिकार दिया, कि वे इस विपत्ति से जनता की रक्षा के लिये कोई कदम उठा सकें। सिताबराय के सब प्रस्ताव व आवेदन कागज पर ही रह गये। पटना में भूख से मरने वालों की संख्या निरंतर बढ़ती गई। कुछ समय बाद, इस प्रकार की मृत्यु की संख्या उस नगरी में १५० प्रति दिन तक पहुँच गई। बिहार के स्थानीय कर्मचारियों व धनी पुरुषों ने अपनी तरफ से जनता की सहायता के लिये एक निधि खोली। पटना के फ्रांसीसी और डच व्यापारियों ने भी अपनी शक्ति के अनुसार इस निधि में चंदा दिया। पर ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारियों के कानों पर इस भयंकर विपत्ति के समय जूँ

तक भी नहीं रेंगी। इस दुर्भिक्ष ने बिहार बंगाल के प्रदेशों को घोर विपत्ति में डाल दिया। वहाँ का आर्थिक जीवन बिलकुल छिन्न-भिन्न हो गया और इस मुसीबत के असर को हटने में दसों साल लग गये।

कृषि के अतिरिक्त बिहार के व्यवसाय भी इस काल में बड़े संकट में पड़े। पटना पूर्वी भारत के व्यापार का बड़ा भारी केंद्र था। वहाँ का शोरा, चीनी, कपड़ा, मुश्क व अन्य बहुमूल्य माल बड़ी मात्रा में विदेशों में जाता था। सूती और रेशमी, दोनों प्रकार के कपड़ों की पटना बहुत बड़ी मंडी थी। वहाँ के इसी व्यापार से आकृष्ट होकर विविध यूरोपियन लोगों ने अपनी कोठियाँ पटना में क़ायम की थीं। पर इस समय तक यूरोप में व्यावसायिक क्रांति का प्रारंभ हो चुका था। सूत कातने व कपड़ा बुनने के नये-नये साधन इंगलैंड में प्रयुक्त होने शुरू हो चुके थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापारी भारत के कारीगरों पर भयंकर अत्याचार करते थे। कंपनी के कारिंदे करीगरों की किसी भी बस्ती में जा पहुँचते। रुपया पेशगी देकर उनसे ज़बर्दस्ती यह इकरार करते, कि वे अपना सारा माल कंपनी को ही देंगे। इस माल की कीमत भी वे मनमानी तय करते। यदि कारीगर जरा भी विरोध करते, तो उन्हें कोड़ों से पीटा जाता। वे इस बात के लिये मजबूर किये जाते, कि कंपनी द्वारा निश्चित की गई कीमत पर अपना सब माल अंग्रेज़ों के सुपुर्द कर दें। यह कीमत इतनी कम होती थी, कि कारीगर कम मूल्य पर माल देने की अपेक्षा खाली बैठना हो पसंद करते थे। कंपनी के कारिंदे उन्हें जबर्दस्ती माल देने के लिये विवश न कर सकें, इस लिये बहुत से जुलाहों ने स्वयं अपने अंगूठे कटवा लिये थे। इस सब का परिणाम यह हुआ, कि बिहार बंगाल के व्यवसाय नष्ट होने लगे। उधर व्यावसायिक क्रांति के कारण

इङ्गलैंड में कपड़ा व अन्य माल बड़ी मात्रा में तैयार होने लगा और इधर भारत के कारीगर कंपनी के अत्याचारों से परेशान होकर अंगूठे काट कर खाली बैठने लगे। भारत की कारीगरी ठप होने लगी और इङ्गलैंड का माल इस देश के बाजारों में बिकना शुरू हो गया। बिहार बंगाल के लिये यह बड़ी भयंकर विपत्ति थी। किसान लोग ठेकेदारों के अत्याचारों से तंग थे और कारीगर लोग परिस्थितियों से विवश होकर बेकार बैठे थे। कारीगरों की बेकारी ने १७७० ई० के दुर्भिक्ष की भयंकरता को और भी बढ़ा दिया। जो बिहार बंगाल अपनी समृद्धि व संपत्ति के लिये सर्वत्र प्रसिद्ध थे, वहाँ अब दरिद्रता का नग्न नृत्य दिखाई पड़ने लगा।

पटना में शासन के लिये जो कौंसिल १७६६ ई० में नियत हुई थी, उसके तीन सदस्य थे, १-मिडल्टन, जो पटना की अंग्रेजी कोठी का अध्यक्ष था, २-सिताबराय, जो अंग्रेजों की तरफ से बिहार का दीवान नियत हुआ था, ३-धीरजनारायण, यह बिहार के भूतपूर्व नायक रामनारायण का भाई था, और इस समय उसकी जगह बिहार के नायक के पद-पर नियुक्त था। ये तीनों व्यक्ति कलकत्ता की अंग्रेजी कौंसिल की तरफ से बिहार का शासन करते थे। पर १७७० ई० के दुर्भिक्ष को दूर करने में इन्हें कोई भी सफलता नहीं हुई। वस्तुतः, इस समय सारे बिहार बंगाल में एक प्रकार की अराजकता सी छाई हुई थी। सूबे का नाममात्र का नवाब नजीमुद्दौला सर्वथा अशक्त और निर्बल था। उसके नवाब व दीवान शक्तिहीन थे। शक्ति केवल अंग्रेजों के पास थी। पर वे शासनकार्य में अपनी कोई भी जुम्मेवारी नहीं समझते थे। उनका काम केवल यह था, कि अधिक से अधिक राज्यकर वसूल करें और अपने व्यापार द्वारा ज्यादा से ज्यादा मनाफ़ा प्राप्त करें। पाटलीपुत्र के हजारों साल

के इतिहास में इतना भयंकर काल इस प्रदेश में पहले कभी नहीं हुआ। अंत में इङ्गलैंड में विद्यमान कंपनी के डाइरेक्टरों और अन्य राजनीतिज्ञों का ध्यान भी देश की इस दुर्दशा की तरफ आकृष्ट हुआ, और उन्होंने स्थिति को सभालने के लिये आवश्यक कार्यवाही करने की आवश्यकता अनुभव की।

(४) ब्रिटिश शासन का संगठन

इसी कारण ईस्ट इंडिया कंपनी के कार्यों को नियन्त्रित करने के लिये सन १७७३ ई० में ब्रिटिश पार्लियामेंट ने एक रेगुलेटिंग एक्ट पास किया। इस कानून द्वारा बिहार बंगाल के दोहरे शासन का अंत किया गया। कलकत्ता के गवर्नर को गवर्नर जनरल का पद दे उसकी शासन में सहायता करने के लिये एक कौंसिल की व्यवस्था की गई, जिसके कुल पाँच सदस्य होते थे। मद्रास और बंबई के गवर्नरों को भी कलकत्ता के गवर्नर जनरल के अधीन किया गया। कलकत्ता की कौंसिल को यह आदेश दिया गया कि वह बिहार बंगाल के दीवानी और फौजी शासन को अपने अधिकार में कर ले। यह व्यवस्था की गई, कि इन प्रदेशों की मालगुजारी व अन्य करों को वसूल करने के लिये अपने पृथक् राजकर्मचारी नियत किये जायें। इसीलिये बिहार और बंगाल के दीवानों को पदच्युत किया गया। उनके स्थान पर राजकीय करों की वसूली और व्यवस्था के लिये कलकत्ता में एक 'बोर्ड आफ रेवेन्यू' की स्थापना की गई। इस बोर्ड की तरफ से राजकीय कर की वसूली के लिये विविध इलाकों में 'कलक्टरों' की नियुक्ति की गई। पर कुछ वर्षों तक मालगुजारी की वसूली पहले की तरह नीलामी द्वारा ही होती रही। अंतर केवल यह पड़ा कि नीलामी की अवधि बढ़ाकर एक साल की जगह पाँच साल कर दी गई। १७७७ ई० में

बच-खुच शासन अधिकार भी छीन लिये गये और आखिरकार उसकी सत्ता का ही अंत कर दिया गया। दीवानी शासन के लिये जो पृथक् दीवान बिहार व बंगाल में नियत रहते थे, उन्हें हटा दिया गया। सर्वत्र ब्रिटिश कर्मचारी सीधे स्वयं शासन करने लगे। वे अपनी सहायता के लिये भारतीय कर्मचारियों को अवश्य नियत करते थे, पर सारी शासनशक्ति अंग्रेजों के ही हाथों में थी।

१७८४ ई० में भारत में ब्रिटिश शासन को पुन: संगठित करने की आवश्यकता अनुभव की गई। इसीलिये इंगलैंड के प्रधानमंत्री पिट ने पार्लियामेंट में एक नया कानून पास कराया

रहता था। ईस्ट इंडिया कंपनी के डाइरेक्टरों को यह अधिकार नहीं था, कि वे भारत के ब्रिटिश शासकों को अपनी तरफ से कोई सीधी आज्ञा दे सकें। गवर्नर जनरल, गवर्नर व सेनापति आदि प्रधान राजकर्मचारियों की नियुक्ति भी ब्रिटिश सरकार स्वयं करे, यह व्यवस्था की गई। अब इस नये कानून के अनुसार वारन हेस्टिंग्स के बाद लार्ड कार्नवालिस को गवर्नर जनरल के पद पर नियुक्त किया गया। उसका काल शासन को सुव्यवस्थित व संगठित करने लिये प्रसिद्ध है। कार्नवालिस ने सबसे पहले मालगुजारी की नीलामी को बंद कर स्थायी बंदोबस्त की प्रथा का प्रारंभ किया। इस प्रथा के अनुसार यह स्थिर रूप से तय कर दिया गया, कि किस जमीन से कितनी मालगुजारी ली जाय। जमींदारों व किसानों को अब यह भरोसा हो गया, कि उन्हें सरकार को क्या कुछ देना है। अब वे अपनी शक्ति और ध्यान जमीन की उन्नति और पैदावार की वृद्धि पर लगा

सकते थे। मालगुज़ारी की नीलामी के कारण किसानों की जो भयंकर दुर्दशा हो गई थी, अब उसमें धीरे-धीरे सुधार प्रारंभ हुआ। १७७० के दुर्भिक्ष के बाद से बिहार बंगाल में जो भयानक गरीबी और भुखमरी शुरू हुई थी, वह अब कुछ कुछ ठीक होने लगी। लार्ड कार्नवालिस के समय में ही सारे बिहार बंगाल को शासन की दृष्टि से ज़िलों में विभक्त कर उनके शासन के लिये विविध अफ़सरों और न्यायालयों का सूत्रपात किया गया। नौकरशाही का जो ढाँचा इस समय ब्रिटिश भारत के विविध प्रदेशों का शासन करने के लिये विद्यमान है, उसका प्रारंभ इसी काल में हुआ था।

कार्नवालिस के बाद जो विविध गवर्नर जनरल नियुक्त हुए, उन सबने भारत में दूर-दूर तक ब्रिटिश सत्ता का विस्तार किया। भारत मे कोई भी राजनैतिक शक्ति इस समय ऐसी नहीं रही थी, जो अंग्रेजों का मुकाबला कर सकती। मुग़ल बादशाह और उसके अधीन विविध सूबों के नवाब अब तक सर्वथा शक्तिहीन हो चुके थे। मराठों में आपस के झगड़ों के कारण संगठन का अभाव था। भारत की इन विदेशी फिरंगियों से रक्षा करनी चाहिये, यह भावना उस समय के राजाओं व नवाबों में किसी में भी नहीं थी। परिणाम यह हुआ, कि धीरे-धीरे सारा भारत अंग्रेजों के अधिकार में आ गया। सन् १८४६ तक प्राय. सारे भारत में ब्रिटिश सत्ता की स्थापना हो गई थी। बिहार और पटना तो इससे बहुत पहले, अठारहवीं सदी के मध्य में ही अंग्रेजों की अधीनता में आ चुके थे।

(१०) पटना का ह्रास

ाल तक भारत

...क का प्रधान केंद्र रहा, गुप्त सम्राटों के बाद उसका बहुत कुछ ह्रास हो गया था। शेरशाह के समय में पटना के रूप में उसका पुनरुत्थान हुआ और मुगल बादशाहत के काल में यह एक समृद्ध तथा वैभवपूर्ण सूबे की राजधानी रहा। प्राचीन काल में पाटलीपुत्र स्थल तथा जल, दोनों प्रकार के ...ों से होने वाले व्यापार का बड़ा केंद्र था, मुगल काल में उसकी यह विशेषता क़ायम रही। इसमें सदेह नहीं, कि ...लों के समय में पटना उत्तर-पूर्वी भारत का सबसे बड़ा ...र था और उसके व्यापार से आकृष्ट होकर ही विविध ...पियन देशों के व्यापारियों ने अपनी कोठियाँ वहाँ क़ायम थीं। मुगल बादशाहत की शक्ति के क्षीण होने पर बिहार ...ल के नवाबों के अधीन हो गया था, पर बंगाल की अधी... में भी पटना का वैभव कम नहीं हुआ था। नवाब के ...व वहाँ शासन करते थे और बिहार प्रांत के शासन ... नगर केंद्र था। पटना की यह महत्त्वपूर्ण स्थिति कंपनी ... स्थापित दोहरे शासन में भी क़ायम रही।

[illegible]

...हार का शासन करने के लिये रहते थे, उनके दफ्तर तोड़ ... दिये गये और सारा राज्यकार्य कलकत्ता से होने लगा। पटना ... स्थिति एक मोफ़स्सिल शहर की रह गई और राजनीतिक ... के रूप में उसका महत्त्व बहुत कम रह गया।

उन्नीसवीं सदी में पटना का व्यापारिक महत्त्व भी घटने ...। इसके कई कारण हुए। भारत में रेलों के विस्तार से अब ... का माल सीधा कलकत्ता पहुँचने लगा। रेलों के युग से ... [illegible]

ग्रह था, उनकी पैदावार भी अब भारत में कम होने लगी थी। विलायती कपड़े के आगमन से भारतीय कपड़े का बाजार मंदा हो गया था। ईस्ट इंडिया कंपनी के कर्मचारियों ने बिहार के व्यवसायियों और कारीगरों के साथ जो निष्ठुरता का बरताव किया था, उसके कारण भी इस प्रदेश के व्यवसाय नष्ट हो रहे थे। इस दशा में यदि पटना का व्यापारिक महत्त्व कम हो गया, तो इसमें आश्चर्य की क्या बात है।

(६) सन् ५७ का राजविद्रोह

भारत की विविध राजनीतिक शक्तियों में किस प्रकार बल, राष्ट्रीय भावना और देशप्रेम की कमी थी, इसका उल्लेख हम अनेक बार पहले कर चुके हैं। पर अभी राष्ट्रीय चेतना का भारत में सर्वथा लोप नहीं हुआ था। लोग वे दिन नहीं भूले थे, जब दिल्ली की राजगद्दी पर शक्तिशाली मुगल बादशाह विराजमान थे। राजपूत, जाट, अफ़गान और मराठे, सब उसके प्रति अनुरक्त थे, और दिल्ली के राजसिंहासन का आदर करते थे। मराठों ने प्रायः संपूर्ण भारत पर अपना अधिपत्य स्थापित किया, पर मुगल सम्राट् का अनादर नहीं किया। दिल्ली के इन मुगल शासकों के रूप में भारत की राजनीतिक एकता क़ायम रही। पर अब विदेशी अंग्रेज जिस प्रकार सारे भारत में छातेजारहे थे, उससे यहाँ के राजनीतिक नेता जागरूक होगये और उनका स्वाभिमान व स्वाधीनता की आकांक्षा सन् ५७ के राजविद्रोह के रूप में भड़क उठी। इस विद्रोह या स्वातंत्र्य संग्राम के प्रधान नेता मराठा पेशवाओं के अंतिम वंशधर नाना साहब और उनके मंत्री अजीमुल्ला थे। उस समय ब्रिटिश लोगों की सेना में प्रधानतया पुरबिये लोग होते थे। ये पुरबिये (अवध, भोजपुर तथा समीप के प्रदेशों के निवासी) लोग

इन्हीं सैनिकों के वंशज थे, जिनके बल पर किसी समय में मगध के सम्राटों ने अपने शक्तिशाली 'आसमुद्र' साम्राज्य की स्थापना की थी। इनका पेशा ही सैनिक सेवा था। मुगल बादशाह और अवध के बंगाल के नरेशों की सेनाओं में इन्हीं की प्रधानता होती थी। अब ब्रिटिश लोगों की सेना में भी ये ही लोग अधिक संख्या में थे। इन पुरबियों में राष्ट्रीय चेतना अब तक विद्यमान थी। आवश्यकता केवल इस बात की थी, कि कोई सुयोग्य नायक इनको मार्ग प्रदर्शित करे। नाना साहब के रूप में उन्हें एक कुशल और महत्वाकांक्षी नेता मिल गया और उन्होंने सन् १८५७ की ग्रीष्म ऋतु में विद्रोह का झंडा खड़ा कर दिया। मेरठ से शुरू होकर विद्रोह की यह अग्नि संपूर्ण उत्तरी भारत में फैल गई।

पटना भी इसके असर से न बच सका। वहाँ की भारतीय सेना में बड़ी प्रबल उत्तेजना विद्यमान थी। जनता पर भी इसका बड़ा असर था। पटना में विद्रोह की पहल आम लोगों द्वारा हुई। तीन जुलाई १८५७ को पटना के लोगों की एक टोलीने शहर के रोमन कैथोलिक चर्च पर हमला बोल दिया। पटना में अंग्रेजों की अफीम की कोठी उस समय बहुत उन्नत दशा में थी। उसका अध्यक्ष डा० लायल बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति था। वह रोमन कैथोलिक चर्च की रक्षा के लिये अग्रसर हुआ। पर विद्रोहियों के सामने उसकी एक न चली। वह वहीं लोगों की गोलियों का शिकार होकर मारा गया। पर शीघ्र ही ब्रिटिश सेनायें वहाँ पहुँच गईं और लोगों को काबू करने में समर्थ हुईं। इसके बाद पटना में जगह-जगह तलाशियाँ ली गईं। बहुत से लोग गिरफ्तार किये गये। इनमें से चौदह नेताओं को फाँसी चढ़ाया गया। इनमें सबसे प्रमुख विरहुत का एक जमींदार था, जिसका नाम वारिसअली था। फाँसी के तख्ते पर चढ़ते

हुए उसने आवेश में आकर कहा—"दिल्ली के बादशाह के दोस्तों की रक्षा के लिये।"

पर इससे पटना में विद्रोह की भावना शांत नहीं हो गई। २५ जुलाई को वहाँ विद्रोह की आग फिर भड़क उठी। इस बार विद्रोही लोगों का नेता पीरअली था। अंग्रेजों ने उसे गिरफ्तार कर फाँसी पर चढ़ा दिया। इस पर पटना के समीप दानापुर छावनी की भारतीय सेना उत्तेजित हो गई। अंग्रेजों ने कोशिश की कि सेना से हथियार रखा लिये जावें। पर सिपाहियों ने अपने अंग्रेज अफसरों का कहना मानने से इकार कर दिया। अंग्रेजों के हुकुम की उपेक्षा कर दानापुर के सिपाही आरा के विद्रोहियों के साथ जा मिले। इनका नेता राजा कुंवरसिंह था, जो जगदीशपुर का एक प्रभावशाली जमींदार था। उसकी आयु इस समय अस्सी साल की थी। इस वृद्ध नेता के नेतृत्व में बिहार के विद्रोही लोग कई महीनों तक अंग्रेजों के साथ युद्ध करते रहे। इन युद्धों में ही कुंवरसिंह की मृत्यु हुई। उसके बाद उसके भाई अमरसिंह के नेतृत्व में बिहार के विद्रोही अंग्रेजों के साथ संघर्ष में व्यापृत रहे। पर सन् ५६ का यह स्वातंत्र्य संग्राम सफल न हो सका। धीरे-धीरे अंग्रेजों ने दिल्ली, कानपुर, लखनऊ आदि पर फिर से अधिकार कर लिया। इस दशा में बिहार के लोग कब तक लड़ते रह सकते थे। वे भी परास्त हो गये और अंग्रेजों का शासन फिर एक बार अबाधित रूप से स्थापित हो गया।

सन् ५७ के विद्रोह के शांत हो जाने के बाद भी बिहार में अव्यवस्था और अशांति जारी रही। सन् ५६ में झारखंड और संथाल परगने के संथालों ने और नील के खेतों के किसानों ने निलहे गोरों के विरुद्ध विद्रोह किया। बिहार में शिल्प और व्यवसाय के नष्ट होने पर बेकार लोगों की संख्या

बहुत बढ़ गई थी। १९०० ई० के दुर्भिक्ष ने भी ऐसे लोगों की संख्या को बहुत बढ़ा दिया था, जो बिल्कुल बेकार थे और [illegible] भी मजदूरी पर काम करने के लिये तैयार हो जाते थे। इस परिस्थिति से लाभ उठा कर उत्तरी बिहार में अंग्रेजों ने बहुत बड़ी बड़ी जागीरें बना ली थीं, जहाँ वे बहुत सस्ती मजदूरी पर लोगों को रख कर उनसे खेती कराते थे। इन जमीनों पर मुख्यतया नील की खेती होती थी। नील के व्यापार से गोरे लोग काफी रुपया पैदा करते थे, पर मजदूरों को केवल नाममात्र ही मिलता था। यही कारण है, कि सन् १९०८ में जब इन मजदूरों ने अपने गोरे मालिकों के खिलाफ विद्रोह किया, तो उसने बहुत भयंकर रूप धारण कर लिया। विवश होकर ब्रिटिश सरकार को नील की खेती के संबंध में विचार करने के लिये एक कमीशन बिठाना पड़ा और इस कमीशन की सिफारिशों पर मजदूरों की दशा को सुधारने के लिये अनेक प्रयत्न किये गये।

(७) ईस्ट इंडिया कंपनी का अन्त

ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना भारत तथा अन्य पूर्वी देशों के साथ व्यापार के उद्देश्य से की गई थी। इसमें संदेह नहीं, कि इस कंपनी ने व्यापार द्वारा इंगलैंड की समृद्धि को बहुत बढ़ाया। पर भारत की अव्यवस्थित राजनीतिक दशा से लाभ उठा कर कंपनी के कर्मचारियों ने यहाँ अपनी राजशक्ति का भी विस्तार किया और धीरे-धीरे सारे देश को जीत कर अपने अधीन कर लिया। वस्तुतः, संसार के इतिहास में एक व्यापारिक कंपनी का इस प्रकार के विशाल साम्राज्य की स्थापना एक अद्भुत व आश्चर्यजनक बात है। अंग्रेजों का भारतीय साम्राज्य प्राचीन रोमन साम्राज्य की अपेक्षा भी अधिक विस्तृत

ार सम्राज्यपूर्ण है। इसकी स्थापना किसी सम्राट् की विजया ोंा द्वारा न हो कर एक व्यापारिक कंपनी की सूझ और ग्यता द्वारा हुई है। इसके लिये न इंगलैंड से सेनायें लाई ईं, और न उस देश का रुपया ही खर्च हुआ। भारत को इसी श के सिपाहियों और इसी देश के धन से जीता गया। ःसंदेह, यह कंपनी के कर्मचारियों की अपूर्व प्रतिभा का ही मत्कार था।

वारन हेस्टिंग्स के समय से भारत के शासन में ब्रिटिश ारकार का हाथ निरंतर बढ़ रहा था। अब सन ५७ के राज- वेद्रोह के बाद यह आवश्यक समझा गया, कि भारत के शासन ो कंपनी के हाथ से लेकर पूर्णतया ब्रिटिश सम्राट् के अधीन कर दिया जाय। इतने विशाल साम्राज्य का शासन एक व्या- ारिक कंपनी के हाथ में रखे रहना किसी भी प्रकार उचित न था। अतः १८५८ के एक क़ानून के अनुसार भारत की सरकार ब्रिटिश सम्राट् के अधीन कर दी गई, और ब्रिटिश मंत्रिमंडल में भारत मंत्री के नाम से एक नये मंत्री की नियुक्ति की गई, जो भारत के शासन के लिये पार्लियामेंट के प्रति उत्तरदायी होता था। भारत के गवर्नर जनरल को सम्राट् के प्रतिनिधि (वायसराय) का भी पद दिया गया। इसमें संदेह नहीं, कि इस परिवर्तन से भारत में एक सुव्यवस्थित शासन के स्थापित होने में बहुत मदद मिली और धीरे-धीरे संपूर्ण देश में एक मज़बूत और शांतिमय शासन का विकास हो गया। इस शासन में भारतीयों को कोई स्थान नहीं था। उनकी राजनीतिक व राष्ट्रीय भावना के यह शासन सर्वथा प्रतिकूल था। पर अंग्रेज़ों के प्रयत्न से एक बार फिर भारत में ऐसे शक्तिशाली साम्राज्य की स्थापना हो गई थी, जिसमें आंतरिक युद्ध, अशांति तथा लूटमार का सर्वथा अभाव था।

उन्तीसवाँ अध्याय

वर्तमान और भविष्य

(१) राष्ट्रीय पुनरुत्थान

पिछली एक सदी भारत के इतिहास में राष्ट्रीय
का काल है। इस काल में सारे एशिया में एक नवी
की एक नई लहर सी चल रही थी। यूरोप में जो नये
आविष्कार हुए थे, उनके कारण वहाँ के देशों की काय
हो गई थी। एक समय था, जब यूरोप में भी अविद्या
कार छाया हुआ था, लोगों में अन्धविश्वास घर
थे। जनता रूढ़ि की पुजारी थी। पुराने धर्मग्रंथों में
लिखा हुआ है, उसके विरुद्ध सोचना तक कुफर माना जाता
था। यूरोप में यह दशा सोलहवीं सदी में ही सुधरनी शुरू हो
गई थी। एक बार लोगों के दिमाग जब अंधविश्वासों से
मुक्त हो गये, वे अपनी बुद्धि से सत्य असत्य का निर्णय करने
लग गये, तब यूरोप में उस आश्चर्यजनक उन्नति का प्रारंभ
हुआ, जिसके कारण उन्होंने सारी दुनिया पर अपना प्रभुत्व
क़ायम कर लिया। सोलहवीं सदी में भारत में भी अनेक धार्मिक
सुधारक उत्पन्न हुए। पर उस समय की राजनीतिक परिस्थि-
तियों के कारण इनकी संपूर्ण शक्ति जनता में एक आश्वासन
की भावना उत्पन्न करने में ही लग गई। इनके उद्योग
से लोगों के संतप्त हृदयों को शांति अवश्य मिली, पर भारत
से अविद्या का अंधकार दूर कर एक नई जागृति उत्पन्न करने
में इन संतों से कोई विशेष सहायता नहीं मिली।

ब्रिटिश शासन के स्थापित होने पर भारत के लोगों ने

अनुभव किया कि दुनिया उन्नति की दौड़ में कितनी आगे बढ़ चुकी है। इसमें तो कोई संदेह ही नहीं, कि ये अंग्रेज लोग भारतीयों से सब बातों में आगे थे। उनका सैन्य संगठन अधिक उत्तम था, उनके हथियार नये प्रकार के थे। विज्ञान की उन्नति के कारण उनके पास ऐसे साधन थे, जिनका भारतीयों को कोई भी परिचय नहीं था। शासन, राजनीति, दर्शन और समाजशास्त्र के क्षेत्र में भी यूरोप के ये निवासी भारतीयों की अपेक्षा बहुत आगे बढ़े हुए थे। इस दशा में यह स्वाभाविक था, कि अपने नये शासकों के सम्मुख भारतीयों में एक प्रकार की हीन भावना उत्पन्न होने लगती, वे हर एक बात में अंग्रेजों की नकल करने में ही अपना कल्याण समझते, और अपनी सभ्यता, संस्कृति और धर्म को तिलांजलि देकर वे अंग्रेजों का अनुकरण करने में तत्पर हो जाते। अंग्रेजों ने अपना राज्यशासन सुदृढ़ करके यहाँ अंग्रेजी की शिक्षा का प्रारंभ किया। परिणाम यह हुआ, कि भारत में शिक्षित लोगों की एक ऐसी श्रेणी उत्पन्न हो गई, जो अपने विचारों की दृष्टि से अंग्रेजों के पूर्णतया गुलाम थे।

पर भारत में राष्ट्रीय चेतना का सर्वथा लोप नहीं हो गया था। यही कारण है, कि यहाँ ऐसे अनेक सुधारक उन्नीसवीं सदी में उत्पन्न हुए, जो भारत के प्राचीन धर्म में संशोधन कर जनता में आत्मगौरव और देशप्रेम की भावना को पुनः जागृत करने में सफल हुए। इन सुधारकों में सबसे मुख्य ऋषि दयानन्द थे। दयानन्द को अंग्रेजी का बिलकुल भी ज्ञान नहीं था। उन्होंने प्राचीन वेदशास्त्रों का अध्ययन कर यह अनुभव किया, कि वर्तमान हिंदू धर्म बहुत विकृत हो चुका है। उन्होंने कहा, कि प्राचीन आर्यधर्म न केवल पूर्णरूप से सत्य है, परं अन्य सब धर्मों का उद्गम भी उसी से हुआ है। देश की उन्नति के

लिये भारतीयों को पश्चिमी देशों का अन्धानुकरण नहीं करना चाहिये, अपितु अपने धर्म, सभ्यता और संस्कृति पर दृढ़ रह कर भारत की वास्तविक आत्मा का विकास करना चाहिये। दयानंद के अनुसार विज्ञान कोई पश्चिमी देशों का आविष्कार नहीं। स्वराज्य, स्वदेशी, लोकतंत्र शासन आदि के सब विचार भारत के अपने हैं, विज्ञान की भी भारत में कभी बहुत उन्नति हो चुकी थी। बाद में लोग अन्धविश्वासों में फँस कर पीछे गिर गये। भारत को फिर से उन्नत करने के लिये पश्चिमी देशों का आँख मींच कर अनुसरण करने की आवश्यकता नहीं। यदि पुरानी भारतीय संस्कृति का ही पुनरुद्धार किया जाय, तो यह देश फिर से संसार में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त कर सकता है। मानसिक गुलामी को दूर करने, असत्य को त्याग कर सत्य को ग्रहण करने और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर दयानंद ने बड़ा जोर दिया। इसी तरह रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, स्वामी रामतीर्थ, राजा राममोहनराय आदि अनेक सुधारकों ने अपने-अपने ढंग से भारत के राष्ट्रीय गौरव का पुनरुत्थान करने का उद्योग किया। दक्षिण में प्रार्थना समाज ने वही कार्य किया, जो उत्तरी भारत में आर्यसमाज और ब्रह्मसमाज ने किया था। इन सब आंदोलनों ने भारत को उस राजनीतिक शक्ति के लिये तैयार कर दिया, जो अंग्रेजों की अधीनता से जनता को मुक्त कराके स्वराज्य के मार्ग पर आगे बढ़ाने में समर्थ हुई। धर्मसुधारकों के अतिरिक्त साहित्य के क्षेत्र में भी नई भावना का प्रादुर्भाव हुआ। बंगाल में बंकिमचंद्र इस नई भावना के पहले प्रतिनिधि हैं। अपने 'आनंदमठ' में इन्होंने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध विद्रोह कर स्वाधीनता की प्राप्ति के आदर्श को प्रस्तुत किया। भारत का प्रसिद्ध राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' बंकिमचंद्र की ही देन है। बंकिम के समान

गौरव का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से अपना कार्य प्रारंभ किया। १६०५ ई० में एशिया के एक छोटे से देश जापान ने यूरोप के रशिया जैसे शक्तिशाली देश को युद्ध में परास्त किया। यूरोप के लोग एशिया के लोगों की अपेक्षा अधिक उत्कृष्ट हैं, इस धारणा को इस युद्ध से बड़ा धक्का लगा। भारत में भी लोगों में यह विचार उत्पन्न हुआ, कि यदि जापान रशिया को हरा सकता है, तो हम अंग्रेजों को क्यों नीचा नहीं दिखा सकते? इस समय भारत का गवर्नर-जनरल लार्ड कर्जन था। उसने चाहा कि बंगाल के विशाल सूबे को दो भागों में बाँट दिया जाय। उस समय तक बिहार, बंगाल, आसाम और उड़ीसा का एक ही सूबा था। बंगाल के लोगों ने कर्जन के इस प्रस्ताव को राष्ट्रीयता की दृष्टि से हानिकारक समझा। उन्होंने इसके विरुद्ध प्रचंड आंदोलन प्रारंभ किया। अंग्रेजी वस्तुओं का बहिष्कार और स्वदेशी का प्रचार इस आंदोलन के मुख्य साधन थे। अनेक जोशीले नवयुवकों ने इस समय आंतक के उपायों का भी आश्रय लिया। जगह-जगह पर क्रांतिकारी लोग हथियार और बंब बनाने लगे। कई अंग्रेज अफसरों पर इस समय हमले भी किये गये और यह स्वातंत्र्य आंदोलन बंगाल तक ही सीमित न रह कर सारे भारत में व्याप्त हो गया। पंजाब इसका दूसरा केंद्र बना। सरकार ने भी इस समय जनता पर अत्याचार करने में कोई कसर बाकी न छोड़ी। अनेक नेता गिरफ्तार किये गये। पर स्वतंत्रता का यह आंदोलन दबा नहीं। आखिर, सन् १६११ में ब्रिटिश सम्राट् जार्ज पंचम भारत आये और दिल्ली दरबार में उन्होंने बंगभंग को रद्द करने की घोषणा की। आसाम और [illegible]उड़ीसा को बंगाल से अलग कर दो नये सूबे बनाये

जगह दिल्ली बनाई

शासनसुधार के लिये जो नये कानून ब्रिटिश पार्लियामेंट ने बनाये, उनसे भारत को संतोष नहीं हुआ। परिणाम यह हुआ, कि कांग्रेस ने असहयोग आंदोलन का प्रारंभ किया। लोग हजारों की संख्या में जेल गये और सारे देश में राष्ट्रीय चेतना उत्पन्न हो गई। कांग्रेस के नेतृत्व में देश ने स्वराज्य के लिये जो संघर्ष पिछली चौथाई सदी में किया है, उसका संक्षेप के साथ भी उल्लेख कर सकना यहाँ संभव नहीं है।

बिहार में राष्ट्रीय जागृति का प्रधानश्रेय आर्यसमाज और कांग्रेस को है। स्वामी दयानंद स्वयं पटना गये थे और उन्होंने वहाँ आर्यसमाज की स्थापना कर बिहार में धार्मिक सुधार के कार्य का प्रारंभ किया था। क्रांतिकारी आंदोलनों ने बिहार में कभी जोर नहीं पकड़ा। पर कांग्रेस के शांतिमय कानून भंग और सत्याग्रह के आंदोलन वहाँ बहुत लोकप्रिय हुए। दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने पर गांधी जी ने अपना पहला कार्य-क्षेत्र बिहार को ही चुना था। चंपारन के सत्याग्रह और जाँच के समय बाबू ब्रज किशोर प्रसाद, बाबू राजेन्द्रप्रसाद आदि अनेक बिहारी कार्यकर्त्ता गांधी जी के साथ थे। गांधी जी के सत्संग से इन नवयुवकों ने एक नये जीवन की दीक्षा ली और देश सेवा को ही अपने जीवन का मुख्य व्रत बनाया। चंपारन के सत्याग्रह की सफलता के कारण बिहार की जनता ने यह प्रत्यक्ष अनुभव कर लिया, कि बीसवीं सदी में असहाय और निःशस्त्र लोगों के लिये अपने शक्तिशाली शासकों के खिलाफ मोरचा लेने का यही एकमात्र उपाय है। यही कारण है, कि कांग्रेस द्वारा संचालित आंदोलनों में बिहार के लोगों ने खूब हाथ बटाया और यह प्रांत कांग्रेस की शक्ति का एक प्रमुख केंद्र बन गया। असहयोग और सत्याग्रह के आंदोलनों में बिहार का बहुत बड़ा कर्तृत्व था। १९४२ के स्वातंत्र्य युद्ध में